सर्वोदय साहित्य मन्दिर
हुसैनीअलम रोड, हैदराबाद (दक्षिण).

हिंदी-सेवी-संसार

और

ब्रजभाषा-सूर-कोश

के समस्त ग्राहकों को चार सुविधाएँ—

(१) विद्या मन्दिर, रानीकटरा, लखनऊ द्वारा प्रकाशित बालोपयोगी पाक्षिक पत्र 'होनहार' का वार्षिक मूल्य ३) के बजाय २) दे सकते हैं।

(२) 'हिंदी-सेवी-संसार' और 'ब्रजभाषा सूर-कोश' के सम्पादक श्री प्रेमनारायण टंडन की मौलिक और सम्पादित प्राप्य पुस्तकों की एक एक प्रति दो तिहाई मूल्य में ले सकते हैं। डाकव्यय अवश्य अतिरिक्त रहेगा।

(३) विद्या मन्दिर, रानीकटरा, लखनऊ द्वारा प्रकाशित सुरुचि पूर्ण ललित साहित्य और बालोपयोगी पुस्तकों का १ सेट आधे मूल्य में प्राप्त कर सकते हैं। डाकव्यय अतिरिक्त रहेगा।

(४) 'हिंदी-सेवी-संसार' का पूरक (सप्लीमेंट्री) खंड, जो १९५१ के अंत तक प्रकाशित होगा, पौने मूल्य में मिलेगा। डाकव्यय अतिरिक्त रहेगा।

पत्र-व्यवहार का पता—

व्यवस्थापक विद्यामन्दिर
रानीकटरा, लखनऊ

ब्रजभाषा सूर-कोश

यह कोश लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी - विभाग के तत्वावधान में प्रकाशित हो रहा है। इसमें सूर-साहित्य में प्रयुक्त प्रायः समस्त शब्दों और उनके रूपों की व्युत्पत्ति और उदाहरण-सहित अर्थ दिये गये हैं। *सूर के अतिरिक्त ब्रजभाषा के अन्य प्रसिद्ध कवियों के भी प्रचलित प्रयोग* इसमें सम्मिलित कर लिये गये हैं जिससे *हिन्दी की प्राचीन कविता को समझने में यह कोश विशेष रूप से सहायक होगा।* इसमें लगभग ५०,००० शब्द होंगे जिनमें *तीन चार हजार शब्द-रूप तो ऐसे हैं जो हिन्दी के अन्य कोशों में भी नहीं मिलेंगे।*

इस कोश के निर्देशक और निरीक्षक हैं ब्रजभाषा-विशेषतया अष्टछाप-साहित्य के मर्मज्ञ तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा हिंदी विभाग के अध्यक्ष *डा० दीनदयालु गुप्त एम. ए., एल-एल. बी., डी. लिट्.।*

इस कोश के लिए शब्दों के संकलनकर्त्ता और संपादक हैं हिंदी के उदीयमान आलोचक और 'हिंदी-सेवी-संसार' के ख्यातिप्राप्त संपादक तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के रिसर्च और मोदी स्कालर, *साहित्यरत्न श्री प्रेमनारायण टंडन एम. ए., एम. आर. ए. एस.।*

इस कोश में २०×३०×८ साइज के लगभग २००० पृष्ठ होने की संभावना है। पूरे कोश का मूल्य ४ जिल्दों में, डाकव्यय सहित ५०) होगा।

भारत के अधिकांश साहित्य-प्रेमियों, शिक्षा-संस्थाओं और पुस्तकालयों के लिए ५०) एक बार में केवल एक पुस्तक के लिए खर्च करना संभव नहीं होता। अतएव यह प्रबंध किया गया है कि यह कोश १० छोटे-छोटे खंडों में प्रकाशित किया जाय। प्रारंभिक आठ खंडों में पूरा कोश प्रकाशित होगा। नवें में परिशिष्ट भाग रहेगा जिसमें छूटे हुए शब्द और अर्थ दिये जायँगे तथा दसवें में ब्रजभाषा-व्याकरण की विवेचना के साथ-साथ सूर की भाषा पर सविस्तार प्रकाश डाला जायगा। प्रत्येक खंड के छपने में ३-४ मास का समय लगेगा और उसमें लगभग २०० पृष्ठ रहेंगे। पूरे कोश का मूल्य डाकव्यय सहित ५०) होगा, परंतु ५) अग्रिम भेजकर आरंभ में ही पूरे कोश के स्थायी ग्राहक बननेवालों को प्रत्येक खंड केवल ३) में और पूरा कोश ३०) में मिलेगा। प्रत्येक खंड प्रकाशित होते ही उनको ३) की वी० पी० से भेजा जायगा। नवाँ खंड १) की वी० पी० से जायगा और दसवाँ खंड रजिस्ट्री से। वी० पी० भेजने के पूर्व तत्संबंधी सूचना प्रत्येक स्थायी ग्राहक को दे दी जायगी। इस तरह ५०) के बजाय ३०) में ही सारा कोश वे घर बैठे प्राप्त कर लेंगे।

इस कोश का प्रकाशन लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से हो रहा है; अतएव प्रकाशन स्थगित होने की संभावना नहीं है।

विद्यामंदिर ने लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी प्रकाशनों की बिक्री का सर्वाधिकार ले रखा है। अतएव कोश तथा विश्वविद्यालय के अन्य प्रकाशनों के लिए सीधे हमें लिखिए। कोश का स्थायी ग्राहक बनने के लिए अग्रिम नीचे लिखे किसी भी पते पर भेजा जा सकता है।

१ अध्यक्ष हिंदी विभाग, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

२ व्यवस्थापक विद्यामंदिर, रानीकटरा, लखनऊ।

हिन्दी-सेवी-संसार

समस्त हिन्दी जगत के कार्य-कलाप का परिचयात्मक संदर्भ ग्रंथ
जिसमें देशी - विदेशी हिंदी लेखक - लेखिकाओं, सरकारी-
गैरसरकारी संस्थाओं, प्रकाशकों, पत्र - पत्रिकाओं,
पुरस्कार पदकों, अनुसंधानकर्ताओं, विदेश में
हिंदी-प्रचारकों आदि की गतिविधि का
आवश्यक विवरण संकलित है

संस्थापक—श्री कालिदास कपूर, एम. ए., एल. टी.

संपादक
प्रेमनारायण टंडन, एम० ए०, सा० रत्न, एम० आर० ए० एस०
रिसर्च और मोदी स्कालर लखनऊ विश्वविद्यालय
संपादक 'ब्रजभाषा सूरकोश'

❀ १९५१ ❀

द्वितीय संशोधित-परिवर्द्धित संस्करण

प्रकाशक
विद्यामन्दिर, रानीकटरा, लखनऊ

प्रथम संस्करण : अप्रैल १९४४
द्वितीय संस्करण : अप्रैल १९५१
मूल्य : साढ़े सात रुपये

मुद्रक
नवभारत प्रेस, नादानमहल रोड, लखनऊ

निवेदन

प्रस्तुत संस्करण

हिंदी-सेवी-संसार का द्वितीय संशोधित-परिवर्द्धित संस्करण छापने का प्रस्ताव १६४७ में पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया गया था। आवश्यक सामग्री हमें प्राप्त भी हो गयी थी, परंतु कागज पर कंट्रोल था और अधिकारियों तक दौड़-धूप करना हमारे बस की बात नहीं थी। अतएव निरंतर तीन वर्ष तक इसका प्रकाशन टलता रहा। पिछले वर्ष कागज मिलने की सुविधा होने पर इसका काम फिर हाथ में लिया गया और आज सात महीने बाद प्रस्तुत ग्रंथ आपके सामने है।

इस प्रकार के एक ग्रंथ की आवश्यकता थी और इसीलिए कई प्रकाशकों और व्यक्तियों ने इसे तैयार करने का प्रयत्न भी पिछले वर्षों में किया था। परंतु इसके प्रकाशन में हमें ही जो थोड़ी-बहुत सफलता मिल सकी, उसका सभी श्रेय हमारे उन कृपालु सहायकों और हिंदी-सेवियों को है जिन्होंने समय-समय पर सामग्री भेजकर हमारी सहायता की। इस कृपापूर्ण सहयोग के लिए हम उनके अत्यंत कृतज्ञ हैं।

इस ग्रंथ के संपादन-प्रकाशन में आनेवाली कठिनाइयों की चर्चा यहाँ करने की जरूरत नहीं जान पड़ती। निवेदन केवल इतना करना है कि बीस विज्ञप्तियाँ प्रकाशित कराने और लगभग तेरह हजार पत्र लिखने पर भारत के भिन्न-भिन्न प्रांतों की हिंदी - प्रचारिणी समितियों की पचासों रिपोर्टों और तरह-तरह के हस्तलेखों में विविध शैलियों और ढंगों से लिखे, निजी और पारिवारिक बातों से आदि से अंत तक भरे सैकड़ों परिचयों, पत्र-पत्रिकाओं की अनेक फुटकर प्रतियों और प्रकाशकों

के तमाम छोटे-बड़े सूचीपत्रों का जो विशाल ढेर सामने इकट्ठा हो गया, उसे देखकर बारबार मन में विचार आता था कि यह श्रम-साध्य, समय-साध्य और व्यय-साध्य काम दो एक व्यक्तियों का नहीं, उत्साही सदस्यों वाली किसी उन्नत सस्था का है। परंतु अनेकानेक हिंदीप्रेमियों के शुभाशीर्वाद और उत्साहवर्धक संदेशों ने मानसिक दुर्बलता की ऐसी स्थिति में बारबार हमारा साहस बढ़ाया। इसके लिए भी हम सभी महानुभावों के अत्यंत अनुगृहीत हैं।

पुस्तक का सबसे अधिक भाग साहित्यसेवियों के परिचयो से भरा है। छोटे-बड़े ११८१ परिचय इसमें प्रकाशित हैं। इस संबंध में हम कुछ गर्व के साथ कहना चाहते हैं कि सभी परिचयों को हमने पक्षपातरहित होकर लिखा है, किसी को घटाने बढ़ाने का कोई प्रयत्न अपनी ओर से नहीं किया। जो परिचय छोटे या अपूर्ण प्रकाशित हैं वे सामग्री के अभाव में अधिकतर ऐसे ही महानुभावों के हैं जिन तक हमारी पहुँच नहीं हो सकी अथवा जिन्होने हमारे चार-चार, पाँच-पाँच पत्रों को टोकरी में डाल दिया।

प्रथम संस्करण में प्राय: प्रत्येक लेखक के संबन्ध में उसकी हिंदी-सेवा का ध्यान रखते हुए हमने कुछ प्रशंसात्मक शब्द लिख दिये थे; प्रस्तुत संस्करण में उन्हें भी निकाल दिया है। दूसरी बात यह कि इस बार लगभग अस्सी प्रतिशत परिचय लेखकों से प्राप्त सामग्री के आधार पर ही तैयार किये गये हैं जिससे ग्रंथ की प्रामाणिकता अपेक्षाकृत बढ़ गयी है। इस बार एक-दो प्रतिशत को छोड़कर शेष सभी लेखक-लेखिकाओं के पते भी देने का प्रयत्न हमने किया है जिससे प्रस्तुत संस्करणकी उपयोगिता निस्संदेह अधिक हो गयी है।

'ख' खंड में ३१३ सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं के परिचय छपे हैं। कुछ सरकारी संस्थाओं के परिचय कई बार लिखने पर भी

प्राप्त नहीं हो सके और कुछ की कार्यवाही गुप्त रखी जाती है। गैर-सरकारी संस्थाओं में कदाचित् कोई मुख्य संस्था नहीं छूटी है।

इस खंड में देशी-विदेशी उन डिग्री कालेजों और विश्वविद्यालयों का परिचय और जोड़ दिया गया है जिनमें उच्च कक्षाओं के लिए स्वीकृत विषयों में हिंदी भी है। यद्यपि ऐसे समस्त देशी-विदेशी विद्यालयोंके परिचय इस बार हम प्रयत्न करने पर भी प्राप्त नहीं कर सके हैं, तथापि 'संसार'में इस विषय की उपयुक्तता सभी को मान्य होगी और आगामी पूरक खंड में हम तत्संबन्धी पूर्ण सामग्री पाठकों की सेवा में प्रस्तुत कर सकेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

छोटे-छोटे कुछ पुस्तकालयों के परिचय भी इसी खंड में दिये गये हैं। वस्तुतः हम देना चाहते थे उन पुस्तकालयों का विवरण जिनमें हिंदी की उच्च कोटि की पुस्तकों का अच्छा संग्रह हो अथवा जिनमें हिंदी के प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ संगृहीत हों। पूरक खंड में यह विवरण भी अपेक्षाकृत पूर्ण रूप में दिया जा सकेगा।

कालेजों और विश्वविद्यालयों को छोड़कर कदाचित् किसी सरकारी या गैरसरकारी संस्था के साथ हमने उसके पदाधिकारियों की सूची नहीं दी है। इसका प्रधान कारण यह है कि प्रायः सभी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं का चुनाव एक वर्ष के लिए होता है और जो सामग्री हमारे पास थी वह या तो पिछले वर्ष आयी थी या उसके भी पहले। अतएव हमने निश्चय किया है कि सभी संस्थाओं के वर्तमान पदाधिकारियों की सूची पूरक खंड में प्रकाशित की जाय। आशा है, सभी इस विचार से सहमत होगे।

'ग' खंड में २८३ प्रकाशकों के और 'घ' में ५६० प्रमुख पत्रों के नाम हैं। अधिक परिश्रम हमें इन विभागों की सामग्री के लिए इस कारण करना पड़ा कि इस वर्ग से संबन्धित व्यक्तियों ने सामग्री भेजने

की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। कुछ प्रकाशकों और संपादकों की निश्चित नीति ही नहीं है। संभव है, इससे भी उन्हें परिचय भेजने में संकोच हुआ हो।

(ङ) खंड में हिंदी के प्रमुख पुरस्कारों और पदकों का परिचय है। प्रथम संस्करण में दी हुई सामग्री से यद्यपि इस बार यह अंश अधिक पूर्ण है, तथापि कुछ विवरण अपूर्ण हैं। स्वदेश के विभिन्न प्रांतों में कुछ राजकीय पुरस्कार दिये जाने लगे हैं, उनका विवरण भी हम प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

अंतिम दोनों खंड — हिंदी में अनुसंधान-कार्य और विदेश में हिंदी-नये हैं और इनकी विशेष उपयोगिता है। प्रथम से हिंदी-साहित्य के भावी स्नातकों को अपने लिए अनुसंधान का विषय चुनने में सहायता के साथ स्फूर्तिमयी प्रेरणा मिलेगी। यही नहीं, विभिन्न विश्वविद्यालय यदि चाहेंगे तो पारस्परिक सहयोग से इस कार्य को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। तात्पर्य यह है कि एक ही विषय पर कई स्नातकों के काम करने से यह कहीं अधिक श्रेयस्कर है कि एक विश्व-विद्यालय में स्वीकृत विषय से मिलता-जुलता नवीन विषय दूसरे विश्व-विद्यालयों में स्वीकृत किया जाय। इसी प्रकार 'संसार' के अंतिम खंड से हमारे स्नातकों को अपने कार्यक्षेत्र तथा दृष्टिकोण को विस्तृत बनाने की आवश्यकता का ज्ञान होगा।

परिशिष्टों में अवशिष्ट परिचय हैं। इनमें एकाध पहले ही आ गये थे; भूल से इधर उधर हो जाने के कारण यथास्थान न दिये जा सके। इस असावधानी के लिए उनके प्रेषकों के प्रति हम क्षमा प्रार्थी हैं।

अपने इस रूप में 'संसार' एक संदर्भ ग्रन्थ का काम दे, ऐसा हमारा प्रयत्न रहा है। इसमें सफलता कितनी मिल सकी है, इसका निर्णय पाठक ही करें।

अन्त में हम अपने सभी कृपालु सहायकों को एक बार पुनः धन्यवाद देते हैं। उनकी नामावली हम यहाँ नहीं दे रहे हैं, क्योंकि अनेकानेक महानुभावों ने किसी न किसी रूप में हमारी सहायता की है और कुछ के नाम देने का अर्थ होगा शेष की सहायता का मूल घटाना। इसलिए हम सभी के प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं और सभी के प्रति क्षमा प्रार्थी भी।

भावी योजना

'संसार' का प्रथम संस्करण सात वर्ष पूर्व पाठकों के सामने आया था। ग्रन्थ प्रकाशित करके हम निश्चित हो गये और उसे प्राप्त करके हिंदी के साहित्य-सेवी। फल यह हुआ कि नये संस्करण के प्रकाशन में इतना विलम्ब हुआ और शक्ति भर प्रयत्न करने पर भी वह पूर्णतया संतोषजनक रूप में प्रस्तुत न किया जा सका। इसके लिए यद्यपि दोषी हमी हैं तथापि यदि हमें उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त होता तो ग्रंथ को अधिक उपयोगी रूप सरलता से दिया जा सकता था। जो हो, भविष्य में यह सम्बन्ध बना रहे, इस उद्देश्य से हमने निश्चय किया है कि प्रति वर्ष तक 'संसार' के पूरक ('सप्लीमेंटरी') खंड प्रकाशित किये जायँ, जिनमें विभिन्न परिचयों के सम्बन्ध में आवश्यक संशोधन और परिवर्द्धन दिये जाते रहें और उसके बाद 'हिंदी-सेवी-संसार' का नया खंड प्रकाशित हो जिसमें सभी आवश्यक बातों का समावेश करके उसे नवीन रूप दे दिया जाय।

प्रत्येक पूरक खंड के लिए आवश्यक सामग्री हमें प्रति वर्ष अक्टूबर तक मिल जानी चाहिए जिसको यथायोग्य संपादित करके नये वर्ष के नये महीने में हम प्रकाशित करा देंगें। आशा है, इस योजना से सभी महानुभावों को सुविधा होगी।

प्रथम पूरक खंड

प्रथम पूरक खंड के लिए सामग्री हमारे पास अक्टूबर १६५१ के अन्त तक अवश्य आ जानी चाहिए। प्रस्तुत संस्करण में जो त्रुटियाँ रह गयी हों, जो आवश्यक बातें जोड़नी हों, या जो परिवर्तन करने हों, वे सभी सूचनाएँ उक्त महीने तक हमारे पास अवश्य भेज दी जायँ जिससे इस पूरक खंड के प्रकाशित होने पर तो ग्रन्थ को पूर्णतः प्रामाणिक माना जा सके।

दो बातों की प्रार्थना

हम जानते हैं कि 'संसार' में अनेक त्रुटियाँ होंगी। अतएव समस्त देशी-विदेशी हिन्दी - साहित्य-सेवियों से दो बातों की प्रार्थना है। एक तो यह कि 'संसार' के प्रस्तुत संस्करण के सम्बन्ध में अपनी सम्मति, विषय, तत्संबन्धी प्रतिपादन प्रणाली आदि के सम्बन्ध में आवश्यक सुझाव, और त्रुटियों के सम्बन्ध में स्पष्ट सूचना शीघ्र से शीघ्र भिजवाने की कृपा करें। दूसरी बात यह कि अक्टूबर १६५१ तक इस ग्रन्थ के पूरक खंड के लिए अपने और अपने परिचित अथवा सहयोगी साहित्य-सेवियों के सम्बन्ध में आवश्यक संशोधन - परिवर्द्धन अवश्य ही भिजवा दें।

विभिन्न भारतीय प्रांतों में स्थित लेखक-लेखिकाओं, संस्थाओं, प्रकाशकों, पत्र-पत्रिकाओं आदि के ध्येय की एकता का पता तो 'संसार' के प्रत्येक पृष्ट से चलता ही है, साथ-साथ यह भी ज्ञात होता है कि हमारा परिवार कितना विस्तृत है। और यदि इस परिवारके सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने हमारी उक्त प्रार्थनाओं को स्वीकार करके अपना कृपापूर्ण सहयोग हमें प्रदान किया हो 'संसार' के द्वारा हमारे उदीयमान साहित्य-सेवी सहज ही जान सकेंगे कि हमारा पथ कितना प्रशस्त है और हमारा कर्मक्षेत्र कितना विस्तृत है।

—प्रे० ना० टंडन

*

संकेत-सूची

अप्र०—अप्रकाशित रचनाएँ।
अनु०—अनुवाद, अनुवादक।
अ० भा०—अखिल भारतीय।
आलो०—आलोचना।
उप०—उपन्यास।
उ० प्र०—उत्तर प्रदेश।
उद्दे०—उद्देश्य।
कवि०—कविता।
कहा०—कहानियाँ, कहानी-संग्रह।
जा०—भाषाओं की जानकारी।
ज०—जन्मतिथि और स्थान।
गु० कु०—गुरुकुल।
जि०—जिला।
ठि०—ठिकाना।
ना०—नागरी।
ना०—नाटक।
प०—पता।
पो०—पोस्ट।
पो० बा०—पोस्ट बाक्स।
प्र०—प्रथम रचना।
प्र०—प्रचार, प्रचारक, प्रचारिणी।
प्रका०—प्रकाशन, प्रकाशित, प्रकाशक।
प्रां०—प्रांतीय।
बालो०—बालोपयोगी।
भूत०—भूतपूर्व।
मा०—मासिक।
मू०—मूल्य, वार्षिक मूल्य।
यू० पी०—युक्तप्रांतीय (उत्तरप्रदेश)।
वर्त०—वर्तमान, वर्तमान कार्य।
वि०—विशेष।
वि० वि०—विश्वविद्यालय।
व्या०—व्याकरण।
शि०—शिक्षा और उपाधि।
शु०—वार्षिक-मासिक शुल्क।
संस्था०—संस्थापक, संस्थापना।
संचा०—संचालक, संचालित।
संयो०—संयोजक।
संपा०—संपादक, संपादन, संपादित।
स०—सभा, सम्मेलन, समिति।
सद०—सदस्य।
सभा०—सभापति।
सह०—सहकारी।
सहा०—सहायक।
स्था०—स्थापना, स्थापित।
स्व०—स्वर्गीय।
सा०—सार्वजनिक साहित्यिक कार्य।
सा० आ०—साहित्याचार्य।
सा० भू०—साहित्यभूषण।
सा० र०—साहित्यरत्न।
सा० लं०—साहित्यालंकार।
साप्ता०—साप्ताहिक।
हिं०सा०स०—हिंदी साहित्य सम्मेलन

विज्ञापन दाताओं की सूची

अमर ज्योति, जयपुर।
आत्माराम ऐंड संस, दिल्ली।
आधुनिक पुस्तक भवन, कलकत्ता।
इंडियन पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
उजाला, पटना।
ओरियंट लाँगमैंस, कलकत्ता।
कलकत्ता केमिकल्स, कलकत्ता।
किताबघर, लश्कर।
गया प्रसाद एंड संस, आगरा।
गौतम बुक डिपो, दिल्ली।
चंद्र कार्यालय, भिवानी।
जयहिंद, कोटा।
जागृत, जयपुर।
दैनिक दरबार, अजमेर।
नयी धारा, पटना।
नव चित्रपट, दिल्ली।
नवयुग ग्रंथागार, लखनऊ।
नाथ बुक डिपो, आगरा।
प्रदीप, शिमला।
बम्बई भूषण प्रेस, मथुरा।
बाल शिक्षा समिति, पटना।
बाल साहित्य मंदिर, लखनऊ।
बेकार सखा प्रेस, शिकोहाबाद।
भारत जैन महामंडल, वर्धा।
भारतीय साहित्य सदन, दिल्ली।
मस्ताना जोगी, दिल्ली।
मोतीलाल बनारसीदास, बनारस।
युगांतर, जयपुर।
रामप्रसाद ऐंड संस, आगरा।
लक्ष्मी प्रसाद 'रमा', दमोह।
लक्ष्मी हिंदी विद्यालय, गुंटूर।
विद्यामंदिर, लखनऊ।
विद्यामंदिर लि०, दिल्ली।
वेद संस्थान, अजमेर।
शांति मंदिर, बँगलौर।
शारदा मंदिर, दिल्ली।
शिक्षक, विजय वाड़ा।
शिवाजी पुस्तक मंदिर, लखनऊ।
शुभचिंतक, जबलपुर।
श्रीराम मेहरा एंड कंपनी, आगरा।
संगीत कार्यालय, हाथरस।
सरस्वती प्रेस, बनारस।
साहित्य सदन, अमृतसर।
साहित्य रत्न भंडार, आगरा।
सुपर फार्मा कारपोरेशन, बंबई।
'हमराही', अल्मोड़ा।
हिंद प्रकाशन मंदिर, आगरा।
हिंद मेल सर्विस, मुंगेर।
हिमालय एजेंसी, कनखल।
हिंदी प्रचारक पुस्तकालय, काशी।
हिंदी प्रचारक मंडल, लखनऊ।
हिंदी बुक स्टाल, तिरुवंत पुरम।
होनहार, लखनऊ।

विषय-सूची

विज्ञापनदाताओं की सूची (नं० २)

व्याकरण और निबंध की एक महत्वपूर्ण पुस्तक

हिंदी रचना और उसके अंग

(ले०—श्री प्रेमनारायण टंडन, एम० ए०, साहित्यरत्न)

इसमें हिंदी रचना ज्ञान, व्याकरण सार, निबंध लेखन कला, नमूने के ५० लेख, साठ निबंधों की विस्तृत रूप रेखाएँ, मुहावरे-कहावतें, अपठित के अभ्यास, अनुवाद, पत्र लेखनकला, काव्य रचना, छंद, अलंकार, रस काव्य शक्तियाँ आदि सभी आवश्यक और महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख है। चौथा संशोधित संस्करण समाप्त हो रहा है।

भारतीय विद्यापीठ, बंबई विद्यापीठ, दक्षिणभारत हिन्दी प्रचार सभा मद्रास, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा आदि अहिन्दी प्रांतों की परीक्षाओं के लिए यह पुस्तक बहुत उपयोगी सिद्ध हुई है।

प्रत्येक हिंदी अध्यापक और हिंदी प्रचारक से हमारा अनुरोध है कि इसे अवश्य मँगाएँ और अपने विद्यार्थियों के लिए स्वीकृत करें। मूल्य २॥)

हमारे अन्य प्रकाशन

रहस्यवाद : हिंदी कविता	१॥)	भँवर गीत (सूर कृत) सटीक	१।)
भँवरगीत (नंददास कृत)	॥)	उत्तरकांड (भूमिका सहित)	१॥)
प्रेमचंद : कृतियाँ और कला	२)	हिंदीसाहित्यका सरल इतिहास	१)
काव्य रचना(छंद,अलंकार,रस)	।−)	सूर रामायण	१)
रचना बोध (व्याकरण)	१)	हिंदी अपठित	।−)
निबंधों की रूप रेखाएँ	।−)	पत्र लेखन	≡)
सरल हिंदी-व्याकरण	≡)	सरल हिंदी रचना	।=)
सरल कहानी लेखन	≡)	सरल हिंदी शिक्षा	।=)

पता—विद्यामंदिर, रानीकटरा, लखनऊ

हिन्दी-सेवी-संसार

पहला खण्ड

हिन्दी-सेवियों का परिचय

अंजनीनंदनशरण, (शीतला सहाय)—'मानस' के टीकाकार; **शि.**—बी. ए., एल-एल. बी. ; **प्रका.**–मानस-पीयूष, विजय-पीयूष; **वि.**–श्रीरूपकला जी के शिष्य, आजकल अयोध्या में क्षेत्र-संन्यास लिया है ; **प.**—पीयूष-कार्यालय, नादुरा, बरार ।

अंबाप्रसाद 'सुमन'–ज०–मार्च १९१६; **शि०**–प्रारम्भिक मिडिल स्कूल में, मैट्रिक और इंटर-धर्म समाज कालेज, अलीगढ़, एम० ए० (हिंदी) आगरा वि० वि० ; **प्र०**—महात्मा गाँधी; **सा०**–'शिक्षा सुधा' पत्र का संपा०, ब्रज सा० मंडल की स्थायी समिति के सद०; **अप्र०**—हि० सा० के अंग, अन्तर्दाह (कवि०) ; **वर्त०**—अध्यापक, **प०**–काव्य-कुटी, सासनी, अलीगढ़ ।

अंबिकादत्त त्रिपाठी—**ज०**—१८६४ आजमगढ़ ; **प्रका०**—चर्खा, सीय-स्वयंवर नाटक, भंग में रंग, कृष्णकुमारी, बाल-गीतावली, सत्संग-महिमा, स्वराज्यसीढ़ी ; **वि०**—**स्था०**–साहित्यसागर ; श्रीमद्भगवद्गीता का हिंदी अनुवाद किया है; **प०**—ठि० रामनारायण मिश्र, शेखपुरी, पो० सुरापुर, सुलतानपुर ।

अंबिकाप्रसाद उपाध्याय आचार्य सा०—हिन्दू वि० वि० काशी के संस्कृत कालेज के पाठ्यक्रम में हिंदी के समर्थक; **वि०**—संस्कृत, पाली, प्राकृति के विद्वान्, **प०**—प्रोफेसर, संस्कृत कालेज, काशी-विश्वविद्यालय, बनारस ।

अंबिका प्रसाद वर्मा 'दिव्य'—**ज०**—१६ मार्च, १९०७ आजमगढ़; **शि०**—एम० ए० ; **प्रका०**—दिव्य दोहावली, मनोवेदना स्रोतस्विनी, निमियाँ निकुंज, उमरखैयाम की रुबाइयाँ–अनु०; **वि०**—सफल चित्रकार ; **प०**—प्रो. सवाई महेंद्र इंटर कालेज, टीकमगढ़ ।

अंबिकाप्रसाद वाजपेयी—**ज०**—३० दिसम्बर, १८८० ; **शि०**—कानपुर, अँगरेजी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू ; **सा०**—संपा० 'हिन्दी बंगवासी' कलकत्ता, 'नृसिंह', 'भारत-मित्र' कलकत्ता (१९११–१९), 'स्वतंत्र' काशी (१९२०–३०); **प्रका०**—हिंदी-कौमुदी, हिंदी पर फारसी का प्रभाव, अभिनव हिंदी-व्याकरण, शिक्षा (अनु०),

हिंदुओं की राजकल्पना, भारतीय शासन-पद्धति ; अप्र०—अनेक आलोचनात्मक और सामयिक निबन्ध-संग्रह ; वि०—काशी में २६ वें अखिल भारतीय हिं० सा० सम्मेलन के सभापति ; प०—कलकत्ता।

अंबिकालाल श्रीवास्तव—ज०—१९०७; शि०—एम० ए०, सा० रत्न, आगरा ; सा०—नागरी-प्रचारिणी सभा, हरदोई के साहित्य-मंत्री ; प०—अध्यापक, बी० के० इंटर कालेज, हरदोई।

अंबिकासिंह दत्त—प्रका०—सिंदूर और स्वदेश तरंग; अप्र०—कई पुस्तकें ; प०—छाप सुदर्शन पत्रालय, मशरक, सारन।

अंशुमान शर्मा—ज०—मई १९२४ ; शि०—शास्त्री, सा० रत्न, सा० लं०, काशी वि० वि० और विद्यापीठ देवघर ; सा०—संस्था० साहित्य-मन्दिर, राष्ट्रीय महाविद्यालय, सेवती ; प्रका०—साहित्य-दिग्दर्शन, भारतीय साहित्य और साहित्य-स्रष्टा, चिकित्सा-तत्व दर्शन, प्राच्य और पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान ; प०—मखदुमपुर, गया, बिहार।

अक्षयलाल झा—आयुर्वेद-संबंधी लेखक ; प्रका०—ओषधि के उपयुक्त फलों के प्रयोग, सूखे फलों के प्रयोग, त्रिफला के प्रयोग, ताजे फलों के प्रयोग, व्यंजनों के प्रयोग, फूलों के चुटकुले ; प०—जागढ़, मुजफ्फरपुर।

अखिलानंद शर्मा—शि०—पंजाब, सा०–युक्तप्रांत के बहिष्कृत प्रदेश'जौनसार बाबर'में हिंदी प्रचार; प्रका०–स्फुट कहानियाँ तथा लेख; अप्र०–मानवता का कलंक, प्रगति पथ पर, पद चिन्ह; वर्त०–'देहात' साप्ताहिक के प्रकाशन की व्यवस्था कर रहे हैं ; प०—सारस्वत सदन, पिलानी, जयपुर।

अखिलेशशर्मा–ज०–१९०८; शि०—उर्दू और संस्कृत ; प्रका०–स्फुट ; अप्र०—महर्षि दयानंद, मधुवन; प०–अध्यापक, महरहटा, सीतापुर।

अगरचंदनाहटा–ज०–१९१०; प्र० – विधवा-कर्तव्य; प्रका०—ऐतिहासिक जैन-काव्य संग्रह, जिन-चंद सूरि, तथा भिन्न पत्र-पत्रिकाओं

में प्रकाशित प्राचीन साहित्यिकों से संबंधित अनुसंधान-विषयक लेख, राजस्थान में हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज (दूसरा भाग), विधवा-कर्तव्य, जिनदत्त सूरि, जसवंत-उदोत; **अप्र०**—हिंदी ग्रंथों की खोज का तीसरा भाग, ज्ञानसार-पदावली; **वि०**—आपके पास लगभग १० हजार हस्तलिखित और ८ हजार मुद्रित पुस्तकों का संकलन है; **सा०**—अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में श्रेष्ठ राजस्थानी ग्रंथ पर १००) का पुरस्कार स्थापित किया है, राजस्थान भारती के सह० संपा० हैं, अभय जैन ग्रंथमाला की स्थापना, बीकानेर के जैन ग्रंथों की खोज और अनेक के पुनरुद्धार का कार्य कर एक अभाव की पूर्ति की है; **प०**—नाहटों की गवाड़, बीकानेर।

अच्युतानंद परमहंस, स्वामी, सरस्वती ज०–१८७०; **शि०**—काशी; **सा०**—'परिव्राजक-मंडल' काशी, जो आज 'नीति-वर्धक सभा' है और 'वनिता-आश्रम'; **प्रका०** — शांति - साधन, मृत्यु-पथ-प्रदर्शक, उपकार-महत्त्व, भक्तियोग-रसामृत; **अप्र०**—कर्म-रहस्य, दिनचर्या, अच्युतज्ञान-अमृत सागर; **प०**—आनंदाश्रम, नर्मदा तीर, बड़वाहा, मध्यभारत।

अच्युतानंद सिंह—**ज०**—१९१४, साहित्य-प्रेस के स्वामी और संचालक; **प्रका०**—'गंगा' इत्यादि विविध पत्रिकाओं में स्फुट लेख; **प०**—'सहित्य-सेवक'-कार्यालय, छपरा, बिहार।

अद्भुत शास्त्री, आचार्य—**सा०**—'आज के हिंदी-सेवी' नामक बृहत् ग्रंथ के संपादन में लगे हैं; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—हिंदी-सेवी-कार्यालय, रतनगढ़, राजस्थान।

अनंतप्रसादविद्यार्थी—**ज०**—१९१२, प्रयाग; **शि०**—एम० ए०; **सा०**—भूत० संपा० 'न्यू आर्डर' १९३६, 'अभ्युदय', 'जीवन ज्योति', 'देशदूत', 'बालसखा', 'गृह-लक्ष्मी', 'हल'; **प्रका०**—लगभग ४०, मुख्य हैं—अन्तर्नाद (कवि); उप०—अतृप्त, ऊर्धवृत्त, जीवित समाधि, हृदय का कोना, निरपराधी; कहा०—त्रिकोण, जीवन के सपने, झलकियाँ, ग्रामीण

जीवन के चित्र, चुम्बन, चंद्रग्रहण; अनु०—धरती माता, कज्जाक़, टालस्टाय की कहानियाँ, इंदीवर, धूप-छाँह, तख्ती, महिलाओं से, अमृत या विष; जी०—च्यांगकाई-शेक, महात्मा गाँधी, मिस्टर चर्चिल, कमालपाशा ; प०—संपादक 'नया युग', प्रयाग।

अनंतवामन वाकणकर—ज० —१८६४; शि०—धार, इन्दौर, बी० ए० प्रयाग वि० वि०, बी० टी०; सा०— सभासद हिंदी-साहित्य-समिति धार, भूत० मंत्री विक्टोरिया जेनरल लाइब्रेरी धार, सद०—भारत इतिहास - संशोधक मंडल पूना, महाराष्ट्र ब्राह्मण सभा धार, मंत्री विक्रम मेमोरियल कमेटी, असोसिएटेड मेम्बर इण्डियन हिस्टारिकल रेकार्डस्; प्रका० —कालिदास और विक्रमादित्य-काल, भोजदेव की साहित्य - सेवा, धार व मांडव ; प०—लेक्चरर, आनंद इंटर कालेज, धार।

अनिरुद्ध द्विवेदी—ज०—१६२१, महुली, बस्ती ; शि०—व्या० शास्त्री, सा० र०, सा० आ०; प्रका०— संस्कृत साहित्यकी महिमा, जाति–उद्धार ; प०—अध्यापक राधाकृष्ण सार्वजनिक संस्कृत पाठशाला, गोला गोकरननाथ, खीरी।

अनिरुद्ध शास्त्री (दुर्गाप्रसाद अग्रवाल)–ज०—१६११, झाँसी ; शि०—साहित्य शास्त्री (प्रथम) काशी, एम० ए० कानपुर, भूत० रिसर्च स्कालर बम्बई वि० वि०; प्रका०—वीणापाणि, ज्योतिर्मयी; सा०—अभिनव मेघ, अभिनव शकुन्तला नाटक; सा०—देशरत्न बिड़लाजी के निकट सम्पर्क में रहे, भूत. संपा० 'सिंह' मासिक, १६४५ के झाँसी में होनेवाले बुन्देलखण्ड हि० सा० स० के प्रधानमंत्री; विक्रम-विद्यालय की स्थापना में सहयोग ; वर्त०—हिन्दुस्तान टैक्सटाइल्स पब्लिकेशंस लि० कलकत्ता के डाइरेक्टर; प०— ३२ महर्षि देवेन्द्र रोड, कलकत्ता अथवा सदर बाजार, झाँसी ।

अनिलकुमार—ज०–२ दिसम्बर, १६२४; शि० सा० रत्न ; प्रका०—स्फुट ; वर्त०—नागपूर रेडियो के हिन्दी विभाग में कर्मचारी ; प०—भीसीकर निवास, इतवारी, नागपूर।

अनुसूयाप्रसाद बहुगुणा—शि०—बी० एस-सी०,एल- एल० बी० ; **सा०**—एम.एल.ए. १९३३ से, गढ़वाल में कांग्रेस-आन्दोलन के जन्मदाता, असहयोग-आन्दोलन में अनेक बार जेल-यात्रा ; स्थानीय डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के सभापति (१९३१ –३५) ; 'उत्तर भारत' नामक मासिक पत्रिका के संचा०; **प०**—नंदप्रयाग, गढ़वाल।

अनूपलाल मंडल—ज०—१९०० ; शि०—सा० रत्न ; **सा०**—सर्वप्रथम बिहारी कथाकार जिनके उपन्यास (मीमांसा) का फिल्म 'बहू-रानी' बनाया गया ; सेठिया कालेज बीकानेर के भूतपूर्व अध्यापक , अब युगान्तर साहित्य-मंदिर के संचालक ; भूत. संपा. 'कैवर्त्तकौमुदी'; **प्रका०**—समाज की वेदी पर, सविता, निर्वासिता, साकी, रूपरेखा, ज्योतिर्मयी, मीमांसा, गरीबी के दिन, ज्वाला, वे अभागे, अभिशाप, दर्द की तसवीरें, हिमसुधा, अलंकार-दीपिका, मुसोलिनी का बचपन, नारी—एक समस्या, दस बीघे जमीन, आवारों की दुनियाँ आदि; **प०**—युगान्तर साहित्य-मंदिर भागलपुर, बिहार।

अनूप शर्मा—शि०—सीतापुर, लखनऊ और काशी; **प्रका०**—सुनाल, सुमनांजलि, सिद्धार्थ, **फेरि मिलिबो**–चंपू; **अप्र०**—सिद्धशिला; **वि०**—'मिलिबो' 'चंपू' पर **देव**-पुरस्कार मिला, 'भूषण' की उपाधि; **प०**—हेडमास्टर, के० ई० एम० हाई स्कूल, धामपूर, बिजनौर।

अन्नपूर्णानंद—अनेक साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्धित ; **प्रका०**—मेरी हजामत, महाकवि चच्चा ; **अप्र०**—अनेक स्फुट संग्रह ; प०—जालपादेवी, बनारस।

अभय कुमार यौधेय,—ज०—२१ अगस्त, १९२३ लाहौर; **प्रका०**—अंधकार के पार, अनामिका, मेरी हार, स्कंध, चंद्रापीड़, मेरी मनुहार, विश्व-समीक्षा, मार्शल की सलामी; **अप्र०**—डंके की चोट, महत्वाकांक्षा, वेश्या कौन; प०—सेंट्रल पिक्चर्स, बम्बई।

अभयदेव—मासिक 'अलंकार' के भूत० संपादक; **प्रका०**—वैदिक विनय-तीन भाग, ब्राह्मण की गौ,

तरंगित हृदय, वैदिक उपदेश-माला; वि०—कई साल तक त्रैमासिक 'अदिति' के संपादक-प्रकाशक रहे; प०—'अदिति'-कार्यालय, पो० बा० ८५, दिल्ली।

अभिराम शर्मा०—ज०—१९०३; अभिराम पुस्तकमाला के व्यवस्थापक; प्रका०—मुक्त संगीत (जब्त थी, रोक हटा ली गयी) अचल अंबर, विजय-विलास; अप्र०—दो-तीन कविता-संग्रह; प०—अभिराम-निवास, बादशाही नाका, कानपुर।

अमरनाथ झा—स्व० सर गंगानाथ झा के ज्येष्ठ सुपुत्र; ज०—१५ फरवरी १८९७; सा०—अखिल भारतीय हि० सा० सम्मेलन के तीसवें अधिवेशन, अबोहर (पंजाब) के सभापति, प्रयाग म्युनिसिपल बोर्ड के भूत० सीनियर वाइस चेयरमेन; प्रयाग सार्वजनिक पुस्तकालय के अवैतनिक मंत्री; यू० पी० ओलंपिक एसोसिएशन के सभापति; अखिल भारतीय ओरियंटल कॉन्फ्रेंस के हिंदी-विभाग के सभापति (१९२९); चेयरमैन इंटर-यूनिवर्सिटी बोर्ड (१९३६—३७); लीग आव नेशंस ऐडवाइजरी कमेटी के सदस्य (१९३४); लंदन पोएट्री सुसाइटी के उपसभापति; इँगलिश एसोसिएशन की उत्तरप्रदेशीय शाखा के सभापति; प्रयाग-विश्वविद्यालय के उपकुलपति १९३८ से; पश्चात, काशी वि. वि० के उपकुलपति; कई वर्ष से पब्लिक सरविस कमीशन उत्तर प्रदेश के आप सभापति हैं; प्रका०—शेक्सपीरियन कमेडी, लिटरेरी रीडिंग्ज, ऐंथॉलोजी आव माडर्न वर्स, पद्मपराग, संस्कृत-टीका दशकुमारचरित, हिंदी-साहित्य-संग्रह, हिंदी-साहित्य-रत्न, अनेक स्फुट लेख और भाषण; प०—जार्ज टाउन, प्रयाग।

अमरनारायण अग्रवाल—अर्थशास्त्र के लेखक—ज०—८ जूलाई १९१६; शि०—एम० ए० प्रयाग वि० वि०, अपने शिक्षा-काल में क्वीन विक्टोरिया जुबिली मेडल, फैकल्टी आव कामर्स मेडल प्राप्त किये; प्रका०—समाज-वाद की रूपरेखा, भारतवर्ष का

आर्थिक भूगोल, ग्रामीण अर्थशास्त्र और सहकारिता, अर्थशास्त्र का परिचय, अर्थशास्त्र-प्रवेशिका, व्यापारिक पद्धति और यंत्र, भारतवर्ष के लिए उद्योगपतियों की योजना, यू० के० सी० सी० से भारत को शिकायत और लड़ाई की कहानियाँ; वि०—कृतियाँ मौलिक हैं, अर्थशास्त्र और वाणिज्य के अधिकारी विद्वान ; सर्वप्रथम रचना 'समाजवाद की रूपरेखा' पर हि० सा० स० से मुरारका पारितोषिक प्राप्त; प०—६६ ए०, कुंड्डू गार्डेंस, प्रयाग।

अमरनारायण माथुर—ज० —१६१६; सा०—भूत० संपा. 'जयपुर समाचार'; वर्तमान स्थानापन्न संपा० राष्ट्रीय पत्र 'जयभूमि'; अप्र.—जीवनज्वाला, हृदय-उत्पीड़न ; प०—'जयभूमि' कार्यालय, जयपुर।

अमरसिंह ठाकुर—मेजर जनरल ; स्व० चंद्रधर शर्मा गुलेरी के शिष्य हैं ; हिंदी की उन्नति में योग देते हैं; प०—अजयराजपुरा, जयपुर।

अमृतलाल नागर—ज०—१७ अगस्त, १६१६ ; जा०—बँगला, तामिल, गुजराती, मराठी ; प्रका०—महाकाल, सेठ बाँकेलाल, वाटिका, अवशेष, नवाबी मसनद, तुलाराम शास्त्री; अनु०—प्रेम की प्यास, काला पुरोहित, बिसाती, गदर की झाँकी; बालो०—नटखट चाची, आदमी, नहीं ! नहीं ! ; वि०—संगम, कुँवारा बाप, उलझन, किसी से न कहना, पैगाम, पराया धन, आगे कदम, राजा, वीर कुणाल, कल्पना, मीरा और गुंजन आदि फिल्मों के संवाद-लेखक ; प०—चौक, लखनऊ।

अमृतलाल नाणावटी—प्रका० हिन्दुस्तानी बालपोथी भाग १ और २, हिन्दुस्तानी छोटी कहानियाँ, हिन्दुस्तानी कहानियाँ भाग १, फुलवारी; प०-प्रधान मंत्री, हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा।

अमृतवाग्भव, आचार्य—दर्शन के लेखक—सा०—संस्था०, श्रीस्वाध्यावसदन; प्रका०—श्रीआत्मविलास, श्रीराष्ट्रालोक, श्रीपरशुराम स्तोत्र, श्रीसह्यादीप हृदय और श्रीपंचस्तवी; अप्र०—मत्सकांताशतक;

वि०—वीतराग महात्मा और उपासक ; **प०**—सोलन, पंजाब।

अमरेंद्रनारायण—विज्ञान के लेखक ; **ज०**—मुजफ्फरपुर ; **शि०**—एम. एस-सी ; **अप्र०**—विज्ञान-विषयक स्फुट रूप में प्रकाशित लेख-संग्रह ; **प०**—अध्यापक, साइंस कालेज, पटना।

अयोध्यानाथ शर्मा,—**ज०**—८ दिसंबर १८९७; **शि०**—एम. ए.; **सा०**—संयो० हिंदी बोर्ड आव स्टडीज और सद० फेकल्टी आव आर्ट्स (आगरा-विश्वविद्यालय); अनेक हिंदीप्रचारक समितियों के सहायक और परामर्शदाता; 'शब्द-सागर' के सहायक संपादक; अध्यक्ष हिन्दी-विभाग, सनातनधर्म कालेज, कानपुर ; **प्रका०**—उज्ज्वल तारे, गद्यमुक्तावली, गद्य-मुक्ताहार, प्रभावती, साहित्यकुसुम, बालव्याकरण; **प०**—आर्यनगर, नवाबगंज, कानपुर।

अयोध्या प्रसाद झा—**ज०**—१९११; **सा०**—गोपालचंद पाण्डेय के साथ 'प्रगति' नामक पत्र का संपा०; **प्रका०**—विचित्र-दुनिया, हवाई जहाज, जापान, स्वर्ण अभियान, कई पाठ्य पुस्तकों का संपादन; **प०**—आनन्द आश्रम, चंपारन, भागलपुर।

अयोध्या प्रसाद तिवारी—**ज०**—जुलाई १८९४; **प्र०**—रहिमन-विनोद ; **प्रका०**—माडर्न ज्यॉग्रफी आफ बीकानेर, राजपूताने का भूगोल, बीकानेर की ऐतिहासिक कथाएँ, इन्फैंट क्लास अरिथमेटिक, सरल बहीखाता, हस्तरेखा-विचार; **संपा.**—रहिमन विनोद, गोराबादल की कथा, करणी-महिमा. आढ़ो संग्रह; **वि०**—भूत० डिप्टी इंस्पेक्टर आफ स्कूल्स, बीकानेर ; **प०**—त्रिपाठी भवन, औरैया, इटावा।

अ० राम० अय्यर—हिंदी-प्रेमी विद्वान; **शि०**—एम० ए०; **जा०**—संस्कृत, बँगला, तामिल, अँगरेजी; **सा०**—तामिलनाड हिं० प्रचार सभा के कोषाध्यक्ष, 'हिन्दी पत्रिका' के संपा०, स्थानीय हिंदी-मंडल के मंत्री, हिंदी-प्रचार में लगभग २० वर्षों से संलग्न; **प०**—आचार्य, नेशनल कालेज, तिरुचिरापल्ली।

अरुण—**ज०**— ३ जनवरी

१९२८; **सा०**—मेरठ विद्यार्थी काँग्रेस के प्रधान, कालेज इतिहास परिषद् के उपमंत्री, प्रांतीय रक्षादल के वार्ड कमांडर; **प्रका०**—नरक का कीड़ा, जय काश्मीर, **प०**—निष्काम प्रेस, मेरठ।

अलखनिरंजन पांडेय — **ज०**—२४ अक्टूबर १९१५; **शि०**—एम० ए० (अँगरेजी, हिंदी, संस्कृत) आगरा वि. वि., बी० टी०, सा० शास्त्री, सा० आ०; काशी वि० वि० पुस्तकालय विज्ञान का प्रमाणपत्र; **अप्र०**—प्रसाद जी की नाट्य कला, स्फुट लेख; **वि०**—मनोविज्ञान पर एक पुस्तक लिख रहे हैं; **प०**—अध्यक्ष संस्कृत कालेज, बनारस।

अलखमुरारी हजेला—**ज०** १२ अक्टूबर १९१८; **शि०**—एम. ए, एल-एल. बी. कानपुर और प्रयाग वि० वि०; **प्र०**—उधार (एकांकी नाटक); **प्रका०**—उद्गार, रनिया, नेता, मजदूरिन, अब भी प्यासा हूँ, मनीआर्डर, लाली, उन्माद, समाज (कहानी), आरती, कुसुमित, दीपावली, सौंदर्य, विहंग का वसन्त, वे किसी दिन आवेंगे, परिवार, मानव सभ्यता के निर्माण में युद्ध का योग - दान, जनता के हित में आँकड़े, पैसा हीन, भारतीय महिला, भारत में स्त्री-शिक्षा, सह-शिक्षा, स्त्री-समाज की स्वतन्त्रता (लेख); **अप्र०**—वेश्यागामी, जरूरत, दारू, पगले की आँख-मिचौनी (कहानी), गौतम का प्यार, जोगी, उम्मीद का चिराग (गद्य काव्य), हिन्दू समाज क्या गौरव हीन हो चुका है (लेख); **वर्त०**—इनकम टैक्स आफिसर, **पा०**—आजाद मारकेट, सीशामऊ, कानपुर।

अवधनन्दन—हिन्दी प्रेमी प्रचारक; **ज०**—१९०० छपरा, बिहार; **सा.**—१९२० से दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार का कार्य कर रहे हैं; १९२० से ३२ तक दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के मंत्री रहे; अनेक केन्द्रों का संचालन किया; वर्त० संपा० 'हिन्दी पत्रिका'; **प्रका.**—अनेक पाठग्रन्थ; **प०**—मन्त्री तामिलनाड हिन्दी प्रचार सभा, तिरुचिरापल्ली।

अवध नारायण— **सा०** — १९०७ से देश-सेवा में रत, दरभंगा

की सबजजी में सिरश्तेदार, अब रिटायर; प्रका० — विमाता, झलक ; अप्र०—सेकेंड हैंड लेडी; प०—शुभकरपूर, दरभंगा ।

अवध मणि मिश्र—ज०—१ नवंबर, १९२२ प्रतापगढ़; शि०—प्रतापगढ़; अप्र०—ग्रामीण पहेलियों का संग्रह, दीन-दशा (उप०); प०—अग्रीकल्चरल आफिस, प्रताप गढ़, अवध ।

अवध विहारी पाँडेय—राजनीति-इतिहास के लेखक; ज०–१९ नवम्बर, १९२०; शि०—कानपूर-प्रयाग, हाई स्कूल–प्रथम श्रेणी बोर्ड में द्वितीय स्थान, इंटर–प्रथम श्रेणी, छात्रवृत्ति–प्राप्त, बी० ए०–प्रथम श्रेणी, एम० ए० प्रथम श्रेणी, सर्वश्रेष्ठ छात्र की उपाधि; प्र०—१९३५; प्रका०—भारतवर्ष का इतिहास, इङ्गलैंड का वैधानिक इतिहास, नागरिक शास्त्र की रूप-रेखा, भारतीय नागरिकता तथा शासन–पद्धति, भारतीय शिक्षा-विकास की कथा, वि०—स्फुट लेख नागरी-प्रचारिणी पत्रिका आदि में लिखे; सा०—भूत० संयोजक इतिहास–वर्ग, हिंदी सा० स० प्रयाग; पता०—प्रोफेसर इतिहास विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी।

अवधविहारी मालवीय 'अवधेश'—ज०—१८९५ रायबरेली; सा०—भूत० सभापति हिंदी साहित्य-मंडल कानपुर; प्रका०—अवधेश कुसुमांजलि, वीरोक्ति, अवधेश-तरंग, पंचामृत, अवधेश-पचासा; पं०—गणेशनगर, कानपुर ।

अवधविहारीलाल 'अवध', ज०—१८९४, जमानिया, गाजीपूर; शि०—गाजीपूर, प्रयाग, बी० ए०, एल-एल० बी०, सा० वि०; जा०—संस्कृत, बँगला, उर्दू, फारसी ; सा०—ना० प्र० स० काशी के सभासद्, हि० सा० सम्मेलन के परीक्षक और आर्यविद्यालय काशी के अंतरंग सभासद् ; प्रका०—हमारे इतिहास-निर्माता, चिपटी खोपड़ी ; प०—वकील, ६५।३६१ बड़ी पियरी, काशी ।

अवधविहारी शरण—इतिहासज्ञ; शि०–एम. ए., बी. एल. ; प्रका०—मेगास्थनीज का भारत-विवरण ; अप्र०—शिक्षा-संबंधी और साहित्यिक लेखों के संग्रह ; प०—वकील, आरा, विहार ।

अलीशेर 'अली'—ज०—१६१८; प्रका०—अली शेर-सतसई; प०—अध्यापक, हरी टाउन स्कूल, मेरठ।

अवनींद्र कुमार—ज०—मार्च १६०४ दानापूर, पटना; शि०—गुरुकुल काँगड़ी हरद्वार; सा०—संपा० 'आर्य' साप्ताहिक १६२८-३०, प्रोफेसर राजनिति विहार विद्यापीठ १६३०-३१, दानापूर काँग्रेस के प्रधान मंत्री १६३१, 'नवयुग' के प्रधान संपा० १६३५-३६, सह० संपा० 'नवहिंदुस्तान' १६३६-४४; प्रधान संचा० 'नवयुग' १६४५-१६४७, अप्रेल १६४७ से 'नवभारत' के प्रधान संपा०; प्रका०— साम्राज्यवाद, घर-बाहर, ऐतिहासिक कहानियाँ; प०— इतिहास-सदन, कनाट सर्कस, नई दिल्ली।

अशरफी मिश्र,—शि०—बी० ए०; सा०—भूत. सपा. दैनिक 'शांति', भागलपुर और दैनिक 'जनता', पटना; प्रका०—धनकुबेर जनक कारनेगी; प०—गोसाईंगाँव, भागलपुर, बिहार।

अशोक—ज०—मई १६२२; शि०—बी० ए०, सा० आ०, देवघर, और पंजाब विश्व वि०—सब परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी में; सा०—भूत. संपा० 'इन्द्रधनुष', 'गौरव', 'आरती'; प्रका०—फूलझड़ी, स्वप्न लोक (कवि०) घुनुघुना, राजाभया, आदि दो दरजन बालोपयोगी पुस्तकें,—अप्र०—एक दरजन पुस्तकें; प०—अशोक निकुंज, बजरिया रोड़, नागपुर २।

आत्मानन्द मिश्र—ज०—१ सितंबर, १६१३; शि०—एम. ए., बी०एस-सी, एल-एल. बी, बी. टी. काशी व प्रयाग वि० वि०; अप्र०—आचार्य द्विवेदी, प्रेमचन्द, अयोध्या सिंह, रायकृष्णदास की आलोचनात्मक जीवनियां ग्रन्थ रूप में तैयार हैं; प०—ट्रेनिंग कालेज, जबलपुर।

आत्माराम देवकर—प्रका०—पानी का बुड़बुड़ा, माया मरीचिका, आदर्श मित्र, त्रैलोक सुंदरी; वि०—शिक्षा विभाग से पेंशन पा रहे हैं, वयोवृद्ध साहित्य-सेवी, नेत्र विहीन होने से आप की दशा अत्यन्त करुण हो गयी है, आपकी

कई अच्छी रचनाएँ अप्रकाशित हैं; रायल्टी पर प्रकाशनार्थ देना चाहते हैं प०—हटा, दमोह।

आदित्यप्रसाद सिंह—ज०—जूलाई १८६३; शि०—सा० भू०, मध्यमा; प्रका०—अनुवाद-शिक्षक, निबंध-शिक्षक, साहित्य, सुबोध व्याकरण-पीयूष, हिन्दू-पर्व-प्रकाश, दृष्टान्त-तरंगिणी; अप्र०—तुलसी-सतसई; सा०—अध्यापक सम्मेलन के मंत्री, सद०—मिडिल स्कूल परीक्षा बोर्ड बनारस; प०—प्रधान अध्यापक, मिडिल स्कूल, आजमगढ़।

आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय—ज०—१९०६; शि०—संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश; सा०—प्राचीन संस्कृति और इतिहास के विशेषज्ञ; लगभग एक दरजन संस्कृत-प्राकृत ग्रन्थों के लेखक-सम्पादक; बम्बई वि० वि० में 'स्प्रिंजर रिसर्च स्कालर'; अखिल भारतीय ओरियंटल कांफ्रेंस के हैदराबाद अधिवेशन में पाली--प्राकृत-विभाग के सभापति; प०—प्राकृत (अर्द्धमागधी) के प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर।

आद्यादत्तठाकुर—सा०—'माधुरी' में लेख-समालोचनाएँ लिखीं; अप्र०—आलोचात्मक लेख-संग्रह; वि०—भूत०-संस्कृत अध्यापक, लखनऊ विश्वविद्यालय; प०—लखनऊ।

आनंद किशोर—सा०—पटना के भारतीय मण्डल, प्रसाद-परिषद, भारतीय स्वतंत्र-संघ, भारतीय-भवन, नगर हि० सा० स० तथा नागरी-प्रचारिणी सभा आदि के कार्य-कर्त्ता, प्रका०—स्फुट कहानियाँ-लेख; प०—रेणुका, आलमगंज, गुलजारबाग, पटना।

आनंदीलाल जैन—ज०—१५ सितम्बर, १९१६, जयपुर; शि०—न्यायतीर्थ, दर्शनशास्त्री, सा० शास्त्री, इंदौर; अप्र०—विश्वसंगीत (पाँच भाग), सामयिक और दार्शनिक निबंध-संग्रह; प०—संस्कृताध्यापक, एस-एस० जैन मिडिल स्कूल, जयपुर।

आरसी प्रसाद सिंह—ज०—१९ अगस्त १९११, दरभंगा; प्र०—'आम का पेड़' 'बालक' में १९२७ में प्रका०; सा०—शिक्षा-प्रसार में योग; प्रका०—कवि०—

आरसी, संचायिता, कलापी, नयी दिशा, पांचजन्य, जीवन और यौवन, चंदा मामा, आजकल, कहा०—पंचपल्लव, खोटा सिक्का, काल रात्रि, एक प्याला चाय, आँधी के पत्ते; वर्त—अध्यापक कोशी कालेज, खगड़िया, मुंगेर; वि०—तारामंडल द्वारा प्रकाशन; प०—एरौत, रोसड़ा, दरभंगा।

आशुतोष—शि०—बी. ए., साहित्यभूषण; सा०—भूत. उप सभा, शान्ति निकेतन, हिन्दी साहित्य मंदिर नागपूर के वर्त० मंत्री; अप्र०—कई एकांकी; प०—सदर बाजार, नागपुर।

आशुप्रसाद—ज०—१९०६; प्रका०—स्फुट; प०—मोतीहारी, बिहार।

इंद्रजीत नारायण—अर्थशास्त्र के लेखक, ज०—२ अक्तूबर १९१७ (सुहवल) गाजीपुर; शि०—एम. ए. (अर्थ०) प्रयाग वि. वि, एल. टी; प्रका०—मजदूर नेता (उप०), बड़नग (कहा०); अप्र०—भूल; प०—लखावटी, बुलन्दशहर।

इंद्रदत्त शर्मा—दर्शन के लेखक; ज०—१९१३; शि०—सा० आ०, दर्शन शास्त्री; सा०—भूत० सह० संपा० 'माधुरी' तथा संपा० 'आयुर्वेद केसरी', वर्त० संपा० 'सूत्रधार' (साप्ता०); प्रका०—स्फुट लेख और कहानियाँ; वि०—'नैषध' की हिंदी टीका कर रहे हैं; प०—कमलापुर, सीतापुर।

इंद्रदेव सिंह 'आर्य'—रसायनशास्त्र के लेखक; ज०—१९१४ होशंगाबाद; शि०—एम० एस-सी० (रसायन शास्त्र) एल०-एल० बी० नागपुर वि० वि०; सा०—रसायन शास्त्र के ग्रन्थों का हिन्दी में निर्माण, संपा० 'आर्य सेवक'; प्रका०—भारतीय नारी, क्रियात्मक रसायन शास्त्र; प०—अध्यापक, गोरेपेठ, नागपुर।

इन्द्रदेव सिंह रावत 'हरेश'—प्रका०—किसानगीत, राष्ट्रगीत, ग्राम्यगीत, वियोगी; प०—श्रीमारवाड़ी विद्यालय, देवरिया, गोरखपुर।

इंद्रनाथ मदान, डाक्टर—शि०—एम० ए०, पी०-एच०

डी०; प्रका०—अँगरेजी में—माडर्न हिंदी लिटरेचर, शरत्चंद्र चटरजी, प्रेमचंद; हिंदी में—हिंदी काव्य-विवेचना, हिन्दी-साहित्य-लेखक; वि०—प्रथम ग्रंथ पर आपको डाक्ट्रेट मिली है; पहले दयालसिंह कालेज लाहौर में अध्यापक थे; प०—पब्लिकेशन ब्यूरो, पंजाब विश्वविद्यालय, शिमला।

इंद्रनारायण गुर्टू—ज०—१९११; शि०—काशी, प्रयाग और कलकत्ता; जा०—अँगरेजी, संस्कृत, बँगला; सा०—भूत., डालमियाँ शिक्षा विभाग के प्रधान निरीक्षक; वर्त. प्रधान संपादक 'नवयुग' साप्ताहिक दिल्ली; प०—३, दरियागंज, दिल्ली।

इन्द्रविद्यावाचस्पति—स्वामी श्रद्धानन्द के पुत्र; ज०—९ नवम्बर १८८९; शि०—गुरुकुल काँगड़ी; सा०—१९२० में दैनिक 'विजय' में पत्रकार, १९२२ में दैनिक 'अर्जुन' आरंभ, पश्चात् संपा०—'सद्धर्मप्रचारक', 'सत्य-वादी', गुरुकुल कांगड़ी में ८ वर्ष तक अध्यापक, अब उपकुलपति हैं, नेशनल लैंग्वेज कनवेंशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष; भूतपूर्व प्रधान स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी (१९३५-३६), प्रांतीय कांग्रेस कमेटी (१९३७), दिल्ली, स्वागत कारिणी सभा आल इंडिया कनवेंशन दिल्ली, और दलितोद्धार सभा दिल्ली, स्वातन्त्र्य संग्राम के तपे हुये सैनिक, तीन बार जेल गये; प्रका०—अपराधी कौन, नैपो-लियन बोनापार्ट, प्रिंस बिसमार्क, गैरीबाल्डी, जवाहरलाल, मुगल साम्राज्य का पतन आदि दो दरजन से ऊपर पुस्तकें; प०—दैनिक 'वीर अर्जुन', दिल्ली।

इन्द्रा देवी गुप्त—ज०—२३ फरवरी, १९१३; शि०—बी. ए. क्रिश्चियन कालेज इन्दौर, एम. ए. स्वतंत्र रूप से, सा. र.; सा०—सद० मध्य भा० हिंदी सा० समिति इन्दौर; प्रका०—पुष्पांजलि, वन्या; प०—१ नार्थ तुकोगंज, दिलपसंद, इन्दौर।

इन्दु शास्त्री—ज०—५ सितम्बर १९०४; सा०—शिक्षा विभाग में हेडमास्टर, रेडियो के कलाकार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

के कार्यकर्ता,सह० संपा० 'प्रभात'; अप्र०—कई नाटक जिनमें 'महर्षि वाल्मीकि' प्रमुख है और जिस पर स्वर्ण पदक मिला ; प०—प्रकाश एलेक्ट्रिक स्टोर, बुढ़ानागेट, मेरठ।

इलाचन्द्र जोशी—ज०—नवम्बर, १६०२, अल्मोड़ा ; ज्ञा०—प्राय: सभी आर्य-भाषाओं के साथ अँगरेजी और फ्रेंच; प्र०—१६१५; सा०—हस्तलिखित मासिक पत्रिका का संपा०, १६१५; १६२७ से प्रसिद्धि मिली ; अँग्रेजी के 'माडर्न रिव्यू' में भी लिखा ; अनेक पत्र-पत्रिकाओं के संपादक और उपसंपादक रहे ; भूत० संपा० 'विश्वमित्र' और 'विश्ववाणी'; प्रका०—घृणामयी, संन्यासी, चार उपन्यास (उप०), धूपलता (कहा०), विजनवती (कवि०), साहित्यसर्जना (आलो०),दैनिकजीवन और मनोविज्ञान ; अप्र०—परदेशी (उप०) और दो-एक कविता, कहानी, निबन्ध-संग्रह; प०—ठि० 'भारत', इलाहाबाद ।

ईश्वरचन्द्र जैन—ज०—४ अगस्त, १६१८; शि०—एम. ए. (हिन्दी) एल-एल. बी. आगरा वि० वि० ; प्र०—जीवन दीप ; नाटक ; सा०—मध्य भा० सा० समिति के मन्त्री, वीर सार्वजनिक वाचनालय के प्रचार मंत्री; स्थानीय राज प्रजामण्डल और कांग्रेस के कार्यकर्ता ; प्रका०—जीवन दीप; अप्र०—अर्थ का अनर्थ; स्फुट निबंध और एकांकी ; वर्त०-संपा०–'मजदूर संदेश' साप्ताहिक, 'श्रम' मासिक ; प०—४०, इमली बाजार, इन्दौर ।

ईश्वरदत्त—ज०—२८अगस्त, १८६६ ; शि०—१४ वर्ष गु० कु० काँगड़ी हरद्वार, ३ वर्ष म्यूनिच वि. वि. जर्मनी में पी-एच. डी; प्रका०—राष्ट्र लिपिके विधान में रोमन लिपि का स्थान, लिपि सुधार का प्रश्न, करुणरस और आनन्दानुभूति, रेचनवाद और ल्यूकस, काव्य द्वारा रोग निवृत्ति; अप्र०—भगवद्गीता और उसका संदेश, प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति, प्राचीन भारत में विज्ञान; सा०—हिंदी के साथ, संस्कृत विद्या का प्रचार, प्राचीन भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान अफ्रीका

और अमरीका में; वि०—पी-एच. डी. की थिसिस का विषय—रामानुजाज़ कामेंट्री आन दी भगवद्-गीता, अ० भा० वानप्रास्थ-मंडल की स्थापना की योजना; प०—अध्यक्ष, हिंदी - संस्कृत विभाग, पटना कालेज, पटना।

ईश्वरप्रसाद माथुर—ज०—१ फरवरी १६०६; शि०—बी. ए.; सा०—'जयाजी प्रताप' के सम्पादकीय विभाग में काम किया; प्रका०—जेबुन्निसा के आँसू, संगीत सम्राट तानसेन, संसार का इतिहास, जवानी की भूल; अप्र०—नीलाम (ना०) पंखड़ियाँ (क०), सितारा, तख्ते ताऊस, लड़की का सिंहासन ; वि०—प्रेमचन्द से प्रभावित हो उर्दू से हिन्दी में पदार्पण ; वर्त०—संचा० एक प्रकाशन संस्था०; संयो०—'अपना हिन्दुस्तान' ; प०—बाजार बालबाई, लश्कर, ग्वालियर।

ईश्वरीप्रसाद गुप्त—ज०—१६१६ ; प्रका०—कमला, विदुषी, पड़ाव (प्रेस में); अप्र०—सेवा संघ, महात्मा सिद्धार्थ; सा०—संस्था. राजेन्द्र पुस्तकालय, भूत० सदस्य भारतेन्दु सा० संघ, सदस्य लोक-मार्ग परिषद ; प०—मोतीहारी।

ईश्वरलाल शर्मा—ज० १६१२ झालरापाटन; शि०—सा० रत्न, इंदौर; प्रका०—मनोवीणा (कवि०) रश्मि मधु (उमर खैयाम का अनु०), शोक-संगीत, सती; वि०—आप हिंदी के सुप्रसिद्ध लेखक और वयोवृद्ध साहित्य-सेवी पंडित गिरिधर शर्मा नवरत्न के सुपुत्र हैं; प०—ठि० श्रीनवरत्न जी, झालरापाटन।

ईश्वरी प्रसाद सिंह—ज०—१६१२; शि०–राँची; सा०–भूत० सम्पा० 'झारखण्ड'; संस्था० बन-बूटी भण्डार, अप्र०—चित्रकार; प०—गुमला, राँची।

ईशदत्त शास्त्री श्रीश—शि०–साहित्य - वाचस्पति, काव्यतीर्थ, विद्या-वाचस्पति, सा०–रत्न; सा०–गवर्नमेंट संस्कृत कालेज के पोस्ट-ग्रेजुएट-रूप में 'प्रिंस आफ वेल्स' छात्रवृत्ति प्राप्त अन्वेषक रहे, सरस्वती-भवन में कालिदास पर तीन वर्ष तक रिसर्च की; महामना मालवीयजी के प्राइवेट सेक्रेटरी १६४०-४२; विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि: आशुकवि और सुवक्ता;

भूत. संपा—संस्कृत की तीन पत्रिकाएँ काशी से 'सुप्रभातम्', 'ज्योतिष्मयी', 'भारतश्री', और 'आदेश' मेरठ; वर्त० संपा०—'राजहंस', काशी; प्रका०—प्रताप-विजय, झाँसी की रानी, कंठहार, रामवनगमन, शंख-नाद, आदर्श गो-सेवक दिलीप, अद्वैत-दर्प दलनम्, ध्रुव, सम्राट् विक्रमादित्य और उनके नवरत्न, कालिदास, कुमार-संभव; अप्र०—भारत-अभ्युदयम्, विद्रोही, संगीत-रत्नाकर, मेरे गीत; प०—आचार्य शिवकुमार गोविंद सांगदेव महा-विद्यालय, काशी।

ईश नारायण जोशी—ज०—१९१३; शि०—शास्त्री; प्रका०—मुखाकृति - रहस्य, धर्म - शिक्षा; अप्र०—स्पंदन (गद्यकाव्य), सावोरी का संत; सा०—म्यूनिस्पलकमिश्नर, वाइस प्रेसीडेंट—हिन्दू अनाथालय कमेटी ; वर्त०—भोपाल राज्य के धर्मशास्त्री; प०—चौक, भोपाल।

उग्रसेन—शि०—एम० ए०, एल - एल० बी०; प्रका०—धर्म-शिक्षावली — चार भाग; पुरुषार्थ सिद्धार्थपाय, रत्नकांड श्रावकाचार, आप्तस्वरूप, नारीशिक्षादर्श, जीव-धरचरित; अप्र०—स्फुट निबंध ; प०—गोहाना, रोहतक ।

उदयकरण शर्मा — ज० — १९१३; शि०—आयुर्वेद शास्त्री; प्रका०—संगीत - शिरोमणि, गँवई-गीत, ठंठीरोशनी; जीवन-निर्माण; अप्र०—पश्चाताप; प०—उमराव गंज, शाहाबाद।

उदयनारायण तिवारी—ज०—१९०५, पीपरपाती ग्राम बलिया; शि०—एम. ए. (अर्थशास्त्र, हिंदी, पाली), डी. लिट्. प्रयाग, आगरा, और कलकत्ता; सा०—सन् १९२८ से हिं० सा० सम्मे० की स्थायी समिति के सदस्य; भोजपुरी पर डाक्टरेट के लिए अनु-संधानात्मक निबन्ध प्रस्तुत किया; प्रका०—कवितावली रामा-यण की भूमिका, रासपंचाध्यायी-भँवरगीत, भूषण-संग्रह—दो भाग, वीरकाव्य-संग्रह, कहानी-कुंज; वि०—'ए डाइलेक्ट आव भोज-पुरी', भोजपुरी लोकोक्तियाँ और भोजपुरी मुहावरे इत्यादि आपके अनुसंधानात्मक निबन्धों की प्रशंसा सर जार्ज ग्रियर्सन, जूलूल्वाश (पेरिस), आर०एल०टर्नर (लंडन)

आदि विद्वानों ने की थी ; प्र०—अल्लोपीबाग, प्रयाग।

उदयराज सिंह—ज०—५ नवम्बर १६२१; शि०—बी. एस-सी. प्रयाग वि० वि०; प्र०—रजनीबाला; प्रका०— नवतारा (कहा०), अधूरी नारी (उप०); अप्र०—रोहिणी (उप०); प०—अशोक प्रेस, महेन्द्रू, पटना।

उदयशंकर भट्ट—ज०—१८६७, इटावा; शि०—काव्यतीर्थ, शास्त्री, अजमेर, बड़ौदा, लाहौर, और कलकत्ता; प्र०—१६२८; सा०—संस्कृत के भूतपूर्व अध्यापक, वियोगात नाटक रचना में विशेष रुचि; प्रका०— तक्षशिला, राका, मानसी, विर्सजन; नाटक—विक्रमादित्य, दाहर अथवा सिंध-पतन, अंबा, सगर-विजय, कमला, अन्तहीन अंत, अभिनव एकांकी—नाटकों का संग्रह; गीतनाट्य— मत्स्य-गंधा, विश्वामित्र, राधा; संपा.—कृष्णचंद्रिका, गुमान् मिश्र-कृत शकुंतला; अप्र०—अनेक एकांकी नाटक और कविता-संग्रह; वि०—कई रचनाएँ पंजाब, दिल्ली, राजपूताना, पटना, कलकत्ता, नागपुर और मद्रास के विद्यालयों में स्वीकृत हैं प०—बंबई।

उदयसिंह भटनागर—शि०—एम. ए. हिन्दू विश्व विद्यालय, काशी; प्रका०—जौहर ज्वाला और अनेक लेख, कविताएँ तथा एकाकी नाटक; प०—अध्यापक महाराजा कालेज, जयपुर।

उपेंद्रनाथ 'अश्क'—ज०—१४ दिसम्बर, १६१०, जालंधर; शि०—बी.ए.,एल-एल.बी. लाहौर; प्र०—उर्दू में १६२७ से पर हिंदी में १६३५ से; सा०—लाला लाजपतराय के 'बंदे मातरम्' और 'वीरभारत' पत्रों के उपसंपादक; प्रका०—कहा०—नौरत्न, औरत की फितरत, डाची, कोंपल, सितारों के खेल (उप०); नाटक—जय-पराजय, स्वर्ग की झलक, देवताओं की छाया में, छै बेटे, विविध—उर्दू काव्य की एक नयी धारा, प्रातप्रदीप, बावरोले ; प०—प्रीतनगर, अमृतसर।

उपेंद्रशंकर प्रसाद द्विवेदी—ज०—१६१२; वि०—प्रकृतिवर्णन एवं हास्यरस की कविताएँ करते हैं ; प्रका०—स्फुट; प०—बोरधा,

कालाकार, होशंगाबाद ।

उमादत्तमिश्र—ज०—१९१६; प्रका०—सनातनधर्म साहित्य, गीताधर्म और धर्म-परित्याग; वि०—आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त की है; प०—सनातन धर्म संस्कृत कालेज, पाँडे बाजार, आजमगढ़ ।

उमादत्त सारस्वत, 'दत्त'—ज०—जून१९०५; सा०—संपा०, 'काव्य-कलाधर' कलकत्ता और संयो०—हिन्दी समिति, बिसवाँ; प्रका०—किरण, मस्तराम का सोंटा, मस्तराम का चिट्ठा; अप्र०—प्रवासी-पति (महाकाव्य) आदि लगभग एक दरजन पुस्तकें; प०—बिसवाँ, सीतापुर ।

उमानाथ—शि०—एम० ए०; प्रका०—सूरमाधुरी; अप्र०—स्फुट संग्रह; प०—प्रचार-अध्यक्ष, राजकीय विभाग, पटना ।

उमाशंकर द्विवेदी 'विरही'—ज०—जनवरी १८९२; शि०—इंदौर; सा०—स्थानीय सभी साहित्यिक संस्थाओं से संबंध; हिं० सा० सम्मे० के स्थानीय केंद्र के जन्मदाता; अप्र०—अनेक सरस काव्य; प०—विरही-सदन, उदयपुर ।

उमाशंकर प्रसाद सिंह—(ब्रह्मचारी) 'सितारिया'; ज०—१९०३; सा०—संचा० 'शशि प्रभाकर मंदिर' और 'कैलाशकुंज'; प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—हरदिया, शुम्मा ड्योढ़ी, दरभंगा ।

उमाशंकर महावीर प्रसाद शुक्ल—ज०-२३ जुलाई १९१८; सा०—भूत०मंत्री, 'हिन्दी मंदिर' वर्धा, युनाइटेड प्रेस ऑफइण्डिया के वर्धा-स्थित प्रतिनिधि, अनेक हिन्दी, और अँग्रेजी दैनिक पत्रों के प्रतिनिधि; संस्थापक भारतेन्दु हिन्दी सिंडीकेट, भूत० संपा० 'संगम'(साप्ता०) १९४२; प्रका०—अनेक हास्यरस के लेख, नेताओं के स्केच; वि०—संपा० 'कला' मासिक; प०—वर्धा ।

उमाशंकरराम त्रिपाठी 'उमेश'—ज०—१९२१; प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—सरया, उनवल, गोरखपुर ।

उमाशंकरलाल—ज०—२० दिसंबर १९१४; शि०—प्रयाग; प्रका०—अवगुंठन (कवि०), परि-

मल, आत्मकहानी; पा०—हि० मुंशी नारायणलालजी, अमीन और सब-ओवरसियर, बनारस स्टेट।

उमेशचंद्र देव—ज०—१६०४ फरुखाबाद; शि०—आयुर्वेदाचार्य, शास्त्री, विद्यावाचस्पति, संस्कृतरत्न, सा० रत्न, प्रयाग, दिल्ली और मेरठ; सा०—भूत. अध्यक्ष श्री सावित्री रामभवन छिबरामऊ; भूत. संपा० 'आयुर्वेदसिद्धांत' और 'अनुभूत योगमाला'; वर्त० संपा० 'सरस्वती' प्रयाग; प्रका०—विश्वकवि रवींद्र-नाथ, वंचिता, प्रतिशोध, सफलता, उच्चजीवन, अतीत के बिखरे पन्ने, विश्व साहित्यिक, शिशु-चिकित्सा, महिलाओं के गुप्त रोग, भोजन-भंडार, समाज-सेवा, हमारे नेता, अछूत कोई नहीं, त्याग और साहस की सच्ची कहानियाँ; प०—इंडियन प्रेस, प्रयाग।

उमेशमिश्र—ज०—१८६६, दरभंगा; शि०—एम. ए., डी. लिट्., काव्यतीर्थ,—सा०—अध्यक्ष (१६४३) अखिल भारतीय प्राच्य विद्या महासम्मेलन के दर्शन और धर्म-विभाग, अध्यक्ष मैथिल साहित्य-परिषद्, अध्यक्ष अखिल भारतीय गीता महासम्मेलन प्रयाग, मंत्री दरभंगा प्राच्य विद्या महासम्मेलन; प्रका०—साहित्य दर्पण, कमला, नलोपाख्यान (मैथिल), विद्यापति ठाकुर, प्राचीन वैष्णव सम्प्रदाय, मैथिली-साहित्य (हिंदी), हिस्ट्री ऑफ इंडियन फिलॉसोफी (अँग०) भौतिकपदार्थ-निरुपण; प०—अध्यक्ष संस्कृत विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग।

उषादेवी मित्रा—सा.—'नारी-मंगल-समिति' की संस्था० और संचा०; आरम्भ में बँगला में रचना की; प्र०—सन् १६३३ से 'हंस', काशी में पहली कहानी 'मातृत्व'; प्रका.—उप.—वचन का मोल, पिया, जीवन की मुस्कान और पथचारी; कहानी—आँधी के छंद, महावर, सांध्य पूरवीले; प.—गलगला ताल, जबलपुर।

ऋषभचरण जैन—सा०—'सचित्र दरबार', 'चित्रपट' के संस्थापक; प्रका०—भाई, बिखरे भाग्य, कैदी, मास्टरजी, मोती, दिल्ली का व्यभिचार, गऊबाखी;

वि०—इस समय आप एक फिल्म-कम्पनी के डाइरेक्टर हैं; प०—दरियागंज, दिल्ली।

ऋषिमित्र शास्त्री—शि०—सा० रत्न, शास्त्री, विद्यावारिधि; प्रका०—सामाजिक, धार्मिक, और दार्शनिक विषयों पर लेख; अप्र०—कुटीर; प०—आर्य-समाज-भवन, गिरगाँव, बम्बई ४।

ए० चन्द्रहासन—शि०—बी० ए० मद्रास वि० वि०, एम० ए० (हिंदी) कलकत्ता वि० वि०; सा०—३ वर्ष तक केरल हिंदी ट्रेनिंग कालेज के प्रिंसिपल, ३ वर्ष तक मन्त्री केरल हिंदी-प्रचार-सभा, १२ वर्षों से भाषाओं के प्रोफेसर महाराजा कालेज एरनाकुलम, ६ वर्ष तक मद्रास वि० वि० की बोर्ड आफ स्टडीज इन हिंदी, मराठी, उड़िया, आसामी के अध्यक्ष; १६४६ से ट्रावनकोर वि० वि० की हिंदी के बोर्ड आफ़ स्टडीज़ के अध्यक्ष; सद० ट्रावनकोर वि० वि० की फैकल्टी आफ़ ओरियंटल स्टडीज़, कई बार मद्रास वि० वि० के इग्जेमिनेशन कमीशन के सद०, मद्रास, मैसूर, कलकत्ता और ट्रावनकोर विश्वविद्यलयों की हिंदी में होने वाली बी० ए०, बी० काम०, बी० एस०-सी० और एम० ए० की परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र-दाताओं और परीक्षकों की समितियों के मान्य सद० अथवा अध्यक्ष, १६३३ में उत्तर भारत को जाने वाले दक्षिण भारतीय हिंदी यात्रियों के उपनेता, राष्ट्र भाषा व्यवस्था-परिषद के प्रतिनिधि, भारतीय साहित्य-परिषद से प्रकाशित 'हंस' के स्थानीय संपा०, भूत० संपा० 'मातृ भूमि,' प्रका०—स्फुट; प्र०—प्रोफेसर आफ़ लैंग्वेज़ महाराजा कालेज, एरनाकुलम कोचिन राज्य, दक्षिण।

ए० पद्मिनी कुमारी—श्री ए० चंद्रहासन, एम० ए० की सहोदरा और दक्षिण भारत की पहली महिला जिन्होंने हिंदी में एम० ए० पास किया; केरल के हिंदी प्रचार-कार्य में महत्वपूर्ण भाग लिया; मद्रास विश्वविद्यालय के हिंदी-विभाग में प्रमुख स्थान रखती हैं; भूतपूर्व अध्यापिका कन्या गुरुकुल, देहरादून; प०—हिंदी अध्यापिका, संत तेरीसा

कालेज, त्रिचूर, दक्षिण भारत।

ए. राम. अय्यर— शि० एम०ए०; जा०—अँग्रेजी, बँगला; सा०—तामिलनाड हि० प्र० सभा के प्रमुख कार्यकर्ता और निर्देशक; प्रका०—स्फुट सामयिक और साहित्यिक लेख; प०—प्रिंसिपिल, नेशनल कालेज, तिरुच्चि।

एलेक्जेंडर ग्रियर्सन शिरीफ— हिन्दी साहित्य-प्रेमी विद्वान; ज०—२६ अप्रैल १८८३; सा०—जार्ज ग्रियर्सन द्वारा किये गए पद्मावती के सम्पादन में सक्रिय सहयोग; सा०—लगभग तीस वर्ष तक इंडियन सिविल सरविस के सदस्य; वर्त०—इंडिया अफिस लायब्रेरी में ओरियंटलिस्ट ; प०—हाल पैलेस, स्पर्स्टोल्ट कोटेज, बर्कशायर, इङ्गलैंड।

एस. एन. रामचंद्रन—तामिल-भाषी हिन्दी-प्रेमी; ज०—२५ मई १६२७; शि०—राष्ट्र भाषा विशारद, हिन्दी विद्वान तथा बी० ओ० एल (मद्रास वि० वि०); सा०—तीन पुस्तकालय तथा दो हिन्दी समितियाँ स्थापित कीं; स्थानीय गोखले वाचनालय और पुस्तकालय-संघ की कार्यकारिणी-समिति के सद०; १६४३ में स्वतंत्रता-दिवस मनाने के सम्बन्ध में कैद ; प्रका०—कहानियों और जीवनियों के अनुवाद ; प०—शिव गंगा के राजा दुरैसिंगम मेमोरियल कालेज में हिन्दी लेक्चर, जिला रामनाड, दक्षिण।

ए० सावित्री— अहिंदी प्रांत की हिन्दी-हितैषिणी और श्री ए० चंद्रहासन की दूसरी सहोदरा जिन्होंने हिंदी में एम० ए० किया है; प्रका०—विविध विषयों पर स्फुट लेख ; प०—अध्यापिका, आर्य कन्या महाविद्यालय, बड़ौदा।

ओंकारनाथ मिश्र—ज०—१६१०, सिरसा, प्रयाग ; सा०—हिन्दी-साहित्य विद्यालय, दारागंज, प्रयाग और तुलसी-साहित्य-परीक्षा-समिति के सहायक ; प्रका०—सत्यहरिश्चन्द्र नाटक , विनय-पत्रिका की टीका ; अप्र०—सूरज मंजरी-हस्तलिखित प्राचीन प्रति की टीका, ग्वाल कविकृत साहित्यानन्द की संपादित प्रति, सूर-विहार-आलो० ; प०—हिन्दी अध्यापक,

अग्रवाल विद्यालय इंटर कालेज, इलाहाबाद।

ओंकार लाल दल्लू वर्मा 'माखन',—ज०—१ जनवरी; १६२२; शि०—इन्दौर; सा०—मधुर तरंग-माला का प्रकाशन; प्रका०—स्फुट; प०—प्रधानाध्यापक, पाठशाला खरिया, पो० वरला, होल्कर राज्य।

ओंकारलाल वैश्य 'प्रणव'—ज०—१८८६, मेलखेड़ा, मालवा; जा०—संस्कृत, मराठी, उर्दू, गुजराती; प्रका०—उपदेश वाटिका, भक्तवर सेठ रामलाल जी; अप्र० — विनय-वाटिका, प्रणव चालीसा, हरिनाम शतक आदि; प०—मालवा।

ओंकार शरद—ज०—१६२६; सा०—व्यवस्थापक, न्यूलिटरेचर प्रकाशन प्रयाग, प्रकाशक 'लहर' मासिक; प्रका०—आँचल का आसरा, अंतिम बेला, नातारिश्ता; खूनखराबी, अन्नपूर्णा (अनु०); प०—व्यवस्थापक न्यू लिटरेचर कंपनी, प्रयाग।

ओमप्रकाश—ज०—१६२४; शि०—एम० ए०, एल-एल० बी०, (आगरा), एम. आर. ए. एस.; सा० — अध्यक्ष ग्राम-सेवादल आगरा, सद० ना० प्र० सभा, काशी तथा रायल ऐशियाटिक सोसाइटी आफ बँगाल; प्रका०—प्रबन्ध-प्रभा, निबन्ध-रत्नावली, प्रेमाश्रमः एक परिचय, ध्रुव स्वामिनी : एक परिचय; अप्र०—ग्रीष्मार्त पश्चाताप, अपील-काव्य; त्रि०—आगरा वि० वि० में हिन्दी साहित्य में अलंकार और अलंकार-शास्त्र पर खोज कर रहे हैं; प०—अध्यक्ष हिंदी विभाग, हंसराज कालेज, दिल्ली।

ओमप्रकाश — ज० — १७ नवंबर १६१५; शि०—एम० ए०, सा० र०; प्र०—स्वराज्य के बाद; प्रका०—विविध विषयों पर लेख; अप्र०—भारतेन्दु हरिश्चन्द्र; वर्त०—भारतेन्दु पर खोज, प०—हिन्दू स्कूल स्ट्रीट, बदायूँ।

ओमप्रकाश भार्गव 'उमेश'—ज०—जून १६१५, शि०—माधव कालेज उज्जैन, विक्टोरिया कालेज ग्वालियर, और इंडियन फॉरेस्ट कालेज देहरादून; प्रका०—तपस्विनी (कहानी), जेबुन्निसा के

ओंध (औंधनी), हिमालय के अंचल में, वनस्पति-विज्ञान; सा०—हि० वा० सभा लश्कर के भूत० मंत्री; वर्त०—फारेस्ट ट्रेनिंग के लिए आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये हैं।

ओमप्रकाश शर्मा—ज०—१९ फरवरी १९२०; शि०—एम० ए०(हिंदी, अँगेजी) आगरा वि० वि० ; प्रका०—कहानियाँ, कुछ पुस्तकों का अनुवाद ; सा०—विश्वविद्यालय विद्यार्थी-परिषद् के सभापति, विद्यार्थी काँग्रेस के कार्य-कर्त्ता, सेंट जांस कालेज की ओर से शिक्षा-प्रचारक, प्रां० हि० सम्मे० के भूत० संयुक्त मंत्री, हि० सा० गोष्ठी के लिए लेखकों को संगठित किया , संचा० 'नोक भोंक'; प० —ग्राम मुजफ्फर खाँ, आगरा।

ओमप्रकाश, 'विश्व'—ज०—१ जुलाई १९१७; सा०—भारत सरकार की मासिक मुख-पत्रिका 'आजकल' दिल्ली के संपादक मंडल के सदस्य, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति; संस्कृति, सिनेमा आदि विषयों पर कहानियाँ ; प०—'आजकल', दिल्ली।

कंभल वेंकट कृष्णय्या—ज०—१९०७ कृष्णापुरम्, कृष्णा; शि०—प्रयाग, मद्रास और काशी ; प्रका०—स्फुट ; प०—प्रधान-अध्यापक, आंध्रहिन्दी विद्यापीठ, आंध्र प्रदेश, दक्षिण।

कंठमणि शास्त्री—ज०—१९१८; शि०—'देशिकेन्द्र' (हि०) 'मणि' (व्रजभाषा),काव्य - वेदान्त-शास्त्री, महोपदेशक, काव्यालंकार, शुद्धा-द्वैतरत्न आदि उपाधियाँ; प्रका०—सम्प्रदाय प्रदीपालोक, काँकरोली का इतिहास, विधवा-विवाह-खंडन, परमानंददास का परिचय, कविता कुसुमाकर—२ भाग, रसिक-रसाल, जगदानन्द, सम्प्रदाय-प्रदीप, प्रभु चरित्र चिन्तामणि, ध्यान-मंजूषा, मंगल-मणिमाला; अप्र०—दिव्य-दयादर्श, पुष्टिमार्गीय-परिचय-कोष, आंध्रजातीय हिन्दी कवि, वल्लभाचार्य और हिन्दी साहित्य; सा०—संस्था० व संचा०—सरस्वती भंडार, पुस्तकालय विभाग, पाठशाला-विभाग, कविमंडल, ग्रंथ-माला, स्वयं-सेवक-मंडल-विभाग, व्यायाम, शाला विश्व-वस्तु-संग्रहालय, शुद्धाद्वैत ऐकडमी ; संपा०—'दिव्यादर्श' (मासिक); प०—

संचालक विद्याविभाग, ब्रजनिकुंज, काँकरोली।

कटील गणपति शर्मा—शि०—बी० ओ., एल. टी०, सा. लं.; सा०—नवचेतन ग्रन्थमाला के संस्था०, पा०—'हिंदी प्रचारक' और 'शिक्षक', भूत० अध्यापक गवर्नमेंट कालेज मंगलोर, भूत०, अध्यक्ष व मंत्री, विद्यार्थी-संघ, कर्नाटक संघ, हिन्दुस्तान स्काउट ऐसोसिएशन; सद०—शिक्षा परिषद, हिंदी प्रचार सभा; अध्यक्ष—हिन्दी अध्यापक-संघ पालघाट; प०—अध्यापक गवर्नमेंट मुस्लिम कालेज, मद्रास।

कनकमल अग्रवाल 'मधुकर'—ज०—१२ जुलाई, १६१२; शि०—उदयपुर; सा०—राजस्थान हिंदी-साहित्य-सम्मेलन की स्थायी समिति के मान्य सदस्य; साहित्य-कुल, अजमेर के भूत० मंत्री; भारतीय विद्वत्-परिषद के साहित्याचार्य और वहाँ से 'साहित्य महोपाध्याय' उपाधिप्राप्त; भूत० संपा० हस्तलिखित 'लव', 'रोवर मैगजीन', 'नवज्योति', 'राजस्थान', 'रियासती'; प्रकाशक और संपा०—'नवजीवन'; (१९४०); प्रका०—उद्‌गार (गद्य का०); अप्र०—अनेक निबंध, कविता और गद्य-काव्य-संग्रह; वि०—इस समय गुरुकुल, चित्तौरगढ़ में अवैतनिक सेवक हैं; प०—संपादक 'नवजीवन', उदयपुर।

कन्हैयाप्रसाद सिंह—शि०—एम. ए.; सा०—'विशालभारत' के नियमित लेखक; प्रका०—चित्र कथा; प०—अध्यापक नालंदा कालेज, नालंदा।

कन्हैयालाल पोद्दार, सेठ—ज०—१८७१, मथुरा; सा०—लेखन कार्य समस्या-पूर्ति से आरम्भ; प्रका०—अलंकार-प्रकाश, गंगालहरी (अनु० का०), श्रीमद्भागवत के पंचगीतो का समश्लोकी अनु०, मेघदूत-विमर्श, काव्यकल्पद्रुम, संस्कृत-साहित्य का इतिहास; प०—मथुरा।

कन्हैयालाल मानिकलाल मुंशी हिन्दी-गुजराती के लब्धप्रतिष्ट लेखक; ज०—१८८७; शि०—बी. ए., एल-एल बी. बड़ौदा और बम्बई; सा०—संपा०—'यंग इंडिया' १९१५; बम्बई

होमरूल लीग के मन्त्री, १९२० ; गुजराती साहित्य-कोश के सम्पादक; बंबई विश्व-विद्यालय की सिनेट और सिंडीकेट के सदस्य ; सत्याग्रह आंदोलन में सपत्नीक भाग लिया ; कई बार जेल गये; अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य; बम्बई सरकार के कांग्रेसी होम मिनिस्टर रहे, १९३७ ; राष्ट्र-भाषा-प्रचार समिति के प्रमुख कार्य-कर्ता ; संपा० 'सोशल वेलफेयर' ; प०—रिज रोड, मलाबार हिल, बम्बई ।

कन्हैयालाल (मुंशी)-ज०-१९०१; शि०—एम. ए., एल-एल. बी. प्रयाग; सा०—भूत०संपा०, 'चाँद' (उर्दू) ; अनेक हिंदी कहानियाँ और कहानी-कला के लेखक ; अँगरेजी (ब्रिटिश) अमरीकन और योरोपीय पत्रों में बराबर लिखते रहते हैं ; अनेक प्रसिद्ध विदेशी पत्रों के सम्वाददाता ; प०—ऐडवोकेट, कृष्ण कुंज, इलाहाबाद ।

कन्हैयालाल 'शान्तेश'—प्र० —चमड़े के लिए पशुओं का भयंकर वध ; अप्र०—सचित्र दार्जिलिंग, सरल औषधोपयोग, राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य, सा०—संचा०—प्राइमरी स्कूल, निरक्षरता निवारणार्थ प्रौढ़ शिक्षक-केन्द्र, औषध-वितरण, सम्पा०—'ग्राम सेवक', सद०—शिक्षा-समिति वैश्य डिगरी कालेज, प्रधान मंत्री सेवा शिविर, प्रचार-मंत्री—विद्या प्रचारिणी सभा, सद०—शहर कांग्रेस कमेटी, प०—गणेश भवन, नया बाजार, भिवानी, हिसार, पंजाब ।

कन्हैयालाल सहल—ज०—१९११, शि०—एम०ए० (हिन्दी, संस्कृत) जयपुर, आगरा वि० वि०; सा०—मंत्री श्री सूर्यकरण पारीक स्मारक साहित्य-समिति; प्रका०—श्रीपतराम गौड़ के साथ 'चौबोली' नामक राजस्थानी कथा पुस्तक का संपा०, समीक्षाजलि (आलो०) हिन्दी की पत्र पत्रिकायें, राजस्थानी के ऐतिहासिक प्रवाद, राजस्थान के सांस्कृतिक उपाख्यान, आलोचना के पथ पर, साकेत का नवम् सर्ग; सर्व श्री पतराम जी गौड़ और ईश्वरदान जी के साथ 'वीरसतसई' का संपादन भी किया है ; वि०—'राजस्थान के संस्कृतिक उपाख्यान' नामक ग्रन्थ पर राजपूताना विश्व-

विद्यालय द्वारा पुरस्कार मिला है; प०—हिन्दी अध्यापक, बिरला कालेज, पिलानी, जयपुर।

कपिलदेव चतुर्वेदी 'प्रकाश'—ज०—३ दिसम्बर १६२५, सारन; शि०—दार्जिलिंग; प्र०—१५ अक्टूबर १६४५; 'फिल्म और समाज', प्रका०—भावुकता की लहर (कहा०), मनोर्मि (कवि); प०—१७ पराशर रोड, कलकत्ता २६।

कपिलदेव नारायण सिंह—ज०—१६१६; शि०—एम० ए०; सा०—मंत्री हि० सा० प० मुंगेर, प्रगतिशील लेखक-संघ के मन्त्री; प्रका०—ह्वेनसंग-नाटक; प०—प्रोफेसर डी० जे० कालेज, मुंगेर।

कपिल देव शर्मा—सा०—न्यायालयों में देव नागरी लिपि के प्रयोग का प्रचार, पटना वि० वि० की बोर्ड आफ स्टडीज़ के सद०, शिक्षा-सुधार-समिति, एजूकेशन कोड रिवीजिन कमेटी के सद०, अ० भा० देवभाषा-परिषद के मंत्री और बिहार प्रा० हि० प्रचा० सभा के सभापति; प्रका०—पाठ्यक्रम की संस्कृत पुस्तकें; प०—छपरा।

कपिलेश्वर झा 'कमल'—ज०—१६०७; शि०—सा०रत्न, पटना वि० वि०; सार्व०—संस्था० 'श्री कृष्ण पुस्तकालय, हि० सा० सभा, धमौरा; संयो०—परीक्षा केन्द्र हि० सा०सम्मे०, भूत० मंत्री जिला हि० सा० सम्मे०; अप्र०—अरुण रेखा (कहा०); प०—धमौरा, चनपटिया, चंपारन।

कपिलेश्वर मिश्र—शि०—कानपुर और शांतिनिकेतन; सा०—भूत० संस्कृत अध्यापक; हिंदी का एक वृहत कोष तैयार किया है; अप्र०—कई लेख-संग्रह; प०—सोती, सलीमपुर, दरभंगा।

कपूरचंद जैन—शि०—सा० रत्न; सा०—कांग्रेसी पदाधिकारी; प्रका०—स्फुट; वि०—आपकी पत्नी श्रीमती मैना देवी भी कविताएँ लिखती हैं; पा०—प्रधान अध्यापक प्राइमरी पाठशाला, परवारपुरा, इतवारी, नागपुर।

कमलकुलश्रेष्ठ, डाक्टर—ज०—२१ अगस्त १६२०; शि०—एम० ए० (हिंदी) प्रयाग वि० वि० में सर्व प्रथम०, डी० फिल; र०—युग-मानव (कवि० संग्रह), मलिक

मुहम्मद जायसी, भाग १ (आलोचना); अप्र०—मलिक मुहम्मद जायसी भाग २, महादेवी वर्मा, हिंदी कविता में नारी, हिंदी पौराणिक कथा-कोश; सा०—सदस्य स्थायी समिति हिं० सा० सम्मे०, सभापति जन-साहित्य-संघ प्रयाग; वर्त०—अध्यक्ष, हिन्दी विभाग जार्ज शिवली कालेज, आजमगढ़; प०—सिविल लाइंस, आजमगढ़।

कमलदेव नारायण—ज०—१६००; शि०—बी. ए., बी. एल; प्रका०—ईश्वरचंद विद्यासागर, युगल कुसुम, अर्द्धांगिनी, झरना, बिखरे फूल, प्रेमनगर की सैर, वैज्ञानिक वार्तालाप, बच्चों के खेल; प०—बखरा, बिहार।

कमलधारी सिंह 'कमलेश'—ज०—१६१२, बलिया; शि०—सा० रत्न० प्रयाग, अचलपुर; प्रका०—मुसलमानों की हिन्दी-सेवा, बाल-पंचरत्न, स्त्री-पंचरत्न, गंगा-गीत, भारत की प्रमुख महिलाएँ; वि०—जैनगुरुकुल सादड़ी में अध्यापक, महिला विद्यापीठ प्रयाग में कार्य; प०—सेरिया छाता, बलिया।

कमलनारायण झा 'कमलेश'—ज०—१६१०; बिहार प्रांतीय हिंदू महासभा के संयुक्त मंत्री; प्रका०—महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह, महाराज रामेश्वरसिंह, मंडन मिश्र, बिहार के विद्यासागर, रामायण के पूर्वकाल की कहानियाँ, पंडित योगानन्द कुमार, धनकुवेर कारनेगी, सर वाल्टर स्काट, छोटी-छोटी बेटियाँ, लार्ड किचनर, विलियम शेक्सपियर, ज्ञान की खोज में; प०—कैना, दरभंगा, बिहार।

कमलनारायण देव, आचार्य, 'सत्यकाम'—ज०—१६१६; शि०—सा० लं, सा० आ० (संस्कृत); जा०—बँगला, असमीया, संस्कृत, पाली, गुजराती, मराठी, उर्दू; सा०—संचा० प्रांतीय राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति, वर्धा; मंत्री असमिया हिं० सा० परिषद्; प्रका०—असमिया साहित्य की रूपरेखा, बँगला साहित्य की रूपरेखा, वरगीत (असमीय गीतों का हिंदी में संपादन), महापुरुष शंकरदेव, कुहकिनी (गद्यगीत-संग्रह), चिरंतनी (कहानी-संग्रह), सामंतनी (उप०); प०—आचार्य, राष्ट्र-

भाषा अध्यापन मन्दिर, गुवाहाटी, आसाम।

कमल प्रसाद—ज०—एप्रिल १६२१, हैदराबाद; प्रका०—स्फुट एकांकी और कहानियाँ; प०—अर्थ-विभाग, हैदराबाद।

कमला कांत पाठक—ज०—२६ फरवरी १६२१; शि०—प्राथमिक इंदौर, एल-एल० बी० प्रथम श्रेणी आगरा वि० वि० और एम० ए० हिंदी, समस्त कलासंसद में प्रथम नागपुर वि० वि०, सा० रत्न, सा० आ०; सा०—समिति विद्यापीठ इंदौर के प्रिंसिपल ४२-४३, तहसीलदार रतलामराज ४३-४४, आचार्य हिंदी विभाग वनस्थली विद्यापीठ जयपुर ४५-४७, प्रोफेसर हिंदी-विभाग सागर वि० वि० १६४७ से; पटना और इंदौर में संपादन-कार्य; प्रका०—सेठ गोविंददास के नाटक, युगप्रवर्तक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, हिंदी के एकांकी नाटक, हिन्दी में जौहर काव्य, 'कामायनी' के काम-सर्ग की टीका-समीक्षा, विवेचिका (लेख-संग्रह), राष्ट्रीयशिक्षा, प्रभाविका (काव्य-संग्रह), संगम (नाटक-वनस्थली विद्यापीठ में अभिनीत); आज कल मैथिलीशरण के काव्य-विकास पर थीसिस लिख रहे हैं; प०—हिंदी विभाग, सागर विश्व-विद्यालय, सागर।

कमला कांत वर्मा—शि०—बी० ए०, एल-एल० बी०; 'विशाल भारत' के भूत० सहकारी संपा०; अप्र०—कई कहानी-संग्रह; वि०—संगीत के प्रेमी हैं; प०—वकील, शाहाबाद, बिहार।

कमलापति त्रिपाठी, शास्त्री—ज०—१६०५; शि० काशी-विद्यापीठ; सा०—कांग्रेसी-कार्यकर्त्ता, असहयोग-आंदोलन में तीन-चार बार (१६२६, ३०, ३२) जेलयात्रा; काँग्रेसी मेंबर उत्तरप्रदेशीय असेंबली; भूत० संपा० दैनिक 'आज' प०—काशी।

कमला पति मिश्र—ज०—जुलाई १६१५; सा०—श्री भारतीय के साथ 'लेखक' का संपादन; वर्त०—'हंस' के संपादकीय विभाग में कार्य; प०—भवानीपुर, मुरापुर, सुल्तानपुर।

कमला प्रसाद अवस्थी 'अशोक'—सा०—साप्ता० 'सन्मार्ग' काशी

और 'अरुणोदय' लखनऊ के संपा० प०—रामनगर, आलमबाग, लखनऊ।

कमलाप्रसाद वर्मा—ज०—१६ जनवरी १८८३; 'बिहार-बंधु' के भूत० संपादक; पटना सिटी सेवा-समिति के मंत्री; प्रका०—भयानक भूल, कुलकलंकिनी, परलोक की बातें, आध्यात्मिक रहस्यों में सात्त्विक जीवन, रोम का इतिहास, राष्ट्र-पति राजेंद्रप्रसाद, निर्बल सेवा, करबला, हिमालय, कुछ भूलती-भागती यादें; वि०—आपके 'करबला' काव्य पर पुरस्कार मिला है; प०—कमलाकुंज, गुलजार बाग, पटना।

कमलाशंकर मिश्र—ज०—१६००, अहिल्यापुर, इन्दौर; शि०—इन्दौर, आगरा; सा०—स्थानीय साहित्यिक संस्थाओं के संस्थापक और कार्यकर्ता, राज-पूताना-अजमेर के हाई स्कूल इंटर-मीडिएट बोर्ड के सदस्य, हिन्दी कमेटी के संयोजक, अब होलकर कालेज, इन्दौर हिंदी अध्यापक; अप्र०—विविध विषयों पर लिखे साहित्यिक और आलोचनात्मक लेखों के संग्रह; प०—३१ अहिल्यापुर, इन्दौर।

कमलेश भारती—ज०—१६१५; सा०—सूरत, गुजरात और दक्षिण में हिन्दी-प्रचार; प०—प्रबन्ध मंत्री, प्रांतीय हिं० सा० सम्मेलन, बम्बई।

करुणापति त्रिपाठी—शि०—एम० ए०, बी० टी०; प्रका०—शैली; प०—शिक्षक हिन्दी विभाग, बनारस विश्व विद्यालय।

करुणाशंकर—ज०—१६१०; सा०—दैनिक 'विश्वमित्र' के संपा०; अप्र०—स्फुट; प०—फोर्ट, बम्बई।

करुणाशंकर शुक्ल, करुणेश—ज०—१६०७; रच०—हिलोर; अप्र०—दो तीन काव्य-संग्रह; प०—चौक, कानपुर।

कलक्टरसिंह 'केसरी'—शि०—एम० ए०—सा०—विहार प्रांतीय कवि सम्मे०, पटना के सभापति (१६४१); अप्र०—स्फुट रूप में प्रकाशित कविता-संग्रह; प०—अँगरेजी अध्यापक, सीवान कालेज, सारन, विहार।

कांतिचंद सौनरिक्सा—सा०—

—कलकत्ते से अनेक बार साप्ताहिक पत्र प्रकाशित किये ; अप्र०—अनेक दैनिक, साप्ताहिक और मासिक पत्रों में बिखरी कहानियों के संग्रह ; वि०—आप की श्रीमतीजी भी कहानियाँ लिखती हैं ; प०—कलकत्ता ।

कांति द्विवेदी 'नलिनी'—ज०—१ फरवरी १९२६ ; सा०—हिन्दी-प्रचार, दहेज प्रथा के विरुद्ध प्रचार-कार्य ; प्रका०—स्फुट लेख और कविता ; प०—द्वारा 'जीता संसार', लश्कर ।

काका कालेलकर—सा०—राष्ट्रभाषा-प्रचार समिति, वर्धा की कार्यकारिणी के भूतपूर्व सदस्य; सन् १९३७ से ४० तक उपाध्यक्ष; समिति की मुखपत्रिका 'सबकी बोली' के आरम्भ से ही संपादक ; प्रका०—जीवन-साहित्य (दो भाग, निबंध) तथा अनेक ग्रन्थों के अनुवाद; प०—ठि० राष्ट्र-भाषा-प्रचार समिति, वर्धा ।

कामता प्रसाद, कुशवाहा कांत—ज०—८ दिसम्बर १९१८ ; शि०—इंटर तक ; प्रका०—लगभग ३ दरजन उपन्यास जिनके कई संस्करण हो चुके हैं ; प०—संपा० 'चिनगारी' मासिक, मिर्जापूर ।

कामता प्रसाद जैन—ज०—१९०१; सा०—सद०रायल सोसाइटी लंदन, भारतीय इतिहास परिषद के सद० १९३८ ; कवि-सम्मेलनों और साहित्य प्रतियोगिताओं के आयोजक, भूत० संपा०, दैनिक 'सुदर्शन', 'आदर्श जैन', 'वीर' और 'जैन सिद्धांत भास्कर', १० वर्ष तक आनरेरी मैजिस्ट्रेट, ६ वर्ष तक असि० कलेक्टर, अलीगंज के महावीर जैन पुस्तकालय के संस्था० ; कांग्रेस के आंदोलनों में सक्रिय भाग, शरणार्थियों के सहायक, हि० सा० सम्मेलन एटा की अलीगंज शाखा के सयो०, जरमनी, अमरीका और फ्रांस के कई पुस्तकालयों को जैन साहित्य भेजा, विदेशी जिज्ञासुओं के अनुरोध पर अखिल विश्व जैन मिशन, (अहिंसा मिशन) की स्था० करके योरप, अमरीका आदि में अहिंसा और जैन-धर्म का प्रसार किया जिसका विवरण रिपोर्ट से जाना जा सकता है, लगभग ३५ ट्रैक्ट छपवाकर उनकी साठ हजार प्रतियाँ

निशुल्क वितरित की गयी हैं ; प्रका०—लगभग ६० पुस्तकें, सत्यमार्ग, भ० महावीर, भ० महावीर और गौतम बुद्ध, भ० पार्श्व नाथ, संक्षिप्त जैन इतिहास ५ भाग, पंचरत्न, नव रत्न, महारानी चेलनी, जैन तीर्थ और उन की यात्रा, भ० महावीर स्मृति ग्रंथ (संपा०), समाधिशतक का पद्यानुवाद, समाधि (ग्रॅंग० अनु०), मेरी भावना (ग्रॅंग० अनु०), बाहुबलि गोम्मटेश्वर, गाँधीजी, सच्चा साम्यवाद, श्रावस्ती और उसके नृप सुहलदेव राय, अहिंसा का व्यावहारिक रूप, 'अहिंसा-राइट सल्युशन आव वर्ल्ड प्राब्लेम्स'; प०—अलीगंज, एटा।

कामताप्रसाद 'निगम'—भूगोल के लेखक; ज०—१८६६; शि०—प्रयाग ; प्रका०—भारतभूमि, भूगोल विनोदमाला, भूगोल दिग्दर्शन माला, विचित्र दुनिया, हमारी दुनिया आदि लगभग एक दरजन पुस्तकें ; सा०—युक्त प्रांतीय सेकेंडरी एजूकेशन असोसियेशन के १० वर्ष से प्रधान मन्त्री, शिक्षा-आन्दोलन में रुचि ; वर्त०—अध्यापक डी० ए० वी० हाई स्कूल प्रयाग ; प०—गुरदयाल बाग, हीवेट रोड, प्रयाग।

कामाक्षिराव—ज०—१६ मई, १६१८, कड़पा (मद्रास); शि०—बी. ए., बी. ओ. एल. ; जा०—ग्रॅंगरेजी, तेलुगू; सा०—१६४४ से हिन्दी में अध्यापन-कार्य आरम्भ किया, हिन्दी-लेखक-संघ मद्रास के उपसभापति; प्रका०—रायल हिंदी-तेलुगु शब्दकोश, रायल हिंदी कहानियाँ—३ भाग, रायल हिंदी पाठमाला—३ भाग आदि दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार-सभा के लिए पाठग्रन्थ; वर्त०—हिन्दी व्याख्याता, क्रिश्चियन कालेज, मद्रास; वि०—तेलुगु के भी अच्छे लेखक हैं, प०—ताम्बरम, मद्रास।

कामेश्वर नाथ—सा०—भूतपूर्व सम्पादक—'ब्रजभूमि' मथुरा, और प्रकाशक 'आकाशवाणी' लखनऊ ; प०—मथुरा।

कामेश्वर नारायण सिंह—सा०—स्थानीय हिन्दी संस्थाओं में सक्रिय भाग ; प्रका०—धर्म पर 'मिथिलामिहिर' में पांडित्यपूर्ण लेखमाला; प०—नरहन, दरभंगा।

कामेश्वर 'विद्रोही'—ज० १६२४; प्र०—१६४०; प्रका०—विद्रोह-विहार, उद्भावना; प०—मन्त्री सोमेश्वर साहित्य-परिषद, रामनगर, चम्पारन।

कालिकाप्रसाद दीक्षित 'कुसुमाकर'—शि०—कानपुर; सा०—भूत० संपा०-'महारथी' दिल्ली, 'वीणा' इन्दौर के लगभग पंद्रह वर्ष तक सम्पादक; कानपुर हि० सा० मंडल और पत्रकार-संघ की कार्यकारिणी समिति के सदस्य; प्रका०—गद्य-सुधा, गल्परत्न; अप्र०—रुनझुन (कवि०); प०—बम्बई।

कालिका कुमार मुखोपाध्याय—शि०—एम० ए० (त्रितय); अप्र०—'सरस्वती', 'माधुरी' आदि मासिक पत्रिकाओं में बिखरे साहित्यिक आलोचनात्मक लेखों के संग्रह; प०—भागलपुर।

कार्त्तिकेय चरण मुखोपाध्याय—कुटीरशिल्प-कला के लेखक; ज०—१८६७; सा०—भूत० सह० या प्रधान संपा० 'भारतमित्र', 'हिन्दू पंच', 'विजय', 'बाँसुरी', 'हलधर', 'दारोगा दफ्तर'; प्रका०—मुस्तफा कमालपाशा, सती सुभद्रा, मणिपुर का इतिहास, सावित्री-सत्यवान, नल-दमयन्ती, सती पार्वती, सीता-देवी, शैव्या हरिश्चंद्र, सती शकुंतला, देवी द्रौपदी, श्रीराम-कथा (बँगला), बाग-बगीचा, साग-सब्जी, कृषि और कृषक; वि०—बँगला के अनेक उपन्यासों और गल्पों के अनुवादक; प०—काली बाड़ी, छपरा, विहार।

कालिचरण शर्मा—ज०—१५ अगस्त १६१४; शि०—हिंदी रत्न, पंजाब और बरार; प्रका०—वीर का विराट आन्दोलन खंड १; अप्र०—वीर का विराट आंदोलन खंड २; सा०—भूत० संपा० 'हिंदू'; हिंदी का विदेशों में प्रचार करने की योजनाएँ प्रस्तुत कीं; वि०—आजकल जयपुर से प्रकाशित हिंदी दैनिक 'राजस्थान समाचार' का संपा० कर रहे हैं; प०—भुसारा मार्ग, खाम गाँव, बरार; अथवा विराट नगर, जयपुर।

कालिदास कपूर—ज०—११ अगस्त, १८६२; शि०—एम. ए., एल.टी.; सा०—१६२१ से काली-

चरण इंटर कालेज लखनऊ के प्रधानाध्यापक, यू० पी० सेकेंडरी एजुकेशन एसोसिएशन के सभापति (१९२५-२६); अँगरेजी मासिक 'एजुकेशन' के संपादक (१९३२-३४) और (१९३८-४१), बोर्ड आफ हाई स्कूल और इंटरमीडिएट एजुकेशन में प्रांतीय हेडमास्टरोंके प्रतिनिधि (१९२५-३७); इस बोर्ड की हिन्दी कमेटी के सभापति (१९३१-३७); जापान-यात्रा (१९३६); संयुक्त प्रांतीय टीचर्स कोआपरेटिव सोसाइटियों के सभापति (१९३३ से १९४२); 'हिंदी-सेवी-संसार' के प्रथम संस्करण के संचालक और सम्पादक; प्रका०—भारतीय इतिहास की रूपरेखा, विश्वसंस्कृति का विकास, मानव इतिहास की झलक, स्वतंत्र भारत और किशोर-कर्तव्य, किशोरावस्था की नागरिकता, भारतवर्ष का प्रारम्भिक इतिहास, भारतीय इतिहास की कहानियाँ, हिन्दी-सार-संग्रह (चार भाग), आधुनिक पद्यावली, साहित्य-समीक्षा, शिक्षा-समीक्षा, भारतीय सभ्यता का विकास, काश्मीर, 'टुवर्डस ए बेटर आर्डर', भारतीय इतिहास की मानचित्रावली; प०—कपूर कुटी, चौक, लखनऊ।

कालीराम शर्मा—ज०—१९१३, रायपुर; शि०—विशारद; सा०—१९४६ से दक्षिण में हिंदी प्रचार-कार्य कर रहे हैं; प्रका०—स्फुट रचनाएँ; वर्त०—वाई० एम० सी० ए० वाणिज्य कालेज में हिन्दी के व्याख्याता हैं; प०—जैन हाई स्कूल, मद्रास १।

काशीदत्त पांडेय,—शि०—एम० ए०; सा०—हिंदी-साहित्य-सम्मेलन की परीक्षाओं के भूत० रजिस्ट्रार; अनेक हिंदी-प्रचारक संस्थाओं के सक्रिय सहयोगी और उत्साही कार्यकर्त्ता; प्रका०—स्फुट; प०—क्रास्थवेट रोड, प्रयाग।

काशीनाथ त्रिवेदी—ज०—१६ फरवरी १९०६; शि०—प्रारंभिक उज्जैन में, बी०ए० क्रिश्चियन कालेज इन्दौर १९२८; सा०—भूत० सह० संपा० 'त्याग भूमि', 'हिन्दी नवजीवन', 'हरिजनसेवक', 'हिंदी-शिक्षण-पत्रिका', बड़वानी राज्य लोक-परिषद के संस्था०, सद० म० भा० धारासभा, शिक्षा-मंत्री,

प्रान्तीय काँग्रेस के अध्यक्ष, संचा० महिलाश्रम वर्धा, चर्खा संघ अहमदाबाद के प्रकाशन-अधिकारी (१६३५-३६), मंत्री मजदूर-संघ इन्दौर; प्रका०—विद्यार्थी और शिक्षक, दिवा स्वप्न, प्राथमिक शाला में भाषा-शिक्षा, बरगद, हिन्दी-गल्प-संसार-माला, हिन्दू धर्म की आख्यायिकाएं २ भाग, सीता, गाँधी जी, हमारी बा, सयानी कन्या से, गीता-बोध, सुवर्ण की माया, अँग्रेजी राज्य के १०० साल, सप्त महाव्रत, अनासक्ति योग, रचनात्मक कार्यक्रम, प्रेम-पथ भाग १, बलिदान की कहानियाँ, बच्चों की कहानियाँ, एक धर्म-युद्ध आदि; प०—२७ बियाबानी, इंदौर।

काशीनाथ शर्मा— ज०—१६०१, गाजीपुर; शि०—प्रयाग एम०ए०,एल-एल० बी०, सा० र०; अप्र०—जीवन-संग्राम तथा विविध-विषयक निबंध-संग्रह; प०—क्लर्क, जजी अदालत, गाजीपुर।

काशीराम शास्त्री 'पथिक'—ज०—४ अप्रैल १६२१; शि०—पंजाब वि० वि०; प्रभाकर, सा० र०; सा०—अध्यापक सनातन-धर्म कन्या महाविद्यालय तथा सेंट्रल कालेज फार विमेन, पंजाब विभाजन के बाद जीवन अस्तव्यस्त फिर भी साहित्य-सेवा चल रही है; प्रका०—कवि० मुक्तिगान इसपर अबोहर अधिवेशन हि० सा० सम्मे० में नौरंग' पुरस्कार मिला, अछूतोद्धार नाटक; अप्र०—अन्तर्द्वन्द्व, मेरी मसूरी-यात्रा, मेरी शिमला-यात्रा; प०—प्रिंसिपल दून महाविद्यालय, ककनाट पैलेस, देहरादून।

कासिमअली सैयद—ज०—२२ अप्रैल, १६००, साईंखेड़ा, होशंगाबाद; ज्ञा०—उर्दू, अँगरेजी, फारसी, अरबी, गोंडी, मराठी; शि०— सा० लं०; सा०—अनेक संस्थाओं के सदस्य एवं पदाधिकारी, टेक्स्ट बुक कमेटी के सदस्य, प्रांतीय सरकारी शिक्षण के सेटर; भूत० संपा०—दैनिक 'स्वदेश' इलाहाबाद, साप्ता० 'इत्तेहाद' सागर, साप्ता० 'महाकोशल' नागपुर, मा० 'दीपक' अबोहर, मा० 'संगीत' हाथरस, रेडियो में प्रोग्राम, फिल्म स्टोरी, हिज मास्टर्स के रिकार्ड; मुसलिम साहित्य के हिंदी

में अनुवादक ; प्रका०—नाटक—संयोगिता, ग्राम-सुधार, मुहब्बत इसलाम; प्रह०— भ्रष्टाचार्य, शराब की बोतल; कहा०—हमारी परिशिष्ट, नूरजहाँ, बालकहानी, पद्य०—सरलगीत, राष्ट्रीय दर्पण, आजाद वतन (जप्त); जी०—सर सैयद अहमदखाँ, महर्षि उमर; विविध—हजरत मुहम्मद, गद्य-गरिमा, उर्दू के हिंदू सेवक, नवीन संततिशास्त्र आदि; प०—पत्रकार, नरसिहपुर, मध्यभारत।

किशनलाल 'कुसुमाकर'—ज०—१ अक्तूबर १९१२; शि०—सा० रत्न, सिद्धांतशास्त्री; सा०—अध्यक्ष हिन्दी साहित्य विद्यालय, फीरोजाबाद, प्रधान ग्राम-पंचायत, 'नव प्रभात' के प्रकाशक; प्रका०—चिंता की चिनगारी, भयंकर भूल, ग्राम्य गीतांजलि, नवबाला; अप्र०—अमरकलश, संदेश, सप्तरश्मि; प०—दयानन्द हायर सेकेंडरी स्कूल, फीरोजाबाद।

किशोरसिंह ठाकुर 'किशोर'—ज०—१९०८; प्रका०—मध्य-प्रांतीय कहानियाँ (दो भाग); प०—ठि० श्री भाई पटेल, शिवतला, भारकच्च, भोपाल।

किशोरी दास बाजपेयी—(गोविंददास) —शि०—वृन्दावन में संस्कृत पढ़ी, १९१७ में प्रथमा (काशी) प्रथम श्रेणी में, विशारद पंजाब वि० वि०, (वि० वि० में द्वितीय) १९१९ में शास्त्री; सा०—अध्यापन, ३०,३४ तथा ४२ में राष्ट्रीय आंदोलन में भाग, नौकरी से हटाये गये, जुर्माना, नीलामी, कैद, नजरबंदी; भूत० संपा० 'मराल' आगरा, द्विवेदीजी के अनन्य भक्त; प्रका०—द्वापर की राज्य-क्रान्ति, लेखन-कला, अच्छी हिन्दी का नमूना, मानव-धर्म-मीमांसा, कांग्रेस का संक्षिप्त इतिहास, व्रजभाषा का व्याकरण ; प०—कनखल, हरद्वार।

किशोरी रमण टंडन—ज०—११ नवम्बर १९१४, बिसवाँ, सीतापुर; शि०—कानपुर; सा०—जोधपुर की साहित्यसभा के सभापति, साहित्य-मंडल के सह० मंत्री, प्रधान मंत्री हिंदी-प्रचारिणी सभा जोधपुर, अ० भा० हि० सा० स० प्रयाग (१९४६-४७) की स्थायी समिति के सद०; प्रका०—जीवन-

संदेश, बटोही; अप्र०—आँसू और मुस्कान; वर्त०—'प्रजा सेवक' के सह० संपा०, ग्लोब न्यूज एजेंसी के संवाददाता; प०- शारदाभवन, ३ सरदारपुरा, जोधपूर।

किशोरीलाल गुप्त—ज०—१८६३; सा०—सभा० पोरवाल महासभा, प्रजामंडल, पोरवाल किसान सेवा-संघ, संपा० 'पोरवाल हितकारी' उज्जैन, १८ वीं–१६ वीं शताब्दी की हस्तलिखित पुस्तकों के संग्रहकर्ता; प्रका०—काव्य वाटिका, विरहिनी-विलाप, सदुपदेश माला, अनुभूत प्रश्नावली; अप्र०—मराठी - हिन्दी - शिक्षा, गुजराती - हिन्दी-शिक्षा, आदि; वि०—'वाणीभूषण' और 'व्याख्यानकेसरी' की उपाधि आपको मिली है; प०—हिन्दी साहित्य कुटीर, मेलखेड़ा, मालवा।

किशोरीलाल त्रिवेदी 'कुसुम'—ज०—२५ जून १६०७; शि०—सा०रत्न; जा०—गुजराती, मराठी, संस्कृत; सा०—'अखिल भारतीय ग्राम पुस्तकालय योजना' का संपादन; 'नागरी निकेतन' स्थापित किया; प्रका०—स्फुट लेख और कविता: प०—बड़वाहा, होल्कर राज्य, मध्यभारत।

किशोरीशरण लिटौरिया 'किशोर'—ज०—जून १६१२; शि०—सा० रत्न; प्रका०—मेरी रानी, स्वर्णकण, मेरा स्वप्न, जसवंत-जस; वि०—इनकी पत्नी सुश्री मिथिलेश्वरी देवी 'लोकेंद्र' की संपादिका हैं; प०—मुख्याध्यापक, कैंट ब्वायज़ स्कूल, सदर बाजार, झाँसी।

कुंजीलालमदनमोहन पंचोली ज०—१ जूलाई १६११; शि०—विज्ञानरत्न (कृषि); सा०—संस्थापक सम्मेलन परीक्षाओं का केन्द्र; वर्त०—रूरल असिस्टैंट, सीवड़या; प्रका०— गोपालन, फसलों का रोटेशन, उत्तम बीज, मुकदमेबाजी, सब खादों में गोबर का महत्व; प०—सीवड़या, खाले गाँव, होल्कर राज्य।

कुंदनलाल खत्री—ज०—१८६३; प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—तालबेहट, झाँसी।

कुमार शैन्य शास्त्री—सा०—भूत० मंत्री प्रांतीय साहित्य परिषद् अलीगढ़, संस्था० वाल्मीकि - सभा

रोहतक, भूत० प्रबंध संपा० दैनिक 'हिन्दू सन्देश' जोधपुर ;प्रका०—अन्तवर्ती ; प०—संपादक दैनिक हिंदू राष्ट्र, जोधपुर।

कुमार साहु—ज०—१६२७ ; सा०—भूत० संपादक साप्ताहिक 'नवप्रभात', प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन की समिति के सदस्य, सुरुचि प्रेस के संचा०, प्रधान मंत्री शान्ति-निकेतन हिन्दी-साहित्य-मंदिर नागपुर ; प्रका०—नीली छाया, खंडित चट्टान, भारत का ऐतिहासिक चार्ट , प०—१८, बिजली नगर, नागपुर १।

कुमुद—ज०—१६१४ मुंगेर; शि०—विद्यालंकार; सा०—भूत० संपा० 'नवसंदेश' और 'नौनिहाल'; प्रका०—संगम-निर्वाण और राजर्षि काव्य; प०—दैनिक 'इंदौर-समाचार', संपादकीय कार्यालय, इंदौर।

कुलमणि सिंह—ज०-६ जुलाई १६१७, धामपुर; सा०—समाजवादी विचारधारा के पोषक, १६-४१-४२ के आंदोलन में कारावास दंड; प्रका०—स्फुट लेख; प०—संपादक 'सोशलिस्ट' साप्ताहिक, धामपुर।

कृपानाथ मिश्र-ज०-१६०५; शि०— एम० ए० भागलपुर, बी० ए० (आनर्स) किंग्स कालेज लंदन; सा०—संपा० 'रोशनी', टाइपराइटर के लिए नयी वर्णमाला की योजना; प्रका०—मणिगोस्वामी (ना०), प्यास (उप०), बालकों का योरोप, विदेश की बातें, हिन्दुस्तानी कहानियाँ, अँगरेजी उच्चारण-विधान, कविता-कौमुदी; अप्र०—गायत्री, रागभ्रमर श्रीकृष्ण, फूलों के देश में, सीता, चैतन्य; प०—साइंस कालेज, पटना।

कृपाशंकर अवस्थी—ज०—१६०१; शि०—सा० आ०, भिषग्भूषण; सा०—सभा० हिंदी पुस्तकालय मुंगेर तथा विद्वत् परिषद्; सद० हि० सा० परि० और ज़िला हि० सा० सम्मे०; मंत्री संस्कृत परिषद्; प्रतिनिधि बिहार संस्कृत - एसोसिएशन; प्रका०—स्फुट; प०—विज्ञान महौषधालय, मुंगेर।

कृपाशंकर शुक्ल—ज०—१६१८; शि०—कान्यकुब्ज कालेज लखनऊ, प्रयाग वि० वि० से १६-

४१ में एम० ए०; **अप्र०**—हिन्दू गणित का इतिहास; **वर्त०**—लेक्चरार लखनऊ वि० वि०; **प०**—१६ हुसेनगंज, लखनऊ।

कृष्णकिशोर श्रीवास्तव—**ज०**—प्रयाग; **शि०**—एम० एस-सी नागपुर वि० वि०, सा० रत्न; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—सीताबर्डी, नागपुर।

कृष्णकुमार, डाक्टर—**शि०**—विद्याभूषण, सा० रत्न, आयुर्वेद शास्त्री; **सा०**—कोल्हापूर में एम० इ० स्कूल, तिरहुत मैथिली हिन्दी साहित्य-परिषद् पटना तथा दरभंगा में वाचनालय के संस्था०; **अप्र०**—तुलसीदास और उनकी कृतियाँ; **प०**—मेडिकल आफिसर, डि० बो० डिस्पेंसरी, मखदुमाबाद, गया।

कृष्ण चन्द्र—**ज०**—१६०४, बसीरा, मुजफ्फरगढ़ (पंजाब); **शि०**—गुरुकुल मुलतान और गुरुकुल काँगड़ी; **सा०**—दैनिक 'अर्जुन' के संयुक्त और साप्ताहिक 'अर्जुन' के प्रधान सम्पादक; **प्रका०**—चीन की स्वाधीनता, श्रद्धा, हमारे अधिकार और कर्तव्य, वर्तमान जगत्, हिन्दी व्याकरण, कांग्रेस का इतिहास, नवीन तुर्की का जनक कमाल तथा कई बालोपयोगी पुस्तकें; **प्रि० वि०**—इतिहास और राजनीति; **वि०**—श्रीगौरीशंकर हीराचन्द ओझा के पास तीन साल तक इतिहास-संशोधन तथा भारत की मध्यकालीन संस्कृति का लेखन; **प०**—१६ जैन बिलडिंग्स, रोशनारा रोड, देहली।

कृष्णचन्द्रशर्मा 'चंद्र'—**ज०**—१६१०, बुलन्दशहर; **शि०**—आगरा; **जा०**—अँगरेजी, उर्दू, फारसी; **प्र०**—१६२७; **प्रका०**—मदशाला (कविवर 'बच्चन' के अनुकरण पर) मरीचिका, प्रतिच्छाया; **प०**—अध्यापक, बी० ए० बी० हाई स्कूल, मेरठ।

कृष्णदत्त खांडल—**ज०**—२७ अप्रैल १६१२; **शि०**—इन्दौर; **सा०**—भूत० संपादक मासिक 'मकरंद'; **प्रका०**—प्राकृतप्रकाश की संस्कृत टीका (प्राकृत व्याकरण), भर्तृहरि के नीतिशतक की हिन्दी टीका; **प०**—हिंदी-अध्यापक, ऋषिकुल संस्कृत कालेज, लक्ष्मणगढ़, सीकर।

कृष्णदत्त पालीवाल—ज०—१८६४, तनौरा, आगरा ; शि० एम० ए०, इलाहाबाद वि. वि०, सा० रत्न; सा०—नागरी-प्रचारिणी सभा आगरा के सभापति ; भूत० संपा०—'पालीवाल', 'ब्रह्मोदय', 'प्रताप', 'प्रभा' और 'सैनिक'; प्रका०—सेवा-मार्ग, अभयापुरी, साम्यवाद, मेरी कहानी, दीन-भारत, तीन करोड़ की तकदीर आदि; वि०—संयुक्त प्रांतीय लेजिस्लेटिव कौंसिल के सदस्य (सन् १६२६-२६) और आगरा जिला बोर्ड के सदस्य (१६२८-३१) तथा उपरांत सभापति ; सन् १६३५ में अखिल भारतवर्षीय एसेंबली, प्रांतीय पोस्टमैन कानफ्रेंस, रेलवे यूनियन के सभापति; प०—'सैनिक'-कार्यालय, आगरा ।

कृष्णदत्त भारद्वाज—ज०—१६ अगस्त, १६०८ ; शि०—दिल्ली, पटना, पंजाब से एम० ए०, शास्त्री और पुराणाचार्य ; सा०—भूत० संपा०—'गौड़ ब्राह्मण समाचार', रेडियो पर अनेक व्याख्यान ; प्रका०—हिंदी गद्य-कुसुमावली, प्रारम्भिक संस्कृत पुस्तकम्, भक्त प्रह्लाद (नाटक); प०—अध्यापक, माडर्न हाई स्कूल, नयी दिल्ली ।

कृष्णदेव उपाध्याय—ज०—१६१०, सोनवर्सा, बलिया; शि०—एम. ए. (हिंदी, संस्कृत), सा. रत्न, शास्त्री; सा०—भोजपुरी-ग्रामगीतों के संकलन-संपादन में संलग्न; प्रका०—चारुचारितावली (जीव०), आसाम (विस्तृत गजेटियर), भोजपुरी ग्राम-गीत (प्रथम भाग); प०—असिस्टेंट रजिस्ट्रार, राजकीय संस्कृत विद्यालय, बनारस ।

कृष्णदेवप्रसाद गौड़ ('बेढब' बनारसी)—ज०—१८६५; शि०—एम०ए०, एल०टी०, प्रयाग, काशी; सा०—हि० सा० स० के दो वर्ष तक मंत्री रहे, उसकी स्थायी समिति के सद०, काशी ना० प्र० सभा० के तीन वर्ष तक प्रधान मंत्री अब साहित्य मंत्री, प्रसाद-परिषद् काशी के तीन वर्ष तक उपसभापति, उत्तर प्रदेशीय सेकेंडरी एजूकेशन एसोसियेशन के दो वर्ष तक सह० मंत्री, हिंदुस्तानी एकेडमी के सद०, हिं० सा० स० के काशी-अधिवेशन

की स्वागतकारिणी समिति के प्रधान मंत्री ; प्रका०—शिवा जी की जीवनी, साहित्य-संयम, जापान-वृत्तांत, बेढब जी की बहक, बनारसी इक्का, मसूरी वाली, हिंदी खड़ी बोली-कविता की प्रगति तथा बाल पद्यावली, पिगसन की डायरी (संस्मरण); वि०—हास्यरस की पत्र-पत्रिकाओं के भूत० संपा० ; प०—आचार्य, डी० ए० वी० कालेज, बनारस।

कृष्णनारायण लाल—ज०—५ मई, १६१५ ; शि०—प्रयाग और काशी, बी० ए० और एम० ए० आगरा वि० वि०, सा० र०; सा० —पहले कालाकाँकर के हनुमंत हाई स्कूल में अध्यापक थे, वहीं श्री सुमित्रानंदनपंत के सम्पर्क में रहकर साहित्य-सेवा, ग्राम-गीतों का संकलन और प्रकाशन करते थे ; प्रका०—स्फुट; प०—हिंदी अध्यापक, केसरवानी हाई स्कूल, इलाहाबाद।

कृष्णपद भट्टाचार्य—ज०—२२ अप्रैल, १६०६ ; शि०—वेदांत शास्त्री, कविराज ; सा०—हिंदी-प्रचार, असहयोग आंदोलन में सक्रिय भाग ; प्रका०—बँगला हिंदी-विश्वकोष और इंसाइक्लोपीडिया के संपा०; वर्त०—आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मासिक मुखपत्र के संपा० ; प०—झाँसी।

कृष्णप्रकाश अग्रवाल—ज० —१६१० , शि०—बी० एस-सी०, एल-एल० बी० ; प्रका०—१६२६ से पत्रों में कविता, कहानी, एकांकी नाटक, निबंध, गद्यकाव्य; अप्र०—मानव (महाकाव्य) आदि; प०—वकील, मंडीबाँस, मुरादाबाद।

कृष्णवल्लभ द्विवेदी—ज०—१० जनवरी, १६१०, बड़नगर, मालवा; शि०—बी० ए० तक इन्दौर क्रिश्चियन कालेज और प्रयाग विश्वविद्यालय; प्र०—१६३२; सा०—भूत०सहकारी संपा० साप्ताहिक 'अभ्युदय' प्रयाग, १६३४-३५; सितंबर १६३६ में 'हिंदी-विश्वभारती' को जन्म दिया, आरंभ से उसके संपादक; प्रका०—तीन रूसी उपन्यासों के अनुवाद—बंदी, संघर्ष, वहिष्कार, भारत-निर्माता, हिंदी-कोश (प्रेस में) ; प०—चारबाग, लखनऊ।

कृष्णवल्लभ सहाय—शि०—

एम० ए० बी० एल०—सा०—बिहार की कांग्रेसी सरकार के पार्लियामेंट्री सेक्रेट्री, 'छोटा नागपुर-संवाद,पत्र के संपा०; अप्र०—अनेक निबंध-संग्रह; प०—हजारीबाग, छोटा नागपुर।

कृष्णबिहारी मिश्र—द्विवेदी युग के प्रतिष्ठित साहित्य-सेवी; ज०—१८६०; शि०—बी० ए०, एल-एल० बी० गवर्नमेंट हाई स्कूल सीतापुर और कैनिंग कालेज लखनऊ; सा०—भूत० संपा०—मासिक 'माधुरी', त्रैमासिक (बाद में द्वैमासिक) 'साहित्य-समालोचक' लखनऊ और 'आज' काशी; साहित्य-परिषद् मौरावाँ के सभापति १६२६; अब स्पेशल मजिस्ट्रेट; प्रका०—चीन का इतिहास, देव और बिहारी; संपा०—गंगाभरण, नवरस-तरंग, मतिराम–ग्रंथावली, नटनागर-विनोद, मोहन-विनोद; वि०—अंतिम दो ग्रंथों का संपादन करने के उपलक्ष में सीतामऊ राज्य के श्रीमान् राजा रामसिंहजी ने सम्मानपूर्वक आपको खिलत दी; प०—सिधौली, सीतापुर।

कृष्णलाल शरसोदे 'हंस'—ज०—१६०५; शि०—बी.ए., सा. रत्न; स०—भूत० संपा० 'ज्योति' मासिक; प्रका०—समाज-सुधार सम्बन्धी एक दरजन पुस्तकें, जलियानवाला बाग, व्यावहारिक स्वास्थ्य-विज्ञान, सावित्री, मराठी साहित्य का इतिहास, सिनेमा; कहा०—परदेशी प्रीतम, मजिस्ट्रेट की बेटी; प.—अध्यापक हिन्दी गुजराती हाई स्कूल, अकोला, बरार।

कृष्णलाल शर्मा 'अवधेश'—ज०—विजयदशमी, १६०७; सा०—स्थानीय काँग्रेस कमेटी और काशी ना.प्रचा०सभा के सद., ना. प्रचा० सभा वैशाली में खोज-कार्य किया; प्रका०— स्फुट; प०—बालुकाराम, वैशाली, मुजफ्फरपुर।

कृष्णवंशसिंह बाघेल—ज०—१८६५; शि०—घर पर; प्रका०—वेदस्तुति विकाशिका; अप्र०—तिब्बत में तेइस दिन, काश्मीर तथा सीमाप्रांत यात्रा, यमुनोत्री-गंगोत्री, बद्री-केदार एवं शतपथ-यात्रा, प०—भरतपुर, गोविदगढ़, रीवाँ राज्य।

कृष्णशंकर शुक्ल—शि०—एम० ए० काशी हिंदू विश्व-

विद्यालय; प्रका०—आधुनिक हिंदी-साहित्य का इतिहास, कविवर रत्नाकर, केशव की काव्य-कला; वर्त०—हिंदी अध्यापक, कान्य कुब्ज इंटर कालेज, कानपुर; प०—शांति-निवास, गड़ेरिया मोहाल, कानपुर।

कृष्णस्वामी मुदीराज—ज०—१८६६; सा०— हैदराबाद (दक्षिण) में हिंदी के प्रचारक; संस्था० कन्या पाठशाला, अ०भा० हि० सा० सम्मेलन के दक्षिण से कार्यकारिणी समिति के भूत०सद०, हैदराबाद हिंदी-प्रचार-सभा की कार्यकारिणी के सद०, आन्ध्रस्वयं-सेवक दल के जन्मदाता, मुदीराज जातीय कान्फ्रेंस के प्रधान, हैदराबाद म्यूनिसिपल कारपोरेशन के सद० और सभापति, 'चित्रमय हैदराबाद' के संपा०,चन्द्रकांत प्रेस के मैनेजिग डाइरेक्टर; प्रका०—स्फुट; प०—चन्द्रकांत प्रेस, हैदराबाद (दक्षिण)।

कृष्णकुमारी नाग— ज०—१४ जून, १६२१; शि०—एम० ए०, सा० रत्न; सा०—मढ़ाताल समाज-शिक्षण केंद्र की निरीक्षक; प्रका०—स्फुट लेख; वर्त०—अध्यापन-कार्य; प०—१३०, गोल बाजार, जबलपूर।

कृष्णकुमारी सरीन—शि०—बी० ए०, डी० टी०, आगरा वि० वि०; सा०—जालंधर में स्त्रियों में साक्षरता-प्रसार, चर्खा-आंदोलन का संचालन, प्रका०—प्रार्थना, कर्मयोग; प०—लेक्चरार, महादेवी इंटर कालेज, देहरादून।

कृष्णाचार्य शर्मा—ज०—१६२१; शि०— व्याकरणाचार्य, साहित्य शास्त्री; प्रका०—स्फुट; अप्र०—रामचरितमानस की टीका, संस्कृत में आलोचनात्मक ग्रंथ; प०— दयापुर, रघुनाथपुर, सारन।

कृष्णानन्द— सा०— काशी-नागरी-प्रचा०पत्रिका के अनेक वर्षों तक प्रधान संपादक; प०—ठि० नागरी-प्रचारिणी सभा, बनारस।

कृष्णानन्द पंत—शि०—एम० ए० (संस्कृत और हिंदी), शास्त्री, एम० ओ० एल०; सा०—सदस्य हिंदी बोर्ड आव स्टडीज़ १६३०-३६; आगरा, दिल्ली, राजपूताना तथा पंजाब आदि विश्वविद्यालयों

की परीक्षा-समिति से संबंधित; हि० सा० सम्मे० के मेरठ अधिवेशन १९४६ में प्रधान स्वागत-समिति और राष्ट्र-भाषा-परिषद्; प्रका०—संपा०—साहित्य-संग्रह १-४ भाग, गद्य-संग्रह, काव्य-दीपिका ; प०—अध्यक्ष हिंदी-विभाग, मेरठ कालेज, मेरठ।

कृष्णानंद स्वामी—प्रका०—आसवपरीक्षा नामक आयुर्वेदिक ग्रंथ ; प०—अमृतसर, लाहौर।

के० एस० चिदम्ब्रम—ज०—१४ अगस्त १९१७ ; शि०—बी० ओ० एल०, आर० बी०बी०, एच० पी० ; जा०—संस्कृत, अँगरेजी, तामिल, मलायलम् ; सा०—हिंदी और तामिल में स्फुट लेख; प०—हिंदी अध्यापक,सनातनधर्म कालेज, एलेप्पी, ट्रावनकोर।

के० गणपति भट्ट—ज०—२५ जनवरी १९२० ; लगभग दस साल से मैसूर में हिंदी साहित्य का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं; प्रका०—स्फुट ; प०—बँगलोर।

केदारनाथ गुप्त—स्वास्थ्य विषयक लेखक ; ज०—१८९३, राजापुर गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि में ; शि०—एम० ए० (आगरा वि० वि०) ; सा०—अध्यक्ष छात्र हितकारी पुस्तकमाला प्रयाग, बालचर-मंडल के जिला कमिश्नर; प्रका०—स्वास्थ्य संबंधी लेख, सौ वर्ष कैसे जियें, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वास्थ्य और जल-चिकित्सा, आदर्श भोजन, ईश्वरीय बोध, मनुष्य जीवन की उपयोगिता, सफलता की कुंजी, स्वामी दयानंद, स्वामी रामतीर्थ, गुरु गोविंद सिंह, मन की अपार शक्ति; प०—प्रिंसिपल अग्रवाल विद्यालय इंटरकालेज, प्रयाग।

केदारनाथ गुप्त—ज०—१९११; शि०—बी० ए०, एल-एल० बी०, सा०र०, प्रयाग ; सा०—संस्थापक यंगमेन्स लिटरेरी एसोसियेशन ; राष्ट्रीय गाँधी विद्यालय, त्रिवेणी संस्कृत पाठशाला, छात्र-पुस्तकालय आदि संस्थाओं के पदाधिकारी, सम्मे० की परीक्षा-समिति के सद०, केसरवानी जाति की संस्थाओं के संस्थापक तथा 'केसरवानी समाचार','केसरवानी संसार' के संपा०, प्रसिद्ध व्यावसायिक पत्र 'उद्योग' के संपादक; प्रका०—प्रिय प्रवास

की आलोचना, पद्माकर के 'जगद्विनोद' की टीका व आलोचना, 'विश्व ज्ञान' (हिंदी का प्रथम श्रेष्ठ ज्ञान कोष),इसके दो संस्करण और साहित्यिक संस्करण भी छपे, केसरवानी परिचय, प्रेम की पीर, योरोप तथा अमरीका के महापुरुषों की जीवनधारा, विश्व-विचित्रता ; वि०—कमर्शियल कारपोरेशन, नेशनल मैन्यूफैक्चरिंग हाउस आदि के संस्थापक ; प०—दारागंज, प्रयाग।

केदारनाथ त्रिपाठी—ज०—१६१४ ; शि०—'आचार्य' गवर्नमेंट संस्कृत कालेज काशी; सा०—भूत० संपा० 'वसुन्धरा', भूत० अध्यक्ष स्थानीय व सबडिवीजनल नवयुवक संघ, स्था० 'विद्या मंदिरम्' (गोला) ; सा०—गोवध विरोधी सत्याग्रह में जेलयात्रा ; अप्र०—धर्म, स्त्री-समाज ; प०—विद्या मंदिरम् गोला, गोरखपुर।

केदारनाथ भट्ट—स्वर्गीय पंडित रामेश्वर जी भट्ट के सुपुत्र एवं पंडित बद्रीनाथ भट्ट के भ्राता ; शि०—एम० ए०,एल-एल० बी०; सा०—भूत० संपा० 'नोकझोंक' मासिक ; प्रका०—मानस-कोश; आधुनिक कोश आदि; अप्र०—अनेक हास्य-रस के लेख-संग्रह ; प०—बाग मुजफ्फरखाँ, आगरा।

केदारनाथ मिश्र 'प्रभात'—ज०—१६०७ ; शि०—बी० ए०, पटना बिहार नेशनल कालेज, एम० ए० १७३७; प्र०—१६२०; प्रका०—कलेजे के टुकड़े, श्वेत-नील, कलापिनी, कम्पन, संवर्त, कालदहन, कैकेयी, सृजनहार, अर्पण ; अप्र०—पुष्परेणु, आराधना ; प०—सुपरिंटेंडेंट आव पुलिस, बिहार सेक्रेटेरियट, पटना।

के० नारायणाचार्य—प्रचारक, शि०—साहित्य-विशारद; सा०—मंत्री कर्नाटक संघ ; मधुगिरि हिंदी प्रचार संघ और मैसूर रियासत हिंदी-प्रचार-समिति के सदस्य ; प्रका०—'सुब्बणा' का हिंदी अनुवाद; अप्र०—स्फुट आलोचनात्मक लेख ; प०—मधुगिरि, दक्षिण।

के० भुजबली शास्त्री—पुरातत्व वेत्ता; ज०—फरवरी १८९७, मद्रास प्रांतस्थ दक्षिण कन्नड़ जिलांतर्गत काशिपहड़ में; सा०—लगभग २४ साल से हिंदी-सेवा में

संलग्न; संपा० 'जैनसिद्धांत-भास्कर', 'जैन एँटिक्वेरी' और 'वीरवाणि'; अनेकप्राचीन जैनग्रंथों के उद्धारक, हस्तलिखित ग्रंथों के लिपिकार; प्रका०—जैनधर्म, जैनदर्शन, श्री-मुनिसुव्रतकाव्य, कन्नडकविचरिते; प०—पुस्तकालयाध्यक्ष, जैनसिद्धांत-भवन, आरा, बिहार।

के० वासुदेवन पिल्ले—ज०—१९०७, त्रावनकोड़; शि०—मद्रास; सा०—त्रावनकोड़ के सर्वप्रथम हिंदी-प्रेमी जिन्होने सम्मेलन की साहित्यरत्न परीक्षा पास की है, अनेक संस्थाओं के कार्यकर्ता, तिरुवितांकूर सांस्थानिक हिंदी प्रचार-समिति के प्रधान मंत्री और संगठक, दक्षिण भारत हि०प्र०सभा के अधीन तथा स्वतंत्र रूप से केरल प्रांत में बीस वर्ष से हिंदी-प्रचारक, माडल स्कूल त्रिवंद्रम् त्रावनकोड़ स्टेट में हिंदी अध्यापक; रच०—हिंदी स्वयं शिक्षक, हिंदी-पाठावली, हिंदी ग्रामर; प०—प्रधानाध्यापक, तंपानूर हिंदी महाविद्यालय, त्रावनकोड़।

केशरी किशोरशरण—ज०—१९१०; शि०—एम० ए० (हिंदी); सा०—सदस्य पटना युनिवर्सिटी सिनेट, सभा० प्रगतिशील लेखक संघ, मुंगेर; प्रका०—मरीचिका-उप०; प०—प्रिंसिपल, डी० जे० कालेज, मुंगेर।

केशवदेव मिश्र 'कमल'—ज०—१९२३, लालपुर, एटा; सा०—श्री हरिभाऊ के सहयोग में 'जीवन साहित्य' का संपा०, भूत० संपा० 'संग्राम', ४० और ४२ के आदोलनों में जेल; प्रका०—स्फुट; अप्र०—'सुलह' और एक कहानी-संग्रह; प०—'लोक-वाणी'-कार्यालय जयपुर।

केशवप्रसाद पाठक—शि०—एम० ए०; सा०—भूत० संपा० मासिक 'प्रेमा', संस्था०—उद्योग-मंदिर नामक प्रकाशन-संस्था; प्रका०—रूबाइयात उमर खैयाम का सुन्दर पद्यात्मक अनुवाद, त्रिधारा; अप्र०—स्फुट कविता-संग्रह; प०—केशव कुटीर, मालदारपुरा जबलपुर।

केशवप्रसाद मिश्र—शि०—एम० ए०; सा०—काशी नागरी-प्रचारिणी पत्रिका के अनेक वर्षों तक संपादक; प्रका०—मेघदूत—

पद्यात्मक अनुवाद और आलोचनात्मक भूमिका ; वि०—भूत० अध्यक्ष हिन्दी-विभाग, हिंदू विश्वविद्यालय, काशी; प०—काशी।

केशवलाल झा 'अमल'—ज०—१८६२ ; प्रका०— काव्यप्रबोध, प्रेमपुष्पमालिका, ललितमालती प्रलाप ; प०—सोन्हौली, मुंगेर, बिहार।

केशवानन्द, स्वामी—सा०— संस्थापक साधु आश्रम पुस्तकालय, साहित्य - सदन अबोहर, ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया ; स्वागताध्यक्ष हिं० सा० स० अबोहर अधिवेशन, लगभग दस हजार बालक, बालकाओं और प्रौढ़ों को हिंदी-शिक्षा दी, संपा० 'मरुभूमि' जीवन ग्रन्थमाला तथा सहायक नवजीवन-प्रकाशन मंडल ; प०—साहित्य-सदन, अबोहर, पंजाब।

केसरी नारायण शुक्ल, डाक्टर—शि० एम० ए०, डी० लिट्० हिन्दू विश्वविद्यालय काशी; सा०-भूत० अध्यापक, हिंदी विभाग ; काशी विश्वविद्यालय और 'स्कूल आव ओरियंटल ऐंड अफ्रीकन स्टडीज़ यूनीवर्सिटी आव लंडन; सम्पादक 'किंजल्क'; प्रका० —आधुनिक काव्यधारा, आधुनिक काव्यधारा का सांस्कृतिक स्रोत ; अप्र०-भारतेंदु पर एक विशिष्ठ ग्रन्थ ; वि०— प्रथम प्रकाशित ग्रंथ पर आपको डी० लिट्० की उपाधि मिली और द्वितोय पर उत्तरप्रदेशीय सरकार द्वारा पुरस्कार ; प०-रीडर, हिंदी विभाग, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

केसरीमल अग्रवाल 'हितैषी'—ज०—१८६०; शि०—सा० भू०; प्रका०—दक्षिण - पश्चिम के तीर्थ स्थान; प० —रत्नपाल - भवन, बड़वाहा, इंदौर।

कैलाशचंद्र चतुर्वेदी,—ज०-१६०५ जबलपुर; शि०— सा० रत्न; अप्र०— हिंदी - साहित्यरश्मि, संपादकत्व; प०—हिंदीअध्यापक, उमटिया, वाया सिहोरा, जबलपुर।

कैलाशनाथ भटनागर, डाक्टर—ज०—२१ जूलाई, १६०६; शि० —एम० ए० १६२८ में और पीएच० डी० १६४१ में; सा०—भूत० हिंदी-अध्यापक, सनातनधर्म कालेज, लाहौर; पंजाब की प्रत्येक

हिंदी-प्रचारिणी सभा के भूत० सहयोगी और सहायक; पंजाब-विश्वविद्यालय के हिंदी-संस्कृत बोर्ड के भूत० सदस्य; प्रका०—हिंदी में—नाट्यसुधा (पंजाब टेक्स्टबुक कमेटी से पारितोषिक प्राप्त), भीमप्रतिज्ञा, कुणाल, एकांकी नाटकनिकुंज, श्रीवत्स, गल्प-विनोद, गद्यप्रसून, नवसतसईसार, गद्य-चयनिका; संस्कृत में संपा०—मालविकाग्निमित्र, आख्यानरत्न, नाट्यकथामंजरी, ऊरु भंग, कुमारसंभव सर्ग पाँच, निदानसूत्र (सामवेदीय); अप्र०—कल्पानुपदसूत्र (सामवेदीय), मृच्छकटिक (अनु०), मिहरकुल तथा अन्य अनेक स्वतंत्र और संपादित पुस्तकें; प०—भारतीय गौरवग्रंथमाला कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ।

कोवले माडभूषि कृष्णमाचारी ज०—२४ मई १८६२, काँचीपुरी, मद्रास; शि०—सा० रत्न, सा० शिरोमणि, का० लं०, प्रयाग, अलीगढ़; सा०—१६२० से हिंदी-प्रचार-कार्य में संलग्न; हिंदी-कुटीर के संचालक; प्रका०—श्रीवेंकटाचल-वैभव-द्राविड़ (तामिल) से अनु०, पुराण चित्र—तेलुगू अनु०; प०—दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार-सभा, त्यागरायनगर, मद्रास।

कोसराजुवेंकटेश्वर राव चौधरी शि०—सा० लं०; सा०—१६३७-४१ तक, द० भा० हिं० प्र० सभा की ओर से हिंदी-प्रचार-कार्य, १६४१ से हिंदी विद्यापीठ देवघर (बिहार) की परीक्षाओं के आंध्रप्रांत के व्यवस्थापक, १६४७ से 'विश्व-भारती कलावनम्' के प्रधान मंत्री; अप्र०—हिंदूमाता, रायबहादुर, भूख की ज्वाला—नाटक; प०—पेंदुलूर, वाया एलूरु, पश्चिम गोदावरी, आंध्रप्रांत।

क्षेमचंद्र 'सुमन' — ज०—१६१६ बाबूगढ़, मेरठ; शि०—ज्वालापुर, महाविद्यालय के स्नातक; सा०—भूत० संपा० 'आर्य' सहारनपुर, 'मनस्वी' (अमेठीराज), 'शिक्षा-सुधा' मुरादाबाद, भूत० सह० संपा० 'हिन्दीमिलाप' लाहौर; फतहचंद कालेज फार वीमेन, लाहौर में हिन्दी के भूत० प्रोफेसर; और २३ मार्च १६४३ में नजरबन्द; १५ जूलाई ४४ को छूटे, मेरठ में नजरबन्द, १६ मई १६४५ को मुक्त; प्रका०—कवि०—

हमारा कलात्मक दृष्टिकोण, कर्ण-वध, प०—साहित्याश्रम, गया।

गंगादयाल त्रिवेदी—सा०—उत्तर-प्रदेशीय हिंदी पत्रकार-सम्मेलन की कार्यकारिणी के सदस्य ; संपा०—साप्ताहिक 'हलचल', कन्नौज ; अप्र०—अनेक स्फुट निबंध-संग्रह; प०—'हलचल'-कार्यालय, कन्नौज।

गंगाधर इंदूरकर—ज०—१० जुलाई १९१६; शि०—सा० रत्न और सा० शास्त्री, प्रयाग, काशी; सा०—भूत० संपा० हस्तलिखित 'संघ-मित्र' १९३९—४०; प्रका०—हिंदी विश्वविद्यालय - पंचांग (१९९९—२०००); अप्र०—हिंदी में हास्य, अलंकारशास्त्र; प०—३५ शिवचरनलाल रोड, प्रयाग।

गंगाधर मिश्र—ज०—१९१५; बनारस; सा०—संपा 'विमला' (१९३४); प्रका०—अंताक्षरी, मूलरामायण की विशद टीका ; अप्र०—सुरुचि-समन्वय, मधुकोश, निबंधसरणि; प०—बनारस।

गंगानन्दसिंह, 'कुमार'—ज०—१८९८; ज्ञा०— अँगरेजी, संस्कृत, फ्रेंच, मैथिली, बँगला; सा०—रायल सोसाइटी आव ग्रेट ब्रिटेन ऐंड आयरलैंड, रायल एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल एशियाटिक सोसाइटी, बिहार-उड़ीसा-रिसर्च सोसाइटी, इंपायर पार्लियामेंटेरियंस एसोसिएशन आव ग्रेटब्रिटेन ऐंड आयरलैंड, और बिहार लेजिस्लेटिव कौंसिल के फेलो या सदस्य; इंडियन लेजिस्लेटिव एसेंबली में कई वर्ष तक काँग्रेसपार्टी के प्रधान मंत्री रहे ; बिहार प्रांतीय हिंदू सभा के सभापति; प्रका०—स्फुट; प०—श्रीनगराधीश, पूर्णिया, बिहार।

गंगापति सिंह—सा०—कलकत्ता विश्वविद्यालय में हिन्दी और मैथिली के भूतपूर्व अध्यापक ; प्रका०—कनौज-पतन (ना०), विवाह-विज्ञान, नरपशु (उप०), मिथिला की घरेलू कहानियाँ, पुराणों में वैज्ञानिक बातें, ग्रियर्सन साहब की जीवनी ; प०—पचही, दरभंगा।

गंगाप्रसाद उपाध्याय—दर्शन-शास्त्रज्ञ; ज०—६ सितम्बर १८८१, नदरई, एटा ; शि०—एम० ए० (अँगरेजी) १९१२, एम० ए० (दर्शन) १९२३ प्रयाग वि० वि० ;

जा०—उर्दू, फारसी, संस्कृत; सा०—आर्यसमाज की सेवा के लिए सरकारी नौकरी का त्याग १९१८ में, डी० ए० बी० हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक १९३९ तक, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तरप्रदेश के प्रधान (१९४१-४५), सार्वदेशीय आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के उपप्रधान (१९४५) तथा अवैतनिक मंत्री,१९४७मेंदर्शन-परिषद हिं० सा० सम्मेलन के सभापति, प्रका०—हिन्दी भाषा का नवीन व्याकरण, हिन्दी शेक्सपियर ६ भाग,अँग्रेज जाति का इतिहास, विधवा-विवाह-मीमांसा, आर्यसमाज, सर्व-दर्शन-संग्रह, आस्तिकवाद, अद्वैतवाद, शंकर, रामानुज, स्वामी दयानन्द सरस्वती, राजाराम मोहनराय, केशव चन्द्रसेन, धम्म पद, जीवात्मा, मनुस्मृति, वैदिक मणिमाला, इशोपनिषद, शंकर भाष्यालोचन, भगवद्-कथा, हम क्या खाएँ–घास या मांस, आर्य स्मृति, एतिरेय ब्राह्मण, ७५ छोटे बड़े ट्रैक्ट, इनके अतिरिक्त अँगरेजी में आर्यसमाज, वैदिकदर्शन आदि विषयों पर अधिकृत पुस्तकें लिखीं हैं; अप्र०—जीव-जन्तु १४ भाग; वि०—'आस्तिकवाद' पर सम्मे० ने मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्रदान किया; प०–कला-प्रेस, प्रयाग।

गंगाप्रसाद पांडेय—ज०—१९१४; प्रका०—काव्य-कलना, नीर-क्षीर, निबंधिनी, छायावाद-रहस्यवाद, महादेवी वर्मा, कामायनी : एक परिचय, साहित्य-संतरण; सम्पा०—महादेवी का विवेचनात्मक गद्य, काव्यकला, गद्य-परिचय; अप्र०—हिंदी कथा-साहित्य, हेमांतिका (कविता); प०—कोठी स्टेट, मध्यभारत।

गंगाप्रसाद मिश्र—ज०—२८ जनवरी १९१७; शि०—बी० ए० आनर्स, एम० ए०, लखनऊ वि० वि०,सा० र०; प्र०—१९३४; प्रका०–उप०— विराग, महिमा, संघर्षों के बीच, ट्यूटर, कहा०–सरोद की गत, नया खून, आदर्श और यथार्थ, नई राहें, बिगुल-बालोपयोगी; प० — अध्यापक, जुबिली इंटर कालेज, लखनऊ।

गंगाप्रसाद शुक्ल— ज०—दिसम्बर, १९०६, कानपुर; सा० —मार्च १९३९ में हिं० सा०

समिति की धार में स्थापना ; हिं० सा० समिति की बदनावर शाखा द्वारा हिन्दी-प्रचार ; उक्त धार-समिति के प्रधान मंत्री; भूत० सह० सम्पा० 'कादंबरी' कानपुर, 'वीणा' इन्दौर, साप्ता० 'वृत्तधारा' धार, 'वीणा' के 'धार-अंक के विशेष सम्पादक ; प्रका०—रचनाविधि, तुलसी-प्रवेशिका ; अप्र०— अब्राहम-लिंकन की जीवनी ; प०—रासमंडल, धार, मध्य भारत ।

गंगाप्रसाद सिंह अखौरी—ज०—१६०१ ; सा०—भूत० सहायक संपा० 'विश्वदूत' कलकत्ता, 'भारत जीवन' काशी, सभासद ना० प्र० सभा काशी ; प्रका०—हिंदी के मुसलमान कवि, देवदास, अभागिनी, माधुरी, मित्र, दाम्पत्य जीवन, गीता-प्रदीप ; प० —'भारत जीवन'कार्यालय,काशी ।

गंगाविष्णु पाण्डेय 'विष्णु'—ज०—१८८४, अमानीगंज, इटौंजा, लखनऊ ; शि०—शास्त्री, काव्य-पुराण, वेद-तीर्थ; प्रका०—कृष्णचरित, आदर्श मित्र, कृष्ण और सुदामा; अप्र०—एक काव्य-संग्रह ; प०—अध्यापक हितकारिणी संस्कृत पाठशाला, इटौंजा, लखनऊ ।

गंगाविष्णु शास्त्री—शि०—धर्म-भूषण ; सा०—भारतधर्म महामंडल, काशी के प्रसिद्ध महोपदेशक ; प्रका०—अनेक धार्मिक पुस्तकों और शास्त्रीय निबंधों के संग्रह ; प०—बिहटा, बिहार ।

गंगाशरण शर्मा 'शील'—शि०—एम० ए० (हिंदी,संस्कृत); सा०—संस्थाप० 'हिंदी प्रचारिणी सभा', हिंदी प्रचार के लिए पुस्तकें वितरित कीं, भारती-भवन हिंदी-साहित्य-परिषद् की स्थापना की, रामचरित मानस का प्रचार ; प्रका०—प्रेमकुमार, मोहन-मुक्तावली, मानस-पंचरत्न ; प०—अध्यक्ष हिंदी-संस्कृत-विभाग, एस० एम० कालेज, चंदौसी ।

गंगाशरण सिंह—ज०—१६०४ ; सा०—बिहार प्रां० हिं० सम्मे० के इतिहास के प्रमुख शोधक, 'युवक' के संचालक और संपादक; प्रका०—विचार-प्रवाह,पद्य-प्रवाह, साहित्य-प्रवाह ; प०—खरगपुर, बिहार ।

गजराजसिंह—गौतम—शि०

—एम०ए०,एल-एलबी०;सा०—अनेक स्थानीय जातीय सभाओं में काम किया; प्रका०—स्फुट; अप्र०—ईश्वर-दर्शन, प०—वकील, होशंगाबाद।

गजाधर सोमानी—सा०—दैनिक 'भारतमित्र' के संपादक रहे; श्रीसत्यनारायणपुस्तकालय के संस्थापक, **प्रका०**—स्फुट; **प०**—श्रीनिवास काटनमिल, बंबई।

गणपतिचंद्र भंडारी—शि०—एम० ए०; **सा०**—कुशलाश्रम विद्यालय के अवै० छात्रावास संरक्षक; **प्रका०**—इंद्र-धनुष; **वर्त०**—हिन्दी लेक्चरर श्री महाराजकुमार इंटर कालेज, जोधपुर; **प०**—सरदारपुरा, तीसरी सड़क, जोधपुर।

गणपतिसिंह वर्मा—आयुर्वेद के लेखक; **ज०**—संगरिया, बीकानेर; **जा०**—संस्कृत के अतिरिक्त तीन भाषाएँ; **सा०**—संपा० 'रसायन', दिल्ली; **प्रका०**—आयुर्वेद तथा गुणविधान सीरीज की लगभग दो दर्जन पुस्तकें, यथा—अनुभूत-चिंतामणि (दो भाग), अनुभूत-योग (दो भाग); **प०**—रसायन फारमेसी, ५७१२।११ दरियागंज, सं० ३, पो०बा० १२५, दिल्ली।

गणेशचंद्र जोशी—ज०—२६ नवंबर १८९८; **शि०**—सा० रत्न; **प्र०**—'स्वराज्य' 'हिंदीकेशरी' में बनारस २२ दिसम्बर १९१६; **सा०**—भूत० संपा० 'पुष्करण्यब्राह्मणोपकारक'; **प्रका०**—मन्वंतर, सर्पदंशन, दुर्गा बाबा; **वर्त०**—संप्रा० 'कल की दुनिया' साप्ता०, 'जनमत' दैनिक; **प०**—जालोरीगेट, जोधपुर।

गणेश चौबे—ज०—नवम्बर १९१२; **शि०**—मैट्रिक; **सा०**—लोक-वार्ता परिषद टीकमगढ़ के मान्य सदस्य; भारतेन्दु साहित्य संघ, भोजपुरी साहित्यमंडल, चम्पारन जिला साहित्य सम्मेलन और चम्पारन रिसर्च सोसाइटी की कार्य समिति के सदस्य; बिहार प्रादेशिक साहित्य सम्मेलनकी स्थायी समिति, बिहार लोक-साहित्य-संग्रह-समिति और नागरी-प्रचारिणी सभा के सदस्य; **प्रका०**—लोकगीतों के संबंध में स्फुट लेख; **प०**—मोतिहारी (बिहार)।

गणेशदत्त शर्मा 'इन्दु'—

ज०—२६ अक्टूबर, १८६४, गुना; जा०—अँगरेजी, संस्कृत, उर्दू, गुजराती, बँगला, गुरुमुखी; प्र०— १६१२; सा०— भूत० संपा० 'बालमनोरंजन', 'हिंदी-सर्वस्व', 'गौड़-हितकारी' मैनपुरी, मासिक 'चंद्रप्रभा' नीमाड़, 'अनाथ रक्षक' अजमेर, 'ब्राह्मण-समाचार' दिल्ली, साप्ताहिक 'जीवन' मथुरा, प्रका०—वैदिकपताका, उपदेश कुसुमांजलि, नागरी-पूजा, रूपसुंदरी, लवकुश, भीम-चरित्र, राणा संग्रामसिंह, व्यावहारिक सभ्यता, शुद्ध नामावली, वीर कर्ण, वीर अभिमन्यु, भारत में दुर्भिक्ष, खादी का इतिहास, वीर अर्जुन, स्वप्नदोष, गुजराती-हिंदी शब्दकोश; आर्यसमाज-महत्ता, संतानशास्त्र, हिंदूपति प्रताप, यशवंतराय होल्कर, लेखराम, गुरु नानक, यौवन के आँसू, गोरक्षा, हारमोनियम-तबला-बेला-मास्टर, जगद्गुरु शंकराचार्य, अमरज्योति श्रीकृष्ण, देहाती कहावतें आदि; वि०—'गुजराती-हिंदी-कोश' पर बड़ौदा में होनेवाले हिं० सा० सम्मेलन से और 'गोरक्षा' पर दरभंगा-नरेश से रजतपदक प्राप्त; आपकी अन्य रचनाओं का भी अच्छा प्रचार हुआ है; प०—शांतिकुटीर, आगर, मालवा।

गणेश पाण्डेय—ज०—१८६८; सा०—भूत० संपा० 'तरुण भारत', काँग्रेसी कार्यकर्ता, १६२२में ६ माह की कैद; हि० सा० गोष्ठी दारागंज के मंत्री, हि० सा० सम्मे० की स्थायी समिति के भूत० सदस्य; प्रका०—चित्रादर्श, एकान्तवास, आहुतियाँ, देश की आन पर, गंगा गोविन्द सिंह (बँग० अनु०), बीर बाला, अप्र०—कई बालोपयोगी और किशोरोपयोगी पुस्तकें; प०—दारागंज, प्रयाग।

गणेशप्रसाद मिश्र 'श्रीइंदु'—ज०—१४ अप्रैल, १६११, गोरखपुर; सा०—अनेक पत्रों के संपादकीय विभाग में काम किया; प्रका०—मातृभूमि, प्रतापशतक, प्यारे प्रेम, विद्रोही, समाधि-गीत, प्रेमांत; अप्र०—कई काव्य-संग्रह; वि०—अहिंदी प्रांतों में हिंदी-प्रचार-कार्य से विशेष रुचि रखते हैं; प०—संपादकीय विभाग, राष्ट्रभाषा प्रचार-समिति, वर्धा।

गणेशप्रसाद शर्मा—शि०—

एम० ए०, एल-एल० बी०, सा० रत्न आगरा; सा०—अहिंदी-भाषियों को हिंदी-शिक्षा-प्रदान की; प्रका०—स्फुट; प०—अध्यापक, रामपुरिया हाई स्कूल, बीकानेर।

गणेशप्रसाद साहु—ज०—१८६५; शि०—बी० ए० पटना वि० वि०; सा०—संस्था० और सभापति भारतेंदु-साहित्य-संघ, भूत० सभा० विहार प्रादेशिक सा० स०, आर्य-समाज के प्रधान; कई बार जेल जा चुके हैं, भूत० एम० एल० ए०; प्रका०—स्फुट; प०—मोतिहारी, विहार।

गणेश लाल वर्मा—ज०—१६०२ गुणमंती, पूर्णिया; शि०—सा० रत्न, सा० लं०, प्रयाग; सा०—पूर्णिया के विभिन्न स्थानों में सम्मे०, विद्यापीठ और देवघर की परीक्षाओं के केंद्र स्थापित किये; प्रका० — औपन्यासिक प्रसाद (आलो०), पूर्णिया के पुस्तकालय; प०—बनमनखी ग्राम, पूर्णिया।

गणेशलाल सुराना—ज०—१६१७ चित्तौड़; शि०—विद्या-भवन, उदयपुर; सा०—अनेक साहित्यिक सार्व० संस्थाओं के सक्रिय सदस्य; हिंदी लेखक-संघ मद्रास के प्रधान मंत्री; १६४२ से ४५ तक 'विकास' (हस्त०) के संपा० 'बालतरंग' केवर्त० संपा०; प्रका०—स्फुट रचनाएँ; प०—हिंदी लेखक संघ, ६७ मिंट स्ट्रीट, मद्रास।

गदाधरप्रसाद अम्बष्ठ—ज०—१६०२; सा०—भारतीय इतिहास-परिषद् के कार्यालय (काशी) में राष्ट्रीय इतिहास के सहकारी कार्य-कर्ता; प्रका०—देशरत्न राजेंद्र-प्रसाद, बिहार-दर्पण, बिहार के दर्शनीय स्थान, अर्थशास्त्र, राज-नीति का पारिभाषिक कोष; प०—ठि० पुस्तकभंडार, लहरियासराय।

गदाधरप्रसाद श्रीवास्तव—ज०—१६००; शि०—पटना, बी० ए० तक, विद्यालंकार; सा०—संस्था० हिन्दी-साहित्य-परिषद्, गोगरी, सीवान, सारन; सम्मेलन परीक्षाओं के केंद्र-व्यवस्थापक, सह० संपा० 'देश'; सद० विहार प्रादेशिक हि० सा० सम्मे०, बिहार विद्यापीठ के महा-विद्यालय में अध्यापक, देश के आन्दोलनों में भाग तथा कारावास, प्रांतीय तथा जिला कांग्रेस के सद०; प्रका०—

भोजपुरी भाषा का शब्द-संग्रह, फ्रांस की क्रांति आदि ; प०—वकील, सीवान, सारन ।

गयादत्त कविराज—प्रका०—गोपीशतक ; अप्र०—सहस्र छंद ; वि०—'सिरस-समाज' के सभा०, अनेक पुरस्कार पाये ; प०—हसनपुर, नगराम, लखनऊ ।

गयाप्रसाद पांडेय—ज०—५ अप्रैल १९०८ ; शि०—ज्योतिषाचार्य; प्र०—सत्यविजय पंचांग १९३६ ; सा०—स्वतंत्रता-आंदो- में भाग लिया ; दमोह जिला कौंसिल के सदस्य, हटा लोकल वोर्ड के उपसभापति, 'जय हिंद' और 'भारत' के संवाददाता ; प्रका०—सत्धर्म-प्रकाशिका,विवाह-पद्धति, ज्योतिष-प्रवेशिका ; प० —बड़ा बाजार, हटा, दमोह ।

गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'—कानपुर के साहित्य-समाज में गुरुवत् सम्मानित ; ज०—१८८३ ; सा० —अनेक कवि-सम्मेलनों के सभापति ; हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के भरतपुर-अधिवेशन में अखिल भारतीय कवि-सम्मेलन के सभापति ; 'सुकवि' नामक कविता-सम्बन्धी मासिक के संचालक और संपादक; 'त्रिशूल' उपनाम से राष्ट्रीयता-प्रधान कविताओं के रचयिता;प्रका०—प्रेम-पचीसी, कुसुमांजलि, कृपकक्रन्दन, मानस-तरंग, करुण भारती , 'संजीवनी' काव्य-संग्रह ; प०—सुकवि प्रेस, कानपुर ।

गांगेय नरोत्तम शास्त्री—ज० —१९००, काशी; शि०—लाहौर; सा०—भूत० अध्यापक काशी हिंदू-विश्वविद्यालय ; असहयोग संस्कृत-छात्र-समिति के संस्थापक और सभापति ; कलकत्ते में श्रीतुलसी पुण्यतिथि तथा विराट् परिहास-सम्मेलन के आयोजक ; बंगाल आयुर्वेदीय स्टेट फैकल्टी के रजिस्टर्ड कविराज, रायल एशियाटिक सोसाइटी और काशी नागरीप्रचारिणी के आजीवन सदस्य ; बंगीय साहित्य-परिषद्, संस्कृत साहित्य-परिषद्,इण्डियन रिसर्च इंस्टीट्यूट, अखिल भारतीय संस्कृत-साहित्य सम्मेलन के सदस्य, हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के मद्रास अधिवेशन के अंतर्गत कवि-सम्मेलन के अध्यक्ष ; प्रका०—गांगेयवाग्बाण, प्रणयपूरण, अन्योक्ति-रत्नावली,आचरण-दर्शन,

समस्यापूर्तिचंद्रिका, कर्म में धर्म, भारतीय महिला-महत्व, गांगेय-गद्यमाला, भारतीयोद्‌बोधन, अमन-सभा नाटक, गांगेय दोहावली, गांगेय गीतगुच्छक, भारतीय वायु-यान, गांगेय-तरंग, आत्मानंद, करुण तरंगिणी, नूतन-निकुंज, मालिनी-मंदिर या फूलों की दुनियाँ, मधुरता आदि लगभग चालीस ग्रंथ; प०—२८०, चितरंजन एवेन्यू, कलकत्ता।

गिरिजाकुमार माथुर—**शि०**—एम. ए., एल-एल. बी.; **सा०**—कविसम्मेलनों के आयोजन में रुचि; रेडियो पर कविता-पाठ, बुंदेलखंडीय कवि-परिषद् के सम्मानित सदस्य; **प्रका०**—स्फुट कविताएँ; **प०**—पछार, ग्वालियर।

गिरिजादत्त— **ज०**—१९०२; **शि०**—एम. ए. (हिंदी, संस्कृत) कलकत्ता वि० वि०, सा० आ०; **सा०**—भूत० प्रधानाचार्य संस्कृत कालेज अलवर, चंपारन रिसर्च सोसाइटी के संस्कृत-प्राकृत विभाग के अन्वेषक; **प्रका०**—अलंकार-चंद्रोदय; **अप्र०** — ध्वनिविमर्श; **प०**—अध्यक्ष हिंदी-संस्कृत-विभाग, मुंशीसिंह कालेज, मोतिहारी।

गिरिजादत्त त्रिपाठी—**ज०**—१ जनवरी १९१६, रीवाँ राज्य; **शि०**—सा० रत्न प्रयाग; **अप्र०**—बांधवीय साहित्य के अमररत्न, बघेलखंड के हिंदी कवियों का इतिहास, बालचर्य-शिक्षण; **प०**—रीवाँ राज्य।

गिरिजादत्त शुक्ल 'गिरीश' **शि०**—बी. ए., एल-एल. बी.; उत्तर प्रदेशीय हिंदी सा० सम्मे० के प्रधान मंत्री; अ० भा० हिन्दी सा० सम्मे० के संग्रह-मंत्री, संपा० 'ग्रहवाणी' मासिक और 'शुभतारायन' (वैज्ञानिक आधार पर फलित ज्योतिष संबंधी लेख-प्रधान) प्रयाग; **प्रका०** — सूर-पदावली, गुप्त जी की काव्यधारा, बाबूसाहब, जगद्‌गुरु, प्रोफेसर, विद्रोह, पंडाजी, और लम्बोदर त्रिपाठी; **वि०**—१९४९ के हिं० स० सम्मे० के अधिवेशन में साहित्य-परिषद के सभा० ; **अप्र०**—ताड़काबध(महाकाव्य); **प०**—दारागंज, प्रयाग।

गिरिजाप्रसाद पाण्डेय 'कमल'—**ज०**—१९२५; **सा०**—भूत० प्रचार मंत्री शान्तिनिकेतन साहित्यमंदिर

नागपुर, सह० संपा० 'नवभारत', नागपुर ; प्रका०—माधवी-कुंज, गराग, स्वर-लहरी; प०—नवभारत-कार्यालय, काटन मार्केट, नागपुर ।

गिरिजाशंकर द्विवेदी—ज०—१६०३; शि०—सा० र० ; सा०—भूत० सहकारी संपा० 'अभ्युदय' १६२७, 'सुधा' १६२७-३५; प्रका०—भरत की जीवनी, सौमित्रि, सफेद हाथी, सातमूर्ख, रीछ की पूँछ, विवाह और प्रेम, गृहिणी-भूषण; अप्र०— शिशु-साथी, किसान का बेटा; प०—जुबली गर्ल्स इंटर कालेज, लखनऊ ।

गिरजाशंकर शुक्ल 'मतवाला'—ज०—१६१८; शि०— पूना, बम्बई, जावद, स सा० आ०; सा०—विक्रम हिन्दी-साहित्य-समिति के मंत्री; प्रका०—परदेशी की डायरी, जग्गू भग्गू, घिस्सू पिस्सू, धूल में लट्ठ; अप्र०—चित्रकार, घर की लाज, चलते पुरजे; प०—शिक्षक माध्यमिक पाठशाला, जावद, मालवा ।

गिरधर शर्मा चतुर्वेदी—ज०—१८८४; शि०—व्याकरणाचार्य, शास्त्री, महा० म०; सा०—मंत्री हिं० सा० सम्मे० की स्वागत समिति, लाहौर, हिं० सा० सम्मे० की स्थायी समिति नागरी-प्रचारिणी सभा काशी और हिंदू-यूनीवर्सिटी बनारस के सदस्य; हिं० सा० सम्मेलन दिल्ली में दर्शन-परिषद् तथा हिंदी-साहित्य-पाठशाला के संस्कृत-साहित्य-सम्मेलन के मंत्री; हरिद्वार ऋषिकुल के व्यवस्थापक, संपा० 'ब्रह्मचारी;' प्रका०—धर्मपारिजात तथा अनेक निबंध-संग्रह; अप्र०—महाकाव्य-संग्रह; प्रि० वि०—दर्शनशास्त्र; वर्त—आचार्य महाराजा संस्कृत कालेज, जयपुर; प०—पानों का दरीबा, जयपुर ।

गिरिधर शर्मा, नवरत्न—ज०— १८८१; जा०—बँगला, गुजराती, मराठी, उर्दू, फारसी, प्राकृत, पाली, अँगरेजी, संस्कृत; शि०—साहित्य-शिरोमणि, काव्यालंकार, प्राच्यविद्या-महार्णव; सा०—मध्यभारत हिंदी-साहित्य-समिति के जन्मदाता; राजपूताना हिंदी साहित्य सभा के संस्थापक; भरतपुर हिंदी-साहित्य-समिति के निर्माता; भारतेंदु-समिति कोटा और अखिल

भारतीय विद्वान् परिषद् के सभापति; **प्रका०**—कठिनाई में विद्याभ्यास, जयाजयंत, भीष्मप्रतिज्ञा, सुकन्या, सावित्री (ब्लैकवर्स), सांख्य-दोहावली, वेद-स्तुति, स्वदेशाष्टकम्, योगी, जापान-विजय, अमर-सूक्तिसुधाकर (संस्कृत), गीतांजलि, बागवान, फलसंचय, चित्रांगदा; प०—झालरापाटन, राजपूताना।

गिरिधारीलाल वैश्य 'व्रजेश' (हिंदी) और 'ऐश' (उर्दू)—ज०—१८८६, बेगमगंज, फैजाबाद; **शि०**—बी० ए० म्योर सेंट्रल कालेज इलाहाबाद १६१४; एल-एल० बी० १६१५; **प्रका०**—पौन--पूत पचासा; **अप्र०**—'गौहरेयकता' एक जीवनी; प०—वकील,रकाबगंज, फैजाबाद।

गिरिधारीलाल शर्मा 'गर्ग' शि०— बी० ए० (आनर्स); **प्रका०**— विमान, कहानी-कला, आकाश की सैर; **अप्र०**—अनेक वैज्ञानिक और स्फुट लेख-संग्रह; प०—मिरचाई गली, पटना।

प०—नावघाट, उदयपुर, मेवाड़।

नाथूलाल अग्निहोत्री 'नम्र'—ज०—१ सितम्बर १६०६ पीलीभीत; शि०—सा० रत्न, व्याकरण-शास्त्री बरेली; **सा०**—'प्रेमसंदेश' के भूत० संपा; **प्रका०**—वनस्थली, उद्यान, नम्र-लता, नम्र कुसुम ; **वत०**—हिंदी अध्यापक तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल; प०—चौधरी मुहल्ला, बरेली।

नाथूराम प्रेमी—ज०-१८८१; **जा०**—अँगरेजी, बँगला, मराठी, गुजराती, संस्कृत, प्राकृत ; **सा०**—भूत० संपा० मासिक 'जैनमित्र' और 'जैन-हितैषी'; हिंदी-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय की स्थापना—१६१० के लगभग ; **प्रका०**—अनु०—प्रद्युम्नचरित्र, ज्ञानसूर्योदय, उपमिति, भवप्रपंच, पुण्यास्रव-कथा-कोश, सज्जनचित्तवल्लभ, प्राणप्रिय, चरखाशतक आदि संस्कृत से ; प्रतिभा, रवींद्र-कथा-कुंज, फूलों का गुच्छा,शिक्षा–बँगला से; धूर्ताख्यान, कर्णाटक जैन कवि,—गुजराती से; जान स्टुअर्ट मिल, दिया तले अँधेरा, श्रमण नारद—मराठी से; स्वतंत्र ग्रंथ—विद्वद्रत्नमाला, जैन ग्रंथकर्त्ता, जैन-साहित्य का इतिहास, भट्टारक-मीमांसा, अर्धकथानक ; प०—अध्यक्ष हिंदी ग्रंथरत्नाकर-कार्यालय, हीराबाग, बंबई।

नाथूलाल—शि०—सा० रत्न, न्यायतीर्थ; **सा०**—संपा० 'खंडेवाल जैन हितेच्छु'; **प्रका०**—वीर-निर्वाणोत्सव, महिलाओं के प्रति दो शब्द, बुंदेलखंडी जैन तीर्थों की यात्रा;प०-'खंडेवाल जैन-हितेच्छु'-कार्यालय, इंदौर।

नाथूलाल जैन 'वीर'—**सा०**—स्थानीय भारतेंदु-समिति के कार्यकर्ता, राजस्थान विद्यापीठ कोटा में शिक्षण कार्य, काँग्रेसी नेता तथा कोटा राज्य की विधानपरिषद् के सदस्य और मंत्री, कोटा जिला काँग्रेस कमेटी के प्रधान; **प्रका०**—स्फुट ; प०—ऐडवोकेट, राजस्थान हाई कोर्ट, रामपुरा बाजार, कोटा।

नानकचंद श्रीवास्तव—ज०—१८६८, बलरामपुर, गोंडा ; शि०—आगरा, प्रयाग, काशी एम० ए०, एल० टी०, सा० रत्न; **प्रका०**—कामदेव-विजय, **अप्र०**—कामदेव-संग्रह; प०— लायल

कालेजिएट स्कूल,बलरामपुर,गोंडा।

ना० नागप्पा—ज०—३० अप्रैल १६१२; शि०—बी० ए० १६३३ महाराजा कालेज मैसूर, एम० ए० १६३५ काशी वि० वि०; सा०—दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार सभा के कार्य-कर्त्ता, सद०-शिक्षा-परिषद कार्यकारिणी समिति द० भा० हि० प्र० सभा, सद०—बोर्ड आफ स्टडीज़ इन हिंदी मद्रास एवं मैसूर वि० वि०; प्रका०—'श्रवण-बेळगोळ' का अनुवाद—(डिपार्टमेंट आफ आर्किआलोजिकल रिसर्च इन मैसूर द्वारा प्रका०); अप्र०—द्रविड़ भाषाएँ और हिंदी; वर्त०—हिंदी लेकचरर, महाराजा कालेज, मैसूर; प०—१६१६, होसकेरी, लक्ष्मीपुरम्, मैसूर।

नान्हूराम राजगुरू—ज०—३ मई, १६०५; शि०—सा० रत्न इंदौर, इलाहाबाद; प्रका०—नागदह जाति का इतिहास, ग्रामोन्नति, प्रेमतपस्वी, साहित्य-सुधा; प०—प्रधानाध्यापक, कुकड़ेश्वर, होल्कर राज्य।

नारायणदत्त बहुगुणा—ज०—२४ सितंबर, १६६६; जा०—संस्कृत, उर्दू, अंगरेजी; सा०—गढ़वाल-साहित्य-परिषद की कार्यकारिणी, स्थानीय काँग्रेस कमेटी और कुमायूँ इंडस्ट्रियल ऐडवाइजरी कमेटी के सदस्य; कर्णप्रयाग-साहित्य-परिषद्, रानीगंज-ग्राम-सुधार-सेवक-संघ इत्यादि के भूत० प्रधान; इनके अतिरिक्त समय-समय पर लगभग चालीस स्थानीय संस्थाओं के उपप्रधान, मंत्री अथवा उत्साही कार्यकर्त्ता, भूत० संपा० मासिक 'कर्मभूमि'; प्रका०—विभावरी, वेदना, पर्वतीय प्रांतों में ग्राम-सुधार, विभूति, ग्राम-गीत, निर्झरिणी, मधुमास, गद्यकाव्य, ग्राम-सुधार, चित्रमय गढ़वाल; प०—साहित्य-सदन-शैल, पो० गौचर, गढ़वाल।

नारायणदत्त शर्मा—शि०—एम० ए० नागपुर वि० वि०—सर्व प्रथम, बी० टी०, सा र०; सा०—आचार्य, गोस्वामी गोवर्द्धनलाल हिंदी विद्यापीठ, अध्यक्ष हि० विभाग चंपा अग्रवाल कालेज; प्रका०— राजबाला, विद्रोही, साहित्य-सरिता; प०—साहित्य-सदन, मथुरा।

नारायणप्रसाद अरोड़ा—ज०—२६ नवम्बर १६१५; शि०-कानपुर; सा०—भूत० संपा० दैनिक 'विक्रम' और 'संसार'; स्थानीय कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ता, सभी आंदोलनों में जेल-यात्रा, स्थानीय, प्रांतीय और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटियों के उच्च पदाधिकारी, प्रांतीय धारा-सभा के सद०, तिलक-हाल का निर्माण; प्रका०—लाला हरदयाल के स्वाधीन विचार, आदि लगभग ३० पुस्तकें लिखीं; प०—भीष्म एंड कम्पनी, पटकापुर, कानपुर।

नारायणप्रसाद माथुर 'नरेंद्र'—ज०—१६ अगस्त, १६१६; शि०—ग्वालियर; सा०—अखिल भारतीय राष्ट्रीय सभा और श्रीटैगोर-साहित्य-परिषद् के उत्साही सदस्य; प्रका०—स्फुट; प०—प्रधानाध्यापक, पबई, भिलसा, ग्वालियर।

नित्यानंद शास्त्री—ज०—१८८९; शि०—पंजाब विश्वविद्यालय, ओरियंटल कालेज लाहौर, सर्व प्रथम आने से स्वर्णपदक और छात्र-वृत्ति पायी; सा०—भावनगर की आत्मानंद जैन-ग्रंथमाला के संपादक, महावीर कालेज बंबई के भूत० अध्यापक, जोधपुर राजप्रा हाई स्कूल के भूत० प्रधान पंडित, पंजाब विद्वत्परिषद् की ओर से 'आशुकवि', भारत-धर्म-महामंडल काशी की ओर 'कविराज' और बंबई विद्वत्-परिषद् की ओर से 'विद्यावाचस्पति' उपाधियाँ प्राप्त; प्रका०—संस्कृत में—मारुतिस्तव, लघुछंदालंकारदर्पण, आर्यामुक्तावली, आर्यानक्षत्रमाला, बालकृष्ण नक्षत्रमाला, श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् महाकाव्य आदि लगभग एक दर्जन ग्रंथ; हिंदी में—ऋतु-विलास, द्विजदेवदर्पण, आदि-शक्तिवैभव, कुरीति-बत्तीसी, उन्नति-दिग्दर्शन, रामकथाकल्पलता, हनुमद्दूत, मुक्तक कविताकलाप, मुक्तकलेख-संग्रह; प०—अध्यक्ष राजकीय पुस्तकालय, जोधपुर।

नित्यानंद सारस्वत वैद्य—शि०—काशी और लाहौर; सा०—संस्था० नागरी प्रचारिणी सभा रतनगढ़, साक्षरता का प्रसार; अप्र०—काव्य-प्रकाश की टीका, रसप्रकाश-सुधाकर और रस-संकेत-कलिका की टीका; प०—प्रधान

अध्यापक आयुर्वेद विभाग, बिड़ला संस्कृत कालेज, पिलानी, जयपुर।

निरंकार देव 'सेवक'—ज०—१६१६ बरेली; शि०—एम० ए०, बी० टी., एल-एल० बी०, सा० रत्न०, बरेली कालेज बरेली और काशी विश्वविद्यालय; प्र०-१६३२; सा०—आरंभ में अध्यापक, मुख्य-ध्यापक, अब वकील; भूत० नेता 'रेडिकलपार्टी', अब स्वतंत्र विचारक; कवि-सम्मेलनों में सरुचि भाग प्रका०—कविता-कलरव, स्वस्तिका, चिनगारी, गीत-जनगीत; अप्र०—महीके गीत, बालगीत; आलोचना-विद्यापति: एक समीक्षा वि०—बालकों के साथ-साथ युवकों के प्रियकवि; प०—सेवासदन, सैदपुरिया मार्ग, बरेली।

निरंजनदेव वैद्य 'प्रिय हस'—ज०—१६०४; शि०—आयुर्वेदालंकार गुरुकुल काँगड़ी, सहारनपुर; सा०—स्थानीय आर्यसमाज और हिंदी-प्रचार-मंडल के उत्साही कार्यकर्त्ता, 'अर्जुन'—दिल्ली, 'लोकमत'—जबलपुर और 'जन्म-भूमि'—लाहौर आदि दैनिकों के सपादकीय विभागों में काम किया; वि०—अब 'सव्यसाची' तथा 'तीर्थयात्री' के उपनाम से पद्यमयी रचनाएँ लिखते हैं; प्रका०—प्रमुख हिंदी - कवि, हिंदी-वेणी-संहार नाटक; प०—आर्यसमाज दयानंद सेवाश्रम, बदायूँ।

निरंजन लाल शर्मा—ज०—२२ जूलाई, १६०१; शि०—एम. एस-सी. बनारस विश्व-विद्यालय और लिवरपूल विश्व-विद्यालय; सा०—भूत० प्राध्यापक काशी विश्वविद्यालय, 'जिओलोजी' और 'मिनरालोजी' के अवैतनिक संपादक; प्रका०—भारत की खनिज संपत्ति; वि०—अँगरेजी में भी कई ग्रंथ लिखे हैं; प०—प्राध्यापक इंडियन स्कूल आव माइंस, धनबाद।

निर्मला कुमारी माथुर—ज०—१६ दिसंबर १६२६, सा० रत्न, प्रभा०; अप्र०—गीत और कहानी-संग्रह; वर्त०—स्थानीय हाईस्कूल में अध्यापिका; वि०—रेडियो पर कविता-पाठ करती हैं; प०—७ दरियागंज, आनंद लेन, दिल्ली।

नीतीश्वर प्रसाद सिंह—ज०—१६१७; सा०—स्थानीय

'सुहृद-संघ' के संस्थापक और प्रधान मंत्री ; साहित्यिक जागृति के लिए सतत आंदोलन करने में प्रवृत्त ; **प्रका०**—स्फुट ; **प०**—मंत्री सुहृद-संघ, मुजफ्फरपुर ।

नीलकंठ तिवारी— **ज०**—१६१६ ; **शि०**—एम. ए., सा. रत्न ; **सा०** — फिल्म-जगत में कहानी, संवाद, गीत-लेखक और अभिनेता हैं ; **प्रका०**—इंद्रधनुष; **अप्र०**—कविताओं के दो संग्रह; **प०**—श्रीपतभुवन, वाडिया स्ट्रीट, तारदेव, बम्बई ।

नेकीराम शर्मा—**ज०**—१८८६ ; **शि०**—संस्कृत ; **जा०**—गुजराती, बंगाली, मराठी, अँगरेजी और उर्दू का साधारण ज्ञान ; **सा०**—१६०७ से राजनीति में प्रवेश, १६२० में पंजाब में बेगार-प्रथा के विरुद्ध आंदोलन ; राजनीतिक आंदोलनों में आठ बार कारावास; **प्रका०**—बहुत से ट्रैक्ट तथा स्फुट लेख; **प०**—भिवानी, हिसार पंजाब ।

नेमिचन्द्र जैन—**ज०**—१६१७; **शि०**—शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, न्याय-ज्योतिषतीर्थ, सा०र०; **सा०**—ज्योतिष के विशेषज्ञ, संपा०—'जैन-सिद्धांत-भास्कर' (ऐतिहासिक पुरातत्व सम्बन्धी त्रैमासिक), पुस्तकालयाध्यक्ष श्री जैन-सिद्धांत-भवन आरा, मन्त्री शाहाबाद जिला पुस्तकालय; **प्रका०**—मुहूर्तदर्पण, राशिविज्ञान, भाग्यफल, रिष्टसमुच्चय तथा अशोक - दर्शन, ज्योतिष और साहित्य पर १८० लेख ; **अप्र०**—भारतीय ज्योतिष, मानव और उस का आदर्श ; **प०**—अध्यक्ष जैन-सिद्धांत-भवन, आरा ।

नेमीचन्द जैन 'भावुक'—**ज०**—१६२८ जोधपुर; **शि०**—इंटर., सा० रत्न ; **सा०**—संपा० मासिक 'झरना' जोधपुर, सलाहकार त्रैमासिक 'ज्योति', मारवाड़ जिला कुमार-साहित्य-परिषद, 'नवभारत', 'प्रजा', 'आवाज' के प्रतिनिधि; **प०**—मिरची बाजार, जोधपुर ।

पंचमसिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल, राजा बहादुर—**ज०**—२८ जनवरी, १६०४; **शि०**—सरदार स्कूल और मेयो कालेज, अजमेर; **सा०**—केंद्रीय व्यवस्थापिका सभा के सदस्य हैं और लश्कर की म्यूनिसिपैलिटी के सभापति;

प्रका०—नीति-समुच्चय, शिकार ; **वि०**—'मृगया' आपका व्यसन है और इसी पर पुस्तकें लिखते हैं; हिंदी-प्रसार के लिए संक्षिप्त रामायण और महाभारत (५हजार) छपवाकर मुफ्त बाँटी हैं; **प०**—लश्कर, ग्वालियर।

पतंजलि 'हर्ष'—**ज०**—१९०७, बदायूँ; **सा०**—मंत्री, हिंदी-प्रचार-मंडल बदायूँ तथा जनपद हिं० सा० सभा; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—हर्ष आयुर्वेदिक फार्मेसी, टिकैटगंज, बदायूँ।

पतराम गौड़ 'विशद'—**ज०**—१९१३; **शि०**—एम. ए., सा० रत्न, बिड़ला कालेज पिलानी, महाराजा कालेज, जयपुर; **सा०**—राजस्थान विश्वविद्यापीठ, उदयपूर के सदस्य, अन्वेषक—बंगाल हिंदी-मंडल कलकत्ता (राजस्थानी साहित्य पर खोज), स्थानीय हिंदी सहायक समिति, पुस्तकालय, नगर पालिका के कार्यकर्ता; **प्रका०**—रेगिस्तान (काव्य), चौबोली (इसका गुजराती अनुवाद भी छपा है), वीर-सतसई—संपा०; **वि०**—आपकी दो पुस्तकें एम० ए० के पाठ्यक्रम में हैं, प्रो० कन्हैयालाल सहल और ठाकुर श्री ईश्वरदान जी भी 'वीर-सतसई' के संपादक हैं; **प०**—प्रोफेसर, बिड़ला कालेज, पिलानी, जयपुर।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी—द्विवेदी-युग के लेखक ; **शि०**—बी० ए० खैरागढ़; **सा०**—'सरस्वती', प्रयाग के संपादक १९२० से सात-आठ वर्ष तक; तब से स्थानीय हाई स्कूल में अध्यापक; इलाहाबाद की 'छाया' के भूत० संपादक; **प्रका०**—पंचपात्र, हिंदी-साहित्य-विमर्श, विश्व-साहित्य, शतदल—कवि०, पद्मवन, कुछ (लेख-संग्रह); **अप्र०**—दो-तीन निबंध और कविता-संग्रह; **वि०**—आपकी कहानियाँ भी प्रायः निबंध के ही ढंग पर हैं; **प०**—अध्यापक, हाई स्कूल, खैरागढ़।

पद्मनाभ तैलंग—**ज०**—१९१०; **सा०**—म्यूनिसिपल हाई स्कूल में शिक्षक, संपा० 'विंध्य-केसरी' साप्ताहिक तथा संचा० विंध्यकेसरी-प्रेस, राजनीतिक आंदोलनों में सक्रिय भाग और जेल-यात्रा; **प्रका०**—स्फुट लेख;

प०— 'विंध्यकेसरी' - कार्यालय, सागर।

पन्नसिंह शर्मा—ज०—१६१८; सा०—ना० प्र० सभा आगरा के प्रधानाचार्य; प्रका०—बंबई हिंदी विद्यापीठ के लिए कई पाठ-ग्रंथ; अप्र०—स्फुट लेख और कविताएँ; प०—कंसगेट, गोकुलपुरा, आगरा।

पद्मावती 'शबनम' ('शमा' और 'शिवानी')–ज०–१८ दिसंबर १९१७; शि०—सीनियर केम्ब्रिज; प्रका०—मीरा : एक अध्ययन; अप्र०— स्फुट आलोचनात्मक लेख; प०—१ बी नन्दलाल मल्लिक लेन, कलकत्ता।

पन्नालाल अग्रवाल—शि०—गणेश संस्कृत विद्यालय सागर और स्याद्वाद विद्यालय काशी; सा०—गणेश विद्यालय में व्याकरण के अध्यापक; प्रका०—संपा०—ज्ञान-सूर्योदय—दो भाग, उर्दू - कथा, बनारसी नाम-माला, विवाह-क्षेत्र-प्रकाश, तिलोयपण्णति, दोहा पाहुड़, सावयधम्म दोहा, हरिवंशपुराण, वरांगचरितम्; वि०—जैन-साहित्य के उद्धार का अच्छा कार्य किया; प०—मन्त्री, वीर-सेवा - मन्दिर, सरसाँवाँ, सहारनपुर।

पन्नालाल गुप्त 'अनंत'—सा०—साप्ताहिक 'नवज्योति'; प्रका०—स्फुट; अप्र०—दो निबंध-संग्रह; प०—कैसरगंज, अजमेर।

पन्नालाल जैन—ज०–पारगुवाँ ग्राम, सागर; शि०–साहित्याचार्य, सागर; जा०—संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश; सा०—मंत्री जैन एजुकेशन बोर्ड, संयुक्त मन्त्री जैन विद्वत्परिषद्; 'जैन-प्रभात' के संपादक; प्रका०—महापुराण, धर्मशर्माभ्युदय, नियमसार, मोक्ष-शास्त्र, वर्धमान-पुराण, पंचस्तोत्र-संग्रह, त्रैलोक्य-तिलक व्रतोद्यापन, अशोक-रोहिणी-कथा, रत्नत्रयधर्म, चौबोली पुराण, रत्नत्रयी आदि। प०—जैन एजुकेशन बोर्ड, मोराजी भवन, केशवगंज, सागर।

पन्नालाल बल्दुआ—ज०—अप्रैल १६१६, मरदानपुर, मकड़ाई राज्य; शि०—प्राथमिक गाडरवाड़ा, पिलानी, बी० काम०–सनातनधर्म कालेज कानपुर, एम० ए० अर्थशास्त्र, आगरा वि० वि०; सा०—भूत० प्राध्यापक गोविंदराम

सेक्सरिया वाणिज्य महाविद्यालय, संचा० सेक्सरिया अर्थ - साहित्य-प्रकाशन-मंडल ; भूत० संपा० 'अर्थ संदेश' त्रैमासिक; **प्रका०**—वाणिज्य-कोश, अर्थशास्त्र शब्दकोश, सांख्यकि शब्दकोश, प्रस्तपालन तथा लेखा कर्म पर पुस्तकें जो पाठ्यक्रम के लिए स्वीकृत हैं ; **वर्त०**—विश्व-विद्यालय के उपयुक्त पाठ्यपुस्तकों का निर्माण करने में प्रयत्नशील ; **प०**—अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय, गोपालबाग, जबलपुर ।

पन्नालाल व्यास—ज०—१५ जून १६२७ ; **शि०**—बी० ए०, विशारद; **सा०**—भूत० संपा० 'ज्वाला', साहित्य-सदन के संस्था०, राजस्थान की साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय कुमार हिं० सा० सभा जोधपुर के संचा०, राजस्थान हि० सा० सभा के कार्यालय मंत्री; **प्रका०**—हमारा राजस्थान ; **वर्त०**—ब्राडकास्टिंग विभाग संयुक्त राज-स्थान संघ में काम कर रहे हैं ; **प०**—सरदारपुरा, जोधपुर ।

परमात्माशरण — **सा०** — अखिल भारतीय राष्ट्रीय साहित्य-प्रकाशन-परिषद् के व्यवस्थापक ; **प्रका०**—जननायक (महा०), बंदी, प्रेरणा, फाँसी, बलिदान, परतंत्र, झनकार, इनक्लाब, सुनो बच्चों, वीर बालक, महापुरुष, कलिका ; **प०**—२३२ सदर, मेरठ ।

परमानंद शास्त्री—ज०—१६०८; —**शि०**—गणेश संस्कृत विद्यालय सागर; **सा०**—वीर-सेवा-मंदिर सरसावा के अंतर्गत अपभ्रंश और जैन-साहित्य के अन्वेपक, 'अने-कांत' के संपादक; **प्रका०**-समाज-तंत्र एकीभाव स्तोत्र (अनु०), मोक्षमार्ग प्रकाशक, महिला-शिक्षा संग्रह (संपादित), पंडिता चंदाबाई —जीवनी; **अप्र०**—कई खोजपूर्ण लेख; **प०**—वीर - सेवा - मंदिर, सरसावा, सहारनपुर ।

परमेश्वर प्रसाद सिंह—ज० —४ जनवरी, १६०४ ; **शि०**—आइ० ए०, सी० टी० ; **सा०**—स्थानीय हिंदी साहित्य सम्मे० और साहित्य-परिषद् के कार्यकर्ता ; **प्रका०**—स्फुट कविताएँ ; **प०**—डी० ए० वी० स्कूल, सीवान, सारन ।

परमेश्वरलाल जैन 'सुमन'—ज०-२५ जनवरी १६२०; **सा०**—

मारवाड़ी साहित्य-मंदिर भिवानी, हिसार से दस खंडों में प्रकाशित होनेवाले ग्रंथ 'मारवाड़ी-गौरव' के संपादक ; अप्र०—जापान का इतिहास, जैन-इतिहास, सुमनकुंज, अग्रवाल जाति का इतिहास ; प०—समस्तीपुर, बिहार ।

परमेश्वरसिंह—सा०—भूत० संपादक 'विश्वमित्र' कलकत्ता, 'प्रताप' कानपुर और 'हिंदुस्तान'; प्रका०—स्फुट ; प०—संचालक किताबघर, कदमकुआँ, पटना ।

परमेश्वरीलाल गुप्त—ज०—१९१४; सा०—१९३४ में साप्ता० 'संदेश' का प्रकाशन, १९४३ में 'आज' बनारस के संपादक-मंडल में प्रवेश, १९४६ से 'सैनिक' आगरा में संपादक, १९४७ के आरंभ में 'समाज' काशी के संपादकीय विभाग में, १९४१-४२ के राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग, दो बार जेल-यात्रा, आजमगढ़ कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी, अग्रवाल-सेवक-मंडल आजमगढ़ के संस्थापक और मंत्री, भोजपुरी प्रांतीय साहित्य-सम्मे० के प्रधान मंत्री, हिं०सा० सम्मे० की स्थायी समिति और विश्वविद्यालय-परिषद् के भूत० सद०, युक्तप्रांतीय सरकार द्वारा नियुक्त पत्र-व्यवसाय जाँच-समिति के मनोनीत सदस्य ; प्रका०—अग्रवाल जाति का विकास, अपराध और दंड, बंदी की कल्पना, भारतीय वास्तुकला, न नर न नारी, तथा कई बालोपयोगी जीवनियाँ ; अप्र०—पुरातत्व-प्रवेश, प्रकृति और विज्ञान ; प०—६३।४२, विक्टोरिया पार्क नार्थ, बनारस ।

परमेष्ठीदास जैन—ज०—१९०७; शि०—न्यायतीर्थ; सा०—भूत० संपा० 'जैन-मित्र' सूरत और 'वीर' दिल्ली, राष्ट्रभाषा-प्रचार का अच्छा कार्य गुजरात में किया, अध्यक्ष 'जैनेन्द्र प्रेस', संस्था० हिंदी विद्यामंदिर और राष्ट्र-भाषा अध्यापन मंदिर; १९४२ के आन्दोलन में जेल यात्रा ; वि०—एक हिन्दी मासिक के प्रकाशन की योजना ; प्रका०—जैन-धर्म और साहित्य संबंधी लगभग एक दर्जन पुस्तकें; प०—जैनेन्द्र प्रेस, ललितपुर ।

परशुराम चतुर्वेदी, 'जयदेव'—ज०—२५ जुलाई १८९४ ; शि०—एम० ए० (दर्शन),

एल-एल० बी०; ज्ञा०—अपभ्रंश, फ्रेंच, संस्कृत, बँगला, मराठी; सा०—सद० डिस्ट्रिक्टबोर्ड बलिया—१६३१–३३, सद० बेंच आनरेरी मजिस्ट्रेट बलिया— १६३०–३५, सभा० ग्राम-सुधार-बोर्ड, १६३८-४०, सभा० हिंदी-प्रचारिणी सभा बलिया, संचा०—चलता साहित्य, अध्यापक-साहित्य-विद्यालय, स्वतन्त्रता आंदोलन में सक्रिय भाग; प्रका०—संक्षिप्त रामचरित मानस, मीराबाई की पदावली—संपा०; अप्र०—संतमत व साहित्य, उत्तरी भारत की संत-परंपरा, महात्मा कबीरदास, संत-संदेश आदि०; प०— जौही, भरसर, बलिया।

परिपूर्णानन्द वर्मा—ज०—७ फरवरी, १६०७; शि०—शास्त्री, काशी विद्यापीठ बनारस, इतिहास, अर्थशास्त्र तथा राजनीति शास्त्र में; सा०—१६२७ में सर्व प्रथम प्रेममहाविद्यालय वृन्दाबन में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक नियुक्त हुए, 'सैनिक' आगरा, दैनिक 'लोकमत' जबलपुर, 'प्रेमा' मासिक जबलपुर, 'सन्देश' काशी, के सम्पादक रहे; आजकल दैनिक 'जागरण' के सम्पादक, अखिल भारतीय-अपराध-निरोधक-समिति तथा उत्तर प्रदेशीय अपराध-निरोधक-समिति के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के सभी जेलों के गैर सरकारी जेल-निरीक्षक, हिंदी-भवन कालपी तथा आदर्श व्यायामशाला कानपुर के अध्यक्ष; कई राजनीतिक, शिक्षणीय तथा साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्ध; 'पेनल-रिफार्मर' लखनऊ के सम्पादक; प्रका०—हिन्दी में लगभग २४ पुस्तकें लिखीं—जीवन चरित्र, उपन्यास, कहानी, राजनीति शास्त्र पर; प्रमुख हैं—शिव-पार्वती, वीर अभिमन्यु, रानी-भवानी, प्रेम का मूल्य, मेरी आह, हिन्दू-हित की हत्या, युक्त प्रांत की विभूतियाँ, भारत की विभूतियाँ आदि; प०— बिहारी-निवास, कानपुर।

परिवज्ञानंद सिंह—ज०—१६२१, शि०—बी० ए० पटना वि० वि०; प्रका०—स्फुट लेख; प०—साहित्य प्रेस, छपरा।

पशुपाल—ज०–१८८०, इंदौर;

प्र०—१६१४; सा०—अवैतनिक संपा० साप्ता० 'आर्यावर्त' इंदौर; प्रका०—जर्मनीमें लोक-शिक्षा, योरप का आधुनिक इतिहास, बर्कले और कैंट का तत्व-ज्ञान, संसार की संघ-शासन-प्रणालियाँ, प्रेम-परीक्षा, अरविंद घोष के पत्र आदि एक दरजन ग्रंथ; प०—'आर्यावर्त'-कार्यालय, इन्दौर।

पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'—सा०—भूत० संपादक मासिक 'विक्रम' उज्जैन; प्रका०—चाकलेट, महात्मा ईसा, चुंबन, शराबी, घंटा, बुधुआ की बेटी, दिल्ली का दलाल, चंद हसीनों के खुतूत, माधव महाराज महान्, चार बेचारे, जीजीजी, रेशमी, पंजाब की महारानी; वि०—सिनेमा के लिए भी आपने बहुत-कुछ लिखा है; प०—'मतवाला'-कार्यालय मिर्जापुर।

पारसनाथ शर्मा 'मदनेश'—ज०—२८ जनवरी १६१८; शि०—सा० रत्न; सा०—संस्था० श्री संस्कृत पाठशाला मड़ियाँहू, जनता पुस्तकालय मड़ियाँहू, प्रबन्धक गोशाला; प्रका०—स्फुट; प०—मैदीह, मड़ियाहू, जौनपुर।

पारसनाथ सरस्वती, स्वामी—ज०—१८६६; शि०—प्रेम महाविद्यालय वृन्दावन; ज्ञा०—उर्दू, अँगरेजी, बँगला, गुरुमुखी, गुजराती; सा०—भूत० संपा० 'ज्योति' कलकत्ता, 'बिजली' इटावा, 'सेवक' जोधपुर; प्रका०—अमर-विद्या, जड़ी-बूटी-विद्या, आदि १०० पुस्तकें; वर्त०—संपादक 'मीरा'; प०—जयतिपुर, फफूँद, इटावा।

पारसनाथ सिंह, 'विशारद'—ज०—२० जुलाई १६१२; सा०—स्थानीय 'वेणी-पुस्तकालय' के संस्थापक और मंत्री, बिहार-प्रान्तीय हिंदी-प्रचारिणी सभा के जन्मदाता (१६४१); पटना जिला-पुस्तकालय-संघ की स्थापना १६४१; भूत० संपा० दैनिक 'आर्यावर्त' पटना; प्रका०—आज का गाँव, सुदूरपूर्व की बातें; प०—सहायक संपादक दैनिक 'सन्मार्ग', टाउन हाल, बनारस।

पारसनाथ सिंह—सा०—साप्ताहिक 'हिंदुस्तान' के संपादकीय विभाग में; प्रका०—जगत सेठ-

जीवनी; प०—'हिंदुस्तान', नयी दिल्ली।

पी० के० केशवन नायर—शि०—बी० ओ० एल०; **सा०**—केरल के भिन्न-भिन्न केन्द्रों में हिंदी-प्रचार, केरल हिन्दी-प्रचार सभा के अधीन प्रचारक, संगठन कर्ता तथा सहा० मन्त्री के पदों पर कार्य, २५ वर्षों से हिंदी-प्रचार में संलग्न; **प्रका०**—स्फुट; प०—प्रधान आचार्य, महिला विशारद विद्यालय, दक्षिण भारत हिंदुस्तानी प्रचार-सभा, मद्रास।

पी० नारायण—ज०–१९२०; **शि०**—आगरा, इलाहाबाद, काशी; **सा०** –१९४२ के आन्दोलन में लखनऊ सेंट्रल जेल में ४ वर्ष तक नजरबंद; **प्रका०**—स्फुट लेख; **प०**—कर्नाटक हिंदी विद्यालय, कार्निक रोड, बाराबाँगुदी, बँगलौर।

पीरमुहम्मद यूनिस—सा०—बिहार प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में; उसके अधिवेशनों के सभापति; **प्रका०**—स्फुट लेख; प०—बेतिया, चंपारन।

पी० वेंकटाचल शर्मा—ज०–१९०१, मैसूर के कोलार जिले में; **शि०**—राष्ट्रभाषा - विशारद, बँगलौर, मैसूर महाराजा संस्कृत महापाठशाला; **सा०**— १९३० से हिंदी-प्रचारक, मैसूर और मद्रास में प्रचार; १९४०–४१ में आंध्र कर्नाटक हिंदी विद्यालय अनंतपूर में अध्यापन, हिंदी प्रचार-सभा की ओर से साहित्य-विभाग में काम और पुस्तकों का प्रकाशन-संपादन, दक्षिण भारत हिंदुस्तानी प्रचार सभा के साहित्य-विभाग के व्यवस्थापक, 'हिंदुस्तानी-समाचार' का संपा०, गाँधी जी के नेतृत्व में संपन्न भारतीय साहित्यकार व कलाकार-सम्मेलन में योग १९४६; **प०**—त्यागराय नगर, मद्रास।

पुखराज पुरोहित–ज०–१९२२; **शि०**—बी० ए०; **सा०**— मंत्री, जोधपुर साहित्य सभा; **प्रका०**—प्रायश्चित, प्यार न कीजिए, विद्या का पत्र; प०–भजन चौकी, जोधपुर।

पुत्तनलाल विद्यार्थी—ज०—३० अक्तूबर १८८५ फरुखाबाद; **जा०**—उर्दू, हिंदी, फारसी, अँगरेजी; **सा०**—काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा के १९०९ से सदस्य,

हिंदी-साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य (१९१२-४१), हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के लखनऊ अधिवेशन के सहकारी मंत्री; थियोसोफिकल सोसाइटी–लाज के सभापति, संस्थापक हिंदी-साहित्य-सभा, जमालपुर; प्रका०—सरल पिंगल; वि०—उच्च सरकारी पद से अवसर प्राप्त करके दक्षिणी भाषाओं और भारतीय दर्शन के अध्ययन के लिए थियोसोफिकल सोसाइटी मद्रास गये हैं; प०—बाग महानारायण, चौक, लखनऊ।

पुरुषोत्तम कुमार—शि०–बी० ए० (आनर्स), जे० डी०; सा०—दैनिक 'अमरभारत' दिल्ली के भूत० सहा० संपा०; प्रका०—स्फुट; प०—जन-संपर्क विभाग (पंजाब), शिमला २।

पुरुषोत्तम चतुर्वेदी—ज०—११ अगस्त १९००; शि०–सा० आ०, शुद्धाद्वैत अलंकार, बनारस क्वींस कालेज; ज्ञा०—संस्कृत, हिंदी, पाली, प्राकृत, गुजराती; प्रका०—शुद्धाद्वैतमार्तंड, नवरत्न, वल्लभदिग्विजय, कामाख्य दोष-विवरण, रसगंगाधर, अंबिकापरिणयचंपू, छंदोविन्मंडन, छप्पन भोग, संस्कृत भाषा का व्याकरण; ध्वन्यालोकस्तर; वि०–प्रधान संपादक 'भारतीय धर्म'; प०—अध्यक्ष धर्म-संस्कृत–विभाग, मेयो कालेज, अजमेर।

पुरुषोत्तमदास टंडन—हिंदी साहित्य-सम्मेलन में जन्मदाता, उसके 'गाँधी'; शि०—एम० ए०, एल–एल० बी०, डी० लिट्०; सा०—भूतपूर्व अध्यक्ष—'सर्वेंट्स आव पीपुल सोसाइटी', हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, युक्तप्रांतीय कांग्रेस–कमेटी और इलाहाबाद म्युनिसिपैलिटी, उत्तर प्रदेशीय व्यवस्थापिका-सभा के स्पीकर; अखिल भारतीय काँग्रेस के वर्तमान सभापति; हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के आंदोलन के सफल सूत्रधार; हिंदी के सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप की रक्षा के प्रबल समर्थक; प्रका०—अनेक स्फुट लेख; वि०—गोरखपुरी नागरिकों ने 'राजर्षि' के रूप में आपके ऋषिवत् त्यागमय, कर्तव्यनिष्ठ, उदार परंतु दृढ़चरित्र काअभिनंदनकिया; प०—क्रास्थवेट रोड, इलाहाबाद।

पुरुषोत्तमदास स्वामी—ज०—३१ जनवरी १९१३; **शि०**—एम. एस-सी०, एफ० सी० एस०, एफ० जी० ए० एम० एस०, हि० वि०, बीकानेर, काशी, अमेरिका; **सा०**—राजस्थानी साहित्य विद्यापीठ बीकानेर, ना० प्र० सभा काशी, हि० सा० सम्मे० प्रयाग, इंडियन साइंस कांग्रेस असोसिएशन कलकत्ता, राजस्थान हि० सा० सभा उदयपुर, बीकानेर राज्य सा० सभा, अमेरिकन सिरेमिक सोसाइटी लंदन, सोसाइटी आफ केमिकल इंडस्ट्रीज़, विज्ञान-परिषद् आदि के सम्मानित सदस्य, टाटिया-पुरस्कार-विजेता, प्राध्यापक डूँगर कालेज, बीकानेर; **प्रका०**—विज्ञान, के पथ पर, स्वास्थ्य—प्रवेशिका, स्वास्थ्य-चंद्रिका, सरल विज्ञान, मेरी अमेरिका-यात्रा, भूगर्भ–विज्ञान-कुंभकार–विज्ञान, औद्योगिक रसायनशास्त्र; **वर्त०**—राजस्थान सिरेमिक वर्कस की स्थापना में संलग्न; **प०**—शान्ति-आश्रम, बीकानेर।

पुरुषोत्तम मेनारिया—ज०—नवम्बर १९२३ ; **शि०**—साहित्य रत्न ; **सा०** — प्रबन्ध-संपादक 'शोध-पत्रिका', संचालक विद्यापीठ सरस्वती-मन्दिर और प्राचीन साहित्य-शोध-संस्थान ; **प्रका०**—राजस्थानी-भील - कहावतें, राजस्थानी लोकगीत, चारणगीत-माला; **प०**—अध्यापक उदयपुर विद्यापीठ-कालेज, उदयपुर।

पुरुषोत्तम शर्मा 'विमल'—ज०—१९११ ; प्र०—'चित्रण'; **सा०**—चम्पारन जिला हिन्दी सा० सभा के सह० मन्त्री एवं अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक हि० सा० सम्मे० की स्थायी समिति के सद०, महाराजा नवल किशोर साहित्य-परिषद् बेतिया के प्रधान मन्त्री, साहित्यिक व्यक्तियों की टोलियाँ बनाकर ऐतिहासिक तथ्यों की खोज; **प्रका०**—झंझा (राष्ट्र० कवि०), चित्रण, तारों की रात, रजकण, टहनी और कवि (उप०), राजस्थानी लोकगीत ; **प०**—राम मड़ैया, बेतिया, चंपारन।

पुल्लाट लक्ष्मी कुट्टी कुमारी—ज०—५ जनवरी १९१६; **शि०**—बी०एस-सी० मद्रास वि०वि०, **एम० ए०** (हिन्दी) काशी वि० वि०,

विशारद ; सा०—महिला-समाज में कार्य; प्रका०—स्फुट रचनाएँ; वर्त०— अध्यापिका, काणल कालेज, ट्रिचूर, कोचीन राज्य।

पुष्पा भारती — ज०— १ जून १९२२; सा०—हिन्दी विद्यालय, मेरठ की स्थापना की; प्रका०-इनकलाब (कहानी संग्रह); अप्र०—परिवर्तन ; प०—१६२, गंज बाजार, मेरठ।

पूरनचंद सीसोदिया—सा०—हिंदी प्रचार-सभा हैदराबाद के शिक्षा-मंत्री—१९४७-४६, सभा के अंतर्गत विवेक-वर्द्धिनी हाई-स्कूल-वर्ग के संचालकों में; प्रका०—स्फुट कविताएँ और वैज्ञानिक लेख; वि०—सभा की सेवा में नियमित भाग लेते हैं; प०—अध्यक्ष स्वास्थ्य-विभाग, हैदराबाद (दक्षिण)।

पूर्णचन्द जैन—ज०-१९१०; शि०—एम० ए०, सा० र० ; सा०—अवैतनिक अध्यापक हि० सा० पाठशाला, पदाधिकारी हि० सा० परिषद् ; भूत० संपा० 'लोक-वाणी' साप्ताहिक, अध्यक्ष जयपुर राज्य प्रौढ़ शिक्षा-समिति, संपा— 'लोकवाणी' (राष्ट्रीय दैनिक), मंत्री जयपुर राज्य प्रजा-मण्डल, तथा जयपुर जिला-कांग्रेस ; प्राध्यापक महाराजा कालेज, जयपुर ; प्रका०—बुधजनविलास ; अप्र० —सुमन-ग्रन्थि, प्रतापी-प्रताप; वर्त०—प्रधान सम्पादक, दैनिक 'लोक वाणी', जयपुर, प०—कुंदीगरों के भैरु का रास्ता, जयपूर।

प्यारेलाल गर्ग—ज०—३१ मई १८८४; शि०—एल० ए०जी प्रयाग वि० वि० ; सा०—नागरी प्रचारिणी सभा के १९१६ से सद-स्य ; प्रका०—कृषि - शब्दावली; अप्र०—गोरस व गोवर्द्धन-शास्त्र, कृषि की उन्नति के पाठ, खेती का काम और उसके यंत्र आदि कई ग्रंथ ; प०— अध्यापक कृषि-विद्यालय, कानपुर।

प्रकाशचंद गुप्त—ज०—१९०८ अनूप शहर ; शि०—एम० ए० प्रयाग विश्वविद्यालय; प्रका०—नया हिंदी-साहित्य—आलो०; अप्र० —निबंधों और एकांकियों के दो-तीन संग्रह; प०—अध्यापक, अँगरेजी - विभाग, विश्वविद्यालय, प्रयाग।

प्रकाशचंद यादव—**ज०**—१९१५ प्रयाग; **शि०**—सा० रत्न; **सा०**—ग्रामसेवासंघ के सभापति, यादवशिक्षा-समिति के मंत्री, भूत० संपादक 'यादव-संदेश', 'जागृति', 'सिपाही'; अ० भा० समाचारपत्र-प्रदर्शनी के संयोजक, जवाहरगंज कन्या-पाठशाला के प्रबंधक; **प्रका०**— विश्वविवाह-प्रणाली, महापुरुषो के कल्याणकारी उपदेश, व्यक्तिगत व्यायामपद्धति; **प०**—ठि० इंडियन प्रेस (बुक-डिपो), प्रयाग।

प्रकाशवती पाल—प्रसिद्ध कहानीकार श्री यशपाल की विदुषी पत्नी; शि०—लाहौर; **सा०**—कई वर्षों तक क्रांतिकारी दल की सदस्या रहीं; 'विप्लव' और 'विप्लवी ट्रैक्ट' की प्रकाशिका; विप्लव-पुस्तकमाला (९ पुस्तकें निकल चुकी हैं) की संचालिका; **प०**—'विप्लव'-कार्यालय, शिवाजी मार्ग, लखनऊ।

प्रतापनारायण पुरोहित—**ज०**—१ जनवरी १९०१; **शि०**—बी०ए०, कविरत्न, सा० भू० तामीज़ी सरदार, मेयो कालेज अजमेर, महाराजा कालेज जयपुर, आगरा कालेज आगरा; **प्रका०**—नल-नरेश, काव्य-कानन, मन के मोती, नव-निकुंज, श्री रामार्चन, मणियों की माला, मंदाकिनी, काव्यश्री, **वि०**—इँगलैंड, फ्रांस, इटली आदि देशों में भ्रमण किया; **वर्त०**—अध्यक्ष महकमा पुण्य, राज्य सवाई, जयपुर; **प०**—सिनवार हाउस, गनगौरी बाजार, जयपुर।

प्रतापनारायण श्रीवास्तव—**शि०**—बी० ए०, एल-एल० बी०; **प्रका०**—विदा, विजय—दो भाग, विकास, निकुंज, आशीर्वाद; प०—ठि० गंगापुस्तक-माला, लखनऊ।

प्रतापसिंह कविराज—**ज०**—२ जून १८९२; **शि०**—वैद्यरत्न, रसायनाचार्य, मद्रास, कलकत्ता; **सा०**—अखिल भारतीय आयुर्वेदिक सभा के सभापति १९३४, काशी वि० वि० की आयुर्वेदिक फार्मेसी के अध्यक्ष; **प्रका०**—महामंडल-जयंतीग्रंथ, खनिज-विज्ञान, स्वास्थ्य सूत्रावली, संक्षिप्त विषविज्ञान, प्रसूतिपरिचर्या, जच्चा, प्रतापकथाभरण; **प०**—प्रताप-पार्क, काशी।

प्रफुल्लचंद ओझा 'मुक्त'—सा०—भूत० संपा० साप्ताहिक 'बिजली' पटना और मासिक 'आरती' पटना; प्रका०—पतझड़, पाप-पुण्य, संन्यासी, लालिमा, धारा, तलाक, जेलयात्रा, दो दिन की दुनिया; प०—आरती प्रेस, पटना।

प्रभाकर—ज०-१६१०; प्रका०-संक्षिप्त हिंदी-व्याकरण, संस्कृत-सुधाकर ; प०—मारवाड़ी कमर्शियल हाई स्कूल, गजदर स्ट्रीट, बंबई २।

प्रभाकर माचवे—ज०—२६ दिसंबर १६१७; शि०—एम० ए० (दर्शन, अँग्रेजी), सा० र० रतलाम इन्दौर, आगरा ; प्र०—१६३४ ; प्रका०—जैनेन्द्र के विचार १६३७, कमीनों का साया १६४६, तार-सप्तक , आधुनिक हिंदी - साहित्य में आलोचनात्मक लेख , शासन-शब्द-कोश ; वि०—उत्तर भारत की सभी भाषाओं और मराठी के जानकार ; प०—१८, हेस्टिंग्ज रोड, इलाहाबाद ।

प्रभाकरराव— सा०— हैदराबाद सभा के अंतर्गत हिंदी-प्रचार और अध्यापन-कार्य; प्रका०—स्फुट; प०—जालना, औरंगाबाद (दक्षिण)।

प्रभातकुमार बनरजी—सा०—शांति-निकेतन हिं० सा० मंदिर, नागपुर के सभा०; प्रका०—स्फुट कहानियाँ ; प०—शिवानंदधाम, श्रद्धानंद नगर, नागपुर।

प्रभा पारीक—ज०—१२ मई १६२५ ; शि०—बी० ए० आगरा वि० वि० ; प्रका०—जागरण (नाटक) ; अप्र०—प्रतिशोध ; प०—सिविल लाइंस, मुरादाबाद।

प्रभावतीदेवी—ज०—१६२१, गाजीपुर ; प्रका०—सोहर (ग्राम-गीत) तथा अन्य संग्रह ; प०—भदैनी, काशी।

प्रभुदयाल अग्निहोत्री —ज०—२०जूलाई १६१४; शि०—आचार्य, व्याकरण-शास्त्री, सा० र० ; सा०—विदर्भप्रांतीय हिंदी साहित्य-सम्मेलन के संस्थापक, मध्यप्रांतीय हि० सा० सम्मे के प्रधान मंत्री, उपाध्यक्ष विद्यामंदिर हाई स्कूल ; भगतसिंह और मतीन्द्र-नाथ आदि क्रान्ति कारियों से संपर्क; प्रका०—उच्छ्‌वास, अरुणिमा,

वैदिकधर्म, समर्पिणी, आधुनिक संस्कृत शिक्षण-प्रणाली, आधुनिक हिंदी-काव्य-धारा, धर्म और समाजवाद; अप्र०—मृच्छकटिक, भरत के 'नाटय शास्त्र' का अनुवाद; वि०—'आकाश विहारी शास्त्री' के नाम से यदाकदा व्यंग्य लेख लिखते हैं ; प०—विद्या मन्दिर मारवाड़ी सेवासदन, अकोला, बरार।

प्रभुदयाल बाजपेयी 'अभिराम'—ज०—१९०३ ; सा०—मंत्री, साहित्य-परिषद् कानपुर, सभापति प्रतिमा-परिषद्, भूत० प्रबन्धक डिस्काउंट बैंक आफ इंडिया कानपुर, अभिराम - पुस्तकमाला का प्रकाशन; प्रका०—मुक्त संगीत, विजया, सत्याग्रह-विगुल; अप्र०—अम्बर (कविता संग्रह) ; प०—५०।१३ नौघड़ा, कानपुर।

प्रभुदयाल मीतल—ज०—१९०२ मथुरा; सा०—भूत० संपा. 'आदर्श हिंदू', व्रजभाषा-साहित्य के अनुसंधान में विशेष परिश्रम किया, 'व्रज-साहित्य-मंडल' के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता;प्रका०—अष्टछाप-परिचय (जिस पर शुद्धाद्वैत एकेडमी से भारतेन्दु पुरस्कार प्राप्त हुआ), पंजाब का हत्याकांड, राष्ट्रीय आंदोलन का इतिहास, राजपूती कथाएँ, मेवाड़ की अमर गाथाएँ, व्रज-भाषा-साहित्य का नायिका-भेद, सूर-निर्णय, व्रजभाषा साहित्य का ऋतु-सौंदर्य; अप्र०—हिंदी का कृष्ण-काव्य, प्राचीन हिंदी साहित्य का इतिहास, व्रज-भाषा-साहित्य की रूपरेखा; प०—अग्रवाल-भवन, मथुरा।

प्रभुदयाल सिंह 'अमर'—ज०—१९२५ ; शि०—बी. ए., एल-एल. बी., विशारद, नागपुर और सागर वि० वि० ; सा०—'सावन-भादो' के संपा० ; प्रका०—स्फुट ; प०—वकील, डाकबँगले के पास, गोंदिया, मध्यभारत।

प्रवीणचंद्र शास्त्री—ज०—१९०९ ; शि०—एम० ए०, सा० र० ; सा०—सद० फैकल्टी आव आर्टस टेक्स्टबुक कमेटी आगरा वि० वि०, राजपूताना वि० वि०; उप-सभा० जयपुर टीचर्स एसोसियेशन, जैनपरिषद्;संचा०महाराजा कालेज, आजीवन सदस्य भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पूना ;

प्रका०—राजस्थान के साहित्यकार, महाराजा मानसिंह प्रथम, राजस्थानी सैनिक, संस्कृत अलंकारों की उत्पति और विकास, मार्क्स के नाटकों की प्रामाणिकता, व्याकरण-तत्व; **प०**—सरस्वती-सदन, अजमेरी गेट, जयपुर।

प्रवीण दीक्षित—**ज०**–१६१६ फतेहपुर; **सा०**—भूत० संपा० 'राष्ट्रपरिवार' (साप्ता०); **प्रका०**—काव्य-सुधा; **अप्र०**—साहित्य-समीक्षा, प्रेमदान, वीणा; **वर्त०**—धर्म्मपद का पद्यानुवाद कर रहे हैं; **प०**—पटकापुर, कानपुर।

प्रसिद्धनारायण सिंह—**ज०**–१ जून १६०४; **सा०**—तीन बार जेलयात्रा; जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य; **प्रका०**—बलिया के कवि और लेखक; **प०**—मुख्तार, बलिया।

प्रहलादचन्द्र जोशी—**ज०**—१६२०; **सा०**—भूत० संपा० 'जनयुग', 'प्रजा-सेवक', 'युगांतर' (जोधपुर); **प्रका०**—लालो की राखी, जीवनदान, सोवियत की वीर नारियाँ (अनु०), सामंती जाल से सावधान; **वर्त०**—संपा० 'रियासती'; **प०**—बनियावाड़ा, जोधपुर।

प्रभु नारायण त्रिपाठी 'सुशील'–**ज०**—१६००; **सा०**–प्रजाबंधु-समिति, प्रजाबंधु-पुस्तकालय, प्रजाबंधु - औषधालय, बालमंडल आदि के संचा०, मंडल-कांग्रेस कमेटी के भूत० मंत्री; भूत० अध्यापक पब्लिक हाई स्कूल शिवराजपुर; **प्रका०**— राष्ट्रपति जवाहर, निद्राविज्ञान, आजादी के शहीद; **प०** -मरियानी, चौबेपुर, कानपुर।

प्रभुनारायण शर्मा 'सहृदय'–**ज०**—१६०४, बलपुर, जयपुर; **शि०**—सा० र० प्रयाग, जयपुर; **सा०**—पहले कौंसिल आफ स्टेट जयपुर के सेक्रेटरिएट में, फिर होम डिपार्टमेंट में तथा रेविन्यु डिपार्टमेंट में काम; **प्रका०**—विचारवैभव, पद्यप्रताप, वेणीसंहार, कल्याणीकृष्णा, योगेश्वर, साहित्य - सरिता, साहित्य - मणिमाला, स्वास्थ्यसरोज, स्वास्थ्यसुधा, स्वास्थ्य-नियम, बलिवेदी, प्रेम-समाधि, कायापलट, विस्मृत कुसुम, मंजुमयूख, सप्तस्वर, भारतीय शिल्प,

सेतुनिर्माण - कला, वास्तुकला (अप्र०); प०—महाराजा कालेज, जयपुर।

प्रयागनारायण 'संगम'—ज०-१८८७; **सा०**—भूत० प्रधान अध्यापक, मिडिलस्कूल, इंदौर; **प्रका०**— श्रुति-बोध, होल्कर राज्य का भूगोल; **अप्र०**--कविता-संग्रह ; **वि०**—महाराज इंदौर ने आपकी व्याख्यान-पटुता पर प्रसन्न होकर 'रायरतन' की उपाधि दी;प०—ठाकुर-प्रेम-कुटीर, पलासिया, इन्दौर।

प्रवासीलाल वर्मा मालवीय, 'मालव-मधुकर' 'मस्ताना'—ज०—१८६७; जा०—अँगरेजी, उर्दू, बँगला, मराठी, गुजराती, संस्कृत, पंजाबी; **सा०**—भूत० संपा० 'धर्माभ्युदय', 'मुनि', 'कैलाश', 'जागरण', 'मस्ताना', 'हंस', 'साधना' आदि साप्ताहिक तथा मासिक; हिंदी-साहित्य-मंडल नामक प्रकाशन संस्था के संस्थापक; **प्रका०**—वृक्ष-विज्ञान-शास्त्र, कर्मदेवी, अग्नि-संसार, जंगल की भयंकर कहानियाँ, मूर्खराज, पाटन की प्रभुता, कुमुद-कुमारी, सप्तपर्ण, एकादशी का उपवास, गरम तलवार, राजाधिराज, पृथ्वी-वल्लभ, गुजरात का नाथ; प०—आर्यमित्र-प्रेस, हिल्टन मार्ग, लखनऊ।

प्राणनाथ सेठ—**सा०**—लाहौर के 'वीरभारत' और 'विश्वबन्धु' तथा दिल्ली के 'अमर भारत' आदि दैनिकों के संयुक्त संपादक; **प्रका०**—स्फुट लेख और कहानियाँ; **प०**—अध्यक्ष सूचना-विभाग, पंजाब सरकार, शिमला।

प्रियबन्धु शर्मा—सा०—हिंदी-प्रचारक, स्थानीय रात्रि-पाठशाला (हिंदी) में प्रधानाध्यापक, स्थानीय हिंदी-प्रचार-सभा की स्थायी समिति के सदस्य; प०—हिंदी-प्रचार-सभा, हैदराबाद (दक्षिण)।

प्रेमचंद श्रीवास्तव—ज०—१७ अगस्त १६१७; **शि०**—एम० ए० (अँग्रेजी और अर्थशास्त्र) बी० टी० काशी वि० वि०; **सा०**—भूत० प्राध्यापक अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय नागपुर; कार्यकर्ता, रा० भा० प्र० स० वर्धा;प्रका०—स्फुट; प०—प्राध्यापक, अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर।

प्रेमनारायण अग्रवाल—शि०—एम०ए०, प्रयाग; सा०—प्रयागी लेखक-संघ के संस्थापकों और मासिक 'लेखक' के संपादकों में, संघ के डेढ़ वर्ष तक भूत० मंत्री, इंडियन कलोनियल एसोसियेशन के १९३२ से ४० तक प्रधान मन्त्री; देशी-विदेशी अनेक पत्रों में आपके लेख प्रकाशित होते हैं, 'बाँबे क्रानिकल', 'मार्निंग स्टैंडर्ड' और 'सनडे स्टैंडर्ड' के संपादकीय विभागों में काम किया; प्रका०—प्रवासी भारतीयों की समस्या, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी; अप्रका०—सार्वजनिक कार्य-कर्ता और उनकी आय के साधन, व्यावहारिक पत्रकार-कला, युवकों का विवाहित जीवन, युवकों की समस्याएँ; प०—अजीत-महल, इटावा।

प्रेमनारायण टंडन—ज०—१३ जनवरी, १९१५; शि०—बी० ए० लखनऊ वि० वि०, एम० ए० आगरा वि० वि०, सा० रत्न, एम० आर० ए० एस० (लंदन); सा०—५ जनवरी १९३७ से कालीचरण इंटरकालेज में अध्यापक, जातीय मासिक 'खत्रे-हितैषी' के भूत० संपा० १९३६–४१; हिंदी-सेवी-संसार के संपा०; बालोपयोगी पाक्षिक 'होनहार' के वर्तमान संपा०; विद्यामंदिर नामक प्रकाशन-संस्था और विद्यामंदिर-प्रेस के संस्थापक; १९४६ से लखनऊ विश्वविद्यालय के मोदी-स्कालर, व्रजभाषा-सूर-कोश बनाने के लिए छात्र-वृत्ति मिली; 'प्राचीन हिंदी-गद्य' पर पी-एच० डी० के लिए थीसिस लिख रहे हैं; हिंदी साहित्य- सम्मेलन की स्थायी समिति और विश्व-विद्यालय-परिषद के भूत० सदस्य (१९४७-४८), रायल-एशियाटिक सोसाइटी लंदन के वर्तमान सदस्य; प्र०—अक्टूबर १९३५; प्रका०—आलो०—द्विवेदी-मीमांसा, प्रेमचंद और ग्राम-समस्या, प्रताप समीक्षा, हमारे गद्य-निर्माता, साहित्य परिचय, हिंदी-साहित्य का छात्रोपयोगी इतिहास, हिंदी साहित्य की रूप-रेखा, सूर : जीवनी और ग्रंथ, चन्द्रगुप्त : एक अध्ययन, स्कंदगुप्त : एक अध्ययन, अजातशत्रु : एक अध्ययन, गोदान : एक अध्ययन, गबन : एक अध्ययन, निर्मला : एक

अध्ययन; संपा०—व्रजभाषा : सूर-कोश (प्रथम और द्वितीय खंड प्रकाशित), साकेत-समीक्षा, पुण्य स्मृतियाँ, साहित्यिकों के संस्मरण, प्रेमचंद : कृतियाँ और कला, हिंदी-सेवी-संसार, भँवरगीत (नंददास), सूर : गोपीविरह और भँवरगीत, सुदामाचरित, सूर-रामायण, पद्मा-वती समय (रासो से), गद्य-रत्न-मालिका, पद्य-रत्न-मालिका, कामा-यनी-मीमांसा, साहित्यिक पारि-भाषिक शब्दावली, रहस्यवाद और हिंदी कविता ; नाटक—प्रेरणा, संकल्प, कर्मपथ; विविध—तुलसी के राम, रेखाचित्र, हास्य और विनोद, हमारे अमरनायक; बालो०—'बालबंधु' उपनाम से चौपट चौधरी, गाँधी जी से क्या सीखें आदि लगभग डेढ़ दरजन पुस्तकें; प०—रानीकटरा, लखनऊ।

प्रेमनारायण त्रिपाठी 'प्रेम'—ज०—१७ मई १९०२, गढ़ाकोटा, सागर; शि०—का० भू०; प्रका—सामुद्रिक शास्त्र; अप्र०—हस्तरेखा-शास्त्र, प्रेमपद्यावली; प०—मंत्री 'कवि-समाज', जबलपुर।

प्रेमनारायण माथुर—ज०—१५ अक्टूबर १९१३ कुरावड़ (मेवाड़); शि०—एम० ए०, बी० काम, महाराणा कालेज उदयपुर, एस० डी० कालेज कानपुर ; प्रका०—प्रारंभिक अर्थशास्त्र, गाँवों की समस्या ; अप्र०—अर्थ-शास्त्र के सिद्धांतों पर पूँजीवाद ; प०—प्रोफेसर, वनस्थली विद्या-पीठ, जयपुर।

प्रेमनारायण शुक्ल—ज०—१४ अगस्त १९१४; शि०—एम० ए० आगरा वि० वि०; वहीं से 'सूर' पर रिसर्च दो वर्ष तक कर चुके हैं; सा०—आचार्य शुक्ल-साधनामंदिर की स्थापना; १९४६ से 'रामराज्य' साप्ताहिक का संचा-लन ; प्रका०—स्फुट ; वर्त०—अध्यापक डी० ए० वी० कालेज, कानपुर; प०—१९।४४ पटकापुर, कानपुर।

फूलचंद शास्त्री—शि०—सिद्धांतरत्न ; सा०—वाणीग्रंथ-माला के संयुक्त मंत्री; प्रका०—तत्वार्थसूत्र, प्रेममयरत्नमाला, शांति-सिंधु ; अप्र०—जैन-धर्म और दर्शन-संबंधी कई ग्रंथ; प०—संपादक 'ज्ञानोदय', बनारस।

फूलदेव सहाय वर्मा—ज०—१८६१ ; शि०—एम० एस-सी०, ए० आई०, आई० एस-सी० पटना कालेज, पटना विश्वविद्यालय और प्रेसीडेंसी कालेज कलकत्ता, बँगलौर के इंडियन इंस्टीट्यूट आव साइंस से रासायनिक विषयों पर अनुसंधान करके उपाधि पायी; **सा०**—विज्ञान-परिषद्, प्रयाग के सभापति ; ना० प्र० सभा काशी के वैज्ञानिक कोश के सहायक संपा० , 'गंगा' के विज्ञान-अंक का बड़ी कुशलता से आपने संपादन किया था ; हिं० सा० सम्मे० के शिमला अधिवेशन, और बिहार प्रां० सम्मे० के आरा-अधिवेशन के विज्ञान-विभाग के सभापति; **प्रका०**—प्रारंभिक रसायन (दो भाग), साधारण रसायन(दो भाग), मिट्टी के बरतन, वैज्ञानिक शब्द-कोश ; **अप्र०**—अमेरिका, जर्मनी और भारत के पत्र-पत्रिकाओं में छपे वैज्ञानिक लेखों के कई संग्रह; **वि०**—कई पुस्तकें अँगरेजी में भी लिखी हैं ; **प०**—अध्यापक, रसायन-विभाग, हिंदू विश्वविद्यालय, काशी ।

बख्तावरसिंह — **सा०** — निःशुल्क शिक्षा देकर हिंदी-प्रचार का कार्य किया, रजाकारी दिनों में बाधाओं के बीच प्रचार और शिक्षा का क्रम चलाते रहे; **प्रका०**—स्फुट रचनाएँ; **प०**—हिंदी-प्रचार-सभा, खैरताबाद, हैदराबाद (दक्षिण) ।

बचानसिंह पँवार 'कुमुदेश'—ज०—१६१४; शि०—सा० रत्न; **प्रका०**—आधुनिक हिंदी साहित्य पर एक दृष्टि, सूरज-विनोद ; **अप्र०**—अंबर ; **प०**—मुजफ्फर-पुर, सिधौली, सीतापुर ।

बच्चनसिंह—ज०—१ जनवरी १६१६; शि०—एम० ए० (हिंदी) काशी वि० वि० ; **सा०**—काशी ना० प्र० सभा की प्रबन्ध समिति के सद० और पुस्तकालय की उप-समिति के संयोजक ; **प्रका०**—क्रान्तिकारी कवि निराला ; **अप्र०**—इतिहास के पन्ने, स्कूल मास्टर; **वर्त०**—रिसर्च स्कालर ; **प०**—डी० ए० वी० हायर सेकेंडरी स्कूल, काशी ।

बच्चीलाल गुप्त 'योगेंद्र'—ज० १६१२, बराटा, झांसी ; **प्रका०**

—शिक्षा-सरोज-काव्य ; **अप्र०**—विश्वभारती, प्रेम-प्रमोद, ज्ञानप्रदीप; **प०**—चिरगाँव, झाँसी ।

बजरंगलाल सुलतानिया—ज०—१९१९ रुदौली, बाराबंकी ; शि०–फैजाबाद ; लेख०–१९३५; भूत० संपादक 'सुकवि' १९३९-४०; **प्रका०**—स्फुट ; प०—पो० जलालपुर, फैजाबाद ।

बदरीदत्त झा—ज०—१९०८; **शि०**—ए० एम० एस० ; **सा०** 'सुधानिधि' का कई वर्षों से संपादन कर रहे हैं; प्रका०—आयुर्वेद संबंधी कई पुस्तकें; प०—प्रोफेसर, बुंदेलखंड आयुर्वेदिक कालेज, झाँसी ।

बदरीनारायण शुक्ल—ज०—१० सितंबर १९१० कटनी; शि०—एम० ए०, बी० टी० जबलपुर ; प्र०—१९३०; प्रका०—कुंदजेहन, शास्त्रीसाहब ; अप्र०—कथाकुंज ; प०—अध्यापक राजकुमार कालेज, रायपुर ।

बद्रीप्रसाद सारस्वत—ज०—१९१५ अछनेरा (आगरा); **शि०**—एम० ए० (इति०), एम० ए० (हिंदी), एल-एल०बी०(प्रथमश्रेणी); **सा०**—नागरी प्रचारिणी सभा के सभापति; **प्रका०**—सुदामा चरित्र; **वर्त०**—सबडिप्टी इंसपेक्टर आव स्कूल्स ; प०—जयपुरा, इटावा ।

बद्रीविशाल पित्ती—**सा०**—हैदराबाद हिंदी-प्रचार-सभा के सहा० मंत्री १९४९, मारवाड़ी नवयुवक मण्डल (प्रकाशन-विभाग), कमर्शल प्रेस हैदराबाद 'चेतना-प्रकाशन' आदि के संचालक, 'कल्पना' (द्वैमासिक) के संपादकों में ; **प्रका०**—रजकण—कहा०; **अप्र०**—सप्तमी—कहा०; झाँसी की रानी—नाटक; **प०**—मारवाड़ी नवयुवक मण्डल, मारवाड़ी बाजार, हैदराबाद (दक्षिण) ।

बनारसीदत्त शर्मा 'सेवक'—**सा०**—संपादक 'स्वतंत्र' साप्ताहिक झाँसी, 'सचित्र दरबार' 'विद्यावती पुस्तकमाला' यूनीवर्सल प्रेस आव इंडिया से निजी पुस्तकों का प्रकाशन; **प्रका०**—उप०–नर और नारी, रोटी, मनोरमा, वैशाली, पथभ्रष्ट, बड़ा आदमी, गुलाबी रातें, अचल की आँखें, जीवन : एक खेल—कहा०; हारजीत–गीत;

अप्र०—भला आदमी, सरगम ; वर्त०—डायरेक्टर अजंता कार्पोरेशन लिमिटेड, एलोरा फाइनेंस ऐंड कामर्स लिमिटेड, 'बड़ा आदमी' चित्रपट पर ला रहे हैं ; प०—मैनेजिंग डायरेक्टर, सेवक आर्ट प्रोडक्शन लिमिटेड, दिल्ली : अथवा बंबई ।

बनारसीदास चतुर्वेदी—जा०—१८६२; शि०—आगरा कालेज में इंटर तक ; सा०—फरुखाबाद हाई स्कूलमें अध्यापक १६१३-१४ ; डेली कालेज इन्दौर में अध्यापक १६१४-२० ; शांतिनिकेतन में दीनबन्धु सी० एफ० ऐंड्रूज के साथ १६२०-२१ ; गुजरात राष्ट्रीय विद्यापीठ अहमदाबाद में अध्यापक १६२१-२५ ; तभी साबरमती आश्रम में प्रवासी भारतीयों का कार्य ; 'आर्यमित्र' तथा 'अभ्युदय' के सम्पादकीय विभागों में—१६२७ ; 'विशाल भारत' के सम्पादक १६२८-३७ ; टीकमगढ़ी श्रीवीरेंद्र केशव साहित्य-परिषद् के प्रधान १६३७ ; पाक्षिक 'मधुकर' के सम्पादक १६४० से; प्रवासी भारतीयों के सम्बन्ध में आंदोलन कार्य १६१४-३४ ; इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि होकर ईस्ट अफ्रिका गये १६२५; समय-समय पर प्रवासी भारतीय, घासलेट-साहित्य-विरोधी, साहित्य और जीवन, विकेंद्रीकरण, जनपदीय कार्यक्रम, बुंदेलखंड प्रान्त-निर्माण, पत्रकार और लेखक-समस्या, अराजकवाद, सेतुबन्ध आदि आंदोलनों में सोत्साह कार्य किया ; शान्तिनिकेतन में हिन्दी-भवन, कांग्रेस में विदेशी विभाग और साहित्य-सम्मेलन में सत्यनारायण कुटीर की स्थापना करायी ; प्रका०—प्रवासी भारतवासी, भारतभक्त ऐंड्रूज, सत्यनारायण कविरत्न, रानडे, केशवचन्द्रसेन, हृदयतरंग (संग्रह), फिजी की समस्या, फिजी में भारतीय प्रतिज्ञाबद्ध कुली-प्रथा, राष्ट्रभाषा, ट्रैक्ट—एमा गोल्डमैन, लुई माइकेल, प्रिंस क्रोपाटकिन, माइकेल बाकूनिन आदि; वि०—अपने ग्रन्थों से विशेष आर्थिक लाभ उठाने का आपने प्रयत्न नहीं किया ; सर्वसाधारण के लिए अपनी रचनाओं का मुद्रणाधिकार स्वतंत्र कर रखा है ; समय-समय

पर अनेक साहित्य-संस्थाओं के सभापति भी रहे हैं; प्राचीन भारतीय उत्सवों के उद्धार और प्रचार की आशा से प्रतिवर्ष आप वसंतोत्सव की आयोजना करते हैं; प०—टीकमगढ़, झाँसी।

बनारसीदास जैन—ज०—१८८६ लुधियाना; शि०—एम० ए०, पी-एच० डी०; प्रका०—अर्धमागधी रीडर, हिन्दी व्याकरण, जैन-जातक, प्राकृत - प्रवेशिका, फोनोलोची आव पंजाबी, कैटलाग आव मैनस्क्रिप्ट्स इन दी पंजाबी जैन भांडार, पंजाबी जबान का लिट्रेचर—फारसी।

बनारसी प्रसाद भोजपुरी—ज०—१९०४; शि०—सा० र०; सा०—भूत० सह० संपा०—'स्वाधीन भारत' आरा, 'आर्य महिला' काशी, 'बालकेसरी' आरा; शाहाबाद जिला-साहित्य-सम्मेलन के संयुक्त मन्त्री; राष्ट्रीय आन्दोलनों में जेल-यात्रा; प्रका०—भंडाफोड़, मेरे देश-भक्त, मेरे देवता राम का फैसला, समाज का पाप, गरीब की आह, आदर्श गाँव, मैदानेजंग; प०—डि० बोर्ड प्रेस, आरा।

बनारसीलाल 'काशी'—शि०—बी० ए०, सा० र०; सा०—कई स्थानो में सम्मेलन-परीक्षा-केंद्र के स्थापक; प्रका०—रामायण के उपदेश, हिन्दी-पाठमाला; प०—प्रधान हिन्दी अध्यापक, सरल हाई स्कूल, तिलौथू, शाहाबाद।

बम्बहादुर सिंह नैपाली 'मगन'—ज०—देहरादून १९१७; शि०—बेतिया; प्रका०—फुटबाल नियमावली, फुटबाल, फुटबाल-संसार, चम्पारन का इतिहास तथा संजीवन; प०—पेशकार, रामनगर राज्य, चम्पारन, बिहार।

बलदेव उपाध्याय—ज०—१८९९ बलिया; सा०—संस्कृत के अनेक ग्रन्थों के शुद्ध संस्करण निकाले, विशेष रूप से 'काव्य-लंकार' और 'भरत नाट्यशास्त्र' का शुद्ध सुलभ संस्करण प्रस्तुत किया; प्रका०—रसिक गोविंद और उनकी कविता, सूक्ति-मुक्तावली, संस्कृत-कविचर्चा, भारतीय दर्शन, शंकर-दिग्विजय, आचार्य सायण, बौद्धदर्शन-मीमांसा–इसपर २१००) का डालमिया पुरस्कार और १२००) यू० पी० सरकार द्वारा प्राप्त, आर्य-

संस्कृति के मूलाधार, भारतीय साहित्य-शास्त्र—२ खंड ; प०—संस्कृताध्यापक, हिंदू विश्वविद्यालय, काशी।

बलदेव प्रसाद मिश्र—ज०—काशी; सा०—'रत्नाकर' के भूतपूर्व सम्पा० और 'सरिता' के सम्पा० मंडल में हैं ; प्रका०—शवसाधन, उलूकतंत्र; प०—'सरिता'-कार्यालय, काशी।

बलदेवप्रसाद मिश्र 'राजहंस'—ज०—१२ सितंबर १८९८;शि०—एम्० ए०, एल-एल० बी, डी० लिट् प्रयाग और नागपुर विश्वविद्यलय; सा०—कई साहित्यिक, सामाजिक तथा लोकसेवी संस्थाओं के सभापति; प्रका०—शंकर-दिग्विजय, शृंगारशतक, वैराग्यशतक, असत्य संकल्प, वासववैभव, जीवन-विज्ञान, साहित्यलहरी, गीतासार, कोशलकिशोर, मादक प्याला, मृणालिनी-परिणय, समाजसेवक, तुलसी-दर्शन, जीवन-संगीत, मानस-मंथन; प०— आचार्य डिग्री कालेज, विलासपुर।

बलदेवप्रसाद मेहरोत्रा—ज०—१९२३; शि०—बी० ए० काशी वि० वि०, सा० लं०; सा०—मंत्री राष्ट्रभाषा विद्यालय काशी; प्रका—स्फुट; प०—ठि० श्री लक्ष्मीचंद मेहरोत्रा वकील, काशी।

बलदेवराज शर्मा 'उपवन'—ज०—४ नवंबर १९११; सा०—भूत० संपा० 'सरिता, वर्त० संपा० 'महाशक्ति'; प्र०—१९३६;प्रका०—स्फुट ; प०—महाशक्ति-कार्यालय, काशी।

बलभद्र पति—ज०—१९१४; सा०—संस्था० हि० सा० परिषद; प्रका०—स्फुट; प०—पिंजरापोल, नई बस्ती, राँची।

बलभद्रप्रसाद गुप्त 'रसिक'—सा०—'अंगूर के गुच्छे' बालोपयोगी त्रैमासिक के संपादक; प्रका०—स्फुट बालोपयोगी रचनाएँ; प०—अध्यापक, विद्या-मंदिर, प्रयाग।

बलभीमराव शर्मा—शि०—हिंदीभूषण; सा०—जोगीपेठ में हिंदी परीक्षाओं के केन्द्र-संस्थापक; प्रका०—स्फुटरचनाएँ;प०—जोगीपेठ, जिला मेदक(दक्षिण)।

बलवीरसहाय — सा० — 'कमल' और 'मस्ताना जोगी' दिल्ली

के संपा० मंडल में हैं; **अप्र०**—झंझा और लाश; **प०**—'कमल'-कार्यालय, वकीलपुरा, दिल्ली।

बलवीर सिंह 'रंग'—**ज०**—१९१८; **सा०**—'युगवाणी' का संपादन किया; राष्ट्रीय आंदोलनों में भाग लेकर जेल गये; **प्रका०**—प्रवेश-गीत, साँझ-सकारे; **अप्र०**—चित्रशाला; **प०**—भारतीय प्रेस, एटा।

बल्लभदास बिन्नानी—**शि०**—सा० र०, सा० अं०; **सा०**—स्थानीय पुस्तकालय और साहित्य परिषद् के संस्थापकों में; **प्रका०**—स्फुट बालोपयोगी रचनाएँ; **प०**—मेटिल हाउस, मिरजापुर अथवा ४३ स्ट्रैंड रोड, कलकत्ता।

बसव माणय्या—**सा०**—जोगी पेठ के उत्साही हिंदी-प्रचारक, निःशुल्क हिंदी-शिक्षा-दान, स्थानीय आर्यसमाज के प्रधान; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—आर्यसमाज, जोगीपेठ जिला मेदक (दक्षिण)।

बहादुरसिंह—**शि०**—एम. एस-सी.; **प्रका०**—स्फुट; **वि०**—प्रायः अँगरेजी में ही लिखते रहे हैं; **प०**—अध्यापक वनस्पति शास्त्र, बलवंत राजपूत कालेज, आगरा।

बाँकेलाल अग्रवाल—**ज०**—१८९८, **शि०**—१९२४ में आ० वि० वि० से बी० ए०; **प्र०**—कृष्ण-सुदामा-संवाद; **प्रका०**—हरनाथ के उपदेश, ब्रह्मचर्य और व्यायाम; **अप्र०**—उपदेशामृत, भक्त-दोहावली; **प०**—अध्यापक मेकडानल इंटर कालेज, झाँसी।

बाघसिंह 'नेवरी'—**प्रका०**—संघर्ष; **अप्र०**—राजपूत तू जाग, सोया गौरव; **प०**—राजपूत प्रेस, भिंडो का रास्ता, जयपुर।

बालचंद शास्त्री—**शि०**—एम. ए.; **प्रका०**—अंजना (काव्य); **अप्र०**—दो कहानी और काव्य-संग्रह; **प.**—ठि. वीर-सेवा-मंदिर, सरसावाँ, सहारनपुर।

बाबूराव विष्णुपराड़कर—**ज०**—१८८३ काशी; **स०**—भूत० संपादक 'बंगवासी' (१९०७—८), 'हितवार्ता' १९०७—१०, 'भारतमित्र' १९१०—१२, 'आज' १९२० से अब तक, कुछ समय दैनिक 'संसार' के भी संपादक रहे, अ० भा० हिंदी-साहित्य सम्मेलन के २७ वें शिमला अधिवेशन के सभापति;

वि०—स्व० श्री प्रेमचंदजी की पुण्यस्मृति में मासिक 'हंस' काशी के 'स्मृति-अंक' का भी आपने १६३७ में संपादन किया था; प्रतिष्ठित पत्रकार हैं और हिंदी-पत्रकार-कला के उन्नायकों में आपकी गणना है; प०—सेवा-उपवन, काशी अथवा 'आज'-कार्यालय, कबीरचौरा काशी।

बाबूलाल 'इन्दु'—सा०—राष्ट्रीय-आंदोलनों में भाग, जेल यात्राएँ; प्रका०—स्फुट लेख और कविताएँ; प०—संपा० और संचा० 'निर्भीक', धानमंडी, कोटा।

बाबूलाल तिवारी—ज०—१६१५; शि०—सा. रत्न, सा०—बुंदेलखंड नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापक, आपको श्रीधरस्वर्णपदक मिला; प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—गाँधी टपरा, झाँसी।

बाबूलाल तिवारी 'ललाम'—ज०—१८७७; जा०—अँगरेजी, संस्कृत, फारसी; अप्र०—अनेक कविता-संग्रह; प०—नेत्र-चिकित्सक नियावा, फैजाबाद।

बाबूलाल भार्गव 'कीर्ति'—ज०—१६०८ सागर; शि०—बी० ए०, बी० टी०, सा० अं०, सा० रं०, एम० आर० ए० एस० सागर, काशी, जबलपुर; प्रका०—परियों का दरबार, लोमड़ी रानी, विदेश की कहानियाँ, बाल-कथा-मंजरी, पद्यप्रसून, सुगम हिंदी-व्याकरण (२ भाग); अप्र०—अनोखी कहानियाँ, मिठाई, फुलझड़ियाँ, सप्तधारा, तितली, गद्य-प्रवेशिका, कर्ण (काव्य); वर्त०—सुधन्वावध, विश्वभ्रमण, नामक पुस्तकें लिख रहे हैं; प०—हेडमास्टर, म्यूनिस्पल हाई स्कूल, सागर।

बाबूलाल मार्कंडेय—ज०—१८६८; प्र०—पाप का फल—कहानी; प्रका०—स्फुट कहानियाँ; प०—आजाद हिंद रोड, पालीपुर, खँडवा।

बालकृष्णराव—स्व० श्री सी० वाई० चिंतामणि के सुपुत्र, ज०—१६१६; शि०—एम० ए०, आई० सी० एस०; सा०—मंत्री सुकवि-समाज प्रयाग, सभापति कवि-सम्मेलन द्विवेदी-मेला प्रयाग, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रयाग, असिस्टेंट कमिश्नर हरदोई; सभापति

हिंदी-साहित्य संघ, लखनऊ; प्रका०—कौमुदी, आभास; प०—सिविल लाइंस, प्रयाग।

बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'—ज०—१८९७ भुजालपुर; सा०—भूत० संपा० 'प्रताप,' 'प्रभा'; प्रका०—कुंकुम; अप्र०—कई सुंदर कविता-संग्रह; प०—ठि० 'प्रताप'-कार्यालय, कानपुर।

बालमुकुंद गुप्त—ज०—१९०९, लखनऊ; शि०—प्रारंभिक शाहजहाँपुर, कन्नौज, कानपुर, एम० ए०—आगरा विश्वविद्यालय, सा० र०; सा०—'हिन्दी में कृष्ण काव्य का विकास' पर अनुसंधान करके डाक्टरेट की उपाधि के लिए थीसिस आगरा विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर दी है, हिं० सा० स० के प्रचार-मंत्री, उत्तर प्रदेशीय शिक्षा बोर्ड की हिंदी कमेटी और आगरा विश्वविद्यालय की फैकल्टी आव आर्टस के सदस्य; ना० प्र० स० काशी, आगरा वि० वि० वंगीय हिंदी-परिषद् कलकत्ता और रायल एशियाटिक सोसाइटी के सदस्य; प्रचारमंत्री—बाल-संघ कानपुर; प्रका०—पाठ्य क्रम की पुस्तकें जो पंजाब और उत्तर प्रदेश में प्रचलित हैं; वर्त०—'धूपछाँह' के प्रधान संपा०; प०—मनीराम की बगिया, कानपुर।

बालमुकुन्द गुप्ता—शि०—एम० ए०, सा० र०; सा०—'वर्तमान' (दैनिक), कानपुर के भूत०संपादक; प्रका०—हिंदी व्याकरण और रचना-प्रवेश; अप्र०—दो समालोचना-संबंधी साहित्यिक लेख-संग्रह; प०—हिंदी अध्यापक, डी० ए० वी० कालेज, गोरखपुर।

बालमुकुंद मिश्र—ज०—१३ दिसम्बर १९२१, दिल्ली; शि०—तर्क रत्न, सा० लं०, अलीगढ़, अमृतसर, ऋषिकेश, हरिद्वार, दिल्ली; प्र०—१९३६ में मथुरा, चित्रकूट और प्रयाग की तीर्थयात्रा; सा०—संपादक उर्दू पत्र 'स्वराज्य' और 'वीर हिंदू', हिंदी 'वीर अर्जुन' दैनिक और साप्ताहिक, 'हरिजन-हितैषी', मासिक 'युग-छाया', 'अशोक', भारतीय सरकार के सूचना तथा प्रचार-विभाग के 'साँग पब्लिसिटी आर्गनाइजेशन' के गीतकार और कवि (युद्धकाल में);

प्रका०—न्यायाधीश का निर्णय—प्रहसन, आर्यसमाजी संस्कार-विधि, दिग्दर्शन—आलो०, आर्य - समाज की ओर—निबंध ; प०—द्वारा—मंदिर कृपाशंकर, चाँदनी चौक, दिल्ली।

बालमुकुंद व्यास—ज०—१८८२ बजरंगगढ़ ग्वालियर ; ज्ञा०—हिंदी, उर्दू, फारसी और संस्कृत ; प्रका०—श्री शीलनाथ शब्दामृत - १९३२ ; अप्र०—बृहद् शास्त्रीय हिंदी - व्याकरण ; प०–बजरंगगढ़,ईसागढ़,ग्वालियर।

बालाप्रसाद शुक्ल—शि०—बी० ए०, एल-एल-बी० ; सा०—भूत० अध्यक्ष स्थानीय हिंदी-प्रचार सभा (शाखा) ; प्रका०—स्फुट कविताएँ ; प०—वकील, नाँदेड, (दक्षिण)।

बिंदाचरण वर्मा–ज०–१९२३ मुजफ्फरपुर ; शि०—बी० एस-सी०; सा०—'सुहृद-संघ' मुजफ्फरपुर के संस्थापकों में एक ; उक्त संघ के प्रबंध मंत्री, मोतीपुर के निर्माण में आपने सहयोग दिया ; प्रका०—स्फुट ; प०—हेडमास्टर, हाई इंगलिश स्कूल, मोतीपुर, मुजफ्फरपुर।

बिट्ठलदास मोदी—सा०—संस्था० 'आरोग्य-मंदिर' गोरखपुर; संपा०–'आरोग्य' ; भूत० संपा० 'जीवनसखा' और 'जीवनसाहित्य'; प्रका०–सर्दी जुकाम खाँसी(अनु०), उपवास से लाभ ; प०—आरोग्य मंदिर, गोरखपुर।

बी० किशनलाल सूर्यवंशी—सा०—हैदराबाद (दक्षिण)में हिंदी प्रचार, कई अध्यापन-क्षेत्रों और अकनूर में परीक्षा-केंद्र की स्थापना की, लालगुडा पाठशाला में हिंदी-अध्यापक; प्रका०—स्फुट; प०—ईसामिया बाजार, हैदराबाद (दक्षिण)।

बी० रामकृष्णाचार—शि०—बी० ए०, विद्वान (मद्रास) ; सा०—दक्षिण भारत के उत्साही हिंदी प्रचारक, हिंदी के उपयोगी प्रकाशन का उद्योग ; प्रका०—सती शर्मिष्ठा ; प०—कल्याण प्रेस, उडिप्पी, दक्षिणी कनारा, दक्षिण।

बी० हीरासिंह– ज०–मुरादाबाद ; शि०—साहित्य-विशारद; सा०—बाल - अध्ययन मंडल मद्रास के प्रधान मंत्री, हिंदी

लेखक-संघ मद्रास के संयुक्त मंत्री; अप्र०—गुजराती से अनु० ग्रन्थ ; प०—ठि०-हिंदी लेखक-संघ, ६७ मिंट स्ट्रीट, मद्रास १।

बुद्धदेव पांडेय 'सुमन'—ज० —१६२२; शि०—शास्त्री(पंजाब), सा० आ० बिहार संस्कृत एसोसिएशन, पटना, बी० ए०—पटना वि० वि०, सा० वि० ; सा०—स्थानीय सा० परिषद और श्री जगद्विनोद पुस्तकालय के प्रधान मंत्री ; प्र०—परिवर्तन; प्रका०—तुलसीदास, होली, बिखरे हुए फूल; परिवर्तन, विदाई, भ्रमर ; प०—श्री सुभाष हाई स्कूल, इसलामपुर, अतासराय, पटना।

बुद्धिचंदपुरी 'हिमकर'—शि० —सा० भू०, सा० लं० ; प्रका०—स्त्री-शिक्षा, भजनावली, स्त्रीधर्म, चेतावनी, श्रीकामधेनुदशा, भक्ति-उपदेश-रत्न, श्रीप्रहलाद नाटक, श्रीसूरदास, सतीशीलवंती, पूर्णभक्त (चार भाग), श्रीबद्री-केदार-यात्रा।

बुद्धिनाथ झा—ज०—भागलपुर ; सा०—हिंदी-लेखक-संघ मद्रास के वर्त० सभा० ; पुराने राजनीतिक कार्यकर्ता; अप्र०—स्फुट रचनाएँ ; प०—६७, मिंट स्ट्रीट, मद्रास १।

बूलचन्द—ज०—१ जून १६०८; शि०—एम० ए०, पी-एच० डी० (लंदन); सा०—व्यवस्थापक बंबई प्रांतीय राष्ट्रभाषा - प्रचार - सभा, अध्यक्ष म्यूनिसिपल स्कूल के हिंदी परीक्षा-बोर्ड ; आचार्य—भारतीय विद्या-भवन; वर्त०—राजनीति-ज्ञान-कोश लिखने में प्रयत्नशील; प०—नवगुजरात, अंधेरी, बम्बई।

बूलदेवसिंह 'बल'—ज०—१८८५ ; प्रका०—ऋतुराज, सरस सावन ; प०—अभाव ग्राम, शाहाबाद।

बेनीप्रसाद वर्मा—ज०—१६२० ; शि०—बी० ए० अजमेर, नागपुर; प्रका०—भारतीय चित्रकला तथा शिल्पकला ; वि०—आपने कवि 'प्रसाद' के 'आँसू' का अँगरेजी में अनुवाद किया है ; प०—असिस्टेंट स्टेशन मास्टर, इटारसी।

बेनीप्रसाद शर्मा 'दिनेश'—ज०—१६०८ ; शि०—पुराण-भूषण, धर्मालंकार ; प्रका०—श्रीपावनगिरि-भजनावली, सत्यनारायण-कथा, अम्बा-भजनावली;

वर्त० — मन्त्री, पाटीदार-युवक-मंडल ; प०—शांति-कुटीर-पत्रालय, ऊन, होलकर राज्य ।

बैजनाथ गुप्त— ज०—१६२२; शि०—विशारद ; प्र०—चिन्ता; प्रका०—जलती निशानियाँ, किसानों की दुनियाँ (खंड-काव्य) ; प०—पटकापुर, रामपुर ।

बैजनाथपरी — २५ जनवरी १६१६ लखनऊ ; शि०—एम० ए०, एल-एल० बी० लखनऊ ; सा०—सम्पादक 'प्राचीन भारत'; सदस्य इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस ; प्रका०—इंडियन ऐज़ डिसक्राइब्ड बाई अरली ग्रीक राइटर्स; अप्र०—यूनानी इतिहासकारों का भारत-वर्णन, कुशानकाल एवं कुशान-कालीन सभ्यता सम्बन्धी ४० लेख; वि०—आजकल कुशान-कालीन सभ्यता और संस्कृति पर थीसिस लिख रहे हैं ; इसी सम्बन्ध में इंगलैंड हो आये हैं और फिर जाने का प्रबन्ध कर रहे हैं; प०—प्राध्यापक इतिहास-विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ; अथवा कटारी टोला, चौक, लखनऊ ।

बैजनाथप्रसाद दुबे—ज०—१६०७ ; शि०—साहित्यरत्न अजमेर बोर्ड ; सा०—सदस्य लेखक संघ प्रयाग, हिन्दी साहित्य-सम्मेलन की परीक्षाओं के केंद्र के व्यवस्थापक ; प्रका०— हिन्दी साहित्य के सप्तसुमन, बड़ों का विद्यार्थी-जीवन ; प०—हिन्दी अध्यापक, पी० बी० पी० स्कूल, महू (मध्यभारत) ।

ब्रह्मदत्त दीक्षित—ज०—१ मई १६१४ ; शि०—बी० ए० आगरा कालेज, एल० टी०—गवर्नमेंट बेसिक ट्रेनिंग कालेज इलाहाबाद, एम० ए० (हि०) प्राइवेट; प्र०—बनवासी भारत ; सा०—हि० वि० वि० परिषद सम्मेलन प्रयाग के सदस्य, सोशियालोजिकल सोसाइटी बनारस के उपमन्त्री ; १६३०-३१ के आंदोलन में भाग और जेल ; प्रका०—बनवासी; अप्र०—भारत के पड़ोसी राष्ट्र; प०—गवर्नमेंट नार्मल तथा बेसिक सेंटर, बनारस ।

ब्रह्मदत्त भवानीदयाल—महात्मा भवानीदयाल संन्यासी के सुपुत्र; ज०—१३ फरवरी १६१६ ; शि०—शास्त्री डरबन कालेज (दक्षिण-

अफ्रीका); प्रका०—पोर्तुगीज पूर्व अफ्रीका में हिन्दुस्तानी, प्रवासी-प्रपंच-उपन्यास ; वि०—आप की सहधर्मिणी सुश्री निर्मला देवी भी हिन्दी विदुषी हैं ; प०—प्रवासी-भवन, आदर्शनगर, अजमेर।

ब्रह्मदत्त मिश्र 'सुधींद्र'—शि०—बी० ए०, सा० र० इन्दौर, आगरा, गोरखपुर ; सा०—भारतेंदु समिति, कोटा राज्य के साहित्य-मंत्री ; प्रका०—शंखनाद; अप्र०—कई कविता-संग्रह; प०—क्लर्क, पुलिस विभाग, कोटा।

ब्रह्मदत्त तिवारी 'नागर'—शि०—साहित्यरत्न, प्रयाग, लखनऊ; सा०—हिंदी विद्यापीठ, (अब अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ) लखनऊ के संस्थापक और परीक्षा मंत्री, 'साकेत-प्रकाशन-मंडल' नामक प्रकाशन संस्था के अध्यक्ष; प्रका०—शिवरात्रिव्रत, अंबरीष, सेवाग्राम—कविता, हिंदी साहित्य का विकास, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिंदी व्याकरण संबंधी चार-पाँच पुस्तकें; वर्त०—हिंदी प्रोफेसर, अमीनाबाद इंटर कालेज, लखनऊ ; प०—गुरुद्वारा रोड, नाका हिंडोला, लखनऊ।

ब्रह्मदत्त त्रिवेदी—ज०—१६१७ ; शि०—सा० र०, एम० ए० जयपुर ; सा०—उच्च कक्षाओं में भाषा-विज्ञान और अँगरेजी का अध्यापन, अध्यक्ष ऋषिकुल लक्ष्मणगढ़, सद० और सभापति म्यूनिसिपल बोर्ड ; प्रका०—हिन्दी में व्याकरण और न्याय आदि विषयों के अनुवाद ; प०—आचार्य, ऋषिकुल संस्कृत कालेज, लक्ष्मणगढ़।

विष्णुप्रसाद व्यास—**ज०**—१९२६ शिवपुरी (ग्वालियर); **शि०**—बी० ए० तक स्थानीय विक्टोरिया कालेज में; एम० ए० (आनर्स, हिंदी) १९४८ में काशी वि० वि०; **सा०**—भूत० संपा० साप्ताहिक 'जीवन' और 'प्रजापुकार', 'सन्मार्ग' के काशी वि० वि० से प्रतिनिधि, दैनिक 'नवप्रभात' और साप्ताहिक 'मंगलप्रभात' के भूत० सहा० संपा०; **प्रका०**—स्वास्थ्य-स्वच्छता और समाज-सेवा; **प०**—उपसंपादक, साप्ताहिक 'मध्यभारत-संदेश', ग्वालियर।

विष्णुराम सनावद्या, 'सुमनाकर'—**ज०**—१९१२; **शि०**—हि० रत्न, सा० मनीषी; **प्रका०**—सुविचार-दिवाकर; **प०**—संतोष-कुटीर, ऊन, होलकर राज्य।

विष्णुशरण, 'इन्दु'—**ज०**—७ जूलाई १९२३; **सा०**—मेरठ जनपद हि० सा० सभा के प्रधान मन्त्री; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—२२३ दामोदर बिलडिंग, सराय लालदास, मेरठ।

वी. डी. ज्ञानी—**ज०**—बरहानपुर (म० प्रां०); **शि०**—बी० एस-सी०, एल-एल० बी०; **सा०**—मद्रास में हिन्दी-प्रचार; **प्रका०**—स्फुट रचनाएँ; **प०**—प्रधान अध्यापक, शुद्धाद्वैत वैष्णव हाई स्कूल, मद्रास।

वी० पी० वर्मा, 'भरसरी'—ज०—१९१५; जा०—उर्दू, बँगला, मराठी; प्रका०—स्फुट कहानियाँ; प०—भरसर, बलिया।

वीरसिंह जू देव, (महाराज बहादुर सवाई महेद्र) —**ज०**—१६ अप्रैल १८९९; शि०—इन्दौर, राजकोट; **सा०**—के० सी० एस० आई० ओरछा नरेश; वि०—आप का दो हजार रुपए का 'देव-पुरस्कार' प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ काव्य ग्रन्थ पर दिया जाता है, स्वयं भी अनन्य हिंदी-भक्त और कवि हैं; प०—ओरछा।

वीरहरि त्रिवेदी — सा० र०, प्रभाकर; **ज०**—१९०७ सागर; शि० — हिन्दू कालेज अमृतसर और देहली; **जा०**—उर्दू, गुजराती, बँगला; **सा०**—सम्मेलन परीक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा; **प्रका०**—झाँसी की रानी (नाटक), निर्मल नीति-निकुंज, स्वरोदय

ज्ञान, चाणक्य-नीति; प०—काटन ट्रेडिंग कंपनी, देवनगर, कानपुर।

वीरेंद्रकुमार—ज०— जून १९१८ ; शि०—एम० ए०, डी० फिल० प्रयाग वि० वि० प्रथम श्रेणी सर्वोच्च स्थान प्राप्त, डी० फिल की थीसिस 'लार्ड हार्डिंज का शासनकाल' पर थी; सा०—हिंदी-प्रचारऔर देशकी सांस्कृतिक उन्नति के लिए दूर देश चीन में चीनी विद्यार्थियों को राष्ट्रभाषा-शिक्षा देने में ३ वर्षों से प्रयत्नशील हैं ; अप्र०—हिंदी की पाठ्य पुस्तकें ; प०—नेशनल कालेज आफ ओरिएंटल,स्टूडीज़, सन पै लु, चीह ट्रस्ट लिन, नानकिंग, चीन।

वीरेंद्रकुमार-शि०—बी० ए० ; प्रका०—आत्मपरिणय - कहानी ; अप्र०—दो कहानी और कविता-संग्रह ; प०—इंदौर।

वीरेंद्रनारायण—ज०—भागलपुर ; शि०—बी० एस-सी० पटना वि० वि० ; सा० — पहले 'राष्ट्र-वाणी' के संपादक-मंडल में थे, अब 'नयी धारा' के उप-संपादक हैं ; प्रका०—स्फुट एकांकी और कहानियाँ ; प०—'नयी धारा'-कार्यालय, पटना।

वीरेंद्रपाल सिंह—ज०—१५ मार्च १९२० एटा ; शि०—सा० र० लाहौर, प्रयाग; सा०—साप्ताहिक पत्र 'वीरभूमि' के जन्मदाता तथा संपादक, भूत० संपा० 'सुधाकर' ; प्रका० — बाल-पद्यावली, रचना-प्रबोध ; अप्र०—गोशाला (पद्य), जमुना किनारे, राजपूताने की मुद्रा ; प०—आर्य-समाज भवन, उदयपुर।

वीरेंद्र विद्यार्थी-ज०-१८९४; शि० — बी० ए०, एल० टी० ; प्रका०—स्फुट लेख तथा कविताएँ; प० — अध्यापक पृथ्वीनाथ हाई स्कूल, कानपुर।

वीरेंद्रसिंह चौहान— ज० — १९१६ फरुखाबाद ; सा०—संचालक 'अमर ज्योति' ; रचनात्मक कार्यों में संलग्न, राजपूताना प्रांतीय कांग्रेस व जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य, संयुक्त मंत्री जयपुर राज्य प्रजा-मंडल ; प्रका०—स्फुट लेख; प०—प्रजामंडल - कार्यालय, जयपुर।

वृंदावनलाल वर्मा—ज०—१८९० मऊरानीपुर; शि०—बी०

ए०, एल-एल० बी०; **प्रका०**—उपन्यास—लक्ष्मीबाई, कचनार, मुसाहिबजू, अचल मेरा कोई, कुंडलीचक्र, कभी न कभी, प्रेम की भेंट, प्रत्यागत, हृदय की हिलोर, माधव जी सिंधिया, सत्रह सौ उन्नीस, आनंदघन, राणासाँगा, टूटे काँटे; नाटक—राखी की लाज, झाँसी की रानी, काश्मीर का काँटा, फूलों की झोली, बाँस की फाँस, लो भाई पंचों लो, पीले हाथ, मंगल मोहन, कब तक, नीलकंठ, सगुन, पायल, जहाँदारशाह; कहानी-हर सिंगार, दबे पाँव, कलाकर का दंड; **प०**—मयूर प्रकाशन, मनिक चौक, झाँसी।

वृदावन विहारी— **ज०**—१९११; **शि०**—पटना विश्व वि०; **सा०**—सहा० मंत्री आरा साहित्य मडंल, पटना आ० इ० रे० स्टेशन से रुपक ब्राडकास्ट करते हैं; **प्रका०**—मधुवन, आकांक्षा (उप०), लालचंद (उप०), अनन्त श्री कामता सखी(आलो०); **प०**—शिक्षक टाउन स्कूल, आरा।

वेंकटेश चंद्र पांडेय, 'कवि कोल्हू'— **ज०**— २५ जूलाई १९१९ बरेली; **शि०**— एम० ए० (हिन्दी और इतिहास) आगरा वि० वि०; **सा०**—पीलीभीत में हिन्दी साहित्य परिषद् के संस्थापक, सद०कवि मंडल, सुहृद-गोष्ठी, हि० प्रचार-सभा, अलीगढ़; **प्रका०**—चप्पल, मेरा टामी; **प०**—गवर्नमेंट हाई स्कूल, अलीगढ़।

वेंकटेश शर्मा, 'प्रभात'—**ज०**—१९२४; **शि०**—एम० ए०, सा० र०, जोधपुर, आगरा वि० वि०; **सा०**—हि०सा० सम्मेलन परिक्षाओं के केंद्रों और साहित्य-गोष्ठियों के आयोजन द्वारा हिंदी-प्रचार; **प्रका०**— तुलसी-वंदना, डिंगल-साहित्य की महत्ता, गांधी-गरिमा, क्रान्तिदधि, हिंदी-पद्य-संग्रह और गद्य-चयनिका (टीका), आदर्श महापुरुष, प्रतिभा, एकांकी-सुषमा, प्रतिशोध और प्रतिज्ञा (निष्कर्ष); **अप्र०**—अर्चना; **प०**—हिंदी अध्यापक, उम्मेद हाई स्कूल, जोधपुर।

वेणीप्रसाद शर्मा — **ज०**—१९०८; **प्रका०** — पावनगिरि भजनावली, सत्यनारायण कथा;

प०— शांति-कुटीर, खाचरोद, ग्वालियर।

वेणीमाधव शर्मा — ज०—काशी १९१७ ; शि०—बी० ए०, बी० टी० ; सा०—अमर-भारती-प्रेस के सम्पादक; प्रका०—हमारा हिन्दी-साहित्य ; प०— अमर भारती प्रेस, काशी।

वेणुकुमारी शुक्ल—शि०—बी० ए०, एल० टी लखनऊ वि० वि० ; प्रका०—स्फुट कहानियाँ; अप्र०—पहचाना नहीं ; प०—कैंट रोड, देहरादून।

वेदरत्न, सरदार—सा०—हिंदी प्रेमी, मद्रास धारा सभा के सदस्य, तामिलनाड हिन्दी-प्रचार-सभा के अध्यक्ष ; प०—वेदारण्यम, तंजौर।

वेंकट राव प्रख्या—ज०—मध्यप्रांत ; शि०—बी० ए०, सा० रत्न ; जा० — अँगरेजी और तेलुगु (मातृभाषा) ; सा०—हिंदी लेखक-संघ मद्रास के भूत० प्रधान मन्त्री, 'छत्तीसगढ़ केसरी' के वर्त० सम्पा० विभाग में ; अप्र०—स्फुट रचनाएँ ; प०—ठि० हिंदी लेखक-संघ, ९७ मिंट स्ट्रीट, मद्रास १।

वैदेहीशरण दुबे—ज०—१८९६; शि०—शास्त्री ; सा०—कांग्रेस के कार्यकर्ता, गाँधी जी के रचनात्मक कार्य का अनुशीलन ; प्रका०—वैदेही विहंगम, गीता-बोध, सीता-वनवास ; प०—दिघवालिया, कचनार, सारन।

व्योहार राजेंद्रसिंह—ज०—१९०० ; शि०— मिडिल १९१०, मैट्रिक १९१८, इंटर रावर्टसन कालेज, असहयोग में १९२० में कालेज छोड़ा ; सा०–१९२० में राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश, छात्र-संघ के मन्त्री १९२२ तक, प्रांतीय धारा सभा के सदस्य १९२७ में, विदेशी-वहिष्कार-आंदोलन के मंत्री, ग्राम-उद्योग-संघ के सदस्य, जबलपुर सेंट्रल बैंक के मन्त्री और वर्तमान सभापति ; १२ वर्ष तक डिस्ट्रिक्ट कौंसिल के सदस्य ; १९३२ में स्काउट असोसिएशन के मन्त्री, १९३३ में महाकोशल हरिजन सेवक-संघ के सभापति, धारा सभा के कांग्रेसी सदस्य—३ बार, जबलपुर साहित्य-संघ के सभापति १९३४ से १९५०, १९३८ में धारा

सभा से स्तीफा, १९४० में जेल-यात्रा, हिंदी साहित्य सम्मेलन के रायपुर अधिवेशन के सभापति, १९३९ में त्रिपुरी कांग्रेसी के उप-सभापति और प्रदर्शनी-विभाग के सभापति ; १९४२ में गाँधी-आश्रम की स्थापना, १९४६ में 'युगारंभ' के सम्पादक, १९४८ में मध्यप्रांतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन के मन्त्री, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के मेरठ अधिवेशन में समाजशास्त्र-परिषद के सभापति ; **प्रका०**—ग्राम-सुधार–१ भाग, ग्रामों का आर्थिक पुनरुद्धार, तुलसीदास की समन्वय-साधना(इस पर गोयल-पुरस्कार मिला जो साहित्य-संघ जबलपुर को दिया), नक्षत्र, मानस-सुधा, सप्तश्लोकी गीता, मौन के स्वर, त्रिपुरी का इतिहास ; **अप्र०**—अर्थशास्त्र के सिद्धान्त, समालोचना के सिद्धांत, गांगेय कर्ण, तुलसी और कालिदास आदि ; **प०**—साठिया कुआँ, जबलपुर।

ब्रजकिशोर, 'नारायण'—**ज०**—१९१८ ; **शि०**—बी० ए०, लाहौर ; **सा०** — भूत० हिंदी प्रोफेसर महिला कालेज गुजरानवाला, भूत० सम्पादक 'हिंदी मिलाप' लाहौर, 'लोकमान्य' कलकत्ता, 'दैनिक हिन्दुस्तान' बम्बई, अब बिहार सरकार के वयस्क शिक्षा - विभाग की मुखपत्रिका 'रोशनी' के प्रधान संपा० ; **प्रका०**—सिंहनाद, आज का प्रेम, यशस्विनी; **अप्र०**—अनारकली, लक्ष्य; **प०**—'रोशनी' - कार्यालय, शिक्षा समिति बिहार सरकार, पटना।

ब्रजकिशोर मिश्र—श्रीकृष्ण-बिहारी मिश्र के सुपुत्र; **शि०**—एम० ए० प्रयाग विश्वविद्यालय; **सा०**—लखनऊ और सीतापुर की प्रमुख साहित्यिक संस्थाओं के कार्यकर्त्ता, भूतपूर्व प्राध्यापक हिंदी-विभाग, कान्यकुब्ज कालेज, लखनऊ; **प्रका०**—स्फुट; **अप्र०**—'रत्नाकर' का उद्धव-शतक (आलोचना); **वि०**—पी०-एच० डी० की उपाधि के लिए अपनी थीसिस प्रस्तुत की है; **प०**—प्राध्यापक, हिंदी - विभाग, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ब्रजनन्दन सिंह — **ज०**—१९२० ; **सा०**—बंगाल राष्ट्रभाषा प्रचार-समिति की कार्यकारिणी के

स्थायी सदस्य, राष्ट्रभाषा के प्रचार में संलग्न ; १९३७-४४ तक कांग्रेस के साथ, कारावास; **प्रका०**— राष्ट्रभाषा - परिचय, हिंदी-बँगला-शब्दकोश ; **वर्त०**–हिंदी और बँगला का तुलनात्मक ऐतिहासिक अध्ययन ; प०—कोटवाँ रानीगंज, बैरिया, बलिया ; अथवा १०१ ग्रे स्ट्रीट,कलकत्ता ५ ।

ब्रजनाथ शर्मा— ज०— १८८७, लखनऊ; शि०— एम० ए०, एल-एल० बी०, सा० लं०; सा०—उप सभापति— रामतीर्थ पब्लिकेशन लीग, युक्त प्रदेश धर्म रक्षिणी सभा, मूलचंद रस्तोगी ट्रस्ट; मान्य सदस्य हि० सा० स०, प्राच्य विभाग लखनऊ वि० वि० के सद०, कई शिक्षा और चिकित्सा संस्थाओं के जन्मदाता, सदस्य—बोर्ड आफ ओरियंटल स्टडीज़, उत्तराखंड विद्यापीठ तथा नवलकिशोर संस्कृत विद्यालय; **प्रका०**—महात्मा गांधी, राज्य-विधान तथा व्यावहारिक वेदांत पर लेख, अँगरेजी में भीकई पुस्तकें लिखीं; प०—रानीकटरा, चौपटियाँ, लखनऊ ।

ब्रजभूषण मिश्र— **प्रका०**— केवल पंद्रह मिनट, ब्रह्मचर्य आसान है; **अप्र०**—हिंदी-साहित्य में अध्यात्म; प०— २३, मदन-मोहन घेरा, वृन्दावन ।

ब्रजभूषण शर्मा— **प्रका०**— घनानंदसुधा, कामायनी का विवेचन, सिद्धराज-समीक्षा, माध्यमिक निबंधमाला; प०—अध्यक्ष हिंदी विभाग, गवर्नमेंट इंटर कालेज, प्रयाग ।

ब्रजमोहन,डाक्टर— ज०— १९०८; शि०—एम० ए०, एल-एल० बी०, पी-एच० डी० कानपुर, आगरा और इंगलैंड में; **सा०**—भूत० मंत्री हिंदी-परिषद काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, मंत्री हिन्दी - प्रकाशन - मंडल काशी विश्वविद्यालय तथा अध्यक्ष विज्ञान-परिषद ; **प्रका०**—समतल-भूमिति भाग—४, ठोस ज्यामिति, प्रारंभिक कलन; **अप्र०**— अँग्रेजी-हिन्दी गणितीय शब्दावली, नियामक ज्योमिति, मायावर्ग, हिन्दू त्योहारों में व्यवहार बुद्धि; प०— प्रोफेसर गणित विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय , काशी ।

ब्रजमोहन तिवारी—ज०—१९०२ ; शि०— एम० ए०, एल० टी०; प्रका०— झलक (कविता-संग्रह), वीरों की कहानियाँ, सरस कहानियाँ— चार भाग; अप्र०—दो-तीन आलोचनात्मक लेख और कविता-संग्रह; वि०— अंग्रेजी में भी सुन्दर काव्य-रचना करते हैं ; प०—अध्यापक, अंग्रेजी विभाग, कान्यकुब्ज कालेज, लखनऊ।

ब्रजमोहन शर्मा—शि०—एम० ए०, बी० एस-सी०, एल-एल० बी०, पी-एच० डी०, डी० लिट्०; प०—आत्मवीर सुकरात; सा०–संपा०'निर्बल सेवक'; प्रका०–सत्याग्रह का कर्तव्य, नवयुवकों पर ऋषि दयानंद के अधिकारों की आलोचना, इंगलैंड का इतिहास, भारतवर्ष का इतिहास,भारत और संघ-शासन, नागरिकता पर ४ पुस्तकें, राज्य-शास्त्र के मूल सिद्धांत; प०—रीडर राजनीति-विभाग, विश्व विद्यालय, लखनऊ।

ब्रजगोपाल गोस्वामी—शि०—एम० ए० पंजाब विश्वविद्यालय के रिकार्ड होल्डर हैं ; प्रका०—स्फुट दार्शनिक निबंध और कविताएँ ; प०—प्राध्यापक बी० एम० कालेज, शिमला।

ब्रजरत्न दास–ज०—१८६०; शि०—बी० ए०, एल-एल० बी० काशी और प्रयाग वि० वि०; ज०— संस्कृत, उर्दू, फारसी, बँगला ; सा०—काशी ना० प्र० सभा के उपमंत्री (सं० १९८१), अर्थमंत्री (सं० १९९५–९७), प्रबंध-समिति के लगभग बीस वर्ष से सदस्य, स्थायी सदस्य ; प्र०—१९०५ ; प्रका०—संपादित–खुसरो की हिंदी कविता, प्रेमसागर, तुलसी-ग्रंथावली (सभा की ओर से), रहिमन - विलास, संक्षिप्त राम-स्वयंवर, मुद्राराक्षस, नंददास-कृत भ्रमरगीत, भाषाभूषण, जरासंध-वध-महाकाव्य, इंशा : उनका काव्य और कहानी, भूषण - ग्रंथावली, सत्य-हरिश्चंद्र, भारतेंदु-ग्रंथावली (द्वितीय भाग), भारतेंदु नाटकावली (दो भाग), भारतेंदु-सुधा ; अनुवाद–हुमायूँ नामा, मआसिरुल उमरा (दो भाग), काव्यादर्श ; मौलिक—सर हेनरी लारेंस, बादशाह हुमायूँ, यशवंतसिंह, खड़ी

बोलो हिंदी-साहित्य का इतिहास, उर्दू साहित्य का इतिहास, हिंदी साहित्य का इतिहास, भारत की नारियाँ, स्वातंत्र्य युद्ध, भारतेंदु हरिश्चंद्र, हिंदी नाट्य-साहित्य, शाहजहाँ ; वि०—आप भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र की पुत्री के पुत्र हैं; प०—बुलानाला, काशी।

ब्रजलाल,'ब्रजेंद्र'—ज०—बरोही, फतहपुर ; **सा०**—भूत० संपा० 'अखंड भारत' दैनिक बंबई; संस्थापक और प्रधान मंत्री—इंडियन प्रेस वर्कर्स एसोसिएशन, भूत० प्रधानाध्यापक ; **प्रका०**—स्फुट ; प०—४/२०५ पुराना कानपुर।

ब्रज वल्लभदास नवनीत लाल मेहता, डाक्टर—ज०—१३ अक्टूबर १९०४ ; **शि०**—एम० ए०, पी-एच० डी०; **प्र०**— १९२६ ; **प्रका०**—भारतवर्ष का इतिहास—२ भाग, भारतीय इतिहास की सरल कहानियाँ, नवीन हाई स्कूल भूगोल, भारतवर्ष का प्रादेशिक भूगोल, भारतवर्ष—आर्थिक एवं प्रादेशिक अध्ययन, हमारा भूमंडल भारतीय शासन और नागरिक जीवन, नागरिक शास्त्र के सिद्धांत; प०—प्राध्यापक, बलवंत राजपूत कालेज, आगरा।

ब्रजविहारीओझा—ज०—१९१३; **शि०**—सा० र० काशी ; **सा०**—संस्कृत-शिक्षा - सुधार में संगठन कार्य, १९३२ के सत्याग्रह में जेल; **प्रका०**—आदर्श नागरिकता, भारतीय राजनीति-प्रवेशिका, मेरे जेल के दिन ; प०—बिड़ला हाउस, लालघाट, बनारस।

ब्रजेंद्रनाथ गौड़—**सा०**—भूत० संपादक—'उर्मिला', 'कृषक', मासिक 'विज्ञापक' और 'विजय'; प्रधानमंत्री और संचालक श्रमजीवी लेखक-मंडल; **प्रका०**—अतृप्त मानव, सिंदूर की लाज, पैरोल पर, भाई - बहन, सीप के मोती, युद्ध की कहानियाँ, मन के गीत; **अप्र०**— आवारा, बिखरी कलियाँ, कागज की नाव; प०—ठि० बंबई टाकीज, मलाड, बंबई।

शंकरदयाल भण्डारी, 'शंकर'—ज०—१५ जनवरी १९१७ ; **सा०**—आजाद नवयुवक संघ और पुस्तकालय की स्था० ; **प्रका०**—स्फुट लेख ; प०—आजाद नवयुवक संघ, मकरन्दनगर, कन्नौज।

शंकरदयाल, 'सूर' —जन्मांध होते हुए भी व्रजभाषा में बराबर काव्य-रचना करते हैं; ज० — १६१७; **अप्र०—** दो कवित्त-संग्रह; प०—बार, झांसी।

शंकरदेव—ज० — १६०७; **शि०** — विद्यालंकार, गुरुकुल कांगड़ी; **सा०**—गुरुकुल में अध्यापन तथा संपादन आदि का कार्य; **प्रका०**—अंतिम, कोरिया की स्वातंत्र्य-कथा; प०—गुरुकुल काँगड़ी।

शंकरनाथ सुकुल — ज०— १३०७; शि०—एम० ए० (त्रय), बी०टी०, सा०आ०; **सा०**—'हिंदुस्तान टाइम्स' के भूत० संपादक; **प्रका०**—मतिराम-ग्रंथावली, केशव-ग्रंथावली; **वि०**—इस समय भारतेंदु जी पर एक खोजपूर्ण पुस्तक लिख रहे हैं; **प०**—सहायक अध्यापक, मधुसूदन विद्यालय हाई स्कूल, सुल्तानपुर, अवध।

शंकरलाल नागदा, 'मधु'—ज०—१६२० जावद; **शि०**—मंदसौर, उज्जैन; **सा०**—कई पत्रों के संपादक, संस्थापक — 'हिंदी-साहित्य समिति; **प्रका०—**स्फुट कहानी-निबंध; प० — जावद, मालवा।

शंकरलाल मगनलाल, 'राम'—ज० — १८६६; **सा०**—राष्ट्र-भाषा-प्रचार-समिति वर्धा के प्रामाणित प्रचारक, भूत० संपा०—'विनय', व्यवस्थापक समाज सेवा-मंडल नादोल, भूत० हिंदी अध्यापक शिक्षण - पद्धति पाठशाला; **प्रका०**—झेर उतरवाना, तात्कालिक उपाय (गुजराती में), सद्गुण माला, काव्य-चंद्रोदय, दिव्य किशोरी, गुरु-कीर्तन, गजराती-हिंदी-टीचर; **वि०—**आपकी प्रथम दो रचनाओं का हिंदी-रूपांतर छप रहा है; प० —५४।२१ पश्चिम नहर किनारा, कानपुर।

शंकरलाल वर्मा — ज० — १६०८; **सा०**—तेंदूखेड़ा में सम्मे० परीक्षा-केंद्र खोला; स्वयं व्यवस्थापक; **प्रका०**—जिले का भूगोल, त्रिमूर्ति, जगन्नाथ यात्रा; प०—प्रधान अध्यापक, शाला डोभी, पो० डोभी, होशंगाबाद।

शंकरराव लोढ़े –**शि०**—एम० ए०, सा० र०, इंदौर, नागपुर; **सा०**—हिंदी-मंदिर - पुस्तकालय, वाचनालय तथा हिंदी - अध्यापक

केंद्र के मंत्री ; प्रका०—आत्म संयम (ग्वालियर शिक्षा-विभाग द्वारा पुरस्कृत) ; प०—अध्यापक वासुदेव आर्ट्स कालेज, वर्धा।

शंकरसहाय वर्मा — ज०—४ दिसम्बर १६०३; शि०—एम० ए०, बी० टी०, सा० र० इंदौर ; प्रका०—विविध विषयों पर लेख, आग के लिए (एकांकी) , ग्राम गीतों का संग्रह और संपा० ; प० —इंस्पेक्टर आव स्कूल्स, होल्कर राज्य।

शंकरसहाय सक्सेना-ज०—१६०४ ; शि०—एम० ए०, एम० काम–एटा, कानपुर, आगरा, कलकत्ता ; सा०—मेवाड़ (उदयपुर) में प्रताप-जयंती, हल्दी - घाटी का मेला, प्रजा - मंडल तथा अन्य संस्थाओं की स्थापना और संगठन, बरेली कालेज - हिन्दी - प्रचारिणी सभा तथा नगर हिंदी - सभा के प्रधान कार्यकर्ता; प्रका०—औद्योगिक तथा व्यापारिक भूगोल, भव्य-विभूतियाँ, उज्ज्वलरत्न, भारतीय सहकारिता आंदोलन, आर्थिक भूगोल, ग्राम्य अर्थ-शास्त्र, भारत का आर्थिक भूगोल, पूर्व की राष्ट्रीय जाग्रति, गाँवों की समस्याएँ, प्रारंभिक अर्थशास्त्र ; इनके अतिरिक्त चीन की राष्ट्रीय जाग्रति और कार्ल-मार्क्स के आर्थिक सिद्धांत आदि अनेक अप्र० ग्रंथ ; प्रि० वि०—राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, ग्राम-समस्याएँ तथा साहित्य; प०—प्राध्यापक, बरेली कालेज, बरेली।

शंभुदयाल सक्सेना-ज०—१६०१, फर्रुखाबाद ; शि०—सा० रत्न० ; सा०—संपादक—त्रैमासिक 'राजस्थानी', 'शोध पत्रिका', संस्थापक नवयुग-ग्रंथ-कुटीर, फर्रुखाबाद १६३१; बीकानेर शाखा स्थापित १६३६ ; बाल मंदिर, बीकानेर १६३७; प्रका०—कविता–उत्सर्ग, अमरलता, भिखारिन, नीहारिका, रैन-बसेरा और वंचिता ; उपन्यास—मीठी चुटकी, बहूरानी, भाभी ; नाटक—साधना-पथ, गंगाजली, बल्कल और पंचवटी, चित्रपट, बंदनवार, धूपछाँह और पार की कहानी–कहानी-संग्रह; प्रबंध-प्रकाश और काव्यालोचन निबंध ; संक्षिप्त जायसी, संक्षिप्त

भूषण और केशव-काव्य आदि का संपादन किया ; इनके अतिरिक्त लगभग बीस सुन्दर बालोपयोगी पुस्तकें लिखी हैं जिनमें कई के अनेक संस्करण हो चुके हैं; अनेक पाठ-पुस्तकों का संपादन भी किया है; घर की रानी, आँधी, पत्थर सगाई, तथागत, काव्य-समीक्षा, पंचामृत आदि रचनाएँ अप्र० हैं ; प०—अध्यापक सेठिया कालेज, बीकानेर ।

शंभुनाथ पांडेय—ज०—१९१२; शि०—आयुर्वेदाचार्य ; सा०—भूत० संपा० 'ज्ञानोदय', 'अष्टांग', भूत० प्रधान चिकित्सक आयुर्वेद कालेज, कानपुर ; अप्र०—स्फुट; प०—सेक्रेटरी, शारदा भवन लाइब्रेरी, रामपुर, फतेहपुर ।

शंभुनाथ, 'शेष'—ज०—१९१५; शि०—बी० ए०; सा०— दिल्ली में 'कवि-समाज' द्वारा साहित्यिक चेतना का विकास करना, हिंदी सा० सम्मे० की कार्य-समिति के सदस्य, हिन्दी साहित्य सभा पहाड़गंज नयी दिल्ली के उपाध्यक्ष ; प्रका०—उन्मीलिका ; अप्र०—सुवेला; प०—चूना मंडी, नयी दिल्ली।

शंभुनाथ सक्सेना—ज० १४ जनवरी १९२०; सा०—भूत० संपा० 'सरिता' दिल्ली, 'विश्वमित्र' दिल्ली, 'जयाजीप्रताप' (हिंदी विभाग), 'विचार', 'इंडियन नेशन', 'आनन्द'; बिड़ला मिल्ल के प्रचाराध्यक्ष, नूतन प्रकाशन मन्दिर के जन्मदाता, प्रधान मन्त्री वृहत्तर ग्वालियर पत्रकार-संघ तथा साहित्यकार-संघ, सद० मध्यभारत पत्रकार-संघ, प्रतिनिधि—कामर्स ऐंड इंडस्ट्रीज, म० भा०; प्रका०—मधुमक्खी पालन, हाथ से कागज बनाना, चमड़ा पकाना, हमारे ग्राम-गीत, वे चेहरे, पतझड़, हमारी शेरवानी, कब्रों की दुनियाँ, जीवन के प्रश्न, अवर फोक सांग्स; अप्र०—नितीन की कहानी, अनुभव के रजकण; वि०—ग्रामोद्योग में रुचि, सुप्रसिद्ध पत्रकार डा० लंका सुन्दरम के साथ मध्यभारतीय औद्योगिक सर्वे की योजना बना रहे हैं; प०—मदने की गोट, लश्कर, ग्वालियर ।

शंभुप्रसाद बहुगुणा—ज०—१९१५ गढ़वाल; शि०—एम० ए०, लखनऊ वि० वि०, डिप०

सा३०; प्रका०—मौलिक—तुलसी मुक्तावली २ किरण, शबरी मगल, हिमवंत का एक कवि, घन आनंद, मौथिल कोकिल; संपा०—नंदिनी, नागिनी ; प०—प्राध्यापक, हिंदी विभाग, आइसाबेला थोबर्न कालेज, लखनऊ ।

शंभुरत्न मिश्र, 'मुकुल'— ज०—१६२७ ; शि०—इंटर तक शाहजहाँपुर, बरेली, कन्नौज, लखनऊ; सा०—भूत० सपा० 'शान्ति' और 'छाया' ; प्रका०—उप०—गलतियाँ, अमावस, स्नेहदान, विपकन्या, मजिल, अश्रु गीत, मन के गीत, टेढा रास्ता, धूल के धब्बे, पत्थर की दीवारें, इलाज, भीगी-रात, दुख के दिन ; प०—कोषाध्यक्ष, कानपुर शुगर वर्कस, कानपुर ।

शंभूलाल, 'मुकुल'—प्रका०—स्फुट ; अप्र०—स्वतंत्र भारत, समाज की वेदीपर, अपना गाँव—ना०, युगपंथ, अंतर्दाह—कवि० ; प० – सह० संपादक, 'प्रकाश', देवघर, बिहार ।

शंभूलाल शर्मा— ज०—१६०६; शि०—कृषिविद्यालंकार, कांकरौली, उदयपुर और मेवाड़ ; सा०—संस्था० व्याख्यान - सभा तथा भूत० संपा० 'विद्याविनोद', स्काउट मास्टर, संचा० नवप्रभात-मंडल, भूत० अध्यापक राजनगर स्कूल तथा एम० एम० स्कूल; 'भारत - भारती' के बाल - विभाग के भूत० सहयोगदाता; प्रका०—स्फुट काव्य तथा लेख ; प०—प्रधान अध्यापक, लम्बरदार स्कूल, उदयपुर ।

शकुंत भारद्वाज— ज०—२३ जूलाई १६२४; सा०—व्यवस्थापक बीकानेर राज्य 'साहित्य-सम्मेलन-पत्रिका', तथा उसकी स्थायी समिति के सद०, उपमंत्री सर्वहितकारिणी सभा - पुस्तकालय चूरू; प्रका०—बुदबुदे, दीपदान; अप्र० — दीपाधार ; प०—प्राणथ नीढ़, चूरू ।

शकुन्तला कुमारी, 'रेणु'— ज०—१६२१; शि०—भरतपुर; प्रका०—स्फुट; अप्र०—आरती, सती सीता; प०— नवरत्न सरस्वती भवन, झालरापाटन सिटी ।

शकुन्तला देवी खरे— श्री नर्मदाप्रसाद खरे की पत्नी ;

ज०—१६१७; शि०—जबलपुर; प्रका०— स्फुट कहानियाँ और कविताएँ; प०— फूटा ताल, जबलपुर।

शकुन्तला,'प्रभाकर'—ज०—१६२२; सा०—श्रमजीवी लेखक मंडल की महिला मंत्राणी; प्रका०— स्फुट कविताएँ तथा कहानियाँ; प०—प्रधानाध्यापिका आर्य पुत्री पाठशाला, ताँदलिया-वाला, लायलपुर।

शचीनंदनप्रसाद सिंह, राजकुमार—ज०—१६२४; सा०—सद० हि० सा० प० मुंगेर; प्रका०—मधुयामिनी (कविता-संग्रह); प०—राजपाटी, मुंगेर।

शचीरानी गुर्टू— ज०—१६२२; शि०—एम० ए० हिंदी और अँगरेजी, सा०आ० (संस्कृत); प्रका०--साहित्य-दर्शन, कला-दर्शन, प्रेरणा (कहानी), विश्व की प्रधान नारियाँ, टूटता धाग और रेखा-चित्र (कहानी-संग्रह); बालोपयोगी रचनाएँ--अनार शाहजादी, सीता, सावित्री, अबोला रानी कैसे बोली, वि०— 'नवयुग' —संपादक श्री इंद्रनारायण गुर्टू की पत्नी हैं; प०—३, दरियागंज, दिल्ली।

शफीदाउदी—ज०—१८७५; शि०—बी० ए०; सा०—उपसभापति नागरी प्र० सभा वैशाली, १६२० के असहयोग आंदोलन में भाग, १६२४-३५ तक दिल्ली व्यवस्थापिका सभा के सद०, १६३१ में गोलमेज सभा में गांधी जी के साथ सम्मिलित हुए; प०—वैशाली, मुजफ्फरपुर।

शमशेर बहादुर सक्सेना—ज०—१५ फरवरी १६२२; शि०—एम० काम० बरेली और प्रयाग; सा०— अध्यक्ष सोशल सर्विस लीग; प्रका०—स्फुट; प०—प्राध्यापक हरप्रसाद जैन कालेज, आरा।

शमशेरबहादुर सिंह—शि०—बी० ए० १६४२; प्रका०-आकाश और धरती (अनुवाद), दो पाप (लेख-संग्रह), प्लाट मोर्चा (स्केच); प०—उपसंपादक 'माया' और 'मनोहर कहानियाँ', इलाहाबाद।

शमशेर बहादुर सिंह—ज०—१६०६; अप्र०—आलो० लेख और कविताएँ; प०—'नया साहित्य'-कार्यालय, बंबई।

शरदचंद्र भटोरे— ज०—१६१४ ; शि०— सा० वि०, शास्त्री ; सा०—कार्यकर्ता हरिजन - सेवक - संघ और हिन्दी साहित्य-समिति धार, हरिजनों में शिक्षा-प्रचार ; प्रका०—नवराष्ट्र-निर्माता ऋषि दयानन्द, हमारी प्रतिज्ञा,शांति-संदेश-वाहक महात्मा-गांधी ; प०—४, धारेश्वर, धार।

शर्मनलाल अग्रवाल—ज०—१ अगस्त १६१७ ; शि०—एम० ए०, एल-एल० बी०, सा० रत्न डो० ए० वी० कालेज कानपुर, आगरा ; सा०—भूत० मंत्री ना० प्र० स० आगरा, प्रांतीय हिं० सा० स०, व्रज - साहित्य - मंडल मथुरा ; सभापति मथुरा पत्रकार-संघ, संगीत-प्रचारक-मंडल मथुरा, सहा० संपा०—'सैनिक', 'साहित्य संदेश'; संपा०—'ज्योति', 'सावधान'; प्रका०—हिटलर, बापू की अमर कहानी, निबंध द्वादशी, चरणों में, नवप्रभात ; प०—घीया मंडी, मथुरा ।

शशिकांता—प्रका०—आराधना, पूजा आदि गद्यकाव्य और कहानी-संग्रह ; प०—शाहजहाँपुर ।

शशिधर बाजपेयी—ज०—१६०३; सा०—सद० प्रगतिशील लेखक-संघ; प्रका०—साहसी युवराज ; प०—मॉडर्न आयुर्वेदिक फार्मेसी, मुंगेर ।

शशिनाथ चौधरी— ज०—१८६८; शि०—बी० ए० १६२१, बी० एड० ६६२४; प्रका०—१६१५; प्रे०— स्वामी सत्यदेव परिव्राजक ; सा०—भूत० संपा० 'तरुण भारत' १६२२, 'मिथिला-मित्र', 'गंगा,' 'इंडियानेशन', प्रचारक वर्धा राष्ट्र० भा० प्र० स०, संस्था० मैथिली सा० परिषद ; प्रका०—भगवान बुद्ध, मिथिला-दर्शन; अप्र०—सौन्दर्य-विज्ञान, प्रेम-तत्व, सदाचार-सोपान ; वर्त०—बम्बई प्रान्त के शिक्षा विभाग में काम कर रहे हैं; प०—मिश्र टोला, दरभंगा ।

शशिनाथ तिवारी, 'शशि'—ज०—१ जनवरी, १६१६; शि०—बी० ए० (आनर्स); प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—पटना ।

शांतिप्रसाद वालभट्ट—ज०—२ फरवरी १६१०; सा०—आपके कई नाटक रंगमंच पर सफलता-

पूर्वक खेले गये, हिंदी रंगमंच के उत्थान के लिए कल्पना - मंदिर की स्थापना की, आदर्श पुस्तकालय के जन्मदाता, 'रूपक', 'हृदय', 'भानु' तथा 'ललिता' आदि में संपादन - कार्य ; प्रका०—रचना-सहचरी, भयंकर भूल, नरसी ; प०—बनियापाड़ा, मेरठ ।

शांतिप्रिय द्विवेदी—सा०—भूतपूर्व संपादक 'कमला' (१६३६ से ४२), 'भारत', 'वीणा'; प्रका०—जीवन - यात्रा, हमारे साहित्य-निर्माता, साहित्य की संचारिणी, कवि और काव्य, युग और साहित्य, सामयिकी, पथचिन्ह ; प०—लोलार्क कुंड, काशी ।

शांति मेहरोत्रा— ज०— ६ मार्च, १६२६, नेनुआ, बूँदी ; शि०— एम० ए० (अर्थ शास्त्र) लखनऊ वि० वि०; वि०—आप श्री बैकुंठनाथ मेहरोत्रा की पत्नी हैं, प्र०—१६४४; सा०—'शांति' के संपादक मण्डल की सदस्या, संपा० 'भारत जननी' ; रेडियो पर कविता-पाठ; प्रका०—निष्कृति, डा. बड़थ्वाल पारितोषिक प्राप्त; मरीचिका— कस्तूबा पारितोषिक प्राप्त; रेखा—सेकसरिया पारितोषिक प्राप्त; पगध्वनि, जयंती, बिदा, अकुर-गाँधी पारितोषिक प्राप्त; प०—प्रयाग ।

शांतिस्वरूप गुप्त—ज०—७ मार्च १६१४ मैनपुरी ; शि०— हरदोई, बी० ए० १६३४, एम० ए० (साहित्य) १६३६, प्रथम श्रेणी; १६३६ में एम० ए० (अँगरेजी), १६४६ में डी० फिल० प्रयाग वि० वि०, १६४८ में डी० फिल० (इतिहास) बेलियन कालेज आक्सफोर्ड ; सा०—१६३६-४८ प्रयाग वि० वि० में इतिहास के प्राध्यापक, १६४८ में इंडियन फारेन सर्विस में, विदेशी विभाग में अंडर सेक्रेटरी ; प्रका०—भूटान के साथ अँगरेजी सरकार के संबंध १७७२-१८८०, भारत की उत्तर-पूर्वी सीमा की ओर अँगरेजी सरकार की नीति—१८३६-८६ ; प०—फर्स्ट सेक्रेट्री भारतीय दूतावास, नैपाल ।

शारंगधर शामजी—ज०—२ मार्च, १६०२ ; जा०—मराठी, गुजराती ; सा०—हिंदी-वर्ग के संस्थापक १६३६ ; स्थानीय हिंदू एसोसिएशन के हिंदी - प्रचार-

विभाग के मंत्री; प्र०—१९३० ; प्रका०—स्फुटलेख; प०—रावले, नासिक, महाराष्ट्र ।

शारंग पाणि—ज०—१३ अक्तूबर १९१५ ; शि०—कुँभकोणम् ; सा०—११ वर्ष तक दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार-सभा में कार्य ; प्रका०—स्फुट लेख ; प०—सहायक संपादक 'दक्खिनी हिंद', त्याग रायनगर, मद्रास ।

शालग्राम द्विवेदी—ज०—१८९३ ; शि०—एम० ए०, विशारद, जबलपुर; सा०—माडल हाई स्कूल जबलपुर के भूतपूर्व शिक्षक, राष्ट्रीय - हिंदी - मंदिर के प्रारंभिक काल में 'श्रीशारदा' के उपसंपादक तथा शारदा - पुस्तक माला के संपादक ; जबलपुर के स्पेंसर ट्रेनिंग कालेज में अध्यापक थे; प्रका०—साहित्य-सरोज, समर-सखा, नवीन पत्र-प्रकाश, रचना-शिक्षक आदि अनेक छात्रोपयोगी पुस्तकें; प०—सुपरिंटेंडेंट, राजकीय नार्मल स्कूल, रायपुर।

शिखरचंद जैन—ज०—६ जूलाई १९०७; शि०—इंटर तक, सा० रत्न ; सा०—'खंडेलवाल जैन हितेच्छु' के संपा०, वीर वाचनालय के संस्था०, प्रका०—सूर : एक अध्ययन, नारी हृदय की अभिव्यक्ति, हिंदी - नाट्य चिंतन, प्रसाद का नाट्य - चिंतन, जीवन की बूँदे, हिंदी जैन साहित्य-समाज, अखंड भारत, कणिकाएँ, गुनगुन, बालकों और छात्रों की समस्याएँ, युग-जीवन के साहित्यिक निबन्ध, प०—मोती महल, दीतवारिया, इन्दौर ।

शिवोलारानी, 'कुसुम'—ज०—४ अप्रैल १९१८ ; शि० दिल्ली ; प्रका०—प्रथम पहर ; लगभग ५० कहानियाँ और १०० गद्यकाव्य ; प०— दिल्ली ।

शिरेफ़ अलेकजेंडर ग्रियर्सन—हिंदी-प्रेमी अँगरेज ; ज०—२९ अप्रैल १८८३ ; सा०—आपने प्रसिद्ध डाक्टर ग्रियर्सन द्वारा किये गये 'पद्मावत' के अँगरेजी अनुवाद को पूरा किया, जो रायल एशियाटिक सोसाइटी से प्रकाशित हुआ १९४४ ; आप १९०७-४४ तक इंडियन सिविल सर्विस के सदस्य रहे ; वर्त०—लंदन की इंडियन आफिस लाइब्रेरी में

प्राच्य साहित्य के अध्ययन का काम कर रहे हैं; प०—हाल पैलेस स्पार्शोल्ट वालटेज वर्क्स, इङ्गलैंड।

शिवकुमार ओझा—ज०—१९१६; शि०—एम० ए०, आर० ए०; प्रका०—सोहागदान, देव-दर्शन, नेहरू की झाँकी; प०—८२, सेंट्रल अवेन्यू, कलकत्ता।

शिवकुमार ठाकुर—सा०—भूत० सहायक संपादक 'राष्ट्रीय मोर्चा' साप्ताहिक कानपुर, और संपादक दैनिक 'हिंदू राष्ट्र' जोधपूर; प०—अध्यक्ष चतुर्भुज ग्रंथागार, अलीगढ़।

शिवकुमार त्रिपाठी, 'संतप्त'—सा०—मुजफ्फरपुर से प्रकाशित 'लाल चिट्ठी' मासिक पत्र के भूतपूर्व संपादक-व्यवस्थापक; कहानी प्रधान त्रैमासिक 'कल की बात' और पाक्षिक 'मर्यादा' के प्रकाशन संपादन में आजकल लगे हैं; प्रका०—अचिरा, आरती, वासंतिका, धूप-छाँह (कवि० संग्रह), रुपएवालों की दुनिया में और बिहार: एक अध्ययन—पर्यटन-संबंधी लेख-संग्रह, मंदिर का अंत और नारी (कहा० संग्रह); अप्र०—आलोक, नई शादी, टीपू सुल्तान, काजी साहब (उप०); प०—दोस्तपुर, सुल्तानपुर।

शिवकुमार शर्मा—ज०—१० नवंबर १९१०; शि०—१९२७ में बुलंदशहर के कृषि-स्कूल से कृषि में डिप्लोमा पाया; सा०—मई १९२९ में टैंगानिया (पूर्वी अफ्रीका) के कृषि-विभाग में कृषि-अधिकारी पद पर नियुक्त हुए, १९३१ में स्वदेश लौटे, १९३२ में २६ जनवरी को बंदी बने, १९३६ तक काँग्रेसी कार्य, १९३६-४२ तक धामपुर फैक्टरी के फार्म-सुपरिंटेंडेंट, ८ सितंबर १९४२ को पुनः बंदी, १९४४ में छूटे, १९४४ से ४७ तक बिहारी लौरिया शुगर मिल्स के फार्म सुपरिंटेंडेंट, १९४७ में त्यागपत्र देकर बिजनौर से 'कृषि - संसार' का संपादन-प्रकाशन कर रहे हैं, संस्थापक भारती प्रेस और किसान-सस्ता - साहित्य-प्रकाशन - समिति, सस्ते प्रकाशन—धरती माता के प्राण, खाद ही राष्ट्रीय संपत्ति है, भूमि क्षय की भीषण समस्या, अमृत और विष; वर्त०—मंत्री-

जिला कॉंग्रेस कमेटी; प०—भारती प्रेस, बिजनौर।

शिवकुमार श्रीवास्तव—ज०—१६२४; प्रका०—काव्य-उषापान, ताजमहल, पावसगीत ; कहानी—ताँगेवाला ; प०—सदर बाजार, सागर।

शिवचंद्र, 'नागर'— ज०—मार्च १६२६ ; शि०— बी० ए०, सा० र० प्रयाग वि०वि० जा०—अँगरेजी, गुजराती, बंगला ; प्र०—१६४४; प्रका०—ज्योत्सना, प्रणय गीत; अनु०—किसका अपराध, ध्रुवस्वामिनी देवी (नाटक), बालो०—परियों के देश में, बारह हाथ की नाक, लंबे सींग; अप्र०—ऊर्मि, शलभ, कवि के आँसू, प्रेस में— स्वप्न द्रष्टा, राजाधिराज, शिशु और सखी, रेखाचित्र, स्वर्ग और पृथ्वी, टूटा हुआ तार; वर्त०—रूसी भाषा का अध्ययन, जीवित साहित्यिकों के रेखाचित्र लिखने की योजना ; प०—ग्वालियर लॉज, गुजराती स्ट्रीट, मुरादाबाद।

शिवचन्द्र शुक्ल— ज०—१८६७, रायबरेली ; अप्र०—वैद्यक-दर्पण, प०—शांतिकुटीर; छुलाहा, रायबरेली।

शिवचरणलाल मालवीय, 'शिव' ; ज०—६ जून १६०६ ; सा०-संपादक— 'ताती-विजय'—१६२६–३०, 'कर्मयुग' १६३०, 'स्वराज्य' १६३१ से अब तक ; १६३६ में 'विक्रम'–साप्ताहिक का भी संपादन किया था; प्रका०—स्फुट लेख और कहानियाँ; प०—शिवनिवास, हरीगंज, खँडवा।

शिवदत्त शास्त्री— ज०—कणवास १६०४ ; प्रका०—शैल-शिला और प्रभाती ; प०—द्वारा श्री इन्द्रदत्त शर्मा, वैद्य, धंटाघर के पास, संभल, मुरादाबाद।

शिवदत्त श्रीवास्तव—ज०—१३ दिसम्बर १६१३; शि०—एम० ए०, विशारद, डी० टी०-टी० सी० ; हरदोई, बुलन्दशहर, मथुरा और लखनऊ ; प्रका०—२७ अप्रैल १६३४ ; सा०—लखीमपुर के राजकीय हाईस्कूल में अध्यापक, हरदोई में सरस्वती-निकुंज के प्रबन्ध मन्त्री; प्रका०—

स्फुट ; प०—सरस्वती निकुंज, पुराना बोर्डिंग हाउस, हरदोई।

शिवदान सिंह चौहान—सा०—'प्रभा', 'नया हिंदुस्तान', 'हंस' के भूत० संपा० ; प्रगतिशील लेखक संघ का कार्य ; प्रका०—स्पेन का गृह-युद्ध; कुछ अन्य पुस्तकें ; प०— ठि० नेशनल कल्चरल फ्रॉंट, कश्मीर।

शिवनंदन कपूर—प्रका०—धार्मिक कहानियाँ, लल्लू-कल्लू, अमर कहानियाँ, प्राचीन कहानियाँ, वीर-गान ; वि०—'बाल-साहित्य-मंदिर' के नाम से एक प्रकाशन संस्था खोली है ; प०—मशकगंज, लखनऊ।

शिवनंदनप्रसाद—ज०—१९१८; शि०—१९३५ में बी० ए० प्रयाग वि० वि०, १९४१ में एम० ए०, पटना वि० वि०, १९४२ में सा० रत्न ; प्र०—कर्तव्य के पथ पर, 'हिन्दू पंच' में १९३६ ; सा०—पटना वि० वि० की सिनेट के सदस्य (१९४४ से ४८), पटना विश्वविद्यालय के हिंदी बोर्ड के सदस्य १९४८ ; गया के हिंदी साहित्य-सम्मेलन के संस्थापकों में, उसके प्रथम मंत्री थे ; प्रका०—साहित्य-वातायन, काव्यालोचन के सिद्धांत, पंत जी का गुंजन, कहानी के तत्व, हिंदी कविता का अध्ययन, ध्रुवतारा और शंखनाद (कविताएँ), मास्टरपीस-एकांकी नाटक, समीक्षावली-आलोचनात्मक निबंध ; प०—प्राध्यापक, हिंदी विभाग, जी० बी० बी० कालेज, मुजफ्फरपुर।

शिवनंदनप्रसाद—शि०—बी० ए० पटना वि० वि० से १९४० में, डिप० एड० १९४२ में; प्र०—मानव और प्रश्न १९३७ में; सा० —नागपुर की पिछड़ी जातियों में हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि का प्रचार ; प्रका०—तानाशाही, चंगुल, जुल्म का नंगानाच, युद्ध में चर्चिल, फौलादी रूस, हमारे सिपाही, जापानी सिपाही, पैसिफिक की लड़ाई, बिहार में युद्धोद्योग, हिटलर के कारनामे, जापान का रहस्य-भेद, हमारा मित्र चीन, हम जीतेंगे, हिटलर का पंजा, पाँचवाँ दस्ता, ऊटपटाँग; अनुवाद—स्वास्थ्य के तीन मार्ग, स्वर्ग की झलक, महासागर की संक्षिप्त कहानी;

प०—भट्टाचार्जी लेन, अपर बाजार, राँची।

शिवनंदनप्रसाद सिंह—ज०—१८६४; प्र०—१९१०; प्रका०—शिवनंदन-पचासा (२९१३); प०—मीरगंज, गया।

शिवनाथ—ज०—अगस्त १९१७; शि०—एम० ए० (हिंदी) काशी वि० वि०, सा० र०; सा०—संपा० 'आज' साप्ता०, 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका,' भगवानदीन साहित्य विद्यालय काशी में भूत० अध्यापक; प्रका०—आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हिंदी कारकों का विकास, आधुनिक साहित्य की आर्थिक भूमिका, अनुशीलन; संपा०—हिन्दी शब्द-संग्रह, वर्तमान हिन्दी-साहित्य; अप्र०—हम्मीर रासो, छत्रप्रकाश; प०—हिंदी भवन, विश्वभारती, शांति-निकेतन।

शिवनाथ दुबे—ज०—२ जनवरी १९२० धानापुर बनारस; प्रका०—स्फुट चरित्र, कल्याण के 'नारी-अंक' में ६५ जीवनियाँ लिखीं; प०—संपादकीय विभाग, मासिक 'कल्याण', गोरखपुर।

शिवनाथसिंह, 'शांडिल्य'—ज०—१८९७ माछरा; सा०—हिंदुस्तानी मिडिल स्कूल, किसान विद्यालय इंटर कालेज और भारत-प्रेम-पुस्तकालय के संस्था०; श्री पृथ्वीसिंह धर्मार्थ औषधालय तथा ज्ञानप्रकाश-मंदिर के जन्मदाता, प्रधान—प्रौढ़-शिक्षा-समिति मेरठ, भूत० संपा० 'त्यागी'; सदस्य मेरठ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड; प्रका०—चौधरी-बाल-साहित्य-माला के लेखक; शिकारियों की सच्ची कहानियाँ, बाल गुलिस्ताँ, बाल बोस्ताँ, फूलदान, सच्ची रोमांचक कहानियाँ, हँसती-बोलती तस्वीरें, मनोरंजक कहानियाँ, चटपटी कहानियाँ, अक्लमंदी की कहानियाँ, उर्दू कवियों की नीति कविताएँ, रूमी कहानियाँ, बीरबल की कहानियाँ, नसीहत की कहानियाँ, पागल, चिड़िया की नसीहत, सावनमल का इंसाफ, शिकारी शहजादे; प०—माछरा, मेरठ।

शिवनारायण उपाध्याय—ज०—१९ मार्च १९२२; शि०—सा० भूषण; अप्र०—संघर्ष का स्वर, रोज की कहानी, दो झोपड़े; प०—कालमुखी, खँडवा।

शिवनारायण द्विवेदी—सा०- साप्ता० 'सावधान' के भूत० संपा०, 'नवभारत' के वर्त० सह० संपा० ; प०—रायपुर।

शिवनारायण, मुंशी—ज०- १८८०; शि०—१९०३ में बी. ए., **सा०**—' अबला हितैषी ' के एक वर्ष तक संपा. रहे; **प्रका०**—कायस्थ सज्जन चरित्र, जयपुर नरेश महाराजा माधवसिंह की लंदन-यात्रा, विलायती शराब का सामंजस्य, कैलाश कुमारी, ईश्वर-प्रार्थना ; प०—जयपुर।

शिवनारायण लाल —ज०— १८ मार्च १९०४; **शि०**—मध्यमा (सर्वप्रथम, तृतीय स्थान), विशेष योग्यता (सर्वप्रथम, द्वितीय स्थान); **सा०**—गाँधी विद्यालय सेकेंडरी हायर स्कूल के प्र० मंत्री, सार्वजनिक पुस्तकालयों के कार्यकर्ता ; **प्रका०**—जनरल साइंस रीडर, स्फुट लेख ; **प०**—बैजनाथाश्रम, बछरावाँ, रायबरेली।

शिवपूजन सहाय—ज०— १८९३, उनवास गाँव, शाहाबाद; **शि०**—१९०३ कायस्थ जुबिली एकेडमी हाई स्कूल और कलकत्ता वि० वि० ; **सा०**—१९१३ में बनारस दीवानी अदालत में नकल नवीस, १९१५ में कायस्थ जुबिली एकेडमी में, १९१७ में आरा जार्ज टाउन स्कूल में, राष्ट्रीय विद्यालय में हिंदी-शिक्षक, भूत० संपा० 'मारवाड़ी-सुधार' मासिक आरा १९२०, 'मतवाला मंडल' कलकत्ता १९२३, 'माधुरी' लखनऊ १९२५, 'गंगा' सुलतानपुर १९३०, 'जागरण' पाक्षिक काशी १९३२, 'बालक' मासिक लहरियासराय, 'आदर्श', 'समन्वय', 'उपन्यास-तरंग', 'मौजी' कलकत्ता, 'गोल-माल' पटना, 'हिमालय' पटना, आदि के संपा० रह चुके हैं; वर्त० संपा०—राजेन्द्र - कालेज की मुख-पत्रिका 'राजेन्द्र भारती' के आरंभ से ही संपादक; काशी ना० प्र० स० के द्वारा भेंट दिये गये 'द्विवेदी-अभिनंदन-ग्रंथ' १९३२, तथा पुस्तक भंडार लहरिया सराय के 'जयंती-स्मारक-ग्रंथ' का १९३८ से ४१ तक संपादन, देश रत्न डा० राजेन्द्रप्रसाद की ६५ वीं जयंती पर आरा ना० प्र० सभा की ओर से भेंट दिये गये ५००

पृष्ठों के अभिनंदन-ग्रथ का संपादन १६४६ में किया; राजेन्द्र बाबू की आत्म - कथा का भी संपा० कर चुके हैं जिसका उल्लेख स्वयं राजेन्द्र बाबू ने ही 'कथा' में किया है, अपने स्वर्गीय पिता की पुण्य स्मृति में श्री वागीश्वरी पुस्तकालय स्था० किया; १६४१ में बिहार प्रादेशिक हिं० सा० स० के सत्रहवें अधिवेशन के सभापति; **प्रका०**—देहाती दुनिया, विभूति, (कहा०), संसार के पहलवान, भीष्म, अर्जुन, बिहार का बिहार, हिंदी अनुवाद, दो घड़ी (हास्य); संपा०—प्रेम-कली, प्रेम-पुष्पांजलि, सेवाधर्म, त्रिवेणी, साहित्य-सरिता (यह आठ वर्षों से पटना वि० वि० की आइ० ए० परीक्षा के लिए स्वीकृत है); **वि०**—वि०वि० की उच्च शिक्षा की उपाधि के न होते हुए भी १६३६ में छपरा के राजेन्द्र (डिगरी) कालेज ने आपको हिंदी-विभाग का अध्यक्ष नियुक्त करके अपना गौरव बढ़ाया; **प०**—सभापति, राष्ट्र भाषा समिति सचिवालय, पटना।

शिवप्रताप पांडेय—ज०— १६१६; हिन्दी साहित्य-मंडल, श्रीभगवान धर्मार्थ औषधालय, साहित्य-सदन आदि की स्थापना की; **प्रका०**—प्रताप कहानी-कुंज, युक्तिसाधन, मधु का भारतीय आंदोलन, झाँसीवाली रानी, विद्युल्लता, हिंदी छन्द - शास्त्र; **प०**—साहित्यसदन, खोल, जिला गुडगावाँ, पंजाब।

शिवप्रसाद मिश्र — ज०— १६११ काशी; **शि०**—एम०ए०, सी० टी०, **प्रका०**—पूर्व कालिदास (नाट०), भाषा की शिक्षा, अध्ययनकला, विजयी सेना; **अप्र०**—अदृष्ट, अभिनय, बनारसी बैठक; **वर्त०**—पत्रकार; **प०**— ३३।७२ ज्ञानवापी, बनारस।

शिवप्रसाद मिश्र, 'रुद्र'— **ज०**—१६११ काशी; **सा०**—दैनिक 'सन्मार्ग' के सम्पादकीय विभाग में कार्य, संपादक 'सरिता'; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—विश्वनाथ गली, बनारस।

शिवप्रसाद लोहानी—ज०— नूरसराय पटना; **शि०**—सा० र०; **प्रका०**— लगभग सवा सौ

आलोचनात्मक और सामयिक लेख ; प०—नूरसराय, पटना।

शिवप्रसाद व्यास, 'शिव'—ज०—१६१४; शि०—सा० लं०, सा० भूषण; सा०—संचा० हिंदी-मन्दिर, मंत्री सनातन-धर्म-सेना संघ, क्षत्रिय-सेवा-संघ के सहयोगी; प्रका०—हिन्दुत्व की ज्वालाएँ, इधर साधना उधर सिद्धि, कल्प वृक्ष, झूठी साध्वी, हिन्दू नित्य-चर्या, कर्म-मार्ग ; प०—हिन्दी मन्दिर, नरसिंहगढ़ राज्य।

शिवप्रसाद सक्सेना—ज०—१६२५ ; शि०—एम० ए० (हिंदी-राजनीति), एल-एल० बी०; प्रका०—स्फुट; अप्र०—भारतीय राजनीति - दर्शन, प्लेटो और चाणक्य ; प०—प्राध्यापक, राज-नीति विभाग, गाँधी कालेज, शाहजहाँपुर।

शिवबालक शुक्ल—ज०—१६२०, हरदोई ; शि०—एम० ए० लखनऊ वि० वि० ; प्रका०—स्फुट आलोचनात्मक लेख; अप्र०—श्रीधर पाठक : जीवन और साहि-त्य : एक अध्ययन ; प०—प्राध्या-पक, रुक्मागंद क्षत्रिय कालेज, हरदोई।

शिव रत्न शुक्ल, 'सिरस'—प्रका०—प्रभु चरित्र, श्रीरामावतार, आर्य - सनातनी - संवाद, परिहास-प्रमोद (चंपू), भिक्षां देहि, भरत भक्ति-महाकाव्य, श्री शिवाजी महा-भाष्य, शात रसालंकार, उद्धव-व्रजागंना, खड़ी बोली वर्ण-वृत्त; प०—बछरावाँ, रायबरेली।

शिवराम श्रीवास्तव,'मणींद्र'—ज०—१६११; शि०—बी० ए०, एल-एल० बी० ; सा०—स्थानीय साहित्य-संघ के संरक्षक; प्रका०—स्फुट कविताएँ ; प०—वकील, उरई।

शिवशंकर जोशी— ज०—१५ जुलाई १६२२; शि०—बी० ए०, रतलाम, उज्जैन और इंदौर; सा०—भारतीय संस्कृति-सदन, रतलाम के उत्साही कार्यकर्ता; हिंदी-प्रचार में संलग्न, चिराग, बीबियों के ताज; प०—भारतीय संस्कृति-सदन, कोठारी मुहाल, रतलाम।

शिवशंकर पांडेय—ज०—१६०७; प्र०—१६३३; प्रका०—गो-साहित्य और कृषि-संबंधी

विषयों पर लिखा है; प०—पांडेय-बंधु-आश्रम, इटारसी।

शिवशंकर शर्मा—शि०—बी० ए०, बी० टी०; प्रका०—स्फुट कविताएँ; अप्र०—भीगी पलकें; प०—अध्यापक, धर्म-समाज हाई स्कूल, अलीगढ़।

शिव सहाय चतुर्वेदी—ज०—२८ अगस्त १८८८; शि०—नार्मल पास; जा०—बँगला, गुजराती, मराठी; सा०—संपा० व संयो० प्रेमी-अभिनंदन-ग्रंथ, संयो०—लोक सा० उपसमिति, सदस्य बुन्देल-खंड सा० सम्मेलन; काँग्रेसी कार्यकर्ता, नागरिक सभा और स्थानीय वोटर्स असोसिएशन के संस्थापकों में; प्रका०—भारतीय नीति-कथा, सती-प्रथा का इतिहास, सतीदाह, गृहिणी-भूषण, योरप में बुद्धि-स्वातन्त्र का इतिहास, बैलून-विहार, जननी-जीवन, आदर्श बहू, छाया-दर्शन, राम-कृष्ण के सदुपदेश, मेरे गुरुदेव, बुन्देलखंड की ग्राम्य कहानियाँ, आर्थिक सफलता, स्वास्थ्य-संदेश, वाणिज्य या व्यवसाय-प्रवेशिका, बच्चों के सुधारने के उपाय, स्त्रियों का कार्य-क्षेत्र; अप्र०—पाषाण नगरी, केतकी के फूल, काठ का सुवा, होनहार बालक; वर्त०—ग्राम-साहित्य-संकलन; प०—देवरी, सागर।

शीलभद्र साहित्यिक(अंबिका-कान्त मिश्र)—शि०—सा० र०, बँगला, मैथिली, पंजाबी; सा०—'योगी' के संपा० मण्डल में रहे; प्रका०—कामायनी-मीमांसा (मैसूर हिंदी परिषद की 'प्रभाकर' परीक्षा में स्वीकृत); अप्र०—चिर अतृप्ति (गद्य-काव्य); प०—व्यव-स्थापक, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा।

शुकदेव दुबे—ज०—१६१६; शि०—बी० ए० तक, सा० रत्न; जा०—बँगला, मराठी, गुजराती; प्रका०—कौमुदी (कहा०), हिंदी-रचना, नैपोलियन, महाराणा साँगा, वनवासी राम, वनवासी पांडव; अप्र०—झलकियाँ, मिज-राब, मृत्यु-पथ पर; प०—ठि० भारती भंडार, लीडर प्रेस, प्रयाग।

शुकदेव नारायण—ज०—मार्च १६२८; शि०—बी० ए०; प्र०-१६४६; प्रका०—तीन ताक

(कहा०),टेढ़ा क्रम (उप०);प०—पो० बाक्स ५६, बाँकीपुर, पटना।

शुकदव पांडेय— जा०—१८६३ ; शि०— एम० एस-सी० म्योर कालेज इलाहाबाद, **प्रका०**—वैज्ञानिक शब्दावली (ज्योतिष और गणित), गणित, बीजगणित, त्रिकोनामिति; प०—आचार्य, बिड़ला कालेज,पिलानी।

शुकदेवप्रसाद तिवारी,'निर्बल' —ज०— १८८८ ; **सा०**—भूत० संपा०—'पंचराज' नासिक, 'नवशक्ति' बंबई, 'नवीन राजस्थान', 'महिला-संसार', 'महिला-दर्पण', और हिंदी-साहित्य-ग्रंथ माला; सत्याग्रह-आन्दोलन में जेल; स्थानीय कांग्रेस के उपसभापति, स्थानीय म्यु० कमेटी के मंत्री ; संपादक—'हिंदू' ; **प्रका०**— ग्राम गीत , होली की राख, हिंदी गान-कुसुमांजलि, ग्रामीण जीवन, खद्दर-पचरत्न, राष्ट्र की ध्वनि, महिला सभा-सरोज; **अप्र०**—उषा (खंड काव्य), होशंगाबाद का इतिहास; प०—'निर्बल'-निकेतन,सोहागपुर।

शुकदेवप्रसाद वर्मा—सा०—सद० कार्यसमिति भारतेंदु साहित्य सम्मेलन, प्रबंधक श्यामसुंदर-ट्रस्ट, आन्दोलनों में कारावास; **प्रका०**—स्फुट लेख; प०—बलुआटाल, मोतिहारी।

शुकदेवराय—ज०— १९१६; शि०—विशारद; **सा०**—उप-सभा०-पटना हिंदी साहित्य परिषद्, स० मंत्री विहार प्रादेशिक हि० सा० स०; **प्रका०**—स्फुट कहानियाँ और बिहार की लोक - कथाएँ ; **अप्र०**— रैन - बसेरा (उप०); **प०**— सहकारी संपादक 'हुँकार' साप्ताहिक,पटना।

शुकदेव सिंह , 'सौरभ'—ज०—१९०१; **प्रका०**—कविता—शरशय्या, साकेत-संताप, अमरत्व; उपन्यास—मिलन, आदर्श-जीवन, हम क्या चाहते हैं ! जीवन-संग्राम आदि; प०—टीकमगढ़ ।

शुभकरण कविया—ज०—१९०६; **शि०**—एम० ए० (हिंदी १९३६); एल-एल० बी० काशी विश्वविद्यालय; **सा०**—स्थानीय हिंदीप्रचारिणी सभा के संस्थापकों में, दो वर्ष तक उसके मंत्री रहे, प्रधान मंत्री अखिल भारतीय चारण-सम्मे० ; **प्रका०**—स्फुट

काव्य और आलोचनात्मक लेख; प०—न्यायाधीश, न्याय-विभाग, जोधपुर।

शेषनारायण— ज०— १२ फरवरी १९१२ ; शि०—एम० ए०, एल-एल० बी० प्रयाग वि० वि०, हि० सा० सम्मे० प्रयाग से सा० र० १९३९ में, राजकीय संस्कृत कालेज से शास्त्री; सा०—सा०समितियो की स्था०, रामायण-गीता-परीक्षा-केन्द्र की स्थापना; प्रका०—स्फुट ; प०—दारागंज, प्रयाग।

शेषमणि त्रिपाठी— ज०— १८९८ कोटिया, बस्ती; शि०—प्रयाग, आगरा, काशी ; एम० ए०, सा० र०, बी० टी०; सा०—शिक्षा-विभाग में आजमगढ़, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया और सुल्तान-पुर आदि स्थानो के इंस्पेक्टर तथा इंचार्ज डिपुटी इंसपेक्टर; प्रका०—अकबर की राज्य-व्यवस्था, वेणी-विमर्श, शिक्षा का व्यंग्य, स्काउट, रोवर स्काउटों की दीक्षा-संस्कार, माता का हृदय, माघ - विमर्श, दंडीविमर्श, आलमगीर के पत्र, निबंध-निच्चय और तैराकी; प०— डिप्टी इंस्पेक्टर आव स्कूल्स, इलाहाबाद।

शैलकुमार दत्त-ज०—१९१५; शि०-इंटर तक; प्रका०—चावल के दाने, बंगाल का अकाल, संगीत; प०—१०।१०० खलासी लाइन, कानपुर।

शैलकुमारी चतुर्वेदी—ज०— १० जूलाई १९२३ ; शि०— प्रभाकर, मैट्रिक, विशारद; प्रका०— पाकशास्त्र ; अप्र०—कमला नेहरू (जीवनी) , महिला - गीतांजलि (गीति-संग्रह) , गल्प संग्रह, एकांकी संग्रह ; प०—ठि० श्री उमेश चतुर्वेदी, जयपुर।

शैलबाला—ज०—मार्च १९-२२; शि०—इंदौर, बी० ए०, बी० टी०--काशी वि० वि०; सा०—हैदराबाद और औरंगाबाद रेडियो से एकांकी, कविताएँ आदि प्रसारित, हैदराबाद के हिंदी माध्यम के हाईस्कूल की भूत० प्रधाना-ध्यापिका, हैदराबाद में हिंदी प्रचार-सभा की परीक्षाओं की संचालिका; प०— ठि० हिंदी प्रचार - सभा , हैदराबाद , दक्षिण।

श्याम जी शर्मा — ज० — १८७४ ; प्र०—१८६५ ; **प्रका०** —श्यामविनोद रामायण, श्याम-विनोद-दोहावली (७०० दोहे), रामचरितामृत महाकाव्य, वृंदविलास (वृंद के दोहों पर कुंडलियाँ), अबलारक्षक, खड़ी बोली-पद्यादर्श, स्वाधीन विचार, विधवा-विहार ; प०—भदवर, बिहार ।

श्यामदत्त मिश्र — ज० — १६०२; शि०—१६३० में मैट्रिक, पटना ट्रेनिंग स्कूल से सी० टी० (स्वर्णपदक और सम्मान के साथ), बी० ए० ; **सा०** — १६३२ में अध्यापक, भारतेंदु-साहित्य-परिषद् के संचालक ; 'सैनिक' (आगरा) और 'संत-संदेश '(गया) के भूत० सह० संपा०, 'प्रदीप' (गया) और 'शिक्षक-संदेश' (गया) के प्रधान संपा०; १६३१ में भरतपुर में श्रीगणेश-पुस्तकालय की स्थापना, प्रकाश-परिषद्, यंग सिटीजंस यूनियन तथा स्थानीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के कार्यकर्ता ; **प्रका०** — रघुवीर-गाथा (जीवनी १६३३) ; **अप्र०**—रीतिकाल के कवि ; प०— प्रधान हिंदी अध्यापक, राजेंद्र विद्यालय, गया ।

श्यामधारी प्रसाद — ज०— १६०६ ; **प्रका०** — रुदन ; प० — सभापति, लोकल बोर्ड, मुजफ्फरपुर ।

श्यामनारायण कपूर—ज०— १६०८ ; शि०—बी० एस-सी०, ए० एच०, बी० टी० आर्ट०, कानपुर; **सा०**—साहित्य-संस्थाओं, पुस्तकालयों और बाल-संघ के संस्था०, हिंदी साहित्य-पुस्तकालय मौरावाँ, आयल टेकनालाजिस्ट एसोसियेशन इंडिया तथा साहित्य-निकेतन कानपुर और बरेली के सचा० ; **प्रका०**—जीवट की कहानियाँ, विज्ञान की कहानियाँ, भारतीय वैज्ञानिक, आविष्कारों की कहानियाँ, बिजली और अन्य कहानियाँ, फोटोग्राफी और अन्य कहानियाँ, साबुन-विज्ञान; **अप्र०** —हिमालय-आरोहण, पुस्तकालय-विज्ञान, भारतीय तिलहन व उसके तेल ; प० — साहित्य-निकेतन, श्रद्धानंद पार्क, कानपुर ।

श्यामनारायण पांडेय—ज०— १६१० ; शि०—सा० रत्न, सा०

आ०; सा०—रिसर्च स्कालर के रूप में राजकीय संस्कृत कालेज में भूत० साहित्यिक अन्वेषक ; प्र०—त्रेता के दो वीर ; प्रका० — हल्दी घाटी, जौहर (महा०), आरती (स्फुट), तुमुल (खंड०), रूपान्तर (अनु०) ; वि०—'हल्दी घाटी' पर देव-पुरस्कार प्राप्त किया और 'जौहर' पर ना० प्र० स० काशी द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ काव्य घोषित होने के कारण 'द्विवेदी-पदक' मिला ; प०—सारंग तालाब, बनारस कैंट ।

श्यामनारायण बैजल—ज०—२० नवंबर १९१३; शि०—एम० ए० (हिंदी) प्रथम श्रेणी, कानपुर, एल० टी० (प्रयाग); अप्र०—दुलहिन की बात तथा अन्य कहानियाँ, साहित्य के द्वार पर, भारतीय संगीत, भारतीय ललित कलाएँ ; प० — वकील, मदारी दरवाजा, बरेली ।

श्याम बर्थवार—ज०—दिसंबर १९०५ ; सा० — भूत० संपा० साप्ता० 'चिनगारी' गया १९३९, मासिक 'गरीब' गया १९४६, और सप्ता० 'क्रांति'; प्रका०—बंदियों का स्वर्ग, लेनिन, क्रांति या प्रतिक्रिया, हमारा समाज, लेनिन और स्टालिन, मजदूर क्रांति, समाज-विज्ञान, वैज्ञानिक समाजवाद, धुआँ (उप०), गद्दार (उप०) ; प०—कचहरी रोड, गया ।

श्यामबहादुर सिंह—ज०—१९१४, सुलतानपुर; सा०—बम्बई प्रांतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के स्थायी सदस्य, राष्ट्रभाषा प्रचार-समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं में, हिन्दी-ज्ञान मंदिर लि० की प्रकाशन-समिति के सदस्य ; प्रका०—स्फुट लेख और कहानियाँ; प०—१०९, पारसी बाजार स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई ।

श्याममनोहर त्रिपाठी—सा०—स्थानीय हिंदी-परीक्षा-केंद्र के व्यवस्थापक और हिंदी-प्रचार सभा के उत्साही कार्यकर्ता, मेदक जिले के कई स्थानों में हिंदी-प्रचार का कार्य आपके प्रयत्न से ही आरंभ हुआ ; प०—हिंदी-परीक्षा-केंद्र-व्यवस्थापक, संगारेड्डी, मेदक (दक्षिण)।

श्याममोहन त्रिवेदी—ज०—रायबरेली; शि०—एम० ए० तक (हिन्दी) प्रयाग वि० वि०; प्रका०—स्फुट; प०—अध्यापक, हुसेनगंज, फतहपुर।

श्यामलाल काबरा—ज०—१८६६; शि०—मैट्रिक तक; सा० —स्थानीय हिंदी-साहित्य-परिषद् के सदस्य; प्रका०—समाजसुधार-संबंधी स्फुट गायन जो सामाजिक ट्रैक्टों के नाम से छप चुके हैं; प०—ठि० हिंदी-साहित्य-परिषद्, जयपुर।

श्यामलाल कुटरियार—ज० —१६०५; सा०—बिहार प्रांतीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के सदस्य और पुस्तकालय विभाग के कार्य-कर्ता; प्रका०—विज्ञान-संबंधी स्फुट लेख; प०—ग्राम अकबरपुर, गया।

श्यामलाल राठौर—सा०—स्थानीय हिंदी-प्रचार-सभा के मंत्री, हिंदी-परीक्षाओं के केंद्र-व्यवस्थापक और हिंदी-प्रचारक; गाँव-गाँव घूमकर हिंदी का संदेश पहुँचाया, हिन्दी-शिक्षण-वर्गों का संचालन और निशुल्क हिंदी अध्यापन किया, स्थानीय हिंदी-प्रचार-सभा की स्थायी समिति के सदस्य, आर्य-समाज तथा प्रत्येक सार्वजनिक संस्था के कार्यकर्ता; प्रका०—स्फुट; प०—मंत्री हिंदी-प्रचार-सभा, नाँदेड़, दक्षिण।

श्याम वदन पाठक, 'श्याम'—ज०—मार्च १६२१; प्रका०—सरदार पटेल, सरोजिनी नायडू; वि०—रेडियो पर कहानी और कविताएँ; प०—मूक - बधिर विद्यालय, बाँकीपुर, पटना।

श्यामविहारी तिवारी, 'देहाती' — सा०—भूत० मंत्री चंपारन जिला साहित्य-सम्मे०; अप्र०—देहाती-दुलकी; प०—बसवरिया, बेतिया, चंपारन।

श्यामविहारी मिश्र, रावराजा डाक्टर — ज०— १२ अगस्त १८७३ इटौंजा; शि०—एम० ए०, डी० लिट्०, बस्ती, लखनऊ। सा०—कौंसिल आव स्टेट के भूत० माननीय सदस्य १६२४-२८, प्रका०—लवकुशचरित्र, मदन-दहन, विक्टोरिया-अष्टदशी, व्यय, भूषण-ग्रंथावली-टीका, रूस का संक्षिप्त इतिहास, जापान का

संक्षिप्त इतिहास, हिंदी हस्तलिखित ग्रंथों की खोज की रिपोर्टें, मिश्र-बंधुविनोद—४ भाग, हिंदी नव-रत्न, भारतविनय, पुष्पांजलि, वीरमणि, बुद्धपूर्व भारत का इति-हास, मुस्लिम आक्रमण के पूर्व भारत का इतिहास, आत्म-शिक्षण, बूँदी-वारीश, सूरसुधा, गद्यपुष्पां-जलि, सुमनांजलि, उत्तर भारत-नाटक, नेत्रोन्मीलन, पूर्वभारत नाटक, शिवाजी, धर्मतत्त्व, ईशान-वर्मन, हिंदी साहित्य का इति-हास, हिंदी-अपील, संक्षिप्त हिंदी-नवरत्न, हर-काशी-प्रकाश, देव-सुधा, विहारीसुधा, हिंदी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, रामराज्य-नाटक; प०—मिश्रभवन, गोलागंज, लखनऊ।

श्यामसुंदर गुप्त—ज०—१८ जूलाई १६२४, गोसाईंगंज; शि—सा० रत्न; अप्र०—हल्दीघाटी-एक आलोचनात्मक अध्ययन; वर्त०—१८५७ की महाक्रांति नामक पुस्तक लिख रहे हैं; प०—अध्यापक गोसाईंगंज, फैजाबाद।

श्यामसुन्दरपालीवाल, 'मधुर'—ज०—१६११; प्रका०—स्फुट कविताएँ प०—नारहट, झाँसी।

श्यामसुंदर माणिक प्रसाद दुबे—सा०—स्थानीय हिंदी-प्रचार-सभा के सहयोगी कार्य-कर्ता और काँग्रेसी; प्रका०—स्फुट; प०—हिंदी अध्यापक, हलीखेड़, बीदर (दक्षिण)।

श्यामसुंदर लाल दीक्षित—ज०—१६ अगस्त १९१४; शि०—एम० ए०, सा० रत्न, कविरत्न, प्रभाकर; सा०—भूत० संपादक मासिक 'मराल', अँगरेजी 'ग्लोब', 'सनाढ्योपकारक' और दैनिक 'ताजा समाचार'; प्रका०-काव्य—जवाहर-दोहावली, भारती, हुंकार, गांधी-त्रयोदशी, १५ अगस्त, पुरुषोत्तम, श्याम-संदेश; जीवनी—सरदार वल्लभ भाई पटेल, राजगोपालाचार्य, सरोजिनी नायडू; विजय लक्ष्मी पंडित; नाटक—भर्तृ-हरि, सत्य हरिश्चंद, शकुंतला, दहेज के नाम पर; कहानी—शहरों के परदे में, मुगल बादशाह, नारं-गियाँ, उरोजी; अनुवाद—सुहृद-भेद-मित्रलाभ, ट्रैविलर; आलो-चना—प्रेमचंद और गोदान, ब्रज-माधुरी-सार की टीका, विनयपत्रिका,

कवितावली की टीका, सेवासदन; अप्र०—उर्मिला, गीता, इला; प०—प्राध्यापक, हिंदी विभाग, बरेली कालेज, बरेली।

श्यामसुंदर व्यास— ज०—३ सितंबर १९२७; शि०—एम० ए० (हिंदी) आगरा वि० वि०; सा०—भूत० संपा० दैनिक 'नयी दुनिया' (तीन वर्ष तक), साप्ता० 'हजामत' और दैनिक 'अशोक'; प्रका०—पुरखों की नाक, स्वर्ग का अतिथि, तीर्थ-यात्रा, सुबोध नागरिक शास्त्र; अप्र०—गिलट के झुमके, कविता (उप.), देश-देश के विधान, मालवा के साहित्यिक; वर्त०—अध्यापक मालव-कन्या-विद्यापीठ, इंदौर; प०—६ लोधीपुरा, इंदौर १।

श्यामसुंदर शर्मा—प्रका०—तिलोत्तमा (नाटक), आधी रात (उप.), वह और मैं (कहा.); प० — २१५, बहादुरगंज, प्रयाग।

श्यामसुन्दर, 'श्याम'—शि०—सा० लं०, शास्त्री; प्रका०—स्फुट और शिशु; अप्र०—मंगल प्रभात और बैजू-विजय; प०—संस्कृताध्यापक, गाँधी राष्ट्रीय विद्यालय, हमीरपुर।

श्यामसुन्दर, 'श्यामू संन्यासी'—जा०—मराठी, गुजराती, अँगरेजी, उर्दू; सा०—भूत० प्रबन्धक सरस्वती प्रेस बनारस, 'आपबीती' और 'मजदूर' का संपा०, 'हंस' और 'कहानी' के सम्पा० में सहयोग; रियासती जनता में आंदोलन के लिए तीन वर्ष की कैद; प्रका०—कोयले, ईंट-रोड़े, मजदूर, नये नाटक, नये मोती, यह समय आराम का नहीं, चित्रलेखा यशोधरा, काण्टामारा, रूसी लोककथाएँ, शहादत, स्नेहपट्टा, कँटीले तार; अप्र०—लुंगाड़े, गुनहगार, हम नहीं आयेंगे, पथ के पत्थर; वर्त०— कम्युनिस्ट पार्टी के प्रकाशन-विभाग का संगठन; प०—संचालक-सहयोगी प्रकाशन-विभाग, हीराबाग, बम्बई।

श्यामाकांत पाठक—ज०—१८९७; शि०—सा० शास्त्री, बी० लिट्; प्रका०—श्याम-सुधा, बुंदेलकेसरी, ऊषा, दर्पदमन, भारती ज्योतिष शास्त्र; वि०—बुंदेल केसरी पर आपको महेंद्र

महाराज पन्ना ने १०००) का पुरस्कार दिया ; प०—जबलपुर।

श्रीअनन्त शास्त्री—ज०—१९२०, फगवाड़ा नगर (पूर्वी पंजाब); शि०—लाहौर और कपूरथला से प्रभाकर, मौलवी फाजिल, मुंशी फाजिल और आदिम फाजिल; जा०—अरबी, फारसी, उर्दू, संस्कृत, लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, इजिप्शियन और पाली आदि बीस भाषाओं के विद्वान; सा०—समय-समय पर ईरान, अफगानिस्तान, अरब, इजिप्ट, न्याजा लैंड, बेलजियम और कांगो आदि देशों का भ्रमण किया; केनिया में हिंदी-प्रचार कार्य आरम्भ किया, मोम्बासा में आठ केंद्र, तथा पूर्वी अफ्रीका के नैरोबी, किसुम, कम्पाला, दारेसलाय, अरुशा, मोशी, नकुस, टौंगा आदि नगरों में एक-एक दो-दो केंद्र स्थापित किये; विशेष प्रयत्न करके यहाँ के राजकीय बालक और बालिका विद्यालयों में हिंदी-शिक्षा का प्रबन्ध कराया; हिंदी का एक पत्र प्रकाशित करने और हिंदी-प्रेमियों का एक सम्मेलन बुलानेकी योजना; वर्त०—केनिया सरकार के शिक्षा-विभाग में काम कर रहे हैं; प०—पोस्टबाक्स १३१, मोम्बासा, कीनिया; अथवा पोस्टबाक्स ३८१३, नैरोबी, कीनिया।

श्रीकांत—प्रका०—मगही लोकगीतो की रूपरेखा; प०—मगध विद्यापीठ, नारायणपुर, एकानसराय, पटना।

श्रीकांत शास्त्री—शि०—मैट्रिक १९४२, शास्त्री १९४८ काशी विद्यापीठ; सा०—भूतपूर्व सम्पादक कलकतिया 'आलोक' और मासिक 'नया कदम'; प्रका०—स्फुट लेख; अप्र०—सेक्स और हंगर; प०—मलयपुर, मुंगेर।

श्रीकृष्ण अग्रवाल—ज०—१५ फरवरी १९२६, शि०—बी० ए०; सा०—संस्थापक हिन्दुस्तानी-सेवा-दल, साहित्य-मंत्री—क्रियाशील कलाकार-मण्डल; प्रका०—स्फुट; प०—ब्राह्मण घाट, करेली (मध्य प्रांत)।

श्रीकृष्णपद भट्टाचार्य—ज०—२२ अप्रैल १९०६, सील्हट

शि०—वेदांतशास्त्री ; सा०—सहा० संपा० बँगला-हिंदी-विश्व-कोश ईनसाइक्लोपीडिया ; १६२१ के अहिंसा-आंदोलन में सक्रिय भाग ; प्रका०—स्फुट लेख ; प०—आचार्य, आयुर्वेद विश्व-विद्यालय, झाँसी ।

श्रीकृष्ण मिश्र—ज०—१८६४; शि०—एम० ए०, बी० एल ; सा०—सभा० स्थानीय हि० सा० सम्मे०; प्रका०—महाकाल-उप०, प्रेमा-उप०; देवकन्या-नाटक ; प०—वकील , वाणी- मंदिर, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर ।

श्रीकृष्णराय, 'हृदयेश'—ज० १६११ ; सा०—नागरी प्रचारिणी सभा गाजीपुर के व्यवस्थापक और प्रधान मन्त्री; प्रका०—युवक और हिमांशु; प०—अध्यापक, एम० ए० बी० हाई स्कूल, गाजीपुर ।

श्रीकृष्ण लाल—ज०—मार्च १६१२ ; शि०—एम० ए०, डी० फिल, प्रयाग विश्वविद्यालय ; प्रका० — आधुनिक हिंदी साहित्य का विकास—१६०० से १६२५ तक (डी० फिल की डिग्री के लिए लिखित थीसिस का अनुवाद), हिंदी कहानियाँ ; प०—प्राध्यापक, हिंदी-विभाग, विश्व-विद्यालय, काशी ।

श्रीकृष्ण शर्मा—ज० —४ अगस्त १६०१ ; सा०—फिजी में कई साल तक आर्यसमाज और हिंदी का प्रचार, फिजी के 'वैदिक संदेश' के संस्थापक-संपादक, कई पुस्तकें लिख चुके हैं ; वर्त०—सम्पादक 'आर्य-ज्योति' ; प०—आर्य समाज, राजकोट ।

श्रीधर पंत—शि०—एम०ए० (संस्कृत, हिंदी), बी० टी०—प्रका०—तुलसी-मंजरी (तुलसी-काव्य-संकलन) ; प्रि० वि०—संगीत ; प०—प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, बरेली कालेज, बरेली ।

श्रीधर शंकर जोशी—ज०—१६ अगस्त १६०२ ; शि०—मैट्रिक १६२०, एफ०ए० १६२३, बी०ए० १६२५ प्रयाग वि०वि० से, एम० ए० (हि०) १६३२; आगरा—वि० वि०, बी० टी०– १६३३ नागपुर वि० वि०; प्रका०—स्फुट लेख, ग्रंथ बोर्ड आव हाई स्कूल ऐंड इंटर० शिक्षा अजमेर;

वर्त०—अध्यापक महाराज शिवा जी राव हाईस्कूल, इंदौर; प०—१२ रेशम वाला लेन, इन्दौर।

श्रीनाथ पालित — ज० — १९०६; शि०—प्रवेशिका कलकत्ता विश्वविद्यालय १९३०, विशारद; सा०—केसरवानी हिंदी पुस्तकालय के संस्था०, म्यूनिसिपल कमिश्नर, जातीय सभाओं के मंत्री, गोरक्षण संस्था के सद०; भूत० संपा० 'केसरी' और 'चिनगारी'; स्थानीय-हिंदी-साहित्य - सभा के सहयोगी, अष्टम बिहार प्रांतीय सम्मे० के मंत्री, गोरक्षा-सम्मे० के प्रथम अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष; प्रका०— द्वंद्वात्मक भौतिकता अथवा समाजवादी फिलासफी, गोवंश का व्यावहारिक रूप, लव-कुश नाटक; प०—३९, कचहरी रोड, गया।

श्रीनाथ मिश्र—ज०—१७ जुलाई, १९०३; शि०—सा० रत्न; अप्र०—कलकंठी, कलंकिनी, मधुवन; प०—अध्यापक म्युनिसिपल स्कूल, गाजीपुर।

श्रीनाथ मोदी— ज०—२० जून १९०४ जोधपुर; सा०—हिन्दी-प्रचारिणी-सभा जोधपुर के संस्थापकों में, २३ वर्ष की सरकारी नौकरी छोड़कर हिन्दी के प्रचार-कार्य को स्वीकारा, ज्ञान-भंडार संस्था की स्थापना की, हिंदी-परीक्षार्थी-सहायक पुस्तकालय खोला, जादू की लालटेन द्वारा चार वर्ष तक गाँवों में प्रचार-कार्य, जातीय-पत्र 'ओसवाल मारवाड़ी जैन विकास' का संपा०; प्रका०—अर्द्ध भारत की समस्याएँ, उगता राष्ट्र, पंचों की बड़ी पूजा, पंचों को कुकड़ूँकूँ, सुधार-संगीत—४ भाग, स्त्रियों के शुभ गीत—२ भाग, ज्ञानमाला, २६ ट्रेक्ट, ग्रामसुधार नाटक, जिनगुणमाला, मुनिज्ञान सुन्दर, तीन भालू, चियां मियाँ, धनवान बनने का सरल उपाय; प०—किताब घर, सोजती गेट, जोधपुर।

श्रीनाथ सिंह, ठाकुर—ज०—१९०१; सा०-संपादक 'गृहलक्ष्मी' १९२४, 'शिशु' १९२४, 'देशबंधु' १९२६, 'बालसखा' १९२६ से कई वर्ष तक, साप्ता० व दैनिक 'अभ्युदय' १९३१, 'सरस्वती' १९-३४-३८, 'देशदूत' १९३९ से कई

वर्ष तक, हिंदी-उर्दू 'हल' १६३६, १६४० में हिंदी पत्र 'दीदी', संस्थापक 'दीदी'-प्रेस, 'बालबोध' मासिक का प्रकाशन ; प्रका०—प्रजामंडल, जागरण, उलझन, एकाकिनी, स्त्रीदर्पण ; प०—'दीदी'-कार्यालय, इलाहाबाद।

श्रीनारायण चतुर्वेदी—ज०—१६१६, सा०—संपा० 'अमर ज्योति', राजस्थान-पत्रकार-संघ के संयो०, जयपुर-पत्रकार-संघ के मंत्री, सेंट्रल मारकेटिंग ऐंड इंडस्ट्रियल फेडरेशन के डायरेक्टर, प्रांतीय कांग्रेस के सदस्य ; प०—प्रधान सम्पादक 'अमर ज्योति', जयपुर।

श्रीनारायण चतुर्वेदी, 'श्रीवर'—ज०—जनवरी १८६५ ; शि०—एम० ए०, एल० टी०—प्रयाग; सा०—लीग आव नेशंस जेनेवा की शिक्षा-विशेषज्ञ समिति के सद० १६२६—३०; वर्ल्ड फेडरेशन आव एजुकेशनल एसोसिएशंस, टोरंटो के भारतीय सदस्य; व्यवस्थापक शिक्षाविभाग एवं कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी लखनऊ; प्रका०—कई कविता-संग्रह, अनेक साहित्यिक लेखसंग्रह, उत्तरप्रदेशीय शिक्षा - प्रसार - विभाग के भूत० अध्यक्ष ; प०—अखिल भारतीय रेडियो, दिल्ली।

हरनामदास सेठ, 'दुखी'—ज०—२५ अक्टूबर १६००, साँभर (जोधपुर); शि०—एम० ए० (गणित, सर्वप्रथम) आगरा विश्वविद्यालय; प्रका०—लगभग ३०० स्फुट कविताएँ; प०—प्रोफेसर गणित - विभाग, डिग्री कालेज, जोधपुर।

हरनामसिंह चौहान—ज०—१८८६; प्रका०—आर्यन-विजय, भारत राजवंशी इतिहास, चौहान-चंद्रिका, परमार-मार्तंड और तकली-गान; प०—मालापुरा, सोहागपुर।

हरनारायण शर्मा, 'किंकर'—ज०—१६०८; सा०—हिंदी परिषद अलवर के संस्थापक; प्रका०—युगधर्म, आजादी के गीत, जीवन के मंत्र; अप्र०—स्वराज्य- सतसई, अखंड भारत, आदि; प०—किंकर - कुटीर, जती की बगीची, अलवर।

हरवंश सहाय— **सा०**—एम० एल० ए०, भूत० सभा० चंपारन जिला साहित्य सम्मेलन, आंदोलनों में कारावास ; **प्रका०**—अमेरिका की स्वाधीनता का इतिहास; **प०**—बरिअरिआ, संग्रामपुर, चंपारन।

हरशरण शर्मा, 'शिव'—ज०—१६०२; **शि०**—सा० रत्न; **प्रका०**— मानस-तरंग, सुषमा और मधुश्री; **वि०**—आपकी धर्मपत्नी प्रभा देवी भी अच्छी कविता करती हैं; उनका 'पिकी' काव्य प्रेस में है; **प०**—डिप्टी-इंस्पेक्टर आव स्कूल्स, दक्षिणी शहडोल, वी० एन० आर० (विंध्यप्रदेश)।

हरिकृष्ण अवस्थी— **ज०**—१६१५ के लगभग; **शि०**—कान्यकुब्ज कालेज लखनऊ मे इंटर १६३६, बी० ए० (१६३८) और एम० ए० (१६४०) लखनऊ वि० वि०—प्रथम श्रेणी में प्रथम; **सा०**—लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रकाशित त्रैमासिक 'ज्ञानशिखा' के सहायक संपादक, लखनऊ और सीतापुर की साहित्यिक संस्थाओं के सक्रिय पदाधिकारी और कार्यकर्ता, स्वतंत्रता आंदोलन में सोत्साह भाग लिया ; **प्रका०**—तुलसीकृत उत्तरकांड(विस्तृत भूमिका सहित); **वि०**—कविवर देव पर पी-एच० डी० के लिए थीसिस लिख रहे हैं; **प०**—प्राध्यापक हिंदी-विभाग, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

हरिकृष्ण, 'कमलेश'—**ज०**—१६००· के लगभग ; **प्रका०**—स्फुट कविताएँ ; **प०**— वैद्य, डीग तहसील, भरतपुर।

हरिकृष्ण खरे— **ज०**—१६२२ ; **शि०**—एम० काम० प्रयाग वि० वि० ; **प्रका०**—स्फुट वाणिज्य संबंधी लेख ; **वि०**—हिंदी माध्यम से ही उच्च शिक्षा देते हैं; १६४६ से एफ० एन० जी० एस० हैं ; **प०**—प्राध्यापक हिंदी-वाणिज्य विभाग, शिवाजी कालेज, पिलानी।

हरिकृष्ण, 'जौहर'—**ज०**—१८८०;**ज्ञा०**–उर्दू,संस्कृत, अँग्रेजी, फारसी,बँगला,मराठी तथा गुजराती; **प्र०**—१८६३; **सा०**—संपादक—'मित्र,' 'उपन्यासतरंग', 'द्विज-

राज,' 'वेंकटेश्वर - समाचार', 'भारत-जीवन', 'वंगवासी'; नागरी प्रचारिणी सभा, कलकत्ता की स्थापना; मदन थियेटर्स लिमिटेड में नाटककार रहे; कई कंपनियों में स्टेज और फिल्म के लिए नाटक लिखने का काम किया; **प्रका०**— उपन्यास—कानिस्टेबुल वृत्तांत-माला, भूतों का मकान, नर-पिशाच, भयानक भ्रमण, मयंकमोहिनी, शीरी फरहाद, जादूगर; ऐतिहासिक—अफगानिस्तान का इतिहास, जापान-वृत्तांत, देशी राज्यों का इतिहास, रूस-जापान युद्ध, सागर-साम्राज्य, सिक्ख - इतिहास, नेपोलियन; विविध—हाजी बाबा, सर्वे सेटिलमेंट, ट्रांसलेशन ऐंड रीट्रासलेशन, भूगर्भ की सैर, विज्ञान और बाजीगर, कबीर मंसूर; अनुवाद—श्रीमद्भागवत, महाभारत, अध्यात्म-रामायण, कल्कि पुराण, मार्कंडेय-पुराण, काशी, याज्ञवल्क्य-संहिता, अत्रि - संहिता, हारीत - संहिता; नाटक—सावित्री सत्यवान, पति-भक्ति, प्रेमयोगी, वीर भारत, कन्याविक्रय, चंद्रहास, सती लीला, भार्यापतन, प्रेमलीला, औरत का दिल, ऊषाहरण, देश का लाल, सालिवाहन; प०—'वेंकटेश्वर-समाचार'-कार्यालय, बंबई।

हरिकृष्ण त्रिवेदी— ज०— १६१६; शि०— अल्मोड़ा; **सा०**— 'सैनिक' (आगरा) का संपादन, 'हंस'-कार्यालय में कार्य; **प्रका०**—राजनीतिक व आर्थिक विषयों पर लेख, सुभाष जी की जीवनी, प्रबोधकुमार-कृत 'महा-प्रस्थानरिपथे' का हिंदी अनुवाद, कहानियाँ; प०—दैनिक 'हिंदोस्थान'-कार्यालय, दिल्ली।

हरिकृष्ण, 'प्रेमी'— ज०—गुना, ग्वालियर; प्र०—१६२७; **सा०**— भूत० सहा० संपा०—'त्यागभूमि', 'कर्मवीर' और मासिक 'भारती' लाहौर; एक वर्ष बंबई में रहकर फिल्मों के कथानक, संवाद और गीत लिखे; लाहौर में भारती प्रेस की स्थापना की; मासिक 'सेवा' भी निकाली; सामयिक साहित्य-सदन लाहौर के संस्थापकों में एक, मासिक 'शिक्षा' के भूत० संपादक; **प्रका०**—आँखों में, जादूगरिनी, अनंत के

पथ पर, अग्निगान, प्रतिभा; नाटक—पाताल-विजय, रक्षा-बंधन, शिवा-साधना, प्रतिशोध, आहुति, विषपान, मित्र, उद्धार, छाया, बंधन; एकांकी—मंदिर।

हरिकृष्ण राय —शि०—सा०र० ; सा०—संस्थापक हिंदी-प्रचारिणी सभा बलिया और—सम्मेलन-परीक्षा - केंद्र बैरिया (बलिया), श्री भवनाथ पुस्तकालय वाजिदपुर ; प्रका०—राष्ट्रभाषा और तुलसी-छंदमंजरी तथा अनेक साहित्यिक आलोचनात्मक लेख ; प०—प्रधान अध्यापक, मिडिल स्कूल, बलिया।

हरिदत्त दुबे—ज०—१८६६; शि०—एम० ए० सागर, जबलपुर ; प्रका०— अनेक पाठ्य पुस्तकें, लेख और काव्य-संग्रह ; वि०—अँग्रेजी में भी लिखते हैं; प०—हिंदी अध्यापक, राबर्टसन कालेज, जबलपुर।

हरिदत्त शर्मा—पं० भीमसेन शर्मा के सुपुत्र ; ज०— १५ जून १६०६; शि०—एम० ए० (हिंदी) आगरा वि० वि०, वेदांत-आचार्य, व्याकरण-शास्त्री, सांख्य-तीर्थ, काव्यालंकार, आयुर्वेदाचार्य, शास्त्री (प्रथम) ; सा०—संपा०—'भारतोदय' (मासिक); प्रका०—काव्य-दीपिका, छंदमंजरी, लघु-चंद्रिका, प्रबन्ध-मंजरी, सद्उक्ती-करनचरितम् ; वर्त०—आचार्य, संस्कृत महाविद्यालय, प्रबंधक—गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर, संचा०—आयुर्वेद फार्मेसी, अध्यापक, बलवंतराजपूत कालेज आगरा, कोषाध्यक्ष आल इण्डिया विद्यापीठ; प०—बलवंत राजपूत कालेज, आगरा।

हरिद्वार त्रिपाठी—ज०—१६२१; शि०—व्याकरण, धर्म-शास्त्राचार्य, सा० र०, सा० लं, काव्यतीर्थ, न्यायशास्त्री ; सा०—मन्त्री—हिं० सा० परिषद् काशी, सभापति और मन्त्री —सुहृद-साहित्य-गोष्ठी, युवक-समाज, १६४२ के आंदोलन में भाग ; स्थापना—मिडिल स्कूल प्रभुपुर काशी ; प०—सुहृद-साहित्य-गोष्ठी, 'सरिता' - कार्यालय, काशी।

हरिद्वारी लाल शर्मा—ज० १६०२ ; शि०—महाराज संस्कृत

कालेज जयपुर; प्रका०— आनद-बहार ; प०—जयपुर ।

हरिनंदन चौधरी—ज०—१३ अक्टूबर १६१८; शि०—एम० ए०, डिप० एड०, सा० र० ; अप्र०—हिंदी काव्य में सामाजिक चेतना और एकांकी नाटक ; प०—अध्यापक, जी० बी० बी० कालेज, मुजफ्फरपुर ।

हरिनामदास महन्त — ज० १८८० ; शि०—सक्खर ; सा०—सनातन धर्म युवक सभा, पंचायती गौशाला के सभापति ; सिंध हिंदी विद्यापीठ सक्खर के संस्थापक और सभापति ; प्रका० — विचार-माला, ओरिजिन एंड ग्रोथ आव उदासी, विष्णुसहस्रनाम, कृष्णजी की मुरली, धन्य सद्गुरु, प्राचीन मुनियों का पुरुषार्थ, गुरुवनखंडी जपुजी, जीवनचरितामृत, जगद्गुरु श्रीचद्रजी की माया-सटीक ।

हरिनारायण—ज०—१६१३; शि०—महाराजा कालेज जयपुर से इंटर, विशारद ; प्रका०—कृष्ण-सुदामा, पतिव्रता पत्नी, मान-मंगल, वीर-वधू, जयपुरेंद्रमान सुयश-प्रकाश ; प०—ठि० राव गजानंद कवि, जयपुर ।

हरिनारायण, 'आशुकवि'—ज०—१८६३ ; शि०—शास्त्री, (प्रथम श्रेणी में) , महोपाध्याय, आशुकवि और कविभूषण (उपाधियाँ) ; सा०— स्थानीय हिंदी-प्रचारिणी-सभा के भूत० मंत्री और हिंदी-साहित्य-परिषद के उप सभापति, अखिल भारतीय हिंदी-साहित्य सम्मेलन के बत्तीसवें अधिवेशन की स्वागत-समिति के उपाध्यक्ष; प्रका०—शिक्षा-रत्नावली, माधव-मान, महाकाव्य, श्रीहरि-गीतांजलि; अनुवाद—गीतगोविद, भर्तृहरिशतक; संस्कृतग्रंथ—अलंकार-कौतुक,अलंकार-लीला, प्रेम-सुधा, उदर-प्रशस्ति, सिद्धिस्तव, वाणी-लहरी, लक्ष्मी-नक्षत्र-माला, नाकवंश-प्रशस्ति, अन्योक्ति-शतक, दर्पदलन ; प०— जयपुर ।

हरिनारायण, पुरोहित—ज०—१८६४ ; शि०—बी० ए० सर्वप्रथम, विद्यार्थी जीवन में नार्थ ब्रुक पदक (दो बार) और लार्ड लैंसडाउन पदक (सर्वश्रेष्ठ आने के फलस्वरूप) प्राप्त किया ; सा०— ४० वर्ष तक राजसेवा करके १६२६

में अवसर प्राप्त किया, जयपुर में हिंदी-प्रचार करने का विशेष प्रयत्न किया, पारीक पाठशाला हाई स्कूल को सात हजार का दान दिया, बालाबक्श राजपूत चारणमाला के संस्थापक ; प्रका०—संपादित—विशूचिका – निवारण, तारागण सूर्य में, महामति मि० ग्लेडस्टन, सतलड़ी, सुन्दर-सार, महाराजा मिर्जा राजा मानसिंह प्रथम, व्रजनिधि-ग्रंथावली, सुन्दर-ग्रंथावली, महाकवि गंग के कवित्त, गुरु गोविंदसिंह के पुत्रों की धर्म-बलि ; वि०—आजकल मीराबाई की पदावली का संपादन और उनकी जीवन-सामग्री का संकलन कर रहे हैं; आपके पास संत-साहित्य और हस्तलिखित ग्रंथों का अच्छा संग्रह है ; प०—जयपुर ।

हरिप्रसाद द्विवेदी, 'वियोगी-हरि'— ज०—१८९६ , छत्रपुर राज्य; सा०—प्रयाग में रहकर 'सम्मेलनपत्रिका' और सूरसागर का संपादन किया; १९३२से गाँधी-सेवा-संघ के सदस्य हुए और 'हरिजन-सेवक' का संपादन किया; प्रका०—प्रेमशतक, प्रेम-पथिक, प्रेमांजलि, प्रेम-परिचय, संक्षिप्त सूरसागर, तरंगिनी, शुकदेव, श्रीछद्मयोगिनी , साहित्य-विहार , कवि-कीर्तन, अनुराग-वाटिका, व्रज माधुरीसार, चरखा-स्तोत्र, महात्मा गांधी का आदर्श, बढ़ते ही चलो, चरखे की गूँज, वकील की राम-कहानी, असहयोग-वीणा, वीर-वाणी, श्री गुरु-पुष्पांजलि, वीर-सतसई, पगली, मन्दिर-प्रवेश, विश्वधर्म, प्रबुद्धयामुन, विहारी-संग्रह, सूर-पदावली, वृत्तचंद्रिका, भजनमाला, योगी अरविंद की दिव्यवाणी, युद्धवाणी, संतवाणी, ठंडे छींटे, प्रेमयोग, गीता में भक्तियोग , भावना , प्रार्थना , अंतर्नाद, विनयपत्रिका की टीका, तुलसी-सूक्तिसुधा, हिंदी-गद्य-रत्नावली, हिंदी पद्य-रत्नावली, मीरा-बाई-पदावली ; प०—हरिजन-उद्योगशाला, किंग्सवे, दिल्ली ।

हरिप्रसाद, 'रसिक'— ज०—६ मार्च १८९२ ; शि०—बी० एम० सी० डी०; सा०—संपा० 'प्रकाश' मासिक, मंत्री हिं० सा०

स० चम्पारन जिला, सभा० आर्य समाज बेतिया ; प्रका०—गद्य-विनोद, प्रेम-प्रवाह; अप्र०—रसिक-कवितावली, श्रद्धाजलि, अन्तर्ज्वाला ; वर्त०— अध्यापक, विपिन विद्यालय, बेतिया; प०—साहित्य-सदन, बेतिया, चांपारन।

हरिप्रसाद, 'हरि'— ज०—१६१५; प्रका०—स्फुट कविताएँ; अप्र०—भगवान महावीर (महाकाव्य) ; प०— कटरा बाजार, ललितपुर।

हरिभाऊ उपाध्याय—जा०-१८६२; शि०—हिंदू कालेजियट स्कूल, काशी; प्र० — १६१३; जा०—अँगरेजी, गुजराती, मराठी उर्दू; सा०—भूत० संपा 'नवजीवन', त्यागभूमि', 'मालव-मयूख', 'राजस्थान','जीवनसाहित्य';स्वदेश की स्वतंत्रता-प्राप्ति के आदोलनों में सदैव सक्रिय भाग लिया, कई बार जेल गये; प्रका०—मौलिक-स्वतंत्रता की ओर, बुद्बुद् और स्वगत, युगधर्म (जब्त); अनुवादित ग्रंथ—जीवन का सद्व्यय, कांग्रेस का इतिहास, मेरी कहानी, आत्मकथा, सम्राट अशोक और रागिनी, काकर का जीवन-चरित; प०—ठि० सस्ता साहित्य-मंडल, कनाट सरकस, नयी दिल्ली।

हरिमोहन झा—ज०—१६०८; शि०—एम० ए०; प्रका०—भारतीयदर्शन-परिचय, तीस दिन में संस्कृत, तीस दिन में अँगरेजी, संस्कृत रचना-चंद्रोदय, संस्कृत रचनाचंद्रिका, अनुवाद-चंद्रोदय, कन्यादान (उप०); प०—प्राध्यापक, दर्शन-विभाग, बी० एन० कालेज, पटना।

हरिमोहनलाल श्रीवास्तव, 'मोहन'—ज०—१३ अगस्त १६१७; शि०—एम० ए०; सा०—भूत० संपा० 'विजय' पाक्षिक दतिया, प्रधान-गांधी पुस्तकालय दतिया;प्रका०—मेरी आह, झाँसी की रानी, दतिया का जन-आदोलन,अलंकार, पिंगल और रस तथा हिंदी गद्य-काव्य का आलोचनात्मक इतिहास, हिंदी-साहित्य का संक्षिप्त इतिहास; प०—अध्यापक लार्ड रीडिंग हाई स्कूल, दतिया।

हरिलाल बाघे—शि०—बी० ए०, एल-एल० बी०; सा०—

हैदराबाद हिंदी-प्रचार-सभा के अध्यक्ष, प्रधान मंत्री, कोषाध्यक्ष आदि विभिन्न पदों पर रह कर हिंदी-सेवा की है; **प्रका०**—स्फुट; **प०**—वकील, हैदराबाद (द०)।

हरिवंश प्रसाद दुबे, 'नाना जी'— **प्रका०** — आजादभारत नाटक, श्यामा काव्य; **प०**—गढ़ा, जबलपुर।

हरिवंश राय 'बच्चन'—**ज०**—२७ नवम्बर, १९०७; **शि०**—एम० ए० (अँगरेजी) प्रयाग वि०वि०; **प०**—'तेराहार' १९३२; **प्रका०**—मधुशाला (१९३३), मधुबाला—१९३५, मधु - कलश (१९३७), निशा-निमंत्रण १९३८, एकांत संगीत (१९३९), आकुल अंतर (१९४३), सत - रंगिनी (१९४५), बंगाल का अकाल (बँगला में अनूदित) (१९४६), हलाहल (१९४६), खादी के फूल (सुमित्रानंदन पंत के सहयोग में), सूत की माला (१९-४८), प्रारंभिक रचनाएँ—३ भाग; **अप्र०**—मिलन-यामिनी ; **प०**—प्राध्यापक, अँगरेजी - विभाग, विश्वविद्यालय, प्रयाग।

हरिवल्लभ—**ज०** — १९११, सीसावली कोटा, **शि०**—सा० र०; **सा०**—प्रधान मंत्री श्री भारतेन्दु समिति कोटा, भूत० संपा० 'भारतेन्दु'; **प्रका०**—बुद्‌बुद्, काया कल्प (ना०) तथा अन्य पाठ्य-क्रम की पुस्तकें; **अप्र०**—किरण, प्रभाती, मिलन, हाड़ोती कहावतें, हाड़ोती गीत; **वर्त०**—संपा० 'विकास' त्रैमासिक; **प०**—सिटी हाई स्कूल, कोटा।

हरिवल्लभ दाधीच—**ज०**—१९०५; **शि०**—अँगरेजी, **प्रका०**—अमृतवर्षा नाटक; **सा०**—दो पुस्तकालयों की स्थापना; **प०**—बूँदी, राजस्थान।

हरिशंकर— **ज०** — १९२१ देवरिया, ग्राम महुआ पाटन ; **शि०**—एम० ए०, एल० टी० ; **प्रका०**—स्नेहदान (कहा०), प्राचीन भारत, इनके अतिरिक्त अनेक स्फुट लेख ; **प०**—प्राध्यापक, सेंट एँड्रूज कालेज, गोरखपुर।

हरिशंकर— **ज०** —१९२४; **का०**—'हिन्दी-प्रचार-पत्रिका' के संपा०, बम्बई हिंदी-विद्यापीठ के मंत्री ; **प्रका०**—स्फुट आलोचना-

त्मक लेख ; प०—१२५, गिरगाँव रोड, बम्बई ४।

हरिशंकर उपाध्याय—सा०— कई पत्रों के सम्पादक; **प्रका०—** संपादक—मारवाड़ी समाज की आहुतियाँ, विहार के आधुनिक कवि, दिनकर : एक अध्ययन, सारन जिले के कवि और लेखक; **वि०**—'साजन साहित्य रत्न' नाम से हास्यरस के लेखक ; **प०**— गिरिजा पुस्तक मंदिर सलेमपुर, छपरा; अथवा संपादक—'आदर्श' १६८।१ कार्नवालिस स्ट्रीट, कलकत्ता।

हरिशंकर द्विवेदी—शि०— पटना विश्वविद्यालय के स्नातक ; **सा०**—भूतपूर्व सम्पादक 'विश्व मित्र' बम्बई ; **प्र०**—१९३९ ; **प०**—संपादक 'विश्वमित्र', दिल्ली।

हरिशंकर वैदिक — ज०— १९२९ गौरा ग्राम, आजमगढ़ ; **प्रका०**—बिंदी (कोशकाव्य) और कवि का प्रणाम (एकांकी) ; **प०** —भदैनी, बनारस।

हरिशंकर शर्मा—कविवर श्री नाथूराम शर्मा 'शंकर' जी के पुत्र; **ज०**—१८९३, अलीगढ़ ; **सा०** —'मंगलाप्रसाद पारितोपिक' और 'देव-पुरस्कार' के निर्णायक; भूत० संपा०—'आर्यमित्र', 'भारतोदय', 'सैनिक', 'साधना', 'प्रभाकर' आदि उत्तर प्रदेशीय हिंदी-पत्रकार-सम्मेलन प्रयाग १९४७ के अध्यक्ष, अ० भा० हि० सा० स० (वृंदावन) द्वारा आयोजित कवि-सम्मेलन के अध्यक्ष ; १९४२ में जेल यात्रा, आर्य-समाज के कार्यकर्ता ; **प्रका०**—४२ पुस्तकें लिखीं, मुख्य ये हैं:—प्रतापी प्रताप, सूक्ति-सरोवर, जीवन-ज्योति, गौरव-गाथा-, पद्य-प्रभा, वीरांगनाएँ, विचित्र विज्ञान, रस-रत्नाकर, उर्दू साहित्य-परिचय, चिड़िया घर, पिंजरापोल, धर्म का आदि स्रोत (अनु०), घासपात और विक्रम (कवि०); **वि०**—घास पात पर २०००) का देवपुरस्कार, विक्रम पर ५०१) पुरस्कार बम्बई अ० भा० कवि-सम्मेलन से प्राप्त, आपके पुत्र और पुत्र-वधुएँ सभी लेखक और ख्याति प्राप्त विद्वान हैं; आपके सुपुत्र प्रो० दयाशंकर जी ने कई पुस्तकें लिखी हैं; **प०**— ठि० निराला प्रेस, आगरा।

हरिशरण शर्मा, 'शिव'—ज०—२ जूलाई १६०२; शि०—सा० र० ; प्रका०—मानस-तरंग, सुषमा, मधुश्री ; अप्र०—आदर्श (उप०), स्तवक (कवि०), प्रवाहिनी (कवि०); प०—सब - इंसपेक्टर आव स्कूल्स, रीवाँ।

हरिश्चन्द्र देव वर्मा, 'चातक'—ज०—१६०८; शि०—कविरत्न, काव्यालंकार, काव्यमनीषी, गुरुकुल डी० ए० वी० कालेज, कानपुर, बँगला का यथेष्ठ ज्ञान; प्रका०—नैवेद्य, वामंती, क्रांतिदूत, भावों के स्वर्ग में; अप्र०—तपोवन, शतसन्दर्भ, वे चित्र, (कहा०), प्राचीन भारत के अस्त्र - शस्त्र, महाकवि तुलसीदास, विलियम वर्डस वर्थ की जीवनी और उनकी कविताएँ, हिंदी साहित्य में करुण रस, उर्दू से हमें क्या सीखना चाहिए? प०—शांतिकुटीर, अतरौली, छिवरामऊ, फरुखाबाद।

हरिसेवक द्विवेदी, 'विप्लवी', डाक्टर—ज० —१६२२ ; शि० सा० र०, बी० एस सी०, एम० पी०, एम० बी० ; प्र०—दुनिया किधर ; सा०—हिंदी परीक्षाओं की व्यवस्था , प्रधानमंत्री समाजवादी पार्टी, किसान-संगठन के उत्साही कार्यकर्ता ; प्रका०—भारतीय पत्रकार, क्रांतिकारी साजिस, अनुकरण , सफाई ; प०—सम्पादक 'जीता-संसार', लश्कर, ग्वालियर।

हरिहर निवास द्विवेदी—ज० — ८ जुलाई, १६१२, शिवपुरी ; शि०— एम०ए०, एल-एल० बी० ग्वालियर, कानपुर, नागपुर ; सा० —पोहरी और मुरार में सम्मे० की परीक्षाओं के केंद्र खुलवाये; प्रका० —महात्मा कबीर, महाराणी लक्ष्मी बाई; हिंदी साहित्य, श्रीसुमित्रानंदन पंत और गुंजन; शासन-शब्द-संग्रह ग्वालियर राज्य के विधानों तथा शासन- कार्य में प्रयुक्त होनेवाले शब्दों का संग्रह, कानून हकशफा-टीका, कानून सियेबुलूग टीका ; अप्र०—राजनीति - विज्ञान; प्रसाद और कामायनी, हिंदी साहित्य की एक शताब्दी—१६०० से २०००; प० — कोडीफिकेशन आफीसर, ग्वालियर राज्य।

हरिहर मिश्र—ज०—१६०६; शि०—बी० एस-सी०, एल-एल०

बी० ; प्रका०—स्फुट कविताएँ, —कहानियाँ ; कई उपन्यास भी ; प०—झाँसी।

हरिहर शर्मा—सा०—१९३८-४० तक राष्ट्रभाषा-प्रचार - समिति वर्धा के परीक्षामंत्री रहे ; इस समय स्वतंत्ररूप से हिंदी-प्रचार कर रहे हैं ; प०—वर्धा।

हरिराव त्रिवेदी, 'हरि'—ज०—फरवरी १८७३ ; शि०—सा० आ० ; जा०—उर्दू, अँगरेजी; प्रका०—नाटक—कैकेई, हरदौल, कससमा ; वर्त०—१४ वर्षों से श्रीविश्वनाथपुरी में ललिता घाट पर भक्ति-भजन में निमग्न; प०—रमा-निवास, हटा, दमोह।

हरीशमित्र भनोत—सा०—शिमला से प्रकाशित 'राजनीति' के संपादक; प्रका०—स्फुट सामयिक लेख ; प०—रुकविले लाज, शिमला।

हरेकृष्ण धवन—ज०—१४ जनवरी, १८८०; शि०—बी०ए०, एल-एल० बी० लखनऊ ; जा०—उर्दू, फारसी, संस्कृत , अँगरेजी; सा०—म्युनिसिपल और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के समय समय पर सदस्य ; १८९९ से १९११ तक कांग्रेस के प्रत्येक अधिवेशन में प्रतिनिधि ; हिंदू यूनियन क्लब और प्रेम-सभा के संस्थापकों में ; अखिल भारतीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के लखनऊ-अधिवेशन में प्रमुख सहयोग ; जातीय मासिक 'खत्री-हितैषी' के प्रधान संपादक—१९३६ से ४१ तक, कालीचरण हाई स्कूल के भूत० प्रबंधक और हितैषी ; अप्र०—सिद्धांत-निर्णय (नाटक—यह एक बार खेला जा चुका है), शंकराचार्य की शतश्लोकी, ऋग्वेद के कुछ अंश और ईशोपनिषद् का पद्यानुवाद; प०—चौक, लखनऊ।

हर्षुल मिश्र, कविराज—शि०—बी० ए०, प्रभाकर पंजाब विश्वविद्यालय; सा०—छत्तीसगढ़ श्रमजीवी संघ के १९३८ से अध्यक्ष; स्थानीय कांग्रेस कमेटी के भूत० सभापति, छुईखदान स्टेट कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष, सत्याग्रह आंदोलन में कई बार जेल-यात्रा, रायपुर हिंदू सभा के भूत० मंत्री; प्र०—१९३०; प्रका०—हर्षुलधर्म-विवेचन; प०—बाला-घाट।

हवलदार त्रिपाठी, 'सहृदय'—ज०—शाहाबाद; शि०—सा० श्रा; **सा०**—भूत० संपा० 'बालक' और 'हिमालय'; वर्त० संपा० 'जनता'; **श्रप्र०**—स्फुट कविताएँ; **प०**—'जनता'-कार्यालय, बाँकीपुर, पटना।

हवलदारीराम गुप्त, 'हलधर'—ज०—हरिहर गंज; **सा०**—मारवाड़ी हिन्दी पुस्तकालय (बिहार) और महावीर हिन्दी पुस्तकालय के संयुक्त मंत्री, संपादक रौनियर बंधु; **प्रका०**—वैश्य-कर्म, जातीय संगठन, आदर्श विवाह, कुरीतिनिवारण - सुनीति-संचारण, सुलभ स्वास्थ्य - रक्षा, त्यागी भरत, वीरलक्ष्मण, बंगाल की बेटी, बालक-विनोद, **प०**—रौनियर बंधु-कार्यालय, डालटन-गंज, पलामू, बिहार।

हिंगलाजदान कविया, बारहट—**ज०**—१८६७ ; **प्रका०**—मेवाड़-महिमा; **श्रप्र०**—मृगया-मृगेंद्र; **प०**—जयपुर।

हिरण्मय—**शि०**— सा० र०; **सा०**—हाई स्कूल टेक्स्ट बुक कमेटी मैसूर की हिंदी - सबकमेटी के भूत० सदस्य ; साहूकार धर्मप्रकाश डी० बनुमय्या हाई स्कूल मैसूर के भूत० अध्यापक , कर्नाटक प्रान्तीय हिन्दी - प्रचार - सभा की कार्यकारिणी समिति बैंगलोर के भूत० सदस्य ; **प्रका०**—ज्योतिषाचार्य की चार पुस्तकें (कन्नड भाषा से हिंदी में अनुवादित) तथा अनेक साहित्यिक लेख; **प०**—हिंदी प्रचार समिति, मैसूर।

हीरादेवी चतुर्वेदी—ज०—२ मई १९१५ ; शि०—हिंदी, अँगरेजी ; **प्रका०**—मंजरी, नीलम, मधुबल और उलझी लड़ियाँ ; **वर्त०** — महिलोपयोगी मासिक 'मनोरमा' का संपा०; **वि०**—रेडियो पर गीत प्रसारित होते हैं ; **प०**—बेलविडियर प्रेस, प्रयाग।

हीरालाल — ज० — १८९९ जोबनेर ; शि०—बी० ए० जयपुर कालेज; **सा०**—राजसेवा (१९२१-२७), वनस्थली बालिका विद्यालय, भूत० अध्यक्ष जयपुर राज - प्रजा मण्डल, राष्ट्रीय कार्यकर्ता ; **प्र०**—१९१७ ; **प्रका०**—जीवन-कुटीर के गीत ; **अप्र०**—धर्मविजय नाटक ;

प० — जीवन-कुटीर, वनस्थली, जयपुर।

हीरालाल जैन—ज०— १६ अप्रैल १८६६, गांगई, गाडरवारा, होशंगाबाद ; शि०—एम० ए०, संस्कृत, एपीग्राफी और पैलोग्राफी (सर्वप्रथम आये), १६२२ में एल-एल० बी० प्रयाग वि० वि०, डी० लिट्० नागपुर वि० वि० ; **सा०**—आरंभिक तीन वर्ष तक प्रयाग विश्वविद्यालय में रिसर्च स्कालर रहे, १६२५ में मध्यभारतीय शिक्षाविभाग में प्रोफेसर नियुक्त हुए ; **प्रका०**—सम्पादक नल-कुमार - चरित, करकंडू - चरित; श्रावक, कारंजा - जैनमाला, देवेंद्र कीर्ति-जैन - माला, जीवराम जैन-माला, ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला काशी, माणिकचन्द जैन-ग्रन्थमाला, जैन - शिलालेख-संग्रह, जैन - सिद्धान्त के महान प्राचीन ग्रन्थ षटखंडागम का संपादन ; **वर्त०**—हिन्दी में अप-भ्रंश भाषा परिचय और इतिहास की सामग्री एकत्र कर रहे हैं जो 'नागरी - प्रचारिणी पत्रिका' में प्रकाशित हुई है ; प० — प्राध्यापक, विश्वविद्यालय, नागपुर।

हीरालाल जैन , 'कौशल'—ज०—११ मई १६१४; **शि०**—सा० रत्न, शास्त्री, न्यायतीर्थ, विद्याभूषण,प्रभाकर, सर हुकुमचंद महाविद्यालय इन्दौर ; **सा०**—पिछले ११-१२ वर्षों से 'जैन-प्रचारक' के संपादक, अनेक सा-हित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी, अध्यापक हिंदी और धर्म ; **प्रका०**—अनेक संपादित ग्रन्थ ; प०—हायर सेकेंडी स्कूल, सदर बाजार, दिल्ली।

हीरालाल जैन पांडे,'हीरक'–शि०—सागर और काशी, बी० ए० काशी वि० वि०, सा० आ०, सा० र० ; **सा०**— सभापति साहित्य साधना-समिति बनारस ; **प्रका०**—बाहुबली काव्य; **अप्र०**—बेलाकली, मुक्ताहार और अंजलि; प० — भोपाल।

हीरालाल दीक्षित—शि०—एम० ए० और पी - एच० डी० लखनऊ वि० वि० ; पी - एच० डी० की थीसिस का विषय 'केशव-दास का काव्य' था; **प्रका०**—स्फुट आलोचनात्मक लेख; **वि०**—

कई बार अस्थायी रूप से लखनऊ वि० वि० में हिंदी के प्राध्यापक रह चुके हैं; प०—अहियागंज, लखनऊ।

हीरालाल पालित—ज०—१६१८; शि०—प्रेममहाविद्यालय बृंदाबन और काशी विद्यापीठ; सा०—काशी विद्यापीठ में दर्शन-शास्त्र के स्नातक १६२६, तीन बार जेल जा चुके हैं; प्रका०—बालचर, द्वंदात्मक भौतिकवाद अथवा समाजवाद की फिलासफी (अँगरेजी सरकार ने इसे जब्त किया था); समाजवाद-संबंधी स्फुट लेख; वि०—आचार्य श्री नरेंद्रदेव से विशेष प्रभावित; प०—मुरारपुर, गया।

हुकुमचन्दबुखारिया, 'तन्मय'—ज०—१६२१; शि०—सा० रत्न ललितपुर; सा०—१६४१ और ४२ के राष्ट्रीय आंदोलनों में सक्रिय भाग और जेल-यात्रा दो बार; प्रका०—आहुति (कवि०), पाकिस्तान, प्रह्लाद, और बुंदेल-खंडी भाषा में लोक-गीत लिखे; अप्र०—मेरे बापू; प०—ललितपुर, झाँसी।

हृषीकेश चतुर्वेदी—ज०—१६०८; प्र०—१६२२; प्रका०—विजयवाटिका, गीतांजलि, रसरंग, संयुक्तवर्ण-विज्ञान, मेघदूत, वृद्ध नाविक; अप्र०—गीता, भंग का लोटा, गागर में सागर; प०—आगरा।

हृषीकेश शर्मा—सा०—अध्यापन द्वारा अहिंदी प्रांतों में प्रचार-प्रसार करनेवाले साहित्य-सेवी; 'सबकी बोली' के प्रबंधक रहे; इस समय 'राष्ट्रभाषा-प्रचार' के प्रबंध संपादक हैं; प०—मंत्री राष्ट्रभाषा प्रचार-समिति वर्धा।

हेमंतकुमार वर्मा—ज०—१६११; प्र०—१६४०; अप्र०—लवकुश, वीरनारायण, नीराजना कीर्ति, हिमकण, धूमिल चित्र; प्र० वि०—चित्रकला; प०—६४७ मालदारपुर, जबलपुर।

हेमंत भट्टाचार्य—शि०—सा० वि०; सा०—हस्तलिखित 'राष्ट्रवाणी' और 'राष्ट्रभाषा' के संपा०, आसाम प्रांतीय राष्ट्रभाषा ट्रेनिंग स्कूल खोले, राष्ट्रीय आंदोलनों में सक्रिय भाग; प्रका०—नवीन असमिया राष्ट्रभाषा-शिक्षक,

ब्रह्मपुत्र-उत्पत्ति-इतिहास, हिंदी असमिया-व्याकरण, हिंदी-असमिया-मुहावरे और कहावतें; **अप्र०** — हिंदुस्तानी - प्रवेशिका, साहित्य, हिंदी - असमिया - शब्द-कोश; **प०**—नौगाँव, आसाम।

हेमचन्द चतुर्वेदी—**ज०**–२४ जनवरी १९२५; **शि०**—बी० ए०, एल-एल० बी०, साहित्य रत्न; **सा०**—साहित्य-संसद प्रयाग के सद०; **प्रका०**—स्फुट लेख; **वर्त०**— डिस्ट्रिक सप्लाई आफिसर, रायबरेली; **प०**—गंगा दरवाजा, अनूप शहर, बुलन्दशहर।

होमवतीदेवी— **ज०**—१९०६ मेरठ; **प्रका०**—उद्गार, अर्घ्य, प्रतिच्छाया–कविता संग्रह, निसर्ग, धरोहर; **प०**—पर्णकुटी, नेहरु रोड, मेरठ।

होरीलाल शर्मा — **ज०**—१९१९ शाहजहाँपुर; **शि०**—एम० ए० (संस्कृत और हिंदी); **प्रका०**—दीपदान, पथ-शूल, प्रलापिनी, किरण-वधू; **अप्र०**–प्रणय सलिल, चन्द्रकुसुम, गृहस्वामिनी; **प०**—अध्यापक, गवर्नमेंट कालेज, अल्मोड़ा।

(प्रथम खंड समाप्त)

हिंदी-सेवी-संसार

दूसरा खंड

हिंदी-संस्थाओं का परिचय

उपनगर हिंदी-केंद्र-सभा—बम्बई—स्था०—१९४१ ; हिंदी भाषी जनता का संगठन और उन में शिक्षा का प्रचार किया जाता है; राष्ट्र भा० प्र० स० और हि० सा० स० की परीक्षाओं के परीक्षार्थियों को पढ़ाया जाता है।

उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद—यहाँ हिंदी का स्वल्प ज्ञान प्रत्येक उर्दू पढ़ने वाले को कराया जाता है।

कन्यागुरुकुल, ९० राजपुर रोड, देहरादून—हिंदी-माध्यम द्वारा प्राचीन वेदशास्त्र, उपनिषद्, गीता, धर्म आदि की शिक्षा दी जाती है ; गुरुकुल में ३०० आश्रमवासिनी छात्राएँ हैं जिनके लिए हिंदी-शिक्षा अनिवार्य है।

कलाकार-परिषद, शिवहर—१९४८ में श्रीयुत मदन साहित्यभूषण द्वारा स्थापित, चार श्रेणियों में सदस्य विभक्त हैं—साधारण, विशिष्ट, संरक्षक और विशिष्ट संरक्षक ; साहित्य और कला की वृद्धि के साथ-साथ नवीन प्रतिभाओं की खोज उद्देश्य है, परिषद के संचालन के लिए ९ सदस्यों की कार्यकारिणी है, उसके अंतर्गत दो उपसमितियाँ हैं, (अ) सम्पादन-समिति, (ब) प्रचार-समिति।

कवि परिषद , बुंदेल खंड—१९३८ में रावत रामपालसिंह चंदेल 'प्रचंड' द्वारा स्थापित, परिषद की शाखाएँ बुंदेलखंड, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रांत में हैं, अनेक कवि-सम्मेलनों का आयोजन हुआ, इसके सदस्यों की संख्या २३९ है ; इसके प्रकाशन-विभाग से प्राचीन कवियों की कृतियों का संपादन, तथा प्रकाशन हुआ है; सर्वश्री मैथिली शरण गुप्त और सियाराम शरण गुप्त इसके संरक्षक हैं; समस्त भारत के कवि-सम्मेलनों में इसकी ओर से सफल कवि भेजे जाते हैं।

कवि-मंडल, लखीमपुर—नये कवियों को प्रोत्साहन देने तथा जनता में काव्य की अभिरुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से स्थापित; मासिक बैठकों द्वारा जनता में काव्याभिरुचि उत्पन्न करता है; कई 'काव्यकुंज' नामक पुष्प प्रकाशित हुए।

कवि-वासर, सागर पोखरा, बेतिया, चंपारन—स्थानीय एक-मात्र हिंदी संस्था; हिंदी साहित्य

के प्रचार के उद्देश्य से १९४६ में स्थापित; 'कविता' नामक मासिक पत्रिका निकालने की योजना है।

काव्य-समिति, महमूदनगर, मलिहाबाद, लखनऊ—नवीन कवियों को प्रोत्साहन देने के लिए अप्रैल १९४३ में स्थापित; ४५ सदस्य; (क) साप्ताहिक कवितागोष्ठी, (ख) पुस्तकालय एवं वाचनालय का संचालन, (ग) पुस्तक-प्रकाशन, (घ) 'झंकार' हस्तलिखित मासिक का प्रकाशन—इसके विभाग हैं।

कुमारसभा पुस्तकालय (श्री बड़ाबाजार), १५६, हरीसन रोड, कलकत्ता ७–१९१८ में स्थापित, पुस्तकों की संख्या—६००० हिंदी, ७५० अँग्रेजी, ३०० बालो०, ५०० संस्कृत; ६० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; पाठकों की दैनिक उपस्थिति २००; सदस्य ४५०; अहिंदी प्रांत मे हिंदी-प्रचार का सराहनीय कार्य किया है।

कुमार-साहित्य-परिषद् (मारवाड़), मिरची बाजार, जोधपुर—१९४४ में स्थापित; बालक और बालिकाओं में हिन्दी-प्रचार उद्देश्य है, कार्य-क्षेत्र गाँवों में है, हिंदी-परीक्षा - केन्द्रों की व्यवस्था, साक्षरता और प्रौढ़ शिक्षण केंद्रों की स्थापना, हस्तलिखित और मुद्रित पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन, परिषद की ओर से २१ शाखाएँ, १२ वाचनालय और १ पुस्तकालय स्थापित हुआ है ; परिषद् के सक्रिय विभाग हैं—साहित्य-विभाग, शिक्षण-विभाग, राष्ट्रभाषा-प्रचार-विभाग, महिला - विभाग, बाल-विभाग, शोध-विभाग, सदस्य-विभाग, वाचनालय और पुस्तकालय-विभाग, कला-विभाग और ग्रामविभाग ; परिषद् ने महाराज-स्थान कुमार-साहित्य-सम्मेलन की स्थापना की है जिसकी कई श्रेष्ठ योजनाएँ हैं।

कृषि-साहित्य - प्रचारक -संघ, सावता वाडी, वरुड, बरार—१९४७ में श्री महादेवराव गोविंदराव चौधरी, सत्यदेव एस. पाँडे द्वारा स्थापित, ५० सदस्य, हिंदी भाषा में कृषि-साहित्य के प्रचारार्थ; वेही कृषक-बंधु इसके सदस्य हो सकते हैं जो ५ एकड़ भूमि जोतते हैं; हरियाली उत्सव प्रतिवर्ष आषाढ़ पूर्णिमा को मनाया जाता है।

कृष्णदेव पुस्तकालय, मुस्तफापुर, भंडारी, पटना—स्था०—१९४१; ४० सदस्य; १५२५ पुस्तकें हैं और ८ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं।

केंद्रिय सहकारी शिक्षाप्रसार मंडल, इटावा—श्री व्रजेंद्र मिश्र तथा सुधेशकुमार जी 'प्रशांत' द्वारा १९३९ में स्थापित; इसके अधीन एक केंद्रीय पुस्तकालय है जिसकी पुस्तकें ६० ग्रामां में भेजी जाती है।

क्रियाशील कलाकार-मंडल, ६४०, साठिया कुँआ जबलपुर—क्रियाशील कलाकारों को प्रोत्साहन और प्रश्रय देने के लिए १९४८ में श्री चंद्रकांत श्रीवास्तव द्वारा स्थापित; इसके कार्य के क्षेत्र हैं—साहित्य, संगीत, अभिनय और प्रदर्शनो; साहित्य - विभाग का प्रबन्ध कार्यकारिणी करती है, ३५ सदस्य हैं; १) शुल्क है; प्रत्येक शनिवार को गोष्ठियाँ होती हैं, नागपुर, सागर आदि स्थानों में इसके सहायक और संचालक हैं।

गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी में हिंदी के माध्यम द्वारा उच्चतम शिक्षा दी जाती है; रसायन, भौतिक शास्त्र, विद्युत् आदि विषयों के लिए उपयुक्त पारिभाषिक शब्दों का संग्रह किया गया है; हिन्दी-पत्रकार-कला की शिक्षा यहाँ दी जाती है; सूर्यकुमारी ग्रंथमाला और स्वाध्याय-मंजरी का प्रकाशन भी चालू है।

गुरुकुल-विश्वविद्यालय, वृंदावन—१८९८ से हिंदी के माध्यम द्वारा शिक्षा दी जाती है; ऊँची से ऊँची कक्षा तक हिंदी पढ़ना अनिवार्य है; मौलिक निबन्ध में उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी को विषय निर्देश सहित वाचस्पति की उपाधि दी जाती है; श्रीधर-अनुसंधान विभाग द्वारा शोधपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन भी होता है।

ग्राम - सेवा - मंडल, हिसार, पंजाब—स्थानीय विद्याप्रचारिणी सभा से संबंधित; गाँवों में हिन्दी-प्रचार के उद्देश्य से १९३३ में स्थापित; मण्डल द्वारा 'ग्राम-सेवक' नामक मासिक पत्र मई १९३६ से निकल रहा है जो विज्ञापन नहीं लेता; लगभग पचीस हजार रुपए हिंदी-प्रचार के लिए खर्च किये गये हैं।

ग्राम हिंदी साहित्य संघ, दगं-हपुर, मुंगेर—श्री महेंद्र नारायण शर्मा द्वारा १६४१ में स्थापित; १०० सदस्य; एक पुस्तकालय का संचालन जिसमें १५०० पुस्तकें हैं, 'नवसाहित्य-संदेश' हस्तलिखित पत्रिका निकलती है।

ग्राम्य सुधार नाट्य-परिषद, गोरखपुर—गाँवों में नाटकों का अभिनय करके प्रचार करना प्रधान उद्देश्य है; कई नाटक प्रतिवर्ष परिषद के सदस्यो द्वारा खेले जाते हैं।

चौधरी पुस्तकालय, हुसेनपुर—१६२५ में श्री श्यामसुन्दर चौधरी, बी० ए०, बी० एल० द्वारा स्थापित, ८५ सदस्य ; शु०—१) प्रति मास; १००० पुस्तकें हैं ; सरकारी सहायता भी प्राप्त है।

छात्र - साहित्य-संघ, मँडावा जयपुर; १६४५में श्रीगींडाराम वर्मा 'चंचल' द्वारा स्थापित, सम्मेलन परीक्षाओं की व्यवस्था होती है ; हस्तलिखित पत्रिका का प्रकाशन होता है; प्रांत के साहित्यिकों को प्रकाश में लाने का प्रबन्ध; प्राकृतिक वस्तुओं का संग्रहालय है।

जनता-शिक्षण-मंडल, खिरोदा, पूर्व खानदेश—'सेवाश्रम' का पुनरुद्धारित रूप ; १६३८ में उक्त 'मंडल' के नाम से स्थानीय गाँवों में राष्ट्रभाषा - शिक्षा और खादी-प्रचार इत्यादि के उद्देश्य से श्रीधनाजी नाना चौधरी द्वारा स्थापित ; राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति वर्धा और हि० सा० सम्मेलन की परीक्षाओं की शिक्षा-व्यवस्था भी है ; अनेक प्रचारक अवैतनिक काम करते हैं।

जनपद - हिंदी-साहित्य - सम्मेलन, कालाकाँकर, प्रतापगढ़—जनवरी १६४७ में श्री वागेश्वर दयाल दीक्षित, कुँवर सुरेश सिह आदि द्वारा स्थापित ; ५५ सदस्य हैं ; स्थानीय संस्थाओं और साहित्यिकों का संगठन करना उद्देश्य है ; सम्मेलन के अधिवेशन जिले के भिन्न-भिन्न भागों में होते हैं ; हि० सा० सम्मे० से सम्बद्ध है।

जानकी पुस्तकालय, शीतलगंज, बुलंदशहर—१ जूलाई १६१० को स्थापित ; २२०० पुस्तकें हैं ; कई पत्र आते हैं।

ज्ञानलता मंडल, ३६ एल०, मुगभाट क्रासलेन, गिरगाँव, बंबई ४—१९४२ में जन-जागृति, हिंदी-प्रचार और साक्षरता-प्रचार के उद्देश्य से स्थापित ; शिक्षण-कार्य-क्रम में हिंदी, मराठी और गुज-राती तीनों को स्थान प्राप्त है परन्तु 'राष्ट्रभाषा'- विभाग सबसे बड़ा है ; ४० केन्द्र हैं जिनमें प्रति वर्ष साढ़े तीन हजार व्यक्ति शिक्षा पाते हैं, दो सौ अवैतनिक प्रचारक काम करते हैं; सम्मेलन परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया जाता है ; एक भारतीय विद्यापीठ की स्थापना की, साक्ष-रता-प्रसार और प्रौढ़-शिक्षण की व्यवस्था भी होती है ; बम्बई का भारतीय तरुण-मंडल इसी से सम्बद्ध है ; मंडल के सदस्यों की एक साधारण सभा है और एक कार्यकारिणी समिति है, प्रत्येक विभाग का कार्यवाहक इस कार्य कारिणी का सदस्य होता है ; इसकी बैठक महीने में एक बार अवश्य होती है ।

टी० ग्राम वाचनालय प्रचार फंड, बड़वाहा, इंदौर—गाँवों में हिंदी-प्रचार - प्रसार के उद्देश्य से स्थापित ; इंडियन लाइब्रेरी एसो-सिएशन कलकत्ता, मध्यभारत हिंदी-साहित्य - समिति इंदौर से संबंधित ।

तरुणसंघ, चंपानगर, भागलपुर—श्री गोपालचंद्र पांडेय, अनाथबंधु घोष, नलिनीरंजन वंद्योपाध्याय, द्वारा ५ जनवरी १९४६ को स्था-पित; १२५ सदस्य हैं, निरक्षरता-निवारण उद्देश्य है; एक पुस्तका-लय का संचालन होता है ।

तरुणसमाज पुस्तकालय, प्रभुपुर, बनारस—१९४६ में श्री हरिद्वार त्रिपाठी, नरोत्तम प्रसाद द्वारा स्थापित; ७०० पुस्तकें हैं ।

तिलक पुस्तकालय, रानीगंज—१९२० में श्री बनारसीलाल मालो-रिया द्वारा स्थापित ; शुल्क ३) वार्षिक साधारण सदस्य और ६) विशेष सदस्य के लिए ; ४००० पुस्तकें हैं ।

तुलसी-सत्संग, तुलसी चौरा, अयोध्या—१९४३ में स्थापित, गोस्वामी तुलसीदास जी के साहित्य का प्रचार उद्देश्य है ।

तुलसी - साहित्य - समिति,

हनुमान फाटक, काशी—तुलसी साहित्य के प्रचार और प्रकाशन के उद्देश्य से स्थापित, तुलसी-जयन्ती-समारोह में अनेक विद्वान निमंत्रित होते हैं।

दयानन्द पुस्तकालय, बाँदा—१६२५ में स्थापित, स्वाध्याय भवन, आर्यसमाज-मंदिर के अन्तर्गत; १४१८ पुस्तकें हैं ; वाचनालय १६३७ में स्थापित हुआ; हि० सा० सम्मेलन से इसे पर्याप्त सहायता मिलती है।

दरबार कालेज, रीवाँ—१६३५ में स्थापित; बी० ए०, एम० ए० परीक्षाओं का सम्बन्ध आगरा वि० वि० से है; इस वर्ष २०० विद्यार्थी हैं; चार प्राध्यापक हैं—सर्वश्री महावीरप्रसाद अग्रवाल एम० ए०, दीपचंद जैन एम० ए०, श्रीचन्द्र जैन एम० ए०, कृष्णचंद्र वर्मा एम० ए०; श्रीअग्रवाल जी पी-एच० डी० के लिए 'सूर का बाल-मनोविज्ञान' विषय पर थीसिस लिख रहे हैं; साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए हिंदी विभाग के अंतर्गत 'हिंदी-परिषद' है।

देवनागरी परिषद, धामपुर—१६४० में श्रीदेवर्षि सनाढ्य द्वारा स्थापित; १०३ सदस्य हैं; श्री रानी फूल कुँवरि का संरक्षण प्राप्त है; हिंदी-प्रचार, निर्धनों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है; इन प्रयत्नों के फलस्वरूप धामपुर की लगभग तीन चौथाई जनता हिंदी भाषी बन गयी है।

नवयुवक परिषद, रानीगंज, पूर्वी बंगाल—श्रीगोविंदराम शराफ द्वारा १६४७ में स्थापित; दो विभाग हैं—वादविवाद - समिति और संदेश - कार्यालय; प्रति रविवार को सामाजिक और साहित्यिक विषयों पर वार्तालाप होता है; 'संदेश' हस्तलिखित पत्रिका निकलती है; परिषद की सदस्यता का शुल्क ६) वार्षिक है।

नवयुवक सार्वजनिक पुस्तकालय, गंगानगर, बीकानेर—१६४२ में स्थापित, ३०० सदस्य; अल्पकाल में ही राज्य का श्रेष्ठ पुस्तकालय बन गया ; वार्षिक आय ५ हजार रुपया है, इसमें विद्याविनोदिनी की परीक्षा होती है ; कई विभाग हैं—१. हिन्दी

विद्यामंदिर, २. साहित्य - गोष्ठी, ३. वाचनालय—जिसमें कई पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं।

नागरी-निकेतन, बड़वाहा—१९४८ में श्री किशोरीलाल त्रिवेदी द्वारा स्थापित; निकेतन की ओर से प्रकाशन की पंचवर्षीय योजना बनी है जो नागरी-ग्रंथमाला के नाम से होगी; सभी प्रकार के ग्रंथ छापने के लिए तैयार है।

नागरी - प्रचारिणी - सभा, आगरा—१९११ में स्थापित; ८०० सदस्य हैं; सभा के पुस्तकालय में १०००० पुस्तकें हैं, बालकों और महिलाओं के लिए उसमें अलग विभाग हैं; वाचनालय में लगभग ६० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; पढ़नेवालों की दैनिक संख्या ३०० तक रहती है; गाँवों के लिए गश्ती विभाग का प्रबंध है, सभा की ओर से एक विद्यालय चलता है जिसमें २०० विद्यार्थी निःशुल्क पढ़ते हैं, ३ योग्य शिक्षक नियुक्त हैं; खोज-कार्य का प्रबंध है; विद्वानों के व्याख्यान होते रहते हैं; 'सत्यनारायण स्मारक ग्रंथमाला' के अंतर्गत कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; सभा के पास पर्याप्त भूमि और निजी भवन है; वार्षिक अनुमानित व्यय ६०००) से ऊपर है।

नागरी प्रचारिणी सभा, आजमगढ़—हिंदी भाषा और साहित्य की उन्नति तथा देवनागरी लिपि के प्रचारार्थ स्थापित; साहित्यिक गोष्ठियाँ, कवि - सम्मेलन आदि समय-समय पर होते हैं।

नागरीप्रचारिणी सभा, आरा—१९०१ में सर्वश्री रामकृष्णदास अमीरचंद्र और सकलनारायण द्वारा स्थापित; ६०० सदस्य हैं, प्रबन्ध एक कार्यकारिणी समिति के अधीन है जिसका चुनाव प्रति तीसरे वर्ष होता है; सभा के पुस्तकालय में १३००० पुस्तकें और १२० हस्तलिखित ग्रंथ हैं; वाचनालय में प्रायः सभी प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; ५० वर्षों से लगातार हिंदी-प्रचार हो रहा है, सभा का प्रकाशन-विभाग अलग है जिसके द्वारा १५ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; मैथिल कवि विद्यापति को हिंदी-कवि सिद्ध करने का श्रेय सभा को ही है; १०००० रुपये

के व्यय से 'हरिऔध'-अभिनंदन-ग्रंथ का आयोजन किया; डा० राजेन्द्रप्रसाद को भी अभिनंदन ग्रंथ भेंट किया; सभा का स्थायी कोष १४०००) का है और ७५०००) का निजी भवन है, वार्षिक आय लगभग २०००) है; डिस्ट्रिक्ट और म्यूनिसिपल बोर्ड तथा बिहार सरकार से सहायता मिलती है।

नागरी प्रचारिणी सभा, काशी हिंदी की सबसे पुरानी और सबसे अधिक सेवा करनेवाली इस सर्व भारतीय संस्था की स्थापना हिन्दी-भाषा-प्रचार, प्राचीन साहित्यकेउद्धार और नवीन साहित्य की अभिवृद्धि के उद्देश्य से १६ जूलाई १८९३ में डाक्टर श्यामसुन्दरदास, पं० रामनारायण मिश्र और ठाकुर शिवकुमार सिंह द्वारा की गयी थी; इसके कार्यकर्ताओं के उद्योग से १८९८ में सरकारी कचहरियों में नागरी का प्रवेश हुआ और अदालती आवेदनपत्र तथा सम्मन आदि हिन्दी में लिखे जाने लगे; इस समय इसके सदस्यों की संख्या लगभग २६०० है; सभा, हिंदी प्रचार का उद्देश्य रखनेवाली अनेक संस्थाओं से सम्बन्ध रखती है, समूचे भारत में ऐसी ५२ संस्थाएँ हैं; सभा का कार्य १० विभागों में बँटा है, जो कार्य का संगठन करते हैं:- **(क) आर्य भाषा पुस्तकालय, काशी**—इसमें २०० से ऊपर पत्र पत्रिकाएँ आती हैं; १९४७के आँकड़ों के आधार पर कुल ३३२२९पुस्तकें हैं, १३३० पुस्तकें अन्य प्रान्तीय भाषाओ की और २७८२ हस्तलिखित ग्रन्थ हैं; **(ख) सत्यज्ञान पुस्तकालय, ज्वालापुर**—इसमें आध्यात्मिक और स्वास्थ्य संबंधी १५८७ पुस्तकें हैं; **(ग) हस्त लिखित ग्रन्थों की खोज**—अनेक रिसर्च स्कालर इस विभाग के अन्तर्गत काम करते है, लगभग २३ विषयों पर खोज-कार्य हो रहा है और प्रतिवर्ष अनेक बहुमूल्य ग्रंथों का पता लगता है; १९९९ से युक्तप्रांतीय सरकार ४००) वार्षिक सहायता देती रही है; तत्सम्बन्धी सफलता देखकर १९२१ से सरकार ने २०००) प्रतिवर्ष देना आरम्भ किया; **(घ) अनुशीलन विभाग-द्वारा** भारतीय प्रेम सम्बन्धों की

परंपरा का अनुशीलन श्रीविश्वनाथ प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में हो रहा है; (ङ) कोश-विभाग—१६४५ में श्री रामचन्द्र वर्मा के संपादकत्व में एक अधिकृत हिंदी-शब्द-सागर का निर्माण हुआ और संक्षिप्त शब्द-सागर तैयार हुआ, साथ ही उर्दू अँगरेजी के पारिभाषिक शब्दों के हिंदी पर्यायवाची शब्दों से 'राजकीयकोश' तैयार हो रहा है; **(च) प्रकाशन और विक्रय विभाग** के अंतर्गत लगभग ३०० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, १८६७ से त्रैमासिक नागरी प्रचारिणी पत्रिका का प्रकाशन होता है जिसमें विविध विषयो के खोजपूर्ण निबंध प्रतिवर्ष प्रकाशित होते हैं; सभा निम्नलिखित ग्रन्थ मालाएँ करती हैं:—नागरीप्रचारिणी ग्रन्थमाला, मनोरंजन ग्रन्थ माला, प्रकीर्णक पुस्तकमाला, सूर्यकुमारी पुस्तकमाला, देवीप्रसाद ऐतिहासिक पुस्तकमाला, बालाबख्श-राजपूत-चारण पुस्तकमाला, देव-पुरस्कार पुस्तकमाला, महेंद्र लालगर्ग विज्ञान - ग्रन्थावली, रुक्मिणि तिवारी पुस्तकमाला, रामविलास पोद्दार स्मारक-माला, नव-भारतीय ग्रन्थ-माला, अर्ध शती याज्ञिक ग्रन्थावली; **(छ) प्रसाद साहित्य गोष्ठी तथा बोध व्याख्यान-माला-विभाग** १६३० से स्थापित, इसके अंतर्गत जयंतियाँ व्याख्याय और अभिनय होते हैं; **(ज) पुरस्कार और-पदक-विभाग**-सभा की ओर से राजा बलदेवदास पुरस्कार, बटुक प्रसाद - पुरस्कार, रत्नाकर-पुरस्कार, डाक्टरछन्नूलाल पुरस्कार, जोधसिंह-पुरस्कार, माधवी देवी महिला पुरस्कार, डा० हीरालाल-स्वर्ण-पदक, द्विवेदी स्वर्ण पदक, सुधाकर पदक ग्रीव्ज,पदक, राधाकृष्ण दास - पदक, बलदेवदास-पदक; गुलरी-पदक, रेडिचे-पदक, पुच्छरत - पदक, भैरव प्रसाद - स्मारक पुरस्कार, अर्ध-शती भूषण-पदक, डा० श्यामसुंदर दास - पुरस्कार, वसुमति - पुरस्कार दिये जाते हैं; **(झ) सत्यज्ञान निकेतन**—ज्वालापुर हरिद्वार स्थित सभा का मुख्य केंद्र है, इसके द्वारा हिंदी विद्यामंदिर की स्थापना हुई, यहाँ की सरस्वती व्याख्यान-माला के अन्तर्गत अनेक व्याख्यान होते हैं,

यहाँ से पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं; (ञ) **संकेतलिपि विद्यालय विभाग** द्वारा शीघ्रलिपि की शिक्षा का प्रबंध किया जाता है; (ट) **भारतीय कला-विभाग**—भारतीय साहित्य और संस्कृति से सम्बन्ध रखने वाली अमूल्य वस्तुओं के, जो समय समय पर विभिन्न स्थानों में पायी जाती हैं, संग्रह के लिए 'भारत कला भवन' की स्थापना १६४० में; इसमें राजघाट की वस्तुओं का संग्रह होरहा है, भारतीय पुरातत्व के डाइरेक्टर जेनरल ने कला-भवन की उत्तरोत्तर स्मृद्धि और उन्नति से संतुष्ट होकर अब यह नीति निर्धारित कर दी है कि सारनाथ के अतिरिक्त काशी तथा आसपास के अन्य स्थानों से प्राप्त अथवा प्राप्त होने वाली पुरातत्व संबंधी वस्तुएँ कलाभवन में ही रहेंगी; उत्तर-प्रदेशीय सरकार इसे २५००) वार्षिक सहायता देती है; भवन के दर्शकों की संख्या ५५०० प्रतिवर्ष रहती है; सभा को अ० भा० हि० सा० सम्मेलन की जन्मदात्री होने का गौरव प्राप्त है।

नागरी - प्रचारिणी - सभा, गाज़ीपुर—नागरी लिपि और साहित्य-प्रचार के लिए स्थापित; १२५ सदस्य हैं; लगभग २० वर्षों से कचहरियों और जनता में लिपि प्रचार-कार्य; अनेक कवि-सम्मेलनों, साहित्य-गोष्ठियों, प्रतियोगिताओं की योजना की; साहित्यिकों की जयंतियाँ भी मनायीं।

नागरी - प्रचारिणी - सभा, गोरखपुर — १६०८ में स्थापित; सभा के अन्तर्गत पुस्तकालय और वाचनालय है, कई स्थानों में इस की शाखाएँ हैं; प्रतिवर्ष साहित्यिक समारोह मनाये जाते हैं।

नागरी - प्रचारिणी - सभा, (बालुकाराम) भगवानपुर रत्ती, मुजफ्फरपुर, बिहार—१६३३ में पटना वि० वि० के उपकुलपति श्री चंद्रशेखर प्रसाद नारायण सिंह द्वारा स्थापित; २८ मार्च १६३४ में सभा ने महात्मा गाँधी, पं० जवाहरलाल नेहरु, बा० राजेंद्रप्रसाद जी को बुलाकर भूकम्प के अवसर पर सभा की; गाँधी जी से राष्ट्र भाषा-प्रचार के लिए शुभ कामनाएँ प्राप्त कीं, सदस्य ७५, सभा

के अन्तर्गत और सम्बन्धित संस्थाएँ—बालुकाराम गरम सभा, बालुकाराम महाविद्यालय, बालुकाराम सेविका विद्यालय, दातव्य औषधालय, हिंदी-मन्दिर, प्रार्थना-मंदिर, महेश्वर रात्रि विद्यालय, और कस्तूरबा-वाचनालय हैं, सभा को १९३४ में बा० विंधेश्वरी प्रसाद, अध्यक्ष विहार व्यवस्थापिका सभा से ३००), १९३७ में श्री सी० पी० सिंह (जिलाबोर्ड) से १२००), प्रांतीय अर्थसचिव श्री अनुग्रहनारायण सिंह से २५१) प्राप्त हुये; समय समय पर जयंतियाँ तथा महोत्सव मनाये जाते हैं, महोत्सवों में वैशाली जीवन की झांकी देनेवाले नाटक तथा ललित कला के चिन्ह रक्खे जाते हैं, सभा की ओर से खोज-विभाग काम कर रहा है, अनेक हस्तलिखित ग्रंथ प्राप्त हुये हैं।

नागरी प्रचारिणी सभा (मुन्नालाल), अजमेर—१८९८ में आर्यसमाज अजमेर द्वारा श्री मुन्नालाल की पुण्य स्मृति में स्थापित; ४० सदस्य हैं; शुल्क ५); बहुत आय की अचल सम्पत्ति इस सभा के हितार्थ अब तक लगी है; सभा महीने में एक बार अवश्य होती है; एक पुस्तकालय है जिसमें हिंदी, संस्कृत उर्दू के बहुमूल्य ग्रन्थ हैं जिन की संख्या २००० है; लेखकों को पुरस्कार मिलता है; एक वाचनालय है, इसमें अनेक प्रमुख पत्र आते हैं।

नागरी प्रचारिणी सभा, मुरादाबाद—१९१२ में पं० ज्वालादत्त शर्मा आदि द्वारा स्थापित, लगभग २०० सदस्य हैं, अदालतों में हिंदी-प्रयोग के लिए आन्दोलन; टाइपराइटर-योजना चलायी जा रही है।

नागरी प्रचारिणी सभा, हरनौत—श्री० लालसिंहजी त्यागी के प्रयत्न से १९३६ में स्थापना हुई; उद्देश्य—नागरी लिपि-प्रचार, राष्ट्रभाषा हिंदी के द्वारा ऊँची शिक्षा का प्रबन्ध और गाँवों में पुस्तकालय स्थापित करना था; इसके लिए एक महाविद्यालय खोलने की आवश्यकता हुई, गाँधीजी के कथनानुसार सेवदह ग्रामवासियों के पूर्ण सहयोग से श्री

राजेन्द्र साहित्य-महाविद्यालय की स्थापना हुई; हिंदी-शिक्षा और ग्रामसुधार इसके उद्देश्य हैं; संस्था के अन्तर्गत दो पुस्तकालय हैं जिनमें लगभग १५०० पुस्तकें हैं तथा अनेक मासिक-दैनिक समाचार पत्र आते हैं; हिंदी विश्वविद्यालय, प्रयाग की हिंदी परीक्षाओं का केन्द्र है।

नैपाली भारती असोसिएशन, पुरानी धर्मशाला, गोरखपुर—नैपाली और भारतीय जनता में सद्भावना स्थापित करने के लिए स्थापित; संस्था के अन्तर्गत पुस्तकालय तथा वाचनालय है जिन के द्वारा हिंदी-प्रचार होता है।

पंडित परिषद्, अयोध्या—साहित्य-चर्चा के उद्देश्य से पं० सूर्यनारायण शुक्ल द्वारा १६२७ में स्थापित; हिंदी-संस्कृत और वैद्यक संबंधी परीक्षाएँ होती हैं, जिनका पंजाब प्रांत में बहुत आदर हैं; इसके पास हिंदी-साहित्य-पुस्तकालय है, अन्य स्थानों में भी केंद्र खोलने की सुविधा दी जाती है।

पराशर ब्रह्मचर्याश्रम, हल्दी, बलिया—१६१७ में पं० रघुनाथ त्रिवेदी धर्मशास्त्री द्वारा संस्थापित; हिंदू संस्कृति और आदर्शों के अनुसार शिक्षा दी जाती है; आश्रम का भवन १० हजार रुपये के व्यय से बना है, आश्रम के अंतर्गत देहाती समाज में विद्या-प्रचार के उद्देश्य से एक पुस्तकालय भी है जिसमें १५०० पुस्तकें हैं।

पुष्प भवन, पाढ़म, मैनपुरी—स्वर्गीय भवानीप्रसाद द्वारा १६२० में स्थापित; सदस्य २००; हिं० सा० सम्मे० से सम्बद्ध; एक हिंदी मिडिल स्कूल की स्थापना की, हिंदी साहित्य विद्यालय का संचालन जिसमें सम्मेलन-परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं।

प्रताप साहित्य मंडल, बैजगाँव, बेथर, उन्नाव — स्थापना पं० प्रतापनारायण मिश्र (भारतेंदु-युग के प्रसिद्ध साहित्यसेवी) की पुण्य स्मृति में हुई, यह नाम 'प्रताप-स्मृति संघ' के नाम का रूपांतर है जिसकी स्थापना मिश्र जी के मित्र स्वर्गीय पं० परमादीन पांडेय द्वारा हुई थी; विश्व-प्रेम और हिंदी-प्रेम का प्रचार उद्देश्य है; १६२२ में मिश्र

जी के वंशज श्री प्रयागनारायण ने प्रताप-स्मारक-समिति-वाचनालय की स्थापना की जो इस मंडल का अंग है; 'प्रताप'-साहित्य का संकलन हो रहा है।

प्रभात अभिषद, वर्धा—हिंदी पत्रिकाओं और लेखकों में मध्यस्थता करना उद्देश्य है; लेखकों से सामग्री प्राप्त करके विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए भेजती है; अभिपद का सम्पर्क उच्च कोटि के सभी विषयों के लेखकों और पत्रों से है।

'प्रसाद'-परिषद्, काशी—कविवर श्री जयशंकर प्रसाद की पुण्य स्मृति में २२ मई १६३६ में स्थापित; साहित्य समारोहों और गोष्ठियों का आयोजन; सम्मेलन के सहयोग से रेडियो की हिन्दी-विरोधी-नीति का इसने पूर्ण रूप से खंडन किया था।

प्रीति परिषद्, सदर, मेरठ—१६४४ में स्थापित; सदस्य ४६; 'प्रीति-परिषद-वाचनालय' खोला है जिसमें २० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं।

प्रेम-सभा, सदर बाजार, जबलपुर—सभा के अंतर्गत एक पुस्तकालय है, साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन होता है।

बजरंग परिषद्, २०१ हरिसन रोड, कलकत्ता—१६१७ में स्थापित; कार्य चार विभागों द्वारा सुविधापूर्वक चलता है — सेवा-विभाग, पुस्तकालय-विभाग, नाट्य विभाग, और व्यायाम-विभाग; समाज और साहित्य दोनों की सेवा होती है।

बाल-विद्यापीठ, बालभवन, (कचहरी के सामने), कानपुर—बाल-साहित्य का वैज्ञानिक ढंग से सृजन और प्रचार उद्देश्य है; बालहित की शिक्षा-संस्थाएँ स्थापित करना और केंद्र खोलना; विद्यापीठ की तीन परीक्षाएँ हैं—प्रवेश, विशारद और रत्न; प्रकाशन का भी प्रबन्ध है, पुस्तकें सस्ती और बालोपयोगी हैं।

बाल हिंदी पुस्तकालय—(यज्ञनारायण), बैना, पो० कड़सर, शाहाबाद—गाँवों में हिंदी-प्रचार प्रसार के उद्देश्य से स्थापित; लगभग ६००० पुस्तकें हैं; हिं० सा० सम्मेलन, श्री रामायण और श्री गीता परीक्षा-समिति की सभी

परीक्षाओं के केन्द्र यहाँ हैं और परीक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

भारतीय कला-विद्यालय—दस्साँ स्ट्रीट, दिल्ली—पत्र-व्यवहार द्वारा लेखन-कला सिखाने की पहली संस्था; ७०० से अधिक विद्यार्थी; इस संस्था के कार्यक्षेत्र के विस्तृत होने की आशा है।

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी—१९४३ में दानवीर सेठ शांति प्रसाद ने अ० भा० प्राच्यविद्या सम्मेलन के बारहवें अधिवेशन के अवसर पर स्थापित की; जैन, बौद्ध, वैदिक ज्ञान की विलुप्त, अनुपलब्ध और अप्रकाशित सामग्री का अनुसंधान और प्रकाशन; लोकहितकारी-साहित्य का निर्माण उद्देश्य है; प्रधान कार्यालय, डालमिया नगर में है, एक शाखा मद्रास में है; पीठ के तीन विभाग हैं —(क) **प्रकाशन विभाग**—इसके अंतर्गत मूर्तिदेवी जैन-ग्रंथमाला, मूर्तिदेवी - पाली ग्रंथमाला, ज्ञानपीठ - लोकोदय ग्रंथमाला का प्रकाशन होगा, और १५००) का पुरस्कार सर्वोत्कृष्ट रचना पर दिया जायगा; **(ख) ग्रन्थागार तथा संग्रहालय** में प्राचीन ग्रंथों का संकलन हो रहा है; **(ग) अनुसंधान विभाग**—में कन्नड शाखा द्वारा प्राचीन ग्रंथों का सम्पादन होता है; विभागों को चलाने के लिए कई समितियाँ हैं जिनमें हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड, तामिल और अँग्रेजी के विद्वान हैं।

भारतीय विश्वविद्यालय, पाढ़म मैनपुरी — १९३५ में स्थापित; २१२ सदस्य हैं, शुल्क-१) वार्षिक; भारतीय कला-विज्ञान की शिक्षा उद्देश्य है; (क) इसके पुस्तकालय में हिंदी, संस्कृत, फारसी, उर्दू के हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहीत हैं; (ख) प्रकाशन - कार्य की योजना है, (ग) साहित्य-सम्मेलन की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी तैय्यार होते हैं।

भारतीय संघ—जेकब सर्किल, बम्बई—१९४० में स्थापित; हिंदी भाषा-भाषियों की यह प्रिय संस्था है; इसके अन्तर्गत पुस्तकालय, वाचनालय, व्यायामशाला, साक्षरताप्रचार आदि वर्ग हैं;

संघ ने बम्बई कारपोरेशन से १ हज़ार वर्ग गज भूमि अपने भवन के लिए प्राप्त की है।

भारतीय संस्कृति-सदन, रतलाम—१९४५ में श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी द्वारा स्थापित; सदस्य तीन प्रकार के—साधारण, सहायक और आजीवन; शुल्क—साधारण १), सहायक ५) और आजीवन १०१) वार्षिक; भारतीय संस्कृति का रक्षण और प्रचार उद्देश्य है; सार्वजनिक पुस्तकालय और वाचनालय का संचालन होता है; हि० सा० सम्मे० के परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क अध्यापन-कार्य, साहित्यिक उत्सव मनाना; 'भारतीय सस्कृति' नामक त्रैमासिक का प्रकाशन होता था; अजकल पत्रिका बंद है, पुनः प्रकाशन का प्रबंध हो रहा है; संस्था को रियासत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का संरक्षण मिला हुआ है।

भारतीय साहित्य-सम्मेलन, दिल्ली—भारतीय साहित्य, विशेषतः हिंदी की उन्नति और भारतीय चिकित्सा—प्रचार के उद्देश्य से १९४० में स्थापित; सदस्य तीस; २०० परीक्षार्थी उपाधियाँ प्राप्त कर चुके हैं; हिंदी विद्यालय, पुस्तकालय और वाचनालय स्थापित करने की योजना है।

भारतेंदु - अभिनय - परिषद्, शिवहर, मुजफ्फरपुर—अभिनय-कला के प्रचार तथा जन-जागरण द्वारा सामाजिक क्रांति लाकर समुचित सुधार करने के उद्देश्य से १९४५ में श्री मदन साहित्यभूषण द्वारा स्थापित; सदस्य ११३; अब तक २२ अभिनय किये, जनता का सहयोग बराबर मिलता है।

भारतेंदु समिति, कोटा— स्थापनाकाल लगभग १९२६; हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि का प्रचार उद्देश्य है, पुस्तकालय, प्रौढ़ पाठशाला, प्रदर्शनी, प्रकाशनों द्वारा हिंदी सेवा कर रही है; कोटा सरकार से रजिस्टर्ड है; हिंदी सा० सम्मे० प्रयाग, काशी ना० प्र० सभा से सम्बद्ध है; समिति के अन्तर्गत (१) राजस्थान-हिंदी विद्यापीठ का संचालन हो रहा है जिसमें निःशुल्क शिक्षा दी जाती है, (२) भारतेन्दु-पुस्तकालय

चलता है, (३) 'भारतेन्दु' पत्र सन् १९४७ से प्रकाशित होता है; (४) भारतेन्दु-व्याख्यान-माला के नाम से व्याख्यान सभा आदि का आयोजन होता है; सदस्यों की संख्या ७०० है।

भारतेंदु साहित्य-संघ, मोतिहारी, बिहार—१९४० में सर्वश्री तारकेश्वर प्रसाद, गणेश चौबे, गणेशप्रसाद शाह, और कमलनाथ देव द्वारा स्थापित; ६० सदस्य हैं; संघ बिहार प्रादेशिक हि० सा० स० से सम्बद्ध है; संथालों में रोमन-लिपि-प्रचार और जनगणना में बिहारियों की मातृभाषा 'हिन्दुस्तानी' लिखने का विरोधी; रेडियो की हिंदी-विरोधी नीति के विरुद्ध, कचहरियों में हिंदी-प्रवेश के लिए आंदोलन; हिंदी परीक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है; संघ के तत्वावधान में एक वाचनालय और एक पुस्तकालय चलता है, उसमें १३०० पुस्तकें हैं।

भारतेन्दु - साहित्य - समिति, बिलासपुर—१९३५ में श्री भारतेन्दु हरिश्चंद्र की अर्धशताब्दी के अवसर पर स्थापित ; ३०० सदस्य ; (क) प्रति वर्ष वसंतपंचमी के अवसर पर साहित्य-संगीत-कला का सम्मेलन, भारतेन्दु और तुलसी-जयंतियों का आयोजन, (ख) अ० भा० सा० सम्मे० की परीक्षाओं के लिए पाठ्य पुस्तकों का संग्रह करना और विद्यार्थियों को तैयार करना, (ग) जिला साहित्य सम्मेलन का आयोजन; समिति प्रांतीय एवं अखिल भा० सम्मे० में प्रतिनिधि भेजती है, (घ) पुस्तक-प्रकाशन का कार्य भी आरम्भ हो चुका है।

महिला उद्योग परिषद, गोरखपुर—संस्था की योजना घरेलू उद्योगों, और कला-कौशल का विस्तार करना हैं ; महिलाओं में हिंदी-प्रचार किया जाता है; हिंदी परीक्षाओं की पढ़ाई का प्रबंध है।

महिला विद्यापीठ, प्रयाग—हिंदी के माध्यम द्वारा स्त्रियों में शिक्षा का प्रसार किया जाता है ; कई परीक्षाओं का संचालन किया जाता है जिनमें हिंदी भाषा अनिवार्य है ; पहली कक्षा से लेकर एम० ए० तक हिंदी पढ़ाने का सुचारु प्रबंध है; संस्था के अंतर्गत विद्यापीठ कालेज भी है ; वस्तुतः

महिलाओं में हिंदी का प्रचार करने में विद्यापीठ का प्रयत्न सराहनीय रहा है।

माथुर - चतुर्वेदी पुस्तकालय, मैनपुरी—१६१८ में स्थापित; पुस्तकालय का निजी भवन है; हिंदी सा० स० और प्रयाग महिला विद्यापीठ की परीक्षाओं का केन्द्र है; लगभग ४००० पुस्तकें हैं।

माध्यमिक शिक्षा - विभाग, ट्रावनकोर और कोचिन राज्य—१६२८ से हिदीशिक्षा का प्रबंध दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार सभा की प्रेरणा और राजकीय सहायता से हो रहा है; राष्ट्रभाषा-रूप में हिंदी के स्वीकृत होने पर दूसरी श्रेणी से सभी माध्यमिक शिक्षालयों में हिंदी-शिक्षा अनिवार्य कर दी गयी; पाठक्रम का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि पाँच वर्ष अर्थात् १६५५ तक विद्यार्थी को हिंदी का पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान अवश्य हो जाय; राज्य के ४८१ हाई स्कूलों और ६४१ मिडिल और लोअर मिडिल स्कूलों में हिंदी-शिक्षा का प्रबंध है; राज्य के अंतर्गत २४ कालेज हैं जिनमें से अधिकांश में ऊँची कक्षाओं में हिंदी पढ़ाई जाती है; प्रोफेसर श्री ए० चंद्रहासन एम० ए० को हिंदी - शिक्षा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है; उनका प्रयत्न और विश्वास है कि उत्तरी भारतीय विद्वानों और राजकीय सहयोग से पाँच से दस वर्ष के भीतर ही वे ट्रावनकोर और कोचिन राज्य को पक्का हिंदी-भाषी-क्षेत्र बनाने में सफल हो जायँगे।

मानस-संघ, पो० रामवन, वाया सतना — मानस के पारायण द्वारा विश्वकल्याण के उद्देश्य से स्थापित, २०००० सदस्य, ८२५ शाखाएँ हैं; 'मानस-मणि' मासिक पत्र १० वर्षों से प्रकाशित हो रहा है; ४५ पुस्तकें प्रकाशित की हैं; संघ-कार्यालय में मानस का अखंड पारायण होता है।

मारवाड़ी नवयुवक - मंडल, बेगम बाजार, हैदराबाद—संस्था पुरानी है पर हिंदी की ओर ध्यान देना १६४३ से आरम्भ हुआ; इसका श्रेय श्री बद्री विशाल जी को है; मंडल द्वारा कवि - सम्मेलनों, वाद-विवादों, व्याख्यानों का

आयोजन भी होता है; इसके अन्तर्गत एक प्रकाशन - विभाग है जिससे लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

मारवाड़ी-सेवा-दल, दिल्ली— १९४१ में स्वर्गीय सेठ जमनालाल बजाज द्वारा स्थापित; दल का कार्य विशेष रूप से सामाजिक क्षेत्र में हुआ है, किन्तु हिंदी-प्रचार में भी इसने योग दिया; रेडियो की हिंदी-विरोधी-नीति की आलोचना और उसके विपक्ष में प्रचार करता रहा है, मारवाड़ी-समाज में हिंदी को सर्वप्रिय बनाया है।

मित्र - मंडल - संघ, हरनौत, पटना--१९४२ में हिंदी-प्रचार के उद्देश्य से स्थापित; (क) सूर्यरश्मि चिकित्सामाला का प्रकाशन; (ख) निःशुल्क मित्र पुस्तकालय और वाचनालय का संचालन; (ग) प्राकृतिक चिकित्सा-प्रणाली का विकास तथा (घ) तत्संबंधी साहित्य की अभिवृद्धि—इसके विभाग हैं।

मिरांडा हाउस, दिल्ली—दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत छात्राओं का कालेज जिसकी संचालिका श्रीमती कमलादेवी गर्ग हैं; इसमें मैट्रिक से एम० ए० तक हिंदी पढ़ाने की व्यवस्था है; 'भारती-परिषद्' इसकी साहित्यिक संस्था है जो 'भारती' नामक पत्रिका का संचालन करती है।

मौलिक साहित्य - अभिषद (सिंडिकेट), १६ बिजलीनगर, नागपुर १—साहित्यिकों की रचनाएँ पारिश्रमिक की परिपाटी पर विभिन्न पत्रों को प्रेषित करनेवाली संस्था; नवीन कलाकारों को भी प्रोत्साहन दिया जाता है।

यदुवंश-पुस्तकालय, मुज़फ्फरपुर—१९३७ में स्थापित; लगभग ६०० पुस्तकें हैं और १२ पत्र पत्रिकाएँ आती हैं, सम्मेलन-परीक्षाओं के लिए तैयारी करायी जाती है।

युगाधार, प्रतापगढ़, अवध— सितम्बर १९४६ में श्री मारकंडेय सिंह द्वारा स्थापित; २१५ सदस्य; जयंतियाँ, कवि-गोष्ठियाँ आदि आयोजित होती हैं, प्रसिद्ध कवि भिखारी दास की कृतियों का संकलन तथा प्रकाशन करना है।

रघुराज-साहित्य-परिषद्, रीवाँ, मध्यप्रदेश— हिंदी - भाषा-साहित्य

की सर्वांगीण उन्नति के उद्देश्य से १९३२ में स्थापित; वाचनालय, पुस्तकालय, सम्मेलन-परीक्षाओं के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था करना कार्य हैं; ८० सदस्य हैं।

राँची कालेज, राँची—७०० विद्यार्थी हिंदी के हैं, हिंदी साहित्य-संघ का संचालन होता है, चार अध्यापक हैं— सर्वश्री वीरेंद्र श्रीवास्तव एम० ए० (हिंदी, संस्कृत, कालेज-पत्रिका के हिंदी-विभाग के संपादक), वैद्यनाथ पांडेय एम० ए० (हिंदी, संस्कृत), केसरीप्रसाद सिंह एम० ए०, रामसंजीवन सिंह एम० ए०, डिप० एड०।

राजकीय कालेज, अजमेर—विद्यार्थियों की संख्या १२५ है, अध्यक्ष हैं श्रीविष्णु अंबालाल जोशी एम० ए०, हिंदी-साहित्य-गोष्ठी और हिंदी-साहित्य-परिषद् का संचालन होता है और वार्षिक पत्रिकाओं में हिंदी के लिए समुचित स्थान रहता है, कालेज का संबंध आगरा विश्वविद्यालय से है।

रामायण-प्रचार-समिति, बरहज, गोरखपुर—महात्मा बालकराम विनायक की संरक्षता में स्थापित हुई, बाद में गीता-प्रेस गोरखपुर के व्यवस्थापक की देख-रेख में रही; अब बरहज में श्री राघवदास द्वारा संचालित होती है; मुख्य ध्येय भारतीय संस्कृति तथा साहित्य का प्रचार देश-विदेश में करना; पाँच परीक्षाएँ होती हैं—शिशु परीक्षा, प्रथमा, मध्यमा, उत्तमा प्रथमा खंड, उत्तमा द्वितीय खंड; समिति की रामायण-परीक्षा के लगभग साढ़े तीन सौ केंद्र देश-विदेश में हैं, दस हजार परीक्षार्थी प्रतिवर्ष सम्मिलित होते हैं।

राष्ट्रभाषा-परिष्कार-परिषद्, कनखल, उत्तरप्रदेश (निर्माण-केन्द्र) और ३६, वाराणसी घोष स्ट्रीट, कलकता ७ (प्रकाशन-केंद्र); भाषा-परिष्कार-कार्य के उद्देश्य से श्री किशोरीदास बाजपेयी द्वारा स्थापित; स्वावलंबी संस्था है; कुल छह सदस्य हैं, पदाधिकारी कोई नहीं है; प्रत्येक पर एक काम का दायित्व है।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-मंडल, सांगवी, पूर्व खानदेश—श्री वि० श्री० चौधरी द्वारा १९४४ में

स्थापित; राष्ट्रभाषा विद्यालय, पुस्तकालय, वाचनालय और वाद विवाद सभा का संचालन होता है; १०० विद्यार्थी विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन करते हैं; पाँच अवैतनिक अध्यापक हैं।

राष्ट्रभाषा-प्रचारक-मंडल, ठि० भारती विद्यामंदिर, नड़ियाद—जूलाई १६३६ में स्थापित; आस-पास के स्थानों में कई परीक्षाकेंद्र खोले और अनेक प्रचारक तैयार करके कार्य को आगे बढ़ाया।

राष्ट्रभाषा-प्रचारक-मंडल, सूरत —**स्था०**-६ मई १६३७ को पं० परमेष्ठी दास जैन, न्यायतीर्थ; **सद०**—४१५ हैं, सदस्यो की तीन श्रेणियाँ हैं; शुल्क—सामान्य सदस्य २), आश्रयदाता १००), उपाश्रयदाता ५०) और आजीवन सदस्य २५); **कार्य०**—मंडल की ओर से राष्ट्रभाषा विद्यामंदिर का संचालन होता है; इसकी २० शाखाएँ हैं जिसमें २००० विद्यार्थी प्रतिवर्ष शिक्षा पाते हैं; एक राष्ट्रभाषा-अध्यापन-मंदिर चलता है जिसमें अध्यापकों को शिक्षा दी जाती है; मंडल के पुस्तकालय में ४३१० पुस्तकें हैं और वाचनालय में ४५ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; हिंदी-प्रचार के उद्देश्य से आम सभाएँ और साहित्यिक चर्चाएँ रक्खी जाती हैं। श्री परमेष्ठीदास जैन 'निबंध स्पर्धा', स्व० गमनलाल सूतरवाला स्मारक वक्तृत्व-स्पर्धा होती हैं, 'बाल साहित्य-प्रकाशन' की भी व्यवस्था हुई है।

राष्ट्रभाषा-प्रचार - कार्यालय, खालवाडो, कंसारावाड, नडियाद—**स्था०**—१ जून १६४६; **उद्दे०**—राष्ट्रभाषा-प्रचार; **कार्य**—यहाँ के पुस्तकालय में ४०० पुस्तकें हिंदी की हैं, प्रति वर्ष लगभग २००० विद्यार्थी तैयार किये जाते हैं।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-सभा, उत्कल, कटक—**स्था०**—१६३२; सभा को उत्कल सरकार से १६४८ में १००००) की सहायता के साथ-साथ स्थानीय गवर्नर तथा प्रधानमंत्री की सद्भावना प्राप्त हुई, प्र० मंत्री श्रीहरेकृष्ण मेहताब ने गाँधी राष्ट्र-भाषा भवन का शिलान्यास किया; शिक्षक - शिक्षण - शिविर खोला

जिसमें शिक्षण-कला पढ़ाई जाती हैं; सभा का कार्य निम्नलिखित भागों में विभक्त है:—**प्रकाशन विभाग**–अब तक ६ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; **अनुवाद समिति**–उत्कलभाषा के ग्रन्थों का अनुवाद, श्री हरेकृष्ण मेहताब के 'ओडिशा का इतिहास' अनूदित हो रहा है; **प्रेस**–राष्ट्रभाषा पत्र यहीं से छपता है; **पुस्तकालय** कई भाषाओं में १४०० पुस्तकें हैं; **वाचनालय**—दैनिक, अर्ध-साप्ताहिक, साप्ताहित, मासिक २३ पत्रिकाएँ-पत्र आते हैं; **पत्र-विभाग**–राष्ट्रभाषा-पत्र का संपादन तथा वितरण होता है; **पुस्तक-विक्री-विभाग**—इसके द्वारा वर्धा की परीक्षा पुस्तकों की बिक्री का प्रबंध होता है; **प्रचार-विभाग**–इसके अन्तर्गत १३ स्थायी शाखा-केंद्र चलते हैं और ५ केंद्र सामयिक हैं, इनका संचालन सभा के प्रचारक करते हैं; इनके अतिरिक्त ६७ केंद्र अलग हैं; सभा की कार्यकारिणी समिति में २० सदस्य रहते हैं।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-सभा, गोवालिया टैंक, बम्बई —**स्था०**—१६३५, श्री जमनालाल बजाज की अध्यक्षता में ; **कार्य**—सभा पहले द० भा० हि० प्र० सभा मद्रास की परीक्षाओं की व्यवस्था करती थी, १६३६ से रा० भा० प्र० सभा, वर्धा से सम्बद्ध है ; शुरू में गाँधी-सेवा-सेना-कार्यालय गिरगाँव, हिंदी महिला-समाज, सारस्वत-महिला-समाज, गुजराती - हिंदू-स्त्री मंडल आदि में कार्य आरम्भ हुआ ; ३७ में ६०३ विद्यार्थी बैठे, हिंदी-शिक्षा को स्कूलों में अनिवार्य विषय बनवाया ; ३६ में २० केंद्रों में हिंदी के वर्ग चलने लगे, १६०० विद्यार्थी बैठे ; ४१ में परीक्षा केंद्रों की संस्था १० और वर्गों की ३२ हो गयी ; ४५ में वर्धा - समिति के आदेशानुसार 'हिंदुस्तानी' की नीति अपनायी; १६४८ तक परीक्षा-केंद्रों की संख्या ३२ और प्रचार-केंद्रों की ८० हो गयी ; सभा का कार्य-क्षेत्र पूरे नगर बम्बई और सारे उपनगरों तक फैला है ; साहित्य - प्रतियोगिताओं और भाषणों का प्रबंध किया जाता है।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-सभा, सम्बल पुर, उड़ीसा—**स्था०**— १६४६ ; **कार्य**—१६४६ में १६ परीक्षार्थी बैठे; १६४७ में प्रांतीय सरकार की ओर से हिंदी-शिक्षण-शिविर खोला गया; उसमें २६ शिक्षक पास हुए, १६४८ में २७ शिक्षक निकले ; सभा का प्रचार कार्य उत्तरोत्तर वृद्धि पर है ।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति (गुजरात प्रांतीय), बाला हनुमान, खाड़िया, अहमदाबाद—१६४२ में स्थापित ; नगर में वर्धा की परीक्षाओं के १७३ वर्ग चलते हैं और ६१ स्थानों में शिक्षा की व्यवस्था है ; १०३ प्रचारक विभिन्न स्थानों में काम कर रहे हैं ; १६५० में १२३२६ परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, इसके अंतर्गत १० नगर समितियाँ हैं और संपूर्ण गुजरात सुविधा की दृष्टि से १० भागों में विभक्त कर दिया गया है जिसमें ५५१ केंद्र हैं और ६०१ प्रचारक काम करते हैं; २५ पदाधिकारियों की समिति द्वारा इसका संचालन होता है ।

राष्ट्रभाषा - प्रचार - समिति, गुवाहाटी, आसाम—नवंबर १६३८ में स्थापित ; इसकी व्यवस्थापिका परिषद में ६० सदस्य हैं ; प्रचार, साहित्य-निर्माण, अध्यापन-मंदिर, पुस्तकालय तथा वाचनालय, परीक्षा, अर्थ, अन्यान्य प्रवृत्तियाँ आदि आठ विभाग हैं ; ३६ प्रधान और ४३ सहायक, कुल ६६ कार्यकर्ता समिति के अंदर कार्य करते हैं ; प्रचार-केंद्रों की संख्या ३६ हैं; आठ हजार छात्र और १५०० छात्राएँ हिंदी का अभ्यास कर रही हैं; हिंदी का प्रचार ५१ हाई स्कूलों और १५ मिडिल स्कूलों में हो रहा है; अगस्त १६३६ में सरकारी हाई स्कूलो की ५, ६, ७ वीं कक्षाओं में हिंदुस्तानी पढ़ाने की व्यवस्था हुई; इस प्रांत के संयुक्त मंत्रिमंडल ने १०००) की सहायता समिति को दी ; १६४१ और ४२ में यह सहायता २४००) कर दी गयी; अब तक एक दर्जन पुस्तकें प्रकाशित की हैं; समिति प्रचारक भी तैयार करती है ; २० प्रचारक अब तक तैयार किये जा चुके हैं ; हिंदी के १० और मारवाड़ी - हिंदी के ८ पुस्तकालय इसके अंतर्गत हैं ; रा० भा० प्र० समिति वर्धा की परी

क्षाएँ तथा हाई स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएँ भी होती हैं ; प्रांतव्यापी प्रचार-आंदोलन के लिए समिति प्रति वर्ष बारह-चौदह हजार रुपए खर्च करती है ; प्रांतीय समिति के अंतर्गत १८ स्थानीय शाखा-समितियाँ हैं जिनका संचालन महिलाएँ ही करती हैं और सबके अलग-अलग सदस्य तथा पदाधिकारी हैं, इन सभी समितियों के सदस्यों की संख्या ७०० है ; साहित्यिक समन्वय और सांस्कृतिक पुनरुज्जीवन को दृष्टि में रखकर समिति ने असमीया हिन्दी साहित्य परिषद् स्थापित की है ।

राष्ट्रभाषा - प्रचार - समिति, (पश्चिम बंग), ४२।१ हवलदार पाड़ा रोड, कालीघाट, कलकत्ता, २६–स्था०–१९४६; भारत राष्ट्रभाषा प्रचार-समिति और वर्धा-प्रचार समिति के दोनों लिपियों में हिंदुस्तान को मान्यता देने पर श्री रेवतीरंजन सिनहा द्वारा हुई;कार्य०–दक्षिणी कलकत्ता-हिंदी-शिक्षार्थी-संघ के रूप में कई प्रचार-केन्द्रों में वर्ग चलाये, १९४६ में कलकत्ते में २३ केंद्र तथा प्रान्त में ६ परीक्षा-केंद्र चले; दूसरे वर्ष कुल ४७ केंद्र स्थापित हुए; १९४८-४९ में प्रान्तीय सरकार द्वारा ५०००) और १९४९-५० में ३०००) की आर्थिक सहायता मिली; प्रचार-कार्य में वंगभाषी जन ही संगठकों और प्रचारकों के रूप में कार्य कर रहे हैं ।

राष्ट्रभाषा-प्रचार - समिति, (महाराष्ट्र),पूना–स्था०–श्री शंकर-रावदेव की अध्यक्षता में १९३८ में स्थापित; **कार्य**—प्रचार-क्षेत्र में कोठाणा, कुलाबा, रत्नागिरि और गोवा चार जिलों में बाँट दिया गया; श्री प्रताप सेठने प्रचार कार्य के लिए समिति को ६ हजार रुपये दान दिये, समिति ने ११ सवेतन प्रचारक नियुक्त किये, प्रचार में रा० भा० प्र० सभा कार्य-क्रम की परीक्षाओं को अपनाया; हिंदी-वर्ग खोले गये और हिंदी-प्रचार-समितियाँ स्थापित हुईं; ३९ में हिंदी-मराठी-शब्दकोश छपाया शिमला-अधिवेशन से इसका नाम 'अखिल राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति' रक्खा गया था ; परन्तु वर्धा-समिति के नियम द्वारा बरार

नागपुर के महाराष्ट्र प्रान्त से अलग हो जाने पर इसका नाम महाराष्ट्र-राष्ट्र-भाषा- प्रचार-समिति ही रहा; १६४१में शंकररावदेव के त्यागपत्र देने के बाद इसका स्वतंत्रकार्यालय जो पूना में था, भंग कर दिया गया और प्रचारकार्य तिलक महाराष्ट्र विद्यालय को सौंप दिया गया, १६४३ से फिर स्वतंत्र अस्तित्व प्राप्त किया; १६४० से 'राष्ट्रभाषा-शिक्षक—विद्यालय' चलाया गया, स्थानाभाव के कारण विद्यालय का कार्य शिवाजी मराठी स्कूल और 'कन्याशाला' में होता है।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति, वर्धा—स्था० —४ जूलाई १६३६ को नागपुर, अ० भा० हि० सा० स० के अधिवेशन के अवसर पर 'हिंदी-प्रचार-समिति' के नाम से स्थापित; ६ सितम्बर १६३८ से इस का नाम राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति पड़ा; कार्य०—समिति का कार्य इन विभागों में बँटा है:—**प्रचारविभाग** प्रचार के कार्यक्रम को प्रान्तों के आधार पर बाँटा गया; प्रांतीय प्रचार समितियाँ सीधे वर्धा-केंद्र से सम्बद्ध हैं और उसी के कार्यक्रम को पूरा करती हैं--ये हैं, बिहार-सेवा-समिति, असम प्रांतीय हिंदी-प्रचार-समिति, अखिल महाराष्ट्र-हिंदी-प्रचार-समिति, गुजरात राष्ट्रभाषा-प्रचार - समिति, सिंध रा०भा०प्र०स०; (वर्तमान कार्यालय भारत-विभाजन के बाद अजमेर आ गया है), पूर्व भारत हिन्दी-प्रचार-सभा उत्कल; प्रचार-कार्य को बढ़ाने के लिए ७५ हजार रु० श्री पद्मपतसिंहानिया कानपुर, निवासी, ५ हजार श्री घनश्यामदास बिड़ला तथा ६ हजार अमलनेर के श्री प्रताप सेठ ने दिये; प्रचार कार्य के लिए प्रांतों में दौरे किये जाते हैं; बलूचिस्तान और लंका में भी प्रचार-कार्य आरम्भ किया; १६४६ में प्रचारक-शिक्षण-शिविर खोला; **परीक्षा - विभाग**—हिंदी - प्रवेश, हिंदी-परिचय, हिंदी - कोविद, राष्ट्र भाषा-रत्न की परीक्षाएँ समिति द्वारा ली जाती हैं; १६४८ से 'बात-चीत'-परीक्षा प्रचलित की, १६४८ के आंकड़ों के अनुसार १२०६८६ परीक्षार्थी बैठे, १२६४ केंद्र रहे और १४१४ प्रचारक थे; १५ जून १६३७ को राष्ट्रभाषा-

अध्यापन - मन्दिर की स्थापना की गयी; **प्रकाशन व पुस्तक-बिक्री-विभाग** - अहिंदी-भाषी प्रांतों के अनुकूल पाठ्य-क्रम के लिए पुस्तकें तैयार करने का उद्देश्य लेकर १६३८ से प्रकाशन आरंभ हुआ; अब तक २३ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं; **मासिक पत्र**—१६३६ में 'राष्ट्रभाषा' मासिक निकाला; बाद में उसका नाम 'सबकी बोली' कर दिया गया; १६४१ से उसके स्थान पर 'राष्ट्रभाषा-समाचार-पत्र' चलाया गया और ४३ से उसका नाम 'राष्ट्र-भाषा' रह गया; जनवरी १६५१ से 'राष्ट्रभारती' नामक सुंदर साहित्यिक मासिक का प्रकाशन आरंभ किया गया है; **पुस्तकालय** में हिंदी में प्रत्येक विषय की पुस्तकें है और अन्य प्रांतीय भाषाओं की पुस्तकें भी हैं; **वाचनालय** में ४४ श्रेष्ट पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं, ये हिंदी तथा अन्य प्रांतीय भाषाओं की भी होती हैं; **शीघ्रलिपि व मुद्रालेखन-यंत्र-निर्माण-विभाग**—शीघ्रलिपि के वर्ग चलते हैं और यंत्र के निर्माण का प्रयत्न हो रहा है; **राष्ट्रभाषा-प्रेस**—४६ से इस का कार्य आरंभ हुआ; प्रेस की पूँजी ५० हजार रुपये की है; **भवन - विभाग**—समिति ने ८ एकड़ जमीन खरीद कर भवन निर्माण-कार्य आरंभ किया है; राष्ट्रभाषा कार्यकर्ताओं के लिए एक हिंदी-नगर बसाने का काम जारी है; इस कार्य पर १½ लाख रुपया व्यय हो चुका है; **कार्यालय विभाग**—डाक विभागों की डाक और कागज-पत्र रखने के लिए अलग काम करता है; वि०—भारत की यही ऐसी संस्था है जिसने भारत के बाहर पूर्वी अफ्रीका, मारिशश, फिजी आदि विदेशों में अनेक परीक्षाकेंद्र खोलकर हिंदी का प्रचार किया है।

राष्ट्रभाषा - प्रचार - समिति (विदर्भ-नागपुर), नागपुर—स्था०—३० जून १६४०; उद्दे०—हिंदी-प्रचार; कार्य०—प्रारम्भ में ८ केन्द्र थे, पं० हृषीकेश शर्मा के उद्योग से इनकी संख्या बढ़ती गयी; कई राष्ट्रभाषा - पुस्तकालय खोले गये जिनमें से नांदीगोमुख केन्द्र का पुस्तकालय मुख्य है; १६४५ में राष्ट्र-भाषा-सेवा-मंदिर की स्थापना हुई,

परीक्षाओं और प्रचार-कार्य में रा० भा० प्र० सभा वर्धा का कार्यक्रम अपनाया गया; वहाँ की 'कोविद' और 'राष्ट्रभाषा-परिचय' की परीक्षाएँ प्रांतीय सरकार और नागपुर वि० वि० से मान्य हैं।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति(सिंध), अजमेर—स्था०--हिंदी प्रचारकार्य सिंध में शिकारपुर की 'श्री प्रियतम धर्म-सभा' और १६१४ में डा० चोइथराम द्वारा स्थापित 'ब्रह्मचर्याश्रम' के अधीन था; हिंदी-प्रचार की आवश्यकता समझ कर १६३७ में श्री काका कालेलकर की अध्यक्षता में होने वाले सिंध प्रां० हिं० सा० सम्मे० के अवसर पर इस समिति की स्थापना हुई; सभा का प्रबंध दो प्रबन्धकारिणी समितियों के अधीन है—प्रधान सभा और कार्य कारिणी; कार्य—समिति की शाखाएँ जिलो में थीं; १६४० से काका कालेलकर की अध्यक्षता में राष्ट्रभाषा-सम्मेलन हुआ; १६४० से 'कौमी बोली' का प्रकाशन आरम्भ हुआ; हिंदी-भाषियों के लिए 'कौमी बोली किताब घर' की स्थापना की गयी; सिंध भर में ३३ पुस्तकालय खोले गये; समय समय पर अनेक साहित्यिकों के दौरे होते रहे; इसका सम्बन्ध राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति वर्धा से रहा; १६४७ में पाकिस्तान की स्थापना से सारा कार्य नष्ट हो गया; अब समिति का कार्यालय अजमेर में है और सिंधी भाइयों में अब भी हिंदी-प्रचार का काम जारी है; राजस्थान में इसके २० केन्द्र हैं।

राष्ट्रभाषा - प्रचारिणी-सभा, नयागंज, कानपुर—१६४० में पं० सत्यनारायण जी पांडेय एम० ए० द्वारा स्थापित; सभा द्वारा हजारों प्रतियाँ उन मुसलमान विद्वानों की सम्मतियों सहित वितरित की गयीं जो निष्पक्ष होकर हिंदी को 'लोकभाषा' मानते हैं; निजी भवन बनाने में भी प्रयत्नशील है।

राष्ट्रभाषा-प्रेमी-मंडल, पूना—२२ अक्टूबर १६३६ में स्थापित; सदस्य संख्या १३२; मंडल के अंतर्गत निःशुल्क पुस्तकालय और वाचनालय है।

राष्ट्रभाषा-विद्यालय, गायघाट, काशी—स्था०—१६३६ श्रीगंगाधर-मिश्र और श्रीबलदेवप्रसाद मेहरोत्रा;

इसका उद्देश्य हिंदी - माध्यम द्वारा उच्च श्रेणी की शिक्षा देना है; **कार्य**—साहित्यिक उत्सव, शारदा-महोत्सव, जयंतियाँ और राष्ट्रभाषा-सप्ताह मनाया जाता है, १६४७ में निराला-स्वर्णजयंती अ० भा० कार्यक्रम के साथ मनायी गयी; विद्यालय में हि० सा० सम्मे० और हिंदी-विद्यापीठ देवघर की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है।

राष्ट्रभाषा-विद्यालय, पूना—स्थानीय नगरपालिका द्वारा मान्य, राष्ट्रभाषा और देवनागरी लिपि के प्रचार के उद्देश्य से १६४० में स्थापित; सदस्य - संख्या १००; राष्ट्रभाषा-प्रचार - समिति द्वारा संचालित परीक्षाओं के लिए सुबह-शाम नाममात्र शुल्क पर वर्ग चलाये जाते हैं; प्रारंभिक शिक्षा निःशुल्क दी जाती है; संस्था के सब कार्यकर्त्ता अवैतनिक हैं; इसके विभाग— प्रकाश - पुस्तकालय—१००० पुस्तकें हैं तथा हिंदी की प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाएँ भी आती हैं; चर्चाविभाग - प्रति शनिवार को चर्चाएँ होती हैं; समय-समय पर हिंदी साहित्य-सेवियों के व्याख्यानों का आयोजन, कभी काव्यगायन भी होता है; विद्यालय की ओर से 'सेवा' नाम की हस्तलिखित मासिक पत्रिका निकलती है।

राष्ट्रीय महाविद्यालय, सेवती, गया—संस्था०—डाक्टर अंशुमान शर्मा, २० मई १६४२; उद्दे०—आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा-दान जिसमें पूर्व और पश्चिम की विशेषताओं का समावेश हो, प्राचीन भारतीय साहित्य का अन्वेषण तथा मुद्रण, साहित्य-सृजन में प्रोत्साहन देने के लिए पुरस्कार-वितरण ; वि०—विद्यालय के चलाने में विद्यापीठ, संग्रह, उद्योग, अन्वेषण, साहित्य, प्रचार, अर्थ, सदस्य, कार्य आदि विषयों के लिए अलग अलग समितियाँ है; इन समितियों का संगठन पंचवर्षीय योजना के अनुसार होता है; **कार्य०**—कुमार-विद्यालय है जिसमें बालकों को शिक्षा मिलती है ; सा० स० प्रयाग और हिंदी विद्यापीठ देवघर की परीक्षाओं के लिए केन्द्र है।

राष्ट्रीय विद्यालय,(खड्ग-प्रसाद) कटक, उड़ीसा—सम्मेलन और वर्धा-समिति की सभी परीक्षाओं की शिक्षा देने और राष्ट्रभाषा-प्रचारक तैयार करने के लिए मार्च, १६४२ में स्थापित ; राष्ट्र-भाषा-प्रचारार्थ दो केन्द्र स्थापित किये हैं ।

लोकमान्य समिति, चितरंजनपथ, छपरा—**स्था०**—१६२५, **कार्य**—राष्ट्रलिपि देवनागरी के प्रचार के लिए इसने प्रबल आंदोलन किया ; कचहरियों और अर्द्ध सरकारी संस्थाओं में देवनागरी के प्रयोग का प्रयत्न कर रही है ।

लोकवार्ता - परिषद् (बुंदेलखंड), टीकमगढ़— **उद्दे०**—लोक वार्ता-शास्त्र और नृतत्व शास्त्र का अध्ययन और अन्वेषण ; **कार्य**—(क) चार वर्ष से लोक-साहित्य का संग्रह हो रहा है; (ख) 'लोक-वार्ता' नामक त्रैमासिक का प्रकाशन; (ग) तत्सम्बन्धी उच्चकोटि के साहित्य का प्रकाशन; (घ) देशी शब्दों का एक पारिभाषिक कोश तैयार हो रहा है; **वि०**—उक्त विषयों से प्रेम करने वाले कोई भी सज्जन सदस्य बन सकते हैं ; ११) वार्षिक चन्दा देनेवालों को 'लोक-वार्ता' के अतिरिक्त वर्ष भर के प्रकाशित ग्रन्थ बिना मूल्य मिलेंगे और ५१) एक बार देने मात्र से सारा साहित्य बिना मूल्य मिलता रहेगा।

विक्टोरिया कालेज (राजकीय) पालघाट—इंटर में ५० और बी० ए० में १० विद्यार्थी हिंदी पढ़ रहे हैं ; कालेज के अन्तर्गत साहित्यिक कार्यक्रम के लिए हिंदी-संघ है ; कालेज के हिंदी-पुस्तक-भंडार में लगभग ४००० हिंदी पुस्तकें हैं ; कालेज के उत्साही हिंदी अध्यापक श्री कटील गणपति शर्मा बी. ओ. एल., एल. टी., सा. रत्न हैं ।

विक्रम-हिंदी-साहित्य-समिति, जावद, मालवा—**स्था०**—१६४३; **सदस्य** ४५ ; **कार्य०**—सम्मेलनों और नाट्यअभिनयों का आयोजन होता है; विक्रमोत्सव मनाया जाता है, सम्मेलन की परीक्षाओं का प्रबंध किया जाता है, हस्तलिखित मासिक 'साहित्योद्यान' का प्रकाशन।

विद्यापीठ,काशी–स्था०–१६२०; प्रारम्भ से ही सब कक्षाओं में हिंदी की शिक्षा अनिवार्य रूप से दी जाती है ; प्रकाशन - समिति की ओर से अब तक लगभग बीस साहित्यिक ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।

विद्या प्रचारिणी-सभा, बलहापारा, कानपुर — इसकी स्थापना 'हिंदी साहित्य के तीर्थों' के केंद्र में हुई, मतिराम, भूषण, नीलकंठ, राय देवीप्रसाद 'पूर्ण' आदि का जन्म इसी प्रदेश में हुआ था ; उद्दे०— गाँवों में छिपे हुए प्राचीन साहित्य और कवियो की खोज करना ; कार्य०—सभा के पुस्तकालय में उच्च कोटि की पुस्तकें हैं ; निर्धन विद्यार्थियो के लिए परीक्षोपयोगी पुस्तकें भी सम्मिलित हैं ; सभा के विद्यालय में सा० सम्मे० और विद्यापीठ तथा कोविद परीक्षाओं की पढ़ाई का प्रबंध है।

विद्या-प्रचारिणी-सभा, हिसार, पंजाब—स्था०—नवम्बर १६२२में एडवोकेट ठाकुरदास भार्गव द्वारा; अनेक सभासद हैं जिनके सहयोग से ३१ हिंदी पाठशालाएँ खोली गयीं जिन्हें १६२८ में हिसार के शिक्षा - विभाग ने स्वीकृत करके सहायता दी.पंजाब भर के डिस्ट्रिक्ट बोर्डों में, हिसार के स्कूलों में हिंदी की शिक्षा का अधिक प्रबंध है; भार्गव जी ने सभा को ४० हजार रुपये दान दिये ; १६२६ में सभा ने अपने सातरोद विद्यालय के लिए स्व० लाला लाजपतराय शिल्पशाला चलायी जिसमें बुनाई, कताई, आदि का काम सिखाया जाता है; सभा की पाठशालाओं द्वारा सात हजार से अधिक व्यक्तियों ने हिंदी-शिक्षा प्राप्त की ; अब तक सभा ने हिंदी - प्रचार में लगभग ढाई लाख रुपया खर्च किया है।

विद्यार्थी सार्वजनिक पुस्तकालय, बछरावाँ, रायबरेली—स्था०—राजामऊ निवासी मुंशी चन्द्रिकाप्रसाद ; वि०—इस पुस्तकालय में महात्मा गाँधी, पं० नेहरू, पं० पंत, आचार्य नरेन्द्रदेव आदि बड़े नेता आ चुके हैं, इसका निजी भवन २० हजार रुपये का है ; कार्य०—अनेक पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं ; वाचनालय भी है,

कोविद और मध्यमा परीक्षाओं की पुस्तकें विद्यार्थियों के उपयोगार्थ संगृहीत हैं; पुस्तकालय काशी ना० प्र० सभा से सम्बद्ध है।

विद्याविभाग, काँकरोली (मेवाड़)—हिंदी-साहित्य-निर्माण के लिए स्थापित; विभाग के अंतर्गत पुस्तकालय, वाचनालय, सरस्वतीभंडार, ग्रंथ-प्रकाशनविभाग आदि ६ विविभाग हैं जिनका अपना-अपना महत्व है; लगभग १६ पुस्तकें प्रकाशित कीं; कई उत्साही कार्यकर्ताओं द्वारा संचालन होता है।

विश्वभारती कलावनम्, देन्दुलूर—स्था०—१ नवम्बर १९४७; कार्य०—आंध्र प्रांत में हिंदी को जनप्रिय बनाना, काशी ना० प्र० सभा से सम्बन्ध है; संस्था की ओर से तेलगु और हिंदी में ये परीक्षाएँ होती हैं–प्रथमा, मध्यमा, उत्तमा, साहित्य - विशारद और साहित्य - शिरोमणि, इनका मान अपेक्षाकृत ऊँचा है; विद्यार्थियों की पढ़ाई का समुचित प्रबंध है।

विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर—इंटर, बी० ए० और बी० एस-सी० में हिंदी द्वितीय भाषा के रूप में मान्य है; १९४९ के आँकड़ों के हिसाब से लगभग ६०० विद्यार्थी हिंदी पढ़ते हैं; प्रोफेसर ए० चंद्रहासन विश्वविद्यालय के बोर्ड आव स्टडीज़ इन हिंदी के अध्यक्ष हैं; इस समिति के अन्य सदस्य—श्री पी० के० नारायण नेयर एम० ए०, श्री पी० लक्ष्मी कुट्टी एम० ए०, एल० टी०; श्री के० भास्करम नैयर एम० ए०; श्री के० एस० चिंताबरम् बी० ओ० एल०; श्री जनेत आर० रोशन एम० ए०; श्री एन० ई० विश्वनाथ शास्त्री एम० ए०; श्री पंडित अवधनंदन; विश्वविद्यालय का संबंध स्थानीय चौबीस कालेजों से है और सभी में हिंदी-शिक्षा का प्रबंध है; 'विद्वान' परीक्षा का संचालन भी वि० वि० द्वारा होता है, हिंदी अध्यापकों के लिए मान्य होने के कारण यह परीक्षा विशेष लोकप्रिय है।

विश्वविद्यालय, दिल्ली—संस्कृत और हिंदी दोनों एक ही विभाग के अधीन है जिसका संचालन कमेटी आव कोर्सेस इन संस्कृत ऐंड हिंदी द्वारा होता है; इसके सात सदस्य हैं—म० म०

डाक्टर लक्ष्मीधर शास्त्री एम० ए०, एम० ओ० एल०, पी - एच० डी०; पं० नरेंद्रनाथ चौधरी, एम० ए० काव्यतीर्थ ; पं० कैलाशनाथ, कौल, एम० ए०, एम० ओ० एल० ; प्रो० रामदेव एम० ए० ; हरिवंश कोचर, वेद लंकार, एम० ए० ; पं० गंगाराम शास्त्री, एम० ए०, श्री प्रभासेन एम० ए०; श्री सुरेंद्र शास्त्री एम० ए० ; ये सभी संस्कृत तथा हिंदी के प्रेमी और प्राध्यापक हैं ; विश्वविद्यालय में हिंदी आनर्स तथा एम० ए० का कोर्स है ; शिक्षा विश्वविद्यालय में ही होती है ; विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रिपेयरेट्री क्लास में हिंदी का सौ अंक का एक प्रश्नपत्र अनिवार्य है ; (ख) बी० ए० में (त्रिवर्षीय) योजना के अनुसार सौ अंकों के प्रश्नपत्र अनिवार्य हैं ; (ग) बी० ए० आनर्स में आठ प्रश्न पत्रों में छः हिंदी के होते हैं और (घ) एम० ए० में छः प्रश्नपत्र हैं; हिंदी पढ़ाने के लिए अलग अध्यापक हैं ; पी - एच० डी० के लिए विद्यार्थी खोज कर रहे हैं ; उनमें लड़कियाँ भी सम्मिलित हैं; एम० ए० में विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है ।

विश्वविद्यालय, नागपुर—यह अभी बोर्ड के रूप में है, पढ़ाई नहीं होती ; इसलिए हिंदी-विभाग का केवल एक अध्यक्ष होता है, हिंदी - विभाग के अंतर्गत हिंदी-साहित्य-समिति है; वर्तमान अध्यक्ष श्री विनयमोहन शर्मा हैं ।

विश्वविद्यालय, बंबई—बंबई विश्वविद्यालय की हिंदी-कमेटी के सदस्य—(१) दीवान बहादुर श्री के० एम० झावेरी एम० ए०, एल-एल० बी०, १ पिताले मेंनशन, कंडेवाडी, गिरगांव, बंबई ४ (सभापति) ; प्रोफेसर श्री बी० डी० वर्मा एम० ए०, आनंद भवन, ७५६।३ पी० वाई० सी० हिंदू जिमखाना, पूना ४; (३) प्रोफेसर एच० एल० अल्लूक एम० ए०, डी० ए० वी० कालेज, शोलापुर; (४) प्रोफेसर आर० आर० देशपांडे एम० ए०, १६ मुघे भुवन, दादर, बंबई १४ ; (५) प्रोफेसर जे० सी० जैन, २३ शिवाजी पार्क, बंबई २४।

वीरसार्वजनिक पुस्तकालय, इंदौर—युवकोंमें साहित्यिक अभि-

रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से जूलाई १९३७ में स्थापित ; सदस्य ७५; विद्यालय, पुस्तकालय, वाचनालय और प्रकाशन-विभाग हैं ; प्रथम में सम्मेलन की उच्च परीक्षाओं के लिए शिक्षा दी जाती है; अंतिम में जैन - साहित्य - संबंधी दो पुस्तकें प्रकाशित करके अमूल्य वितरित की गयी हैं।

वीरेंद्र-साहित्य-परिषद, टीकमगढ़, झाँसी — स्था०— १९१०, श्री सवाई महाराज वीरसिंह देव के संरक्षण में रावराजा डा० श्यामविहारी मिश्र द्वारा स्थापित; कार्य० —संस्था द्वारा बुंदेलखंड प्रात में हिंदी-प्रचार का विशेष प्रयत्न हो रहा है ; देवेन्द्र- पुस्तकालय में २००० पुस्तकें तथा अनेक पत्र पत्रिकाएँ हैं ; कई अन्य पुस्तकालय भी खोले गये हैं जिसमें सुधा-वाचनालय स्त्रियों के लिए, पद्मसिंह शर्मा पुस्तकालय, कवींद्र केशव-पुस्तकालय प्रसिद्ध हैं; परिषद की ओर से २०००) का देवपुरस्कार एक वर्ष खड़ीबोली और दूसरे वर्ष व्रजभाषा के सर्वश्रेष्ठ काव्य पर दिया जाता है ; 'मधुकर' मासिक का प्रकाशन होता था, जो बुंदेलखंडीय साहित्य, संस्कृति और समाज का प्रतिनिधित्व करता था ; कई ग्रंथों का—बुंदेलखंडी विश्वकोश, बुंदेलखंड का गौरव-ग्रंथ, बुंदेलखंडी भाषा-कोश, ग्रामगीत-संग्रह—सम्पादन और प्रकाशन हुआ है ; वि०— परिषद् को राज्य का संरक्षण प्राप्त है।

व्रज-साहित्य-मंडल, मथुरा— स्था० — २० अक्तूबर १९४० ; उद्दे०— बृहत्तर व्रजक्षेत्र की भाषा, कला, साहित्य, संस्कृति और इतिहास की रक्षा और अनुसंधान ; कार्य०—इन विभागों में बँटा है:- **साहित्य-विभाग** का संचालन ७ सदस्यों की एक समिति द्वारा होता है ; ग्राम-साहित्य का संकलन हो चुका है; 'व्रजभारती' त्रैमासिक का प्रकाशन होता है, व्रजसाहित्य-परिषद् की स्थापना हुई है ; हस्तलिखित ग्रंथों की खोज का कार्य हो रहा है; **प्रचार - विभाग** के अन्तर्गत व्रज क्षेत्र में अनेक केंद्र खोले गये हैं, वार्षिक सम्मेलन, कविसम्मेलन तथा प्रचारात्मक कार्यों की योजनाएँ कार्यान्वित होती हैं ; 'भारतेंदु

कलश', 'ताम्रपत्र' तथा 'श्रीनिवास पुरस्कार' दिये जाते हैं; व्रज-विद्यापीठ खोलने की व्यवस्था की गयी है, इसमें तीन विभाग—संग्रहालय, शोध तथा परीक्षा होंगे, व्रजभाषा का व्याकरण तैयार करने का प्रबंध हो रहा है।

शतदल, रानीकटरा, लखनऊ—प्रमुख साहित्यिकों के बीच एकता स्थपित करने और जनता की रुचि सत्साहित्य के प्रति जागरित करने के उद्देश्य से १६४८ में स्थापित; १६५० से पंडित रूपनारायण पांडेय के सभापतित्व में विशेष कार्य किया है।

शांति-निकेतन-हिंदी-साहित्य मंदिर—१६, बिजलीनगर, नागपुर नं० १—**स्था०**—१५ अप्रैल **१६४५**, पं० कामताप्रसाद मिश्र, 'शास्त्री' और कुमार साहू शास्त्री; **सद०**—१२३२; **शु०**—१) प्रति मास; **उद्दे०**—प्रांतीय, अंतर्प्रान्तीय लेखकों, कलाकारों, पत्रकारों से सम्पर्क और सहयोग स्थापित करके साहित्य में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकना, उन्हें उत्साहित करना और उनकी कृतियों को प्रकाशित करना; **कार्य**—गोष्ठियाँ, जयंतियाँ और कवि-सम्मेलन किये जाते हैं, मध्य प्रांतीय विदर्भ हि० सा० स० के १३ वें अधिवेशन में प्रतिनिधित्व, प्रांतीय लेखकों का परिचय-प्रकाशन; अ० भा० कुमार हिन्दी सा० स० के तृतीय अधिवेशन में प्रतिनिधित्व किया; 'अंजलि' हस्तलिखित का प्रकाशन; एक निबंध-संग्रह के प्रकाशन का आयोजन हो चुका है।

शांति-स्मारक हिंदी-साहित्य-समिति, करेली, मध्यप्रदेश—**संस्था०**—श्री व्रजभूषणलाल श्रीवास्तव 'पथिक', श्रीहिमांशु द्वारा १६४०; **सद०**—८; **शुल्क** -) प्रति मास; **उद्दे०**—जिले के साहित्यिकों का संगठन; **कार्य**—शहीद-स्मारक-भवन का निर्माण तथा उसमें पुस्तकालय खोलने का आयोजन; हस्तलिखित 'ज्वाला' पत्रिका निकलती है।

श्रवण-ज्ञानमंदिर-पुस्तकालय, हरद्वार—**स्था०**—१६३६; **स्व०** महंत शांतानंदनाथ; इसका उद्घाटन पं० मदनमोहन मालवीय ने

किया ; कार्य—इसके अंतर्गत ४ विभाग हैं—(क) **वाचनालय**—कई भाषाओं में अनेक विषयों की पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं ; (ख) **पुस्तकालय** — लगभग ५५०० पुस्तकें हैं ; (ग) **सभा-भवन**—अनेक विषयों पर प्रतिष्ठित विद्वानों के भाषण होते हैं ; **प्रकाशन विभाग**—श्रवणनाथ-ज्ञान-मंदिर-प्रकाशनमाला के नाम से पुस्तकें छपती हैं ; इनके अतिरिक्त एक आयुर्वेदिक पाठशाला है, जिसके छात्रों का पूरा भार मंदिर उठाता है, धर्मार्थ औषधालय द्वारा निःशुल्क शिक्षा दी जाती है, एक श्रवणनाथ-पार्क १८ हजार रुपये से निर्मित हुआ जहाँ व्यायाम के लिए उत्तम प्रबंध है ; अ० भा० हि० सा० स० का ३१ वाँ अधिवेशन इसी संस्था के योग से हरद्वार में हुआ।

संस्कृत-भवन-पुस्तकालय, कठौतिया, पो० काझा, पूर्णिया—**स्था०**—१६३८ ; **सद०**—२३ ; संस्था के पास १००० ग्रन्थ हैं।

सनातन-धर्म हिंदी-विद्यापीठ, जयपुर—**सद०**—२००० ; **कार्य०**—संस्था अ० भा० हिं० सा० सम्मे० से सम्बद्ध है और उसी के हिंदी-प्रचार के कार्यक्रम को अपनाती है ; विद्यापीठ में सम्मेलन-परीक्षाओं की पढ़ाई होती है ; छात्रों के निःशुल्क छात्रावास की व्यवस्था है ; व्यायामशाला भी है।

सरस्वती-पुस्तकालय, १०७।५० जवाहरनगर, कानपुर—**स्था०**—१६३८ ; **सद०**—१२१ ; **कार्य**—पुस्तकों की संख्या ४ हजार है ; पुस्तकालय का अपना भवन है।

सरस्वती-सदन, हरदोई—**स्था०** १६११ ; सर्वश्री गिरीशचन्द्र गुप्त, मधुसूदन चतुर्वेदी, मोहनलाल टंडन, स्व० लाला भगवानदास, स्व० महेशप्रसादसिंह ; **सद०**—२१७ ; **कार्य०**—पुस्तकालय भवनमें निःशुल्क पढ़ाई की अनुमति है ; वाचनालय में २२ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं, सरकारी, ना० प्र० स० काशी और हिं० सा० स० प्रयाग के प्रकाशन आते हैं, वाचनालय का 'गाँधीवाद' नामक अलग विभाग है जिसमें तत्सम्बन्धी साहित्य का अच्छा संग्रह है; साहित्यिक गोष्ठियाँ और जयंतियाँ निरंतर मनायी जाती

हैं ; वि०— सदन, ना० प्र० स० काशी और हिं० सा० सम्मे० प्रयाग से सम्बद्ध है ; सरकार से रजिस्टर्ड भी है ।

साकेत-साहित्य-समिति, फैजाबाद—हिंदी-साहित्य की वृद्धि के उद्देश्य से १६४० में स्थापित ; समय-समय पर साहित्यगोष्ठी और गंभीर विषयों पर विचार करना, साहित्य की नवीन खोज की रिपोर्ट जनता को सुनाना कार्य है; साहित्य-प्रदर्शिनी का आयोजन समिति करती है ।

सार्वजनिक पुस्तकालय (कालिका नंदन), शिवहर—१६४६ में स्थापित हुआ ; उद्दे०—सत्साहित्य-प्रचार और संकलन द्वारा जनता के मानसिक स्तर को उठाना ; **कार्य**—हिंदी, संस्कृत और अँग्रेजी की पुस्तकें हैं, वाचनालय में लगभग २५ पत्र आते हैं ; एक वयस्क शिक्षण - विद्यालय चलता है, १६४६ में पं० छविनाथ पांडेय की अध्यक्षता में विराट वार्षिक समारोह मनाया गया ।

सार्वजनिक पुस्तकालय, बलहापारा, कानपुर—**स्था०**—१६४१, पं० शंभूरत्न त्रिपाठी वियोगी ; **सद०**—१०० से ऊपर ; **कार्य**—हिंदी परीक्षोपयोगी अनेक पुस्तकें हैं ; विद्यापीठ की परीक्षाओं का प्रबंध रहा है, लगभग २० पत्र पत्रिकाएँ आती हैं ।

सार्वजनिक पुस्तकालय, मँझियावाँ ; टाँगी, जिला गया—**स्था०**—१६४४, श्री त्रिवेणी शर्मा 'सुधाकर' ; संस्था के पास ६५५ पुस्तकें हैं और ७ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं ।

सार्वजनिक पुस्तकालय, सीवान जि० सारन—**स्था०**—१६२६ ; **सद०**—८० ।

साहित्य-परिषद्, सीवान, सारन—**स्था०** — १६४१ ; **सद०**—१४० साधारण और ५० विशेष; जयंतियों, गोष्ठियों, व्याख्यान-प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है ।

साहित्य-परिषद् (**महाराजा नवलकिशोर**), विक्टोरिया मेमोरियल लाइब्रेरी, पो० बेतिया, चम्पारन—**स्था०**—२८ नवम्बर १६४८, श्री विपिनविहारी वर्मा, श्री भगवती प्रसाद वर्मा आदि; **सद०**—३०१;

उद्दे०—सत्कृतियों का प्रकाशन; जयंतियाँ और कवि-गोष्ठियाँ आदि मनायी जाती हैं।

साहित्यमंडल, नाथद्वारा—मंडल द्वारा सम्मेलन-परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थी तैयार किये जाते हैं; निजी भवन का निर्माण हो रहा है।

साहित्य-मंडल (श्रीश),सकरार, झाँसी — जनवरी १६३५ में स्थापित; नवीन लेखकों और कवियों को प्रोत्साहन देना, सशोधन करना आदि उद्देश्य; सदस्य-२५ हैं।

साहित्यमंदिर, सदर बाजार, हिंगोली, हैदराबाद राज्य—सद०-७५, मंदिर के पुस्तकालय में १००० पुस्तकें हैं; हिन्दी की परीक्षाओं का केंद्र है, लगभग १३० विद्यार्थी वर्धा की परीक्षाओं में बैठ चुके हैं।

साहित्यकार-संसद (राजस्थान), अजमेर—स्था०—१६४७, सरस वियोगी; सद०—१८ वर्ष से अधिक आयु का कोई भी सदस्य हो सकता है जो राजस्थान का जन्म से या स्थायी निवासी हो, सदस्यों की चार श्रेणियाँ हैं—साधारण, मान्य, स्थायी और संरक्षक (जो १००१ या सम्पत्ति दान दे); उद्दे०—राजस्थानी साहित्यकारों का संगठन और राजस्थानी साहित्य की खोज-शोध और प्रकाशन करना; वार्षिक अधिवेशन प्रति वसंतपंचमी को होता है; अनेक संस्थाएँ इससे सम्बन्धित हैं, रंग-मंच की भी नीव डाली गयी है।

साहित्य-संघ, उरई—स्था०-१६३६; संस्था ने अल्पकाल में ही नगर तथा जिले में साहित्यिक जागृति कर ली है; साहित्यिक व्याख्यान-माला का आयोजन होता है; वाचनालय में कई पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; अदालतों में हिंदी-प्रचार का कार्य-क्रम अपनाया गया है।

साहित्य-सदन, अबोहर, पंजाब—१६२५ में एक पुस्तकालय के रूप में स्थापित हुआ था, अब इसके केंद्रीय पुस्तकालय में लगभग १५ हजार पुस्तकें हैं जो हिंदी, संस्कृत, अँगरेजी, गुरुमुखी, मराठी आदि भाषाओं में हैं, चलते पुस्तकालय का आयोजन है; वाचना-

लय में भारत की प्रमुख भाषाओं के पत्र आते हैं ; एक संग्रहालय भी है जिसमें हस्तलिखित ग्रंथ, भिन्न भिन्न काल के सिक्के, शिल्पकला की उत्तमोत्तम वस्तुएँ, आदि संगृहीत हैं; १६४० से बा० पुरुषोत्तमदास टंडन के उद्योग से एक निःशुल्क पाठशाला संचालित ; सदन से 'दीपक' मासिक पत्र प्रकाशित होता है ; साक्षरता-प्रचार के लिए यह गाँवों में निःशुल्क बाँटा जाता है ; यह पत्र सभी प्रांतों में शिक्षा-विभाग द्वारा स्वीकृत है, प्रकाशन और मुद्रण का प्रबंध है ; परीक्षोपयोगी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं ; प्रचार-कार्य के लिए अलग विभाग है ; देवनागरीलिपि के सर्वप्रिय बनाने में लगभग १५ हजार वर्णमाला चार्ट तथा गुरुमुखी और उर्दू-भाषी जनता में हिंदी प्रचार के लिए 'हिंदी-गुरुमुखी-शिक्षक' और उर्दू-हिंदी - शिक्षक जैसी पुस्तकें मुफ्त बाँटी जाती हैं ; सदन की ओर से पंजाब की रत्न, भूषण, प्रभाकर; हिं० सा०, सम्मे० की प्रथमा, मध्यमा, उत्तमा; पंजाब-काश्मीर के लिए परिचय तथा कोविद - परीक्षाओं के केंद्रों की व्यवस्था, पढ़ाई का प्रबंध और वर्गों के चलाने का आयोजन होता है ; यह हि० सा० सम्मे० से सम्बद्ध है ; हि० सा० सम्मे० का ३०वाँ अधिधवेशन सदन में ही हुआ ; सदन के पास भव्य भवन है ; इसका वार्षिक व्यय लगभग ४ हजार है।

साहित्य - सदन, सरदारपुरा, जोधपुर — **स्था०** — ६ अगस्त १६४२ ; **उद्दे०**—हिंदी साहित्य के लिए ठोस सामग्री प्रकाशित करना है; **कार्य०**—सदन के तत्वावधान में अ० भा० और राजस्थान प्रांतीय कुमार - सम्मेलन हुआ जिसका उद्घाटन बा० पुरुषोत्तमदास टंडन ने किया ; साप्ताहिक गोष्ठियाँ, सांस्कृतिक सम्मेलन, भाषण और विचार-विमर्श होते हैं, जन-आन्दोलन को लेकर नाटक खेले जाते हैं; सदन के कई विभाग हैं—**प्रकाशन-विभाग** की ओर से पुस्तकें प्रकाशित होती हैं ; **वाचनालय - विभाग** के अन्तर्गत वाचनालय स्थापित किये जा रहे हैं ; और सांस्कृतिक विभाग

के संकलन के लिए एक समिति नियुक्त हुई; बिहार प्रांत में निरक्षरता-निवारण-समिति के रोमन-लिपि-सम्बंधी प्रस्ताव के विरुद्ध प्रांतव्यापी आंदोलन किया; देहातों में हिंदी-प्रचार और निरक्षरता-निवारण का कार्य-क्रम अब भी चल रहा है ; रात्रि-पाठशालाएँ हो रही हैं; न्यायालयों में हिंदी-प्रवेश के लिए वकीलों और मुख्तारों में प्रचार तथा उनको सदस्य बनाया; पारिभाषिक शब्दों के निर्माण के लिए समिति बनी; संघ काशी ना० प्र० स० और हि० सा० सम्मे० से सम्बद्ध है ; इसे जिला बोर्ड से सहायता प्राप्त है।

सुहृद-साहित्य-गोष्ठी, नीलकंठ, काशी— **स्था०**—१६४१, श्री रामस्वरूप पाठक; उद्दे०—हिंदी साहित्य का सुगठित प्रचार, भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं गौरव की रक्षा ; कार्य—एक पुस्तकालय का संचालन होता है, स्थायी रूप से एक विद्यालय चलाया जाता है; सम्मेलन परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया जाता है; 'सरिता' नामक मासिक प्रकाशित करने की व्यवस्था की जा रही है, कवि-सम्मेलनों, जयंतियों का आयोजन होता है; शाहाबाद, हरदोई में सुभाष पुस्तकालय की स्थापना की।

सेवासमिति, जैतो, पटियाला संघ—स्था० — १६१६, सर्वश्री शिवलाल, प्यारेलाल, दौलतसिंह आदि ; **सद०**—७०; **शु०**—३) वार्षिक; उद्दे०—हिंदी-प्रचार तथा जन-सेवा; **कार्य**—'तिलक कन्या पाठशाला' नाम से एक विद्यालय का संचालन होता है, सफलतापूर्वक २२ वर्ष तक समिति ने एक हाई स्कूल चलाया जो अब बंद होगया है, एक वाचनालय 'प्रताप-वाचनालय' के नाम से चल रहा है, समिति हिंदी-साहित्य-सम्मेलन से सम्बद्ध है, वार्षिक व्यय ४०००) है, आय अधिकतर स्थानीय जनों के चंदे से होती है।

सोम-सदन, सीतापुर—**स्था०**—१६३५; संस्थापक श्री दुखभंजन 'सोम'; १६४० के सत्याग्रह में राष्ट्रीय होने के कारण संस्था नष्ट कर दी गयी, १६४५ में पुनःस्थापना हुई; उद्दे०—साहित्य-संग्रह **और**

लेखकों को पारिश्रमिक देकर प्रकाशित करना; संस्था के सदस्य तीन श्रेणियों में विभक्त हैं—श्रीमान, शिरोमणि और सज्जन; २०१) तक देने वाले प्रथम, ५१) देनेवाले द्वितीय श्रेणी में और शेष तृतीय श्रेणी में समझे जाते हैं।

स्मारक पुस्तकालय (राजनारायण मिश्र), लखीमपुर—१९४२ की क्रांति के संबंध में फाँसी पानेवाले श्री राजनारायण मिश्र की स्मृति में १९४९ में श्री वंशीधर मिश्र ऐडवोकेट द्वारा सथापित; ६०० पुस्तकें; निजी भवन बन रहा है।

हंसराज कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय—बी० ए० (आनर्स) तथा एम० ए० तक हिंदी-कक्षाएँ, कला तथा विज्ञान के छात्रों के लिए भी हिंदी का अनिवार्य अध्यापन; विद्यालय-संसद, कार्यालय, पुस्तकालय आदि की सभी कार्यवाही हिंदी में; हिंदी सिखाने की नियमानुकूल रात्रि-कक्षाएँ; दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी माध्यम के लिए प्रयत्नशील; अविभक्त भारत में डी० ए० वी० कालेज लाहौर के नाम से पंजाब प्रांत में हिंदी का प्रचारक तथा समर्थक; विभागाध्यक्ष डा० ओ३म् प्रकाश एम० ए०, एल-एल० बी०, पी-एच० डी०।

हनुमान पुस्तकालय, रतनगढ़—स्था०—सेठ सूरजनागरमल कलकत्ता द्वारा १९१९ में; **सद०**—३२७, निःशुल्क; **उद्दे०**—सत्साहित्य द्वारा जनसमाज का बौद्धिक विकास; १६००० पुस्तकें हैं; लगभग ७५ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं; निजी विशाल भवन है; कई रात्रि पाठशालाएँ, बालिका विद्यालय, शिल्प एवं व्यायामशालाएँ खोली गयीं; २७ ग्राम-पाठशालाएँ संचालित हैं।

हिंदी-अध्यापक-संघ, इरणाकुलम्—स्थानीय हिंदी प्रचारकों की संगठित संस्था है; पाक्षिक बैठकें होती हैं; इनमें सब प्रचारक सम्मिलित परामर्श द्वारा कार्यक्रम और संगठित रूप से काम करने की व्यवस्था बनाते हैं।

हिंदी-अध्यापक-संघ, पालघाट, मलबार (दक्षिण)—स्थानीय

हिंदी-अध्यापकों की संगठित संस्था है ; साहित्यिक परामर्श और हस्त-लिखित मासिक का संचालन मुख्य कार्य है ; लगभग २० सदस्य हैं।

हिंदी - काव्य-कला - परिषद्, आगरा—श्री राजेश दीक्षित और श्री कुलदीप एम. ए. द्वारा १९४४ में स्थापित ; स्थानीय साहित्यिकों का सहयोग प्राप्त है ; सम्मेलन-परीक्षाओं के लिए श्री सत्यनारायण विद्यापीठ स्थापित किया है जिसमें निःशुल्क शिक्षा दी जाती है ; इसके 'विजय - पुस्तकालय' में १०००० से अधिक पुस्तकें हैं और वाचनालय में २०० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं, निजी भवन-निर्माण की योजना चल रही है।

हिंदी-छात्र-संघ, अलवर—**स्था०**—१६ जनवरी १९४६ ; **सद०**—२००; साहित्यिक गोष्ठियाँ, जयंतियाँ और समारोह मनाये जाते हैं ; संघ के अंतर्गत (क) हिंदी विद्यालय की स्थापना हुई जिसमें हिं० सा० स० प्रयाग और राज्य सा० स० की परीक्षाओं के लिए अध्यापन कार्य होता है ; (ख) प्रौढ़-शिक्षणालय में ग्रामीण प्रौढ़ व्यक्तियों को साक्षर बनाया जाता है ; (ग) 'भारती' नामक हस्त-लिखित मासिक का प्रकाशन होता है।

हिंदी-परिषद् (बंगीय), १५ बंकिम चटर्जी स्ट्रीट,कलकत्ता १२-हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार प्रसार, निर्माण और शोधकार्य को प्रोत्साहित करने तथा प्राचीन हिंदी ग्रंथों के उद्धार एवं प्रकाशन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से सितंबर १९४५ में स्थापित, हिंदी तथा अन्यान्य भारतीय भाषाओं के साहित्य तथा साहित्यिकों को पर-स्पर एक दूसरे के निकट लाना एवं उनमें परस्परिक समन्वय स्थापित करना भी इसका प्रमुख ध्येय है ; स्थायी, सहायक और साधारण—तीन प्रकार के सदस्य हैं ; परिषद ने थोड़े समय में ही कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं ; मीरा स्मृति-ग्रंथ जैसी सुंदर कृति के प्रकाशन का श्रेय इसी संस्था को प्राप्त है।

हिंदी-पंडित-संघ, (दक्षिण विशाख जिला), अनकापल्लि (दक्षिण)—स्थानीय हिंदी अध्या-

पकों को संगठित करने के उद्देश्य से श्री डी० वी० रामास्वामी, श्री वी० अच्युतराव आदि द्वारा स्थापित; अध्यापकों के अधिकार सुरक्षित रखने का भी उद्योग संघ करता है।

हिंदी-पत्रकार सम्मेलन (युक्त-प्रांतीय), पोस्टबाक्स ५१, कानपुर—पत्रकार-कलाकी उन्नति करकेस्थानीय पत्रकारोंके हितों की रक्षाके उद्देश्यसे स्थापित; हिंदी पत्र-पत्रिकाओं के संपादकीय विभागों में काम करनेवाले सज्जन, पत्रों के संवाददाता और लेखक १) वार्षिक देकर इसके सदस्य हो सकते हैं; अ० भा० पत्रकार-संघ से संबद्ध है; कार्य-संचालन के लिए १५ सदस्यों की समिति है।

हिन्दी-प्रचार-परिषद (मैसूर), १० शंकरमठ मार्ग, बँगलोर ४—१९४४ में हिन्दी भाषा और साहित्य-प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित; स्थानीय नगरपालिका से सहायता पाती है; इसका पुस्तकालय और वाचनालय भी है; परिषद को आरम्भ से ही राज्य का संरक्षण प्राप्त है; पहले ५००) की और अब १०००) प्रतिवर्ष की सहायता मिलती है, कई परीक्षाओं का संचालन होता है; इनके परीक्षक प्रायः विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधिकांश अध्यापक होते हैं जिससे इनका स्तर ऊँचा है; नागरी-प्रचारिणी-सभा काशी और हिंदी-साहित्य-सम्मेलन से संबद्ध है; कुछ पुस्तकों का प्रकाशन भी किया है।

हिंदी-प्रचार-मंडल, बदायूँ—१९३७ में स्थापित; १९४१ से इसके अंतर्गत एक विद्यालय चल रहा है जिसमें स्थानीय विद्वान अवैतनिक शिक्षा देते हैं; सम्मेलन, हिंदी-विद्यापीठ बिहार और अ० भा० आर्यकुमार सभा की परीक्षाओं का केंद्र है; कचहरी का काम हिंदी में कराने के लिए प्रयत्नशील है; प्रचार-कार्य में लगभग ६००) प्रति वर्ष व्यय होता है; हिं० सा० सम्मेलन और ना० प्र० सभा काशी से संबंधित भी है।

हिंदी - प्रचार - संघ, पूना—स्था०—२१ जून १९३४; श्री ग० र० वैशंपायन; उद्दे०—हिंदी का देवनागरी लिपि द्वारा महाराष्ट्र भर में प्रचार; सद०—४१६;

दो प्रकार के सदस्य—एक आजीवन और दूसरे साधारण ; कार्य०—संघ सम्मेलन के आदेशानुसार कार्य करता है; अबोहर के अधिवेशन में संघ की ओर से भिन्न-भिन्न स्थानों से १६ कार्यकर्ता उपस्थित थे; पूना-वंसत-व्याख्यान-माला के अन्तर्गत व्याख्यानों का आयोजन-किया गया; लगभग ८५० विद्यार्थियों ने संघ द्वारा शिक्षा प्राप्त की ; संघ का कार्य कई विभागों में बँटा है; (क) शिक्षा - विभाग के अन्तर्गत अवैतनिक्क शिक्षक काम करते हैं; (ख) वाचनालय-विभाग में २३६५ पुस्तकें हैं, सदस्यों की संख्या १५८ है; (ग) प्रचार-विभाग के अन्तर्गत विद्वानों को आमंत्रित कर भाषण कराये जाते हैं; (घ) प्रकाशन और पुस्तक बिक्री-विभागों के अन्तर्गत परीक्षोपयोगी पुस्तकों की छपाई और बिक्री का प्रबंध होता है।

हिंदी-प्रचार - सभा, तामिल-नाड—स्था०—१६३७ ; सद०—४०० ; उद्दे०—हिंदी - प्रचार का संचालन और नियंत्रण; कार्य०—सभा की देख-रेख में प्रांत के ११ जिलों में २०० केंद्र हिंदी - प्रचार में संलग्न हैं; ५०० से अधिक प्रचारकों की संख्या है ; प्रतिवर्ष १०,००० विद्यार्थी परीक्षा में बैठते हैं; सभा के प्रयत्नों से अनेक स्कूलों में हिंदी अनिवार्य विषय बन गया है; सभा की ओर से राष्ट्र-भाषा विशारद विद्यालय और एक प्रचारक शिक्षण-विद्यालय का संचालन होता है; एक मासिक पत्रिका 'हिन्दुस्तानी पत्रिका' के नाम से प्रकाशित होती है ; सभा प्रचार-कार्य पर २५,०००) प्रतिवर्ष व्यय करती है; सभा का प्रधान कार्यालय तिरुचिरापल्ली में है और यहीं उसका एक भवन है जिसमें विद्यालय चलता है ।

हिन्दी-प्रचार - सभा (दक्षिण भारत), मद्रास—सभा के जन्मदाता महात्मा गांधी थे, इसके सभी कार्यालय मद्रास के त्यागराय-नगर में अपने ही एक विस्तृत अहाते में हैं; करीब सवा सौ से अधिक कार्यकर्ता भिन्न-भिन्न विभागों में कार्य करते हैं; सभा का कार्य इस समय लगभग ८०० केंद्रों में है जिनको प्रांतीय सरकार, मैसूर,

तिरुवांकूर और कोचीन देशी राज्यों का सहयोग प्राप्त है; हिंदी परीक्षाओं में स्कूलों, कालेजों के छात्रों के अतिरिक्त लगभग ६००० महिलाएँ भी प्रतिवर्ष सम्मिलित होती हैं; सभा का सारा कार्य व्यवस्थापिका समिति के अधीन है; इस समिति के अंतर्गत कार्य-कारिणी समिति सभा की योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए, निधिपालक - मंडल संपत्ति का प्रबंध करने के लिए, शिक्षा-परिषद् हिंदी-प्रचार-शिक्षण-परीक्षा साहित्य निर्माण का कार्य करने के लिए है; सारे प्रान्तों का प्रचार कार्य प्रांतीय सभाएँ करती हैं ; प्रचार - प्रणाली में प्रचारक सम्मेलन, प्रमाण - पत्र - वितरणोत्सव, यात्री-दलों का भ्रमण, शिविर संचालन, वादविवाद सभाएँ, नाटक-प्रदर्शन, वाचनालयों और पुस्तकालयों की स्थापना एवं संचालन, हिंदी-विद्यालय-प्रेमी - मंडल-प्रचार संघ, प्रचार-सप्ताह आदि साधन काम में लाये जाते हैं; योग्य प्रचारकों का संगठन करने के लिए सभा ने प्रामाणिक प्रचारक-योजना बनायी है जिसमें लगभग ८०० प्रचारक अपनी योग्यता, चरित्र-बल, लगन और राष्ट्रीय भावनाओं के कारण जनता में विशिष्ट स्थान प्राप्त किये हुए हैं; परीक्षा-विभाग में लगभग ३०० परीक्षक काम करते हैं; प्रकाशन-विभाग से १२५ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें अक्षर-बोध से लेकर कोश तक शामिल हैं ; सभा का पुस्तकालय और वाचनालय भी अति लोकप्रिय है; सभा की एक अत्यन्त उपयोगी तथा परिणामकारक-प्रवृत्ति उसका विद्यालय-विभाग है ; मद्रास, कोयंबटूर, धारवाड़ आदि में विद्यालय हैं ; इन विद्यालयों के उपाधिधारियों को सरकार और राज्यों ने मान्यता दी है; दक्षिण के विश्वविद्यालयों में हिंदी को इसी सभा के यत्न से स्थान मिला है; सभा दक्षिण भारत की सर्वप्रिय संस्था है और अब इस बात की योजना कर रही है कि कुछ ऐसी योजनाएँ आरम्भ की जायँ जिनके द्वारा अन्य प्रांतीय संस्कृति तथा साहित्य की चर्चा भी हो और राष्ट्रीय साहित्य के

संवर्द्धन में वह सहायक हो सके।

हिन्दी-प्रचार-सभा, मदुरा — सभा की ओर से ५० प्रचारक नगर में काम करते हैं, उनमें कई स्त्रियाँ हैं; सभा हिंदी की प्रारंभिक और उच्च शिक्षा के लिए कई वर्ग चलाती है; सारे दक्षिण भारत में यह सबसे बड़ा प्रचार-केन्द्र है।

हिंदी-प्रचार-सभा, हैदराबाद—स्था०—१९३५; कार्य०—पहले सभा दक्षिणभारत हि० प्र० सभा मद्रास की परीक्षाओं की व्यवस्था करती थी, फिर उक्त सभाओं की 'हिन्दुस्तानी'-समर्थन नीति के कारण यह स्वयं अपनी परीक्षाएँ १९४१ से चलाने लगी—प्रारंभिक परीक्षाएँ प्रथमा, मध्यमा और उत्तमा; उच्च परीक्षाएँ-विशारद और भूषण हैं; हि० सा० सम्मे० की परीक्षाओं का भी प्रबन्ध है; १९४८ से वर्धा प्र० सभा की 'परिचय' और 'कोविद' परीक्षाओं को भी सम्मिलित कर लिया है, परीक्षार्थियों की संख्या २००० से ऊपर होती है और राज्य भर में ४० केंद्र हैं, सभा ने हिंदी की पढ़ाई के लिए १७९ शिक्षण-केंद्र खोले हैं और हिंदी भाषा-भाषियों की सुविधा के लिए मिडिल स्कूल हैं जहाँ संपूर्ण शिक्षा हिंदी माध्यम द्वारा दी जाती है, इन सबसे ३०००० विद्यार्थी लाभ उठाते हैं; हिंदी-प्रचार को बल पहुँचाने के लिए प्रति पूर्णिमा को गोष्ठी होती है, उदीयमान साहित्यिकों को प्रोत्साहन देने के लिए 'प्रेमचन्द - पुरस्कार' की व्यवस्था की गयी है जिसका धन १००) है, सभा का प्रकाशन-विभाग अलग है; अनेक बालोपयोगी और पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; 'अजंता' नाम का उच्चकोटि का मासिक भी निकलता है; सभा ने अपना पंद्रह-वर्षीय कार्य-विवरण अभी प्रकाशित किया है जिससे उसकी हिन्दी-सेवा-पूर्ण विवरण ज्ञात होता है।

हिन्दी-प्रचार-समिति, इरणाकुलम्—कोचिन स्टेट में राष्ट्रभाषा प्रचारार्थ स्थापित; दक्षिण भारत-हिन्दी-प्रचार-सभा मद्रास की प्रमुख शाखा; कार्यकारिणी समिति में स्त्रियाँ भी हैं।

हिन्दी-प्रचार-समिति, छावनी, बँगलोर—राष्ट्रभाषाके प्रचार-प्रसार के उद्देश्य को लेकर १६३४ में स्थापित; स्थानीय विद्यालयों में हिंदी के अधिकार दिलाने का प्रयत्न; दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार समिति, राष्ट्रभाषा - प्रचार समिति, वर्धा और हिंदी-साहित्य-सम्मेलन की परीक्षाओं का प्रबन्ध; अनेक राष्ट्रभाषा-प्रेमियों का सहयोग प्राप्त; हिंदी-प्रेमियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय और वाचानालय का प्रबंध है; विद्यार्थियों को छात्र-वृत्तियाँ और पुरस्कार भी दिये जाते हैं।

हिन्दी-प्रचार-समिति, तिरुवन्तपुर—१६३० में श्री के० वासुदेवन पिल्ले द्वारा त्रिविंड्रम में स्थापित; ट्रावनकोर की धारा-सभा में हिंदी-पाठन का प्रस्ताव पास कराया, पीछे यह संस्था दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार-समितिके अधीन हुई ; अब यह ट्रावनकोर राज्य के ४० केंद्रों में प्रचार-कार्य करती है, दक्षिण भारत में हिंदी-परीक्षाओं में बैठनेवाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक संख्या इसी क्षेत्र से होती है; ट्रावनकोर की सरकार इस संस्था को प्रति मास सहायता देती है।

हिंदी-प्रचार - समिति, भूपाल—संस्था० — कृष्णगोपाल श्रीवास्तव द्वारा हिंदी साहित्य-सेवियों और हितैषियों से सहयोग प्राप्त करके साहित्य-निर्माण के उद्देश्य से स्थापित ; कार्य०—हिं० सा० सम्मे० प्रयाग, रा० भा० प्र० सभा, वर्धा और प्रयाग म० विद्यापीठ की परीक्षाओं के लिए केंद्र खोले ; कविसम्मेलनों और जयंतियों का आयोजन होता है ; समस्त भूपाल और आस-पास के राज्यों में कार्य होता है ; राष्ट्रभाषा विद्यालय संचालित है ; उर्दू - प्रदेश में इस संस्था ने अच्छा काम किया है ; मध्यमालव हिंदी - विद्यापीठ तथा एक विशाल भवन बनाने की योजना चल रही है।

हिंदी-प्रचारिणी-सभा, खुर्जा—राष्ट्रभाषा और साहित्य की उन्नति के लिए १६३६ में स्थापित; १५५ सदस्य हैं, रेडियो-नीति-विरोधी आंदोलन किया; डाकघर, मुंसिफी, तहसील आदि में हिंदी-प्रचार का

सतत प्रयत्न : डिस्ट्रिक्ट बोर्ड बुलन्दशहर की पाठशालाओं में हिंदी-प्रचार।

हिंदी-प्रचारिणी-सभा, त्रिचनापल्ली—सुदूर दक्षिण प्रांत में हिंदी-प्रचारक संस्था, हिंदी-प्रचार सभा मद्रास के अन्तर्गत; यहाँ से हिंदी की 'हिंदी-पत्रिका' भी १६३८ से निकल रही है जिसके द्वारा हिंदी का विशेष प्रचार किया जाता है।

हिन्दी-प्रचारिणी-सभा, पो० बा० १३१, मोम्बासा, कीनिया (ब्रिटिश पूर्वी अफ्रीका)—विदेश में स्थापित इस हिंदी-प्रचारिणी-संस्था की लगभग २५ शाखाएँ पूर्वी अफ्रीका में चल रही हैं; इन शाखाओं के कार्यकर्ता नगरों और गाँवों में बसे हुए भारतीयों में हिंदी-प्रचार करते हैं और तीन महीनों में एक बार एकत्र होकर नयी योजनाएँ बनाते हैं; सभा का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य है अन्य देशों में प्रतिनिधि और प्रचारक भेजकर हिंदीके कार्य-क्षेत्र को आगे बढ़ाना, सभाके संस्थापकों और संचालकों में श्री अनंत शास्त्री का नाम विशेष उल्लेखनीय है; इनके सहयोगी श्री राधाकृष्ण शास्त्री मार्च १६५१ में लंदन जाकर और हिंदी-प्रचार-केंद्र खोलकर भारतीय राष्ट्र-भाषा प्रचार करेंगे; अन्य समीपवर्ती द्वीपों और देशों में भी प्रचारक भेजने की योजना है।

हिंदी-प्रचारिणी-सभा, बलिया—१६२३ में स्थापित; 'बलिया के कवि और लेखक', 'रसिक गोविंद और उनकी कविता' तथा 'सरस सुमन' आदि का प्रकाशन हुआ है; सदस्य ५०; सभा के अन्तर्गत एक चलता पुस्तकालय है।

हिंदी-प्रचारिणी-सभा, (बिहार प्रांतीय), पटना—१६४१ में स्थापित; हिंदी-साहित्य की उन्नति करना, आवश्यक विषयों के ग्रंथों से उसे सुसज्जित करना आदि इसके उद्देश्य हैं; सदस्य १७१ हैं; सोलह जिले में अनेक शिक्षा-शाखाएँ स्थापित हैं।

हिन्दी-प्रचारिणी-सभा, लायलपुर — हिंदी साहित्य-निर्माण के उद्देश्य से स्थापित; समय-समय पर अनेक साहित्यिक योजनाएँ बनाती है।

हिन्दी-प्रचारिणी-सभा, (हरि-याणा) भिवानी, हिसार, पंजाब—१९४१ में स्थापित ; सदस्य ५० ; हरियाणा - हिंदी-साहित्य-मंडल की स्थापना करके प्रांतीय सम्मेलन किया ; 'एकता' साप्ताहिक निकाला ; सम्मेलन के अबोहर-अधिवेशन में आर्थिक सहायता दी; हस्तलिखित मासिक 'हिंदी-हितैषी' निकाला।

हिंदी-प्रेमी-मंडल, कुम्बकोणम्—मंडल की ओर से हिंदी की उच्च शिक्षा देने के लिए एक विद्यालय का संचालन होता है।

हिन्दी-प्रेमी - मंडल (जिला), बल्लारी,मद्रास—२ अक्टूबर १९३१ को श्री टी० बी० केशवराव जी के प्रयत्न से स्थापित; प्रांत के विभिन्न भागों में मंडल के प्रचारक काम करते हैं ; १९४७ से एक हिन्दी महाविद्यालय का संचालन होता है जिसे दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार-सभा और मद्रास सरकार ने मान्यता दी है, आरम्भ से अबतक मंडल ने लगभग १०००० परीक्षार्थी तैयार किये हैं।

हिंदी - भवन, शांतिनिकेतन, बंगाल — **संस्था०**—विश्वभारती, १९३७, शिलान्यास दीनबंधु ऐराड्रूज,पौराहित्य रवींद्रनाथ ठाकुर, द्वारोद्घाटन पं० जवाहरलाल नेहरू; **उद्दे०**—मध्ययुग में प्रयुक्त साम्प्रदायिक और शास्त्रीय शब्दों के कोश का निर्माण, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान पर छोटी सरल पुस्तकें निकालना, हिंदी-भाषा और साहित्य पर अन्य भाषाओं में परिचयात्मक पुस्तकें निकालना ; **कार्य०**—(क) अहिंदी - भाषी-जनता में हिंदी-प्रचार, (ख) 'विश्वभारती' त्रैमासिक का प्रकाशन; (ग) कबीर-पंथी साहित्य, रवींद्र - साहित्य का अनुवाद ; (घ) एक पुस्तकालय भी चल रहा है।

हिंदी-भवन (हिमाचल), दार्जिलिंग—**स्था०**—११ जून १९४१ ; सम्मेलन के भूत० मंत्री श्रीव्रजराज की प्रेरणा से; **उद्दे०**—पर्वतीय प्रांत में राष्ट्रभाषा और साहित्य का प्रचार ; **कार्य०**—हिंदी पुस्तकालय तथा निःशुल्क वाचनालय की स्थापना ; हिंदी वि० वि० प्रयाग, राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति की परीक्षाओं का आयोजन है ; १९३४

में शिशु-हिंदी - पाठशाला-स्थापित जो आज हिंदी-मिडिल - इँगलिश स्कूल के रूप में वर्तमान है, एक संस्कृत ट.ल की स्थापना ; साहित्यिक गोष्ठियाँ और व्याख्यान ; १६३६ में निरक्षरता - निवारणार्थ एक रात्रि - पाठशाला खुली जो १६४३ में बंद हो गयी; एक हरिजन - पाठशाला खोली गयी, जहाँ निःशुल्क शिक्षा दी जाती है ; १६४५ से थियोसाफिकल सोसाइटी पुस्तकालय भवन में ही स्थित है ; ९६४४ से विवेकानंद स्टडी सर्किल की साप्ताहिक बैठक यहीं होती है ; भवन का कार्य निम्नलिखित विभागों में बँटा है—१. सार्वजनिक पुस्तकालय; २. निःशुल्क वाचनालय ; ३. निःशुल्क हिंदी-प्रचार-विभाग ; ४. हिंदी-साहित्य-परिषद ; ५. हिंदी-मिडिल इँगलिश स्कूल ; ६. संस्कृत पाठशाला; वि०—भवन को कई हजार रुपए की सहायता मिलती है; २७ आजीवन सदस्य और लगभग २०० साधारण सदस्य हैं ।

हिंदी-भाषा-आश्रम, मंधना, कानपुर—इसके पुस्तकालय में कई पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं, निज की भूमि है जिसमें 'हिंदी-भवन' बनाने का प्रबंध हो रहा है ।

हिंदी-भाषा-प्रचारिणी समिति, केवलारी, पथरिया, सागर—**स्था०**—१६२०; **सद०**—५००; **कार्य०**—समिति का संचालन श्री शारदा-साहित्य-सदन केवलारी के अन्तर्गत होता है ; १६२० में एक गोष्ठी और १६२५ में चलता-फिरता पुस्तकालय और वाचनालय; गाँवों में हिंदी-प्रचार, दैनिक 'प्रभात' और मासिक 'प्रभात-संदेश' दो हस्तलिखित पत्रों का प्रकाशन ; १६२६ में शरद - व्याख्यानमाला, व्याख्यान-विनोदनी-सभा चलायी; १६२७ में 'शिक्षा-सुधा' हस्तलिखित प्रकाशित की ; १६२८ में 'शिक्षक' का प्रकाशन ; १६३१ में ५०० व्यक्तियों को साक्षर बनाया; १६४२ में १४ हिंदी की प्राथमिक-शालाएँ स्थापित कीं ; १६३३ में कुछ गाँवों में पुस्तकालय और वाचनालय खोले ; १६३४-३५ में ६ सदाचार-प्रचारिणी शाखाएँ खोलीं ; रामगढ़ में नागरिक मंडल खोला, ३ वर्ष में ४१ नाटक खेले

गये ; १९३६ से मुंशी काशीप्रसाद 'स्मृतिपदक' की घोषणा की; १९३७ में प्रांतीय साक्षरता-प्रचार-सम्मेलन किया गया ; १९३८ में साक्षरता-प्रसार का विशेष कार्यक्रम रहा ; १९३९ में २१ सभाएँ हुई और हस्तलिखित ग्रंथों की खोज हुई ; १९४० में साक्षरता-प्रसारशालाओं की संख्या ९० तक हो गयी; १९४३ में समाचार-पत्र-प्रदर्शिनी की ; १९४४ में रेडियो की हिंदी-विरोधी-नीत की आलोचना सभाओं द्वारा; १९४५ में चलते-फिरते वाचनालय स्थापित किये ; १९४६ में लेखकों की सहायता के लिए एक कार्यालय खोला ; १९४७ में साक्षरता-प्रसार-सम्मेलन, ग्राम-गीत-संग्रह, व्याख्यान आदि कार्यक्रम किये।

हिंदी-लेखक-संघ, ६७ मिंट स्ट्रीट, मद्रास १—**स्था०**—९ नवम्बर १९५० ; **उद्दे०** — दक्षिण भारत के साहित्यिकों की खोज और संगठन ; प्रकाशकों और पत्रकारों में सहयोग की भावना भरना ; **कार्य०**—प्रत्येक रविवार को गोष्ठी में रचनाएँ पढ़ी जाती हैं ; हि० सा० स० प्रयाग की परीक्षाओं के लिए कक्षाएँ खुली हैं ; उत्तरी और दक्षिणी भारत के बीच सांस्कृतिक संबंध स्थापित करने का प्रयत्न हो रहा है ; अ० भा० हिं० सा० स० के सभापति सेठ गोविंददास ने अपने दक्षिण भारत के भ्रमण में इसका सभापतित्व किया था।

हिंदी-वाग्वर्द्धिनी-सभा, तिरुवन्तपुरम्—सभा की बैठक प्रति रविवार को होती है; हिंदी प्रचारकों का सगठन; हिंदी में भाषण देनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण; मान्य हिंदी-सेवियों को बुलाकर भाषण कराना उद्दे० है।

हिन्दी-विद्यापीठ, उदयपुर—यह मेवाड़ ही नहीं, राजस्थान की निराली संस्था है, साक्षरता-प्रसार, प्रौढ़ शिक्षण, प्राचीन साहित्य की शोध आदि ठोस रचनात्मक कार्य इस संस्था द्वारा होते हैं ; विद्यापीठ के कई विभाग हैं :— १. महाविद्यालय, २. श्रमजीवीविद्यालय, ३. सरस्वती-मंदिर, ४. प्रौढ़-शिक्षण-विभाग, ५. किशोर-शाला विभाग, ६. प्राचीन साहित्य शोध-विभाग, ७. सार्वजनिक पुस्तकालय और वाचनालय, सम्मेलन

परीक्षाओं के लिए नियमित अध्ययन का प्रबन्ध है।

हिन्दी-विद्यापीठ, देवघर-हिंदी की कई उच्चकोटि की परीक्षाएँ संचालित हैं; हिंदी के माध्यम द्वारा अनेक औद्योगिक विषयों की शिक्षा दी जाती है; साहित्य-महाविद्यालय की ओर से पहली कक्षा से उत्तमा परीक्षा तक हिंदी की अनिवार्य शिक्षा दी जाती है।

हिन्दी-विद्यापीठ (बम्बई), बम्बई; **स्था०**—१९३८; **उद्देश्य**—हिंदी-प्रचार तथा साहित्य की उन्नति; **कार्य०**— विद्यापीठ का कार्यक्रम कई विभागों में बँटा है--: **परीक्षा-विभाग** — हिंदी-प्रवेश, हिंदी-प्रथमा, हिंदी उत्तमा, हिंदी-भाषा-रत्न, और साहित्यसुधाकर परीक्षा ली जाती हैं; भाषा-रत्न, बम्बई म्यूनिसिपलिटी, प्रांतीय सरकार और हिं० सा० स० द्वारा मान्य हैं, परीक्षाएँ निःशुल्क ली जाती हैं; १९४७ के आँकड़ों के अनुसार १८३११ विद्यार्थी परीक्षा में बैठे; **प्रचार-विभाग**—प्रचारक निःशुल्क शिक्षा देते हैं, संख्या लगभग ५०० है; बम्बई नगर, उपनगर, प्रान्त तथा मैसूर में लगभग ७५ केंद्र हैं; **प्रकाशन-विभाग**-इसके द्वारा लगभग ३० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, पुस्तकें प्रायः परीक्षोपयोगी हैं, १९४३ में हिन्दी-प्रचार-पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया; ७ अंक छपकर बंद हो गयी, १९४७ से पुनः प्रकाशन आरम्भ हुआ; **पुस्तकालय**—दो शाखाएँ हैं, एक गिरगाँव में और दूसरी दादर में; प्रथम में १५०० और दूसरे में ८०० पुस्तकें हैं, इनके २५० सदस्य हैं।

हिन्दी-विद्याभवन, सीकर—श्रीयुत पं० मुरलीधर द्वारा १९३९ में हिन्दी-प्रचारार्थ स्थापित; सम्मेलन और पंजाब की हिंदी-परीक्षाओं की पढ़ाई का यहाँ प्रबन्ध है, सरकार का सहयोग भी प्राप्त है।

हिन्दी विद्यामंदिर, आबूरोड—**स्था०**—१९३०; पं० सीताराम शास्त्री वाशिष्ठ और श्री भोलानाथ चतुर्वेदी; **सद०**—२१०; **कार्य०**—यह सिरोही राज्य की प्रमुख साहित्यिक संस्था है; हिं० सा० सम्मे० से सम्बद्ध है; इसका निजी पुस्तकालय और वाचनालय है

साहित्यशाला, राष्ट्रभाषा-शाला ; शिशुशाला और रात्रिशाला के द्वारा शिक्षा दी जाती है ; हिन्दी-प्रचार के लिए कवि-सम्मेलन, जयंतियों का आयोजन होता है ; शिक्षाबोर्डों में हिन्दी को उचित स्थान इसी के प्रयत्नों से मिला है।

हिन्दी-शिक्षित-समाज, अयोध्या—**स्था० – १९३७; अंग— साहित्य-विभाग**— साहित्य-चर्चा के लिए; **परीक्षा-विभाग**—विभिन्न परीक्षाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा का प्रबन्ध ; **पुस्तकालय**—१००० पुस्तकें हैं ; **संग्रहालय** विभाग में प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों का संग्रह है।

हिंदी-सभा, नवलगढ़—**संस्था०**—प्रोफेसर सत्येंद्र तथा अन्य सहयोगी १९४३; **सद०**—३००; **उद्दे०**—हिंदी-साहित्य का सर्वांगीण विकास; **कार्य०**—हि० सा० स० से सम्बंध, (क) हिंदी-विद्यालय का संचालन जिसमें सम्मेलन की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी पढ़ाये जाते हैं; (ख) एक पुस्तकालय—पुस्तकें १०००० हैं; वाचनालय--३० पत्र आते हैं; (ग) गाँवों में पुस्तकों के वितरण का आयोजन; (घ) साहित्यिक गोष्ठियाँ; (च) सभा ने हिंदी को जयपुर और नवलगढ़ की राजभापा और राजपूताना वि० वि० में माध्यम बनाने में बड़ा प्रयत्न किया; (छ) एक संग्रहालय स्थापित किया जिसमें हस्तलिखित ग्रंथ और लेखकों के चित्र संगृहीत हैं; (ज) पुस्तकों और पत्रिका का प्रकाशन होता है।

हिंदी-सभा, भागलपुर—सभा ने हिंदी प्रचार में प्रशंसनीय कार्य किया है, स्थानीय अधिकांश साहित्य-सेवियों का सहयोग प्राप्त है।

हिंदी-सभा, सीतापुर–**स्था०**–१९४४; सभा का वार्षिक अधिवेशन सर्वांगीण होता है; सभा के अन्तर्गत 'अवधी-साहित्य-परिषद' है जिसका काम अवधी को प्रोत्साहन देना है।

हिंदी-समाचार-पत्र-प्रदर्शनी, कसारहट्टा रोड, हैदराबाद, दक्षिण —**स्था०–१९३५,** श्री बंकटलाल ओझा; **उद्दे०**—हिदी समाचारपत्रों का संग्रह, प्रदर्शन, पत्रकारकला के इतिहास का संकलन और प्रकाशन, हिंदी-पत्रकारों की

जीवन-सामग्री तथा चित्रों का प्रकाशन; **कार्य०**—इसके चार प्रदर्शन क्रम से १९३७, ३९, ४४ और ४५ में हो चुके हैं, अंतिम प्रदर्शनी का उद्घाटन मध्यप्रांत की धारा-सभा के अध्यक्ष श्री घनश्याम सिंह द्वारा हुआ; अब तक लगभग २५०० पत्रों के प्रथमांक, विशेषांक तथा अंतिमांक संगृहीत हो चुके हैं ; १८५३ का 'मालवा' अखबार अत्यन्त प्राचीन है; राधा कृष्णदास, बालमुकुन्द गुप्त जैसे साहित्यकारों के लिखित तथा अप्राप्य हिन्दी-पत्रों के इतिहास संगृहीत हैं ; आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी, महात्मा गाँधी, प्रो० रामदास गौड़ तथा कई पत्रकारों के पत्रों की प्रतिलिपियाँ संगृहीत हैं ; संस्था के पास प्रांतीय भाषाओं के पत्रकार-कला-सम्बन्धी विशेषांक और ग्रन्थों का संग्रह है ; इसकी ओर से हिंदी-समाचार-पत्र-सूची भाग १, १८२६–१९२५ तक और हिन्दी - समाचार - पत्र-निर्देशिका छपी है जिनका संपादन पं० बनारसीदास चतुर्वेदी तथा वंकटलाल ओझा ने किया है ; संस्था के प्रबन्ध और परामर्श के लिए एक स्थायी समिति है।

हिन्दी-समिति, कालाकाँकर, अवध—**स्था०**—कुँवर सुरेशसिंह, जनवरी १९४७ ; **सद०**–७५ ; समिति के कार्य-संचालन के लिए दो सभाएँ हैं—एक, साधारण सभा दूसरी, कार्यकारिणी समिति, समिति की साधारण बैठक प्रति बृहस्पतिवार और विशेष बैठक प्रत्येक पूर्णिमा को होती है ; कार्य चार विभागों में बँटा है—१—ग्राम-साहित्यविभाग; २—अध्ययन-विभाग; ३—परीक्षा-विभाग; ४—प्रचार-विभाग।

हिन्दी-समिति, दोहरी, पो० डीह, रायबरेली—**संस्था०**—श्री रघुनाथसिंह राजकुमार; **कार्य०**—(क)—प्रतिवर्ष उत्सव, समय समय पर कार्यक्रमों द्वारा हिन्दी का प्रचार; (ख) बलवंत राष्ट्रीय पुस्तकालय और जयसिंह-वाचनालय का संचालन होता है; (ग) प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थी पढ़ते हैं; (घ) ग्राम-साहित्य का संकलन हो रहा है ; **वि०**--समिति का वार्षिकोत्सव जून में होता है।

हिन्दी-साहित्य-गोष्ठी, सदर बाजार, जबलपुर—**स्था०**—१९४७; **उद्दे०**—स्थानीय साहित्यिकों और सेवियों में संगठन और सौहार्द्र उत्पन्न करना, गोष्ठियों और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

हिन्दी - साहित्य - परिषद , कानपुर—**संस्था०**— श्री शिवकुमार शुक्ल; कानपुर की यह विशिष्ट संस्था है, ५० वर्षों से हिन्दी-सेवा में संलग्न है।

हिन्दी साहित्य- परिषद् गुरुद्वारारोड, लखनऊ; **स्था०**—१९३८; **उद्दे०**—साहित्य-निर्माण, प्रकाशन, प्रचार; **वि०**—प्रबंध के लिए स्थायी समिति तथा कार्यसमिति का निर्वाचन होता है, आवश्यक विषयों पर परामर्श देने के लिए एक "परामर्शदात्री समिति" भी बनी है; **कार्य०**--(क) प्रतिवर्ष १६ साहित्यिकों की जयंतियाँ मनायी जाती हैं; बालसाहित्य समाज की स्थापना, जिसकी १३ शाखाएँ नगर में और २२ बाहर बनी हैं।

हिन्दी-विद्यापीठ, लखनऊ—**स्था०**—१९४२ ; **कार्य०**—हि० सा० सम्मे० प्रयाग और महिला विद्यापीठ प्रयाग की परीक्षाओं के लिए शिक्षा दी जाती है; विद्यापीठ स्वयं ६ परीक्षा लेता है—शिशु, प्रथमा, प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा, रामायण परीक्षा ; लगभग १५००० विद्यार्थी परीक्षाओं में बैठते हैं ; १२२ केन्द्र स्थापित हो चुके हैं।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, गुवाहाटी (आसाम)—साहित्य-समन्वय और सांस्कृतिक पुनरुज्जीवन के हेतु फरवरी १९४२ में स्थापित ; असमीया और हिन्दी में ऊँची से ऊँची संयुक्त परीक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन तथा 'असमदर्शन' नामक ग्रन्थ का संपादन हो रहा है ; 'काव्य और अभिव्यंजना' प्रकाशित हो चुकी है।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, गोडा—मार्च १९३९ में संथाल जिला हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के अवसर पर स्थापित; सदस्य-संख्या १५० जिन में अनेक ईसाई और मुसलमान भी सम्मिलित हैं ; प्रान्तीय सरकार और जिला बोर्ड से भी सहायता मिलती है ; परिषद् द्वारा संथालों में देवनागरी लिपि का प्रचार खूब

जोरों से जारी है; परिषद् विशाल भवन बनाने जा रही है।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, बख-तियारपुर, पटना—**स्था०**—२ अक्टूबर १९५० ; श्री शिवपूजन सहाय द्वारा उद्घाटन हुआ; उद्दे०—मगध-जनपद के लोक-गीतों, कथाओं तथा पहेलियों का संकलन, संपादन और प्रकाशन; **कार्य०**—प्रति पक्ष 'रसचक्र' नाम से एक गोष्ठी होती है।

हिंदी-साहित्य-परिषद्,मथुरा—**स्था०**—१९३२ ; **कार्य**—इसी के द्वारा 'व्रज-साहित्य-मंडल' संस्था का जन्म हुआ; स्वयं खड़ी बोली की सेवा कर रही है; परिषद ने ७००) आजाद हिन्द-फौज - रक्षा-समिति को भेजा था।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, मिर्जा-पुर—**स्था०**—श्री वल्लभदासबिन्नानी; साप्ताहिक बैठकें होती हैं, जयंतियाँ, गोष्ठियाँ और कवि-सम्मेलन होते हैं, प्रकाशन-कार्य भी होता है।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, मेरठ—१९३९ में स्थापित ; कवि-सम्मेलनों, व्याख्यानों, गल्प-सम्मे-लनों आदि की आयोजना करती है, भारतीय ग्रंथमाला में साहि-त्यिक विषयों की विवेचना का प्रबन्ध; एक त्रैमासिक हस्तलिखित का प्रकाशन करती है।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, राठ, हमीरपुर—**स्था०** — २९ अगस्त १९४३; यह परिपद पुरानी संस्था 'कवि-संघ' का रूपांतर है; **कार्य०**—जयंतियों और कवि-सम्मेलनों का आयोजन; तीन वर्षों में २९ विशेष बैठकें हुईं; परिषद का जनपद सा० सम्मे० और बुंदेलखंड हि० सा० सम्मे० से सम्बद्ध।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, लखी-मपुर—१९४० में स्थापित;कहानी-सम्मेलन, हास्य-सम्मेलन, कवि-सम्मेलन, निबन्ध-सम्मेलन आदि का आयोजन हुआ करता है।

हिन्दी-साहित्य-परिषद्, लाल-गंज, रायबरेली—**स्था०**—पंडित देवीरत्न अवस्थी 'करील', नवम्बर १९४५, आचार्य पं० महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में; **सद०**—५१; **कार्य०**—(ख) द्विवेदी और तुलसी-जयंती का समारोह, (ख) सम्मेलन-परीक्षाओं की पढ़ाई का प्रबन्ध।

हिंदी-साहित्य-परिषद्,श्रीनगर, काश्मीर—हिन्दी-प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित, परिषद द्वारा सम्मेलन की कोविद और परिचय परीक्षाओं का प्रचार किया जाता है ; सदस्य १२५ के लगभग हैं।

हिन्दी - साहित्य - परिषद् , सिरसा, इलाहाबाद—स्था०—१ मई १६३२, बा० पुरुषोत्तमदास टंडन; सद०—२६३; कार्य—राष्ट्रभाषा का गाँवों में प्रचार, जयन्तियों का आयोजन।

हिन्दी - साहित्य - पुस्तकालय, मौरावाँ, उन्नाव—३ सितम्बर १६१७ को पं० बालकृष्ण पाठक, पं० मेड़ीलाल त्रिपाठी; बा० जयनारायण कपूर ने नींव डाली ; सेठ दीनदयाल की आर्थिक सहायता से वृद्धि हुई ; और 'हिन्दी साहित्य पुस्तकालय' के नाम से यह प्रसिद्ध हुआ; २५ जून १६२४ को पं० सूर्य प्रसाद जी द्वारा दिये गये एक भवन में यह स्थायी रूप से स्थित हुआ; ६ जनवरी १६२२ को यंगमेंस लाइब्रेरी मौरावाँ के नाम से एक अँगरेजी पुस्तकालय खुला और वह भी ३१ दिसम्बर १६२६ को इसी में शामिल हो गया; इसका संचालन ११ व्यक्तियों की एक कार्यकारिणी करती है; सद०—१६०; कार्य०—१८ वर्षों का समाचार-साहित्य है; हिन्दी, संस्कृत और फारसी के अप्राप्य ग्रंथ यहाँ सुरक्षित हैं हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या ११६ है, हरिजनो को निःशुल्क सदस्य बनाया जाता है; १० कोस की परिधि में जनता लाभ उठाती है; (क) पुस्तकालय की ओर से एक पुस्तकालय - प्रचार - समिति की स्थापना १६२४ में हुई, गाँवों में 'पुस्तक-वितरक' नामक कर्मचारी इसकी पुस्तकें पहुँचाता है ; (ख) २८ दिसम्बर १६१६ को एक साहित्य-समिति की स्थापना हुई; इसके द्वारा जयंतियों, परिषदों, कवि-सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है; १६४७ में 'स्वर्ग में कवि-दरबार' किया गया; (ग) १६३५ में एक वृहत् पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, इसमें पुस्तकालय विज्ञान की प्रगति ग्राफ, चार्टों और चित्रों द्वारा प्रदर्शित

की गयी; इसीके फलस्वरूप 'उन्नाव - जिला - पुस्तकालय-संघ' और 'अवध-साहित्य-मंडल' की स्थापना हुई, पुस्तकालय में ३५ पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं और पुस्तकों की संख्या ६६०० है।

हिन्दी-साहित्य-मंडल, कानपुर —अदालती लिखा पढ़ी हिंदी में कराने के लिए इसने अपना प्रचार-क्षेत्र वकील-समाज को बनाया, अनेक मुख्तार और वकील इसके सदस्य हैं।

हिन्दी - साहित्य - मंडल , भिवानी, हिसार, पंजाब—साहित्य की अभिवृद्धि के लिए स्थापित; सदस्य सौ; स्थानीय साहित्यिकों और हिंदी-प्रेमियों को संगठित किया; निःशुल्क शिक्षा का प्रबन्ध करता है; अनेक साहित्यिक आयोजन किये हैं।

हिन्दी-साहित्य-संघ, गोपाल मंदिर, चौक, गया—**उद्दे०**—हिंदी की सर्वांगीण उन्नति करना; **कार्य**—(क) प्रसिद्ध कवियों की जयंती मनाना; (ख) उत्कृष्ट कृतियों पर पुरस्कार दिये जाते हैं।

हिन्दी-साहित्य-संघ, जालौन —हिंदी-प्रचार के उद्देश्य से स्थापित; पुस्तकालय की ओर विशेष ध्यान दिया गया; सदस्य संख्या बढ़ती जा रही है।

हिन्दी-साहित्य-सभा, बाँदा—अदालतों में हिंदी-प्रचार के लिए स्थापित; स्थापना-काल १६१४; बाँदा की कचहरियों में हिंदी के अंतर्गत नागरी-प्रचारक-पुस्तकालय है जिसके ८० सदस्य हैं; सभा में सम्मेलन की परीक्षाओं के लिए एक केंद्र भी है।

हिन्दी-साहित्य-सभा, (राजपूताना), झालरापाटन—**स्था०**—१६२५; स्थापना के समय सभा का स्थायी कोष १५०००) था; **सद०**—तीन श्रेणियाँ हैं; **साधारण**—जो ।।) दें; **स्थायी**—जो ५०) तक दें और १००) देने वाले **आजीवन सदस्य** होते हैं; **उद्दे०**—हिंदी में सभी विषयों पर सस्ते ग्रन्थों का प्रकाशन; **कार्य**—अब तक कई विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; **वि०**—सभा एक प्रेस और पुस्तकालय खोलना और मासिकपत्र चलाना चाहती है।

हिन्दी-साहित्य-सभा, लश्कर, ग्वालियर — १९०२ में 'नागरी-हितैषिणी सभा' की स्थापना; १९०७ में क्षेत्र विस्तृत करने के उद्देश्य से 'हिंदी-साहित्य-सभा' नाम धारण किया; १९३८ में उक्त नाम से रजिस्ट्री करायी; इस समय राज्य के अनेक प्रमुख स्थानों में इसकी शाखाएँ हैं; ग्वालियर में हिंदी को राजभाषा स्वीकार करा के महत्वपूर्ण कार्य किया गया है; साहित्य-निर्माण के उद्देश्य से सभा ने 'हिंदी-मनोरंजन-ग्रंथमाला' और 'बालसखा-पुस्तकालय' इत्यादि प्रकाशन-संस्थाओं को जन्म दिया; 'हिंदी-उर्दू-कोश' और 'व्यावहारिक शब्द-कोश' प्रकाशित किया; प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया; इसके कई अधिवेशन राज्य के प्रमुख स्थानों में हुए; सभा के सतत प्रयत्न से १९३८ में हि० सा० स० का बाइसवाँ अधिवेशन बड़ी सफलता से हुआ; १९११ में पुस्तकालय; १९१३ में चलता पुस्तकालय स्थापित किये; पुस्तकालय में अब २५५० पुस्तकें हैं; वाचनालय में २५ पत्र आते हैं; १९२८ में सम्मेलन की परीक्षाओं का केंद्र स्थापित किया; परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए अध्यापन का प्रबंध भी है; निजी विशाल-भवन बनाने के लिए भी सभा प्रयत्नशील है।

हिन्दी-साहित्य-समिति, अमरावती—सर्वश्री आचार्य ज्वालाप्रसाद एम० ए०, डी० फिल० (संरक्षक), हरिकृष्ण खरे एम० काम० और रतनकुमार जैन एम० काम०, सा० रत्न (संचालक) द्वारा अहिंदी प्रांत में हिंदी-प्रचार के उद्देश्य से स्थापित; यहाँ सम्मेलन परीक्षाओं का केंद्र है और निःशुल्क रात्रि-पाठशाला चलायी जाती है।

हिन्दी-साहित्य-समिति, दशपुर—**स्था०**—१९४२; साहित्यिक समारोह मनाये जाते हैं।

हिन्दी-साहित्य-समिति, देहरादून—**स्था०**—१९३४; **सद०**—१५० से ऊपर; **कार्य०**—समिति ने पर्वतीय प्रदेश में हिंदी-प्रचार-कार्य में योग दिया; इसकी स्थायी सम्पत्ति लगभग ५५००० रुपये की है; साहित्यिक समारोह और गोष्ठियाँ होती रहती हैं।

हिन्दी साहित्य समिति, भरतपुर—**स्था०**-१२ सितम्बर १९१२; पं० गंगाप्रसाद शास्त्री और जगन्नाथ दास ; **सद०**—५४६ ; सभा के पुस्तकालय में ७५०० पुस्तकें (मुद्रित) तथा ५०० हस्तलिखित हैं ; समिति के प्रयत्नों से हि० सा० सम्मेलन का सप्तदश अधिवेशन श्री गौरीशंकर हीराचंद्र ओझा के सभापतित्व में हुआ, जयंतियाँ मनायी जाती हैं, सम्मेलन की परीक्षाओं का केंद्र है और विद्यार्थियों को शिक्षा में सहायता मिलती है ; कई स्थानों पर पुस्तकालय खोले हैं।

हिन्दी-साहित्य-समिति (मध्य-भारत), इंदौर—**स्था०**—१० जनवरी १९१५, सर्वश्री सरदार किबे, गिरधर शर्मा 'नवरत्न', गोपालचंद शर्मा, डा० रामसिंह ; **उद्दे०**—हिंदी साहित्य की अभिवृद्धि ; **वि०**—समिति का संचालन दो सभाओं द्वारा होता है—साधारण सभा और प्रबंधकारिणी समिति ; प्रथम में सारे सदस्य होते हैं, प्रबंधकारिणी समिति प्रति तीसरे वर्ष निर्वाचित होती है जिसमें ११ पदाधिकारी और २३ सदस्य होते हैं ; इस समिति के अंतर्गत ६ सदस्यों का मंत्रिमंडल निम्नलिखित विभागों का संचालन करता है-प्रबंध, अर्थ, प्रेस, प्रचार और पुस्तकालय ; **कार्य०**—(क) रा० ब० डा० सरयूप्रसाद और श्री राजा सर सेठ हुकुमचंद के नाम से एक ग्रंथमाला का प्रकाशन—पुस्तक-संख्या ६७ ; (ख) डा० सरजूप्रसाद स्वर्णपदक दिया जाता है; (ग) प्रतिवर्ष सम्मेलन की ऊँची परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, विद्यापीठ का संचालन अवैतनिक अध्यापकों द्वारा, विद्यापीठ में गोविंदराम सेक्सरिया चैरिटी ट्रस्ट से राजनीति - विभाग में सेठ गोविंदराम सेक्सेरिया-आसन की स्था० ; यह विद्यापीठ अब गाँधी विद्यापीठ के नाम से प्रसिद्ध है ; (घ) 'वीणा'-पत्रिका का प्रकाशन ; (च) पुस्तकालय—पुस्तक-संख्या १२०००, वाचनालय का संचालन; — पत्रों की संख्या १०० (छ) समिति के पास एक छापाखाना है ; (ज) समिति का स्थायी कोश—५००००) का है ; समिति के भवन का शिलान्यास महात्मा गाँधी

द्वारा हुआ और इसके संरक्षक कई सम्मानित व्यक्ति हैं।

हिन्दी-साहित्य-समिति, राजापुर, मालवा—स्था०—१ अगस्त १६४७; **कार्य** — समिति की बैठक प्रति पक्ष होती है।

हिन्दी - साहित्य - समिति (विदर्भ), अकोला, बरार—**संस्था०** —पं० श्रीराम शर्मा साहित्यरत्न, १६४२; **कार्य०**—(क) साहित्य-सेवियों की आर्थिक सहायता, पुरस्कार-वितरण; (ख) प्रकाशन-कार्य होता है; २-३ पुस्तकें प्रकाशित हैं।

हिन्दी-साहित्य-समिति, होशंगाबाद, सोहागपुर—**स्था०**—१६३३, पं० सुंदरलाल दुबे, 'निर्बल सेवक'; **सद०**—३५; **कार्य**—जिले में प्रचार-कार्य करती है; प्रति वर्ष अधिवेशन होता है; कविसम्मेलनों, व्याख्यानों का प्रबंध होता है; पारितोषिक दिये जाते हैं, समिति हि० सा० स० और म० प्रा० विदर्भ सा० स० से सम्बद्ध है।

हिंदी साहित्य-सम्मेलन, जैतो —**सद०**- १०४; **उद्दे०**— राज्य में हिन्दी को उचित स्थान दिलाने में प्रयत्न करना; **कार्य**— शिक्षा में हिंदी को माध्यम बनाने का आन्दोलन, गोष्ठियों का कार्यक्रम चलता है, प्रौढ़ शिक्षा - प्रसार में प्रयत्न, हिंदी-परीक्षाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा; प्रयागी सम्मेलन और भटिंडा-सम्मेलन से जिला हि० सा० सम्बद्ध है।

हिंदी - साहित्य - सम्मेलन (दिल्ली प्रांतीय), दिल्ली—**स्था०**— मार्च १६४५; **कार्य**—रेडियो की हिंदी-उपेक्षा का विरोध किया; सम्मे० की विशेष समिति का आयोजन किया; दिल्ली नगरपालिका-चुनाव में भाग लेकर कई प्रतिनिधि निर्वाचित कराये।

हिंदी - साहित्य - सम्मेलन, पटियाला—उद्दे०—पूर्वीपंजाब के पटियाला संघ में हिंदी को राष्ट्र-भाषा और शिक्षा का माध्यम बनवाना, सर्वसाधारण में हिंदी-प्रचार; कवियों, लेखकों और अन्य संस्थाओं को प्रोत्साहन; **संस्था०**— श्री सत्यपाल गुप्त प्रभाकर; **सद०**— २०००; शुल्क—१) वार्षिक; सभा का प्रबंध करने के लिए एक कार्यकारिणी है।

हिंदी - साहित्य - सम्मेलन—प्रयाग—**स्था०**—१९१०, काशी-नागरी-प्रचारिणी-सभा की प्रेरणा से स्थापित; **उद्दे०**—साहित्यिक-अंगों की पुष्टि और उन्नति, देशव्यापी व्यवहारों और कार्यों को सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रलिपि देवनागरी और राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार, हिंदी को अन्तर्प्रान्तीय भाषा बनाने, सरकारी प्रबंधों, कार्यालयों, कचहरियों में प्रवेश कराने का आंदोलन, विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा का माध्यम हिंदी को बनाये जाने का आंदोलन, हिंदी की उच्च परीक्षाओं की व्यवस्था, उदीयमान लेखकों, कवियों, पत्रकारों को उत्साहित करना और पदक तथा पुरस्कार से सम्मानित करना; हिंदी के प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों की खोज तथा प्रकाशन आदि; **कार्य**—सम्मेलन का कार्य कई विभागों में बँटा हुआ है :—**परीक्षा-विभाग**—सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, इसकी परीक्षाओं में १९४५ के आँकड़ों के अनुसार लगभग ५५०० विद्यार्थी प्रतिवर्ष बैठते हैं; ये हिंदी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के नाम से प्रसिद्ध हैं; अहिंदी-भाषी दक्षिणी भारत में उक्त परीक्षाओं से सरल परीक्षाओं का प्रबंध राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति वर्धा को सौंप दिया गया; पंजाब और काश्मीर में भी सरल परीक्षाओं की व्यवस्था की; हिंदी वि० वि० की सबसे ऊंची परीक्षा 'साहित्य रत्न' है, इसके अनेक केंद्र भारतवर्ष में हैं; ये परीक्षाएँ उत्तर प्रदेशीय बोर्ड तथा अन्य प्रांतों के विश्वविद्यालयों द्वारा मान्य हैं; प्रयाग में इन परीक्षाओं की पढ़ाई के लिए 'हिंदी - साहित्य-विद्यालय' की स्थापना की, परीक्षा केन्द्रों की संख्या ४०० के लगभग है, निरीक्षक इनकी देख-रेख करते हैं; **प्रचार-विभाग** के उद्योग से प्रांतीय और जनपदीय सम्मेलनों का आयोजन होता है, पुस्तकालय और वाचनालय स्थापित होते हैं; विद्यालय खोले जाते हैं; परीक्षाओं के केन्द्र स्थापित किये जाते हैं; सदस्य बनते हैं और कारखानों, मिलों, व्यक्तिगत व्यापारिक संस्थाओं में हिंदी को जनप्रिय बनाया जाता है; प्रचारकों का संगठन है, वे लोग

जिलों में दौरा करते हैं; **संग्रह-विभाग**—श्री पुरुषोत्तमदास टंडन इस विभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाना चाहते हैं; इसमें १६५०० पुस्तकें हैं, वाचनालय में १५० मासिक, दैनिक और साप्ताहिक पत्र आते हैं; पं० महावीर प्रसाद द्विवेदी, पं० रामदास गौड़, पं० गणेश शंकर विद्यार्थी आदि स्वर्गीय साहित्यिकों के पत्र और अलबम तैयार हैं; संग्रहालय भवन में सभी साहित्यिकों और देशी-विदर्शी मल्लों के चित्र हैं; **साहित्य-विभाग**—इसके अन्तर्गत खोज द्वारा प्राप्त प्राचीन पुस्तकों, मौलिक ग्रंथों और अनूदित कृतियों के प्रकाशन का प्रबंध होता है; लगभग २०० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; विज्ञान तथा वाणिज्य विषय के लिए पारिभाषिक शब्दों के गढ़ने और पुस्तकों के संपादन का अलग से प्रबंध है; वहीं से सम्मेलन-पत्रिका भी निकलती है; सम्मेलन से सम्बद्ध भारत में दूर-दूर स्थापित ६० संस्थाएँ हैं जो इससे प्रेरणा ग्रहण करती हैं, निम्नलिखित पारितोषिक दिये जाते हैं:—मंगला प्रसाद पारितोषिक, सेकसरिया महिला पारितोषिक, मुरारका पारितोषिक, जैन पारितोषिक, राधामोहन गोकुल जी पारितोषिक, नारंग पुरस्कार—केवल पंजाब निवासी हिंदी कवि को, गोपाल पुरस्कार, रत्नकुमारी पुरस्कार ; ये अलग अलग विषयों और नियमों के अनुसार दिये जाते हैं; यह हिंदी की विशेष संस्था है, इसे अनेक राष्ट्रीय नेताओं और प्रमुख साहित्यकारों का आश्रय प्राप्त हो चुका है; बा० पुरुषोत्तमदास टंडन इसके गाँधी माने जाते हैं।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, फरीदकोट–उद्दे०—जनमत संगठित करके हिंदी को राज्य में उचित स्थान दिलाना; **सद०** — १२५, शु०—१); कार्य०—संघ के सा० स० जिला भटिंडा सा० स० के साथ कार्य होता है साहित्यिकों की जयंतियाँ मनायी जाती हैं।

हिंदी - साहित्य - सम्मेलन (**भटिंडा जिला**)—स्था०—१ मई १६४६, पं० खुशीराम शर्मा वाशिष्ठ; **सद०** १००० ; शु० १) वार्षिक; **कार्य**—जिले

के प्रत्येक कस्बे में हि० सा० सम्मेलन की परीक्षाओं की शाखाएँ स्थापित कीं; हिंदी माध्यम द्वारा शिक्षा दी जाती है; पठन-पाठन निःशुल्क है; गोष्ठियाँ होती हैं; यह सेवा समिति जैतो से सम्बद्ध है।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन (मध्य प्रांत विदर्भ), नागपुर; **स्था०**—१९३८; **सद०** ४५०, **कार्य०**—अब तक १२ अधिवेशन हो चुके हैं, भानु-अभिनन्दन ग्रन्थ और नक्षत्र प्रकाशित हुए; कई प्रौढ़ केंद्र तथा प्रारम्भिक हिंदी स्कूल स्थापित किये हैं; यह हि० सा० सम्मेलन से सम्बद्ध है।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन (मध्य भारतीय), उज्जैन—इस संस्था ने प्रांत में साहित्यिक संगठन तथा जागरण के लिए अनेक कार्य-क्रम रक्खे हैं जिनमें मुख्य हैं हिंदी भाषा का प्रचार, प्रांतीय साहित्यिकों का संगठन तथा प्रांत में हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन (विदर्भ प्रांतीय), अकोला,बरार—हिं० सा० सम्मेलन से संबद्ध यह प्रथम संस्था है जिसने विदर्भ प्रांत में हिंदी-प्रचार किया है; सदस्य लगभग ४५०; कई प्रौढ़ शिक्षा-केंद्र तथा प्रारंभिक हिंदी स्कूल स्थापित किये हैं।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन-(विहार प्रादेशिक), पटना--**स्था०**--१९१९; **कार्य०**—प्रांत की सबसे प्राचीन हिंदी-सेवी-संस्था है, प्रांत की ५० संस्थाएँ इससे सम्बद्ध हैं; १९४५ में सम्मेलन में चीनी विद्वान प्रो० तानमुन शान ने अध्यक्ष-पद ग्रहण किया, यहीं से बहुसंख्यक विद्यार्थी सम्मेलन-परीक्षाओं में बैठते हैं।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन (संयुक्त प्रान्तीय) प्रयाग; स्था०—१९२०; इसका कार्य कुछ दिन स्थगित रहा, १९४० से पं० श्री नारायण चतुर्वेदी के प्रयत्नों से फिर कार्य आरम्भ हुआ; १९४१ में फैजाबाद में इसका अधिवेशन हुआ; 'अखिल भारतीय रेडियो की भाषा-नीति' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई; रेडियो-विरोधी-दिवस मनाया, कचहरियो में हिन्दी-प्रयोग के लिए आन्दोलन किया।

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, सारण,मशरक—**१९३७**में स्थापित;

जिले में शाखाएँ खोलने, प्रांत के लेखकों आदि के परिचय की सूची तैयार करने में प्रयत्नशील।

हिंदी - साहित्यालय, हटा, दमोह—**स्था०**— मई १६३१ ; **कार्य**—संस्था के पास दो हजार पुस्तकें और कई पत्रों की फाइलें हैं ; बिना शुल्क के जनता इनसे लाभ उठाती है।

हिंदी - हितैषिणी - सभा, मुजफ्फरपुर— **स्था०**— १६१४ ; **कार्य**—सभा के अधीन पुस्तकालय, वाचनालय, मिलन-मंदिर, परीक्षा - केंद्र तथा शिक्षालय चल रहे हैं ; सभा का निजी भवन और पार्क है ; हि० सा० सम्मे० की परीक्षाओं के उपयुक्त पुस्तकें हैं ; वाचनालय में लगभग ३० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं।

हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग—आवश्यक पुस्तकों के अनुवाद कराने के उद्देश्य से १६२५ में प्रस्तावित और १६२७ में स्थापित; प्रमुख मौलिक रचनाओं को पुरस्कृत करना और साहित्य-सेवा को प्रोत्साहन देना, उत्तम लेखकों को संस्था का सदस्य चुनना, एक बड़ा पुस्तकालय संचालित करना आदि इसके उद्देश्य हैं ; प्रति वर्ष अनेक विद्वानों द्वारा साहित्यिक विषयों पर व्याख्यान दिलाये जाते हैं ; कई महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन भी एकेडमी की ओर से हुआ है ; 'हिंदुस्तानी' नामक तिमाही पत्रिका प्रकाशित होती है।

दूसरा खंड समाप्त

एक निवेदन

अक्टूबर १९५१ के पश्चात हिंदी-सेवी-संसार का पूरक खंड प्रकाशित होगा। इसके लिए अपनी सम्मति, विषय-प्रतिपादन-प्रणाली के संबंध में अपने सुझाव और असावधानी अथवा अज्ञानता के कारण होने वाली अशुद्धियों के संबंध में आवश्यक संशोधन यह प्रति देखते ही भिजवाने की कृपा करें।

आप का कृपापूर्ण सहयोग प्राप्त होने पर ही हिंदी-सेवी-संसार इस रूप में सामने आ सकेगा कि वह आवश्यक संदर्भ-ग्रंथ का काम देता हुआ अपना नाम सार्थक कर सके।

विनीत

संपादक

समस्त-साहित्य-सेवियों की सेवा में निवेदन

हिंदी-सेवी-संसार के दूसरे संस्करण का पूरक खंड

छह-सात महीने बाद प्रकाशित होगा

अतएव प्रार्थना है कि अपने या अपने परिचित साहित्य-सेवियों के प्रकाशित परिचयों में

आवश्यक संशोधन निश्चित रूप से

अक्टूबर, ५१ के अंत तक भिजवा दें

साथ साथ प्रस्तुत संस्करण के संबंध में

सम्मति, सुझाव और संशोधन

शीघ्र से शीघ्र भेजने की कृपा करें।

रानीकटरा, लखनऊ

विनीत
संपादक

हिंदी-सेवी-संसार

तीसरा खंड

हिंदी के प्रकाशक

अग्रवाल प्रेस, अग्रवाल भवन, मथुरा — ५-७ समालोचनात्मक पुस्तकें 'ब्रज साहित्य-माला' के अंतर्गत प्रकाशित; नायिका-भेद, सूर-निर्णय आदि इनके सभी प्रकाशन सुंदर हैं; श्री प्रभूदयाल मीतल अध्यक्ष हैं।

अग्रवाल प्रेस, प्रयाग—लगभग तीस पुस्तकें प्रकाशित जिनमें अधिकांश पाठ-ग्रंथ हैं; श्री रामस्वरूप गुप्त व्यवस्थापक हैं।

अनेकांत-मुद्रणालय, मोहा आंकड़िया (काठियावाड़)—गुजराती से अनुवादित कई ग्रंथ प्रकाशित; श्री परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ अध्यक्ष हैं।

अपर इंडिया पबलिशिंग-हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ—हिंदी-प्रकाशन का काम नया शुरू किया है; तीन-चार ग्रंथ छापे हैं।

'अरुण' कार्यालय, मुरादाबाद—कई पुस्तकें प्रकाशित; अरुण सीरीज एवं कहानी-मासिक 'अरुण' का प्रकाशन किया है।

अवध पब्लिशिंग हाउस, पानदरीबा, लखनऊ— बालोपयोगी और साहित्यिक ग्रंथों के प्रकाशक; भारत-निर्माता, पटेल-अभिनन्दन-ग्रंथ आदि मुख्य हैं; स्व० डा० पीतांबरदत्त बड़थ्वाल का सारा साहित्य प्रकाशित कर रहे हैं; श्री भृगुराज भार्गव अध्यक्ष हैं।

आत्माराम एंडसंस, काश्मीरी गेट, दिल्ली—हिंदी विभाग द्वारा २५-२६ विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित; श्री भीमसेन व्यवस्थापक हैं।

आनन्द पुस्तक भवन, पहाड़िया, बनारस कैंट—चार-पाँच विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित जिनमें आरती मुख्य है; श्री सम्पूर्णानंद श्रीवास्तव अध्यक्ष हैं।

आरती-मंदिर, सिमली, पटना—१९४० के लगभग स्थापित; प्रकाशित पुस्तकों में संस्कृत का अध्ययन मुख्य है; लगभग दो वर्ष तक मासिक 'आरती' का प्रकाशन किया; श्री प्रफुल्लचंद ओझा 'मुक्त' अध्यक्ष हैं।

इंडियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग — सत्साहित्य-प्रकाशन-संस्था; स्व० श्री चिंतामणि घोष द्वारा स्थापित; अब तक सब

विषयों में ५०० के लगभग पुस्तकें प्रकाशित कीं जिनमें सचित्र हिंदी महाभारत, सटीक रामचरित मानस, विश्वकवि रवींद्रनाथ आदि मुख्य हैं, 'सरस्वती सिरीज' के अंतर्गत लगभग ७० पुस्तकें प्रकाशित; लगभग पचास वर्षों से हिंदी की सर्वश्रेष्ठ मासिक पत्रिका 'सरस्वती', तीस वर्षों से बालोपयोगी मासिक 'बालसखा', साप्ताहिक 'देशदूत' आदि का प्रकाशन हो रहा है; श्री हरिकेशव घोष अध्यक्ष हैं।

इलाहाबाद प्रेस, ७८ ए, त्रिवेणी रोड, इलाहाबाद— ३ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें प्रसाद का कथा-साहित्य मुख्य है।

एजूकेशनल पब्लिशिंगकंपनी लिमिटेड, लखनऊ—ज्ञानवर्धक साहित्य के प्रकाशक; १९३९ में स्थापित; 'हिंदी विश्वभारती' के नाम से एक सुंदर ज्ञानकोश का प्रकाशन किया जा रहा है जिसके २० खंड प्रकाशित हो चुके हैं; अन्य प्रकाशित पुस्तकों में भारत-निर्माता, मानो न मानो, अंतर्राष्ट्रीय ज्ञानकोश प्रसिद्ध हैं।

कल्याणदास एंड ब्रदर्स, बड़े महाराज का मंदिर, बनारस सिटी—विविध विषयक लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित।

किताबमहल, जीरोरोड, प्रयाग—विविध विषयक ग्रंथों के प्रकाशक; लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित।

किताबिस्तान, प्रयाग—इनकी प्रकाशित पुस्तकें सुंदर छपाई के कारण समादृत हैं; इनमें यामा, दीपशिखा, सप्तरश्मि मुख्य हैं। लंदन में इन्होंने अपनी एक शाखा खोली है।

किसान-सस्ता-साहित्य-प्रकाशन-समिति, बिजनौर—किसान सीरीज में ४-५ पुस्तकें प्रकाशित, 'कृषि-संसार' मासिक का प्रकाशन।

छात्रधर्म - साहित्य - मंदिर, जयपुर—राजस्थानी साहित्य के प्रकाशक; अक्टूबर १९४० से संचालित; 'छात्रधर्म' और 'छात्र-धर्म-संदेश' नामक कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; कुँवर श्रीभूरसिंह राठोर अध्यक्ष हैं।

गंगापुस्तकमाला, लखनऊ—१९२० के लगभग श्रीदुलारेलाल

भार्गव द्वारा स्थापित; ढाई सौ के लगभग पुस्तकें प्रकाशित जिनमें मिश्रबंधु-विनोद, हिंदी-नवरत्न, बिहारी-रत्नाकर, रंगभूमि आदि मुख्य हैं; लगभग सोलह वर्षों तक मासिक 'सुधा' और 'बालविनोद' का प्रकाशन किया।

गयाप्रसाद ऐंड संस, आगरा—१६०५ में स्थापित; हिंदी, उर्दू, अँग्रेजी, की लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित कीं; श्री रामप्रसाद अध्यक्ष हैं।

गाँधी-ग्रंथ-माला, काशी-विद्यापीठ, बनारस छावनी—गाँधी जी को श्रद्धांजलि के रूप में ६ पुस्तकें प्रकाशित।

गीताप्रेस, गोरखपुर—धार्मिक साहित्य के प्रकाशक; ढाई सौ के लगभग पुस्तकें प्रकाशित, जिनमें अनेक पुस्तकें सस्ती और सुंदर छपी होने के कारण समादृत हैं; लगभग चौबीस वर्षों से मासिक 'कल्याण' और अँग्रेजी 'कल्याण-कल्पतरु' का प्रकाशन होता है।

गुप्त बुकडिपो, दानापुर छावनी (बिहार)—२ पुस्तकें प्रकाशित, श्री लक्ष्मीनारायण अध्यक्ष हैं।

गुप्त-स्मारक - ग्रंथ - प्रकाशन समिति, १४७ हरिसन रोड, कलकत्ता— स्व० श्री बालमुकुंद गुप्त-संबंधी दो-तीन पुस्तकें प्रकाशित जिनमें गुप्त - निबंधावली और गुप्त-स्मारक-ग्रंथ प्रमुख हैं; इन प्रकाशनों की बिक्री की आय से हिंदी के स्वर्गीय साहित्य-सेवियों के संबंध में भी इसी प्रकार के ग्रंथ छपेंगे।

ग्रंथमाला-कार्यालय, बाँकीपुर, पटना—लगभग पचास पुस्तकें प्रकाशित जिनमें साहित्यालोक और आर्यावर्त मुख्य हैं; कई वर्षों से मासिक 'किशोर' का प्रकाशन हो रहा है; श्री देवकुमार मिश्र अध्यक्ष हैं।

चंद्र-कार्यालय, भिवानी, हिसार (पंजाब)— मीनाकारी शिक्षक, स्वर्णकार - विज्ञान आदि कई पुस्तकें प्रकाशित; श्री चंदूलाल व्यवस्थापक हैं।

चलसानि सुब्बाराव, ईटानगर, तेनाली—पाठ-ग्रंथों की कुंजियाँ प्रकाशित की हैं; स्वयं अध्यक्ष हैं।

चाँद - कार्यालय, प्रयाग— लगभग डेढ़ सौ पुस्तकें प्रकाशित कीं ; अठारह वर्षों तक मासिक 'चाँद' का प्रकाशन किया ; कई वर्षों तक 'नयी कहानियाँ', 'रसीली कहानियाँ' नामक दो कहानी पत्रिकाएँ प्रकाशित कीं।

छात्रहितकारी पुस्तकमाला, दारागंज, प्रयाग— १९१८ में स्थापित; लगभग १५० पुस्तकें अब तक प्रकाशित कीं जिनमें कविप्रसाद की काव्य - साधना, ब्रह्मचर्य ही जीवन है, गुप्त जी की काव्यधारा आदि मुख्य हैं ; बच्चो के लिए सरल भाषा में जीवनी-माला भी निकाली गयी है जिसमें लगभग सत्तर पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं ; श्री केदारनाथ गुप्त, एम० ए० संचालक हैं।

जनसेवक-समिति, लखीमपुर, खीरी—अप्रैल १९४६ में स्थापित; साप्ता० 'जनसेवक' पं० वंशीधर मिश्र के संपादकत्व में निकल रहा है ; जन-सेवक-पुस्तकमाला के प्रकाशन का आयोजन है ; ४ ग्रंथ प्रकाशित हैं।

जागरण - साहित्य - मंदिर, बनारस—३-४ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें 'बापू को न बचा सका' का विशेष प्रचार हुआ है।

जी०आर० भार्गव एंड संस, चँदौसी— लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें प्रमुख देशों की शासन-प्रणालियाँ मुख्य हैं ; श्री राधेश्याम भार्गव व्यवस्थापक हैं।

ज्ञान-प्रकाश - मंदिर, माछरा, मेरठ— १९१८ में स्थापित ; महाकवि अकबर-और उनका उर्दू काव्य, टाल्सटाय की आत्म-कहानी, विचार आदि प्रकाशन प्रसिद्ध हैं।

ज्ञानमंडल, काशी— ५० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें हिंदी-शब्द-संग्रह, हिंदुत्व आदि प्रसिद्ध हैं ; लगभग बीस वर्षों से दैनिक व साप्ताहिक 'आज' का प्रकाशन होता है।

ज्ञानमंदिर, जवाहरगंज, जबलपुर—१०-१२ पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

ज्ञानमंदिर, भीष्म एंड कम्पनी, पटकापुर, कानपुर— 'बुलबुल' और 'कोकिल' सीरीज में लगभग ४० पुस्तकों का प्रकाशन ; श्री नारायणप्रसाद व्यवस्थापक हैं।

ज्योतिष - निकेतन, चौक, भूपाल—ज्योतिष तथा सामुद्रिक शास्त्र की कई पुस्तकों का प्रकाशन; २६ जून १९४१ में स्थापित; पं० ईशनारायण जोशी शास्त्री व्यवस्थापक हैं।

झलक-पुस्तकमाला, धनराज लेन, अमरावती (बरार)—'युगजीवन' द्विमासिक प्रकाशित होता है; पुस्तकें प्रकाशित करने की भी योजना है।

टी० सी० जर्नल्स लिमिटेड, सुंदरबाग, लखनऊ—छात्रोपयोगी कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं; सभी पुस्तकें अध्यापकों की लिखी हुई हैं।

डी० आर० शर्मा एंड संस, जोधपुर — बालोपयोगी पुस्तक-प्रकाशक; २० के लगभग पुस्तकें प्रकाशित; श्री गिजुभाई की बालोपयोगी पुस्तकों का अनुवाद यहाँ से प्रकाशित हुआ है।

तरुण - कार्यालय, प्रयाग—तरुण सीरीज के अंतर्गत ५-७ पुस्तकें प्रकाशित, मासिक 'तरुण' का कई वर्षों तक प्रकाशन हुआ।

तरुण-भारत-ग्रंथावली, गाँधी-नगर, कानपुर — पहले प्रयाग में था, अब कानपुर में है; अनेक पुस्तकें प्रकाशित; पं० लक्ष्मीधर बाजपेयी अध्यक्ष हैं।

तरुण-भारत-ग्रंथावली, दारागंज, प्रयाग—स्थापित—१९१८; लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित; अधिकतर युवकोपयोगी साहित्य; श्रीसोमदेव बाजपेयी व्यवस्थापक हैं।

तारा-मंडल, रोसड़ा, दरभंगा; १९४० में स्थापित; प्रकाशित पुस्तकों में आरसी, संचयिता, आभा आदि मुख्य हैं; प्रसिद्ध कवि श्री आरसीप्रसाद सिंह प्रबंधक हैं।

धर्म-ग्रंथावली, श्री दुबे निवास, दारागंज, प्रयाग—स्व० श्री विद्याभास्कर शुक्ल द्वारा १९३३ में स्थापित; लगभग २५ धार्मिक पुस्तकें प्रकाशित जिनमें 'गंगा-रहस्य' मुख्य है; श्री गंगाधर दुबे अध्यक्ष हैं।

नन्दकिशोर एंड ब्रादर्स, चौक बनारस — लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित; अधिकतर पाठ्य पुस्तकें है; काशी विश्व विद्यालय से डी० लिट्० उपाधि के लिए स्वीकृत दो तीन थीसिसें जैसे आधुनिक काव्य-धारा, प्रसाद के नाटकों का शास्त्रीय

अध्ययन भी प्रकाशित की हैं; श्री विश्वनाथ भार्गव प्रबंधक हैं।

नवजीवन पुस्तकमाला, दारागंज, प्रयाग—२-३ पुस्तकें प्रकाशित; श्रीनाथगुप्त अध्यक्ष हैं।

नवयुग-ग्रंथ-कुटीर; बीकानेर—लगभग ५० प्रस्तकें प्रकाशित; श्रीशंभूदयाल सक्सेना संचालक हैं।

नवयुग साहित्य-निकेतन, आगरा—राजनीति साहित्य का प्रकाशन; स्था०—जनवरी १६३८; **संचा०**—श्रीरामनारायण यादवेंदु, बी०ए०,एल-एल० बी०; औपनिवेशिक स्वराज्य, समाजवाद, गाँधीवाद, यदुवंश का इतिहास, भारतीय शासन-प्रणाली आदि प्रकाशन मुख्य हैं।

नवयुग - साहित्य - सदन, खजूरी बाजार, इंदौर—विविध विषयक लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री गोकुलदास अध्यक्ष हैं।

नवलकिशोर-प्रेस, हजरतगंज, लखनऊ—स्थानीय सबसे प्राचीन प्रकाशन-संस्था; १८५८ के लगभग मुंशी नवलकिशोर द्वारा स्थापित; डेढ़ हजार के लगभग पुस्तकें प्रकाशित; लगभग २५ वर्षों से प्रसिद्ध मासिक पत्रिका 'माधुरी' का प्रकाशन हो रहा है; श्री मुंशी रामकुमार भार्गव अध्यक्ष हैं।

नरेंद्रसाहित्य-कुटीर—दीतवारिया,इंदौर—१६४०में स्थापित;लगभग १५ पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'नवनिर्माण' का प्रकाशन भी होता है; श्रीशिखरचंद व्यवस्थापक हैं।

नागरीनिकेतन, विजयनगर, आगरा—१६३८ में स्थापित; ५-७ पुस्तकें प्रकाशित, डा० श्याम सुंदरलाल दीक्षित संचालक हैं।

नागरी - प्रचारिणी - सभा, प्रकाशन - विभाग, काशी—प्रकाशित पुस्तकों की संख्या लगभग दो सौ; ये पुस्तकें कई मालाओं में प्रकाशित हैं जिनका क्रम इस प्रकार है—मनोरंजन-पुस्तकमाला, सूर्यकुमारी-पुस्तकमाला, देवीप्रसाद पुस्तकमाला, बारहट बालाबख्श राजपूत - चारण - पुस्तकमाला, देवपुरस्कार - ग्रंथावली, नागरीप्रचारिणीग्रंथमाला, महिला पुस्तकमाला, प्रकीर्णक पुस्तकमाला, इनके प्रकाशनों में ये पुस्तकें बहुमूल्य एवं श्रेष्ठ हैं—पृथ्वीराज रासो, वृहत्

हिंदी शब्दसागर, द्विवेदी - अभिनंदन-ग्रंथ, सूरसागर।

नागरीभवन, आगर, मालवा—१६११ में स्थापित; कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

नारायण-पब्लिशिंग हाउस, अजीतमल, इटावा—सचित्र 'कौन क्या है' का प्रकाशन; श्री प्रेमनारायण अग्रवाल अध्यक्ष हैं।

नारायण पब्लिशिंग हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ— अनेक पाठ्यग्रंथों के प्रकाशक; श्री लक्ष्मण प्रसाद भार्गव अध्यक्ष हैं।

नालंदा - प्रकाशन, धननूर बिल्डिंग, तीसरी माला, सरफीरोज शाह मेहता रोड, बंबई १—दो-तीन पुस्तकें प्रकाशित।

निष्काम - प्रकाशन, मेरठ—चार-पाँच पुस्तकें प्रकाशित; श्री अरुण बी०ए० प्रबंधक हैं।

निष्काम - साहित्य - मंडल, पूना १—दो पुस्तकें प्रकाशित, लगभग १० प्रेस में हैं, 'निष्काम' मासिक भी प्रकाशित होता है, श्री रत्नांबरदत्त व्यवस्थापक हैं।

नूतन प्रकाशन-मन्दिर, मदने की गोट, लश्कर (ग्वालियर)—एक दर्जन पुस्तकें प्रकाशित; श्री शंभुनाथ सकसेना व्यवस्थापक हैं।

न्यू लिटरेचर (नया साहित्य), २५७ चक, इलाहाबाद—कविता-कहानियों की लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित; श्री ओंकार 'शरद' व्यवस्थापक हैं।

पी०सी० द्वादश श्रेणी, अलीगढ़—कई पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित, कई वर्ष तक मासिक 'शिक्षक' का प्रकाशन किया।

पुष्पराज - प्रकाशन - भवन, उपरहटी, रीवाँ—स्थानीय एकमात्र प्रकाशन-संस्था; लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; आचार्य गिरिजा प्रसाद त्रिपाठी व्यवस्थापक हैं।

पुस्तक - जगत, कदमकुआँ, पटना ३—लगभग ७६ पुस्तकें प्रकाशित; 'पुस्तकालय', 'जय-प्रकाश' आदि पुस्तकें मुख्य हैं।

पुस्तक-भंडार, काशी—श्रीसूर्यबलीसिंह द्वारा १६१७ में स्थापित; लगभग ४० विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित की हैं; अब साहित्यिक प्रकाशन करते हैं।

पुस्तक-भंडार, पटना ४—लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित;

मासिक 'बालक' का अनेक वर्षों से प्रकाशन होता है ; कार्यालय पहले लहरियासराय (दरभंगा) में था।

पुस्तक-भंडार, लहरियासराय,—१६१६ के लगभग श्रीरामलोचनशरण द्वारा स्थापित ; लगभग पचास पुस्तकें प्रकाशित ; इसकी रजतजयन्ती के अवसर पर जयंती-स्मारक - ग्रन्थ प्रकाशित किया ; लगभग १६ वर्षों से बालोपयोगी मासिक 'बालक' का प्रकाशन कर रहे हैं ; श्रीवैदेहीशरण अध्यक्ष हैं ; अब कार्यालय पटना में है।

पुस्तक-मन्दिर, काशी—स्थापित १६२६; कहानी-उपन्यास की लगभग ३६ पुस्तकें प्रकाशित; श्री विनोदशंकर व्यास अध्यक्ष हैं।

पुस्तक - मंदिर (हिंदी-प्रचार-सभा), मद्रास—अहिंदी प्रांत की प्रसिद्ध प्रकाशन - संस्था ; अनेक पुस्तकें प्रकाशित जो पाठ्य-क्रम में स्वीकृत हैं ; कई वर्ष मासिक 'हिंदी प्रचारक', 'दक्षिण भारत' का प्रकाशन किया; इस समय १०-१२वर्षों से 'हिंदी-प्रचार-समाचार' मासिक का प्रकाशन हो रहा है।

पुस्तक-संसार, ७ ब० कोल्हापुर हाउस, सब्जीं मंडी, दिल्ली—विविध विषयक चार-पाँच पुस्तकें प्रकाशित ; औद्योगिक ग्रंथमाला प्रकाशन की भावी योजना है।

प्रकाश-गृह, ३१ ए० बेली-रोड, प्रयाग—श्री 'पहाड़ी' लिखित लगभग १२-१३ पुस्तकें प्रकाशित; स्वयं श्री पहाड़ी ही संचालक हैं।

प्रदीप-कार्यालय, मुरादाबाद—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित ; मासिक 'प्रदीप' का भी कुछ समय तक प्रकाशन हुआ ; बंबई में भी शाखा हैं—उदयन, २७१ विट्ठल भाई पटेल रोड, बंबई ४; श्री जगदीश भारती अध्यक्ष हैं।

प्राचीन साहित्य-शोध-संस्थान, उदयपुर - विद्यापीठ, उदयपुर — ५-६ शोधपूर्ण प्रकाशन ; पृथ्वीराज रासो का प्रामाणिक प्रकाशन खंड-रूप में हो रहा है ; 'शोध-पत्रिका' त्रैमासिक का प्रकाशन भी होता है; श्री पुरुषोत्तमदास मेनारिया मंत्री हैं।

प्रीमियर बुकडिपो, ३८, म्यूनिसिपल मारकेट, कनाट सरकस, नयी दिल्ली—कहानी - उपन्यास

जिनमें अर्थशास्त्र - शब्दावली, राजनीति - शब्दावली , भारतीय अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र आदि मुख्य हैं ; श्री भगवानदास केला संचालक हैं ।

भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुंड रोड, बनारस—लगभग २५ पुस्तकें अब तक प्रकाशित ; मूर्ति-देवी जैन ग्रंथमाला के अंतर्गत लगभग १० जन-धर्म-विषयक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं ; श्रीमती रमारानी जैन अध्यक्षा हैं ।

भारतीय प्रकाशन - मंदिर, आगरा—स्व० अध्यापक रामरत्न जी की पुण्य स्मृति में स्थापित ; 'रत्नाश्रम' इसका दूसरा नाम है ; 'आशा' साप्ताहिक एवं 'नौनिहाल' मासिक का प्रकाशन किया; कई विद्यार्थी-उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित ; श्री श्यामाचरण लवानियाँ व्यवस्थापक हैं ।

भार्गव पुस्तकालय, बनारस—जासूसी एवं धार्मिक साहित्य के प्रकाशक ; लगभग ढाई सौ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें भाभी के पत्र, अभागे दंपति, राबर्ट ब्लेक की चार आना, छः आना, आठ-आना और एक रुपया सीरीज मुख्य हैं ; तीन वर्ष तक महिलोपयोगी मासिक 'कमला' का प्रकाशन किया ।

भूगोल-कार्यालय, प्रयाग—भौगोलिक-साहित्य के एक मात्र प्रतिष्ठित प्रकाशक; १९१५ के लगभग स्थापित; अब तक करीब चालीस पुस्तकें प्रकाशित जिनमें भारत वर्ष का इतिहास समादृत है ; मासिक भूगोल और 'देश - दर्शन' का भी अनेक वर्षों से प्रकाशन होता है; श्रीरामनारायण मिश्र, बी० ए० अध्यक्ष हैं ।

मदनमोहन, चँदौसी—१९३२ से प्रारंभ; १५ पुस्तकें प्रकाशित; स्वयं संचालक हैं ।

मधुर-मंदिर, हाथरस—लगभग ३० पुस्तकें प्रकाशित; 'नया संसार' साप्ताहिक, 'हिंदू राष्ट्र' पाक्षिक, 'रागिनी' मासिक भी छपते हैं ; श्रीदेवकीनंदन बंसल अध्यक्ष हैं ।

मनोरंजन - पुस्तकमाला, जार्जटाउन, प्रयाग—१९४३ में स्थापित; इस समय 'सजनी-सीरीज' का प्रकाशन हो रहा है जिनमें कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं;

'सजनी' नाम की एक पत्रिका भी निकल रही है; श्रीनरसिंहराम शुक्ल व्यवस्थापक हैं।

महाबोधि सभा, सारनाथ, बनारस—१८९१ में स्थापित; अब तक लगभग बीस पुस्तकें प्रकाशित; 'धर्मदूत' पत्र भी निकलता है।

माखनलाल दम्माणी, कोट-गेट, बीकानेर—१९३४ से प्रकाशन किया; लगभग पंद्रह पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

मानसरोवर साहित्य-निकेतन, राजोगली, मुरादाबाद — कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं ; श्रीराजनारायण संचालक हैं।

मानस - संघ, पो० रामवन वाया सतना (मध्य प्रदेश)— रामचरित मानस के आधार पर ४५ पुस्तकें प्रकाशित; और भी छापने का विचार है।

मानिकचंद बुकडिपो, पटनी बाजार, उज्जैन — १९०१ में स्थापित; पाठ-ग्रंथों के अतिरिक्त कुछ ललित साहित्य संबंधी ग्रंथ भी छापे हैं।

मायाप्रेस, मुट्ठीगंज, प्रयाग— कहानी - साहित्य के प्रकाशक ; १९२६ में स्थापित; माया सीरीज का प्रकाशन किया है जिसमें लगभग चालीस पुस्तकें छप चुकी हैं; मनोहर सिरीज भी शुरू की है और २० पुस्तकें छप चुकी हैं। 'माया' और 'मनोहर कहानियाँ' नामक दो कहानी - पत्रिकाओं का प्रकाशन भी होता है ; थोड़े समय से 'मनमोहन' बालोपयोगी मासिक का प्रकाशन शुरू किया है; श्री क्षितींद्र मोहन मित्र व्यवस्थापक हैं।

मारवाड़ी प्रेस, हैदराबाद (दक्षिण)---हिंदी की छोटी-बड़ी कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं ; स्थानीय सबसे बड़े प्रकाशक हैं।

मास्टर बलदेवप्रसाद,सागर— कई पुस्तकें प्रकाशित जिनमें नौनिहालों की टोली, महात्मा गाँधी, पांचजन्य आदि मुख्य हैं ; कई वर्ष तक बालोपयोगी पाक्षिक 'बच्चों की दुनिया' का प्रकाशन किया ; स्वयं अध्यक्ष हैं।

मिश्रबन्धु-कार्यालय, जबलपुर— बालोपयोगी साहित्य और पाठ-ग्रंथों के प्रकाशक ; लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें सरल नाटकमाला,

आदि मुख्य हैं; श्री नर्मदाप्रसादमिश्र व्यवस्थापक हैं।

मोतीलाल बनारसीदास, गाय घाट, बनारस— हिंदी-संस्कृत की लगभग सौ पुस्तकें प्रकाशित जिन में कई पाठ्य पुस्तकें हैं, पाकिस्तान बनने से पहले इनका प्रधान कार्यालय लाहौर में थ

युग मंदिर, उन्नाव—लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित ; चौधरी श्री राजेंद्रशंकर अध्यक्ष हैं।

युगांतर-प्रकाशन-मंदिर लि०, चौड़ा रास्ता, जयपुर — दैनिक 'लोकवाणी' और 'युगांतर' का प्रकाशन; अध्यक्ष श्री जवाहरलाल।

राघव-प्रकाशन-मंडल, दोस्तपुर, सुल्तानपुर (अवध)—स्थापित १६४१ ; १०-१२ विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित ; प्रबन्धक श्री शिवकुमार त्रिपाठी।

राजकमल प्रकाशन लि०, १ फैज बाजार, दिल्ली —विविध विषयक लगभग दो सौ पुस्तकें प्रकाशित ; प्रबन्धक समिति में महाराज करणीसिंह (बीकानेर), महाराज कुमार डा० रघुवीरसिंह मुख्य हैं ; १६४६ में २५, चौपाटी रोड, बंबई में शाखा खोली जिसके अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल मुंशी हैं ; नयी दिल्ली में भी १६५१ से एक दूकान खोली है, वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश हैं।

राजराजेश्वरी-साहित्य-मंदिर, सूर्यपुरा, शाहाबाद— प्रकाशित पुस्तकों में राम-रहीम, पुरुष और नारी आदि मुख्य हैं; श्रीमान् राजा राधिकारमण प्रसादसिंह द्वारा संरक्षित है।

रामदयालअग्रवाल (रायसाहब) कटरा, प्रयाग—लगभग सवा सौ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें चित्रावली रामायण, हिंदी साहित्य का गद्य-काल मुख्य हैं; अनेक पाठग्रंथ ही प्रकाशित किये हैं।

रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग—लगभग तीन सौ पुस्तकें प्रकाशित, जिनमें अनेक पाठ्यक्रम में स्वीकृत हैं; प्रकाशित पुस्तकों में हिंदी-साहित्य का इतिहास, भारतेंदु नाटकावली, सटीक वाल्मीकीय रामायण मुख्य हैं, श्री बेनीप्रसाद अग्रवाल (वकील साहब) हैं।

रामनारायण ऐंड संस, अस्पताल मार्ग, आगरा— १६१० में

स्थापित; लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें अनेक पाठ्यक्रम में हैं; रामप्रसाद सीरीज का प्रकाशन भी किया है; श्रीहरिहरनाथ अग्रवाल व्यवस्थापक हैं।

राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति, हिंदी नगर, वर्धा—अनेक पुस्तकें प्रकाशित जो राष्ट्रभाषा प्रचार-सभा के पाठ्यक्रम में स्वीकृत हैं; कई वर्षों तक 'सबकी बोली' 'राष्ट्रभाषा-समाचार' मासिक का प्रकाशन किया; अब 'राष्ट्रभाषा' और 'राष्ट्रभारती' का प्रकाशन होता है।

राष्ट्रीय साहित्य-प्रकाशन-परिषद, २३२ सदर, मेरठ—बारह-तेरह कविता पुस्तकें प्रकाशित जिन में 'जननायक' महाकाव्य प्रमुख; अध्यक्ष श्री परमात्माशरण।

राष्ट्रीय - साहित्य प्रकाशन-मंदिर, दिल्ली— गांधी साहित्य का प्रकाशन मुख्य है; कई पुस्तकें प्रकाशित; श्री श्रीराम अध्यक्ष हैं।

लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अस्पताल मार्ग, आगरा—अनेक पाठ-ग्रंथ प्रकाशित; लगभग दो वर्षों तक साहित्यिक मासिक 'मराल' का प्रकाशन भी किया; श्रीराजनारायण व्यवस्थापक हैं।

लक्ष्मी-हिंदी-विद्यालय, चिलकलूरिपेट, जिला गुंटूर—लगभग १० विद्यार्थी-उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित; श्री देसु सत्यनारायण संचालक हैं।

लहरी बुकडिपो, काशी—१५-२० जासूसी पुस्तकें प्रकाशित जिनमें 'चंद्रकांता संतति' (६खंड) और भूतनाथ (७खंड) प्रसिद्ध हैं।

लोक-सेवा-प्रकाशन - मंडल, बाह, आगरा—एक-दो पुस्तकें प्रकाशित।

वाणी-मंदिर, छपरा—स्व० ठा० मंगलसिंह द्वारा संस्थापित; पचास के लगभग पुस्तकें प्रकाशित, जिनमें प्रेमचंद की उपन्यास-कला, साकेत समीक्षा आदि मुख्य हैं; सुश्री विद्यावती देवी संचालिका हैं।

वाणी-मंदिर, जयपुर—सर्वोदय साहित्य की पुस्तकें प्रकाशित; युगांतर-प्रकाशन-मंदिर लि० द्वारा संचालित।

विक्रम - परिषद (अखिल-भारतीय)—६३ । ४३ उत्तर बेनिया बाग, काशी—कालिदास-

ग्रंथावली का प्रकाशन हो रहा है, तीन खंड प्रकाशित हो चुके हैं; श्री सीताराम चतुर्वेदी मंत्री हैं।

विद्याभास्कर बुकडिपो, ज्ञानवापी, बनारस—१९३० से प्रकाशन प्रारंभ किया; अब तक लगभग चालीस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; श्री देवेन्द्रचंद्र विद्याभास्कर व्यवस्थापक हैं।

विद्यामंदिर, रानीकटरा, लखनऊ—'हिंदी-सेवी-संसार' के प्रकाशक; १९४१ में साहित्यरत्न श्री प्रेमनारायण टंडन एम० ए० द्वारा स्थापित; लगभग ६० पुस्तकें अब तक प्रकाशित जिनमें 'एक अध्ययन' माला का काफी प्रचार है; 'साहित्यिक पारिभाषिक शब्दावली', 'हिंदी रचना उसके अंग', आदि पुस्तकें प्रमुख हैं; लगभग चार वर्षों से मासिक (अब पाक्षिक) बालोपयोगी 'होनहार' का प्रकाशन हो रहा है; श्री तेजनारायण व्यवस्थापक हैं।

विद्यामंदिर लिमिटेड, दिल्ली—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें स्वाधीनता के पथ पर और पथिक प्रसिद्ध हैं; लगभग तीन वर्ष तक मासिक 'हिंदी-पत्रिका' का प्रकाशन हुआ; श्री रामप्रताप गोंडल अध्यक्ष हैं।

विद्यारंभम् प्रेस एंड बुकडिपो, मुल्लकाल, अलेप्पी (ट्रावनकोर)—मलयालम और तामिल साहित्य के प्रकाशक, अब हिंदी प्रकाशनों की ओर रुचि बढ़ी है।

विद्यार्थी-पुस्तक-मंदिर, मोतीझील, मुजफ्फरपुर—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री जगतनारायण गुप्त व्यवस्थापक हैं।

विद्याविभाग, काँकरोली, मेवाड़—लगभग १५ पुस्तकें छप चुकी हैं जिनमें कई प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों के आधार पर संपादित और कई वल्लभ संप्रदाय से संबंधित हैं।

विनय-प्रकाशन-मंदिर, इंदौर—प्रकाशित पुस्तकों में उग्रजी का उपन्यास 'जीजी जी' है; श्रीरामकृष्ण भार्गव अध्यक्ष हैं।

विनोद-पुस्तक-मंदिर, अस्पताल मार्ग, आगरा—लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित; 'पं० नेहरू' नामक अभिनंदन-ग्रंथ प्रसिद्ध प्रकाशन;

श्री राजकिशोर अग्रवाल अध्यक्ष हैं।

विप्लव - कार्यालय, शिवाजी मार्ग, लखनऊ—१६१६ से प्रारंभ; अब तक लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित जिसमें दादा कामरेड, पिंजड़े की उड़ान, देशद्रोही, मानव के रूप आदि प्रसिद्ध हैं; कई वर्षों तक 'विप्लव' और 'विप्लवी ट्रैक्ट' का प्रकाशन किया; श्रीमती प्रकाशवती पाल व्यवस्थापिका हैं।

विभु प्रकाशन, लखपतराय, गली, इलाहाबाद—श्री विद्याभूषण 'विभु' लिखित चार पुस्तकें प्रकाशित; श्री विमिलेश अध्यक्ष हैं।

विशाल-भारत बुकडिपो, कलकत्ता—प्रकाशित पुस्तकों में शुक-पिक, भेड़ियाधसान, कुमुदिनी आदि प्रसिद्ध हैं; श्री अयोध्यासिंह अध्यक्ष है।

विश्वविद्यालय, लखनऊ—पी - एच० डी० की उपाधि के लिए स्वीकृत गवेषणात्मक निबंध और ब्रजभाषा सूर-कोश आदि दो-तीन महत्वपूर्ण ग्रंथ प्रकाशित किये हैं; श्री डा० दीनदयालु गुप्त अध्यक्ष हैं।

वीर-सेवा - मंदिर, सरसावा, सहारनपुर—जैन-धर्म विषयक कई पुस्तकें प्रकाशित, मासिक 'अनेकांत' का भी प्रकाशन होता है; श्री जुगलकिशोर मुख्तार अधिष्ठाता हैं।

ब्रजसाहित्य-मंडल - मथुरा—ब्रजभाषा और साहित्य-संबंधी ७-८ ग्रंथ प्रकाशित किये हैं जिनमें ब्रज की लोक कहानियाँ, ब्रज-लोक-संस्कृति मुख्य हैं।

शक्ति-पब्लिकेशंस , माडेल टाउन, लुधियाना — दो पुस्तकें प्रकाशित ; दो तीन प्रेस में हैं।

शारदा-शांति-साहित्य-सदन , केवलारी, पथरिया, सागर (मध्य-प्रदेश)—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित ; 'परिचय-पारिजात' मासिक का प्रकाशन भी होता है ; श्री दुर्गानारायण वीरन्यईश अध्यक्ष हैं।

शिव-प्रकाशन, अस्पताल मार्ग, आगरा—लगभग २०पुस्तकें प्रकाशित; अधिकतर पाठ्य पुस्तकें हैं।

शिवाजी - प्रकाशन - मंदिर , सुंदरबाग, लखनऊ—लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें पद्मावत का भाष्य, अनुरागिनी प्रमुख हैं; श्री राधाबाई अध्यक्षा हैं।

शिवाजी बुक डिपो, अमीनाबाद, लखनऊ—स्थापित १९४२; दस पुस्तकें प्रकाशित जिनमें छब्बीस कवियों की समालोचना प्रमुख है; श्री कंठराव भट्ट व्यवस्थापक हैं।

शिशु-ज्ञान-मंदिर, शिशु-प्रेस, प्रयाग—१९१६ में स्व० श्री सुदर्शनाचार्य द्वारा स्थापित; प्रकाशित बालोपयोगी पुस्तकों की संख्या १०० है; लगभग चौतीस वर्षों से मासिक 'शिशु' का प्रकाशन हो रहा है; श्री सत्यवान शर्मा अध्यक्ष हैं।

श्यामकाशी प्रेस, मथुरा—१८७० में स्थापित; कई धार्मिक पुस्तकें प्रकाशित; श्री हीरालाल संचालक हैं।

श्रीराम मेहरा एंड कंपनी, माईथान, आगरा — लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें अधिकांश पाठ्य ग्रंथ हैं; साहित्यिक पुस्तकों में प्राचीन कवियों की काव्यसाधना प्रमुख है; स्वयं अध्यक्ष हैं।

संगीत-कार्यालय, हाथरस—स्थापित १९३२; संगीत-विषयक लगभग तीस पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'संगीत' का प्रकाशन भी होता है; श्री प्रभुलाल प्रबंधक हैं।

सत्याश्रम, वर्धा— स्थापित १९३६; अधिकतर स्वामी सत्यभक्त की कृतियाँ प्रकाशित की हैं; पहले 'सत्य-संदेश', 'नयी दुनियाँ' छपते थे, अब 'संगम' छप रहा है।

सरस्वती-प्रकाशन, कानपुर—एक उपन्यास 'समस्या' प्रकाशित, कई प्रेस में हैं।

सरस्वती-प्रकाशन-कार्यालय, मथुरा—धार्मिक और छात्रोपयोगी ग्रंथों के नये प्रकाशक; हिंदी-अँगरेजी-कोश छाप रहे हैं।

सरस्वती-प्रकाशन-मंदिर, आरा—लगभग तीन वर्ष तक 'बालकेसरी' मासिक का प्रकाशन हुआ; १० पुस्तकें प्रकाशित; श्री-देवेन्द्रकिशोर जैन व्यवस्थापक हैं।

सरस्वती-प्रकाशन-मंदिर, जार्ज टाउन, प्रयाग—प्रकाशित पुस्तकों में इतिहास प्रवेश, पाँच कहानियाँ आदि मुख्य हैं; लगभग तीन वर्षों से कहानी-मासिक 'छाया' का प्रकाशन हो रहा है; श्री सुशील वर्मा एम०ए० अध्यक्ष हैं।

सरस्वती प्रेस, बनारस कैंट—स्व० श्रीप्रेमचंद जी द्वारा स्थापित प्रसिद्ध प्रकाशन-संस्था; १०० के

लगभग पुस्तकें प्रकाशित; जाग्रत-महिला-साहित्य, हंस-पुस्तक-माला, गल्पसंसारमाला, प्रगतिशील पुस्तकें आदि का प्रकाशन हुआ; श्रीप्रेम-चंद जी द्वारा संचालित 'हंस' और 'कहानी' मासिक पत्रों का भी प्रकाशन हुआ; कई वर्ष तक साप्ताहिक 'जागरण' का प्रकाशन भी किया; इस समय श्री श्रीपतराय व्यवस्थापक हैं।

सरस्वती - मंदिर, जतनबर, बनारस—लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित; अधिकतर आलोचनात्मक हैं; 'जौहर' प्रमुख है।

सरस्वती-सदन, जालोरी गेट, जोधपुर—५ पुस्तकें प्रकाशित; तारा. जी. एंड संस अध्यक्ष हैं।

सस्ता-साहित्य-मंडल, दिल्ली—राष्ट्रीय एवं नैतिक साहित्य के प्रकाशक; १९२५ में अनेक धनी-मानी विद्वानों द्वारा स्थापित; अब तक लगभग तीन सौ पुस्तकें प्रकाशित; सर्वोदय-ग्रंथ-माला, टालसटाय-ग्रंथावली, गांधी-साहित्यमाला आदि मालाओं के अंतर्गत सुरुचिपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित कीं; 'जीवन-साहित्य' नामक पत्र भी कई वर्षों से प्रकाशित किया; मेरी कहानी, विश्व-इतिहास की झलक, गाँधी-अभिनंदन - ग्रंथ; संक्षिप्त आत्म-कथा आदि प्रकाशन मुख्य हैं; श्री मार्तंड उपाध्याय इस समय व्यवस्थापक हैं।

साधना-सदन, ६९ लूकरगंज, प्रयाग—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित; अधिकतर श्री रामनाथ सुमन का जीवनोपयोगी साहित्य प्रकाशित हुआ; स्वयं अध्यक्ष हैं।

सावन-भादों-प्रकाशन-मन्दिर, अरविंद कुटीर, गोंदिया, (मध्य प्रदेश)—दो तीन पुस्तकें प्रकाशित ; 'सावन-भादों' मासिक भी प्रकाशित होता है।

साहित्य-कार्यालय, दारागंज, प्रयाग—१९२२ में स्थापित ; अब तक कई पुस्तकें प्रकाशित जिनमें 'चोंच महाकाव्य' प्रसिद्ध है; श्री सिद्धिनाथ दीक्षित संचालक हैं।

साहित्य - निकुंज, यूनिवर्सिल प्रेस, शिवचरण लाल रोड, इलाहाबाद—लगभग २० विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित।

साहित्य - निकेतन, दारागंज, प्रयाग—प्रकाशित पुस्तकों में रामू-

श्यामू, भैंसासिंह, नर्त्तकी, महाभारत की कहानियाँ मुख्य हैं।

साहित्यनिकेतन, श्रद्धानन्दपार्क, कानपुर—१६३८ में स्थापित; कई पुस्तकें प्रकाशित जिनमें मानव, भारतीय वैज्ञानिक, संस्कृत साहित्य की रूपरेखा आदि प्रमुख हैं; अनेक साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित करने की योजना है; प्रसिद्ध लेखक श्री श्यामनारायण कपूर, बी० एस०-सी० संचालक हैं।

साहित्यभवन लि०, जीरो रोड, प्रयाग—लगभग १२५ विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित; राजर्षि श्री पुरुषोत्तम दास टंडन द्वारा स्थापित; संत कबीर, विदेशों के महाकाव्य, कबीर का रहस्यवाद आदि प्रकाशन मुख्य हैं।

साहित्य-रत्न-भंडार, ४ महात्मा गाँधी मार्ग, आगरा—स्थापित १६१६; लगभग ७० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें अधिकतर आलोचनात्मक हैं; मासिक 'साहित्य-संदेश' का भी प्रकाशन कई वर्षों से होता है; श्री महेन्द्र संचालक हैं।

साहित्य-रत्नमाला-कार्यालय, २० धर्मकूप, बनारस — लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; प्रामाणिक हिंदी-शब्द-कोश अच्छी हिंदी और हिंदी-प्रयोग प्रकाशन प्रमुख हैं; श्रीरामचंद्र वर्मा संचालक हैं।

साहित्यसदन, चिरगाँव, झाँसी —श्री रामकिशोर गुप्त द्वारा स्थापित; लगभग साठ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें साकेत, पंचवटी, मेघनादवध, भारत-भारती, झूठ-सच आदि मुख्य हैं; हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि बाबू मैथिलीशरण जी गुप्त और उनके अनुज बाबू सियाराम शरणजी की प्रायः सभी रचनाएँ यहीं छपी हैं श्रीचारुशीलाशरण गुप्त अध्यक्ष हैं।

साहित्य-कार्यालय, सुइथाकलाँ, जौनपुर—१६१८ में अंबिकादत्त त्रिपाठी द्वारा स्थापित; पन्द्रह पुस्तकें प्रकाशित; श्रीरामनारायण मिश्र व्यवस्थापक हैं।

साहित्य-सेवा-सदन, बनारस —लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें भ्रमर-गीत-सार मुख्य है।

साहित्य-सौध, १५ बंकिम-चटर्जी स्ट्रीट, कलकत्ता १२—

लगभग ५ समालोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित।

सुलभ साहित्य - सदन, गया —६ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें श्रीकृष्ण-संदेश मुख्य है।

सुषमा-साहित्य-मंदिर (भारत प्रकाशन), १६२ जवाहरगंज,जबल पुर—लगभग २४ पुस्तकें प्रकाशित ; सुभद्रा कुमारी चौहान-साहित्य पूरा यहीं से प्रकाशित हुआ ; 'गीतांजलि' का हिंदी अनुवाद प्रमुख है।

हिंद किताब्स लि०,२६१-६३ हार्नबी रोड, बम्बई—स्थापित १६४४ ; लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित जिसमें सुदर्शन जी की बालोपयोगी पुस्तकें प्रमुख हैं।

हिंदी-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय, हीराबाग, बंबई— श्री नाथूराम प्रेमी द्वारा १६१३ में स्थापित ; सबसे पहला ग्रंथ स्व० पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी-कृत 'स्वाधीनता' (जानस्टुअर्ट मिल की 'लिबर्टी' का अनु०) निकाला था ; अब तक इसकी विविध पुस्तक-मालाओं में लगभग २०० ग्रंथ निकल चुके हैं ; रविबाबू, द्विजेन्द्रलाल, शरच्चन्द्र चटर्जी आदि के प्रसिद्ध ग्रंथों के सुंदर और सस्ते अनुवाद प्रकाशित करने का सौभाग्य इसे प्राप्त हुआ है।

हिंदी - ज्ञान - मंदिर लि०, २६ चर्चगेट स्ट्रीट, फोर्ट, बंबई —विविध विषयों की लगभग २१ पुस्तकें प्रकाशित।

हिंदी-परिषद (बंगीय), १५ बंकिम चटर्जी स्ट्रीट, कलकत्ता १२ —४-५ ग्रंथ प्रकाशित किये हैं जिनमें मीरा - स्मृति - ग्रंथ मुख्य है।

हिंदी-परिषद(विश्वविद्यालय), प्रयाग—स्था० १६३२; 'कौमुदी' वार्षिक निकलती है ; हिंदी-विभाग के अंतर्गत अनुसंधान-कार्य के फलस्वरूप तैयार कई महत्वपूर्ण ग्रंथ प्रकाशित किये हैं जिनमें सेनापति का कवित्व-रत्नाकर (संपादित), नंददास (संपादित), सूरदास, आधुनिक हिंदी-साहित्य आदि मुख्य हैं।

हिंदी-पुस्तक-भंडार, हीराबाग, सी. पी. टैंक, बंबई—लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'पुस्तक-पत्रिका' का भी कुछ समय तक

प्रकाशन हुआ; श्री भानुकुमार जैन अध्यक्ष हैं।

हिंदी-प्रचारक-मंडल, अमीनाबाद, लखनऊ—लगभग १५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री रामदास मिश्र अध्यक्ष हैं।

हिंदी-प्रेस, कटरा, प्रयाग—लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित; 'विद्यार्थी', 'खिलौना', 'विभोर' आदि बालोपयोगी मासिक भी छपते हैं; श्री शिवनंदन शर्मा अध्यक्ष हैं।

हिंद-बुक-स्टाल, त्रिवेंद्रम—विद्यार्थी-उपयोगी हिंदी पुस्तकों के प्रकाशन की योजना है; श्री एस० दामोदरन पिल्लई व्यवस्थापक हैं।

हिंदी भवन, जालंधर—पंजाब की प्रसिद्ध प्रकाशन-संस्था; लगभग बीस पुस्तकें प्रकाशित कीं जिनमें साहित्य-मीमांसा, सुकवि-समीक्षा, कामायनी का सरल अध्ययन मुख्य हैं; बटवारे में हिंदी का विशाल-भंडार नष्ट कर दिया गया; अब लाहौर छोड़कर जालंधर और प्रयाग में कार्य कर रहे हैं; श्री इंद्रचंद्र नारंग प्रयाग-शाखा के स्वामी हैं।

हिंदी-समाज, विश्वविद्यालय, लखनऊ—हिंदी विभाग के अंतर्गत साहित्यिक आयोजनों का संचालन करने वाली संस्था; एम० ए० के लिए स्वीकृत थीसिसों के संपादित संस्करण प्रकाशित कर रहे हैं।

हिंदी-साहित्य-कुटीर, बनारस—लगभग २५ समालोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित; वियोगी हरि-कृत विनय-पत्रिका की टीका प्रमुख है।

हिंदी-साहित्य-सदन—किरथरा, मक्खनपुर, मैनपुरी—कई पुस्तकें प्रकाशित जिनमें प्राणों का सौदा, शिकार, बोलती प्रतिमा आदि मुख्य हैं।

हिंदी-साहित्य-समिति, बिड़ला कालेज, पिलानी, जयपुर राज्य—स्था०—१८ सितम्बर १९३०, 'हिंदी की पत्र-पत्रिकाएँ, पुस्तक प्रकाशित की है।

हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग—हिंदी की मुख्य प्रचारक तथा प्रकाशन-संस्था, माननीय श्रीपुरुषोत्तमदास टंडन द्वारा स्थापित; लगभग डेढ़ सौ पुस्तकें निम्न मालाओं में प्रकाशित—सुलभ साहित्यमाला, बालसाहित्यमाला

आधुनिक कविमाला, वैज्ञानिक पुस्तकमाला, विविध; अनेक योग्य विद्वानों द्वारा संचालित; सम्मेलन से त्रैमासिक सम्मेलन पत्रिका भी प्रकाशित होती है। अष्टछाप और वल्लभ-संप्रदाय, हिंदी काव्य में प्रकृति-चित्रण, भारतीय ग्राम अर्थशास्त्र, भोजपुरी ग्राम्यगीत, तपोभूमि, हिंदू-राज्य-शास्त्र, वायु-पुराण, पालि साहित्य का इतिहास आदि प्रकाशन महत्वपूर्ण हैं।

हिन्दुस्तानी ऐकेडेमी—इलाहाबाद—भिन्न-भिन्न विषयों की उच्चकोटि की पुस्तकें प्रकाशित पुस्तकों की संख्या लगभग दो दरजन हैं जिनमें बेलिक्रिसन रुकमणी री, सतसई सप्तक, शंकराचार्य, भारतेंदु हरिश्चंद्र, मराठी साहित्य का इतिहास, हर्षवर्धन, हिंदी-पुस्तक - साहित्य, पाटलीपुत्र की कथा आदि प्रमुख हैं; 'हिंदुस्तानी' नामक तिमाही पत्रिका भी प्रकाशित होती है।

हिंदुस्तानी पब्लिकेशंस, शाहगंज, इलाहाबाद — कहानी-उपन्यास की लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित; श्रीगयाप्रसाद तिवारी बी० काम० अध्यक्ष हैं।

हिंदुस्तानी पब्लिशिंग हाउस, आलोक प्रेस, बनारस— श्री स्व० प्रेमचंद के द्वितीय पुत्र श्रीअमृतराय द्वारा स्थापित; 'हंस' मासिक का प्रकाशन अब यहीं से होता है; लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; स्वयं श्री अमृतराय अध्यक्ष हैं।

हिंदुस्तानी बुकडिपो, फतेहगंज लखनऊ—श्रीविष्णुनारायण भार्गव द्वारा संस्थापित; १०० के लगभग पुस्तकें प्रकाशित जिनमें श्रीमद्भागवत, आँखों की थाह, निकट की दूरी, लखनऊ-गाइड आदि मुख्य हैं; इस समय श्रीविष्णुनारायण भार्गव व्यवस्थापक हैं।

तीसरा खंड समाप्त

हिंदी-सेवी-संसार

चौथा खंड

हिंदी - पत्र - पत्रिकाएँ

अंकुश—१६४७ में प्रकाशित साप्ता० ; संपा०— श्री लक्ष्मी-नारायण गौड़; मू०—४) ; प०— लालमणि प्रेस, फरुखाबाद ।

अकेला—१६४८ से प्रकाशित जातीय साप्ताहिक ; **संचा०**— श्री विश्वनाथ प्रसाद गुप्त ; **संपा०** —श्री शिवनारायण शर्मा; प०— तिनसुकिया, आसाम ।

अखंड ज्योति — १६३६ से प्रकाशित मासिक ; **संस्था० और संपा०**—श्री राम शर्मा आचार्य ; **सह० संपा०** — श्री रामचरण महेन्द्र; मू०—२॥) ; प०— अखण्ड-ज्योति-प्रेस, मथुरा ।

अग्रदूत—१६४२ से प्रकाशित राष्ट्रीयताप्रधान साप्ता० ; **संपा०** —श्री के० पी० वर्मा ; प०— रायपुर ।

अग्रवाल—नवम्बर १६४६ से प्रकाशित जातीय मासिक; **संपा०**— श्री भद्रसेन गुप्त ; मू०—४) ; प० —२४ क्लाइव स्क्वायर, नयी दिल्ली ।

अग्रवाल-पत्रिका—१६४८ से प्रकाशित जातीय मासिक ; **संपा०** —**सर्वश्री** मनोहरलाल गर्ग और गंगाशरण ; **सहा०**—श्री राधा कृष्ण कसेरा ; म०—५) ; प०— हाथरस ।

अग्रवाल-हितैषी — जातीय मासिक ; **संपा०**— श्री पूर्णचंद अग्रवाल ; मू०—५) ; प०— हींग की मंडी, आगरा ।

विश्वविद्यालय-प्रयाग—डी० फिल० की उपाधि के लिए जिन विषयों पर काम हो चुका है उनके नाम ये हैं—(१) आधुनिक हिंदी साहित्य — १८००-१९०० । (२) आधुनिक हिंदी साहित्य १९००-१९२५ । (३) हिंदी-छंद शास्त्र। (४) आधुनिक मनोविज्ञान की दृष्टि से रस का विवेचन। (५) सूरदास। (६) प्राचीन हिंदी कवितामें रहस्य-भावना(आदिकाल से १६७५ तक)। (७) हिंदी प्रेमाख्यान - काव्य। (८) हिंदी पत्रकार-कला का इतिहास। (९) हिंदी-काव्य में प्रकृति-चित्रण। (१०) आधुनिक हिंदी कविता में नारी (१९०० से १९४५ तक)। (११) राम-कथा—उसका जन्म और विकास।

डी० लिट की उपाधि के लिए जिन विषयों पर काम हो चुका है उनकी सूची-(१)अवधी का विकास। (२) हिंदी - अलंकार-शास्त्र। (३) तुलसीदास। (४) वल्लभ-संप्रदाय और अष्टछाप। (५) भोजपुरी। (६) नाट्यशास्त्र। (७) हिंदी साहित्य की सांस्कृतिक पृष्टभूमि।

डी० फिल० के लिए स्वीकृत विषय जिन पर अब काम हो रहा है—(१) हिंदी साहित्य पर प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य का प्रभाव। (२) व्रज का वैष्णव संप्रदाय और उसका हिंदी-साहित्य पर प्रभाव। (३) अँगरेजी का हिंदी भाषा और साहित्य पर प्रभाव। (४) हिंदी चारण काव्य का अध्ययन–१६०० से १८०० तक। (५) हिंदी और बँगला के वैष्णव कवियों का तुलनात्मक अध्ययन (५) गुजराती और व्रजभाषा के कृष्णकाव्य (पंद्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी) का तुलनात्मक अध्ययन। (७) सिद्ध-साहित्य का अध्ययन। (८)

ग्रामीण उद्योग-धंधों से संबंधित—विशेषतः आजमगढ़ की फूलपुर तहसील में प्रचलित — शब्दों का शास्त्रीय अध्ययन (६) हिंदी मुक्तक काव्य का जन्म और विकास—१८०० तक। (१०) हिंदी साहित्य के रीतिकाल में भक्ति का रूप और विकास। (११) कबीर-साहित्य और उसके पाठ का आलोचनात्मक अध्ययन। (१२) साहित्यिक हिंदी का जन्म और विकास। (१३) आधुनिक हिंदी साहित्य और उसकी पृष्टभूमि का अध्ययन—१६२६ से १६४७ तक। (१४) हिंदी का नीति-साहित्य। (१५) भारतीय स्वतन्त्रता - संग्राम और उसका हिंदी-साहित्य पर प्रभाव। (१६) मध्ययुग के तेलेगु और हिंदी वैष्णव-साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन। (१७) भोजपुरी लोक-साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन। (१८) अवधी लोक-कथाओं और गीतों में चित्रित सांस्कृतिक और सामाजिक स्थिति। (१६) हिंदी उपन्यास और कहानियों का जन्म और विकास। (२०) बँगला साहित्य का आधुनिक हिंदी साहित्य पर प्रभाव—१६ वीं और २० वीं शताब्दी। (२१) १६ वीं शताब्दी के सुधार-आन्दोलन का आधुनिक हिंदी-साहित्य पर प्रभाव। (२२) हिंदी गीतिकाव्य का जन्म और विकास—१४वीं शताब्दी से १७वीं शताब्दी तक। (२३) हिंदी कविता में भक्ति का उद्गम और विकास—१४वीं से १७वीं शताब्दी तक। (२४) बुन्देलखंड का लोक-साहित्य। (२५) हिंदू राष्ट्रीयता और मध्यकालीन हिंदी साहित्य।

डी० लिट०की उपाधि के लिए जो विषय स्वीकृत हैं और जिनपर अब काम हो रहा है, वे हैं—(१) नायिका - भेद का अध्ययन। (२) सूरसागर की हस्तलिखित प्रतियाँ और पाठ-भेद की समस्याएँ।

विश्वविद्यालय, राजपूताना, जयपुर—पी. एच.डी. की उपाधि के लिए स्वीकृत जिन विषयों पर काम हो रहा है, उनकी सूची—(१) आधुनिक हिंदी-साहित्य में राष्ट्रीयता का रूप और उसका विकास। (२) रीतिकालीन साहित्य में कला और रस। (३) मैथिलीशरण जी

के काव्य-सम्बन्धी रूप-विधान का क्रम-विकास। (४) हरिऔध जी के काव्य में रस और रीति का प्रयोग। (५) आधुनिक हिंदी-कविता में लाक्षणिकता के रूप। (६) द्विवेदी युग में हिंदी-कविता का पुनरुद्धार। (७) हिंदी का आधुनिक गद्य-साहित्य और प्रसाद जी। (८) भारतेंदु के पश्चात हिंदीसाहित्य में हास्य। (९) महादेवी वर्मा की काव्य-विचार-धारा। (१०) हिंदी के एकांकी नाटक। (११) नागरीदास के काव्य में प्रभाव और प्रतिक्रिया का अध्ययन। (१२) प्रसाद-साहित्य में जीवनी और दार्शनिकता। (१३) राजस्थानी कथाओं का वैज्ञानिक अध्ययन। (१४) आधुनिक हिंदी कविता में वाद-प्रवाह। (१५) आधुनिक हिन्दी-साहित्य में निबंध का विकास। (१६) प्रेमचन्द और उनका साहित्य। (१७) भक्तिकालीन-साहित्य में प्रेम के विविध प्रयोग। (१८) राजस्थानी गद्य का जन्म और विकास। (१९) १८७० के पश्चात हिन्दी साहित्य की विचारधाराएँ। (२०) राजस्थान के राजघरानों द्वारा हिन्दी-साहित्य-सेवाएँ तथा उनका साहित्यिक मूल्यांकन। (२१) राजस्थान के संतकवि। (२२) राजस्थान का निरंजनी सम्प्रदाय : उसका साहित्य और दार्शनिक विचारधारा। (२३) राजस्थान का पिंगल-साहित्य। (२४) राजा शिवप्रसाद और राजा लक्ष्मणसिंह—उनका साहित्य और आधुनिक भाषा और विचार पर उनका प्रभाव। (२५) आधुनिक हिन्दी-साहित्य की प्रेरक शक्तियाँ।

विश्वविद्यालय, लखनऊ — डी० लिट्० उपाधि के लिए स्वीकृत विषय जिन पर काम हो रहा है—(१) हिन्दी नाटकों के आधार पर नाट्य-सिद्धान्तों का निर्धारण। (२) सन्तकवियों की रहस्य-भावना। (३) तुलसीदास की दार्शनिकता।

पी-एच० डी० के लिए स्वीकृत वे विषय जिनपर उपाधि प्रदान की जा चुकी है — (१) हिंदी-काव्यशास्त्र का इतिहास। (२) महावीरप्रसाद द्विवेदी और उनका युग। (३) सन्तकवि मलूकदास और उनका काव्य। (४) केशवदास-जीवनी और उनकी रचनाओं का अध्ययन। (५) अकबरी दर-

बार के हिन्दी-कवि। इन विषयों पर जिन विद्वानों को उपाधि प्रदान की गयी है उनके नाम क्रमशः ये हैं— सर्वश्री भगीरथ मिश्र, उदयभानुसिंह, त्रिलोकी नारायण दीक्षित, हीरालाल दीक्षित, और सरजू प्रसाद अग्रवाल।

पी-एच० डी० के लिए स्वीकृत विषय जिनपर काम हो रहा है—(१) महाकवि देव—उन की जीवनी और काव्य। (२) अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी के हिन्दी काव्य की सांस्कृतिक पृष्ठ भूमि। (३) खड़ी बोली का लोक साहित्य। (४) प्रेमचंद और उनका काव्य। (५) अवध के हिन्दी कवि —एक आलोचनात्मक अध्ययन। (६) हिंदी-कवियों के प्रेमाख्यानक काव्य। (७) हिन्दी गद्य का विकास। (८) हिंदी में गीतिकाव्य का विकास और उसकी भावधारा। (९) अवधी का ग्राम-साहित्य। (१०) हरिऔध जी की जीवनी और रचनाएँ। (११) भक्ति कालीन हिंदीकाव्य में नारी। (१२) सोलहवीं और सत्रहवीं शदाब्दी के कृष्णभक्त-कवियों की सौंदर्य-भावना (१३) सतनामी संप्रदाय के हिन्दी कवि। (१४) हिदी के रीतिकालीन रीतिमुक्त कवि। (१५) शिवनारायणप्रसाद और हिन्दी। (१६) हिंदी में रीतिकालीन काव्य की विभिन्न प्रवृत्तियाँ। १७) तुलसी की भाषा का अध्ययन। (१८) हिन्दीसाहित्य में हास्य और व्यंग्य। (१९) आधुनिक हिन्दी साहित्य में गाँधीवाद। (२०) बुंदेलखंड का लोक-साहित्य। (२१) प्रेमचन्द की रचनाओ में समाज और संस्कृति का चित्रण। (२२) हिदी का कहानी-साहित्य—एक अध्ययन। (२३) भारतेंदु के समकालीन हिन्दी लेखक—भारतेंदु-युग। (२४) आधुनिक व्रजभाषा काव्य-एक अध्ययन। (२५) हिन्दी सासित्य में सतसई-साहित्य। (२६) हिन्दी के सामाजिक उपन्यास—एक अध्ययन। (२७) प्रसाद के काव्य में अध्यात्मिक तत्व। (२८) हिन्दी के नीतिकार कवि—१६५० से १८५७ तक। (२९) द्विवेदी युग के हिन्दी कवि—१९०० से १९३५ तक। (३०) हिन्दी साहित्य में विभिन्न नाट्य रूप, उत्पत्ति और विकास।

(३१) हिन्दी साहित्य में शिशु और वात्सल्य-भावना। (३२) आधुनिक हिंदी साहित्य में कृष्ण-काव्य। (३३) आर्यसमाज और हिंदी-साहित्य। (३४) हिंदी के मुसलमान भक्त कवि। (३५) हिंदी के सामाजिक उपन्यासों का अध्ययन। (३६) रीतिकालीन हिंदी साहित्य में ऐतिहासिक सामग्री। (३७) खड़ी बोली के महाकाव्य। (३८) हिंदी-साहित्य में रहस्यवाद। (३९) भारतेंदुकाल तक के हिंदी साहित्य में रामकाव्य का विकास। (४०) महाराष्ट्र के हिंदी सन्तकवि। (४१) आधुनिक हिन्दी-काव्य में छन्द। (४२) हिंदी साहित्य में प्रगतिवाद। (४३) हिन्दी उपन्यासों में नारी। (४४) आधुनिक हिंदी साहित्य में रामकाव्य। (४५) संतकवि रैदास और उनका संप्रदाय। (४६) हिंदी काव्य में ग्राम्यजीवन का चित्रण। (४७) हिंदी में जीवनी-साहित्य का जन्म और विकास। (४८) हिंदी के ऐतिहासिक नाटकों का आलोचनात्मक अध्ययन। (४९) हिंदी उपान्यासों की विभिन्न प्रवृत्तियाँ।

विश्वविद्यालय सागर—खोज के लिए १९५०–५१ में स्वीकृत विषय—(१) मैथिलीशरण गुप्त के मानसिक और कलात्मक विकास का अध्ययन। (२) शुक्ल जी के समीक्षा-सिद्धान्तों का अध्ययन। (३) प्रसाद जी का काव्य-विकास। (४) आधुनिक हिन्दी-साहित्य पर विविध मनोवैज्ञानिक और सामाजिक वादों का प्रभाव। (५) भारतेंदु हरिश्चन्द के नाटक। (६) आधुनिक हिन्दी समीक्षा का विकास। (७) सूरदास।

इन विषयों पर काम करने वालों के नाम क्रमशः ये हैं—सर्वश्री कमलाकांत पाठक, रामलालसिंह, प्रेमशंकर तिवारी, गंगाधर झा, वीरेन्द्र शुक्ल, शिवराजसिंह और एम० एस० बाखले।

छठा खण्ड समाप्त

———

हिंदी-सेवी-संसार

सातवाँ खंड

विदेश में हिन्दी

इँग्लिस्तान—यों तो संसार के सभी देशों में भारतीय आते-जाते रहते हैं, परन्तु इँग्लिस्तान जाने वालों की संख्या सबसे बढ़कर रही है। अँगरेजी सरकार शासन के उद्देश्य से जिन कर्मचारियो को भारत भेजती थी उन्हें यहाँ की हिंदी भाषा का थोड़ा बहुत ज्ञान कराना आवश्यक समझती थी। आई० सी० एस० पद के लिए जो देशी-विदेशी चुने जाते थे, हिंदी की परीक्षा में उत्तीर्ण होना उनके लिए आवश्यक था। इन दोनों कारणों का फल यह हुआ कि इँगलिस्तान में संसार के अन्य देशों की अपेक्षा हिंदी का साहित्यिक रूप में अधिक अध्ययन किया गया।

इँगलिस्तान और आयर्लेंड के प्रमुख विश्वविद्यालयों में इसी के फलस्वरूप शिक्षा के अन्य विषयों के साथ-साथ बहुत समय से हिंदी का उल्लेख रहा है। परंतु संभवतः विद्यार्थियों की संख्या कम होने के कारण, उसकी पढ़ाई के लिए अध्यापकों की नियुक्ति उनमें नहीं की गयी। हाँ, यह सुविधा कदाचित उन सभी विश्वविद्यालयों में है कि स्वतंत्र रूप से हिंदी का अध्ययन करके वहाँ की परीक्षा में विद्यार्थी बैठ सकते हैं।

लंदन-स्थित 'स्कूल आव ओरियंटल ऐंड अफ्रीकन स्टडीज' में हिंदी की शिक्षा का प्रबंध सात-आठ वर्षों से अवश्य है। द्वितीय महायुद्ध काल में डाक्टर लक्ष्मीधर, जिन्होने जायसी के काव्य पर अनुसंधानपूर्ण निबंध लिखकर 'डाक्टर' की उपाधि प्राप्त की थी, यहाँ अध्यापक नियुक्त किये गये थे। उनके पश्चात् काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डाक्टर केसरीनारायण शुक्ल डी० लिट्० १९४६ में इस विद्यालय में अध्यापक होकर इँगलिस्तान गये। उस समय आपकी नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय में हिदी विभाग के रीडर के पद हो चुकी थी। शुक्लजी के विद्यार्थियों में एक श्री जे॰रामशरन ट्रिनिडैड के निवासी थे। सर्वप्रथम इन्होने ही बी० ए० हिंदी लेकर पास किया था। दूसरे विद्यार्थी श्री क्लीमेंट ने बी० ए० आनर्स

की परीक्षा सबसे पहले उत्तीर्ण की। प्रसाद - साहित्य से इन्हें विशेष रुचि थी और 'कामायनी' के कुछ अंशों का अनुवाद उन्होने किया था। इनके एक विद्यार्थी श्री आलचिन सूर-साहित्य के बड़े प्रेमी हैं। सूर के कुछ पदों का अँगरेजी में अनुवाद करने में वे कुछ समय तक लगे रहे थे। इन्होंने भी आनर्स लेकर हिंदी में बी० ए० किया है।

१६४६ में डाक्टर केसरीनारायण शुक्ल भारत लौट आये और लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में रीडर हुए। उनके पश्चात् लंदन के 'स्कूल-आव-अरियंटल ऐंड अफ्रीकन स्टडीज़' में हिंदी अध्यापक का पद प्रयाग विश्वविद्यालय के डाक्टर कुल श्रेष्ठ को सौंपा गया है। लंदन के इस विद्यालय के भूतपूर्व अध्यक्ष 'नैपालीकोश' के निर्माता प्रसिद्ध भाषावैज्ञानिक डाक्टर टर्नर थे। इँगलिस्तान में धर्मप्रचारक पादरी और व्यापारी हिंदी का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त करने के उत्सुक रहते हैं। इसकी पूर्ति के लिए उनको तीन सप्ताह तक हिंदी की शिक्षा दी जाती है। इस अवधि का जो नियमपूर्वक निर्वाह कर लेता है उसे हिंदी की जानकारी का एक प्रमाणपत्र दिया जाता है।

कैंब्रिज नामक नगर में 'लोकल इग्जैमिनेशन सिंडीकेट' नामक एक संस्था है जो सीनियर और जूनियर कैंब्रिज नामक परीक्षाओं का संचालन करती है। इन परीक्षाओं के अनेक विषयों में हिंदी भी है जिसके दो प्रश्नपत्र होते हैं। संसार के प्रायः सभी क्षेत्रों से विद्यार्थी इन परीक्षाओं में बैठते हैं। इनके केंद्र मारिशस (चार), साउथ अमरीका (रिओडिजेनिरो), बर्मा (रंगून), फीजी (लाउतोका, सूवा) पूर्वी अफ्रीका (नैरोबी, मोम्बासा, तागा), मलाया (पेनाग, इपोक, कुवाला, लिपिस, कुवालालम्पुर, सेरेम्बाग, सिंगापुर) आदि स्थानों में हैं और कहीं-कहीं उनकी संख्या एक से अधिक भी है। आरंभ में इन परीक्षाओं का उद्देश्य जो कुछ भी रहा हो, इसमें संदेह नहीं कि विदेशियों द्वारा आज यह सिंडीकेट हिंदी भाषा और उसके साहित्य से अहिंदी-भाषियों को परिचित कराने

का बहुत अच्छा काम कर रही है।

इटली—इस देश की राजधानी रोम में एक प्राच्य महाविद्यालय है जहाँ अन्य विषयों के साथ हिंदी की पढ़ाई का प्रबंध है। हिंदी साहित्य के साथ साथ हिंदू संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करना यहाँ के विद्यार्थियों का उद्देश्य है।

ईरान—इस देश में हिंदी जानने वालों की संख्या बहुत कम है। जिन व्यापारियों और व्यवसायियों का भारत से घनिष्ट संबंध रहता है और जो प्रायः यहाँ आया करते हैं, उन्हें हिदी का कामचलाऊ ज्ञान हो जाता है जिसका अभ्यास स्वदेश में करने का अवसर वे नहीं पाते। तेहरान के विश्वविद्यालय में संस्कृत की शिक्षा का प्रबंध इस वर्ष से अवश्य किया गया है।

चीन—भारत से इस देश का संबंध बहुत पुराना है और यहाँ के विद्वान् भारतीय साहित्य के बड़े प्रेमी रहे हैं। प्रसिद्धि तो यह भी है कि बौद्ध-धर्म-संबंधी कुछ ऐसे ग्रंथ इस देश में वर्तमान हैं जिनका केवल नाम भर भारतीय विद्वान जानते हैं। जो हो, हिंदी साहित्य से चीनी विद्वानों का पूर्ववत् घनिष्ट परिचय नही है। फिर भी यहाँ के कुछ विश्वविद्यालयों में हिंदी एक पाठ्य विषय के रूप में मान्य है और हाँग्कॉग जैसे दो-एक स्थानों में हिंदी के कुछ जानकार भी हैं जिनका पता सीनियर और जूनियर कैंब्रिज की हिंदी-परीक्षार्थियों की सूची से लगता है।

जर्मनी—प्राचीन भारतीय राज भाषा संस्कृत का जितना अध्ययन जर्मनों ने किया है, कदाचित उतना संसार के किसी अन्य देश ने नहीं। इसी नाते वहाँ के विद्वान पाली, प्राकृत, और अपभ्रंश का भी अध्ययन करते हैं। बर्लिन विश्वविद्यालय में प्रायः इन सभी भाषाओं की शिक्षा का प्रबंध है। यहाँ की फ्री यूनिवर्सिटी ने हिंदी का अध्यापक नियुक्त करने की योजना भी बनायी है, परंतु उसे कार्यरूप अभी नहीं दिया जा सका है।

जर्मनी (फ्रेंच जोन)— यहाँ हिंदी जानने वालों की संख्या बहुत

थोड़ी है, परंतु संस्कृत के साथ-साथ हिंदी शिक्षा का भी प्रबंध टुबिनजेन (Tubingen) विश्वविद्यालय, हैमबर्ग (Hamburg) विश्वविद्यालय और गोटिंजेन (Goettingen) विश्वविद्यालय में है। प्रथम में हिंदी के अध्यापक प्रोफेसर श्री रेंपिस (Prof. Rempis) हैं। उनके सहयोगी अध्यापक प्रोफेसर डाक्टर एच० बी० ग्लेनेप (Prof. Dr. H.V. Glaenapp) भी हिंदी के अच्छे ज्ञाता है। अपनी 'हैंडबुक आव दि लिटरेचर्स आव दि वर्ल्ड' में उन्होंने हिंदी-साहित्य का संक्षिप्त इतिहास दिया है। उन्होंने हिंदी की कुछ कविताओं का अनुवाद भी किया है। १६३१ में वे भारत में थे। हिंदी भाषा और साहित्य से परिचय प्राप्त करने का अवसर उन्हें संभवतः उसी समय मिला होगा। अपने संस्कृत के विद्यार्थियों को इन्होंने कुछ समय तक हिंदी की शिक्षा भी दी थी। हैंमबर्ग विश्वविद्यालय में हिंदी के अध्यापक श्री टैरेदिया (Mr. Taradia) हैं। हिंदी के ज्ञाता अन्य व्यक्तियों में जिनका नाम आदर से लिया जा सकता है, वे हैं प्रोफेसर अल्सडार्फ (Prof. Alsdorf) जो कुछ समय पूर्व भारत में ही थे। गोटिंजेन विश्वविद्यालय में हिंदी-शिक्षा का कार्य डाक्टर हैंस स्टेची (Dr. Hans Steche) करते हैं।

जापान—इस देश में ऐसे कई विश्वविद्यालय और उपाधि विद्यालय हैं, जहाँ संस्कृत और पाली की शिक्षा का समुचित प्रबंध है, परंतु हिंदी की पढ़ाई केवल दो विश्वविद्यालयों में होती है। प्रथम है टोकियों में और दूसरा ओसाका में। १६४६ के पहले इन दोनों स्थानों में स्थित ये विद्यालय 'स्कूल आव फॉरेन लैंग्वेजेज' कहलाते थे; परंतु दो वर्ष हुए जब इन्हें विश्व विद्यालयों के समकक्ष माना जाने लगा और अब ये 'यूनिवर्सिटी आव फारेन स्टडीज' कहलाते हैं।

टोकियो और ओसाका के इन दोनों विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई का प्रबंध १६४१ के पहले नहीं था। १६४६ में भारतीय

'लिएजन' मिशन के जापान-स्थित मंत्री श्री पी० रत्नम् की धर्मपत्नी श्री मती कमला रत्नम् ने टोकियो के नागरिकों में हिंदी-प्रेम जाग्रत करने में विशेष प्रयत्न किया। सितंबर १९४९ से मार्च १९५० तक उन्होंने प्रति सप्ताह दो घंटे तक हिंदी की शिक्षा दी। फलस्वरूप भारत की इस राष्ट्रभाषा को सीखने का भाव वहाँ के विद्यार्थियों में जाग्रत हो गया।

कुछ समय पश्चात श्री पी० रत्नम् की बदली अन्यत्र हो जाने के कारण श्रीमती कमला रत्नम् का यह प्रचार - कार्य थोड़े समय के लिए रुक गया। अब टोकियो के उक्त विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियो को सप्ताह में ४ घंटे हिंदी पढ़ाई जाती है और तृतीय-चतुर्थ वर्ष वालों को सप्ताह में १० घंटे। साथ साथ वे भारतीय संस्कृति का भी अध्ययन करते हैं। ओसाकास्थित उक्त विश्वविद्यालय में हिंदी की शिक्षा का प्रबंध तो है; परंतु उसको वैकल्पिक विषयों में स्थान मिला है। अतएव वे ही विद्यार्थी उसका अध्ययन करते हैं जिन्हें भारतीय साहित्य और संस्कृति से कुछ रुचि है।

जापान में दो पुस्तकें भी अब तक हिंदी में प्रकाशित हो चुकी हैं। पहली, 'दि फर्स्ट स्टेप आव हिंदी' ओसाका 'विश्वविद्यालय आव फॉरेन स्टडीज' के प्रोफेसर श्री ई० सावा (E. Sawa) ने १९४८ में प्रकाशित करायी थी। दूसरी है 'हिंदी-भाषा' जो १९४३ में 'इंडो-जापानीज-सोसाइटी' के सदस्य श्री एस० सेटी (S.Sate) ने लिखी थी।

टोकियो के फारेन स्टडीज विद्यालय के सहायक प्रोफेसर हैं श्री के० डोइ (K. Doi) जिन्होने जापानी विद्यार्थियों की हिंदी के प्रति बढ़ती हुई रुचि देख कर यह विश्वास प्रकट किया है कि निकट भविष्य में ही जापान के सुदूर प्रदेशों में भी हिंदी का प्रचार हो जायगा।

जेकोस्लोवोकिया— विदेशी भाषाओं और उनके साहित्यों का अध्ययन करने के लिए यहाँ एक प्राच्य विद्यालय है। यहाँ से एक

पत्रिका प्रकाशित होती है जिसमें प्रायः सभी प्राच्य विद्याओं के संबंध में लेख रहते हैं। कभी-कभी इन लेखों के विषय हिंदी भाषा और उसके साहित्य से भी संबंधित होते हैं।

थाईलैंड—इस देश में बैंकाक के छुलालोंकोर्न विश्वविद्यालय (Chulalongkorn University, Bangkok) में प्रारम्भिक संस्कृत कला के विद्यार्थियों के लिए एक अनिवार्य विषय है; परन्तु हिंदी का प्रवेश अभी नहीं हो सका है और न किसी थाइ विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में ही उसे कोई स्थान मिला है।

नेदरलैंड्स—भारतीय राजदूत के कर्मचारियों को सम्मिलित करके भी इस देश में हिंदी-भाषियों की संख्या सौ से अधिक नहीं है। इस देश का लीडेन (Leiden) विश्वविद्यालय सबसे पुराना है जहाँ अन्य विषयों के साथ-साथ हिंदी की शिक्षा का प्रबन्ध है। विशेष जानकारी इस विश्वविद्यालय के कार्यालय से अथवा हिंदी विभाग के अध्यक्ष से प्राप्त की जा सकती है।

पांडचेरी—भारत का यह प्रदेश फ्रांसीसी सरकार के अधीन है। स्थानीय भारतीय राजदूत के लेखानुसार यहाँ के किसी विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई का प्रबन्ध नहीं है, हिंदी भाषियों की संख्या भी बहुत थोड़ी है।

पाकिस्तान—पश्चिमी पाकिस्तान में तीन विश्वविद्यालय हैं—पंजाब वि० वि०, सिंध वि० वि० और उत्तरी-पश्चिमी सीमाप्रान्त में खैबर वि० वि०। इनमें से किसी में हिंदी की शिक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं है। परंतु इस देश की अधिकांश हिंदू जनता भारत-विभाजन के पूर्व से ही हिंदी-भाषी रही है। वर्धा की राष्ट्रभाषा-प्रचार-सभा के प्रयत्न के फलस्वरूप हिंदी के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र वहाँ तैयार हो गया था। यदि वहाँ की सरकार चाहे तो यहाँ के निवासियों की हिंदी के प्रति पूर्व रुचि पुनः जाग्रत होकर बढ़ सकती है।

प्रेग—यहाँ बसे हुए भारतीयों में तो हिन्दी के प्रति स्वाभाविक स्नेह है ही, राज्य की ओर से भी

ओरियंटल शिक्षालय में हिन्दी को वैकल्पिक विषय का स्थान मिला हुआ है। पत्र-व्यवहार का पता है—अध्यक्ष हिन्दी विभाग, ओरियंटल इंस्टीट्यूट, लैजेंसका ४, प्रेग ३ (Lagenska 4 , Prague 3)। यहाँ के निवासियों में भी प्राचीन भारतीय भाषाओं के साथ साथ हिन्दी का ज्ञान प्राप्त करने की सक्रिय रुचि है। यहाँ के ओरियंटल शिक्षालय में हिन्दी का एक पुस्तकालय भी स्थापित किया गया है।

फिजी द्वीप—इस प्रदेश में हिंदी की स्थिति साधारणतः अच्छी कही जा सकती है। भारत से गये हुए और स्थानीय हिंदी-प्रचारकों के प्रयत्न से वहाँ बसे हुए लगभग चालीस प्रतिशत भारतीय हिंदी की थोड़ी-बहुत जानकारी रखते हैं। भारतीय राष्ट्रभाषा का पद प्राप्त हो जाने के कारण हिंदी के प्रति इन लोगों की रुचि बहुत बढ़ गयी है। शिक्षा का माध्यम यहाँ अब भी अँगरेजी ही है, जिससे हिंदी के प्रचार-प्रसार में बाधा पहुँची है। शिक्षालयों में हिंदी की पढ़ाई का थोड़ा बहुत प्रबंध अवश्य है और यह आशा की जाती है कि निकट भविष्य में ही हिंदी जाननेवालों की संख्या इस देश में संतोषजनक हो जायगी।

श्री ज्ञानीदास यहाँ के प्रमुख हिंदी-सेवी हैं जिन्होंने हिंदी में पुस्तकें लिखी है, पत्र निकाले हैं और प्रकाशन का कार्य भी आरंभ किया है। भारतीय हिंदी समाचार पत्रों के प्रचार में भी उन्होंने पर्याप्त सहयोग दिया है।

फिलिपाइंस— इस देश में हिन्दी का प्रवेश अभी तक नहीं हो सका है। वहाँ के विश्वविद्यालयों और कालेजों में तो हिन्दी की पढ़ाई का प्रश्न उठता ही नहीं, हिन्दी भाषियों की संख्या भी नहीं के बराबर है।

फ्रांस—इस देश से भारतीय रईस जितना परिचित रहे हैं, उतना साहित्यिक नहीं। फिर भी भारत के तीन छोटे-छोटे प्रदेशों पर फ्रांसीसियों का शासन रहने के कारण कुछ संपर्क हमारा इनसे बना ही रहा है। यहाँ के पेरिस विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई

का प्रबन्ध है। श्री जूस ब्लाक (Jules Bloch) नामक हिंदी के प्रसिद्ध विद्वान यहीं के थे। प्रयाग विश्वविद्यालय के हिंदी-विभागाध्यक्ष डाक्टर धीरेंद्र जी वर्मा ने डी० लिट० की उपाधि इसी विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। सुनते हैं कि फ्रांस के कुछ हिंदी-प्रेमियों ने हिंदी की एक पत्रिका का प्रकाशन भी कुछ समय तक किया था।

फ्रांस में कुछ छात्र और छात्राओं की रुचि हिंदी की ओर विशेष रूप से है। तुलसी की रामायण का अध्ययन करके एक महिला उसके संबंध में एक थीसिस लिख रही हैं। उनका विषय है—'आइडिया आव काग-भुशुंडि इन रामचरितमानस'। इस सूचना से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इने-गिने फ्रांसीसियों का हिंदी भाषा और साहित्य से परिचय है।

बेलजियम—हिन्दी के जानकारों की संख्या इस देश में नहीं के बराबर है। यहाँ के किसी विश्व विद्यालय के पाठ्यक्रम में भी उस को अभी तक स्थान नहीं मिल सका है।

ब्रिटिश पूर्वी अफ्रीका— इस प्रदेश में कीनिया, युगंडा और टाँगानिका तीन विभाग हैं। यहाँ बसे हुए भारतवासियों की संख्या लगभग दो लाख है। १९४५ तक इन स्थानों में हिंदी जानने वालों की संख्या नहीं के बराबर थी। अब इसमें संतोषजनक वृद्धि हो रही है और भारतीयों की जन-संख्या का लगभग पाँचवाँ भाग हिंदी समझ और बोल लेता है। यहाँ हिंदी-प्रचार-कार्य का सूत्रपात करने का श्रेय श्री अनंत शास्त्री को दिया जाता है। इस प्रदेश में १२ प्रधान नगर हैं जिनमें हिंदी-शिक्षा के केन्द्र स्थापित हैं। नैरोबी, किसुमु, कम्पला, दारे-सलाम, अरुशा, मोशी, नकुस, टाँगा, मोम्बासा आदि में स्थापित केन्द्रों का काम अच्छे ढंग से चल रहा है। सबसे पहले मोम्बासा में हिंदी-शिक्षा का प्रबन्ध किया गया। स्थानीय युवक, युवतियाँ, प्रौढ़ और महिलाएँ हिन्दी सीखने के लिए विशेष रुचि दिखाने लगीं।

फलस्वरूप शिक्षा-केन्द्रों की संख्या नगर के विभिन्न भागों में बढ़ते-बढ़ते ८ तक पहुँच गयी। दो-ढाई वर्षों में हिंदी-शिक्षा-प्राप्त नागरिकों की संख्या दो हजार से ऊपर है जिनमें ५०० से अधिक राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति वर्धा की परीक्षाओं में सम्मिलित भी हो चुके हैं। इस नगर में हिंदी सीखने वाले केवल प्रवासी भारतीय ही नहीं हैं, प्रत्युत अफ्रीका, अरब, शुमालीलैंड, ईजिप्ट आदि देशों से आये हुए व्यक्ति भी हैं जिनके लिए तीन केन्द्रों को दायित्व सौंपा गया है। लगभग १०० विदेशी अब तक हिंदी सीख चुके हैं। इनकी आयु २० और ५० वर्ष के बीच की है। ये लोग प्रतिदिन एक घंटे का समय हिंदी पढ़ने के लिए देते हैं और एक वर्ष में ही इन्हें भाषा का अच्छा ज्ञान हो जायगा। पश्चात्, ये लोग स्वयं स्वदेश-वासियों को हिंदी की शिक्षा देंगे। इनमें से अधिकांश ने हिंदी-भाषा और लिपि की सरलता और वैज्ञानिकता स्वीकार कर ली है। श्री अनंत शास्त्री ने अपना ध्येय विदेशियों में हिंदी-शिक्षा-प्रचार बना रखा है और उनके सहयोगी प्रवासी भाइयों में यह कार्य करते हैं। हिंदी के इन सपूतों ने यह नियम बनाया है कि प्रत्येक प्रचारक एक एक महीने के लिए अन्य नगरों में घूम घूम कर स्थानीय हिंदी-प्रचारक तैयार कर दे जो अपने नगर में हिंदी-शिक्षा का कार्य सम्हाल लें। इस प्रयत्न में भी पर्याप्त सफलता मिली है। बारह नगरों में स्थापित प्रत्येक केन्द्र में ६० से ८०तक विद्यार्थी हिंदी सीख रहे हैं। हिंदी-शिक्षा प्राप्त स्थानीय प्रचारकों की संख्या दो सौ तक पहुँच गयी है जो स्वयं अवैतनिक रूप से हिंदी का प्रचार अपने देश वालों में कर रहे हैं। स्वप्रयत्न से हिंदी - प्रचार के साथ - साथ इन लोगों ने यह उद्योग भी किया है कि स्थानीय सरकार स्वसंचालित विद्यालयों में भी हिंदी-शिक्षा का उचित प्रबन्ध करे। इस प्रयत्न में भी इन्हें अच्छी सफलता मिली है और वहाँ के कुछ राजकीय शिक्षालयों में हिन्दी सिखाना आरम्भ हो गया है। 'आर्य गर्ल्स स्कूल-

नैरोबी', 'आर्य गर्ल्स स्कूल दारे-सलाम', 'आर्य गर्ल्सस्कूल किसुमु', 'आर्य गर्ल्स स्कूल कम्पाला', 'इंडियन रिपब्लिक स्कूल मोम्बासा' आदि में हिन्दी भी शिक्षा के विषयों में सम्मिलित है जिनमें उन स्थानों के बालक-बालिकाएँ हिंदी-शिक्षा पारही हैं जिनकी गणना कुछ समय बाद वहाँ के नागरिकों में होगी। सुदूर देश में बसे हुए इन भारतीयों की इच्छा अब एक हिंदी पत्र प्रकाशित करने की है जिसमें सहयोग देना भारतवासियों का पुण्य कर्तव्य है। ये लोग हिन्दी-साहित्यिकों का एक सम्मेलन भी करना चाहते हैं जिसमें भारतीय साहित्यिकों को सम्मिलित होना चाहिए।

नैरोबी-स्थिति हिंदी के अन्य प्रचारकों में श्री सत्यपाल वेदालंकार और श्री चैतन्यलाल जैन का नाम विशेष उल्लेखनीय है। आर्य-समाज और सनातनधर्म की ओर से अन्य कई व्यक्ति भी प्रचार का अच्छा काम कर रहे हैं। नैरोबी या उसके समीपवर्ती स्थानों में कोई विश्वविद्यालय या डिगरी कालेज नहीं है जहाँ हिंदी की पढ़ाई का प्रबंध हो। हिंदी की छोटी-छोटी कई पत्र-पत्रिकाएँ हस्तलिखित और मुद्रित रूप में निकलती हैं जिनमें वहाँ के नये प्रचारक और हिंदी के विद्यार्थी अपनी रचनाएँ प्रकाशित कराते हैं। परंतु हिंदी-भाषियों की संख्या अधिक न होने के कारण इनका न तो क्षेत्र बढ़ पाता है और न ये सस्ती हो पाती हैं। भारतीय समाचार पत्र इन स्थानों में बहुत देर से पहुँचते हैं और भारतीय रेडियो भी इनके लिए रोचक कार्यक्रमों की ओर ध्यान नहीं देता। फलस्वरूप हिंदी - समाचार- पत्रों या रेडियो की सूचनाओं के द्वारा स्वदेश से इनकी घनिष्ठता अभी नहीं बढ़ पायी है। भारत की गिनी-चुनी पत्र-पत्रिकाएँ ही इन तक पहुँची हैं, यद्यपि यहाँ बसे हुए भारतीयों की बड़ी प्रबल इच्छा सुन्दर पत्रों को प्राप्त करने की रहती है। भारत की अपेक्षा यहाँ के हिन्दी-भाषी अधिक धनी हैं; इसलिए सभी विषयों के अच्छे पत्र वे चाहते हैं, सस्ते-मँहगे का प्रश्न उनके लिए महत्व का नहीं

है। एक और आवश्यक बात यह है कि भारतीय हिंदी-भाषियों की तुलना में पत्र-पत्रिकाएँ खरीद कर पढ़ने की इन्हें अधिक इच्छा रहती है। पुस्तकें पहुँचने का सस्ता साधन न होने के कारण हिंदी के अच्छे पुस्तकालय और वाचनालय यहाँ नहीं स्थापित हो सके हैं। भारतीय सरकार, हिंदी साहित्य-सम्मेलन और नागरी-प्रचारिणी सभा को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। यहाँ के भारतीय निवासियों की निरंतर माँग से प्रेरित होकर सरकार ने नेरोबी रेडियो स्टेशन, ७ एलओ, से हिंदी में कार्यक्रम प्रसारित करना आरंभ किया है। वार्तालाप, कविताएँ, कहानियाँ और भाषण आदि इन से प्रसारित होते हैं जिनमें अधिकांश की रचना स्थानीय हिंदी-लेखक ही करते हैं। साहित्यिक दृष्टि से ये रचनाएँ विशेष महत्व की भले ही न समझी जायँ, परंतु प्रचार की दृष्टि से ये बहुत उपयोगी हैं और हिंदी साहित्य की खपत के लिए ऐसा क्षेत्र तैयार कर रही हैं जिससे प्रत्येक महत्वपूर्ण ग्रंथ की दो-चार हजार प्रतियाँ यहाँ अनायास ही खप सकें। कीनिया (Kenya), पूर्वी अफ्रिका से पत्र-व्यवहार के कुछ पते ये हैं — (१) पो० बा० ३८१३, नैरोबी (Nairobi), कीनिया। (२) पो० बा० ३८४०, नैरोबी, कीनिया। (३) पो०बा० १३१, मोम्बासा (Mombasa) कीनिया।

ब्रिटिश पूर्वी द्वीपसमूह—इस प्रदेश में हिन्दी-भाषा के जानकार तो थोड़े बहुत अवश्य हैं; परंतु उनको हिन्दी शिक्षा देने का कोई प्रयत्न सरकार की ओर से नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय या कालेजों में तो हिन्दी को स्थान मिल ही नहीं सका है, जनता की ओर से भी तत्संबन्धी उल्लेखनीय प्रयत्न अभी तक नहीं हुआ है।

मलाया—इस प्रदेश में केवल एक विश्वविद्यालय— मलाया-विश्वविद्यालय—है। यहाँ तो हिन्दी की शिक्षा का कोई प्रबन्ध है ही नहीं, अन्य राजकीय स्कूलों और कालेजों के पाठ्यक्रम में भी

उसे स्थान नहीं मिल सका है। जब इस प्रदेश पर'जापानी अधिकार हुआ तब नेताजी श्री सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद सेना ने वहाँ बसे हुए भारतीयों में हिंदी-प्रचार का प्रयत्न किया था। फलस्वरूप इनको हिन्दी का थोड़ा-बहुत ज्ञान हो गया।

कुछ समय बाद इस प्रदेश में कुछ हिन्दी प्रेमियों द्वारा एक हिन्दुस्तानी-प्रचार-सभा की स्थापना हुई। पश्चात, वहाँ के भारतीय हिंदी सीखने के लिए विशेष उत्सुकता दिखाने लगे। सभा ने इस कार्य में विशेष सहायता प्रदान की। यहाँ बसे हुए भारतीयों की संख्या लगभग सात लाख है। परंतु सबको हिंदी का ज्ञान कराने का प्रबन्ध अभी तक इसलिए नहीं हो सका है, क्योंकि यहाँ की सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती और वहाँ के राजकीय विद्यालयों में उसकी शिक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। सभा इस कार्य को पूरा करने का प्रयत्न स्थापना काल से ही कर रही है। भारतीय सरकार ने हिंदी को जब राजभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया तब से यहाँ के भारतीय भी उसकी शिक्षा पाने में विशेष उत्साह दिखाने लगे हैं। उन्होंने अपनी सरकार से प्रार्थना की है कि राजकीय विद्यालयों के पाठ्यक्रम में तो हिंदी को स्थान दें ही, साथ-साथ उन जन-विद्यालयों को विशेष आर्थिक सहायता दें जिनमें हिंदी की पढ़ाई का समुचित प्रबंध है।

स्थानीय हिंदुस्तानी प्रचार सभा अपने बल पर कुछ हिंदी पाठशालाएँ चला रही है जिनमें दिन में बालक-बालिकाओं को शिक्षा दी जाती है और रात्रि में व्यस्कों को। अभी यह कार्य कुछ ही स्थानों में सीमित है; परंतु वह इस बात के लिए प्रयत्नशील है कि मलाया के सभी प्रमुख नगरों में ऐसा ही प्रबंध हो जाय। इस कार्य में वहाँ बसे हुए भारतीय विशेष सहायता दे रहे है। काउलालम्पुर में दो-तीन स्थानों में नियमित रूप से हिंदी कक्षाएँ लगती हैं। सिंगापुर में नेताजी स्मारक पुस्तकालय और 'सेलेतार-नैवेल-बेस', (Seletar Naval

Base) दो स्थानों में हिंदी की पढ़ाई नियमपूर्वक होती है। इपाह (Ipoh) के जेल्फ मार्ग (Jelf Road) के हिंदी-स्कूल, पेनाग (Penang) के दाता करामात (Data Karamat Road) मार्ग में स्थित आजाद हिंद स्कूल में, काउलालिपिस(Kaula Lipis) के क्लिफर्ड स्कूल, अलोरस्टार (Alor Star) के जलान लैंगाट (Jalan Langgat) स्कूल आदि में हिन्दी की पढ़ाई होती है।

दक्षिण भारत हिंदी भारत प्रचार सभा द्वारा संचालित परीक्षाओं का मलाया में विशेष प्रचार है। यहाँ के प्रमुख नगरों में इस परीक्षा के अनेक केंद्र हैं। स्थानीय हिंदुस्तानी सभा हिंदी-प्रचार के उद्देश्य से इन केन्द्रों से अपने परीक्षार्थी इनमें बैठाती है। इनकी और उत्तीर्ण होनेवालों की संख्या संतोषजनक है

स्थानीय हिंदुस्तानी सभा अब इस बात का प्रबंध कर रही है कि काउलालंपुर (Kuala Lumpur) में हिंदी का एक अच्छा प्रेस भी खोल दिया जाय जिससे प्रचार कार्य में विशेष सुविधा हो।

रूस—इस देश के साहित्य का भारत में प्रचार अधिक है। इसी प्रकार योरप के अन्य देशो से कदाचित अधिक हिंदी-साहित्य का प्रचार रूस में है। यहाँ लेनिनग्राड की साइंस एकेडमी में हिंदी के कई जानकार हैं। बरानिकोफ नामक यहाँ के एक विद्वान ने गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरितमानस का रूसी भाषा में पद्यात्मक अनुवाद किया है। विद्वान अनुवादक ने अपने ग्रंथ के आरंभ में तुलसीदास का महत्व प्रदर्शित करते हुए मानस के संबध में एक विस्तृत भूमिका लिखी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी-विभाग के रीडर डाक्टर केसरीनारायण शुक्ल इस भूमिका का अनुवाद हिंदी में कर रहे हैं जिसके प्रकाशित होने पर हिंदी के इस गौरवग्रंथ के प्रति एक विदेशी विद्वान के विचार ज्ञात हो सकेंगे।

प्रेमचंदजी की कुछ कहानियों का भी रूसी भाषा में अनुवाद

हुआ है। महाभारत नामक प्रसिद्ध काव्य का संस्कृत से अनुवाद करके रूसी विद्वानों ने भारतीय साहित्य के प्रति अपनी सक्रिय रुचि का परिचय दिया है।

लंका—यद्यपि यह देश भाषा, सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से भारत का एक खंड है, तथापि कुछ कारणों से दोनों के बीच की भौगोलिक खाई पट नहीं पा रही थी। इधर जब लंका को स्वतंत्रता मिली तो साथ साथ यह परिवर्तन भी हुआ कि इस देश का झुकाव अपनी सभ्यता और संस्कृति के आदि स्रोत भारत की ओर होने लगा। संपर्क की घनिष्ठता बढ़ाने की भावना ने वहाँ के निवासियों में हिंदी-भाषा-साहित्य का अध्ययन करने की रुचि जाग्रत कर दी। फलस्वरूप कुछ स्थानीय हिंदी-प्रेमियों ने 'हिंदी भाषा-प्रचारक समिति' नाम से कोलंबो में एक संस्था की स्थापना की जिसका उद्देश्य लंका में हिंदी के प्रेमी पैदा करना था। इस संस्था से संबंधित कुछ व्यक्तियों ने राजकीय और स्वतंत्र विद्यालयों में हिंदी की शिक्षा का प्रबंध करने का आंदोलन किया। इस प्रयत्न में उन्हें बहुत-कुछ सफलता मिली। केलिनिय के 'विद्यालंकार महाविद्यालय', कोलंबो के श्री 'लंका विद्यालय' और धर्म-प्रसार विद्यालय आदि में हिंदी की पढ़ाई का अच्छा प्रबंध है। वर्धा की राष्ट्र भाषा-प्रचार-समिति की परीक्षाओं के केंद्र यहाँ हैं और संतोष की बात यह है कि १९४८ की परीक्षाओं में जितने परीक्षार्थी इस देश से वहाँ की परीक्षाओं में बैठे थे, १९५० में उसके सतगुने हो गये और १९५१ में यह संख्या और भी अधिक बढ़ जाने की आशा है।

इस प्रदेश में हिंदी भाषा का विशेष और शीघ्र प्रचार हो सकने के कई कारण हैं। पहली बात यह कि यहाँकी सिंहली भाषा और हिंदी, दोनों में प्राचीन भारतीय भाषाओं में से संस्कृत और पाली शब्दों की अधिकता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिकांश सिंहली बौद्ध हैं और इस धर्म के जन्म तथा तीर्थ स्थान भारत की राजभाषा के साथ साथ राष्ट्रभाषा के प्रति उनका स्वाभाविक आकर्षण है। तीसरी

बात व्यापार और व्यवसाय से संबंध रखती है। सिंहलियों को विश्वास है कि हिंदी का अध्ययन कर लेने पर भारत से उनका व्यावसायिक और व्यावहारिक संबंध घनिष्ट हो सकेगा। इन्हीं सब कारणों से आज वे हिंदी का ज्ञान प्राप्त करने के लिए विशेष उत्सुक हैं और विश्वास है कि अहिंदी भाषी दक्षिणी प्रदेशों की तरह लंका में भी भारत की राष्ट्रभाषा का अच्छा प्रचार शीघ्र ही हो जायगा।

हालैंड—हिंदी का बहुत थोड़ा प्रचार इस देश में है। उसकी शिक्षा का भी समुचित प्रबंध यहाँ नहीं है। परंतु हिंदी के कुछ प्रतिनिधि लेखक अपनी अनूदित कृतियों के द्वारा यहाँ लोकप्रिय हो रहे हैं। ज्ञात हुआ है कि प्रेमचंद जी के साहित्य का अध्ययन करके एक विद्यार्थी ने एक पुस्तक लिखी है।

—:०:—

सातवाँ भाग समाप्त

हिंदी-सेवी-संसार

परिशिष्ट

अवशिष्ट परिचय और परिचयांश

(क) हिंदी लेखकों के अवशिष्ट परिचय

अखौरी रमेंद्रनाथ—शि०—बी०ए०आनर्स,प्रथम श्रेणी,१९४६, गया कालेज, एम० ए० (हिंदी) १९४६, अर्थशास्त्र (१९४८); 'हिंदी - साहित्य और सामाजिक परिस्थिति' पर खोज पूर्ण ग्रन्थ लिख रहेहैं; प०—एच० डी० जैन कालेज, आरा।

अतुलकृष्ण, गोस्वामी—राधारमण गोस्वामियों के प्रधान; प्रका०—स्फुट कविताएँ; अप्र०—नारी-महाकाव्य; प०—वृन्दावन।

अत्रिदेव गुप्त विद्यालंकार,—आयुर्वेद के लेखक;प्रका०—अनु० चरक, सुश्रुत, अष्टांगहृदय, अष्टांग संग्रह, प्रत्यक्षशरीरम्: मौलिक—हमारे भोजन की समस्या, संस्कार विद्या विमर्श, धात्री-शिक्षा, स्वास्थ्य विज्ञान, रस-पद्धति, न्याय-वैद्यक, पदक स्वर्ण, रजत-स्वर्ण; प० — सुपरिंटेंडेंट आयुर्वेद फार्मेसी, हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस।

अद्भुत शास्त्री, आचार्य—ज०—१९२६, रतनगढ़; सा०—भूत० संपा० 'भारत गौरव' जयपुर और कलकत्ता; १९४४ में राजस्थान कवि-सम्मेलन के संयोजक; '४५ में अ० भा० मारवाड़ी कवि सम्मे० के स्वागताध्यक्ष;' ४७ में अ० भा० हि० प्र० स० के स्वागताध्यक्ष; ४८ में अध्यक्ष बंगाल प्रांतीय कवि० स० '४६ में राजस्थान हिं० सा० स० के स्वागत मन्त्री, कुलपति राष्ट्रभाषा-विद्यापीठ; अध्यक्ष नव संस्कृति संघ; प्रका०—मौ० —स्वरतार, जीवनगीत-कवि; संपा०—बापू के विचार, यूसुफ मेहरअली स्मारक ग्रन्थ, आज के हिंदी सेवी; प०— रतनगढ़, राजस्थान।

अमरनारायण माथुर–(पृ० ८) ज०—१९२५; सा० — १९४२-४३ 'जयपुर समाचार' के संपादक; ४३-४४ 'जयभूमि' के सम्पादक, ४४ ४७–'दीपक' और ४८-४६ में 'जन्मभूमि' के प्रका० व संपा०; १९४८ में जनता कष्ट-निवारक-संघ की ओर से आंदोलन में कारागार प्राप्त; वर्त० — सम्पा० 'अगंद'; प०—जाट का कुआ, जयपुर।

आनन्दप्रकाश दीक्षित—ज०—६ फरवरी १९२५ ; शि०—एम० ए०, हिंदी, सा० र०, प्रभाकर; प्रका०—स्फुट; वि०—'रस और काव्य' पर खोज कर रहे हैं; प०—प्राध्यापक, सेएट एएड्र्यूज कालेज, गोरखपुर।

आशाकांत बी०आचार्य—सा०—प्रबन्ध सम्पा० 'प्रभात', उप-संपा० 'लोकवाणी', सहा० अन्वेषक एस० आर० रिसर्च इंस्टीट्यूट; 'मानवता', 'हमारे गाँव' अकोला, 'राष्ट्रभाषा'-वर्धा के संपादन में कार्य किया; प्रका०—प्रतिध्वनि, जयघोष, मन के गीत, भाव तरंग; म्याँऊ, छम छम, बालो०; लोक गीतों के संग्रह, चित्र०—स्वर डिजाइन, माडर्न आर्ट; प०—नवयुग साहित्य निकेतन, अमरावती।

इंद्रनाथमदान—(पृ० १४-१५) ज० — १ मार्च १९१० ; लाहौर वि० वि० ; प्रका० — आधुनिक हिंदी साहित्य, हिंदी कलाकार, हिंदी-काव्य धारा, काव्य सरोवर, काव्य सरिता, काव्य सीकर ; वर्त० — पंजाब वि० वि० प्रकाशन विभाग के संपादक।

इंद्रनारायण द्विवेदी— ज्योतिष और पुराण के वयोवृद्ध लेखक ; ज०—१८७९ ; प्र०—१९०१ ; सा०—संपादक—'वैदिक सर्वस्व' मासिक, 'सम्मेलन पत्रिका', साप्ताहिक 'किसान', पाक्षिक, साप्ताहिक, दैनिक भारतवासी'; ज्योतिष-भूषण कार्यालय के संस्था०, सम्मेलन की संपादक समिति के मंत्री तथा स्थायी समिति के सदस्य कई वर्षों तक रहे; प्रका०—विमल प्रकाशिका, सिद्धान्त - प्रकाशिका, सुमति-प्रकाशिका, समय की बुद्धि, समालोचन - समीक्षा, चमत्कार - समीक्षा, सूर्य सिद्धांत—अनु०, भारतीय ज्योतिष, देवर्षि नाटक, धर्मराज युधिष्ठिर, सम्राट मान्धाता, भक्त प्रहलाद, महर्षि पराशर, द्विजराज पुंडरीक, भारतीय इतिहास, इतिहास मीमांसा, भारत की सनातक काल - गणना का स्वरूप ; द्यूत क्रीड़ा के पण में १३ वर्ष पर भीष्म व्यवस्था, भारतीय काल गणना में वारों का महत्व, चैत्रादि-मासों की प्राचीनता और इनमें नामों का यौगित्व, युधिष्ठिर संवत्सर और

बराह मिहिर ; प०—व्यवस्थापक, ज्योतिष-भूषण - कार्यालय, बुद्धि-पुरी, कस्बा सराय आकिल, जि० प्रयाग।

इंद्रलाल जैन—ज०—१८६७; **सा०** – अनेक संस्कृत ग्रंथों का संशोधन और संपादन, १६२७-४२ तक 'जैन हितैषी' के संपादक ; **प्रका०**—पद्य०-धर्म-सोपान, तत्वालोक, आत्म वैभव ; **गद्य०**—अहिंसा तत्व, साम्यवाद से मोर्चा, महावीर दर्शन, वर्ण-विज्ञान, जैन मंदिर और हरिजन ; श्रेयो मार्ग, जैन धर्म स्वतंत्र धर्म है ; **अप्र०**—जैन धर्म और जाति भेद, साधु चर्या, तत्व- रत्न-संदोह ; **प०**—संपादक, जैन गजट, देहली।

इंद्रविद्यावाचस्पति—(पृ०१५) **सा०**—१६४० दिल्ली के म्यूनिसिपल कमिश्नर ; १६४६ में हिंदी पत्रकार सम्मेलन के सभापति ; भारतीय पार्लियामेंट के सदस्य ; **प्रका०** — भारतीय उपनिषदों की भूमिका, जीवन- संग्राम, स्वतंत्र भारत की रूपरेखा, राष्ट्रों की उन्नति, राष्ट्रीयता का मूलमंत्र, आर्यसमाज का इतिहास, शाहआलम की आँखे, सरला की भाभी, सरला, जमींदार, स्वर्ण देश का उद्धार, आत्म बलिदान आदि।

इकबालबहादुर सिंह—**शि०**—बी० ए०, एल-एल० बी० ; **सा०**—जन प्रकाशन मंदिर, प्रयाग के भागीदार, भूत० संपा० 'रजनी' मासिक और 'सी० आई० डी०'; **प०**—द्वारा अध्यक्ष पशु चिकित्सालय, एटा।

इग्नासिस विलरिङ्गाट—(रे० फा०) एस० जे०—अमरीकी हिंदी प्रेमी ; **शि०**—एम० ए० (हिंदी), पटना वि० वि०, द्वितीय श्रेणी ; **सा०**—हिंदी लिपि तथा भाषा के समर्थक ; **प०**— प्रधानाध्यापक, रवीस्त राजा, एच० ई० स्कूल, बेतिया।

ईश्वरदान आशिया—ज०—१८६५ ; **शि०** — महाराणा हाई स्कूल, उदयपुर, डी० ए० वी० स्कूल अजमेर, जयपुर; **राष्ट्र०**—रासबिहारी बोस, ठा० केसरीसिंह आदि के सहयोगी, किसान आंदोलन में अग्रणी, सह० संपादक 'राजस्थान केसरी', संस्था० मेवाड़ चारण सभा, भूपाल चारण छात्रा-

लय, अखिल भारतीय चारण सम्मेलन, भूत० संपादक 'चारण'; बंगाल हिंदी मण्डल, कलकत्ता के राजस्थानी साहित्य में शोध कार्य ; प्रका०—श्री कन्हैया लाल सहल और श्री पतराम गौड़ 'विशद' के साथ कविवर सूर्यमल्ल की 'वीर सतसई' का संपादन किया है जो बंगाल हिंदी-मंडल द्वारा प्रकाशित हुई है ; प०—मेंगटिया, मेवाड़ ।

उदयराज सिंह—(पृ० १६) सा०—'नयीधारा' के प्रबंध संपादक; प०—अशोक प्रेस, पटना-६ ।

उमाचरण दीक्षित—ज०—१६२६, आगरा; सा०—१६४८ में 'हिंदी तेज' का संपा०; प्रका०—स्फुट; प०—मोतीकटरा, आगरा ।

उमेशनंदन सिंह, राजकुमार—शि०—सा० र०; सा०—कई पुस्तकालयों के संचालक और प्रबंधक; प्रका०—द्वादशी—(कहानियाँ); प०—शिवहरराज, मुजफ्फरपुर ।

एरत्ने रत्नसार—लंका निवासी बौद्धभिक्षु तथा हिंदी प्रचारक; पाली, हिंदी, संस्कृत और सिंहली भाषाओं के ज्ञाता; १६४५ में आकर वर्धा में हिंदी सीखी, १६४८ में 'कोविद' परीक्षा पास की; लंका हिंदी-प्रचार-समिति के संस्थापक तथा प्रधान मंत्री, विद्यालयों में हिंदी के अवैतनिक शिक्षक; वर्धा की हिंदी परीक्षाओं के प्रचारक; प०—श्री लंका हिंदी भाषा प्रचार समिति, ३५, ऐलबियन रोड, देमाटे गोड़ा, कोलम्बो ६, लंका ।

ओंकारलाल वैश्य 'प्रणव'—(पृ०-२४) प्र०—१६२३; प्रका०—स्तोत्र वाटिका, उपदेश-वाटिका, बालबोध वचनावली, निराली निरुक्तियाँ, हरिनाम माला, अनुभूत योगावली, प्रभाव चिकित्सावली, लोकोतिप्रकाश; वर्त०—लोक साहित्य के संकलन में व्यस्त; प०—कुटी मेलखेड़ा, मालवा ।

कटीलगणपति शर्मा—(पृ०-२६) १६३४ से हिंदी-प्रचारक; सा०—अध्यक्ष दक्षिण भारत हिंदी पंडित संघ, उपाध्यक्ष द० भा०अध्यापक संघ,सदस्य विद्यालय-सलाह -कारिणी समिति; १६५० में हिंदी प्रमाणीकरण परिषद

हैदराबाद के मद्रास सरकार के प्रतिनिधि; प्रका०—स्फुट; प०—गवर्नमेंट आर्टस कालेज, मद्रास २।

कपिल देवनारायण सिंह—(पृ० २८), प्रोफेसर कपिल के नाम से प्रसिद्ध, 'शंखनाद' के संपादक; प्रका०—संचा०-श्रीकृष्ण अभिनंदन ग्रंथ, बारह बातें, साहित्य - प्रदीप; अप्र०—कवि भूषण, रेखायें, बूढ़ा झामलाल, दिनकर और उनकी काव्य कृतियाँ।

कमल कवि—ज०—१९०७, हल्ली, पोखला, गढ़वाल; शि०—साहित्यालंकार ; सा० — बिलोचिस्तान तथा सिंध में हिंदी प्रचार, क्वेटा से, देश विभाजन के बाद, दिल्ली आकर दिल्ली रेडियो में कार्य; प्रका—वीणा की झंकार—ना०, कवि०–संगिनी और क्रांतिदीप; उप०—कलाकार; वर्त०— अध्यापन; प०—१५-६५, राजेंद्रनगर, करौल बाग, नयी दिल्ली ५।

कमला प्रसाद अवस्थी—(पृ०-३०) 'अशोक', शि०—बी० ए०, बी० जी; अप्र०—एक गीत संग्रह; प०–२१६, रामापुरा, बनारस।

कमलेश भारतीय—(पृ०-२१) ज०—२१ नवम्बर १९१९ मथुरा; शि०—बी० ए०, आगरा कालेज, आगरा; सा०—अहिंदी प्रांतो में हिंदी प्रचार, मंत्री बम्बई प्रां० हि० सा० प्रचार सभा, १९३९-४० में सहा० संपा०'हरिजन सेवक', ४१-४२ में मंत्री, गुजरात प्रांतीय रा० भा० प्र० स०, प्रबंधमंत्री बम्बई प्रा० हि० सा० स०; प०—सम्पादक, 'प्रेम', प्रेम महाविद्यालय, वृंदावन।

कांतिलाल मोदी, 'प्रभाती'—सा०—१९४६ में बम्बई के दैनिक 'लोकमान्य' के सह० संपा०, हि० सा० स० बम्बई अधिवेशन में 'क्षत्राणी' कविता पर पुरस्कार प्राप्त; प्रका०—स्फुट; पा०—हिंदी साहित्य परिषद् देवरी, सागर।

काका कवि — हास्य रस के कवि; प्रका०—कविता संग्रह-काका की कचहरी, पिल्ला; प०–संगीत-कार्यालय, हाथरस।

किशोरीलाल गुप्त—शि०—बी० ए० आनर्स, एम० ए०—हिंदी और अंग्रेजी, बी० टी०; **प्रका०**—प्रसाद - साहित्य का विकासात्मक अध्ययन, सुकवि भारतेंदु, भारतेंदु और उनके पूर्ववर्ती तथा परवर्ती कवि, कबीर की साखियाँ; अनु०—कामायनी (अंग्रेजी), श्यामा (शा की 'लेडी आफ दि सानेट्स' का अनु०); नाट०—प्रतिशोध, विध्वंस; **प०**—प्राध्यापक हिंदी विभाग, शिबली कालेज, आजमगढ़ ।

कुंज बिहारी लाल शुक्ल—महामहोपाध्याय—हिंदी-सेवा के लिए सा० सम्मे० प्रयाग द्वारा प्रशंसित, विद्वत् - परिषद् अजमेर द्वारा मानपत्र प्राप्त, सद०— इंडियन कौंसिल आफ़ वर्ल्ड अफेयर्स भारतीय राष्ट्रीय परिषद्, नेशनल स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूट गवर्नमेंट आफ़ इंडिया; **प०**—मांजी मंदिर, राजस्थान भवन, स्वामीघाट, मथुरा ।

कृष्णचंद एम.एल.ए.—शि०—बी. एस-सी. **सा०**—वृंदावन म्यूनीसिपैलिटी के कई बार चेयरमैन रह चुके हैं; प्रेम महाविद्यालय की स्थापना की; **प्रका०**—स्फुट; **प०**— २३, मदनमोहन फेरा, वृंदावन ।

कृष्णानंद गुप्त — बुंदेलखंडी साहित्य के लेखक; **ज०**—१६०३; **शि०** - झाँसी; **प्रे०**— श्री गणेश शंकर विद्यार्थी; **सा०**—ओरछा नरेश के संरक्षण में बुंदेलखंडी कोश का संपादन; संस्था० बुंदेलखंड लोकवार्ता परिषद्, (इसके मंत्री), संपा '**लोकवार्ता**' पत्रिका; **प्रका०**—प्रसाद जी के दो नाटक; केन-उप०, कहा०—पुरस्कार, अंकुर; पदार्थ-परिचय, जीव की कहानी, स्वास्थ्य- संलाप; **प०**—संपादक, 'संगम', ३ लीडर रोड, प्रयाग ।

केदारनाथ वर्मा— **शि०** — इलाहाबाद; **सा०** — म्यूनिसिपल बोर्ड जूनियर हाई स्कूल में अध्यापक रहे; १६४६ से पंचायत -राज-इंस्पेक्टर; **प्रका०**—स्फुट; **प०**— ६०२ मुट्ठीगंज, प्रयाग ।

के० भास्करन नायर—हिंदी प्रचार तथा पाठ-ग्रन्थ के लेखक; **शि०**—एम० ए०; **सा०**—१६ वर्ष से हिंदी प्रचार और शिक्षण

में संलग्न; प्रका० — दस हीरे, सुदामा चरित्र सम्पा० प्रेमधारा—कहा० सं०; प०—अध्यक्ष, हिंदी विभाग, ट्रावनकोर विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर।

केशवानन्द स्वामी—(पृ०४८) सा०—ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया के संस्थापक, १४ पुस्तकों का प्रकाशन-संपादन किया; प० संगरिया, बीकानेर।

केसरीकुमार—ज०—१९०९ पटना; शि०—एम० ए०; सा० —१० वर्ष तक पटना कालेज में अध्यापन; प्रका०—कवि०-त्रिवेणी कहा०-दिवा रात, ना०-नेत्रदान; आलो०-भारतेंदु और उनके नाटक, प्रसाद और उनके नाटक, हिंदी के कहानीकार, हरिऔध और उनका महाकाव्य, पंत और उनका गुंजन, गुप्त जी की यशोधरा और साकेत, निबंध-निवेदिता, साहित्य और समीक्षा; प०—हिंदी विभाग, राँची कालेज, राँची।

केसरीप्रसाद सिंह—शि०—एम० ए०; प्रका०—प्रसाद, पंत, हरिऔध पर आलोचनात्मक पुस्तकें; प०—हिंदी विभाग, राँची कालेज, राँची।

क्षेमेंद्र शर्मा गुलेरी—स्व० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी के भ्रातृज; प्रका०—स्फुट; पता—अनुवादक, जन सम्पर्क विभाग, पंजाब सरकार, शिमला।

गणेशलाल शर्मा 'प्राणेश'—ज०—४ मार्च १९०९; शि०—एम० ए०, सा० र०; सा०—प्रतिनिधि-अमर भारत, नवभारत टाइम्स, विश्वमित्र, सन्मार्ग, संदेश आदि; प्रधान हिंदी विद्यापीठ; प्रका०—देवी शबरी, प्राणेश प्रतिमा; अप्र०—सविता-कहा०सं०, सुमनांजलि, रानियाँ, राजस्थान - गौरव; प०—आचार्य, डी० ए० वी० हायर सेकेंडरी विद्यालय, फीरोजाबाद, आगरा।

गुरुप्रसाद उत्पल—ज०—२० अक्टूबर १९२२; सा०-सोशलिस्ट पार्टी के सद०; संचा०संत पब्लिकेशन; संपा० और प्रका०'कहानियाँ'; प्रका०—स्फुट कहानियाँ और लेख; प०—प्रकाशक और प्रबन्ध-संपादक 'उजाला' साप्ताहिक, पटना ३।

गेंदालाल सिंघई — ज० — १९२१ ; प्रका० — प्राणों का संगीत, करुणामयी ; अप्र०— मेदिनीराय, चंदेरी ; प०—संचालक सिंघई प्रेस, पछार (ग्वालियर) ।

गोपीनाथ तिवारी—(पृ० ६८) ज०—मार्च १९१४, धामपुर ; शि०—एम० ए० प्रथम श्रेणी, आगरा वि० वि०; सा०—६ वर्ष तक अध्यक्ष हिंदी विभाग, डी० ए० वी० कालेज, लाहौर ; प्रका० —पद्मावली ; वर्त० — संपादक- 'सुमन' मासिक ।

गोपीवल्लभ उपाध्याय, (पृ०-६९) — संपादक 'वीणा', इंदौर-४६-४७ ; वर्त०—प्रबंध संपा०-'विक्रम' मासिक ; प्रका०—भाग्य रेखा, संस्कृत-संगम, वाग्विहार ।

गौरीशंकर ओझा— ज०— १९१५ गुना, ग्वालियर ; जा०— गुजराती, बँगला; सा०—'मिलाप' लाहौर, 'हंस' बनारस, 'जीवन'-ग्वालियर के संपादन में योग दिया; वर्त० — उपसंपा०—साप्ताहिक 'मध्यभारत - संदेश' ; प्रका०— अर्घ्य-कविता ; प०—'मध्यभारत संदेश'-कार्यालय, ग्वालियर ।

गौरीशंकर मिश्र 'द्विजेंद्र'— शि० — एम० ए० हिंदी, पटना वि० वि०, स्वर्णपदक प्राप्त ; प्रका०—नीलिमा, परीक्षित, गीति नाट्य ; प०—प्रधानाध्यापक, टी० एन० जे० कालेज, भागलपुर ।

चिंतामणि शुक्ल — ज०— १९१०, धौलपुर ; शि०—एम० ए०—इतिहास, राजनीति और हिंदी, सा० र० ; राष्ट्र०—'३०, '३२, '३३, और '४२ के राष्ट्रीय आन्दोलनों में जेल गये ; सा०— हि० सा० स० की परीक्षाओं के स्थानीय व्यवस्थापक ; रेडियो द्वारा निबंधों का प्रसरण ; प्रका०— विश्व का सरल इतिहास, भारत-वर्ष का इतिहास ; अप्र०—चीन पर विहंगम दृष्टि, यूरोप का इतिहास ; प०—प्राध्यापक, म्युनिसिपल इंटर कालेज, वृंदावन ।

चेतनकुमार भटनागर—यात्रा साहित्य के लेखक ; सा० — 'मस्ताना जोगी' के संपा० ; प्रका० —उत्तराखंड, कैलास मानसरोवर की यात्रा, काश्मीर, नैपाल, भूटान और सिक्कम ; प०—'मस्ताना जोगी'-कार्यालय, दिल्ली ।

चेतराम व्यास — ज० — १६०५, नारायणगंज, इंदौर; **शि०** —सा० रत्न ; **सा०**—ग्राम पंचायतों के इंस्पेक्टर, विकास-विभाग के प्रकाशन अधिकारी, 'ग्राम-सुधार' साप्ताहिक के संपादक ; **वर्त०**—'वीणा' के सह० संपा० ; **प०**—५ मल्हारगंज, इंदौर।

जगदलपुरी, लाला— ज०— १६२० ; प्र०—१६३७ ; **सा०**— भूत० संपा० 'अंगारा' ; **प्रका०**— स्फुट ; प०—'कवि निवास', **जगदलपुर।**

जगदीशचंद्र माथुर—ज०— १६१६, शाहजहाँपुर ; **शि०**— प्रारंभिक खुर्जा, एम० ए० प्रयाग वि० वि०, आई० सी० एस० १६४१ ; प्र०—भोर का तारा (एकांकी), वैशाली अभिनंदन-ग्रंथ (ऐतिहासिक निबंध-संग्रह), कोणार्क (नाटक), कुँवरसिंह (नाटक) ; **अप्र०**—फुटकर कहानियाँ और निबंध ; **वर्त०** — शिक्षा सचिव, बिहार राज्य ; **प०**—३४, हार्डिंज रोड, पटना।

जगदीश नारायण दीक्षित— (पृ०-८८) **प्रका०**—बापू की देन, गबन : एक आलोचनात्मक परिचय, पुराण कथा रत्नावली, जातक की कथाएँ, भारत की अमर आत्माएँ, नीतिशिक्षण।

जगदीश विद्रोही—ज०—५ अक्टूबर १६२८ ; **सा०**—भूत० सम्पा० 'वीणा'; **प्रका०**—कवि०— प्रतिमा, रेखा; उप०—पत्थर के देवता, विद्रोही; **प०**—संपादक मासिक 'भारती', दिल्ली।

जगदीश सहाय उपाध्याय— (पृ०-६०) **सा०** - संस्था० ग्राम्य साहित्य परिषद, पालर; **प्रका०**— महात्माबुद्ध नाटक, मनकी मौज उप०; प०—अध्यक्ष संस्कृत विभाग विपिन बिहारी इंटर कालेज, **झाँसी।**

जगद्धर शर्मा गुलेरी—स्व० चंद्रधर शर्मा गुलेरी के भाई; **शि०** एम० ए०; **सा०**—स्व० शर्मा जी की स्मृति में 'गुलेरी' पदक की स्थापना, जो ना० ना० प्र० स० से दिया जाता है; पंजाब में प्राचीन पाण्डुलिपियों के अन्वेषण- कार्य के निरीक्षक रहे, सद० का० ना० प्र० स०; प०—अध्यापक, कृषि- महाविद्यालय, लायलपुर।

जनार्दन नायर—सा०—१० वर्षों से दक्षिण में प्रचार-कार्य कर रहे हैं; प्रका०—सरस कहानियाँ, नेहरू की जीवनी; प०-प्रधान हिंदी अध्यापक, महात्मा गाँधी स्मारक कालेज, त्रिविन्द्रम।

जमनालाल जैन—ज०-१८ दिसम्बर १९२२; शि०—सा०र०; सा०—भूत० संपा० 'वीर' साप्ताहिक; प्रका०—स्फुट १५० लेख; छंद-शतक; अप्र०—रामायण के पात्र, प्यारे राजा बेटा-सेवा; प०—सहायक संपादक मासिक 'जैन-जगत', वर्धा।

जयनारायण मल्लिक—शि०—एम० ए०, पटना वि० वि०, सा० आ०, सा० र०; प्रका०—उप०—प्रेमोपहार, गल्पमाला, देहाती-समाज, अछूत कन्या; कवि०—पुष्प चयन; प०-प्राध्यापक, टी० एन० जे० कालेज, भागलपुर।

जयशंकर नाथ मिश्र 'सरोज'—ज०—११ फरवरी १९२३; शि०—एम० ए०, एल० टी०; लखनऊ वि० वि०; प्रका०—स्फुट; अप्र—कल्पना—कवि०; विचार-दर्शन—आलो०; सुनहले साँप—कहा०, वर्त०—अध्यापक, हिंदी विभाग, नेशनल इंटर कालेज, लखनऊ; प०—शंकरी टोला, चौक, लखनऊ।

जवाहरलाल चतुर्वेदी—ब्रजभाषा साहित्य के विद्वान और अनुसंधानकर्त्ता; कई वर्ष से ब्रजभाषा का प्रामाणिक कोश बनाने में प्रयत्नशील; आपके पास एक सुंदर पुस्तकालय है जिसमें प्राचीन साहित्य, विशेषतः ब्रजभाषा, के अनेक महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रंथ हैं; ब्रजभाषा और उसके साहित्य के संबंध में अनुसंधान करनेवाले अनेक विद्वानों ने इनके ग्रंथों से समय समय पर लाभ उठाया है; स्थानीय सभी प्रमुख साहित्यिक संस्थाओं से आपका सक्रिय संबंध रहा है; प०—ठि० बैजनाथ चौबे कंपनी, ३७।३ ए इजारा स्ट्रीट, कलकत्ता।

जवाहर लाल लोढा जैन—(पृ० १००) जैन-साहित्य के अध्ययन और प्रचार-प्रसार में संलग्न हैं।

जीवनशंकर याज्ञिक—ज० १८८७; शि०—एम० ए० अंग्रेजी तथा अर्थशास्त्र, एल-एल० बी०;

आगरा तथा अलीगढ़; सा०—हिंदी के १२०० हस्तलिखित ग्रंथ आपने काशी ना० प्र० सभा को प्रदान किये; गीता तथा रामायण पर खोजपूर्ण साहित्य लिखा; प्रका०—स्फुट; प०—प्रधानाध्यापक तथा गीताध्यापक हिंदू विश्वविद्यालय, काशी।

जी० सुन्दर रेड्डी—शि०—एम० ए० (जमिया), सा०र०; सा०—हिंदी प्रचारक तथा अध्यापक; प्रका०—स्फुट; प०—प्रधानाध्यापक, हिंदी आँध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर।

ज्वालाप्रसाद, डाक्टर—वाणिज्य विषय के ज्ञाता; शि०—एम० ए०, डी० फिल; सा०—संरक्षक हिंदी साहित्य समिति-पुस्तकालय; प्रका०—स्फुट; प० शिवाजी विद्यालय, अमरावती।

ज्ञानचन्द्र अलया—ज०—१९२६; प्रका०—स्फुट; प०—मन्त्री, हिंदी साहित्य परिषद, ललितपुर।

ज्ञानीदास—सा०—सुदूर अहिंदी प्रदेश के हिंदी लेखक, लगभग बीस वर्षों से हिंदी-प्रचार प्रसार में लगे हैं; अनेक बार पाक्षिक और मासिक पत्र-पत्रिकाएँ निकाल चुके हैं; आजकल 'तारा' मासिक के सम्पादक; प्रका०—गुप्त शक्तियाँ, मृदुला, फीजी गल्पिका, भारतीय उपनिवेश फीजी; प०—तारा कार्यालय, नसीनू, सूवा, फीजी।

टी० ए० ओदमाम—हिंदी प्रचारक; प्रका०—स्फुट; प०—हिंदी प्रचारक विद्यालय, पो० देन्नूर, त्रिचिनापल्ली, मद्रास।

डी० वी० रामास्वामी—एम० एल० ए०; शि०—बी० ए०, बी० एल०; प्रका०—स्फुट लख; प०—प्रधान, दक्षिण विशाख जिला हिंदी पंडित संघ, दावा गार्डेन, विशाखापटनम।

तारा पोतदार कुमारी—प्रका०—स्फुट कहानियाँ; अप्र०—दो कहानी-सग्रह प०—हिंदी अध्यापिका महिला महाविद्यालय, नागपुर।

तेजनारायण लाल—(पृ०१०६) शि०—एम० ए०; सा०—१९४५ में उप० संपा० 'नवशक्ति' पटना, 'राष्ट्रवाणी' १९५० में

एम० ए० में छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्राप्त; १९४६ में द० भा० हि० प्र० स० के साहित्य विभाग में कार्य किया; प्रका०—मधुज्वाल, कालिंदी मशाल; अप्र०—परिचित उप०, जीवन के रूप-निब०, हिंदी की काव्य-कला, तेलगु के नये कवि; प०—प्राध्यापक, हिंदी प्रचारक विद्यालय, विजयवाड़ा, वकिंघमपेट, एलोर रोड।

त्रिगुणानन्द शुक्ल—शि०—एम० ए०, काव्यतीर्थ; प्रका०—स्फुट लेख; वि०—इस समय दैनिक आर्यावर्त के सम्पादकीय विभाग में हैं; प०—'आर्यावर्त'- कार्यालय, पटना।

दत्तात्रेय बालकृष्ण (काका कालेलकर)—ज०—१८८५; शि०—बी० ए०; सा०—साता० 'राष्ट्रमत' के भूत० संपा०, शिक्षक शांति निकेतन १९२५, गुजरात विद्यापीठ के कुलपति और आचार्य रहे १९२७-३४, गाँधी के 'नवजीवन' का सम्पादन किया; 'सर्वोदय', 'सबकी बोली' आदि पत्रिकाओं का भी सफल सम्पादन कर चुके हैं; वि०—आपके परिश्रम और अध्यवसाय से वर्धा राष्ट्रभाषा- प्रचार समिति की काफी उन्नति हुई; प०—वर्धा।

दामोदरदास चतुर्वेदी—ज० १९०६; सा०—'आगरा-समाचार', 'विशाल भारत', 'नोकझोंक', 'निराला', 'जीवन', 'प्रजा - प्रकार', 'उदय' आदि के संपादकीय विभाग में रहे; प्रका०—स्फुट बँगला के अनुवाद; वर्त०—सम्पा० 'मध्य-भारत-संदेश; प०—मलयपुर, मुंगेर।

दिनेशप्रसाद वर्मा—ज०—सुबइयाँ, चम्पारन; शि०—बी० ए० आनर्स, १९४६; एम० ए० १९४९; सा०—सह० संपा० दैनिक 'नवराष्ट्र', साप्ता० 'हुंकार'; अखिल भारतीय रेडियो पटना के 'चौपाल' कार्यक्रम के कलाकार; मन्त्री स्वागत समिति बिहार प्रांतीय हि० सा० स०; प्रका०—प्रसाद के नाटकों की गीति योजना (रामेश्वर नाथ तिवारी के सहयोग से), अनुसंधान कार्य भारतेंदु पर कर रहे हैं; प०—अध्यापक, एच० डी० जैन कालेज, आरा।

दीनदयालु—शि०—सिद्धान्तालंकार, शास्त्री; सा०—विद्या सभा, रुढ़की इंजिनियरिंग वि० वि०, उत्तरप्रदेश धारा सभा आदि अनेक सरकारी तथा सार्वजनिक संस्थाओं के सद०, राष्ट्रीय आंदोलनों में भाग लिया और जेल गये; प्रका०—स्फुट; प०—अध्यक्ष वाणिज्य विभाग, गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार।

दीपचन्द जैन—शि०—एम० ए० प्रयाग वि० वि०; प्रका०—स्फुट; प०—उच्च व्याख्याता, हिंदी विभाग, दरबार कालेज, रीवाँ।

दुर्गाप्रसाद खत्री — प्रसिद्ध तिलिस्मी और ऐयारी की पुस्तक चंद्रकांता के लेखक देवकीनन्दन खत्री के पुत्र; प्रका०—सुवर्णपुरी, सागर सम्राट, रोहतासगढ़, लालवर्दी, लाल पंजा, सफेद शैतान आदि अनेक पुस्तकें; प०—लहरी बुकडिपो, काशी।

दुर्गाप्रसाद राव—प्रका०—जीवन की विचित्रता; अप्र०—ग्रीसदेश की प्राचीन सभ्यता; प०—पुरानी बाजार, ललितपुर, झाँसी।

देवकीनन्दन शर्मा 'चंचल'—प्रका०—स्फुट कविताएँ; प०—प्राध्यापक सनातन धर्म कालेज, अम्बाला कैंट।

देवीशंकर मिश्र 'अमर'—ज०—१९१४; शि०—लखनऊ, एम० एस-सी० काशी वि० वि०; सा०—विद्यार्थी काल से ही साहित्य में रुचि, छात्रावास पत्रिका क्रिश्चियन कालेज का संपादन, लखनऊ वि० वि० कहानी-प्रतियोगिता में दो बार प्रथम आये, सभा० तथा संस्था०—हिंदी साहित्य परिषद् पीलीभीत; संस्था० मन्त्री कोषाध्यक्ष भारतीय प्राणिशास्त्र परिषद; इसके मुखपत्र 'प्राणिशास्त्र' के आयोजक और संपादक; प्रका०—उद्गार-कवि० सं०, जगद्गुरु भारत, सुमार्ग; अप्र०—योग स्वस्थवृत्त, विश्व सर्प-सम्मेलन; वि०—तुलसी की रामायण की 'परीक्षाकांडम्' नाम से पैरोडी आपने १९२९ में लिखी थी; प०—अध्यक्ष विज्ञान विभाग, कालीचरण इंटर कालेज, लखनऊ।

देवेंद्रपाल सुहृद — ज०—२ अक्टूबर १९२८; शि०—बी० ए० अलीगढ़ वि० वि०; प्र०—१९३९;

सा० — 'मुक्तमार्ग', 'सेनानी', 'बारहसेनी', के भूत० सम्पा०; सद० सुहृदगोष्ठी, प्रगतिशील लेखक संघ, हि० प्र० सभा०, राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भाग; प्रका०—स्फुट; अप्र०—हरिजन काव्य; प०—ग्राम बरानदी, बुढ़ासी, अलीगढ़।

धर्मदेव वेदवाचस्पति—१५ वर्ष तक गुरुकुल इंद्रप्रस्थ में अध्यापन; प्रका०—त्याग की भावना; प०—गुरुकुल कांगड़ी।

नंद चतुर्वेदी—शि०—बी० ए०, बी० टी; प्रका०—स्फुट कविताएँ और लेख; प०—संपादक 'जयहिंद', साप्ताहिक पत्र, कोटा।

नरदेव विद्यालंकार—दक्षिण अफ्रीका के हिंदी प्रचारक, गुरुकुल कांगड़ी के स्नातक, डर्बन नगर में आपके प्रयत्नों से हिंदी प्रचार बड़ी अच्छी गति पर है; प०—पो० बा० ३९३, लोरेन्सोमार्क्स।

नलिन विलोचन शर्मा—शि०—एम० ए०, सा० आ०; प्रका०—दृष्टिकोण-साहित्यिक लेख; प०—हिंदी विभाग, पटना कालेज, पटना।

नित्यानंद सहाय—शि०—एम० ए०, बी० एल०; सा०—हिंदी साहित्य परिषद, मुंगेर के सभापति; प्रका०—स्फुट; प०—पूरब सराय, मुंगेर।

पशुपति नाथ गुप्त—ज०—१६१६; सा०—सहा० मंत्री भारतेंदु साहित्य संघ और चम्पारन रिसर्च सोसाइटी; प्रका०—स्फुट; प०—नेशनल स्टोर एंड एजेंसी, मोतिहारी।

पी० आर० श्री निवासशास्त्री—दक्षिण भारत के हिंदी प्रचारक और लेखक; ज०—१६२२, पातपाल्य, कोलार, जिला मैसूर; शि०—हि० सा० शिरोमणि मैसूर, राष्ट्रभाषा-विशारद-मद्रास; साहित्य विशारद प्रयाग; सा०—१६४२, मैसूर हिंदी-प्रचार-परिषद् की स्थापना तथा उसके मंत्री; सरकारी कमेटियों के सदस्य; प्रका०—मनोहर कहानियाँ, श्री राम की कथा, फूलों का हार, हिंदी प्रचार पाठमाला, महाभारत की कथा, हिंदी लिपि पुस्तक; अप्र०—नयी

हिंदी, हिंदीप्रवेश, नवीन हिंदी कन्नड़ अनुवादमाला ३ भाग, प्रचार पाठमाला-२ भाग ; प०—४२२।२ ईस्ट रोड, विश्वेश्वरपुरम बंगलौर।

पी० केशवन नायर—(पृ० १४१) प्रका०—हिंदी मलयालम कोश, हिंदी मलयालम स्वबोधिनी; प०—प्राध्यापक हिंदी विभाग, विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर।

पी० नारायण-(पृ०-१४१) शि०—सा० र०; सा०—६ वर्ष तक काशी विद्यापीठ में अध्यापन; सारे देश का भ्रमण और देश व्यापी आंदोलनों में भाग लेने के बाद अपना कर्मक्षेत्र स्थायी रूप से दक्षिण को ही चुना; सह० संपा० 'ललकार'; सारे भारत में 'हिंदी' के माध्यम का समर्थन और सांस्कृतिक एकता के लिए प्रयत्न, 'नरन' उपनाम से कविता करते हैं, सद० शिक्षापरिषद्, परीक्षाओं के व्यवस्थापक; प्रका०—हिंदू पुराण।

पुरुषोत्तमदास टंडन—पत्रकार तथा राजनीति विषय के लेखक; शि०— बी० ए०, एल-एल० बी०; रा०-४२ के आंदोलन में जेल यात्रा; सा०— नेशनल हेराल्ड के पत्र प्रतिनिधि; प्रका०—पत्र और पत्रकार; अँगरेज़ी में भी कई पुस्तक लिखीं; प०—४ एलगिन रोड, इलाहाबाद।

पुरुषोत्तमदास मोदी—ज०—१६ जून १६२८; शि०—बी०ए; प्रका०—स्फुट कहानियाँ और स्वास्थ्य संबंधी लेख; प०—आरोग्य मंदिर, सुड़िया कुआँ, गोरखपुर।

पुरुषोत्तम मुरारका— गद्य-गीत लेखक; ज०—२८ जुलाई १६२७; शि०—सा० र०, सा० लं०; सा०—केंद्र व्यवस्थापक बिहार विद्यापीठ ; प्रका०—स्फुट; प०—ओरिएंटल हाई स्कूल, वर्धा।

पूजाप्रसाद मिश्र—ज०—१६१८; शि०—सा० र०, सा० लं०; सा०—मंत्री श्री माहेश्वरी खेतान पुस्तकालय, प्रधानाध्यापक गोस्वामी तुलसीदास साहित्य विद्यालय, पडरौना; प्रका०—स्फुट; अप्र०—आकाश कुसुम, प०—ग्राम डुमरी, पो० किन्थर पट्टी, पडरौना, देवरिया।

पौलडेएट (रे० फा०) एस० जे०—अमरीकी हिंदी प्रेमी और लेखक; ज०—१६०१ अमरीका; शि०—अमरीका और दतिया पूर्व भारत; सा०—दतिया के मिशन स्कूलों में अध्यापन; प्रका०—स्फुट ; 'दयाकिशोर' उपनाम से हिंदी में लिखा, प०—हिंदी अध्यापक, वेस्ट वेडेन कालेज, वेस्ट-वेडेन, स्प्रिंगस, इंडियाना, संयुक्त-राज्य, अमरीका ।

प्रतापभानुसिंह चौहान 'आजाद' — ज० — १६१५ ; शि०—मैट्रिक; प्रका०—स्फुट कविता; प०—सोहागपुर, होशंगाबाद ।

प्रियव्रत वेदवाचस्पति—सा०—'आर्यमासिक' लाहौर के ८ वर्ष तक संपा०, आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष, अतरंग और विद्यासभा के सद०, १६४३ से गुरुकुल काँगड़ी के आचार्य; प्रका०—वरुण की नौका-२ भाग; अप्र०—तीन पुस्तकें; प०—गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार ।

फकीरचंद—रसायन शास्त्र के लेखक; ज०—६ अप्रैल १६०६; शि०—एम० एस-सी०: प्रका०—सोडा कास्टिक साबुन तथा बिना सोडा कास्टिक के साबुन बनाना, आईना, मोमबत्ती बनाना, सील मुहर करने की वस्तुएँ, जादू के खेल, साबुन तथा ग्लिसरीन; प० — उपाध्याय इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, गुरुकुल विश्वविद्यालय, काँगड़ी ।

फतहचद गुप्त—ज०—४ मई १६१७; सा०—संपादक 'मारवाड़ी समाज' और 'समाज - सेवक' नामक पत्र; व्यवस्थापक मारवाड़ी साहित्य मंदिर, प्रबंध संपा० हिंदी इंडस्ट्रीज ऐंड पब्लिकेशंस ; प्रका०—मारवाड़ी गौरव-इति०; अग्रवाल शब्द कोश (संपादित); प०—गुप्त निवास, भिवानी; या ३८२, नया बाँस, दिल्ली ।

फूलचंद्रजैन 'सारंग'—ज०—१६१३; शि०—बी० ए०; सा०—भूत० प्रधानाध्यापक जैन रत्न विद्यालय, भोपाल गढ़, जिनवाणी का संपादन किया; प्रका०—स्फुट; प०—अध्यापक एम० डी० जैन कालेज, आगरा ।

बजरंग लाल सुलतानिया—(पृ०-१५३) प्रका०—पापी(अनु०),

वेदी (कहा०), कड़ुवा घूँट ।

बद्रीनारायण सिंह—प्रका०—मांडवी, सिंहगढ़ विजय, गीता का पद्यानुवाद, राघवेंद्र चरित; प०—खपराडीह, फैजाबाद ।

बनारस चौधरी 'अमर'—ज०—१६२४; शि०—विशारद; सा०—सह० संपा०—'मजदूर आवाज',जमशेदपुर; प्रका०-स्फुट; अप्र०—अमरज्योति ; वर्त०—अध्यापक; प०—हुसेनपुर, विहार-शरीफ, पटना ।

बम्बहादुर सिंह नेपाली 'मगन'—(पृ० १५५) फुटबाल साहित्य के लेखक; प्रका०—हम नेपाली हैं गोर्खाली नहीं; अप्र०—रामनगर का इतिहास, फिल्मी भंड़ाफोड़, चम्पारन-गौरव, नैपाल का इतिहास; वर्त०—सुपरवाइजर, पडरौना सुगर मिल्स, सलाहकार नैपाली भारतीय एसोसिएशन, प०—मैनेजर जयहिंद टाकीज खड्ग प्रिंटिंग प्रेस, नौतनवाँ, गोरखपुर ।

बलभद्र ठाकुर—बँगला और रूसी भाषा के ग्रन्थों का भाषांतर किया; प्रका०—कई अनूदित पुस्तकें, अप्र०—राधा, भूमिका; प०—वर्धा ।

बशीर अहमद खाँ 'मयूख'—सा०—समाजवादी पार्टी के उत्साही कार्यकर्ता ; प्रका०—स्फुट कविता; प०— ठि० जय-हिंद साप्ताहिक, कोटा ।

बालकृष्ण जोशी 'दर्शन'—ज०— १६२६; सा०—प्र० मंत्री सुहृद साहित्य गोष्ठी, सद० जनता राष्ट्रीय विद्यालय, पुस्तकाध्यक्ष काशी पुस्तकभंडार; प्रका०—पत्नी के नाम पत्र; प०—सुडिया, काशी ।

बाल शौरिरेड्डी—शि०-सा० भू०, सा० र०, सा० लं०, काशी और प्रयाग; सा०—दक्षिण भारत में तामिलनाद हिंदी-प्रचार-सभा, त्रिचिनापली और दक्षिण भारत हिन्दुस्तान प्रचार सभा, मद्रास के सहयोग में हिंदी-प्रचार, अध्यापन ; प्रका—स्फुट; प्रचार - सभा की ओर से हिंदी तेलगु कोश का संपादन; अप्र०—उत्तर हिन्दुस्तान की यात्रा; वर्त०—प्रचार - कार्य तथा शिक्षण; प०— हिंदी प्रचार सभा,त्रिचिनापल्ली (तामिलनाडु)।

भगवद्दत्त वेदालंकार—ज०—मेरठ; **सा०**—वैदिक अनुसंधान के उत्साही कार्यकर्ता; **प्रका०**—भृगु देवता, वैदिक स्वप्न विज्ञान, वैदिक अध्यात्म विद्या; **प०**—अनुसंधान - विभाग, गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार।

भरतसिंह उपाध्याय—बौद्ध साहित्य और पाली के अन्वेषक; **शि०**—एम० ए०; **प्रका०**—मेरी गाथाएँ, बुद्ध और बौद्ध साधक, पालि साहित्य का इतिहास; **अप्र०**—बौद्ध दर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन–इस पर १५००) का 'दर्शन पारितोपिक' बंगाल हिंदी मंडल कलकत्ता ने प्रदान किया ; प०—प्रधानाध्यक्ष, दिगम्बर जैन कालेज, बड़ौत।

भवानीप्रसाद मिश्र— ज०—१६१४; शि०—कई भारतीय भाषाओं के ज्ञाता; बी० ए० नागपुर वि० वि०, १६३५; **सा०**—३२ में जेल - यात्रा, महिलाश्रम, वर्धा की स्थापना; संपा० 'शिक्षक' परीक्षा मंत्री भी रहे ; **प०**—महिलाश्रम, वर्धा।

भुवनेश्वर प्रसाद वर्मा 'कमल'—ज० — २३ नवम्बर १६२३, गिसारा मुजफ्फरपुर; **शि०**—एम० ए० हिंदी, **पटना** वि० वि०; **सा०**—एच० डी० जैन कालेज में अध्यापक रहे, रेडियो पर आपके एकांकी प्रसारित होते हैं, हिंदी शब्दों का वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं; **प्रका०**—सांध्यदीप, साहित्य-संधान; **प०**—पटना कालेज, पटना।

मक्खन लाल बसावेका—शि०—एम० काम०, सा० र०; **सा०**—संस्था० हिंदी सभा रामगढ़, जयपुर कॉंग्रेस अधिवेशन में सर्वोदय प्रदर्शिनी के प्रबंधक व कार्यकर्ता; प०—प्रधान मंत्री हिंदी सभा, नवलगढ़।

मथुराप्रसाद दीक्षित—महामहोपाध्याय, राजगुरु सोलन; **ज०**—१८७६ हरदोई; शि०—आचार्य; प्रका०—पृथ्वीराज रासो की टीका; **वि०**—रासो की टीका पर आपको महामहोपाध्याय की उपाधि मिली; संस्कृत के अनेक ग्रन्थों की रचना की, संस्कृत में अभिधान राजेंद्रकोश की ७ खंडों में रचना की जिसका मू० २५०) है; प०—सोलन, शिमला;

मथुराप्रसाद दुबे 'कुलदीप'—ज०—१९२३ झाँसी; शि०—एम० ए०; सा०—भूत० संपा० 'पराग' मासिक, दैनिक 'संदेश', 'मतवाला', प्रका० — भाग्यचक्र-नाटक; अप्र०—कहानियों और कविताओं के दो-तीन संग्रह; वि०—इस समय 'हमराही' साप्ताहिक के प्रधान सम्पादक हैं; प०—प्राध्यापक, सेंट जांस कालेज, आगरा।

मदन गोपाल अरविंद—प्रका०—संगीत-कविता संग्रह; प०—सीनियर आफिस, कोर्ट विभाग मुजफ्फरपुर।

मदन लाल व्यास 'प्रभाकर'—ज०—१९२२; सा०—हिंदी साहित्य सभा के सम्पादक; प्रका०—स्फुट; प०—नथावतों की पोल, नव चौक, जोधपुर।

मन्यथ राम कृष्ण भट्ट, 'नवल'—शि०—एम० आर० ए० एस० (लंदन); सा० — सहकारी सद० हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रोफेसर एम० पी० इंस्ट्रीट्यूट; संस्था० संचा० सर्वोत्तम साहित्य शिक्षण समिति, संशोधक संजीवन साहित्य शिक्षण; प्रका०— भारत भेरी, नवल सिद्धान्त, नवल व्याकरण, ललित पत्र, कलमी कलाम, हिंदी नारी, नवल नूर आदि; प०— सर्वोत्तम साहित्य शिक्षण समिति, म्यापसा, गोवा।

महादेवराव चौधरी—सा०—व्यावहारिक कृषिविशेषज्ञ; प्र०—कृषि सम्बन्धी स्फुट लेख; प०—बसन्तरमेश कृषि फार्म, सविताबाड़ी, वरुड (बरार)।

महादेव लाल— सा० —'प्रकाश', देवघर के प्रधान सम्पा०; आदिवासियों में सुधार और हिंदी प्रचार में संलग्न; प०—प्राध्यापक, हिंदी विद्यापीठ, देवघर।

महावीर प्रसाद शर्मा—शि०—बी० ए०, एल-एल० बी०, सा० र०; प्रका०—स्फुट कविताएँ और लेख; वर्त० — वकालत; प०—संपा० साप्ताहिक 'जयहिंद', कोटा।

महावीरप्रसाद शर्मा 'प्रेमी'—(पृ०-१८२) वर्त०—'राष्ट्रवाणी' तथा 'नवशक्ति' पटना के सम्पादकीय विभाग में हैं; प्रका० —विद्युत-संस्कार द्वारा खेती-बागवानी और प्राणियों का उपकार, उद्योग व्यवसाय में सफलता के

साधन; प० — लालकोठी, पो० दानापुर, पटना।

महेश्वर—(पृ०-१८५) **प्रका०**—चतुर्भुजी, प्रेमांजलि, भिखारी ठाकुर, तिरंगा-गीत संग्रह; **अप्र०**—साहित्य - विवेचना, महादेवी की चित्रकला व काव्य-कला, भारतीय शिक्षा गाथा; **वि०** — 'कनौजी बोली का उद्भव व विकास' पर खोज कर रहे हैं; **प०**—ग्राम और पोस्ट भरौला, आरा।

महेश्वरीप्रसाद—**शि०**—एम० ए०, हिन्दी और संस्कृत, पटना वि० वि०, स्वर्णपदक प्राप्त०; **प्रका०**—स्फुट उच्चकोटि के आलोचनात्मक लेख; 'सूफी काव्य' पर खोज कर रहे हैं; **प०**—हिंदी विभागाध्यक्ष टी० एन० जे० कालेज, भागलपुर।

मांगीलाल माथुर — **शि०**—बीकानेर; **सा०**—भूत० सम्पादक 'प्रभात', 'जनता'; सह० सम्पादक 'लोकमत'; **वर्त०** — 'वर्तमान' साप्ताहिक के आयोजन में व्यस्त; **प०**—संचालक, विज्ञापन कला अधिष्ठान, कोट गेट, बीकानेर।

मालती बाई दीडेकर— **ज०** १२ एप्रिल १९१२; **प्रका०**—**स्फुट** निबन्ध, शब्द चित्र, कहानियाँ; प०—बुधगाँव, सतारा।

माहेश्वरी सिंह 'महेश'—(पृ०-१८८) **शि०** — एम० **ए०**, हिंदी तथा मैथिली कलकत्ता **वि०** वि०, स्वर्णपदक प्राप्त; **प्रका०**—काव्य सुहाग, युगवाणी, **अनल-वीणा**, गद्य०—स्वावलम्बन, **सरल** राजनीति विज्ञान, कहा०—चतुर्थी सप्तमी, अष्टमी, एकादशी, **अमावस्या**; **वर्त०**—इँगलैंड में **पी-एच०** डी० की तैयारी कर रहे **हैं**।

मुरलीधर नारायण —(पृ० १८९) **शि०**—एम० ए०; **सा०**—व्यवस्थापक परीक्षा केंद्र **कुंतलपुर**, हरनौत, क्लिाघर, पटना—**हिन्दी** देवघर विद्यापीठ; **प्रका०**—**कल्पतरु**, साहित्य-सचय; **प०**—**व्यवस्थापक** 'आलोक' द्वैमासिक, **हंसडीहा** बेसिक ट्रेनिंग **स्कूल**, दुमका (बिहार)।

मुरली मनोहर प्रसाद—**ज०** १९२५, आरा; **शि०**—**बी० ए०** आनर्स, १९४७, पटना **कालेज**; एम० ए०, १९४९; **सा०**—**एकांकी** रेडियो से प्रसारित होते हैं; **प्रका०**

—स्फुट गद्यगीत और एकांकी; प०—एच० डी० जैन कालेज, आरा।

मूलवर्धन राजवंशी—(पृ० १९१) **सा०**—संपादक 'विद्यार्थी'; **प्रका०**—अजंलि, समाज की वेदी पर-उप०; **प०**—परीक्षा मन्त्री, हिंदी विद्यापीठ, रतनगढ़।

मोहनलाल उपाध्याय 'निर्मोही'—(पृ० १९३) **सा०**—पुस्तकाध्यक्ष मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर, 'सहयोग'-दैनिक के सहयोगी सम्पादक; **प्रका०**—सूर पदावली, व्रजमाधुरी सार, प्राचीन पद्य प्रभाकर की टीकाएँ, **प०**—प्रबन्धक मजदूरप्रेस, श्रमशिविर, इंदौर।

यज्ञदत्त शर्मा—ज०—दिसम्बर १९११; **सा०**—उपसम्पादक 'नवजीवन' दैनिक; भूत अध्यापक सुमेर हाई स्कूल जोधपुर; **प्रका०**—अनु०—मुद्रा विनिमय साखपद्धति २ भाग, आधुनिक सरकार; **प०**—नवजीवन कार्यालय, कैसरबाग, लखनऊ।

य० सोमेश्वर शर्मा—ज—४ अगस्त १९१७; शि०—म्यूनिसिपल हाई स्कूल विजयनगर; **सा०**—१० वर्ष तक स्कूल में हिंदी के अध्यापक; **प्रका०**—स्फुट; प०—सहा० अध्यापक श्री वेंकटेश्वर ओरियंटल कालेज, तिरुपति।

युगलसिंह ठाकुर—**शि०**—एम० ए०, बार-एट-ला, विद्यानिधि; **सा०**—उपसभापति एवं जन्मदाता श्री नागरी भंडार बीकानेर, संस्था० हिंदी प्रचारिणी सभा, आगरा; बीकानेर राज्य के शिक्षा विभाग के अध्यक्ष, कोटा हि० सा० स० के अधिवेशन में मनोविज्ञान पर भाषण; **प्रका०**—स्फुट; **वि०**—आपकी जनप्रिय कविता 'म्हारो देस', नाटकों, रेडियो द्वारा प्रचारित और रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा पुरस्कृत हुई, **प०**—खीची सदन, बीकानेर।

रणधीरसिंह—**शि०**—साहित्यालंकार; **प्रका०**—नाट०—झाँसी की रानी, सरदार भगतसिंह; **प०**—सम्पादक 'अभिनय' कार्यलय, ३५ बड़तल्ला स्ट्रीट, कलकत्ता।

रणवीरसिंह—**सा०**—**सह०** संपा० 'प्रभाकर'; **प्रका०**—**स्फुट**

कविताएँ और लेख ; प०—शीतलपुर, मुंगेर।

रतनकुमार जैन—(पृ० १६६) शि०—बी० ए०, नागपुर वि० वि० १९४६ ; सा० — संचालक हिंदी साहित्य समिति ; निःशुल्क रात्रि पाठशाला, सम्मेलन परीक्षाएँ; प०—प्राध्यापक शिवाजी विद्यालय, अमरावती।

रत्नलाल वैश्य—शि०—एम० ए० (संस्कृत और हिंदी) ; सा० —अध्यक्ष हिंदी परिषद् कालेज विभाग ; प्रका० — केशव काव्य-संपा० ; प० — अध्यक्ष हिंदी-विभाग, ए० के० कालेज, शिकोहाबाद।

रमेंद्र विक्रमसिंह राजकुमार—शि०—एम० एस-सी० ; जा० —अँग्रेजी संस्कृत का तुलनात्मक अध्ययन ; प्रका०—स्फुट ; सा० —संपा० 'कल की बात', त्रैमासिक 'योगिराज अरविंद अंक' ; प०—अठदमा, रुदौली, बस्ती।

रविशंकर विद्यालंकार—दक्षिण अफ्रीका के हिंदी प्रचारक ; गुरुकुल काँगड़ी के स्नातक, भारत समाज इंडियन स्कूल के कार्यकर्ता ; प० — पो० बा० ३६३, लोरेंसोमार्क्स, पुर्तगाली पूर्वी अफ्रीका।

रहसबिहारीलाल 'नवीन'—ज्योतिष विषय के लेखक; ज०—१८३६ ; सा०—ज्योतिष शास्त्र पर वैज्ञानिक ढंग से खोज कर रहे हैं ; प्रका० — नवीन ज्योतिष संहिता ; अप्र० — मंत्रानुभव, नवीन चिकित्सा ; प०—ज्योतिष रचयिता, आकाशदर्शी, अलीगढ़।

राजकुमार जैन — प्रका०—नागदेव कृत 'मदन पराजय' का अनु०; प०—अध्यापक, दिगम्बर जैन कालेज, बड़ौत।

राधाकृष्ण — (पृ० २०८), हास्य व्यंग्यपूर्ण कहानी लेखक ; ज०—१९१२ ; वि० — आपने घोष, बोस, बनर्जी, चटर्जी के नाम से कहानियाँ लिखी हैं ; सा०—'आदि वासी' के संपा० ; प्रका० —रामलीला, फुटपाथ, भारत छोड़ो।

राधाकृष्ण शास्त्री—मोम्बासा कीनिया प्रांत अफ्रीका के हिंदी प्रचारक ; हिंदी प्रचारिणी सभा पूर्वी अफ्रीका की ओर से आप

लंदनमें हिंदी प्रचार के केंद्र खोलने का प्रयत्न कर रहे हैं ; प०—पो० बा० १३१, मोम्बासा, कीनिया ।

रानी टंडन—शि०— एम० ए०; प्रका—स्वास्थ्य और नारी जीवन विषयक कई पुस्तकें; वि०—आप राजर्षि श्री पुरुषोत्तम दास टंडन के सुपुत्र श्री संत प्रसाद टंडन की धर्मपत्नी हैं; प०—प्रयाग ।

राधेश्याम — ज० — जूलाई १६२४ ; शि० — भिषगाचार्य ; प्रका०—स्फुट ; प० — संपादक 'साधना' मासिक, पहाड़गंज, नयी दिल्ली ।

रामकटोरी द्विवेदी 'सुमन'—ज०—१२ जून १६०६ ; प्र०—बलिदान ; प्रका० — व्यायाम, शिक्षा कविता, डा० कोटनीश की अमर कहानी, समालोचना, बलिदान ; सा०— स्त्रियों में जागृति उत्पन्न करने में अग्रसर ; प०—'जीता संसार', लश्कर, ग्वालियर ।

रामकृष्णदेव गर्ग — व्यंग्य प्रधान निबंध लेखक तथा कहानीकार ; शि०—एम० ए० ; प्रका० —स्फुट कहानियाँ; प०-वृन्दावन ।

रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'—शि०—एम० ए०, सा० र०; सा० —भदावर विद्यामंदिर, बाह आगरा के प्रसिद्ध कार्यकर्ता ; प्रका०—विश्वज्योति बापू-प्रबंध० काव्य० ; वीरांगना ; वि० — लगभग ४० पुस्तकें लिखीं जो अप्रकाशित हैं ; प०—लोकसेवा - प्रकाशन- मंडल, बाह, आगरा ।

रामचंद्र—शि० — बी० ए०-राजेंद्र कालेज छपरा १६४६, एम० ए० पटना कालेज १६४८ ; सा० —सद० आल इंडिया ओरियंटल कांफ्रेन्स, स्थानीय कालेज के स्टाफ़ कौंसिल के मंत्री ; प्रका० —स्फुट ; प०—अध्यापक हिंदी विभाग, पी० के० राय मेमोरियल कालेज, बतासगढ़, मानभूम, बिहार ।

रामचंद्र शर्मा-ज०—१८६५; शि०—सा० र०, सा० प्र० ; प्र० — हिंदी-कल्पलता ; सा०—प्र० मंत्री मुरादाबाद ना० प्र० सभा, संस्था० हिंदी साहित्य पाठशाला, प्रधान चंदौसी हि० सा० परिषद् ; प्रका०—वैदिक कर्म पद्धति, सुमन संचय, हिंदी साहित्य कोश, निबंध-

चंद्रिका ; **वर्त०**— प्रधानाध्यापक जूनियर हाई स्कूल, मरौली ; **प०** —रुस्तमी मोहल्ला, चंदौसी ।

रामचंद्र शर्मा 'वीर'—**ज०**— १६०६ ; **शि०**—जयपुर, दिल्ली, बेगूसराय ; **ज्ञा०**—संस्कृत, उर्दू ; **प्र०**—वीरवाणी ; **सा०**—जयपुर में हिंदी को राज-भाषा बनाने के लिए आमरण अनशन, १६४२, सर मिर्जा इस्माइल के द्वारा निर्वासित होने पर १६४४ में ५४ दिन तक दिल्ली में अनशन ; पशुवध और गौ-हत्या के विरुद्ध काठियावाड़ में भीषण आन्दोलन; सागर, कानपुर, जबलपुर आदि में ६२ दिन तक अनशन, मंदिरों का जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार ; धार्मिक वक्तृताएँ देकर प्रसिद्धि प्राप्त की ; संस्था० अखिल भारतीय आदर्श हिंदू संघ; **प्रका०**—वीर रामायण, विकट यात्रा, विजय पताका, स्वास्थ्य सम्पत्ति, विनाश के मार्ग, वीर गर्जना, अमर हुतात्मा ; **प०** —विराटनगर, वैराठ ।

रामनाथ वेदालंकार — **सा०** — महाविद्यालय में कुल मंत्री, जयपुर राज्य में शिक्षण ; **प्रका०** — वैदिक वीर गर्जना, वैदिक सूक्तियाँ ; **प०**—उपाध्याय, वैदिक साहित्य गुरुकुल महाविद्यालय, हरद्वार ।

रामनारायण मिश्र—(पृ०, २२३); **ज०**—१८७६, दिल्ली ; **शि०**—बी० ए० १६६०; **सा०**— शिक्षा विभाग में १० वर्ष तक डिप्टी इंसपेक्टर, १० वर्ष तक हरिश्चंद हाई स्कूल, ३ वर्ष गवर्नमेंट हाई स्कूल, १४ वर्ष सेंट्रल हिंदू हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक, भारत सरकार के डाइरेक्टर जेनरल के दफ्तर में शिक्षा संबंधी पंचवर्षीय रिपोर्ट तैयार की; १६२६ में जेनेवा में होने वाले विश्व शिक्षा-सम्मेलन में भाग लिया ; ६ वर्ष तक बनारस म्युनिसिपल बोर्ड के सरकारी मनोनीत सदस्य रहकर बोर्ड की शिक्षा-समिति के प्रधान रहे; उत्तरप्रदेशीय शिक्षा-पटल; पाठक्रम समिति, शिक्षा-विधान-संशोधन समिति के सद० रहे ; का० ना० प्र० सभा के संस्था०, आर्य भाषा पुस्तकालय के निरीक्षक और अर्धशताब्दी विभाग के अध्यक्ष ।

रामायण शरण — **ज०** — अप्रैल १९०६; **शि०**—एम० ए०; बी० एल० पटना वि० वि०; **प्रका०** —कई पाठ्यग्रंथ; प०—हिंदी प्रोफेसर, सेंटजेवियर्स, गोलघर, पटना।

रामप्रताप गोंडल—**शि०**— एम० ए० ; **सा०**—दिल्ली से कई वर्ष पूर्व 'हिंदी पत्रिका' प्रकाशित की थी जिसमें विभिन्न भाषाओं के लेख रहते थे ; विद्यामंदिर लिमिटेड (दिल्ली) प्रकाशन-संस्था के संस्थापक और संचालक ; **प्रका०** —स्वाधीन भारत की प्रमुख समस्याएँ (दिल्ली में जब्त), विवाह और विच्छेद आदि कई पुस्तकें ; प० — विद्यामंदिर लिमिटेड, १९।१२ कनाट सरकस, नयी दिल्ली।

रामं रघुवीरप्रसाद सिंह — **ज०**—१९२०; **शि०**—एम० ए०; **प्रका०**—स्फुट आलोचनात्मक लेख और गद्य-गीत ; प० — हिंदी अध्यापक, आर० डी० ऐंड डी० जे० कालेज, मुंगेर।

रामरतन सिकची—'युगजीवन' और 'अमरावती' के संपा०, झलक पुस्तकमाला के प्रकाशक ; **प०**— तुलसी-कुंज, छतरी तालाब मार्ग, अमरावती।

रामसिंह एम० ठाकुर—**शि०** —बी० काम०, ए० टी० सी०, भारत तथा कैम्ब्रिज वि० वि० ; **सा०**—प्रिंसिपल मारवाड़ी विद्यालय, कराची, प्रधान अध्यापक बी० एल० हाई स्कूल बगड़, जयपुर, स० अध्यापक परज स्कूल हिल्स रोड कैमरिज, प्रधानमंत्री बतसन राज, सदस्य कराची कारपोरेशन म्यु० बो० परीक्षा, सिंध सेकेंडरी टीचर सभा, व्यवस्थापक हि० सा० स० परीक्षा केंद्र कराची ; **प०**— अध्यक्ष प्रकाशन विभाग, गुरुकुल विश्वविद्यालय, काँगड़ी।

रामसिंह चौधरी — **सा०**— एम० एल० सी० ; प्र०—१९०७; **प्रका०**—महर्षि जीवन, सुभाषित मंजूषा ; **अप्र०** — फारसी कवि-चर्चा, त्रिभाषिक कोश, सूक्ति कुसुमावली, इंगलिश सुभाषित ; **प०** — सुभाषित मंजूषा आफिस, पो० घौंडरा, काँगड़ा, पंजाब।

रामस्वरूप शास्त्री 'रसिकेश' —**शि०**—एम० ए०, एम० ओ०

एल०, अनेक हिंदी तथा संस्कृत की पाठ्यक्रमोपयोगी पुस्तकों के रचयिता ; प० — हिंदी विभाग, हंसराज कालेज, दिल्ली।

रामेश वेदी—आयुर्वेद और वनस्पति विषय के लेखक; ज०—१६१५, कालाबाग ; शि०—आयुर्वेदालंकार ; सा० —संस्था० और संचा० द्रव्य-गुण-ग्रंथमाला जिसमें लगभग ४०० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, तथा हिमालय हर्बल इंस्टीस्यूट गुरुकुल काँगड़ी, 'त्रिफला' नामक पुस्तक पर स्वर्ण पदक प्राप्त, १६४७ से 'गुरुकुल पत्रिका' के संपा०, १६५० से जनरल आव आयुर्वेद के सह० संपा०, ६ साल तक गुरुकुलीय वनस्पति वाटिका के अध्यक्ष ; प्रका०—त्रिफला, तुलसी, लहसुन - प्याज, सोंठ, देहाती इलाज, शहद, मिर्च, अंजीर, भारतीय साँप ; वि०—पर्यटन, फोटोग्राफी, तैरने तथा प्रकृति के प्रेमी ; प०—गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार।

रामेश्वरनाथ तिवारी—ज०—१६२५, तिवारीपुर,बक्सर; शि०—बी० ए० आनर्स, १६४७, प्रथम, प्रथम; एम० ए०, १६५०, पटना कालेज; सा०—सह० संपा० 'ज्योत्स्ना' पटना, सभा० हिंदी अध्ययन मंडल; प्रका०—कहा०—पद्य-पराग, संस्कृति की रेखाएँ, गजानन की कहानियाँ, मुद्दन काका की कहानियाँ; निब० सं० — बबूल गुलाब, खजूर के पेड़, उपासना के फूल; एकां० संग्रह—मधुपर्क; वि०—भोजपुरी लोक - संस्कृति पर अनुसंधान कर रहे हैं; साहित्य-कला पर भी लिख रहे हैं; प०—प्राध्यापक हिंदी विभाग, एच० डी० कालेज, आरा।

रेवती रंजन सिनहा—(पृ० १४३-४४) सा०-परिचालक हिंदी शिक्षा विभाग-आ० इं० रे० कलकत्ता, अध्यापक पश्चिमी बंग सरकार जनशिक्षा विभाग के हिंदी शिक्षा-केंद्र; प्रका०—हिंदी पाठ-माला।

लक्ष्मीकांत पांडेय— शि०—एम० ए०, आगरा वि० वि०, १६५०; प्रका०—स्फुट; प०—प्रिंसिपल सुभाषचंद्र महाविद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल, करमा,-इलाहाबाद।

लल्लन मिश्र— संपा० 'प्रेम संदेश; प०—वृन्दावन ।

वसन्तशंकर कानेटकर—ज० २३ मार्च १६२३; **शि०**—एम० ए०; **प्रका०**—स्फुट निबंध तथा कविताएँ; **प०**—प्राध्यापक, हं० प्रा० ठा० कालेज, नासिक ।

वसुन्धरा बाई पटवर्द्धन, श्रीमती—कहानी लेखिका; आपकी कहानियाँ तथा एकांकी रेडियो से प्रसारित होते हैं; **प०**—पूना २ ।

वागीश्वर विद्यालंकार—सा० गुरुकुल वि० वि० में संस्कृत और हिंदी के उपाध्यक्ष, कालिदास-साहित्य के मर्मज्ञ; **प्रका०**—अनु० नीराजना, कुंदमाला; **प०**—गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार ।

वादिराज अच्युतराव—दक्षिण भारत के हिंदी प्रचारक; **शि०**—विद्वान, मद्रास वि० वि०; **सा०** १९३१ में गाँधी जी से प्रभावित हो कर हिंदी प्रचार की ओर प्रेरित, १६३८, कांचीपुरम्; ३६-४७ तक विजय नगरम्, ४७ से अनकापल्लि में हिंदी - प्रचार तथा अध्यापन; मद्रास सरकार की हिंदी के प्रति उदासीनता के विरुद्ध आंदोलन; प०—अवैतनिक मन्त्री, दक्षिण विशाख जिला हिंदी पंडित संघ, दाबागार्डेन, विशाखपटनम ।

वासुदेव नन्दन प्रसाद—शि० एम० ए०; **प्रका०**—यशोधरा: एक समीक्षा, सत्य-हरिश्चन्द्र की टीका, पथिक : एक समीक्षा, हुंकार : एक समीक्षा, राज्यश्री : एक समीक्षा, कथानिका : एक समीक्षा, ऐतिहासिक कहानियाँ, माध्यमिक हिंदी रचना में 'गुंजन'; प० — हिंदी अध्यापक, गया कालेज, गया ।

विंदु, गोस्वामी—ज०-१८६३; **शि०**—अयोध्या, बनारस, नेपाल; **वि०**—विस्तृत भ्रमण, शांत रस के कवि, धार्मिक तथा संन्यासी; **सा०**— संस्था० भारतीय साहित्य प्रकाशन तथा 'प्रेम-संदेश' मासिक; **प्रका०**—नाट०-भयंकरभूत, मोहन-मुरली, कीर्तन-मंजरी, राम-राज्य; प०—वृंदावन ।

विंध्याचलप्रसाद गुप्त—(पृ०-२५८)**प्रका०**—भींगी आँखें; उप०, शशिदान नाट०, हँसती आँखें, वे भुलाये न गये, अमिट रेखाएँ लहरों के बीच; **अप्र०**—चौराहा, दूसरी पत्नी ।

विकाशचन्द्र सिन्हा—शि०—एम० ए० (हिंदी) पटना वि० वि०; प्रका०—स्फुट; प०—टी० एन जे० कालेज, भागलपुर।

विद्यानंद, विदेह — वेद-साहित्य के ज्ञाता, दार्शनिक, संन्यासी और अनुवादक; ज०—१ अक्तूबर १६००; सा०—समस्त धर्मो का तुलनात्मक अध्ययन; भ्रमण, 'वेद संस्थान', अजमेर के जन्मदाता, १६४७; प्रका०—स्फुट; वर्त०—ऋग्वेद का अनुवाद पूर्ण कर रहे हैं; प०—टप्पल, अलीगढ़।

विद्यानाथ मिश्र—ज०—१६२१; शि०—एम० ए० पटना वि० वि०, १६४५; सा०—साहित्य परिषद् रामकृष्ण कालेज मधुबनी और प्रतिभा-प्रतिष्ठान संस्था के संस्थापक; प्रका०—४० स्फुट लेख, पुस्तकें—हिदी के सोलह वर्ष, ध्रुवस्वामिनी, तत्व-मीमांसा; अप्र० बिहारी भाषाओं की हिंदी साहित्य के क्रमिक विकास में देन (पी-एच० डी० के लिए थीसिस का विषय); वि०—संत कवि मँगनीराम, एक अज्ञात कवि के साहित्य की खोज की; प०—रामकृष्ण कालेज, मधुबनी।

विनयमोहन शर्मा—(पृ० २६१) प्रका०—दृष्टिकोण-आलो०, हिंदी गीत-गोविंद, दीर्घ जीवन और दीर्घ जीवन के अनुभव।

विनायक श्रावण चौधरी—दक्षिण भारत के हिंदी प्रचारक; ज०—३ फरवरी १६२५ साँगवी पूर्व खान देश; शि०—सा० वि०, इंटर; सा०—मंत्री रा० भा० प्र० मंडल साँगवी द्वारा हिंदी-प्रचार हिंदी संस्थाओ के सदस्य; प्रका०—मौलिक—हिंदी भापा और लिपि, हिंदी काव्य-चर्चा और साहित्य, निबंध-चर्चा, राष्ट्रभाषा की महत्ता; संपा०—हिंदी संग्राह्य लेख, अनु०—अच्छे विचारों का संग्रह, ज्ञानकण, अमृत बोल; प०—राष्ट्रभाषा प्रचारक मंडल, साँगवी, पूर्व खानदेश।

विनोबा भावे, आचार्य—महात्मा गाँधी के अनन्य भक्त, राष्ट्रीय तथा दार्शनिक विषय के लेखक, दक्षिण भारत में राष्ट्र-भाषा हिंदी के समर्थक; प्रका०—गीता प्रवचन, स्थितिप्रज्ञ, ईशोपनिषद्, शांति-यात्रा, इनके अति-

रिक्त मराठी में कई ग्रंथ लिखे ठि० प० श्री रामेश्वर गौशाला, धुलिया, पश्चिम खानदेश।

विश्वनाथ—ज०—२६ सितंबर १६१७; शि०—बी० ए०, बी० काम दिल्ली वि० वि०; सा०—१६३६ में दिल्ली प्रेस की स्थापना की; 'कारवाँ' (अँग्रेजी), 'सरिता', 'मानसरोवर' मासिक पत्रों के संपादक-संस्थापक हैं; प०—कनाट सरकस, दिल्ली।

विश्वनाथ बूबना—सा०—प्रधान संपादक और संचालक 'अभिनय'; प०—अभिनय कार्यालय, ३५ बड़तल्ला स्ट्रीट, कलकत्ता।

विश्व प्रकाश दीक्षित, 'बटुक'; —(पृ० २६६) सा०—सहा० संपा०—'अनुराग' मेरठ, 'अमर भारत' दिल्ली; प०—उपआचार्य शिमला हिंदी महाविद्यालय, शिमला।

विष्णु अंबालाल जोशी—ज०—८ जुलाई १६१४; शि०—एम० ए० हिंदी, काशी वि० वि०; सा०—अध्यापक डी० ए० वी० कालेज में ६ वर्ष, नारायण हाई स्कूल विजयनगर में ४ वर्ष; प्रका०—'वह' (कहा०); अप्र०—मजदूरिन; प०—अध्यक्ष हिंदी विभाग, राजकीय कालेज, अजमेर।

विष्णुप्रभाकर—(पृ० २६७) प्रका—ना०—आपेरशा, माँ का बेटा, स्वाधीनता का संग्राम, क्या वह दोषी था; उप०—जीवन, पराग, ढलती रात, संपा०—राम-नाम की महिमा, मेरे समकालीन, प्रतिनिधि कहानियाँ; वि०—आपकी रचनाओं के अनुवाद कई भारतीय भाषाओं में हो चुके हैं; हिंदुस्तान द्वारा कहानी प्रतियोगिता में ३५०) आपको मिले; प०—पो० बा० ११८७, १७२३ पीपल महल, दिल्ली।

वी० आर० कुंज कृष्णन् नेम्बियर—हिंदी प्रचारक और अध्यापक; शि० — बी० ए०, बी० ओ० एल०; सा०—दक्षिण भारत के अहिंदी क्षेत्रों में हिंदी प्रचार; प्रका०—स्फुट; प०—अध्यापक हिंदी विभाग विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर।

वीरेन्द्र पांडेय—ज०—१६२५ लखनऊ; शि०—इंटर; सा०—

'हमारी बात'–साप्ता०, 'ज्योत्सना'–मासिक के संपादकीय विभाग में काम किया; प्रका० — चीनी फूलदान, मेंढकों की बस्ती, आर० एस० एस० क्यों, जनतंत्र खतरे में; वि०—इस समय साप्ताहिक 'उत्थान' के संपादकीय विभाग में हैं; प०—गनेशगंज, लखनऊ।

वीरेंद्र श्रीवास्तव—शि० — एम० ए० (हिंदी, संस्कृत), विद्या-वाचस्पति, सा० आ०, का० तो०; सा०—७ वर्ष तक गुरुकुल महा-विद्यालय वैद्यनाथ धाम में आचार्य; प्रका०—जैतवाद, स्फुट दार्शनिक लेख; वर्त०—'साहित्य में राधा का विकास' पर खोज, मुंडा तथा उड़िया भाषाओं का अध्ययन; प०—अध्यक्ष हिंदी विभाग, राँची कालेज, राँची।

वेदकुमारी — सा० — स्त्री सभाओं की संयोजिका; प्रका०—मधुर गीत; प० — ठि० रघुवर दयाल राममोहन, चँदौसी।

वैद्यनाथ पांडेय— शि०—एम० ए० (हिंदी-संस्कृत), सा० र०, डिप० एड० ; प्रका०—स्फुट साहित्यिक लेख; प० — हिंदी विभाग, राँची कालेज, राँची।

व्यथित हृदय—ज०—१६०८; शि०—जगन्नाथपुर और बनारस स्टेट में; प्र०—उत्सर्ग ; सा०—अनेक पत्र पत्रिकाओं के संपादकीय विभागों में काम किया ; 'तितली' और 'लोकवाणी' में कई महीने तक संपादक रहे ; कांग्रेसी कार्य-कर्ता ; प्रका०—बालोपयोगी और महिलोपयोगी अनेक पुस्तकों की रचना की जिनकी संख्या लगभग तीन दर्जन है; कई पुस्तकें विभिन्न परीक्षाओं के लिए स्वीकृत हैं ; प०—२३८ ए, कटरा, इलाहाबाद।

व्रजभूषण मिश्र—(वृ०८७३), प्राकृतिक चिकित्सा विषय के लेखक ; ज०—१६१२; शि०—एम०ए०, बी०टी०, १६३३; सा०—गाँधी जी की प्रेरणा से प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में आये, 'जीवन सखा' का संपा०, नैचरोपैथिक कालेज की स्थापना, बिलासपुर में भारतेंदु सा० स० तथा संस्कृत पाठ शाला की स्थापना, संपा० 'निर्भीक' १६४६ ; और 'भक्त भारत' वृंदा-वन ; प्रका० — सरल स्वास्थ्य, अपने डाक्टर बनो।

व्रजभूषण सिंह 'आदर्श'— ज० — ५ जूलाई १६३१, भौली, उन्नाव ; शि० —इंटर ; प्र० — १६३६; सा०—भूत० संपा० 'बाल मित्र' जबलपुर, 'बाल-वाटिका', उदय हैदराबाद, 'पूजा' जबलपुर, 'बाल-संघ', करेली ; 'नवभारत टाइम्स' के प्रतिनिधि; प्रका०— बालनाद-(कवि०) ; अप्र०—गाँधी जी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू, शिकार की कहानियाँ, उड़ते तिनके ; प०—२४७, सिविल लाइन, नागपुर ।

शंकरदेव विद्यालंकार—(पृ० २७६) ; सा०—१६३६ में गुरुकुल के शिष्ट मंडल में अफ्रीका जाकर हिंदी - प्रचार का स्तुत्य कार्य किया; प्रि० वि०—चित्र-कला तथा निसर्ग विद्या ; प्रका० — अंतिम पाठ, धूमकेतु की कहानियाँ ।

शंकरन, मेजर—सा०—हैदराबाद-सेना में शिक्षाधिकारी, हिंदी के प्रेमी और भक्त ; प्रका०— स्फुट ; प०—हार्डीकरबाग, हैदराबाद (दक्षिण) ।

शंकरराव देशपांडेय — स्थानीय-हिंदी प्रचार-सभा के अध्यक्ष, हिंदी माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था की, काँग्रेसी कार्यकर्ता, सत्याग्रह में आठ मास का कारावास ; प्रका० — स्फुट ; प० — हिंदी-प्रचार - सभा, हलीखेंड, बीदर (दक्षिण) ।

शत्रुशल्य राव — ज० — १८८६ ; प्रका०—स्फुट कविताएँ (व्रजभाषा में); वि०—इतिहास के ज्ञाता हैं; प०—बूँदी, राजस्थान ।

शांति पांडेय, श्रीमती—शि० —शास्त्री, काव्यतीर्थ ; प्रका०— स्फुट कविताएँ;प०—गुणराजसिंह भवन, सलेमपुर, छपरा ।

शिवकुमार आर्य — शि०— हिंदी भूषण ; सा० — हिंदी के अनन्य, भक्त और उत्साही प्रचारक पैदल घूम घूम कर हिंदी-प्रचार किया ; सत्याग्रह आंदोलनों में जेल यात्रा ; प्रका०—स्फुट ; प०— हिंदी - प्रचार - सभा, गुलबर्गा (दक्षिण) ।

शिवनारायणलाल बोहरा, डाक्टर ; शि०—एम० ए०, प्रभाकर, पी-एच० डी० (हिदी) ; प्रका०—स्फुट ; प० — अध्यक्ष

हिंदी विभाग, राजकीय हिंदी कालेज, रोपड़, अम्बाला।

शिवबालक राय — ज० — १९१४, रन्नूचक भागलपुर; शि० बी० ए०, टी० एल० जे० कालेज, भागलपुर, एम० ए०, पटना कालेज ; सा० — सदल साहित्य परिषद के संस्थापक, उपाध्यक्ष, हि० सा० स० स्वागत समिति ; विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिलाने के लिए १००) प्रतिवर्ष के एक पुरस्कार की आयोजना; प्रका०— स्फुट ; अप्र० — 'दिनकर' तथा 'महाकाव्य' पर आलोचनात्मक ग्रंथ; प०—अध्यक्ष हिंदी विभाग एच० डी० जैन कालेज, आरा।

शिवसिंह 'सरोज'—प्रका०- रोली—कविता०, आनन्दभवन, लाल किले से; वि०—आपने कई पत्रों के संपादकीय विभाग में काम किया है; प०—लखनऊ।

शिशुपाल सिंह 'शिशु' — प्रका०—परीक्षा, हल्दीघाटी की एक रात, पूर्णिमा, अपने पथ पर, नदी किनारे, छोड़ो हिंदुस्तान, दो चित्र ; अप्र० — पद्मिनी, तीन आहुतियाँ, मुंज और भोज, वीरजा; प०—ऊदी, इटावा।

श्यामवदन प्रसाद सिंह — शि० — एम० ए० ; प्रका०— गुप्त जी की कृतियाँ; प०—प्राध्यापक, हिंदी विभाग, गया कालेज, गया।

श्यामदेवनारायण सिंह—शि० —बी० ए० ; सा०—मंत्री, हिंदी साहित्य परिषद मुंगेर ; वर्त०— सब डिपुटी इंस्पेक्टर आव स्कूल्स; प०—माधोपुर, मुंगेर।

श्याम सलिल—सा०—संपा० 'हिंदू पंच', 'प्रभाकर' ; प्रका०— स्फुट ; प०—नंदकुटीर, मुंगेर।

श्रीचंद जैन—शि० — एम० ए०, नागपुर वि० वि० १९२७ ; प्रका०—स्फुट ; सा० — सदस्य स्थानीय हिंदी परिषद; प० — प्राध्यापक, हिंदी विभाग, दरबार कालेज, रीवाँ।

श्रीराम बोहरा—(पृ० ३०४) 'कला' से अलग होकर 'रंगशाला' मासिक बम्बई के संपादक हो गये हैं; प्रका०— अभिनय -कला।

श्रीराम शर्मा — प्रका० — ललकार, दक्षिण की ऐतिहासिक कहानियाँ; प०—प्रधान मंत्री,

हैदराबाद राज्य हिंदी-प्रचार-सभा, हैदराबाद ।

श्रीराम शर्मा आचार्य—आध्यात्मिक विषयों के लेखक; प्रका०—अब तक जन-हित सम्बन्धी साहित्य की ७० पुस्तकें लिख चुके हैं; मैं क्या हूँ, मानवीय विद्युत के चमत्कार, मरने के बाद हमारा क्या होता है, ईश्वर मौन है ? कहाँ है ? कैसा है ?, क्या धर्म, क्या अधर्म ? जीवन की गुत्थियों पर तात्विक प्रकाश, अध्यात्म धर्म, धर्म का अवलम्बन, आकृति देख कर मनुष्य की पहचान, हस्तरेखा विज्ञान, गृहस्थ योग, बिना औषधि के कायाकल्प, स्वस्थ और सुन्दर बनने की विद्या, सूर्य- चिकित्सा-विज्ञान, तुलसी के अमृतोपम गुण, भोग में योग, वशीकरण की सूची सिद्धि, जीवजंतु की बोली समझना, आगे बढ़ने की तैयारी, परकाया प्रवेश, हमें स्वप्न क्यों दीखते हैं, सफलता के तीन साधन, सुखी वृद्धावस्था, विचार संचालन विद्या आदि; प०—संपादक, 'अखण्ड ज्योति,' मथुरा ।

सन्त गोकुलचन्द—ज०—पेशावर; शि०—पेशावर, बनारस, लाहौर; सा०—३४ वर्ष तक डी० ए० वी० हाई स्कूल में संस्कृत के मुख्य अध्यापक; ३० तक पंजाब वि० वि० की ओरियंटल फैकल्टी के और १० वर्ष तक हिंदी-संस्कृत बोर्ड के सदस्य; प्रका०—पाठ्योपयोगी—हिंदी पुष्पमाला-४ भाग; बाल सखा-४भाग, मेरी सहेली, ७ भाग,पुष्पवाटिका-४भाग, लड़कियों की पुस्तकें-४भाग, बच्चों का स्टेज ४ भाग, सचित्र बालरामायण, सचित्र बालभारत, आदर्श निबंध माला, आदर्श हिंदी व्याकरण, आदर्श चरितावली; नाटक०—सारथी से महारथी, देशद्रोपी, चंड प्रतिज्ञा, मीरा, हिरौल; वि०—पुस्तकें उच्च कक्षाओं के लिए स्वीकृत हैं; प०—संचालक ओरियंटल बुकडिपो, ४६४१, डिप्टीगंज, सदर बाजार, दिल्ली ।

संसारचन्द्र—शि० — एम० ए०; प्रका०—हिंदी गद्य-प्रसार, छन्दोऽलंकार मंजरी, मनोहर हिंदी व्याकरण तथा रचना, काव्य लहरी, स्वप्नवासवदत्ता - अनु०; वि०—सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम में सम्मि-

लित हैं; पा०—प्राध्यापक, सनातन धर्म कालेज, अम्बाला कैंट।

सत्यदेव चौधरी — शि०—एम० ए०, शास्त्री, प्रभाकर; प्रका० स्फुट; वर्त०—रिसर्च स्कालर; प०—हिंदी विभाग, हंसराज कालेज, दिल्ली।

सत्यप्रसाद रतूड़ी—सामयिक विषयोंके लेखक, साप्ताहिक 'हिमाचल' के सम्पादक; प्रका०—स्फुट; प० — साप्ताहिक 'हिमाचल'-कार्यालय, मसूरी।

सत्यार्थी, देवेंद्र—प्रका०—बेला फूले आधी रात, चट्टान से पूछ लो, क्या गोरी क्या सांवरी आदि ग्राम गीतों के कई सुंदर संग्रह; वि०—इस वर्ष कोटा में हुए अ० भा० हिं० सा० सम्मेलन में कवि-सम्मेलन का सभापतित्व किया; प०—दिल्ली।

सदानन्द मिश्र—ज०—१६२६; शि०—सा० र०; प्रका०—स्फुट; प०—लेखक, साहित्य-विभाग, हिंदी साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग।

सीताराम 'प्रभास' —ज०—१६१७, सगुना दानापुर; शि०—बी० ए० आनर्स, प्रथम श्रेणी, १६४१, पटना कालेज, एम० ए० पटना वि० वि०, १६४७; सा०—सभापति, सदल साहित्य परिषद एच० डी० जैन कालेज, आरा प्रका०—खून के आँसू - उप० बल्लरी, कवि० सं०; प०—अध्यापक एच० डी० जैन कालेज आरा।

सुखदेव—शि०—दर्शन वाचस्पति, प्रका०—स्फुट लेख; प० — गुरुकुल कांगड़ी, हरद्वार।

सुमन्तराय—दक्षिण अफ्रीका के हिंदी-प्रचारक, गुरुकुल काँगड़ी के स्नातक, प्रचार क्षेत्र—लोरेन्सो मार्क्स; प०—पो० बा० ३६३; लोरेंसोमार्क्स।

सुखसंपतिराय भंडारी—महाराजा इन्दौर से ५०००) की सहायता प्राप्त की, भारतीय राज्यों का हिंदी इतिहास और बीसवीं शताब्दी तथा हिंदी अँगरेजी कोश प्रकाशित किया ; प०— डिक्शनरी पबलिशिंग हाउस, ब्रह्मपुरी, अजमेर।

सोमदेव शर्मा—शि०—हिंदू वि० वि० बनारस; प्र० — १८ जनवरी १६२६; वर्त०—आयुर्वेद

के साहित्य, वैदिक संस्कृति तथा साहित्य का अन्वेषण; प०— प्राध्यापक फार्मेकालेजी विभाग, मेडिकल कालेज, लखनऊ।

सोमनाथ भट्ट — **प्रका०**— पत्र पत्रिकाओं में स्फुट लेख; **प०**— प्राध्यापक, सनातनधर्म कालेज, अम्बाला कैंट।

स्वरूप नारायण पुरोहित— **शि०**—एम ए०, एल-एल० बी०; **प्रका०**—मोपाँसा की कहानियों के अनुवाद; **प०** — सीकर, राजपूताना।

स्वामीनाथ पांडेय—**सा०**— साहित्य-साकेत नामक संग्रहालय की स्थापना; **प्रका०**—खंड काव्य- विश्वकम्पन, ज्ञानोदय; **अप्र०**— प्राची, अंतराल, मधुबेला; **प०**— साहित्य - साकेत, हरिहरपुर, जौनपुर।

हनुमच्छास्त्री, 'अयाचित'— दक्षिण भारत के हिंदी - प्रचारक तथा लेखक; **ज०**—१८ मार्च १९१९; **शि०**—एम० ए०, बी० ओ० एल०, मद्रास वि० वि०, ४३ में बी० ए० १९४७, आंध्र वि० वि०; **ज०**—तेलुगु, संस्कृत-अँग्रेजी; **सा०**—हिंदी पंडित विजयवाडा म्यूनिसिपल हाई स्कूल; १९४४ में आंध्र वि० वि० में बी० काम० के विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ाने के लिए नियुक्त; स्थानीय साहित्यिक संस्थाओं से घनिष्ठ संबंध है; आजकल तेलुगु और हिंदी साहित्य का तुलनात्मक अध्यापन कर रहे हैं ; **प्रका०**— स्फुट आलोचनात्मक साहित्यिक लेख ; **प०**—अध्यक्ष हिंदी विभाग, श्री वेंकटेश्वर प्राच्य कलाशाला, तिरुपत्ति।

हरदेव बाहरी—**ज०**—१९०७; **शि०**—एम० ए०, पी-एच० डी० डी० लिट्०; **सा०** — संपादक मासिक 'सिनेमा'; **प्रका०**—हिंदी काव्यशैली का विकास; **प०**— ८ बी, एलगिन रोड, इलाहाबाद।

हरिदत्त— **शि०** —वेदालंकार, स्नातक परीक्षा में सर्वप्रथम होने से नत्थूमल स्वर्णपदक, रुक्मिणी बाई मेधापदक, स्वर्णपदक, मूलचंद किशोरी देवी पदक, श्रद्धानंद पदक आदि प्राप्त किये; **सा०**— १९४०-४६ तक तुलनात्मक धर्म विज्ञान के आचार्य; **प्रका०**—हिंदू

विवाह और परिवार पर मौलिक ग्रंथ, बंगाल हिंदी मंडल द्वारा पुरस्कृत; प०—गुरुकुल काँगड़ी, हरद्वार।

हरिश्चंद्र आर्य—दक्षिण अफ्रीका के उत्साही हिंदी प्रचारक; शि०—गुरुकुल काँगड़ी; सा०—आपका कार्य-क्षेत्र जोहान्सबर्ग नगर है; प०-पोस्ट बक्स ३६४, लोरेंसोमार्क्स।

हरिश्चंद्र सिंह, ठाकुर 'संत'—भारतीय संस्कृति से संबंधित विषयों के लेखक; हरद्वार से प्रकाशित साप्ता०'हिंदू' के लगभग १६ वर्षों से संपादक; प्रका०—स्फुट; प०-साप्ताहिक 'हिंदू' - कार्यालय, हरद्वार।

हरिहर प्रसाद 'रसिक'—ज०—६ मार्च १८६२; शि०—बी० ए०,सी० टी० ; सा०—सभापति आर्यसमाज बेतिया, मंत्री चम्पारन जिला हि० सा० स०, संपा० 'प्रकाश' मासिक ; प्रका०—गद्य-विनोद, प्रेम-प्रवाह, रसिक - कवितावली, श्रद्धांजलि, अन्तर्ज्वाला, अभ्यर्थना, बेखटक बेतियावी; वर्त०—अध्यापक, विपिन विद्यालय, बेतिया; प० — ग्राम हरपुर नाग, पो० महेसी, चम्पारन।

हरीकृष्ण खरे — वाणिज्य विषय के लेखक; शि०-बी० काम० १६४४, एम० ए० १६४६ प्रयाग वि० वि०; सा०—उच्च कक्षाओं में हिंदी माध्यम द्वारा शिक्षादान, वर्धा में ३ वर्ष शिक्षक; प्र०-स्फुट; प०—अध्यक्ष वाणिज्य विभाग, शिवाजी विद्यालय, अमरावती।

हीरालाल जैन-ज०—१६१८; शि०—बी० ए० आनर्स कलकत्ता वि० वि०; सा०—३५-३७ विश्व-भारती शांति निकेतन में अध्यापन, ४२-४७ तक राजनीति में भाग, सोशलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता; प०—संपा० 'जयहिंद' साप्ताहिक, कोटा।

(ख) अवशिष्ट संस्थाओं के परिचय

आर्य पुस्तकालय (श्री उदयसिंह), सूवा, फीजी—हिंदी के पाठक तैयार करना उद्देश्य है, पुस्तकों की संख्या थोड़ी ही है, पर प्रचार-क्षेत्र विस्तृत है।

ए० के० कालेज, शिकोहाबाद, मैनपुरी—१९४७ में बी० ए० कक्षा खुली; बी० ए० में ४० विद्यार्थी हैं; हिंदी-परिषद साहित्यिक आयोजन करती है ; श्री सरदारसिंह सहायक और श्री रतलाल वैश्य प्रधान हैं।

एस० एम० कालेज, चंदौसी—श्री गौरीशंकर 'शील' एम० ए० विभाग के अध्यक्ष हैं और श्री जी० एल० भट्ट एम० ए० प्राध्यापक; विद्यालय की हिंदी-प्रचारिणी-सभा ३५ वर्ष पुरानी है जिसका निजी पुस्तकालय है; 'उषा' नामक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित होती है।

गणेशदत्त कालेज, बेगूसराय मुंगेर—हिंदी आनर्स तक पढ़ाई होती है; भूतपूर्व प्राध्यापकों में श्री वेणीमाधव मिश्र और श्री रामसंजीवनसिंह का नाम विशेष उल्लेखनीय है; अब श्री रामेश्वर मिश्र हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं; इस की हिंदी साहित्य-परिषद को स्थानीय साहित्यिकों और जनता का पूर्ण सहयोग प्राप्त है।

गणेश पुस्तकालय, चौक, लखनऊ—१५ अगस्त १९४५ को श्री ज्ञानकृष्ण अग्रवाल द्वारा स्थापित; चुनी हुई साहित्यिक पुस्तकों का ही संग्रह है।

गया कालेज, गया—१९४४ में हिंदी परिषद की स्थापना की गयी; इसके अंतर्गत एक नाट्य-परिषद है; सर्वश्री शिवनन्दन प्रसाद, जगदीशनारायण दीक्षित आदि प्राध्यापक हैं।

डी० जे० कालेज, मुंगेर—बी० ए० आनर्स तक हिन्दी की पढ़ाई की व्यवस्था १९४६ से है; साहित्यिक उत्सव और आयोजन हिंदी-साहित्य-परिषद द्वारा होते हैं; श्री शशिधर वाजपयी ने परिषद को 'दिनकर वैजयंती' प्रदान की है जो विभिन्न कालेजों के छात्रों की काव्य-प्रतियोगिता के विजेता को प्रदान की जाती है; द्वितीय

इसका कोर्स बनाने वाली समिति में पाँच सदस्य हैं; बोर्ड के अधीन स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई के दो रूप हैं — नवीं से ग्यारहवीं कक्षा तक तीन वर्षों में भाषा का ७५ अंक का एक पत्र अनिवार्य है; हिंदी एक वैकल्पिक विषय के रूप में भी रखी गयी है; किन्तु साइंस के विद्यार्थी यह वैकल्पिक हिंदी नहीं ले सकते।

पहली से आठवीं कक्षाओं तक के लिए एक अलग बोर्ड है जो समयानुसार कुछ व्यक्तियों की एक समिति बनाकर विभिन्न विषयों का पाठ-क्रम निर्धारित कर लेता है।

राजकीय कालेज, रोपड़, **अंबाला**—१६४५ से बी० ए० में हिंदी ऐच्छिक विषय है, अक्टूबर १६५१ से एम० ए० कक्षाएँ आरंभ करने की स्वीकृति मिल गयी है; सर्वश्री चौधरी जगदेवसिंह एम० ए०, प्रभाकर, ज्ञानी; डा० शिवनारायण बोहरा एम० ए०, प्रभाकर, पी-एच० डी० संस्कृत-हिंदी-विभाग के अध्यापक हैं।

राजेंद्र पुस्तकालय, रतनपुर, —स्था० — १६१६; कार्य०— परीक्षा के लिए दीन विद्यार्थियों की सहायता की जाती है, अपना भवन बनाने के लिए जमीन प्राप्त हो गयी है, भवन बन रहा है; पुस्तकालय में ३० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं।

रामकृष्ण कालेज, मधुबनी, दरभंगा — बी० ए० तक हिंदी पढ़ाई जाती है; हिंदी साहित्य परिषद साहित्यिक आयोजन करती है; श्री विद्यानाथ अध्यक्ष हैं।

रामदयालु सिंह कालेज, मुजफ्फरपुर—जूलाई १६४८ में हिंदी-विभाग खुला; अब इंटर और बी० ए० में हिन्दी है; श्री जगन्नाथ पांडेय और श्री प्रेमनारायण प्राध्यापक हैं; इसकी साहित्य-परिषद 'भारतेंदु साहित्य-मंडल' के नाम से है; बी० ए० आनर्स की शिक्षा का भी बीजारोपण हुआ है।

विश्वविद्यालय, अलीगढ़— में हिन्दी की पढ़ाई १६३२ से प्रारंभ हुई; उर्दू के साथ एफ० ए० और एम० ए० के परीक्षार्थियों को हिन्दी पढ़ाई जाती है।

विश्वविद्यालय, आंध्र, वाल-टेयर–बी०एस सी०, बी० काम और आनर्स में हिन्दी पढ़ाई जाती है; प्रथम में हिंदी विषय ऐच्छिक और अंतिम दो में अनिवार्य है; 'डिप्लोमा कोर्स इन हिन्दी' अगले वर्ष से आरंभ करने की योजना है; श्री० सुंदर रेड्डी, बी० ए० सा० रत्न हिंदी अध्यापक हैं।

विश्वविद्यालय, काशी—यहाँ का हिंदी विभाग आरम्भ से ही प्रतिष्ठित साहित्यिकों के सहयोग के कारण विशेष प्रसिद्ध रहा है; विभाग के स्वर्गीय अध्यापकों में डाक्टर श्यामसुन्दरदास और पं० रामचंद्र शुक्ल हिंदी के प्रथम श्रेणी के आलोचक थे; हिंदी जगत को हिंदी का प्रथम डाक्टर (डाक्टर पीतांबरदत्त बड़थ्वाल) प्रदान करने का श्रेय भी इसी विश्वविद्यालय को प्राप्त है; वर्तमान अध्यापकों के नाम ये हैं—आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी डी० लिट०; डाक्टर जगन्नाथप्रसाद शर्मा एम० ए०, डी० लिट्०; श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र एम० ए०; श्री पद्मनारायण आचार्य एम०ए०; डाक्टर छैलबिहारी एम० ए०, पी-एच० डी०; डाक्टर श्री कृष्ण-लाल एम० ए०,पी - एच० डी०।

विश्वविद्यालय नागपुर —(पृ० ३८३) इसके अंतर्गत जो कालेज हैं उनमें से तीन में उच्च कक्षाओं में हिंदी पढ़ाई जाती है; बी० ए० की पढ़ाई तीनों की स्वतंत्र है, एम० ए० में सबकी पढ़ाई सम्मिलित रूप से होती है; इन कालेजों में ३ अध्यापक और २ अध्यापिकाएँ हिंदी विभाग में हैं; साहित्यिक कार्यक्रम और योजनाओं के लिए विश्वविद्यालय में हिंदी-साहित्य-समिति स्थापित है; हिंदी लेकर एम० ए० में प्रथम उत्तीर्ण होने वाले छात्र को कोरिया दरबार की ओर से एक स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।

विश्वविद्यालय पटना — में अब से बीस-बाइस वर्ष पूर्व हिंदी की शिक्षा केवल रचना रूप में दी जाती थी; धीरे-धीरे पूर्ण रूप से हिंदी-शिक्षा दी जाने लगी; १९३६ में बी० ए० तक हिंदी-शिक्षा का प्रबन्ध हुआ; तत्पश्चात् पटना कालेज में एम० ए० में

भी हिंदी की पढ़ाई होने लगी; इस समय हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. श्रीधर्मेन्द्र ब्रह्मचारी, प्रो० श्रीविश्वनाथप्रसाद, प्रो० जगन्नाथराय शर्मा आदि विद्वान हैं; अन्य प्राध्यापक भी हिंदी की उत्तरोत्तर उन्नति के लिए प्रयत्नशील हैं।

विश्वविद्यालय, प्रयाग — १८८७ में इसकी स्थापना हुई; १९२२ में पुनः संगठन हुआ और शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी। हिंदी-विभाग की स्थापना १९२४ में हुई; आरम्भ मे पाँच विद्यार्थी थे जिन्हें पढ़ाने को एक अध्यापक पर्याप्त था। पश्चात्, विद्यार्थियो की संख्या बढ़ते-बढ़ते अब एक सहस्र के लगभग हो गयी है और फ्रांस, बेलजियम आदि विदेशों से भी विद्यार्थी यहाँ हिंदी पढ़ने आया करते है। अध्यापकों की संख्या इस समय बारह है। इसके अंतर्गत आज चार संस्थाएँ कार्य कर रही हैं—**(क) भारतीय हिंदी परिषद** —यह संस्था १९४१ में आरंभ हुई इसका स्वतंत्र परिचय पृ० ५७५ पर छपा है। **(ख) हिंदी परिषद**— इसकी स्थापना हिंदी विभाग की स्थापना के पूर्व ही सन् १९२२ में हुई। इसके तत्वावधान में प्रतिवर्ष साहित्यिक समारोह होते रहे हैं; इसके गल्प - सम्मेलनो में पुरस्कृत संकलन 'गल्प - माला' के नाम से छप चुका है; इसके अधिवेशनों में पढ़े गये निबंध 'परिषद्-निबंधावली' — २ भाग में संकलित हैं; परिषद की मुखपत्रिका 'कौमुदी' १९३५ से प्रतिवर्ष प्रकाशित हो रही है। इसके प्रकाशन - विभाग द्वारा ६ अनुसंधानपूर्ण ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं। **(ग) हिंदी-समिति**—१९३६ में इसकी स्थापना हुई; इसमें अध्यापकों तथा विद्यार्थियो द्वारा प्रति मास निबंध-पाठ की योजना होती है। **(घ) अध्यापक समिति**— विश्वविद्यालय के हिंदी-अध्यापको की यह समिति है जिसकी बैठक प्रति सप्ताह होती है जिसमें भाषा, लिपि और वर्त्तनी के संबंध में विचार-विनिमय होता रहा है। यह विभाग अब स्वतंत्र हिन्दी भवन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

प्रयाग विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यापकों के नाम हैं

सर्वश्री डाक्टर धीरेंद्र वर्मा एम० ए०, डी० लिट् (यूनीवर्सिटी प्रोफेसर); डाक्टर रामकुमार वर्मा एम० ए०, पी-एच० डी० (रीडर); डाक्टर माताप्रसाद गुप्त एम० ए०, डी० लिट्० (रीडर); डाक्टर रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' एम० ए०, डी० लिट्; डाक्टर उदयनारायण तिवारी एम० ए० (हिंदी और पाली), डी० लिट्०; डाक्टर लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय एम० ए०, डी० फिल० डी० लिट्०; श्री उमाशंकर शुक्ल एम० ए०, डाक्टर ब्रजेश्वर वर्मा एम० ए०, डी० फिल०; डाक्टर हरदेवबाहरी एम० ए०, डी० लिट्०; डाक्टर रघुवंश एम० ए०, पी-एच० डी०; श्रीयुत तोमर।

इस विद्यालय के महिलाविभाग की अध्यक्षा हैं श्रीमती चंद्रावती त्रिपाठी एम०ए०; सहायक हैं डाक्टर शैलकुमारी माथुर एम० ए०, डी० फिल०; एक अन्य अध्यापक हैं पंडित देवीदत्त शुक्ल।

विश्वविद्यालय, मद्रास में हिंदी मराठी, उड़िया, बंगाली, आसामी, बर्मी, और सिंहली आदि भाषाओं के लिए एक संयुक्त बोर्ड है; हिंदी प्रधान है, बाकी भाषाएँ साथ कर दी गयी हैं; यही बोर्ड विश्वविद्यालय को परीक्षा, पाठ-क्रम, पाठ-पुस्तकें परीक्षक-नियुक्ति आदि के लिए सिफारिश करता है; इनका अंतिम निर्णय सिनेट करती है; विश्वविद्यालय-पुस्तकालय के लिए 'विद्वान समिति' में हिंदी का एक सदस्य रहता है; विश्वविद्यालय की ओर से ये परीक्षाएँ हिंदीमें चलायी जाती हैं—**मैट्रीकुलेशन** — हिन्दी दूसरी भाषा है; **इंटरमीडिएट**—वर्ग में हिंदी दूसरी भाषा और तीसरे वर्ग में तीसरी भाषा है; **बी० ए०**—दूसरे वर्गमें हिंदी दूसरी भाषा है और तीसरे में ऐच्छिक विषय; **बी० एस-सी०**—प्रथम वर्गमें हिंदी ऐच्छिक विषय है; **एम० ए०**—और साहित्य **'विद्वान'** उपाधि परीक्षा में हिंदी प्रधान भाषा है; 'विद्वान' परीक्षा 'साहित्य रत्न' के समकक्ष है।

स्कूलों में पाठ-पुस्तकें निर्धारित करने के लिए चालीस सदस्यों की 'मद्रास टेक्स्ट बुक्स कमेटी' नामक एक बड़ी समिति है जिसमें दो

मुख्यतः हिंदी के लिए हैं; इस समिति की कार्रवाई गोपनीय समझी जाती है।

मद्रास विश्वविद्यालय के अधीन जिन कालेजों में इंटरमीडिएट और बी० ए० में हिंदी पढ़ाई जाती है उनके नाम ये हैं—महाराज कालेज इरणाकुलम्, वीमेंस क्रिश्चियन कालेज मद्रास, सन्त टामस कालेज त्रिचूर, संत एलोसियस कालेज मँगलोर, मारिस कालेज मदरास, संत तेरिसस कालेज इरणाकुलम्।

विश्वविद्यालय, मैसूर में मिडिल कक्षा से लेकर बी० ए० तक हिन्दी भाषा की शिक्षा वैकल्पिक रूप से दी जाती है; १९३८ से हिंदी भाषा का यहाँ प्रवेश हुआ; बी० ए० में जो विद्यार्थी वैकल्पिक विषय में उर्दू लेते हैं उन्हें अनिवार्य रूप से हिंदी लेनी होती है; १९४२ में दो, १९४३ में सात और १९४४ में ६ विद्यार्थियों ने बी० ए० हिन्दी लेकर पास किया; अब यह संख्या बहुत बढ़ गयी है।

विश्वविद्यालय, लखनऊ—स्थापना काल में हिंदी बी० ए० और बी० एस-सी० में अनिवार्य थी; कुछ समय बाद अनिवार्य रूप बंद करके बी० ए० में स्वतंत्र विषय बना दिया गया; पंडित बद्रीनाथभट्ट १९३० तक अध्यापक रहे; इनके पश्चात डाक्टर दीनदयालु गुप्त नियुक्त हुए; स्वर्गीय अध्यापकों में काशी विश्वविद्यालय के स्नातक डाक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल एम०ए०, डी० लिट् और प्रयाग विश्वविद्यालय के स्नातक डाक्टर जानकीनाथ सिंह एम० ए०, डी० लिट् थे; १९४७ तक हिंदी और संस्कृत विभाग का अध्यक्ष एक ही रहता था; इसके बाद हिंदी विभाग स्वतंत्र हो गया और उसके अध्यक्ष की स्वतंत्र नियुक्ति हुई; वर्तमान अध्यापकों के नाम ये हैं—डाक्टर दीनदयालु गुप्त एम०ए० डी०लिट्० (यूनिवर्सिटी प्रोफेसर); डाक्टर केसरीनारायण शुक्ल एम० ए० डी०लिट्०(रीडर); डाक्टर भगीरथ मिश्र एम० ए०, पी-एच० डी०; श्री हरिकृष्ण अवस्थी एम० ए०, श्री विपिनविहारी त्रिवेदी एम० ए०, डाक्टर त्रिलोकी नारायण दीक्षित एम० ए०, पी-एच० डी०;

डाक्टर सरयूप्रसाद अग्रवाल एम० ए० पी-एच० डी० और श्री व्रजकिशोर मिश्र एम० ए० ।

वेंकटेश्वर प्राच्य कलाशाला, तिरुपति—१९४२ मे यहाँ मद्रास विश्वविद्यालय की 'विद्वान' उपाधि परीक्षा की शिक्षा का प्रारंभ हुआ; १९४७ में 'हिंदी विद्वान' की शिक्षा दी जाने लगी; आरंभ में श्री सोमेश्वर शर्मा सा० रत्न नियुक्त हुए; जुलाई १९४८ में आंध्र विश्वविद्यालय के हिन्दी पंडित श्री हनुमच्छास्त्री 'अयाचित' एम० ए० सा० रत्न० हिन्दी विभाग के अध्यक्ष बनाये गये ; शाला के पुस्तकालय में १५०० हिन्दी ग्रंथ हैं ।

संत एंड्रूज कालेज, गोरखपुर—१९४० में हिन्दी विभाग के अंतर्गत हिन्दी-सभा की स्थापना हुई ; सभा का निजी पुस्तकालय है ; प्रति तीसरे वर्ष सभा विराट कविसम्मेलन करती है ।

सतीशचंद कालेज, बलिया —हिन्दी-छात्रों की संख्या लगभग ५५० है ; 'विवेक' पत्रिका प्रकाशित होती है ; तीन अध्यापक हैं ; अध्यक्ष हैं श्री विश्वनाथ तिवारी एम० ए०, सा० रत्न ।

सार्वजनिक पुस्तकालय, चंदेरी-१९२९ में स्थापित ; पुस्तकों का विशाल संग्रह है ; साहित्यिक आयोजन होते हैं ; पुस्तकालय का निजी भवन है ।

साहित्य महाविद्यालय,(राजेंद्र) सेवदह, पटना ; **स्था०** — २५ जुलाई १९३७ ; **उद्दे०** — जनता में देश-प्रेम, आत्मगौरव, मानवता-प्रेम, ग्राम - सुधार, हिन्दी - प्रेम उत्पन्न करना ; **कार्य०** —उच्च शिक्षा हिन्दी में दी जाती है ; पुस्तकालय में १००० पुस्तकें हैं, वाचनालय में २० पत्र आते हैं ; साहित्य परिषद द्वारा 'युगवाणी' हस्तलिखित मासिक निकलता है; 'ग्राम-सेवक' विशेपांक निकला था; गांधी जी के रचनात्मक कार्य की योजना को चलाने के लिए एक समग्र ग्राम-सेवा-शिक्षण-शिविर की स्थापना १ नवम्बर १९४५ में हुई; हरिजनों और अहिन्दी भाषियों को निःशुल्क पढ़ने की सुविधा है ।

हरप्रसाद जैन कालेज, आरा — कालेज के हिन्दी विद्या-

थियों द्वारा साहित्य - परिषद की स्थापना हुई है ; साहित्यिक समारोह होते हैं ; श्री शिवबालकराय अध्यक्ष और श्री सीताराम 'प्रभात' सभापति हैं।

हरिवंश श्रीलादर्श पुस्तकालय, करंजही, मलाव, गोरखपुर — श्री रामसूरत शुक्ल 'शील' द्वारा जूलाई १६३६ में स्थापित ; उत्तर प्रदेशीय शिक्षा-प्रसार-समिति द्वारा मान्य; १२०० पुस्तकें हैं; परीक्षाओं का केंद्र है

हिन्दी-भाषा - प्रचार - समिति (श्रीलंका), ३५ अलवियन रोड, देमटगोड, कोलंबो ६, लका— भारतके सुदूरदक्षिण में स्थित लंका प्रदेश में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने वाली एकमात्र संस्था, इसके प्रधान कार्यकर्ता और प्रधान मन्त्री हैं श्री रत्नसार; इस समिति के प्रयत्न से केलनिय विद्यालंकार महाविद्यालय, कोलंबो के श्री लंका विद्यालय, देमटगोड के धर्मप्रसाद विद्यालय आदि में हिंदी की शिक्षा का आरम्भ हो गया है; यहाँ के युवक और युवतियाँ अब दक्षिण भारतीय हिंदी प्रचार-सभा मद्रास और राष्ट्रभाषा हिंदी-प्रचार - सभा वर्धा की परीक्षाओं में सरुचि बैठती हैं।

हिन्दी राष्ट्रभाषा-प्रचार-सभा, गौरी शंकरपुरम, गुडिवडा, कृष्णा आंध्र—जनवरी १६४७ में हिंदी प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित; हिंदी-नाट्य-मंडली की स्थापना की जो विशेष लोकप्रिय हो चुकी है; तीन-चार परीक्षाओं का संचालन करती है; निजी भवन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

हिंदी विद्यापीठ, प्रयाग—देश के विभिन्न नेताओं द्वारा स्थापित, सम्मेलन-परीक्षाओं की पढ़ाई होती है; 'कृषि-विशेषज्ञ' उपाधि-परीक्षा का संचालन होता है।

हिन्दी विद्यापीठ, फीरोजाबाद, आगरा—जूलाई १६४८ में श्री गणेशलाल शर्मा एम. ए०, सा० रत्न द्वारा स्थापित; सम्मेलन-परीक्षाओं की पढ़ाई का प्रबन्ध है; साहित्यिक समारोह आयोजित होते हैं; संचालन कार्यसमिति करती है।

हिंदी विद्यापीठ, रतनगढ़— १५ अगस्त १६४७ को स्थापित;

चार परीक्षाओं का संचालन करती है; कई पुस्तकालय और वाचनालय स्थापित किये हैं।

हिंदी-साहित्य-परिषद (खासी जयंतिया, ४ लोवासी लाइंस, शिलाँग, आसाम — आसाम के पर्वतीय प्रदेशों में हिन्दी-प्रचार करनेवाली संस्था, राष्ट्रभाषा-प्रचार-समिति वर्धा से संबद्ध है।

हिंदी-साहित्य-परिषद, ललितपुर —जनता में साहित्यिक रुचि जाग्रत करने के उद्देश्य से स्थापित; स्थानीय नवयुवक साहित्यिकों का सहयोग प्राप्त है।

हिंदी-साहित्य-परिषद(हरिहर), बीहट, मुँगेर—१९५० में स्थापित; साहित्यिक अभिरुचि जाग्रत करना उद्देश्य है; निजी पुस्तकालय है; साहित्यिक कार्यक्रमों में पठित भाषणों को प्रकाशित करने की योजना है।

हिंदी-साहित्य-सभा, छहार बाग, जलंधर—१९४७ से स्थापित, पाक्षिक अधिवेशन होते हैं।

हिंदुस्तानी प्रचार सभा, ५ गोबक लेन, काउलालंपुर, मलाया—यह सभा इस प्रदेश में अपना काम कई वर्षों से कर रही है। आरंभ में स्थानीय निवासियों को हिन्दी से परिचित कराना प्रधान उद्देश्य था; परन्तु हिन्दी जब से भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकृत हो गयी है, सभा के कार्यकर्ताओं का दायित्व बहुत बढ़ गया है और हिन्दी-प्रचार संबंधी निजी प्रयत्न के साथ साथ उसने सरकार से निवेदन किया है कि विद्यालयों में अन्य विषयों के साथ साथ हिंदी को भी मान्यता दी जाय। सभा हिंदी-विद्यालयों और रात्रि-पाठशालाओं का संचालन करती है और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की परीक्षाओं की इस देश में व्यवस्थापिका है।

———

(ग) प्रकाशकों के अवशिष्ट परिचय

अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन मंडल, नया टोला, पटना—विविध विषयक लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित; 'विश्वदर्शन माला' का भी कुछ काल तक प्रकाशन हुआ; अब साहित्यिक प्रकाशन कर रहे हैं।

अजंता प्रेस लि०, नया टोला, पटना — प्रमुख प्रकाशन संस्था; अब तक लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें दिनकर-साहित्य का प्रकाशन प्रमुख है; बालोपयोगी मासिक चुन्नू मुन्नू का प्रकाशन भी होता है; श्री मणिशंकर लाल अध्यक्ष हैं।

अनाथ विद्यार्थी गृह प्रकाशन, ६२४ सदाशिव, पूना २ — स्वाध्याय माला की लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

अभिनय प्रकाशन लि०, लंगर टोली, पटना — कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

अमोलकचंद अग्रवाल एंड संस, चावल मंडी, चौक, कानपुर —२-३ पुस्तकें छापी हैं।

अमृत बुक कम्पनी, कनाट सरकस, नयी दिल्ली—२-३ सामयिक पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

अशोक प्रेस, महेंद्रू, पटना ६—कथा-साहित्य की लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; साहित्यिक पुस्तकों के प्रकाशन की योजना है; मासिक 'नयी धारा' का प्रकाशन हो रहा है; श्री उदयराज सिंह अध्यक्ष हैं।

आगरा बुक स्टोर, रावतपारा, आगरा–पाठ्य पुस्तको की कुंजियों के प्रकाशक; ३०० के लगभग प्रकाशित पुस्तके हैं; श्री सूरजभान व्यवस्थापक हैं; इसकी शाखाएँ आगरा, अजमेर, लखनऊ, बनारस, मेरठ आदि शहरों में हैं।

आदर्श पुस्तक भवन, भागलपुर सिटी—जीवन चरित्रमाला में दो तीन पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

आदर्श पुस्तक मंदिर, चौक इलाहाबाद—१०० पुस्तकें प्रकाशित; आजकल मासिक 'जासूसमहल' का प्रकाशन हो रहा है; श्री बनवारी तिवारी अध्यक्ष हैं।

आधुनिक पुस्तक भवन, ३०-३१, कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता—श्री राहुल जी की नयी लिखी ४-५ पुस्तकें प्रकाशित; और भी कई उपयोगी प्रकाशन हो रहे हैं; श्री परमानंद पोद्दार स्वामी हैं।

आरोग्य मंदिर, सुड़िया कुआँ, गोरखपुर — स्वास्थ्य विषयक कुछ पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'आरोग्य' का प्रकाशन भी होता है।

आल इंडिया पब्लिशिंग कंपनी, लखनऊ — लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित, सभी टीकाएँ हैं।

इंडियन पब्लिशिंग हाउस, नयी सड़क, दिल्ली—कई उपयोगी पुस्तकों का प्रकाशन हो रहा है।

उदयाचल, मठापुर, पटना—प्रसिद्ध कवि 'दिनकर' जी का सारा साहित्य यहीं से प्रकाशित हुआ है।

एम० आर० भंडारी एंड कंपनी, नया बाजार, अजमेर—विभिन्न विषयक कई पुस्तकें प्रकाशित।

एस० चाँद एंड कंपनी, फव्वारा, दिल्ली—लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें कई उच्च परीक्षाओं की पाठ्यपुस्तकें हैं।

कन्हैयालाल कृष्णदास, दरभंगा — विविध विषयक लगभग २४ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

कला मंदिर, रतनगढ़, (बीकानेर) — १४-६-४४ को पंडित हनुमानदत्त द्वारा स्थापित; दो पुस्तकें प्रकाशित; श्री पंडित गोपाल शर्मा वैद्य व्यवस्थापक हैं।

कल्याण मंदिर, कटरा, इलाहाबाद—शाक्त धर्म की पुस्तकों के प्रकाशक; 'साधन-माला' के अंतर्गत शाक्त साधना संबंधी एक पुस्तक प्रतिमास छपती है जिसका वार्षिक मूल्य ८) है और जिसके संपादक पंडित रामदत्त शुक्ल हैं।

कल्याण साहित्य मंदिर, चौक, इलाहाबाद — कहानी-उपन्यास साहित्य की लगभग ३० पुस्तकें प्रकाशित।

किताबघर, कदम कुआँ, पटना—लगभग १० विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित; श्री परमेश्वरसिंह अध्यक्ष हैं।

किताबघर, जिंसी पुल, लश्कर, ग्वालियर—साहित्य प्रकाशन मंदिर के नामसे ४-५ परीक्षापयोगी पुस्तकें

प्रकाशित, श्री रा० म० अग्रवाल व्यवस्थापक हैं।

किशोर पब्लिशिंग हाउस, परेड, कानपुर — लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; प्रायः सभी पाठ्य पुस्तकें हैं ; श्री तेजबहादुर सिंह अध्यक्ष हैं।

केसरवानी पब्लिशर्स, दारागंज, प्रयाग—लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; ज्ञानमाला का प्रकाशन हो रहा है।

गुप्त ब्रादर्स, मंडी धनौरा, मुरादाबाद — स्थापित १६२४; लगभग १५० पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'शिक्षा-सुधा' का भी प्रकाशन होता है; श्री सागरमल गुप्त संचालक हैं।

गुप्त बुकडिपो, बड़ा बाजार, हजारीबाग—दो तीन विद्यार्थियोपयोगी आलोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

गोयल बुकडिपो, धुलियागंज, आगरा—लगभग ५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री चंद्रभान अध्यक्ष हैं।

गौतम बुकडिपो, नयी सड़क, देहली—लगभग २०० पुस्तकें प्रकाशित, पहले पाठ्य पुस्तकों का अधिक प्रकाशन किया, अब साहित्यिक पुस्तकों का प्रकाशन भी कर रहे हैं जिनमें श्री नगेंद्र, श्री चतुरसेन शास्त्री की रचनाएँ प्रमुख हैं।

ग्रंथ वितान, भागलपुर—श्री हजारीप्रसाद द्विवेदी की 'बाण भट्ट श्री आत्मकथा' का प्रकाशन किया है।

चेतना प्रकाशन लि०, हैदराबाद (दक्षिण)—लगभग ५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री देवेंद्र सत्यार्थी के प्रसिद्ध गद्य गीतों के दो-तीन संकलन काफी प्रचलित हुए हैं; कई सुयोग्य व्यक्ति संचालक हैं।

जन प्रकाशन गृह, खेतवाड़ी, गिरगाँव, बम्बई ४ — कम्यूनिस्ट विचारधारा सम्बन्धी साहित्य के प्रकाशक; कुछ समय तक मासिक 'नया साहित्य' का भी प्रकाशन हुआ।

जनवाणी प्रकाशन, १६११ हरिसन रोड, कलकत्ता—लगभग २० साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं; 'काव्य में अभिव्यंजनावाद', 'गेहूँ और गुलाब' प्रमुख हैं; श्री हजारीलाल शर्मा अध्यक्ष हैं।

ज्ञान लता मण्डल, ३६ एल मुगभाट क्रास लेन, बम्बई ४—परीक्षोपयोगी कुछ पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

ताराकार्यालय, नसीनू, सूवा (फीजी)—फीजी द्वीपसमूह के एक मात्र हिंदी प्रकाशक; लगभग ४ पुस्तकें प्रकाशित; 'तारा' मासिक का भी कई वर्षों से प्रकाशन होता है; व्यवस्थापक हैं श्री ज्ञानीदास।

तुलसी साहित्य सदन, ३ नसिया रोड, इंदौर — आलोचनात्मक और विविध विषयक कई पुस्तकें प्रकाशित; श्री तुलसीराम अध्यक्ष हैं।

नया किताब घर, गोरखपुर—स्वास्थ्य विषयक ४-५ पुस्तकें प्रकाशित; मासिक आरोग्य का प्रकाशन भी होता है।

नवनिर्माण प्रकाशन, धनराज लेन, अमरावती (बरार —युगजीवन, जन समाज, झलक आदि पुस्तकमालाओं का प्रकाशन हो रहा है; श्री रामरतन सिकची संचालक हैं।

नवयुग ग्रंथागार, छितवापुर रोड, लखनऊ—कहानी-उपन्यास की लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित श्री रामेश्वर तिवारी स्वामी हैं।

नाथ बुक डिपो, राजामंडी, आगरा — कई सहायक पुस्तकें प्रकाशित की हैं, श्री शंभूनाथ अध्यक्ष हैं।

पुस्तक भवन, मोती झील, मुजफ्फरपुर—लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित; प्रायः सभी पाठ्य पुस्तकें हैं।

पुस्तक मंदिर, खलीफा बाग, भागलपुर — जनवरी १९५० में स्थापित; कई पुस्तकें प्रकाशित; श्री श्यामसुन्दर सहाय एम० ए० अध्यक्ष हैं।

प्रगति प्रकाशन, १४ डी० फीरोजशाह रोड, नयी दिल्ली—नवस्थापित श्रेष्ठ पकाशन संस्था; अज्ञेय, मुंशी, सेठ गोविंददास आदि की कई सुन्दर पुस्तकें कलात्मक ढंग से प्रकाशित हुई हैं; मासिक 'प्रतीक' का भी प्रकाशन हो रहा है; श्री राजबहादुर सिंह अध्यक्ष हैं।

प्रीमियर पब्लिशिंग कंपनी, नयी सड़क, दिल्ली—लगभग २५

पुस्तकें प्रकाशित जिनमें सभी पाठ्य पुस्तकें हैं।

प्रेम बुक डिपो, अस्पताल रोड, आगरा—लगभग ३० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें अधिकतर पाठ्य पुस्तकों की कुंजियाँ हैं।

बनारस बुक स्टोर्स, बुलानाला बनारस—बालोपयोगी लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

बालसाहित्य मन्दिर, मशकगंज, लखनऊ—शिक्षा - सम्बन्धी १० पुस्तकें प्रकाशित; श्री शिवनंदन कपूर अध्यक्ष हैं।

भारत प्रकाशन मंदिर, सुभाष रोड, अलीगढ़—४-५ विद्यार्थियोपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

भारती प्रकाशन, चौक, मुंगेर—दो तीन पुस्तकें प्रकाशित; प्रो० श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह अध्यक्ष हैं।

भारती भवन, बाँकीपुर, पटना ४—आलोचना साहित्य की लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित की हैं; इसकी एक शाखा **पुस्तक महल,** पटना ४ है।

भारती मंदिर, भगवान बाजार, छपरा—कई पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं।

भारतीय पुस्तक भंडार, कालबा देवी रोड, बंबई—कई पुस्तकों के प्रकाशन का आयोजन है।

मयूर प्रकाशन, झाँसी—श्री वृंदावनलाल वर्मा का सारा साहित्य यहीं से प्रकाशित हो रहा है; उनके लगभग २० उपन्यास-नाटक प्रकाशित; श्री सत्यदेव वर्मा अध्यक्ष हैं।

महावीर प्रकाशन, अलीगंज, एटा—जैन धर्म संबंधी साहित्य का प्रकाशन; लगभग दो दर्जन छोटी बड़ी पुस्तकें छप चुकी हैं।

महाशक्ति साहित्य मंदिर, बुलानाला, बनारस — दो - तीन विविध विषयक पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'महाशक्ति' का भी प्रकाशन होता है।

महेश प्रकाशन, भागलपुर — रामायण संबंधी दो पुस्तकें प्रकाशित; प्रो० महेश अध्यक्ष हैं।

मातृ भाषा मन्दिर, दारागंज, प्रयाग — १९३० में स्थापित; विविध विषयक लगभग २५

पुस्तकें प्रकाशित; श्री हर्षवर्धन शुक्ल व्यवस्थापक हैं।

मानसरोवर प्रकाशन, गया—१० आलोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित ; श्री हंसकुमार तिवारी अध्यक्ष हैं।

मारवाड़ी साहित्य मंदिर, भिवानी (पंजाब) — १९४२ में स्थापित ; 'मारवाड़ी गौरव' प्रमुख प्रकाशन है ; 'मारवाड़ी समाज' तथा 'समाज सेवक' नामक पत्र भी प्रकाशित होते हैं ; इसकी शाखा ३८२ नया बाँस, दिल्ली ६ में भी है ; श्री फतहचंद गुप्त व्यवस्थापक हैं।

मुरारी बुक डिपो, अस्पताल मार्ग, आगरा—लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित ; श्री मुरारीलाल गर्ग अध्यक्ष हैं।

मोतीलाल बनारसीदास, बाँकीपुर, पटना—सामान्यतः पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित कीं ; अब १०-१२ आलोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित की हैं ; श्री सुन्दरलाल जैन अध्यक्ष हैं।

मोहन न्यूज एजेंसी, कोटा—श्री फतहचंद की 'कामायनी सौंदर्य' प्रकाशित की ; और भी कई पुस्तक प्रकाशित कर रहे हैं ; श्री मोहनलाल जैन व्यवस्थापक हैं।

रघुनाथदास पुरुषोत्तमदास, चूना कंकड़, मथुरा—बालोपयोगी तथा अन्य विषयों पर लगभग १५ पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

रतन प्रकाशन मंदिर, राजामंडी, आगरा — एक दो सहायक पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

रमेश बुक डिपो, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर — लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित जिसमें अधिकतर पाठ्य पुस्तकें हैं।

राका प्रकाशन मंदिर, ४१ बरकिट रोड, मद्रास १७—अहिंदी भाषी प्रांत के हिंदी प्रकाशक ; लगभग ५ पुस्तकें प्रकाशित ; सभी विद्यार्थियोपयोगी हैं ; श्री काशीराम अध्यक्ष हैं।

राजस्थान पुस्तक मंदिर, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर—प्रकाशित पुस्तकों में 'जीवन रश्मियाँ' का अच्छा प्रचार है ; एक शाखा अलीगढ़ में भी है।

रामसहाय लाल, कचहरी रोड, गया—लगभग ५ आलोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

राष्ट्रधर्म कार्यालय, सदर बाजार लखनऊ—धार्मिक और राष्ट्रीय विषयक कई पुस्तकें प्रकाशित; दैनिक स्वदेश, साप्ताहिक पांचजन्य और मासिक राष्ट्रधर्म का प्रकाशन भी होता है।

राष्ट्रीय पुस्तक भंडार, आदर्श पुस्तकालय, छतरी तालाब मार्ग, अमरावती (बरार)–नवोदित लेखकों की कई रचनाओं का प्रकाशन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रकाशन मंडल, मछुआ टोली, पटना — गंगापुस्तकमाला, लखनऊ की शाखा; ४-५ पुस्तकें प्रकाशित; श्री राजकुमार भार्गव अध्यक्ष हैं।

राहुल पुस्तक प्रतिष्ठान, अशोक राजपथ, पटना—महा पं० राहुल सांकृत्यायन की नवीन पुस्तकों का प्रकाशन अब यहीं से ही हो रहा है; श्री वीरेंद्रकुमार व्यवस्थापक हैं।

रीगल इंडस्ट्रीज, खजूरी बाजार, इन्दौर—विद्यार्थियोपयोगी ४-५ पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

रीगल बुकडिपो, नयी सड़क दिल्ली — कई विद्यार्थियोपयोगी पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

लोक चेतना प्रकाशन, जबलपुर—चार पुस्तकें प्रकाशित; मासिक 'युगारम्भ' का भी प्रकाशन होता है; श्री नर्मदाप्रसाद खरे अध्यक्ष हैं।

वाणी मन्दिर अजमेर, १९४४ में स्थापित; (पहले साहित्य निकेतन नाम था) दो तीन पुस्तकें प्रकाशित; एक वर्ष से 'राष्ट्रवाणी' का प्रकाशन हो रहा है; श्री रामस्वरूप गर्ग संचालक हैं।

विद्यावनम् पुस्तक मंदिर, पामरू (कृष्णा जिला) दक्षिण—'हिंदी साहित्य की प्रश्नोत्तरी' नामक पुस्तक प्रकाशित की है।

विनोद पुस्तकालय, खजांची रोड, पटना — कई विद्यार्थियोपयोगी प्रकाशन किये हैं।

वैदिक साहित्य मन्दिर, सदर बाजार, नागपुर—वैदिक धर्म की कई पुस्तकें प्रकाशित।

शारदा पुस्तक-भंडार, ज्ञान वापी, बनारस — जासूसी और अय्यारी विषयक अनेक छोटी बड़ी पुस्तकें प्रकाशित; श्री मथुराप्रसाद खत्री अध्यक्ष हैं।

शारदा मन्दिर लि०, नयी सड़क, देहली — लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित, कई साहित्यिक प्रकाशन हुए हैं।

शुक्ला बुक हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ—लगभग १५ पुस्तकें प्रकाशित; सभी विद्यार्थियोपयोगी टीकाएँ हैं; श्री महीनाथ शुक्ल व्यवस्थापक हैं।

सरस साहित्य, अजमेर—श्री सरस वियोगी की ३-४ कविता-पुस्तकें प्रकाशित; मासिक आलोचक प्रकाशित करने का आयोजन है।

सरस्वती निकेतन, पीपल मंडी, देहरादून—साहित्य की पृष्ठ-भूमि नामक आलोचनात्मक पुस्तक प्रकाशित, कई और प्रकाशन हो रहे हैं।

सरस्वती सदन, लायल बुक डिपो, लश्कर, ग्वालियर—लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित जिनमें शिक्षण माला की पुस्तकें प्रसिद्ध हैं; श्री रामप्रसाद अग्रवाल अध्यक्ष हैं।

साहित्य मंदिर, वर्धा—परीक्षार्थियोपयोगी लगभग १० पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

साहित्य मन्दिर प्रेस, गुइन रोड, लखनऊ—विभिन्न विषयों की कई पुस्तकें प्रकाशित; श्री कामेश्वर नाथ अध्यक्ष हैं।

साहित्य सदन, देहरादून—लगभग १० आलोचनात्मक व साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित।

साहित्य साधना कुटीर, संयोगितागंज, इन्दौर—परीक्षोपयोगी ३-४ पुस्तकें प्रकाशित हैं; कई आलोचनात्मक पुस्तक प्रकाशित करने की योजना है।

सुबोध ग्रंथमाला, अपरबाजार, राँची—स्कूली पुस्तकों के प्रकाशक; अब साहित्य-प्रकाशन की योजना है।

सेंट्रल बुक डिपो, इलाहाबाद—श्री 'बच्चन' जी का पूरा सेट प्रकाशित हुआ है; लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित; कई पुस्तकें प्रसिद्ध हैं।

स्टूडेंट बुक कंपनी, जोधपुर—लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें निबंध शिक्षा, प्रगतिशील जीवन आदि का अधिक प्रचार है; इसकी दो शाखाएँ जयपुर

और ग्वालियर में भी हैं।

स्टूडेंट्स फ्रेंड्स, ह्वीवेट रोड, इलाहाबाद—लगभग ५० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें अधिकतर पाठ्य-पुस्तकों की कुंजियाँ हैं ; भारत का बृहत इतिहास पुस्तक का विशेष प्रचार है ; श्री अ० स० सामंत अध्यक्ष हैं ; इसकी एक शाखा पो० लंका, बनारस में हैं।

स्वरूप ब्रदर्स, खजूरी बाजार, इंदौर — विद्यार्थियोपयोगी ८-१० पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

हिंद प्रकाशन मंदिर, हास्पिटल रोड, आगरा—लगभग ५ पुस्तकें प्रकाशित ; श्री मुरारीलाल गर्ग अध्यक्ष हैं।

हिंदी ग्रंथागार, १५ पी०कलाकार स्टीट, कलकत्ता — रवींद्र साहित्य का सारा प्रकाशन हिंदी में कर रहे हैं ; १८ भाग छप चुके हैं ; श्री धन्यकुमार जैन व्यवस्थापक हैं।

हिंदी प्रकाशन मंदिर, जीरो रोड, इलाहाबाद — श्री रामनरेश त्रिपाठी द्वारा स्थापित ; लगभग १५ वर्षों तक बालोपयोगी 'वानर' का प्रकाशन होता रहा ; लगभग १०० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें हिंदी कौमुदी (७ भाग) और पथिक-खंड काव्य ने बहुत प्रसिद्धि प्राप्त की ; इस समय दिल्ली के सस्ता साहित्य मंडल के संचालन में है।

हिंदी प्रचारक पुस्तकालय, ज्ञानवापी, बनारस—लगभग ४०० पुस्तकें प्रकाशित, हिंदी प्रचारक शब्द कोश मुख्य है ; कई साहित्यिक पुस्तक मालाएँ प्रकाशित करने की योजना है ; श्री कृष्णचंद्र बेरी स्वामी हैं ; इसकी एक शाखा १६०।१ हरिसनरोड, कलकत्ता में भी है।

हिंदी साहित्य सृजन परिषद, जौनपुर — लगभग ३० पुस्तकें प्रकाशित जिनमें साहित्य दर्शन, साहित्य-परीक्षण मुख्य हैं।

—:❀:—

(घ) हिंदी-पत्र-पत्रिकाओं के अवशिष्ट परिचय

अंगारा—साप्ताहिक; **संपा०**—श्री रामचन्द्र सकसेना; **प०**—पोस्ट बाक्स २३६, पी० रोड, कानपुर।

अपना देश — साप्ताहिक; **संपा०**—श्री नरसिंह राम शुक्ल; १९४७ से प्रकाशित; **मू०**—६); **प०**— सजनी प्रेस, प्रयाग।

अमेरिकन रिपोर्टर—साप्ताहिक; १९५१ से प्रकाशित; **संपा०**—डब्ल्यू० बोर्न; बिना मूल्य वितरित ; **प०**— अमेरिकी दूतावास, नयी दिल्ली।

आँचल—महिलोपयोगी मासिक, जनवरी १९४४ से प्रकाशित; **संपा०**—सुश्री ज्ञान अस्थाना, कुमारी आशा, सुश्री कैलाश कुमारी अग्रवाल; **मू०**—४); **प०**—पोस्ट बाक्स ३४०, नयी दिल्ली।

आरती—विविध विषयक मासिक; **सम्पा०**—श्री भगवतीप्रसाद वाजपेयी एवं श्री लक्ष्मीचन्द्र वाजपेयी; **प०**—शालीमार बिल्डिंग, रेल बाजार, कानपुर।

आराधना—गाँधीवादी मासिक; जनवरी ४८ से प्रकाशित; **संपा०**—कुमारी सावित्रीसिंह 'किरण', श्री अशोक बी० ए०, श्री कृपाशंकर वकील ; **मू०**—४); **प०**—गाजीपुर।

आलोक—साप्ताहिक; **संपा०** श्री विश्वनाथ शुक्ल; **प०**—बैकुंठपुर (कोरिया स्टेट)।

उजाला—समाजवादी नीति का समर्थक साप्ताहिक; १९५१ से प्रकाशित ; **संपा०** — श्री गुरुप्रसाद उप्पल; **प०** उजाला प्रेस, पटना।

उत्थान —हरिजनोपयोगी साप्ताहिक; १९५० से प्रकाशित; **संपा०**—श्री वीरेंद्र पांडेय; **मू०**—४॥); **प०**—हजरतगंज, लखनऊ।

उर्मिला—साहित्यिक मासिक; फरवरी १९५१ से प्रकाशित; **संपा०**—श्री वासुदेव प्रसाद मेहरोत्रा, श्री हजारी भानु प्रकाश शुक्ल; **मू०**—६); **प०**—१४।६४ टेढ़ी नीम, बनारस।

कन्या—१९४४ से प्रकाशित मासिक; **संपा०**—श्री केशव प्रकाश

विद्यार्थी, श्री 'अशोक' बी० ए०; मू० — ३); प० —नारायणगढ़।

कल्पना—द्वैमासिक; मू०—१०); संपा० — सर्वश्री आर्येंद्र शर्मा, प्रो० रंजन, मधुसूदन चतुर्वेदी, बद्री विशाल पित्ती; प०—चेतना प्रकाशन लि०, हैदराबाद (दक्षिण)।

किसान-कृषकोपयोगी मासिक; संपा०—श्री सुरेशसिंह; मू०—६); प० कालाकांकर, प्रतापगढ़।

क्षत्रियबन्धु—१६३६ से प्रकाशित मासिक; संपा०—श्री पी० चौधरी; प०-नीलहीबाग, बनारस।

खिलौना-बालोपयोगी मासिक; सितम्बर १६५० से प्रकाशित; संपा०—श्री 'अशोक' बी० ए०, श्री 'कुमुद'; मू०—२॥); प०—पोस्ट बाक्स ६६, जमशेदपुर १।

गुलदस्ता — अप्रैल १६५१ से प्रकाशित मासिक; संपा०—श्री बूलचंद बी० राजपाल; संयुक्त संपा० — श्री विद्याशंकर शर्मा; सलाहकार संपादक-मंडल— सर्वश्री बनारसीदास चतुर्वेदी, श्रीराम शर्मा, हरिशंकर शर्मा, रांगेय राघव, और शांतिप्रसाद पाठक; वि०—प्रत्येक मौलिक लेख पर पारिश्रमिक दिया जाता है; मू०—भारत में १०), अमरीका में ४ डालर, इँगलिस्तान में १ पौंड; प०—२६३८ पीपल मंडी, आगरा।

चंदा मामा — बालोपयोगी मासिक; मू०—४॥); वि०—तामिल, कन्नड और मलयालम भाषाओं में भी इसी नाम से प्रकाशित होता है; प०—मद्रास।

चुन्नू - मुन्नू — बालोपयोगी मासिक; संपा० — श्री रामवृक्ष बेनीपुरी; मू०—४॥); प०—श्री अजंता प्रेस लिमिटेड, नया टोला, पटना।

जागृति—साप्ताहिक पत्रिका; जनवरी १६४० से प्रकाशित हो रही है; मू०—साढ़े बारह शिलिंग; प०—संगम शारदा प्रेस, नाँदी, फीजी।

जासूस महल—मासिक; जनवरी १६५० से प्रकाशित; मू०—६); प०—चौक, इलाहाबाद।

जीवन-विज्ञान—अप्रैल १६४६ से प्रकाशित मासिक; संपा०—श्री चंद्रराज भंडारी; मू०—१०); प०—भानुपुरा, इन्दौर।

झंकार—सिनेमा साप्ताहिक। १६५१ में प्रकाशित; **संपा०**—श्री सुदर्शन सिंह और श्री ल० प० देशमुख; **मू०**—एक प्रति -)॥; **प०**—गोकुल पेठ, नागपुर।

झंकार—विविध विषय-विभूषित सचित्र मासिक पत्रिका, जनवरी १६५१ से प्रकाशित; संपादक हैं श्री ज्ञानीदास; किसी पार्टी से संबंधित नहीं है; विशुद्ध साहित्य का प्रचार उद्देश्य है; **वि०**—फीजी में यह हिंदी की अकेली मासिक पत्रिका है; **मू०** — ६ शिलिंग; **प०**—तारा प्रेस, नसीनूं, सूवा, फीजी।

दीपशिखा-सिने व साहित्यिक मासिक; **संपा०** — श्री देवेंद्र; **मू०**—६) ; **प०** — पाटिलपुत्र प्रकाशन मंदिर, ६ डी गर्दनी बाग, पटना १।

देहात — १६४८ से प्रकाशित मासिक; **संपा०**—श्री कन्हैयालाल सहगल; श्री गंगाप्रसाद 'शारदा', श्री नित्यानंद सारस्वत, श्रीमती चंद्रकान्ता जैरथ, श्री बल्लभदास बिन्नानी 'ब्रजेश'; **मू०** — २) ; **प०**—पिलानी, जयपुर।

नागरिक—दैनिक; **संपा०**—श्री देवीदास शर्मा 'निर्भय'; **प०**—हाथरस।

नाम माहात्म्य-धार्मिक मासिक पत्र; **संपा०** — श्री गौर गोपाल जी मानसिंह; **मू०** — २≡) ; **प०**—भजनाश्रम, वृन्दावन।

नया साहित्य — प्रगतिशील मासिक; **संपा०**—श्री रामविलास शर्मा, श्री प्रकाशचंद्र गुप्त, श्री 'पहाड़ी'; **मू०**—१०) ; **प०**—नया कटरा, प्रयाग।

नयी धारा—मासिक पुस्तक; **संपा०** श्री रामवृक्ष बेनीपुरी; **मू०**—१०) ; **प०**—अशोक प्रेस, महेंद्रू, पटना।

नवभारत—राष्ट्रीय साप्ताहिक; अहिंदी प्रांत से प्रकाशित; प्रत्येक अंक पर हिंदी की प्रगति पर भी एक लेख रहता है; **संपा०**—टी० बी० केशवदास; **प०**—बेल्लारी (दक्षिण भारत)।

नवरस—कहानी प्रधान मासिक; **संपा०** श्री देवकुमार मिश्र, श्री रघुवंश पाण्डेय; **मू०**—५) ; **प०**—भिखना पहाड़ी, बाँकीपुर, पटना।

नारद — राष्ट्रीय साप्ताहिक ; १६०० से प्रकाशित; **भूत० संपा०** — श्री गोविंदप्रसाद शर्मा, पं० कार्तिकेय चरण मुखोपाध्याय, श्री लक्ष्मीनारायण सारनी, गोस्वामी योगी लालगिरि,श्री प्रेमकुमार वर्मा, पं० सतीशचंद शर्मा ; **वर्त्त० संपा०**—श्री कौशलकिशोर ; प०—छपरा ।

निष्काम—मासिकपत्र; १६५१ से प्रकाशित ; **मू०**—६) ; **संपा०**—श्री रत्नांबरदत्त चंदोला 'रत्न', नेत्रपाल 'बंधु' ; प०—पूना १ ।

नोकझोंक—१६३८ में प्रकाशित हास्यरस का मासिक । भूत० संपा०-श्री केदारनाथ भट्ट और श्री ओमप्रकाश शर्मा ; **संपा०**—श्री रामप्रकाश पंडित ; **वि०**—हास्य-रस की रचनाएँ पारिश्रमिक देकर चाहते हैं ; **मू०**—३) ; प०—बाग मुजफ्फर खाँ, आगरा ।

नृसिंह प्रिया—**१६४२**से प्रकाशित मासिक ; **संपा०** श्री ए० एस० राघवन ; **प०**—पुडुकोटई, मद्रास ।

पंचायत—१६११ से प्रकाशित साप्ताहिक ; **प०**—बाराबंकी ।

पराक्रम — साप्ताहिक , हिंदू सभा प्रधान का पत्र; **संपा०—पं०** रामकृष्ण पाण्डेय ; **प०**—लक्ष्मण प्रेस, चांटापारा, बिलासपुर ।

परिचय पारिजात—**मासिक ; संपा०**—श्री कविराज दुर्गानारायण वीरत्रयईश, श्री सुरेशचंद ; **मू०**—६) ; **प०**—शारदा सदन, केवलारी, पथरिया, सागर ।

प्रकाश—१६४२ से प्रकाशित दैनिक ; **संपा०**—श्री जी० सी० केला ; **प०** — कचौरा बाजार, आगरा ।

पालक्षत्रिय-समाचार—**१६४२** से प्रकाशित जातीय मासिक; **संपा०**—श्री जी० विद्यार्थी ; **प०**—**४२३** मुट्ठीगंज, इलाहाबाद ।

प्राची प्रकाश—हिंदी का **एक** मात्र दैनिक पत्र जो बर्मा में **कई** वर्षों से प्रकाशित हो रहा है ; **प०**—रंगून (बर्मा) ।

बनारस—दैनिक पत्र ; **मू०** १७) ; १६५१ से प्रकाशित ; **प०**—बनारस ।

शंखनाद, मुंगेर—**१६४६ से** प्रकाशित; एक वर्ष तक **हस्तलिखित** रहा, १६५० का **वार्षिकांक**

मुद्रित होकर प्रो० श्री कपिल के संपादकत्व में निकला; मू० १) ।

शिक्षा—उत्तर प्रदेशीय शासन के शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित शिक्षा-सम्बन्धी पत्र; प्रायः अधिकारी विद्वानों की रचनाएँ इस मे प्रकाशित होती हैं; प०—लखनऊ ।

श्रीरंगनाथ—धार्मिक साप्ताहिक पत्र; १९४२ से प्रकाशित; **संपा०**—श्री स्वामी मुरलीधराचार्य तिलक; अब तक छह विशेषांक छप चुके हैं; मू०—३); प०—भिवानी (पंजाब) ।

संदेश—मासिक पत्र; **संपा०**—प्रो० रामपरीक्षा सिंह 'पुष्प' एम० ए; प०— नवयुवक परिषद, रानीगंज, बर्दवान ।

संदेश—दैनिक; १९४८ से प्रकाशित ; **संपा०**—श्री नारायण प्रसाद शुक्ल; प०—यशवंत रोड, इन्दौर ।

संदेश—साप्ताहिक; **संपा०**—सैयद कासिमअली साहित्यालंकार; **मू०**—४); प०—प्रिंस आफ वेल्स अस्पताल के सामने, भोपाल ।

सन्मार्ग—सनातनधर्मी दैनिक पत्र; **वि०** — कलकत्ता, बनारस और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित होता है; कई सुयोग्य विद्वान संपादक हैं; प०—कलकत्ता ।

सन्मार्ग—धार्मिक साप्ताहिक; **संपा०**—श्री सवाई सिंह ; **मू०**—८); प०—साधना प्रेस, जयपुर ।

सरिता मासिक; **सम्पा०**—सर्वश्री सीताराम चतुर्वेदी, करुणापति त्रिपाठी, रामचन्द्र वर्मा, शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र', कमलाप्रसाद अवस्थी 'अशोक', बलदेव प्रसाद मिश्र, बल्देवराज शर्मा 'उपवन'; मू०—५); कई विशेषांक प्रकाशित; प० – बनारस ।

सुमित्रा—कहानी प्रधान मासिक; १९४६ से प्रकाशित; **संपा०** श्री देवीप्रसाद धवन 'विकल'; **म०**—६); प०— कानपुर ।

सोवियत भूमि — पाक्षिक; १९५० से प्रकाशित; मू०—३); प०—तास प्रतिनिधि, रूसी दूतावास, नयी दिल्ली ।

हमारी आवाज—साप्ताहिक; १९५० से प्रकाशित; **सं०**—'निशंक' शर्मा; मू०—६); प०—जयहिंद प्रेस, लश्कर, ग्वालियर ।

हिंदी अनुशीलन — प्रयाग-स्थित भारतीय हिंदी परिषद का त्रैमासिक मुख-पत्र; भाषा और साहित्य से सम्बन्धित अनुसंधान पूर्ण निबन्ध ही प्रायः प्रकाशित होते हैं।

(ङ) हिंदी के अवशिष्ट पुरस्कार और पदक

डालमियाँ पुरस्कार

अब तक २०००) का देव पुरस्कार हिंदी में सबसे अधिक निधि का था; इधर तीन-चार वर्षों से २१००) का डालमियाँ पुरस्कार, जो डाक्टर दीनदयालु गुप्त को उनकी 'अष्टछाप और वल्लभसंप्रदाय' नामक कृति पर मिल चुका है, दिया जाने लगा है। अतएव आज हिंदी का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है।

देव-पुरस्कार

हिंदी प्रेमी ओरछा नरेश प्रदत्त २०००) का यह पुरस्कार एक वर्ष खड़ी बोली के और दूसरे वर्ष व्रजभाषा के सर्वश्रेष्ठ काव्य पर दिया जाता है। प्रथम पुरस्कार श्री दुलारेलालजी भार्गव को उनकी दोहावली पर मिला था; द्वितीय डा० रामकुमार वर्मा, एम० ए०, पी-एच० डी० को 'चित्ररेखा' पर तथा तीसरा श्री श्यामनारायण पांडेय को उनकी 'हल्दीघाटी' पर मिला था।

हिंदी एकेडमी, प्रयाग का पुरस्कार

हिंदी (हिंदुस्तानी) एकेडमी प्रयाग की ओर से ५००) का पुरस्कार हिंदी लेखकों की श्रेष्ठ रचना पर दिया जाता है।

संवत् २००८ के लिए साहित्यसम्मेलन की विभिन्न पुरस्कार समितियों के सदस्य—

मंगलाप्रसाद पारितोषिक— १-श्री कृष्णदेवप्रसाद गौड़, २-श्री जयचंद्र विद्यालंकार, ३ श्री रमाशंकर शुक्ल रसाल, ४-श्री राय-

रामचरण अग्रवाल "संयोजक", ५- श्री विजयकुमार गुप्त।

सेक्सरिया महिला पुरस्कार १-श्री सीताराम सेक्सरिया, २-श्री कुमारी कंचनलता सब्बरवाल, ३-श्री गुर्ती सुब्रह्मण्य, ४-श्री रामेश्वर शुक्ल "अंचल"; ५-श्री राजेन्द्र सिंह गौड़, 'संयोजक'।

मुरारका पारितोषिक—१-श्री बसन्तलाल मुरारका, २ श्री त्रेतेश-चंद्र चट्टोपाध्याय, ३-श्री सीताराम चतुर्वेदी "संयोजक", ५-श्री पद्मानन्द चतुर्वेदी, ५-डा० बुलबुल मित्रा।

रत्नकुमारी पुरस्कार समिति—श्री रत्नकुमारी देवी, २ श्री कमलेशरानी सक्सेना, ३-श्री प्रभात मिश्र, ४-श्री जयराम मिश्र; ५-श्री ज्योतिप्रसाद मिश्र "निर्मल" "संयोजक"।

नेमीचंद्र पाण्ड्या पुरस्कार—१-श्री रामनरेश त्रिपाठी, २-श्री श्रीनाथसिंह, ३-श्री लल्ली प्रसाद पांडेय, ४-श्री दयाशंकर दुबे "संयोजक", ५—श्री कमलधारी-सिंह "कमलेश"।

(च) हिंदी में अनुसन्धानकार्य—अवशिष्ट अंश

विश्वविद्यालय काशी—हिंदी में पी-एच० डी० की उपाधि के लिए निबंध लिखने वाले व्यक्तियों के नाम ये हैं— सर्वश्री विजयशंकर मल्ल, शकुन्तला जैतली, शम्भूनाथ सिंह, पूर्णगिरि गोस्वामी, नरेश कुमार मेहता, कृष्णदेवप्रसाद गौड़, शंभूनाथसिंह, बटेकृष्ण, बचनसिंह, चन्द्रमोहन शर्मा, व्रजकिशोरदीक्षित, नरहरि चिंतामणि, जुगलेश्वर, सुशीला भटनागर, तारावती चौधरी अष्टभुजप्रसाद पांडेय, शिवनारायण लाल, राजेश्वरी शर्मा, ज्योत्स्ना द्विवेदी, सुशीला बाहल, कैलाशचंद्र जैन, देवेन्द्रकुमार जैन, कृष्णकुमार मिश्र, लक्ष्मी शुक्ल, रामनरेश वर्मा, मोतीसिंह, मार्कंडेयप्रसादसिंह और श्री उमादेवी मुडवेल।

विश्वविद्यालय नागपुर—इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत हिंदी में अनुसंधान—कार्य के लिए विशेष भाग नहीं हैं, पर एम०ए० उत्तीर्ण छात्र किसी अधिकारी निरीक्षक की देखरेख में पी-एच० डी० की तैयारी

कर सकते हैं। प्रति वर्ष दो-तीन विषयों पर शोध के लिए विषय स्वीकृत होते हैं और स्नातक उसमें कार्य करते हैं। प्रेमचंद, प्रसाद, भारतेंदु, हरिऔध आदि लेखकों तथा कवियों के अतिरिक्त भाषा-विज्ञान संबंधी विषयों पर भी काम हो रहा है। अनुसंधानकर्त्ताओं में कई महिलाएँ भी हैं।

आवश्यकता होने पर उपयुक्त छात्र को किंग एडवर्ड छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

इस विश्वविद्यालय की ओर से अभी तक डाक्टर बलदेवप्रसाद मिश्र को 'तुलसी दर्शन' और डा० रामकुमार वर्मा को 'हिंदी साहित्य के आलोचनात्मक इतिहास' पर उपाधियाँ मिल चुकी हैं।

विश्वविद्यालय प्रयाग—अब तक डी॰लिट्॰ उपाधि प्राप्त व्यक्ति और उनके विषय इस प्रकार हैं—(१) डा० बाबूराम सक्सेना—अवधी का विकास (१९३१), (२) डा० रमाशंकर शुक्ल—हिन्दी काव्य शास्त्र का विकास (१९३१); (३) डा० माताप्रसाद गुप्त—तुलसीदास के जीवन और कृतियों का समालोचनात्मक अध्ययन (१९४०); (४) डा० दीनदयालु गुप्त—**अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय** (१९४५); (५) डा० उदयनारायण तिवारी—भोजपुरी का विकास (१९४५); (६) डा० हरदेव बाहरी—हिंदी अर्थ-विचार (१९४५); (७) डा० लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय—हिन्दी साहित्य और उसकी सांस्कृतिक पीठिका—१७५७-१८५७ (१९४६)।

अब तक डी० फिल० उपाधि प्राप्त व्यक्ति और उनके विषय इस प्रकार हैं—(१) डा० लक्ष्मी-सागर वार्ष्णेय—आधुनिक हिंदी साहित्य—१८५०-१९००(४१९०), (२) डा० श्री कृष्णलाल—आधुनिक हिंदी साहित्य का विकास—१९००-१९२५ (१९४१); (३) डा० जानकीनाथ सिंह—हिंदी छंद शास्त्र; (४) डा० छैलबिहारी गुप्त—आधुनिक मनोविज्ञान के प्रकाश में इस सिद्धांत का समालोचनात्मक अध्ययन (१९४३); (५) डा० ब्रजेश्वर वर्मा—सूरदास (१९४५); (६) डा० ब्रजमोहन गुप्त—**हिंदी काव्य में रहस्यवादी प्रवृत्तियाँ**

(१६४६); (७) डा० पृथ्वीनाथ कुलश्रेष्ठ — हिंदी प्रेमाख्यानक काव्य (१६४७); (८) डा० राम रत्न भटनागर — हिंदी समाचार पत्रों का इतिहास (१६४८; (६) डा० रघुवंश—हिंदी साहित्य के भक्ति और रीति कालों में प्रकृति और काव्य (१६४८); (१०) डा० शैलकुमारी माथुर— हिंदी काव्य में नारी भावना १६००-१६४५; (११) डा० कामिल बुल्के—हिंदी राम साहित्य की पीठिका के रूप में राम-कथा का जन्म और विकास (१६४६); (१२) डा० विश्वनाथ मिश्र—अँग्रजी का हिंदी भाषा और साहित्य पर प्रभाव (१६५०)।

इसके अतिरिक्त डी० फिल० उपाधि के लिए स्वीकृत हिदी से संबंधित अन्य निबन्धो और उनके लेखकों के नाम ये हैं—(१) डा० शैलवती मिश्र—हिदी सन्त और वेदान्त प्रणालियाँ—सूर, तुलसी और कबीर का विशेप अध्ययन (१६४८); (२) डा० जयकांत मिश्र —मैथिली साहित्य का संक्षिप्त इतिहास—आदि काल से लेकर वर्तमान समय तक और उस पर अँग्रेजी का प्रभाव (१६४८)।

हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा० धीरेंद्र वर्मा को पेरिस यूनीवर्सिटी से 'ब्रजभाषा' विपय पर १६३५ में डी० लिट० की और डा० रामकुमार वर्मा को नागपुर यूनीवर्सिटी से हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास पर १६४१ में पी-एच० डी० की उपाधियाँ मिल चुकी हैं।

डी० लिट्० उपाधि के लिए निम्नलिखित स्वीकृत विपयों पर खोज हो रही है—(१) डा० छैल-बिहारी गुप्त राकेश—नायक-ना-यिका भेद; (२) श्री उमाशंकर शुक्ल—सूर सागर की हस्तलिखित पोथियों का पाठ सम्बन्धी अध्ययन।

डी० फिल० उपाधि के लिए निम्नलिखित स्वीकृत विषयों पर खोज हो रही है—(१) श्री राम सिंह तोमर—प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य का हिंदी साहित्य पर प्रभाव; (२) श्री हरीमोहन दास टंडन—व्रज के वैष्णव संप्रदाय और उनका हिंदी साहित्य पर प्रभाव; (३) श्री टाकम सिंह तोमर —हिंदी वीर काव्य — १६००

१८००; (४) श्रीमती रतनकुमारी —१६वीं शताब्दी में हिंदी आर बंगलाके वैष्णव कवियों का तुलनात्मक अध्ययन; (५) श्री जगदीश गुप्त—गुजराती और व्रजभाषा कृष्ण-काव्य का तुलनात्मक अध्ययन —१५वींसे १७वीं शताब्दी तक; (६) श्री धर्मवीर भारती—सिद्ध साहित्य; (७) श्री हरिहरप्रसाद गुप्त —भारतीय ग्रामोद्योग से सम्बन्धित शब्दावली, विशेषतया आजमगढ़ जिले की तहसील फूलपुर में प्रचलित शब्दावली के आधार पर; (८) श्रीमती कांतिकेशरी सिन्हा—हिंदी मुक्तक काव्य का जन्म और विकास–१८००; (९) कुमारी गोविंदा आनंद—हिंदी साहित्य के रीतिकाल की भक्ति; (१०) श्री पारसनाथ तिवारी—कबीर की रचनाओं के पाठ और पाठ सम्बन्धी समस्याओं का आलोचनात्मक अध्ययन; (११) श्री मातावदल जायसवाल — स्टैंडर्ड हिंदी की उत्पत्ति और विकास; (१२) श्री भोलानाथ—आधुनिक हिंदी साहित्य और उसकी पीठिका—१९२६,१९४७; (१३) श्री भोला तिवारी—हिंदी नीति रहस्य; (१४) श्री कुमारी कीर्ति अग्रवाल—स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय आन्दोलन और उसका आधुनिक हिंदी साहित्य पर प्रभाव--१८८५--१९४७; (१५) कुमारी हेमलता जनस्वामी — मध्यकालीन तेलगु और हिंदी वैष्णव साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन; (१६) श्री सत्यव्रत सिनहा—भोजपुरी लोक साहित्य; (१७) श्री चन्द्रप्रकाश वर्मा—अवधी लोक कथाओं और गीतों में चित्रित सास्कृतिक और सामाजिक अवस्था; (१८) श्री लक्ष्मीनारायण लाल— हिन्दी कहानियों की उत्पत्ति और विकास; (१९) श्री सुरेशचंद्र वाजपेयी हिंदी उपन्यासों की उत्पत्ति तथा विकास (२०) श्री मूलचन्द अवस्थी—१९ वीं शताब्दी के सुधारवादी आंदोलन और उनका हिंदी साहित्य पर प्रभाव।

—:०:—

(च) विदेशों में हिंदी—अवशिष्ट अंश

अमरीका—यहाँ एक एशिया इंस्टीट्यूट है जिसका पता है—१३ ईस्ट, ६७ वीं स्ट्रीट, न्यूयार्क २१। इस संस्था में हिंदी की शिक्षा का प्रबंध है और कई स्थानीय युवक युवतियाँ इस भाषा की जानकारी प्राप्त करने के लिए अध्ययन कर रही हैं।

आस्ट्रेलिया—यहाँ के कालेजों और विश्वविद्यालयों में तो हिंदी के लिए कोई स्थान नहीं है, परंतु व्यापारिक और व्यावसायिक संस्थाओं में हिंदी के कुछ जानकार मिल सकते हैं।

इटली—यहाँ के रोम विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष हिंदी की शिक्षा का प्रबंध होने की सूचना मिली थी। नेपल्स विश्वविद्यालय में भी इसी का अनुसरण करने की योजना इस वर्ष है। यहाँ की एक संस्था है 'इटैलियन इंस्टीट्यूट फार दि मिडिल ऐंड फार ईस्ट' ('stituto Italiano Per Il Medio Ed Estremo Oriente) जो Palzzo Brancaccio, Via Merulana, Rome में स्थिति है। पूर्व और पश्चिम के बीच में सांस्कृतिक संबंध स्थापित करना इस संस्थाका उद्देश्य है। इसकी ओर से हिंदी की शिक्षा इटली निवासियों को दी जा रही है।

जापान—'टोकियो यूनीवर्सिटी आव फारेन लैंग्वेजेज़' में इस समय हिंदी विभागमें ३७ विद्यार्थी और दो जापानी अध्यापक हैं—प्रोफेसर आर० गामे (Pr. R. Game) और प्रोफेसर के० डोई (Pr. K. Doi)।

डेनमार्क—यहाँ के विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षा का विषय नहीं है।

फ्रांस — इस देश में स्थिति Ecole Nationale Des Langues Orientales Vivantes, 2 Rue De Lille, Paris, नामक संस्था में हिंदी की पढ़ाई का प्रबंध है। तीन वर्ष की शिक्षण अवधि समाप्त करने पर स्नातक की उपाधि प्रदान की जाती है। १९४५ से पूर्व विद्यार्थियों की संख्या ५-७ रहती थी, परंतु अब बढ़ते-बढ़ते यह तीस तक पहुँच गयी है।

नामानुक्रमणिका

पहला खंड—हिंदी सेवियों का परिचय

दूसरा खंड—हिंदी संस्थाओं का परिचय

परिशिष्ट—कुछ और हिंदी संस्थाएँ

तीसरा खंड—हिंदी के प्रकाशक

चौथा खंड—हिंदी की पत्र-पत्रिकाएँ

मंजरी, मंजिल, मजदूर आवाज, मतवाला जोधपुर, मतवाला दिल्ली, मतवाला मिर्जापुर, मधुप—४७०; मनोरंजन, मनोरमा, मनोविज्ञान, मनोहर कहानियाँ, मराठा, मस्ताना जोगी, महा कोशल, महावीर संदेश, महाशक्ति, महिला, महिलाश्रम पत्रिका—४७१; माधुरी, मानवता, मानव धर्म, मानवमित्र, मानसमणि, मानसरोवर, माया, मारवाड़ी गौरव, मारवाड़ी समाज—४७२; मराठा राजपूत, माला, मेढ़ क्षत्रिय समाचार, मोहिनी।

यादव, युग जीवन, युगधर्म, युगधारा, युगांतर कानपुर, युगांतर जयपुर—४७३; युगारंभ जबलपुर, युगारंभ (लोक चेतना प्रकाशन), युवक हृदय, योगी, योगेंद्र—४७४।

रंगभूमि दिल्ली, रंगभूमि बंबई, रजतपट, रसभरी—४७४; रसायन, रसीली कहानियाँ, रहबर, राजपूत, राजपूताना प्रांतीय वैद्य पत्रिका, राजस्थान क्षितिज, रानी, रामराज्य, राष्ट्रपताका, राष्ट्रपति, राष्ट्रभारती —४७५; राष्ट्रभाषा जयपुर, राष्ट्रभाषा वर्धा, राष्ट्रवाणी अजमेर, राष्ट्रवाणी दिल्ली, राष्ट्रवाणी पटना, राष्ट्रवाणी बनारस, रिमझिम, रियासती, रूपरानी, रेलवे समाचार—४७६।

लल्ला, लहर, लोकमत, नागपुर, लोकमत बीकानेर, लोकमान्य, लोकमित्र, लोकयुद्ध, लोकवाणी जयपुर, लोकवाणी लखनऊ, लोक शासन—४७७; लोक सुधार, लोक सेवक इंदौर, लोक सेवक कोटा—४७८।

वनस्थली, वर्तमान, वसुंधरा कलकत्ता, वसुंधरा उदयपुर, वसुंधरा दिल्ली, वाणिज्य, वालंटियर, विंध्यकेसरी, विंध्यवाणी—४७८ विकास कोटा, विकास नागपुर, विक्रम, विचार, विजय दतिया, विजय दिल्ली, विजय मुरादाबाद, विज्ञान, विज्ञानकला—४७६; विद्या, विद्यार्थी, विनोद, विशालभारत, विश्वदर्शन, विश्वबंधु अमृतसर, विश्वबंधु कलकत्ता, विश्वभारती—४८०; विश्व मित्र, विश्ववाणी, विश्वहितैषी, वीणा, वीर, वीर अर्जुन, वीर भारत—४८१; वीर भूमि उदयपुर, वीर

पाँचवाँ खंड—पदक और पुरस्कार

छठा खंड—हिंदी में अनुसंधानकार्य

सातवाँ खंड—विदेशों में हिंदी

परिशिष्ट २

(नोट—कुछ स्लिपों के इधर-उधर हो जाने के कारण यह अंश यथास्थान नहीं जा सका, जिसके लिए हमें खेद है—संपादक ।)

(अ) कुछ और हिंदी संस्थाएँ

जयहिंद प्रेस सर्विस, गाँधी नगर, कानपुर — लेखकों-कवियों और पत्रों के बीच संपर्क स्थापित करनेवाली संस्था ; डा० वीर-भारतोसिंह अध्यक्ष हैं ।

भारत समाज, पो० बा०३६३, लारेंसो मार्क्वीस, पोर्चुगीज पूर्वी अफ्रीका— भारत समाज इंडियन स्कूल का संचालन होता है जिसमें हिंदी की पढ़ाई का संतोषजनक प्रबंध है, १०० से अधिक विद्यार्थी इस सुदूर देश में हिंदी का अध्ययन कर रहे हैं ; वर्धा की परीक्षाओं का प्रबंध करने की योजना है ; श्री रविशंकर विद्यालंकार और श्री सुमतराय विद्यालंकार हिंदी-प्रचार के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं ।

राकेश मंदिर, चूरू, राजस्थान —**स्था०** — १५ अगस्त १६४८, स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष में ; **उद्देश्य**—साहित्यिक और सांस्कृतिक निर्माण कार्य ; **कार्य**—मंदिर का कार्य चार वर्गों में विभक्त है:—(क) **हिन्दी साहित्य संसद** की ओर से 'साहित्य-प्रवेश', 'साहित्येन्दु' और 'साहित्य-सुधाकर' की परीक्षाएँ ली जाती हैं ; इनके केन्द्र प्रमुख नगरों में हैं ; प्रबन्ध एक अंतरंग समिति करती है । (ख) **अध्ययन निकेतन**—इसमें हिदी साहित्य के अध्ययन की समुचित व्यवस्था है, हि० सा०स० प्रयाग की विशारद और रत्न की परीक्षाओं के लिए भाषण का प्रबन्ध है । (ग) **लोक संस्कृति**-

सदन द्वारा सांस्कृतिक अन्वेषण का कार्य होता है; लोकगीत, कहावतें, लोककथाएँ, ऐतिहासिक सामग्री का संकलन हो रहा है; (घ) **प्रकाशन मंदिर** — यहाँ से 'राकेश' मासिक और साहित्यिक ग्रंथों का प्रकाशन होता है।

रामायण मंडल, सोहागपुर— रामायण एवं हिंदी-प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से १६४० में स्थापित; स्थानीय हिंदी-साहित्य-समिति से संबन्धित।

विश्वविद्यालय, पंजाब (सोलन) इंटर मीडिएट, (कला), बी० ए० और एम० ए० की परीक्षाओं में हिंदी का प्रवेश हो गया है। इसके अतिरिक्त एक प्रकाशन समिति भी स्थापित की गयी है जिसके द्वारा हिंदी साहित्य की अभिवृद्धि करने का आयोजन है। डा० श्री इंद्रनाथ मदान हाल ही में रीडर नियुक्त हुए हैं।

वेदसंस्थान, अजमेर—आचार्य विद्यानंदजी द्वारा १६४८ में वेद को को विश्वधर्म बनाने के उद्देश्य से स्थापित; वेद विषयक मासिक-पत्र 'सविता' का प्रकाशन होता है; जीवनप्रद वैदिक साहित्य प्रकाशित किया है; संस्थान का पूरा विवरण सूचीपत्र से ज्ञात हो सकता है।

शहीद पुस्तकालय, बिल्थरा रोड, बलिया — १६४२ में अमर शहीद ठा० चंद्रदीपसिंह की स्मृति में स्थापित; लगभग ३५०० पुस्तकें हैं।

शिबली कालेज, आजमगढ़— बी० ए० प्रथम वर्ष में ३० और द्वितीय में १० विद्यार्थी हैं; श्री किशोरीलाल गुप्त एम० ए० अध्यक्ष हैं।

शिवा जी महाविद्यालय, अमरावती — वाणिज्य विभाग के अंतर्गत हिंदी विभाग है; अध्यक्ष हैं श्री हरीकृष्ण खरे एम० काम० और सहकारी हैं श्री रतनकुमार जैन एम० काम०, सा० रत्न०।

संत जेवियर महाविद्यालय, राँची—१६४४ से ही आई० ए० और आई० एस-सी० परीक्षाओं में हिंदी को प्रमुख स्थान दिया। उसी वर्ष हिंदी के प्राध्यापक श्री वैद्यनाथ पांडेय ने हिंदी साहित्य परिषद की स्थापना की जिसमें

प्रति वर्ष कहाकवियों की पुण्य जयंतियाँ मनाई जाती हैं। इस समय श्री रामसुहागसिंह एम०ए०, डिप० एड० प्राध्यापक हैं।

सनातन धर्म कालेज, अंबाला कैंट—कालेज पहले लाहौर में था, विभाजन के पश्चात अम्बाला आ गया; एम० ए० तक हिंदी पढ़ाई जाती है; लगभग ६०० विद्यार्थी हैं; अध्यक्ष हैं श्री संसारचंद एम० ए० और दो अन्य अध्यापक हैं—श्री सोमनाथ भट्ट एम० ए० और श्री देवकीनंदन शर्मा एम० ए०।

सार्वजनिक पुस्तकालय (श्रीप्रकाश), छपरा (सारन)—१९३८ में स्थापित; पुस्तकों का अच्छा संग्रह है; हिंदी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी तैयार किए जाते हैं; 'श्रीप्रकाश व्याख्यानमाला' का आयोजन किया जाता है; इसका भ्रमणशील विभाग जनता तक पुस्तकें पहुँचाता है।

(ब) विदेश में हिंदी—शेषांश

तिब्बत—यहाँ महाविद्यालय अथवा ऐसे विश्वविद्यालय नहीं हैं, जहाँ तिब्बतियो को विभिन्न विषयों की समुचित शिक्षा दी जा सके। व्यक्तिगत विद्यालयों और बौद्ध विहारों में शिक्षा का प्रबन्ध है, परंतु पाठ्य विषयों में अभी हिंदी को स्थान नहीं मिला है, यद्यपि यात्रियों के संपर्क से कुछ लोगों ने हिंदी से परिचय प्राप्त कर लिया है।

बर्मा—में हिंदी की उच्च शिक्षा का अभाव होते हुए भी वहाँ के निवासियों में हिंदी प्रेम उत्तरोत्तर बढ़ रहा है। चौतगा प्रांट और जियावाडी प्रांट के लगभग सभी विद्यालयो में हिदी की प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है। कुछ हाई स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिंदी शिक्षा का प्रबंध है; भारतीय हिंदी परीक्षाओं— विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ, लखनऊ की परीक्षाओं का प्रचार बढ़ रहा है। श्री श्रीराम वर्मा, श्री रामाश्रय वर्मा आदि कई हिंदी प्रेमी वहाँ हिंदी के उत्तरोत्तर प्रचार के लिए दत्तचित्त हैं। श्री श्रीराम वर्मा ने इसी उद्देश्य से इसी वर्ष भारत का भ्रमण किया है।

आदर्श पुस्तक मन्दिर, चौक, इलाहाबाद
द्वारा प्रकाशित पुस्तकें

महापुरुषों की जीवनियाँ; मूल्य प्रत्येक ।≈)

महाराणा प्रताप, वीर दुर्गादास, स्वामी रामतीर्थ, सम्राट अशोक, महाराज पृथ्वीराज, सरदार पटेल, सरोजनी नायडू, बा० राजेंद्रप्रसाद, पं० जवाहरलाल नेहरू, मीरा बाई, पं० चंद्रशेखर आजाद, स्वामी दयानन्द, गुरु गोविंद सिंह, शिवाजी, लाला लाजपत राय, महात्मा गाँधी, महामना मालवीय जी, महारानी लक्ष्मीबाई, राजगोपालाचार्य, गणेशशंकर विद्यार्थी, सुभाषचंद्र बोस, विजयलक्ष्मी पण्डित, लोकमान्य तिलक, विद्यासागर, भगतसिंह, गोपालकृष्ण गोखले, पण्डित गोविंद वल्लभ पंत ।

बालोपयोगी कहानियों की पुस्तकें; मूल्य प्रत्येक ।≈)

गदहेराम विलायत को, जादू का झूला, नवद्वीप का राजकुमार, जादू का घड़ा, जादू का पहाड़, सोने का किला, भूत से भेंट, भालू की दुलहिन, रानी तितली, बच्चों का खेल, जादू का महल, लालपरी, नया जादूगर, बन्दर बाबू, जादू की मोटर, जादू की परी, काठ की राजकुमारी, शाबास मुन्न, बागड़बिल्ला दिल्ली को, अजगर की पंडिताई, खरहे का ब्याह, डा० चोपोंग, चिपकू बाबू, सेठ तिकड़म चन्द, जंगल के साथी, नये शिकारी, चुहिया चली विलायत को, पकपक रोया क्यों, गुरुचेला, वीरों की कहानियाँ ।

मौलिक सामाजिक एवं शिक्षाप्रद उपन्यास—बीसवीं सदी १।॥), सन्यासिनी २।।), सजना २।।), विकल विश्व २॥), उलटी गंगा २॥); यह बदलती दुनिया २॥); कल्पवृक्ष २॥); कुसुम २॥); अमर प्रेम ३); मनुष्य का मूल्य ३।); पथभ्रष्टा २); प्रेम का मूल्य २॥); सुहागदान २॥); तोड़ दो बंधन २।।) निमयाँ ५); आदर्श पाक विज्ञान ३।)

जासूस महल-प्रकाशन

सूटकेस की चोरी १), खूनी एक्टरेस ।।।), हत्या का बदला ।।।) भयानक भंडाफोड़ ।।।); घूमती छाया २); खूनी आँख १।।); विचित्र हत्या ।।।); रेगिस्तान का कैदी ।।।); बैतालराज ।।।); मृत्यु गृह ।।।); चीनी लुटेरा ।।।), लुटेरा नकाब पोश ।।।)

भारतीय ग्रन्थमाला

दारागंज (इलाहाबाद)

स्थापित—१६१५ संस्थापक—भगवानदास केला

क्षेत्रः—

१—अर्थशास्त्र
२—नागरिकशास्त्र
३—राजनीति
४—समाजशास्त्र
५—इतिहास

विशेषताएँ:—

१—अछूते और मौलिक विषय
२—प्रामाणिक लेखक
३—ठोस साहित्य
४—कम मूल्य
५—पुस्तक विक्रेता, लाइब्रेरी तथा पाठकों को विशेष सुविधा

हिंदी के अर्थशास्त्र, नागरिकशास्त्र और राजनीति विज्ञान सम्बन्धी साहित्य के प्रकाशक

भारतीय गौरव ग्रंथमाला, लखनऊ

की

बालोपयोगी हिंदी पुस्तकें

हमने संस्कृत के महाकवियों की रचनाओं का बालकों के लिए संक्षिप्त कथानक निकालने का आयोजन किया है। निम्नलिखित पुस्तकें तैयार हैं—

बाल-भास—स्वप्नवासवदत्ता ।)

बाल-कालिदास—मालविकाग्निमित्र ।); विक्रमोर्वशी ।-); शकुंतला ।।)

बाल-दिङ्नाग— कुंदमाला ।=)

बाल-श्रीहर्ष—प्रियदर्शिका ।); नागानंद ।-); रत्नावली ।-)

बालभवभूति—महावीरचरित्र ।≡); उत्तररामचरित ।≡)

बाल-नारायणभट्ट— वेणी संहार ।≈)

बाल-विशाखदत्त— मुद्राराक्षस ।।)

सचित्र बीरबल—(२ भाग) मोटे आर्ट पेपर पर २।।)

डा० कैलाशनाथ भटनागर के अन्य ग्रंथ

नाट्य-सुधा—(संवर्द्धित संस्करण) ४।।)

भीम-प्रतिज्ञा—(तीसरा संस्करण) १।)

कुणाल—(चौथा संस्करण) १।।।)

श्रीवत्स—(,, ,,) १।।।)

एकांकी नाटक निकुंज—(नाटक) भाग १ २।)

कविसम्राट कालिदास—(दूसरा संस्करण) १।)

नव सतसई-सार—(सतसई-साहित्य का दिग्दर्शक) ४)

कुमार-संभव सर्ग ५—(संस्कृत-हिंदी) १।।)

रामवनगमनम्— (,, ,,) १।।)

भारतीय गौरव ग्रंथमाला, ७२ हजरतगंज, लखनऊ

हमारी किशोरोपयोगी पुस्तकें

१—जगद्गुरू भारत |||-)
२—नया खून ||≡)
३—सौर्य-परिवार ||=)||
४—अन्त्याक्षरी—१ ||)
५—अन्त्याक्षरी—२ |||)
६—चार चाँद |||)
७—वीर गाथा |||)
८—देश-देश की दन्त कथाएँ |||)
९—सेवाग्राम की तीर्थयात्रा ||=)||
१०—बाईसवी सदी में रुस्तम ||)
११—त्रैभाषिक नाम कोष १|)
१२—सुमार्ग १)
१३—सात सितारे |||=)
१४—कवि दरबार १)
१५—आविष्कारों की कहानी |||=)
१६—किशोरावस्थाकी नागरिकता |||=)
१७—वीर बालक १)
१८—इंगलैंड का वैधानिक विकास १)
१९—विचित्र प्रकृति ||=)
२०—अनोखी कहानियाँ ||)
२१—सच्चा प्रेम |=)
२२—पौराणिक कहानियाँ ||)
२३—वैज्ञानिक अभिनय ||=)
२४—सामाजिक अभिनय ||=)
२५—कथा कहानी |||)
२६—दुरूह यात्रायें ||)
२७—गाँव के भीतर |||)
२८—पंच परमेश्वर |||)
२९—भारत के बाहर भारतीय ||)
३०—बड़ों की बातें ||)
३१—महान आत्मा ||)
३२—दंत कथाएँ |-)

शिक्षा स्वाध्याय माला पूरा सेट ८)

१—कागज़
२—ज्वालामुखी
३—इतिहास के पूर्व
४—आज का अमरिका
५—च-किरण
६—अमरीका की गंगा
७—लाल राज्य
८—प्राणियों की लीलायें
९—छाया चित्र
१०—सोने का मुकुट
११—डाक का टिकट
१२—स्टोव
१३—गांधी जी
१४—राष्ट्र-पताका
१५—सभ्यता का विकास
१६—नोबेल पुरस्कार
१७—भारत के प्राचीन ग्रंथ
१८—तिब्बत यात्रा
१९—निशा के दीपक
२०—आज का रूस
२१—गंगा

टी० सी० ई० जर्नल्स एण्ड पब्लीकेशन्स लि०

पोस्ट बाक्स नं० ६३, लखनऊ

शिक्षा-सम्बन्धी हमारे उत्तमोत्तम प्रकाशन

शिक्षा-मनोविज्ञान की रूपरेखा

प्रस्तुत पुस्तक में बाल-मन का वैज्ञानिक वर्णन सरल, प्रवाहपूर्ण भाषा में किया गया है। विषय को बोधगम्य बनाने के लिये उदाहरणों का बहुत अधिक प्रयोग हुआ है। ट्रेनिंग कालेज एवं इंटर के शिक्षा मनोविज्ञान के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का समावेश तो इसमें है ही, प्रत्येक अध्याय का सारांश तथा तत्सम्बन्धी प्रश्न भी दे दिये गये हैं। पुस्तक में युक्त पारिभाषिक हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय भी शब्दानुक्रमणिका में संग्रहीत कर दिये गये हैं। मूल्य ५।।)

शिक्षा-सिद्धान्त

इसमें ट्रेनिंग कालेज के विद्यार्थियों एवं अन्य शिक्षा-प्रेमियों को दृष्टि में रखकर उपयोगी शिक्षा-सिद्धांतों का सरल भाषा में मनोरंजक विवेचन है। आजकल शिक्षा में जिन अनेक पद्धतियों का प्रचार है उनका विवरण तथा समीक्षा इसमें है। मूल्य ३)

शिक्षालय संगठन तथा स्वास्थ्य

प्रस्तुत पुस्तक में प्रधानाध्यापक के कर्तव्य, अनुशासन की समस्या, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य-रक्षा का प्रबन्ध, अभिभावकों का पाठशाला कार्य में सहयोग आदि पर प्रकाश डाला गया है। मूल्य ३)

भारतीय शिक्षा विकास की कथा

इसमें भारतीय शिक्षा का विकास, उसकी नीति तथा उसके वर्तमान स्वरूप पर शास्त्रीय दृष्टि से विचार किया गया है। मूल्य ३।।)

संक्षिप्त शिक्षा-मनोविज्ञान

शिक्षा-मनोविज्ञान की रूप-रेखा का संक्षिप्त संस्करण—१।।।)

शिक्षण-विधि

प्रस्तुत पुस्तक में सभी विषयों की आधुनिकतम शिक्षण विधियों का सरल, स्वाभाविक एवं वैज्ञानिक स्पष्टीकरण किया गया है। मू० ४)

नार्मल स्कूल परीक्षा-पत्र प्रश्नोत्तरी १९४०-५० मू० ३)

पता—बाल-साहित्य-मंदिर, लखनऊ

हिंदी प्रचारक मंडल, लखनऊ के प्रति

कुछ बहुमूल्य सम्मतियाँ

(१) माननीय आचार्य श्री बदरी नाथ वर्मा (शिक्षा तथा सूचना मंत्री, बिहार सरकार)

हिंदी प्रचारक मंडल ने हिंदी भाषा में स्वतंत्र भारत और वर्तमान युग की आवश्यकताओं के अनुकूल उपयुक्त और उपयोगी साहित्य-सृष्टि का जो प्रयास आरंभ किया है वह प्रशंसनीय है। मैंने इसके द्वारा प्रकाशित न्यायालयों के लिए शब्दकोश तथा और कई पुस्तकें देखीं। सभी उपयोगी पुस्तकें है और इनमें अधिकांश सर्वसाधारण में ज्ञान और सद्भावना के प्रचार की दृष्टि से लिखी गई हैं। मैं मंडल के प्रयत्नों [illegible] की कामना करता हूँ। आशा है उसे जनसाधारण का सहयोग मिलेगा।

(२) माननीय श्री अनुग्रह नारायण सिंह जी (अर्थ तथा श्रम मंत्री, बिहार सरकार)

जहाँ तक मैं देख पाया हूँ, हिंदी प्रचारक मंडल अपने प्रकाशनों के द्वारा हिंदी भाषा भाषी जनता के लिए अच्छा कार्य कर रहा है। इस संस्था के प्रति मेरी हार्दिक मंगल कामना है।

(३) श्रीमान पं० जगन्नाथ त्रिपाठी (प्रेसिडेंट, कोर्ट आफ वार्डस, उत्तर प्रदेश)

हिंदी प्रचारक मंडल द्वारा प्रकाशित शब्दकोश, तथा गीता और विश्व धर्म पुस्तकें देखने का अवसर मिला। तीनों ही अपने ढंग की निराली हैं। शब्दकोश बड़ा ही उपयोगी है। यह संस्था हिंदी के प्रचार में बड़ा उपयोगी कार्य कर रही है। आशा करता हूँ कि भविष्य में इससे भी उपयोगी पुस्तकें इस संस्था द्वारा प्रकाशित होंगी।

अपने श्रेष्ठ प्रकाशनों द्वारा हिंदी का प्रचार प्रसार ही हमारा उद्देश्य है। विशेष विवरण मंगाइये।

हिंदी प्रचारक मंडल, घसियारी मंडी, लखनऊ

पुच्छरत पदक

(हिन्दीरत्न परीक्षा में प्रथम रहने वाले को दिया जाता है)

पंजाब के प्राचीन हिन्दीप्रेमी, अमृतसर के प्रमुख साहित्यिक हिन्दी परीक्षाओं के प्रचारक, अनेक संस्थाओं के संस्थापक वयोवृद्ध ख्यातनामा श्रीमान पं० जगन्नाथजी पुच्छरत साहित्य-भूषण की चिरकालीन अनुपम (ठोस) निःस्वार्थ साहित्य सेवाओं के उपलक्ष्य में श्रीपुच्छरतजी के सम्मानार्थ पंजाब यूनिवर्सिटी को "हिन्दीरत्न" परीक्षा में सर्वप्रथम रहनेवाले छात्र वा छात्रा को काशी नागरी प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष "गोल्डेन-मैडल" (सुनहला-तमगा) अर्थात् "स्वर्ण-लिप्त पुच्छरत पदक" दिया जायगा।

व्यवस्थापकः—

साहित्य सदन,

चावल मंडी, अमृतसर

हमारे हिन्दी प्रकाशन

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास के परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें—

१ प्राथमिक परीक्षा के नोट्स — १-०-०

(पहली किताब, दूसरी किताब और रसीली कहानियाँ)

२ मध्यमा परीक्षा के नोट्स — १-४-०

(तीसरी किताब, चार एकांकी, ऐतिहासिक कहानियाँ और अर्जुन)

३ राष्ट्रभाषा परीक्षा के लिए

अ. सिकंदर नाटक और फूलों का गुच्छा के नोट्स — १-४-०

आ. गद्य-सौरभ भाग २ और रामचर्चा के नोट्स — १-४-०

इ. हैदरअली और नौ कहानियाँ के नोट्स — ०-८-०

४ प्रवेशिका परीक्षा के लिए

चन्द्रगुप्त नाटक, गद्य सौरभ और नवपल्लव के नोट्स — २-०-०

पथिक और निर्मला (वि० मं०) के नोट्स — १-८-०

फुलवारी की सरल टीका — १-४-०

५ राष्ट्रभाषा विशारद परीक्षा के लिए

अ. शाहजहाँ नाटक की समीक्षा — १-४-०

आ. माधुरी भाग ३ के नोट्स — ०-१२-०

इ. प्रेमाश्रम : एक अध्ययन (वि० मं०) — १-८-०

ई. पंचवटी की प्रश्नोत्तरी — ०-८-०

६ बालोपयोगी पुस्तकें

१. राष्ट्र की विभूतियाँ — ०-१०-०

२. आचार्य रंगा (जीवनी — ०-८-०

३. कथा-कुसुम — ०-१०-०

४. भारत के नवरत्न — ०-१०-०

लेखक व प्रकाशक—

देसु सत्यनारायण,

हिंदी पंडित, हाई स्कूल,

चिलकलूरपेट (गुंटूर जिला)

*

हमारी चुनी हुई पुस्तकें

कथा-कुसुमांजलि (जैनेंद्रकुमार)	१॥)	कथा-कलश (नर्मदाप्रसाद खरे)	१॥)
उन्नतराष्ट्र (शिवसिंह चौहान)	१॥)	ललित कथा मंजरी	१)
कादंबरी कथा सार (गुलाबराय)	॥=)	यादगार (रामचन्द्र श्रीवास्तव)	१॥)
मेवाड़ महिमा (हरिशंकर शर्मा)	१।)	गरुडध्वज (लक्ष्मीनारायण मिश्र)	२)
मर्यादाका मूल्य (वीरेंद्रसिंह रघुवंशी)	१॥	दुख क्यों (सेठ गोविंददास)	२॥)
नल दमयन्ती (ब्रह्मदत्त शास्त्री)	॥॥)	दो नाटक (,,)	१॥)
नाटक-निकुंज (जगेंद्र)	१॥)	छः एकांकी नाटक	१॥)
नाटक नवरत्न (हरदयालसिंह)	१)	भास-ग्रंथावली	१)
विदेशी वीर विद्वान(हरिशंकरशर्मा)	२॥)	रत्न राशि (नर्मदाप्रसाद खरे)	१॥)
हिटलर (शर्मन लाल अग्रवाल)	१)	अंग्रेजी साहित्य परिचय	४)
उर्दू साहित्य परिचय	६)	मराठी साहित्य परिचय	३)
व्रतोत्सव मंजरी (व्रजरत्नदास)	२॥)	मुझे आप से कुछ कहना है	२)
शाहनामा (रामचन्द्र श्रीवास्तव)	५)	उर्दू हिंदी डिक्शनरी (प्रेस में)	५)
हिंदी साहित्य में निबन्ध	२॥)	राष्ट्र निर्माता (जगदीशप्रसाद)	१॥)
विज्ञान वार्ता (गुलाबराय)	२)	विज्ञान विनोद	१॥)
व्यावहारिक विज्ञान	१)	विचित्र विज्ञान	॥॥)

सामाजिक शिक्षणमाला

साक्षरता चार्ट (८ चार्ट)	२॥)	हमारा इतिहास	॥॥)
बापू और उनके शिष्य	॥=)	हमारा भारत (भूगोल)	॥=)
कांग्रेस की देश सेवा	॥=)	हमारे पड़ोसी	॥=)

भावी भारत (संविधान तथा नागरिक कर्तव्य) ॥=)

प्रकाशक

गयाप्रसाद एंड संस

आगरा (उत्तर प्रदेश)

इस युग का हिन्दी का सबसे महान् प्रकाशन !

धारावाही रूप में प्रकाशित ज्ञान-विज्ञान का महाकोश !

संपादक

कृष्णवल्लभ द्विवेदी

जिसमें

विश्व, पृथ्वी और मनुष्य की पूरी कहानी
राष्ट्रभाषा हिन्दी में विशेषज्ञ विद्वानों द्वारा
लगभग दस हजार सचित्र पृष्ठों में
पहले पहल प्रस्तुत की जा रही है !

इस महाग्रंथ की विशालता का किंचित् अनुमान इसी बात से किया जा सकता है कि १० बृहत् खण्डों में संपूर्ण होनेवाले इस अभूतपूर्व प्रकाशन में वैज्ञानिक ज्योतिष, भौतिक विज्ञान, रसायन-विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, भूगोल विद्या, वनस्पति-विज्ञान, जीव-विज्ञान, शरीर-शास्त्र मनोविज्ञान, समाज-शास्त्र, इतिहास, संस्कृति, साहित्य, कला, आविष्कार, राजनीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र, अध्यात्मशास्त्र, धर्म, जीवन-चरित्र, देश-जाति-विवरण, आदि-आदि विविध विषयों पर सैकड़ों-हज़ारों चित्रों सहित गंभीर शिक्षण-सामग्री इस देश की आवश्यकताओं को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत की गयी है।

लगभग ढाई लाख रु० अब तक इस प्रकाशन पर खर्च हो चुके हैं।

'हिन्दी विश्व-भारती' पर कुछ महत्त्वपूर्ण सम्मतियाँ

"मेरी राय में यह एक बहुत ही आकर्षक और बड़ी योग्यता तथा सज-धज के साथ प्रस्तुत किया गया प्रकाशन है। मैं इसकी सफलता चाहता हूँ।"

—श्री जवाहरलाल नेहरू

"चित्रसंचय, छपाई और विषयचयन सभी के नाते यह उपादेय वस्तु है और भाषा भी सर्वथा नियमानुकूल है। इसके प्रकाशन और संपादन से संबंध रखने-वाले बधाई के पात्र है।"

—श्री संपूर्णानन्द

"मुझे तनिक भी संदेह नही है कि यह ग्रंथ विषयों की टेकनिकल या सूक्ष्म बातों को छोड़कर जनता को वैज्ञानिक ढंग से शिक्षा देने मे बहुत अधिक सहायक होगा।"

– डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

यह ग्रंथ १० सजिल्द खण्डों में समाप्त होगा

जिन में से पाँच खण्ड इस समय तक प्रकाशित हो चुके हैं और छठा भी लगभग तैयार है!

मोटा काग़ज़ : बड़ा आकार : कपड़े की जिल्द

मूल्य प्रति सजिल्द खण्ड १७॥) रु०